Haryana Government Gazette

EXTRAORDINARY

Published by Authority

© Govt. of Haryana

No. 153–2021/Ext.] CHANDIGARH, FRIDAY, SEPTEMBER 17, 2021 (BHADRA 26, 1943 SAKA)

हरियाणा सरकार

श्रम विभाग

अधिसूचना

दिनांक 17 सितम्बर, 2021

संख्या 2/11/2021–2श्रम.– नियमों का निम्नलिखित प्रारूप, जिसे हरियाणा के राज्यपाल, सामान्य खण्ड अधिनियम, 1897 (1897 का केन्द्रीय अधिनियम 10), की धारा 24 के साथ व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 (2020 का केन्द्रीय अधिनियम 37) की धारा 133 और 135 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बनाने का प्रस्ताव करते हैं तथा इसके द्वारा, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 (2020 का केन्द्रीय अधिनियम 37), की धारा 137 द्वारा यथा अपेक्षित ऐसे सभी व्यक्तियों, जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना है, की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है;

इसके द्वारा, नोटिस दिया जाता है कि राज्य सरकार नियमों के प्रारूप पर, राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से 45 दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके बाद, ऐसे आक्षेपों तथा सुझावों, यदि कोई हों, विचार करेगी, जो श्रम आयुक्त, हरियाणा, 30 बेज भवन, सैक्टर 17–बी, चण्डीगढ़ को अथवा ई–मेल haryanaoshrules@gmail.com के माध्यम से इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति से पूर्व प्रारूप नियमों के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति से प्राप्त हों। आक्षेप तथा सुझाव, प्रोफार्मा के खाना (i) में व्यक्ति/संगठन का नाम तथा पता विनिर्दिष्ट करते हुए, खाना (ii) में उपान्तरित किए जाने वाले प्रस्तावित नियम या उप–नियम को विनिर्दिष्ट करते हुए और खाना (iii) में प्रतिस्थापित किए जाने वाले प्रस्तावित पुनःरीक्षित नियम या उप–नियम और इसके कारणों को विनिर्दिष्ट करते हुए भेजने चाहिए।

प्रारूप नियम

अध्याय–I

प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारंभ.–**(1) ये नियम हरियाणा, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं नियम, 2021, कहे जा सकते हैं।

(2) ये नियम सम्पूर्ण हरियाणा राज्य में लागू होंगे।

(3) ये नियम राजपत्र में इनके अंतिम प्रकाशन की तिथि के पश्चात् व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 (2020 का केन्द्रीय अधिनियम 37) के लागू होने की तिथि से प्रभावी होंगे।

2. **परिभाषाएं.–**

(क) इन नियमों में जब तक किसी बात विषय या सन्दर्भ के विरूद्ध न हो,–

(i) ''परिशिष्ट'' से अभिप्राय है, इन नियमों से संलग्न परिशिष्ट;

(ii) ''संहिता'' से अभिप्राय है, व्यावसायिक सुरक्षा स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2021; (2021 का केन्द्रीय अधिनियम 37);

(iii) ''सत्त प्रक्रिया'' से अभिप्राय है, सामग्री या तो शुष्कित माल या फ्लूड जो प्रसंस्कृत किए जा रहे हैं, लगातार रूप से चालन में है, रसायन प्रतिक्रिया में है, यान्त्रिक या ताप उपचार या राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट अन्य प्रक्रिया के अध्यधीन है;

(ख) ''पदाभिहित प्राधिकारी'' से अभिप्राय है, संहिता के प्रयोजन के लिए राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अधिकारी;

(ग) ''इलैक्ट्रोनिक रूप से'' से अभिप्राय है, संहिता के प्रयोजन के लिए निर्दिष्ट पोर्टल पर ई–मेल या अपलोडिंग द्वारा प्रस्तुत कोई सूचना या किसी ढंग में डिजीटल भुगतान;

(घ) ''प्रथम नियोजन'' से अभिप्राय है, किसी विनिर्माण कार्यवाही में प्रथम नियोजन, जिसको सम्बन्धित अनुसूची लागू होती है तथा तीन कलैण्डर मास से अधिक निरन्तर अवधि के लिए नियोजन की विनिर्माण प्रक्रिया का अनुसरण करने तथा समाप्ति में पुनः नियोजन भी शामिल है;

(ङ) ''प्ररूप'' से अभिप्राय है, इन नियमों से संलग्न प्ररूप;

(च) ''पोर्टल'' से अभिप्राय है, सेवा प्रदान करने के लिए हरियाणा राज्य के श्रम विभाग की वैबसाईट;

(छ) ''मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था'' से अभिप्राय है,–

(क) केन्द्रीय या किसी राज्य सरकार द्वारा विधि द्वारा निगमित कोई विशविद्यालय;

(ख) कोई अन्य विश्वविद्यालय या संस्था, जो इन नियमों के प्रयोजन के लिए मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय या संस्था के रूप में राज्य सरकार द्वारा घोषित की गई हो;

(ज) ''तिमाही'' से अभिप्राय है, वर्ष की प्रथम जनवरी, प्रथम अप्रैल, प्रथम जुलाई तथा प्रथम अक्तूबर से शुरू तीन लगातार मास की अवधि;

(झ) ''पंजीकरण अधिकारी'' से अभिप्राय है, संहिता तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन नियुक्त अधिकारी;

(ञ) ''अनुसूची'' से अभिप्राय है, संहिता तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों की अनुसूची;

(ट) ''धारा'' से अभिप्राय है, संहिता की धारा;

(ठ) ''राज्य सरकार'' से अभिप्राय है, प्रशासकीय विभाग में हरियाणा राज्य की सरकार;

(ड) ''वर्ष'' से अभिप्राय है, प्रथम जनवरी से प्रारम्भ बारह मास की अवधि।

(2) इन नियमों में प्रयुक्त शब्द और अभिव्यक्तियां, जो इनमें परिभाषित नहीं है, किन्तु संहिता में परिभाषित हैं का क्रमशः वहीं अर्थ होगा जो उन्हें संहिता में दिया गया है।

3. स्रोत से आय [धारा 2(1)(भ)].– संहिता की धारा (2) की उपधारा (1) के खण्ड (भ) के प्रयोजन हेतु ऐसे स्रोतों के आम के लिए मानदण्ड से अभिप्राय है, केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1964 के अनुसार आश्रितों के लिए आय।

4. सक्षम व्यक्ति [धारा 2(1)(ठ)].–(1) मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता, किसी कारखाना में अवस्थित और संहिता तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों यथा नियत ऐसे भवनों, खतरनाक मशीनरी, उतोलन तथा लिफ्ट, लिफ्टिंग मशीन तथा लिफ्टिंग रस्सी, दबाव संयन्त्र, परिरूद्ध स्थल, संवातन प्रणाली तथा ऐसी अन्य प्रक्रिया या संयन्त्र तथा उपकरण की जांच, परीक्षा, निरीक्षण करने तथा प्रमाणीकरण के कार्यान्वयन के प्रयोजनों के लिए यथा विनिर्दिष्ट ऐसे क्षेत्र में तथा ऐसी अवधि के लिए किसी व्यक्ति को, यदि ऐसा व्यक्ति इन नियमों से संलग्न अनुसूची में यथा निर्दिष्ट योग्यताएं, अनुभव तथा अन्य अपेक्षाएं रखता है, को ''सक्षम व्यक्ति'' के रूप में मान्यता प्रदान कर सकता है:

परन्तु मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता, सक्षम व्यक्ति के सम्बन्ध में योग्यताओं की अपेक्षाओं में छूट दे सकता है, यदि ऐसा व्यक्ति अपवादस्वरूप अनुभवी तथा सुविज्ञ है, किन्तु उसके नियन्त्रण में सुविधाओं के सम्बन्ध में अपेक्षाओं में नहीं :

परन्तु यह और कि जहां मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता के अधीन ''सक्षम व्यक्ति'' के रूप में नियोजित व्यक्ति को मान्यता प्रदान करना प्रस्तावित है, तो राज्य सरकार की सहमति ली जाएगी तथा इस प्रकार मान्यता प्राप्त किए जाने के बाद ऐसे व्यक्ति के पास ''निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता'' की शक्तियां नहीं रहेंगी :

परन्तु यह और कि इस उपबन्ध के अधीन मान्यताप्राप्त ''सक्षम व्यक्ति'' बासठ वर्ष की आयु से अधिक का नहीं होगा तथा जांच, परीक्षण तथा निरीक्षण करने के प्रयोजन के लिए शारीरिक रूप से फिट होगा :

परन्तु यह और कि राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, इस नियम से संलग्न अनुसूची संशोधित कर सकती है।

(2) मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता, संहिता और इसके अधीन बनाए गए नियमों में यथा अनुबद्ध भवन, खतरनाक मशीनरी, उतोलन तथा लिफ्ट, लिफ्टिंग मशीन तथा लिफ्टिंग रस्सी, दबाव संयन्त्र, परिरूद्ध स्थल, संवातन प्रणाली तथा ऐसी अन्य प्रक्रिया या संयन्त्र तथा उपकरण की जांच, परीक्षण, निरीक्षण तथा प्रमाणीकरण के कार्यान्वयन के प्रयोजनों के लिए

उप–नियम (1) से संलग्न अनुसूची में यथा निर्दिष्ट योग्तयाएं तथा अनुभव रखने वाले व्यक्तियों की विख्यात संस्था को ऐसे क्षेत्र में तथा ऐसी अवधि, जो विनिर्दिष्ट की जाए, के लिए, सक्षम व्यक्ति के रूप में मान्यता प्रदान कर सकता है।

(3) मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता, संहिता तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों में यथा अनुबद्ध भवन, खतरनाक मशीनरी, उतोलन तथा लिफ्ट, लिफ्टिंग मशीन तथा लिफ्टिंग रस्सी, दबाव संयन्त्र, परिरूद्ध स्थल, संवातन प्रणाली तथा ऐसी अन्य प्रक्रिया या संयन्त्र तथा उपकरण की जांच, परीक्षण, निरीक्षण तथा प्रमाणीकरण के कार्यान्वयन के प्रयोजनों के लिए उप–नियम (1) से संलग्न अनुसूची में यथा निर्दिष्ट योग्तयाएं तथा अनुभव रखने वाले किसी व्यक्ति या व्यक्तियों की संस्था को ऐसे क्षेत्र में सक्षम व्यक्ति के रूप में मान्यता प्रदान कर सकता है।

(4) मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता, सक्षम व्यक्ति को सुनवाई का अवसर देने के बाद सक्षमता का प्रमाण–पत्र रद्द कर सकता है, यदि,–

(i) उसके पास विश्वास का कारण है कि सक्षम व्यक्ति ने,–

(क) सक्षमता के प्रमाण–पत्र में नियत किसी शर्त का उल्लंघन किया है; या

(ख) इस संहिता या इसके अधीन बनाए गए नियमों के आशय या प्रयोजन से असंगत रीति में जांच, परीक्षण तथा निरीक्षण किया है या कार्य किया है या संहिता तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन यथा अपेक्षित कार्य करना छोड़ दिया है;

व्याख्या.– अभिलिखित किए जाने वाले किसी अन्य कारण हेतु, इस नियम के प्रयोजन के लिए संस्था में संगठन भी शामिल है।

(5) मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता, अभिलिखित किए जाने वाले कारणों से, लिफ्टिंग मशीनरी, लिफ्टिंग रस्सी, दबाव संयन्त्र या संवातन प्रणाली, जैसी भी स्थिति हो, जिसे राज्य के बाहर के किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रमाणित किया गया है, के पुनः प्रमाणीकरण की अपेक्षा कर सकता है।

नियम 4 के अधीन व्यक्ति को सक्षमता का प्रमाण–पत्र देने के लिए आवेदन का प्ररूप

1. नाम
2. जन्म तिथि
3. संगठन का नाम (यदि स्वयं नियोजित नहीं है)
4. पदनाम
5. शैक्षिक योग्यताएं

   (प्रमाण–पत्रों की प्रतियां संलग्न की जानी हैं)
6. व्यावसायिक अनुभव के ब्योरे

   (कालानुक्रम में)

संगठन का नाम	सेवा की अवधि	पदनाम	जिम्मेवारी का क्षेत्र

7. व्यावसायिक निकायों की सदस्यता, यदि कोई हो।
8. (i) उसके निपटान पर सुविधाओं के ब्योरे (परीक्षण, जांच इत्यादि)

   (ii) इन सुविधाओं की परिशुद्धता के अंशांकन तथा अनुरक्षण के लिए प्रबन्ध।
9. प्रयोजन, जिसके लिए सक्षमता प्रमाण–पत्र मांगा गया है (संहिता तथा नियम की धारा या धाराएं अभिव्यक्त करनी चाहिए)
10. क्या आवेदक किसी परिनियम के अधीन सक्षम व्यक्ति के रूप में घोषित किया गया है (यदि ऐसा है, तो ब्यौरे)।
11. कोई अन्य सुसंगत सूचना।
12. आवेदक द्वारा घोषणा

    मैं ..... इसके द्वारा, घोषणा करता हूँ कि ऊपर दी गई सूचना सत्य है। मैं वचन देता हूं कि,–

    (क) मेरे निपटान (या तो परिवर्धन या विलोपन) या पूर्वोक्त संगठन को मेरे द्वारा छोड़ने पर सुविधाओं में किसी परिवर्तन की दशा में, मैं तत्परता से मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को सूचित करूँगा;

    (ख) विनिर्माता की हिदायतों के अनुसार या राष्ट्रीय मानकों के अनुसार सुविधाओं को समय–समय पर अच्छी चालू हालत में, अशांकित बनाए रखूगां; तथा

    (ग) सक्षमता के प्रमाण–पत्र में नियत सभी शर्तों को पूरा करूंगा तथा मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता द्वारा, समय–समय पर, जारी हिदायतों का पालन करूंगा।

स्थान तथा दिनांक — आवेदक के हस्ताक्षर

संस्था द्वारा घोषणा (यदि नियोजित है) –

मैं ..... प्रमाणित करता हूं कि श्री ....., जिसके ब्योरे ऊपर दिए गए हैं, हमारे नियोजन में है तथा संहिता के अधीन सक्षम व्यक्ति के रूप में घोषित करने के प्रयोजनों के लिए संगठन की ओर से नामांकित है। मैं यह भी वचन देता हूं कि मैं,–

(क) यदि सक्षम व्यक्ति हमारा नियोजन छोड़ता है, तो मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को सूचना दूंगा;

(ख) उपरोक्त वर्णित अनुसार अपने निपटान पर सभी सुविधाएं अच्छी हालत में मुहैया करूंगा तथा बनाए रखूंगा;

(ग) सुविधाओं (या तो परिवर्धन या विलोपन) में किसी परिवर्तन की सूचना मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को दूंगा।

हस्ताक्षर .....

पदनाम .....

दूरभाष नम्बर .....

दिनांक :– कार्यालय मोहर

नियम 4 के अधीन किसी संस्था को सक्षमता का प्रमाण–पत्र देने के लिए आवेदन का प्ररूप

1. संगठन का नाम तथा पूरा पता .....

2. संगठन की स्थिति .....

(क्या सरकारी, स्वायत्त, सहकारी, कारपोरेट या प्राईवेट विनिर्दिष्ट करें)

3. क्या संगठन को इसके अधीन या किसी अन्य परिनियम के अधीन सक्षम व्यक्ति के रूप में घोषित किया गया है, यदि ऐसा है, तो ब्यौरे दें ....

4. प्रयोजन, जिसके लिए सक्षमता प्रमाण–पत्र मांगा गया है (अधिनियम की धारा (धाराएं) विनिर्दिष्ट करें) .....

5. नियम 3 के उप–नियम (1) से संलग्न अनुसूची में अभिव्यक्ति अनुसार नियोजित तथा योग्यताएं तथा अनुभव रखने वाले व्यक्तियों के ब्यौरे :–

क्रम संख्या	नाम तथा पदनाम	योग्यता	अनुभव	धारा (धाराएं) तथा नियम जिसके अधीन सक्षमता मांगी गई है

6. सुविधाओं (उपरोक्त मद 3 से सम्बन्धित) तथा उनके अनुरक्षण तथा नियतकालिक अंशाकंन के लिए किए गए प्रबन्धों के ब्यौरे –

7. कोई अन्य सुसंगत सूचना

8. घोषणा :

मैं ..... इसके द्वारा ..... की ओर से उपरोक्त दिए गए ब्योरों को प्रमाणित करता हूँ कि मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही हैं। मैं,–

(i) विनिर्माता की हिदायतों के अनुसार या राष्ट्रीय मानकों के अनुसार सुविधाओं को समय–समय पर अच्छी हालत में, अशांकित बनाए रखने का वचन देता हूँ; तथा

(ii) सक्षमता के प्रमाण–पत्र में अनुबद्ध सभी शर्तों को पूरा करने तथा मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता द्वारा, समय–समय पर, जारी हिदायतों का पालन करने का वचन देता हूं।

संस्था के मुखिया या उसकी ओर से हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत व्यक्ति के हस्ताक्षर।

स्थान :

दिनांक : पदनाम .....

धारा 2(ठ) के अधीन बनाए गए नियम 4 के अनुसरण में व्यक्ति या संस्था को जारी सक्षमता प्रमाण–पत्र का प्ररूप

मैं संहिता की धारा 2 (ठ) तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इसके द्वारा, धारा ..... तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन ..... में स्थित कारखाने में ऐसे भवन, खतरनाक मशीनरी, उतोलन तथा लिफ्ट, लिफ्टिंग मशीन तथा लिफ्टिंग रस्सी, दबाव संयन्त्र, परिरूद्ध स्थल, संवातन प्रणाली तथा ऐसी अन्य प्रक्रिया या संयन्त्र तथा उपकरण, जैसी भी स्थिति हो, की जांच, परीक्षण, निरीक्षण तथा प्रमाणीकरण के प्रयोजनों के लिए, सक्षम व्यक्ति के रूप में मान्यता प्रदान करता हूँ।

यह प्रमाण–पत्र दिनांक ..... से ..... तक वैध है। यह प्रमाण–पत्र नीचे नियत शर्तों के अध्यधीन जारी किया जाता है :–

(i) जांच, परीक्षण तथा निरीक्षण, अधिनियम तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अनुसार किया जाएगा;

(ii) जांच, परीक्षण तथा निरीक्षण, सक्षम व्यक्ति के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन या सक्षम व्यक्ति के रूप में मान्यताप्राप्त संस्था द्वारा इस प्रकार प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा किया जाएगा;

(iii) किसी व्यक्ति के पक्ष में जारी सक्षमता प्रमाण–पत्र रद्द हो जाएगा यदि व्यक्ति उसके आवेदन में वर्णित संगठन छोड़ देता है;

(iv) सक्षम व्यक्ति के रूप में मान्यताप्राप्त संस्था, जांच, परीक्षण तथा निरीक्षण करने के लिए उस द्वारा प्राधिकृत व्यक्तियों के नाम, पदनाम तथा योग्यताओं के बारे में मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को सूचित करेगा।

स्थान .....
दिनांक .....

मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्राप्त के हस्ताक्षर
कार्यालय मोहर

नोट.– प्रत्येक सम्बन्धित धारा के अधीन पृथक का प्रमाण–पत्र जारी किया जाना चाहिए। व्यक्ति तथा संस्था को अधिनियम की एक धारा से अधिक के प्रयोजन के लिए सक्षम मान्य किया जा सकता है।

* जो लागू न हो उन शब्दों को काट दिया जाए।

अनुसूची (नियम 4)

क्रम संख्या	धारा या नियम जिसके अधीन सक्षमता अपेक्षित है।	योग्यताएं	अनुभव	निपटान पर सुविधाएं
1.	धारा 79 के अधीन बनाए गए नियम कारखाने के रूप में प्रयुक्त किए जाने वाले भवन का प्रमाणन तथा उनकी स्थिरता	(क) किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल या संरचनात्मक इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री या इसके समकक्ष।	(i) संरचना का डिजाईन या निर्माण या जांच या मरम्मत करने में कम से कम पांच वर्ष का अनुभवः परन्तु व्यक्ति जिसके पास मास्टर डिग्री है, के लिए अनुभव कम से कम तीन वर्ष का होगा; (ii) अविनाशकारी जांच, विभिन्न मानकों का ज्ञान तथा व्यवहार संहिता जो चालू है तथा भवन की स्थिरता पर कम्पन तथा प्राकृतिक बल का परिणाम है; तथा (iii) संरचना या भवन की सुरक्षा के सम्बन्ध में विश्वस्त परिणाम पर पहुंचने की योग्यता।	
2.	धारा 18 के अधीन बनाए गए नियम खतरनाक मशीन	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मैकेनिकल या उत्पादन, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री या इसके समकक्ष।	(i) निम्नलिखित में कम से कम पांच वर्ष का कार्य करने का अनुभवः— (क) डिजाईन या संचालन का अनुरक्षण; या (ख) सम्बन्धित मशीनरी उनके गार्ड, सुरक्षा यन्त्र तथा उपकरणों की जांच, परीक्षण तथा निरीक्षण; (ii) (क) सुरक्षा यन्त्रों तथा उनके उचित संचालन से परिचित होना चाहिए; (ख) विफलता की कमियों तथा अन्य कारणों की पहचान करने में योग्य होना चाहिएः परन्तु उनके लिए अनुभव जिनके पास मास्टर डिग्री है, कम से कम तीन वर्ष होगा। (ग) सुरक्षा यन्त्रों, उपकरणों तथा मशीन गार्ड के उचित संचालन के सम्बन्ध में विश्वस्त निष्कर्ष पर पहुंचने की योग्यता होनी चाहिए।	खतरनाक मशीन के प्रयोग में सुरक्षा निर्धारण करने के लिए मापन के लिए गेज तथा माप के लिए उपकरण तथा कोई अन्य उपकरण या यन्त्र।

क्रम संख्या	धारा या नियम जिसके अधीन सक्षमता अपेक्षित है।	योग्यताएं	अनुभव	निपटान पर सुविधाएं
3.	धारा 18 के अधीन बनाए गए नियम उतोलन तथा लिफ्ट	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मैकेनिकल या उत्पादन, इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री या इसके समकक्ष।	(i) निम्नलिखित में कम से कम पांच वर्ष का कार्य करने का अनुभवः– (क) डिजाईन या निर्माण या अनुरक्षण; या (ख) उतोलन तथा लिफ्ट की जांच तथा निरीक्षण की प्रक्रियाः परन्तु उनके लिए अनुभव, जिनके पास मास्टर डिग्री है, कम से कम तीन वर्ष होगा। (ii) (क) वर्तमान तथा सम्बन्धित व्यवहार संहिता तथा परीक्षण प्रक्रिया से परिचित होना चाहिए; (ख) उतोलन तथा लिफ्टों की सुरक्षा का कवर करने वाली अन्य वैधानिक अपेक्षाओं से परिचित होना चाहिए; (ग) कमियों की पहचान तथा उत्तोलन तथा लिफ्टों के सम्बन्ध में विश्वस्त निष्कर्ष पर पहुंचने के योग्य होना चाहिए।	
4.	धारा 18 के अधीन बनाए गए नियम लिफ्टिंग मशीन, चैन, रस्सी तथा लिफ्टिंग रस्सी	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से मैकेनिकल या धातु कर्मीयता या उत्पादन इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री या इसके समकक्ष।	(i) निम्नलिखित में कम से कम पांच वर्ष का कार्य करने का अनुभवः– (क) डिजाईन या निर्माण या अनुरक्षण; या (ख) लिफ्टिंग मशीन, चैन, रस्सी तथा लिफ्टिंग रस्सी की परीक्षण तथा निरीक्षण की प्रक्रियाः परन्तु उनके लिए अनुभव, जिनके पास मास्टर डिग्री है, कम से कम तीन वर्ष होगा। (ii) (क) चालू तथा सम्बन्धित व्यवहार संहिता तथा परीक्षण प्रक्रिया से परिचित होना चाहिए; (ख) फ्रैक्चर मशीन तथा निर्माण की सामग्री की धातू कर्मियता; (ग) लिफ्टिंग मशीनरी तथा लिफ्टिंग रस्सी	

क्रम संख्या	धारा या नियम जिसके अधीन सक्षमता अपेक्षित है।	योग्यताएं	अनुभव	निपटान पर सुविधाएं
			के घटकों तथा मांग पर लागू बलाघात के अनुसार हीट उपचार या बलाघात को कम करने की तकनीक होनी चाहिए; (घ) कमियों की पहचान तथा लिफ्टिंग मशीनरी, चैन, रस्सी तथा लिफ्टिंग रस्सी के सम्बन्ध में विश्वस्त निष्कर्ष पर पहुंचने के योग्य होना चाहिए।	
5.	धारा 18 के अधीन बनाए गए नियम दबाव संयन्त्र।	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन या मैकेनिकल या धातु कर्मीय या उत्पादन इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री या इसके समकक्ष।	(i) निम्नलिखित में कम से कम पांच वर्ष का कार्य करने का अनुभवः– (क) डिजाईन या निर्माण या अनुरक्षण; या (ख) दबाव संयन्त्र का परीक्षण, जांच तथा निरीक्षण की प्रक्रियाः परन्तु उन व्यक्तियों के लिए अनुभव जिनके पास मास्टर डिग्री है, कम से कम तीन वर्ष होगा; (ii) (क) वर्तमान तथा सम्बन्धित व्यवहार संहिता तथा दबाव संयन्त्र से से सम्बन्धित जांच प्रक्रिया से परिचित होना चाहिए; (ख) अज्वलन दबाव भाजन तथा दबाव के अधीन चलने वाले उपकरणों की सुरक्षा से सम्बन्धित वैधानिक अपेक्षा से परिचित होना चाहिए; (ग) दबाव वैसल को यथा लागू गैर–विध्वंसक परीक्षण तकनीकों से परिचित होना चाहिए; तथा (घ) कमियों की पहचान करने तथा दबाव संयन्त्रों की सुरक्षा के सम्बन्ध में विश्वस्त परिणाम पर पहुंचने	

क्रम संख्या	धारा या नियम जिसके अधीन सक्षमता अपेक्षित है।	योग्यताएं	अनुभव	निपटान पर सुविधाएं
			के योग्य होना चाहिए।	
6.	धारा 18 के अधीन बनाए गए नियम खतरनाक धुएं, गैस आदि के विरूद्ध सावधानी।	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री।	(i) निम्नलिखित में कम से कम पांच वर्ष का कार्य करने का अनुभवः– पर्यावरणीय नमूनों के संग्रहण तथा विश्लेषण तथा मानीटरिंग उपकरणों का अंशांकन : परन्तु उन व्यक्तियों के लिए अनुभव जिनके पास मास्टर डिग्री है, कम से कम तीन वर्ष होगा; (ii) (क) रसायनों की खतरनाक विशेषता तथा उनकी अनुज्ञेय सीमा उपयोगिता से परिचित होना चाहिए; (ख) वर्तमान तकनीक नमूनों तथा पर्यावरणीय संदूषकों के विश्लेषण से परिचित होना चाहिए; तथा (ग) गरम कार्य में प्रवेश करने तथा कार्य करने के सम्बन्ध में विश्वस्त परिणाम पर पहुंचने के योग्य हो।	परिरूद्ध स्थल में कार्य करने में परीक्षण करने के लिए विधिवत् अंशांकित तथा प्रमाणित तथा सुरक्षा के प्रमाणीकरण के लिए मीटर, उपकरण तथा यन्त्र।
7.	धारा 82 के अधीन बनाए गए नियम संवातन प्रणाली	किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से रसायन इलैक्ट्रीकल या मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री या इसके समकक्ष।	(i) धूल, धुआं तथा वाष्प तथा अन्य सहायक उपकरण के निष्कर्षण तथा संग्रहण के लिए प्रयुक्त संवातन प्रणाली के डिजाईन, निर्माण, परीक्षण में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव; परन्तु उन व्यक्तियों के लिए अनुभव जिनके पास मास्टर डिग्री है, कम से कम तीन वर्ष का होगा; (ii) वह सम्बन्धित व्यवहार संहिता तथा जांच प्रक्रिया से परिचित होना जो धुएं के संवातन तथा निष्कर्षण प्रणाली के सम्बन्ध में चालू है; तथा (iii) प्रणाली की प्रभावशीलता के सम्बन्ध में विश्वस्त परिणाम पर पहुंचने के योग्य होगा।	इन प्रणालियों की दक्षता तथा उपयुक्तता का निर्धारण करने के लिए आवश्यक धूल, वाष्प तथा धुआं तथा किसी अन्य उपकरण के लिए निष्कर्षण प्रणाली की प्रभावशीलता का परीक्षण करने के लिए संवातन प्रणाली उपकरण का परीक्षण करने तथा परीक्षण

क्रम संख्या	धारा या नियम जिसके अधीन सक्षमता अपेक्षित है।	योग्यताएं	अनुभव	निपटान पर सुविधाएं
				के लिए गेज के लिए सुविधाएं। वह उपयुक्त अर्हक ऐसे तकनीकी व्यक्ति की सहायता लेगा जो प्रणाली की उपयुक्तता के सम्बन्ध में युक्तियुक्त परिणाम पर आ सकता है।

अध्याय – II

पंजीकरण

पंजीकरण के लिए आवेदन (धारा 3)।

5. (1) (i) कोई नियोक्ता किसी ऐसे प्रतिष्ठान, जो पहले से पंजीकृत नहीं है, के पंजीकरण हेतु प्ररूप I में यथा विनिर्दिष्ट ब्यौरे देते हुए इलैक्ट्रॉनिक रूप में आवेदन करेगा। प्ररूप, डिजिटल रूप से या पोर्टल पर यथा अपेक्षित किसी अन्य पद्धति में हस्ताक्षरित किया जाएगा। आवेदक, आवेदन में दी गई सभी सूचनाओं की सत्यता के लिए जिम्मेदार होगा। पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान के लिए पंजीकरण फीस नीचे अनुसूची में दी गई दरों पर प्रभारित की जाएगी :–

अनुसूची

नियोजित किए जाने वाले कर्मचारियों की संख्या	पंजीकरण के लिए फीस
20 तक	1000
21–50	2000
51–100	3000
101–150	5000
151–200	7500
201–250	10000
251–500	12500
501–750	15000
751–1000	17500
1001–1500	20000
1501–2000	25000
2001–3000	30000
3001–5000	40000
5000 से अधिक	50000

(ii) आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का केन्द्रीय अधिनियम 43) के अधीन आबंटित आवेदक अथवा प्रतिष्ठान की स्थायी खाता संख्या (पैन) अथवा उस समय लागू किसी अन्य अधिनियम के अधीन प्रतिष्ठान को आबंटित किसी अन्य विशिष्ट संख्या अथवा प्ररूप में दिए गए अन्य किसी विवरण का सत्यापन ऑन लाइन किया जा सकता है;

(iii) यदि आवेदन सभी प्रकार से पूर्ण है, तो पंजीकरण का प्रमाण–पत्र प्ररूप–II में डिजिटल रूप में तत्काल किन्तु पूर्ण आवेदन जमा किए जाने की तिथि से सात दिन तक जारी किया जाएगा, ऐसा करने में असफल रहने पर ऐसे प्रतिष्ठान को पंजीकृत मान लिया जाएगा और पंजीकरण का प्रमाण–पत्र स्वतः सृजित हो जाएगा :

परन्तु आपवादिक परिस्थितियों में राज्य सरकार, ऐसी अवधि के लिए, अधिसूचना द्वारा प्रतिष्ठान अथवा प्रतिष्ठान की किसी श्रेणी के संबंध में इलैक्ट्रॉनिक पंजीकरण की आवश्यकता से छूट दे सकती है और इस प्रकार उपलब्ध कराए गए प्ररूप II में आवेदन भेजने की अनुमति दी जा सकती है;

(iv) पंजीकरण प्रमाण–पत्र गैर–हस्तांतरणीय होगा और पंजीकरण प्रमाण–पत्र की प्रति प्रतिष्ठान के परिसर में किसी सहजदृस्थ स्थान पर हार्ड कॉपी के रूप में या इलैक्ट्रॉनिक रूप में प्रदर्शित की जाएगी।

(2) संहिता के अधीन पंजीकरण अधिकारी, उप–नियम (1) की अपेक्षाओं की अनुपालना नहीं करने वाले नियोक्त को उसमें उल्लिखित समय के भीतर इसका अनुपालन करने का निदेश दे सकता है तथा ऐसे नियोक्ता द्वारा इस संबंध में अधिकारी द्वारा जारी निदेश का अनुपालन किया जाएगा।

(3) तत्समय लागू किसी अन्य केन्द्रीय श्रम कानून के अधीन पहले से पंजीकृत किसी प्रतिष्ठान के संबंध में नियोक्ता, पंजीकरण संबंधी विवरणों को संहिता के लागू होने की तिथि से छह माह के भीतर विभागीय वैबसाईट पर अद्यतन करेगा।

(4) गलत जानकारी देकर प्राप्त किया गया कोई पंजीकरण रद्द किए जाने के लिए दायी होगा बशर्ते उस प्रतिष्ठान को इलैक्ट्रॉनिक रूप में अथवा पंजीकृत डाक द्वारा यह कारण बताने का एक अवसर दिया गया हो कि पंजीकरण प्रमाण–पत्र को क्यों न रद्द कर दिया जाए।

(5) नियोक्ता द्वारा संहिता अथवा नियमों अथवा विनियमों अथवा योजना, जैसी भी स्थिति हो, के संबंध में उसके द्वारा तैयार अथवा पूर्ण किए गए सभी दस्तावेजों पर, और संबंधित कार्यालय के सभी पत्राचार में पंजीकरण संख्या का उल्लेख किया जाएगा।

(6) स्वामित्व, प्रबंधन अथवा पोर्टल पर पंजीकरण प्ररूप में दिए गए किसी विवरण में किसी परिवर्तन को नियोक्ता द्वारा ऐसे परिवर्तन के तीस दिन के भीतर पोर्टल पर अद्यतन किया जाएगा।

(7) ऐसे प्रतिष्ठान, जिस पर संहिता के उपबन्ध लागू होते हैं और जिनके कारोबार से संबंधित कार्यकलाप बंद होने की प्रक्रिया में हैं, का नियोक्ता, केन्द्रीय श्रम संहिताओं के अधीन भुगतान योग बकायों का पूरा ब्यौरा देने के पश्चात पोर्टल पर पंजीकरण को रद्द करने के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकता है:

परन्तु जब तक नियोक्ता द्वारा सभी सांविधिक विवरणियां जमा न कर दी जाए, केन्द्रीय श्रम संहिताओं और तत्समय लागू विधि के अनुसार लागू किसी अन्य केन्द्रीय या राज्य श्रम कानून के अधीन सभी सांविधिक बकायों का भुगतान न कर दिया जाए और उस आशय से संबंधित एक स्वतः प्रमाण–पत्र आवेदन के साथ जमा न दिया जाए तब तक पंजीकरण के रद्द किए जाने संबंधी ऐसे किसी आवेदन को ग्रहण नहीं किया जाएगा।

(8) पंजीकरण अधिकारी, प्ररूप–3 में इलैक्ट्रॉनिक रूप में प्रतिष्ठान का रजिस्टर रखेगा, जिसमें प्रतिष्ठान के ब्यौरे दर्शाए जाएंगे जिसके संबंध में उनके द्वारा पंजीकरण प्रमाण–पत्र जारी किए गए हैं।

(9) नियोक्ता द्वारा, उस क्षेत्र जहां प्रस्तावित प्रतिष्ठान अथवा कार्य, जैसी भी स्थिति हो, किया जाना है, के क्षेत्राधिकार में आने वाले निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को किसी कार्य को आरंभ करने अथवा पूर्ण होने के तीस दिन के भीतर सूचित करेगा, जिसमें कार्य के आरम्भ होने, पूर्ण होने और प्रतिष्ठान के बंद होने, जैसी भी स्थिति हो, की वास्तविक तिथि की सूचना इन नियमों के साथ संलग्न प्ररूप–4 में इलैक्ट्रॉनिक रूप में दी जाएगी जो ईपीएफओ और ईएसआईसी के साथ स्वतः सांझा हो जाएगी।

6. अपील (धारा 3).– (1) पंजीकरण अधिकारी के आदेश से व्यथित नियोक्ता ऐसे आदेश के विरूद्ध राज्य सरकार द्वारा ऐसे प्रयोजन के लिए नियुक्त अपीलीय अधिकारी के समक्ष ऐसे आदेश की प्राप्ति की तिथि से तीस दिन के भीतर इलैक्ट्रॉनिक रूप में अपील दायर कर सकता है।

(2) जिस मामले में अपील का ज्ञापन नियमानुसार होता है, तो अपीलीय अधिकारी अपील को स्वीकार करेगा, इसकी पावती भेजेगा और ऐसी अपील को स्वीकार किए जाने के संबंध में सूचित करेगा और अपीलों के रजिस्टर में दर्ज किए जाने के प्रयोजनार्थ को इलैक्ट्रॉनिक रूप में पंजीकृत करेगा।

(3) अपील स्वीकार कर लिए जाने पर अपील अधिकारी, पंजीकरण अधिकारी, जिसके आदेश के विरूद्ध अपील की गई है, को अपील का नोटिस भेजगा और पंजीकरण अधिकारी अपील अधिकारी को उस मामले के अभिलेख इलैक्ट्रॉनिक रूप में ऑनलाइन भेजेगा।

(4) अपील प्राप्त होने पर, अपील अधिकारी, अपीलकर्ता को इलैक्ट्रॉनिक रूप में या पंजीकृत डाक द्वारा नोटिस भेजेगा कि वह अपील की सुनवाई के लिए नोटिस में निर्धारित की गई तिथि और समय पर उसके समक्ष उपस्थित हो।

(5) यदि सुनवाई के लिए नियत तिथि को अपीलकर्ता उपस्थित नहीं होता है, तो आवेदक को इलैक्ट्रॉनिक रूप में आदेश की प्रति भेजते हुए अपील अधिकारी, अपीलकर्ताओं के उपस्थित होने में विफल रहने के कारण अपील को खारिज कर सकता है।

(6) जहां कोई अपील खारिज कर दी गई है, तो अपीलकर्ता आदेश के प्राप्त होने की तिथि से तीस दिन के भीतर अपील अधिकारी को अपील को बहाल करने के संबंध में इलैक्ट्रॉनिक रूप में आवेदन कर सकता है और यदि अपील अधिकारी इस बात से संतुष्ट है कि अपीलकर्ता समुचित कारण से उपस्थित नहीं हो पाया, तो अपील अधिकारी उस अपील को पुनः बहाल करेगा।

(7) अपील अधिकारी का आदेश अपीलकर्ता को इलैक्ट्रॉनिक रूप में अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भेजा जाएगा और उसकी एक प्रति पंजीकरण अधिकारी को भी भेजी जाएगी, जिसके आदेश के विरूद्ध अपील की गई है और इस अपील का निपटान अपील के प्राप्त होने की तिथि से तीस दिन की अवधि के भीतर किया जाएगा।

7. कार्य शुरू करने और समाप्ति की सूचना (धारा 5).–प्रत्येक प्रतिष्ठान, चाहे वह कारखाना या खान हो या अनुबंध ठेका श्रम या भवन अथवा अन्य सन्निर्माण कार्यों से संबंधित प्रतिष्ठान हो, का नियोक्ता, कार्य शुरू होने या समाप्त होने के तीस दिनों के भीतर, पंजीकरण अधिकारी को प्ररूप–4 में इलैक्ट्रॉनिक रूप में सूचना प्रस्तुत करेगा और कार्य समाप्त होने की सूचना के साथ यह प्रमाण–पत्र संलग्न होगा कि प्रतिष्ठान में नियोजित कर्मकारों के सभी बकायों का भुगतान कर दिया गया है और परिसर को खतरनाक रसायानों और पदार्थों के भण्डारण से मुक्त कर दिया गया है।

अध्याय –III

नियोक्ता और कर्मचारी के कर्तव्य

8. कर्मचारियों की वार्षिक स्वास्थ्य जांच (धारा 6(1)(ग)).–किसी प्रतिष्ठान के प्रत्येक नियोक्ता द्वारा कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई.सी.) का सदस्य बनने के लिए सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 (2020 का केन्द्रीय अधिनियम 36) के अधीन विनिर्दिष्ट सीमा (सिलिंग) के बराबर या कम वेतन प्राप्त करने वाले प्रत्येक कर्मचारी, जो चालीस वर्ष की आयु का हो गया है, चिकित्सा जांच प्रत्येक कैलेंडर वर्ष में एक बार निःशुल्क करवाने की व्यवस्था की जाएगी। चिकित्सा जांच, किसी अर्हक चिकित्सा व्यवसायी द्वारा प्ररूप–5 में दिए गए ब्यौरे के अनुसार की जाएगी। अर्हक चिकित्सा व्यवसायी द्वारा प्ररूप–5 में संबंधित नियोक्ता और कर्मचारी को चिकित्सा जांच प्रमाण–पत्र भेजा जाएगाः

परन्तु नियोक्ता कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ई.एस.आई.सी.) के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा संहिता नियम, 2021 के सम्बन्धित नियम के अधीन कर्मचारी (कर्मचारियों) की चिकित्सा जांच की सुविधा प्राप्त कर सकता है।

9. कर्मचारी को नियुक्ति पत्र (धारा 6(1)).–किसी प्रतिष्ठान में कोई भी कर्मचारी तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक उसे इस नियम के साथ संलग्न विहित प्ररूप में नियुक्ति पत्र जारी न कर दिया जाएः

परन्तु किसी कर्मचारी, जिसे वांछित विवरणों के साथ नियुक्त पत्र जारी नहीं किया गया है, को इस नियम के लागू होने के तीन मास के भीतर नियुक्ति पत्र जारी किया जाएगा।

फार्मेट

(क) प्रतिष्ठान का नाम तथा पता :

(ख) प्रतिष्ठान का हरियाणा उद्यम ज्ञापन नम्बर (एच.यू.एम.) :

(ग) कर्मचारी का नाम :

(घ) पिता का नाम :

(ङ) स्थाई पता :

(च) आधार संख्या :

(छ) यू.ए.एन. या ई.एस.आई.सी. संख्या :

(ज) हरियाणा रोजगार कार्यालय पंजीकरण संख्या (यदि कोई हो) :

(झ) पदनाम :

(ञ) कौशल की श्रेणी :

(ट) कार्य ग्रहण की तिथि :

(ठ) मूल वेतन और महंगाई भत्ते के ब्यौरे :

(ड) उच्चतर वेतन/उच्चतर पद प्राप्त करने के अवसर :

(ढ) लागू सामाजिक सुरक्षा ई.पी.एफ.ओ. और ई.एस.आई.सी. के लाभ की अनुप्रयोज्यताः

(ण) किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत प्रकृति :

(त) कोई अन्य जानकारी :

हस्ताक्षर
अधिभोगी/नियोक्ता/स्वामी/एजेंट/प्रबंधक

10. दुर्घटनाओं तथा खतरनाक घटनाओं की सूचना (धारा 10 (1) तथा 11).– (1) जहां किसी प्रतिष्ठान के किसी स्थान पर किसी दुर्घटना के घटित होने, जिसके परिणाम स्वरूप किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, पर प्रतिष्ठान का नियोक्ता अथवा प्रबंधक अथवा अधिभोगी इसकी सूचना तुरन्त प्ररूप–6 में इलैक्ट्रॉनिक रूप में निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता और मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता और जिला मजिस्ट्रेट अथवा उप मंडल अधिकारी, निकटतम थाने के प्रभारी अधिकारी और घायल अथवा मृत व्यक्ति के परिवार के सदस्यों/रिश्तेदारों को बारह घन्टे के भीतर देगा :

परन्तु दुर्घटना के बाद दूरभाष द्वारा सूचना तुरन्त दी जाएगी।

(2) जहां किसी प्रतिष्ठान में किसी स्थान पर किसी दुर्घटना के घटित होने, जिसके परिणामस्वरूप किसी व्यक्ति को शारीरिक चोट लगती है, जिसके कारण दुर्घटना के तुरंत बाद घायल व्यक्ति अड़तालीस घंटे अथवा उससे अधिक समय के लिए कार्य करने से रोक दिया जाता है, तो प्रतिष्ठान का नियोक्ता अथवा स्वामी अथवा प्रबंधक अड़तालीस घंटे की अवधि पूर्ण होने के बाद बारह घंटों के भीतर निरीक्षक एवं सुविधप्रदाता को प्ररूप–6 में इलैक्ट्रॉनिक रूप में सूचना देगा।

(3) जहां किसी प्रतिष्ठान में संलग्न अनुसूची में यथा निर्दिष्ट किसी खतरनाक घटना, जिसके परिणाम स्वरूप कोई शारीरिक चोट अथवा अपंगता होती है या नहीं, के घटित होने के बारह घंटे के भीतर प्ररूप–6 में नोटिस निम्नलिखित को भेजा जाएगा :

(i) निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता;

(ii) जिला मजिस्ट्रेट अथवा उप मंडल अधिकारीः

परन्तु पूर्वगामी उप–नियमों के अधीन सूचनाएं और रिपोर्ट भेजने के बाद, यदि कोई घटना या खतरनाक घटना घटित होती है, ऐसी दुर्घटना अथवा खतरनाक घटना में घायल किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है, तो प्रतिष्ठान का नियोक्त अथवा अधिभोगी अथवा प्रबंधक उप–नियम (1) और (2) में उल्लिखित प्राधिकारियों और व्यक्तियों को तुरन्त इसकी सूचना दूरभाष से और इलैक्ट्रॉनिक रूप में देगा और मृत्यु के बारह घंटे के भीतर लिखित में इस सूचना की पुष्टि भी करेगा :

परन्तु यह और कि उप–नियम (2) में उल्लिखित 48 घंटे अथवा उससे अधिक समय के लिए कार्य करने की अयोग्यता की अवधि, दुर्घटना अथवा खतरनाक घटना के तुरंत बाद नहीं आती है, किन्तु बाद में आती है अथवा एक से अधिक बार आती है, तो संदर्भित रिपोर्ट निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को विहित प्ररूप में दुर्घटना अथवा खतरनाक घटना के परिणामस्वरूप कार्य करने में अशक्तता की वास्तविक कुल अवधि 48 घंटे पूर्ण होने, के 24 घंटे के भीतर भेजी जाएगी।

अनुसूची

खतरनाक घटनाओं के निम्न श्रेणियां, चाहे वे व्यक्तिगत चोट या अशक्तता में शामिल हों अथवा नहीं; अर्थात् :–

(i) वायुमंडलीय दबाव से अधिक दबाव में किसी भी संयंत्र या पाइपलाइन या पैट्रोलियम, भाप, संपीड़ित हवा या अन्य पदार्थ युक्त उपकरणों में विस्फोट;

(ii) क्रेन, डेरिक, विंच, उत्तोलक या अन्य उपकरणों या उनके किसी भाग का खराब होना या बंद होना, जिन्हें व्यक्तियों या सामानों को ऊपर चढ़ाने या नीचे उतारने के लिए उपयोग में लाया जाता है या क्रेन का पलटना;

(iii) विस्फोट, विस्फोटक, आग, रिसाव के कारण विस्फोट या हानिकारक जहरीली गैसों का रिसाव, किसी भी पिघले हुए धातु के रिसाव या गर्म द्रव अथवा गैस का रिसाव, जिनके कारण उस कमरे या स्थान, जिसमें व्यक्ति नियोजित है, को नुकसान पहुंचता है या उसमें किसी व्यक्ति को शारीरिक चोट लगती है;

(iv) किसी गैस या गैसों (वायु सहित) या किसी भी तरल या ठोस गैस के संपीड़न से उत्पन्न वायुमंडलीय दबाव से अधिक दबाव में भंडारण के लिए उपयोग किए जाने वाले रिसीवर या कंटेनर या विस्फोट।

(v) भवन या अन्य निर्माण सामग्री के संचालन से संबंधित उत्तोलक उपकरणों या उत्तोलक या कन्वेयर्स के खराब या बंद होना अथवा रज्जु, चेन या लूज गियरों का टूटना या खराब होना; भवन या अन्य सन्निर्माण कार्य में उपयोग में लाए जाने वाली क्रेन का पलटना; ऊंचाई से वस्तुओं का गिरना ;

(vi) भूमि के नीचे की खानों में अग्नि का तापन या प्रकोप या अग्नि का धुआं या अग्नि का तापन का अन्य संकेत या प्रकोप का सहज दिखाई देना;

(vii) किसी भी दीवार, फर्श, गैलरी, रूफ ब्रिज, सुरंग, चिमनी, दीवार या मिट्टी के ढेर या किसी अन्य संरचना, प्लेटफार्म, स्टेजिंग, मचान या ढांचे सहित पहुंच के किसी साधन का गिरना; संपर्क कार्य, उत्खनन और पारेषण का खराब होना;

(viii) खतरनाक पदार्थों का रिसाव या बहाव और उनके कंटेनर को नुकसान;

(ix) खदानों में पानी या अन्य तरल द्रव्य का निकल आना या आगमन;

(x) प्रतिष्ठान के भीतर परिवहन उपकरणों का खराब होना, गिरना, ढहना या टकराना;

(xi) किसी उत्खनन, लोडिंग या परिवहन मशीनरी की ऊंचाई से गिरना;

(xii) जमीन के नीचे काम करते समय कोयले के किसी पिलर, पिलर या कई पिलरों के किसी भाग का अचानक खराब होना;

(xiii) जमीन के नीचे कार्य करते समय विस्फोट; प्रचलन के किसी भाग का असमय गिरना;

(xiv) किसी भी यंत्र या उपकरण के आवश्यक पुर्जे का टूटना, फ्रैक्चर या खराब होना जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है;

(xv) स्लाइड, जिसके कारण किसी व्यक्ति को चोट लग सकती है, किसी मशीनरी को क्षति हो सकती है या सामान्य खनन कार्यों में रूकावट हो सकती है;

(xvi) ओपन कास्ट वर्किंग में डंप या साइड का खराब होना; ब्लोआउट;

(xvii) किसी संरचना या संस्थापना का खराब होना, जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है; या बिजली के फ्लैश से उत्पन्न स्पार्क जिससे कोई व्यक्ति जल सकता है;

(xviii) पेट्रोलियम या रासायनिक रिसाव का एक बड़ा अनियंत्रित उत्सर्जन;

11. बीमारी की सूचना (धारा 12(1) तथा (2)).—(1) किसी प्रतिष्ठान, जिसमें संहिता की अनुसूची—III में यथा अधिसूचित किसी बीमारी की घटना होती है, के नियोक्ता अथवा अधिभोगी अथवा प्रबंधक द्वारा निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता अथवा मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को निम्नलिखित प्रपत्र में सूचना तुरन्त इलैक्ट्रॉनिक रूप में भेजी जाएगी।

बीमारी की सूचना

1. प्रतिष्ठान नाम :
2. प्रतिष्ठान की प्रकृति :
3. कारखाने के मामले में विनिर्माण प्रक्रिया :
4. मरीज का विवरण :
   - (क) मरीज का नाम :
   - (ख) मरीज की कार्य संख्या :
   - (ग) मरीज का पता :
   - (घ) मरीज का यथार्थ व्यवसाय :
5. पीड़ित मरीज की बीमारी की प्रकृति :
6. बीमारी का पता लगने की तिथि :
7. मैडिकल प्रैक्टिशनर का विवरण :
8. क्या मामले की सूचना चिकित्सा अधिकारी को दी गई है :

दिनांक : नियोक्ता या अधिभोगी या प्रबंधक के हस्ताक्षर

(2) यदि किसी अर्हक चिकित्सा व्यवसायी किसी प्रतिष्ठान में नियोजित किसी व्यक्ति की जांच करता है और उसका यह विश्वास है कि वह व्यक्ति तीसरी अनुसूची में निर्दिष्ट किसी बीमारी से पीड़ित है, तो अर्हक चिकित्सा व्यवसायी बिना किसी विलम्ब के मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता के कार्यालय को लिखित में रिपोर्ट भेजेगा, जिसमें निम्नलिखित का उल्लेख होगा—

(क) मरीज का नाम और डाक का पूरा पता;

(ख) उसके विश्वास के अनुसार मरीज किस बीमारी से पीड़ित है; और

(ग) प्रतिष्ठान का नाम और पता जिसमें मरीज नियोजित है या अंतिम रूप से नियोजित था।

12. कर्मचारी के कर्त्तव्य (धारा 13).—यदि किसी कर्मचारी को प्रतिष्ठान में किसी असुरक्षित अथवा अस्वास्थ्यकर स्थिति की जानकारी मिलती है, तो वह नियोक्ता, कारखाने के मामले में स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रतिनिधि अथवा सुरक्षा अधिकारी अथवा प्रबंधक को जितनी जल्दी संभव हो इलैक्ट्रॉनिक रूप में अथवा लिखित में अथवा दूरभाष से या पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा सूचित करेगा।

13. कर्मचारी के अधिकार (धारा 14(3)).—कर्मचारी से उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए आसन्न खतरे की मौजूदगी के संबंध में सूचना मिलने पर, नियोक्ता इस संबंध में तत्काल उपचारात्मक कार्रवाई करेगा। नियोक्ता चाहे वह संतुष्ट हो अथवा न हो, किए गए कार्यों की एक रिपोर्ट तुरन्त निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को इलैक्ट्रॉनिक रूप में अथवा पंजीकृत डाक अथवा स्पीड पोस्ट द्वारा भेजेगा।

अध्याय IV

व्यावसायिक सुरक्षा तथा स्वास्थ्य

14. हरियाणा व्यावसायिक सुरक्षा तथा स्वास्थ्य सलाहकार बोर्ड (धारा 17).– हरियाणा व्यावसायिक सुरक्षा तथा स्वास्थ्य सलाहकार बोर्ड (जिसे, इसमें, इसके बाद, इन नियमों में हरियाणा सलाहकार बोर्ड के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) में निम्नलिखित से मिलकर बनेगा,–

(क)	अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, श्रम विभाग	पदेन अध्यक्ष
(ख)	मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता	पदेन सदस्य सचिव
(ग)	अध्यक्ष, हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड	पदेन सदस्य
(घ)	महानिदेशक, शहरी स्थानीय निकाय विभाग	पदेन सदस्य
(ङ)	महानिदेशक, उद्योग तथा वाणिज्यक विभाग, हरियाणा	पदेन सदस्य
(च)	महानिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं विभाग	पदेन सदस्य
(छ)	निदेशक, ई.एस.आई. स्वास्थ्य देखभाल, हरियाणा	पदेन सदस्य
(ज)	संयुक्त मुख्य विस्फोटक नियन्त्रक, फरीदाबाद	पदेन सदस्य
(झ)	क्षेत्रीय निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, फरीदाबाद	पदेन सदस्य
(ञ)	नियोक्ताओं के पांच प्रतिनिधि (राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने है)	सदस्य
(ट)	कर्मचारियों के पांच प्रतिनिधि (राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने है)	सदस्य
(ठ)	व्यावसायिक सुरक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र से सम्बन्धित या विख्यात अनुसन्धान संस्था या समरूप अन्य शिक्षण के प्रतिनिधियों से दो प्रतिष्ठित व्यक्ति (राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने है)	सदस्य
(ड)	राज्य सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट किए जाने वाले ट्रेड यूनियन के दो प्रतिनिधि	सदस्य

15. गैर–सरकारी सदस्य की पदावधि (धारा 17).– नियम–14 के खण्ड (झ), (ञ) तथा (ट) में निर्दिष्ट प्रत्येक सदस्य की अवधि तीन वर्ष तक रहेगी।

16. त्याग पत्र (धारा 17).–(1) नियम–14 के खण्ड (झ), (ञ) तथा (ट) में निर्दिष्ट कोई सदस्य राज्य सरकार को लिखित में सम्बोधित पत्र द्वारा अपना पद त्याग सकता है।

(2) ऐसे सदस्य की सीट ऐसी तिथि, जिसको उसका त्याग पत्र राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत किया जाता है, या राज्य सरकार द्वारा त्यागपत्र के पत्र की प्राप्ति की तिथि से तीस दिन की समाप्ति पर, जो भी पहले हो, रिक्त मानी जाएगी।

17. सदस्यता की समाप्ति (धारा 17).–यदि नियम–14 के खण्ड (झ), (ञ) तथा (ट) में निर्दिष्ट बोर्ड का कोई सदस्य, बोर्ड के अध्यक्ष से ऐसी अनुपस्थिति के लिए अवकाश प्राप्त किए बिना बोर्ड की तीन लगातार बैठकों में हाजिर होने में असफल होता है, तो वह बोर्ड के सदस्य के रूप में नहीं रहेगा :

परन्तु राज्य सरकार, यदि सन्तुष्ट हो जाती है कि ऐसे सदस्य को तीन लगातार बैठकों में हाजिर होने से पर्याप्त कारणों से रोका गया था, तो निर्देश दे सकती है कि सदस्यता की समाप्ति नहीं होगी।

18. सदस्यता से हटाया जाना (धारा 17).– राज्य सरकार, राज्य सलाहकार बोर्ड के किसी गैर–सरकारी सदस्य को पद से हटा सकती है, यदि उसकी राय में ऐसा सदस्य ने हित का प्रतिनिधित्व करना बन्द कर दिया है जिसका वह प्रतिनिधित्व करने के लिए तात्पर्यित है।

19. बोर्ड की बैठक (धारा 17).–साधारणतः बोर्ड तीन मास में एक बार बैठक करेगा :

परन्तु अध्यक्ष, बोर्ड के कम से कम एक तिहाई सदस्यों से लिखित में मांग की प्राप्ति के पन्द्रह दिन के भीतर बोर्ड की बैठक बुलाएगा।

20. बैठक का नोटिस तथा कारबार की सूची (धारा 17).– बैठक में संव्यवहारित किए जाने वाले कारबार की सूची सहित प्रत्येक बैठक की तिथि, समय तथा स्थान सूचित करने का नोटिस बैठक से पन्द्रह दिन पूर्व प्रत्येक सदस्य को पंजीकृत डाक द्वारा या विशेष सन्देशवाहक द्वारा भेजा जाएगा :

परन्तु जब अध्यक्ष किसी मामला, जो उसकी राय में अत्यावश्यक है, पर विचार करने के लिए बैठक का आयोजन करता है, तो उसके लिए कम से कम तीन दिन के नोटिस को पर्याप्त समझा जाएगा।

21. गणपूर्ति (धारा 17).–बोर्ड की किसी बैठक में कोई कारबार तब तक संव्यवहारित नहीं किया जाएगा जब तक बोर्ड के कम से कम पांच सदस्य उस बैठक में उपस्थित न हों :

परन्तु यदि बोर्ड की किसी बैठक में पांच सदस्यों से कम सदस्य उपस्थित हैं, तो अध्यक्ष उपस्थित सदस्यों को सूचित करते हुए दूसरी तिथि तक बैठक स्थगित कर सकता है तथा अन्य सदस्यों को नोटिस देकर कि वह स्थगित बैठक में कारबार का निपटान करने का प्रस्ताव करता है, चाहे गणपूर्ति हो या नहीं, तथा उसके बाद उपस्थित होने वाले सदस्यां की संख्या को ध्यान में रखे बिना स्थगित बैठक में कारबार का निपटान करना उसके लिए वैध होगा।

22. बैठक के कार्यवृत्त (धारा 17).–बोर्ड की बैठक में किए गए प्रत्येक निर्णय उसी बैठक में कार्यवृत्त पुस्तक में अभिलिखित किया जाएगा तथा अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा।

23. सदस्यों के भत्ते (धारा 17).–(1) बोर्ड के सरकारी सदस्यों के यात्रा भत्ते, कार्यालय डयूटी के दौरान उस द्वारा की गई यात्रा के लिए उन्हें लागू नियमों द्वारा शासित होंगे तथा उनको वेतन देने वाले प्राधिकारी द्वारा भुगतान किया जाएगा।

(2) बोर्ड के गैर–सरकारी सदस्यों को ऐसी दर, जो राज्य के ग्रेड–1 अधिकारी को अनुज्ञेय हैं, पर बोर्ड की बैठक में उपस्थित होने के लिए यात्रा भत्ते का भुगतान किया जाएगा।

24. सुरक्षा समिति (धारा 22(1)).–(1) प्रत्येक प्रतिष्ठान का नियोक्ता एक सुरक्षा समिति गठित करेगा :–

(क) जिसमें साधारणतः एक सौ पचास या से अधिक सदस्य नियोजित हैं;

(ख) जिसमें संहिता के अधीन खतरनाक पदार्थ का विनिर्माण, भण्डार या संचालन या कोई खतरनाक प्रक्रिया की जाती है तथा पचास या से अधिक कर्मचारी नियोजित हैं।

(2) सुरक्षा **समिति** के प्रबन्धन हेतु प्रतिनिधियों में निम्नलिखित शामिल होंगेः–

(क) वरिष्ठ कर्मचारी जो प्रतिष्ठान में अपनी स्थिति के आधार पर समिति का कार्य करने में प्रभावी रूप से सहयोग दे सकता है। ऐसा वरिष्ठ कर्मचारी, सुरक्षा समिति का अध्यक्ष होगा;

(ख) सुरक्षा अधिकारी या चिकित्सा अधिकारी, जब कभी ऐसे मामले में सुरक्षा अधिकारी उपलब्ध हो, तो वह समिति का सचिव होगा;

(ग) मानव संसाधन, उत्पादन, अनुरक्षण तथा खरीद विभाग से प्रत्येक प्रतिनिधि।

(3) इस समिति के कर्मचारियों के प्रतिनिधि, कर्मचारियों द्वारा निर्वाचित किए जाएंगे।

(4) समिति की पदावधि तीन वर्ष होगी।

(5) सुरक्षा समिति प्रायः आवश्यकता अनुसार बैठक करेगी किन्तु प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक बार बैठक करेगी। बैठक के कार्यवृत्त अभिलिखित किए जाएंगे तथा मांग करने पर निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को प्रस्तुत किए जाएंगे।

(6) सुरक्षा समिति के कार्य तथा कर्तव्यों में निम्नलिखित शामिल होगा :–

(क) प्रतिष्ठान की ''स्वास्थ्य तथा सुरक्षा पालिसी'' में उल्लिखित उद्देश्यों तथा लक्ष्यों को प्राप्त करने में प्रबन्धन की सहायता करना तथा सहयोग देना;

(ख) स्वास्थ्य सुरक्षा तथा पर्यावरण से सम्बन्धित सभी मामलों का निपटान करना तथा समस्याओं का सामना करने के लिए व्यवहार्य समाधान पर पहुंचना;

(ग) सभी कर्मचारियों में स्वास्थ्य तथा सुरक्षा जागरूकता सृजित करना;

(घ) शैक्षणिक प्रशिक्षण तथा प्रचार गतिविधियां चलाना;

(ङ) पर्यावरणीय सुरक्षा तथा व्यावसायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण, आपातकालीन योजना, सुरक्षा अंकेक्षण, जोखिम निर्धारण की रिपोर्ट पर विचार–विमर्श करना तथा रिपोर्ट में की गई सिफारिशों का लागूकरण;

(च) स्वास्थ्य तथा सुरक्षा सर्वेक्षण कार्यान्वित करना तथा दुर्घटना के कारणों की पहचान करना;

(छ) कर्मचारियों की सुरक्षा तथा स्वास्थ्य के आसन्न खतरे पर की गई किसी शिकायत की जांच करना तथा दोषनिवारक उपाय सुझाना; तथा

(ज) इस द्वारा की गई सिफारिशों के लागूकरण का पुनरीक्षण करना।

(7) जहां प्रतिष्ठान के आकार के कारण या किसी अन्य कारण से उप–नियम (6) में निर्दिष्ट कार्य सुरक्षा समिति द्वारा प्रभावी रूप से नहीं किए जा सकते, तो वह उप–समितियां गठित कर सकती है, जो उसकी सहायता के लिए अपेक्षित हो।

25. सुरक्षा अधिकारी (धारा 22(2)).–(1) पांच सौ से पन्द्रह सौ कर्मचारियों के बीच नियोजित प्रतिष्ठान के लिए एक सुरक्षा अधिकारी होगा। प्रत्येक अतिरिक्त एक हजार कर्मकारों या पन्द्रह सौ से ऊपर उसके भाग के लिए एक अतिरिक्त सुरक्षा अधिकारी होगा।

(2) खतरनाक प्रक्रिया करने वाले कारखाने के मामले में, जिसमें दो सौ पचास से एक हजार कर्मचारियों के बीच नियोजित प्रतिष्ठान के लिए एक सुरक्षा अधिकारी होगा। प्रत्येक अतिरिक्त एक हजार कर्मकारों या एक हजार से ऊपर उसके भाग के लिए एक अतिरिक्त सुरक्षा अधिकारी होगा।

(3) भवन तथा अन्य सन्निर्माण संकर्म के मामले में दो सौ से एक हजार कर्मचारियों के बीच नियोजित प्रतिष्ठान के लिए एक सुरक्षा अधिकारी होगा। प्रत्येक एक हजार कर्मकार या एक हजार से ऊपर उसके भाग के लिए एक अतिरिक्त सुरक्षा अधिकारी होगा।

26. सुरक्षा अधिकारी की योग्यता.—(1) कोई व्यक्ति सुरक्षा अधिकारी के रूप में नियुक्ति के लिए तब तक पात्र नहीं होगा जब तक उसके पास —

(क) इंजीनियरिंग या टैक्नोलोजी की किसी शाखा में मान्यताप्राप्त डिग्री तथा कम से कम दो वर्ष की अवधि के लिए पर्यवेक्षी क्षमता में व्यवहार्य अनुभव नहीं है; या

(ख) भौतिकी तथा रसायन में मान्यताप्राप्त डिग्री तथा कम से कम पांच वर्ष की अवधि के लिए पर्यवेक्षी क्षमता में व्यवहार्य अनुभव नहीं है; या

(ग) इंजीनियरिंग या टैक्नोलोजी की किसी शाखा में मान्यताप्राप्त डिप्लोमा तथा कम से कम पांच वर्ष की अवधि के लिए पर्यवेक्षी क्षमता में व्यवहार्य अनुभव नहीं है;

(घ) केन्द्रीय श्रम संस्था या राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त क्षेत्रीय श्रम संस्था से औधोगिक सुरक्षा या डिग्री या डिप्लोमा नहीं है।

(2) उप—नियम (1) में दी गई किसी बात के होते हुए भी, कोई व्यक्ति जो—

(i) इंजीनियरिंग या टैक्नोलोजी में मान्यताप्राप्त डिग्री या डिप्लोमा तथा केन्द्रीय या राज्य सरकार के विभाग, जो कारखानों, भवन या अन्य सन्निर्माण संकर्मों तथा कारखाने से सम्बन्धित है, में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव रखता हो।

(ii) उद्योग में या किसी संस्था में दुर्घटना के निवारण से सम्बन्धित क्षेत्र में पूर्ण कालिक, प्रशिक्षण, शिक्षा, परामर्शी या अनुसन्धान में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव रखता हो,

सुरक्षा अधिकारी के रूप में नियुक्ति के लिए भी पात्र होगा।

27. सुरक्षा अधिकारी के कर्त्तव्य.—सुरक्षा अधिकारी के कर्त्तव्य इसकी बाध्यताओं, वैधानिक, व्यक्तिगत चोट के निवारण से सम्बन्धित को पूरा करने में तथा सुरक्षित कार्य पर्यावरण को बनाए रखने में सलाह देने तथा सहायता करना तथा ऐसे कर्त्तव्य में निम्नलिखित शामिल होगा, अर्थात्:—

(i) व्यक्तिगत चोट के प्रभावी नियन्त्रण के लिए आवश्यक उपायों की योजना बनाने तथा स्थापित करने में सम्बन्धित विभागों को सलाह देना;

(ii) सभी कार्य अध्ययन में सुरक्षा पहलुओं पर तथा चयनित कार्यों के विस्तृत कार्य सुरक्षा अध्ययन करने के लिए सलाह देना;

(iii) व्यक्तिगत चोट को रोकने के लिए की गई कार्यवाही की प्रभावशीलता या किए जाने के लिए प्रस्तावित कार्यवाही की जांच तथा मूल्यांकन करना;

(iv) संयन्त्र सुरक्षा निरीक्षण करने से सम्बन्धित मामलों पर सलाह देना;

(v) कार्य की भौतिक स्थिति तथा कर्मकारों द्वारा पालन कार्य व्यवहार तथा प्रक्रिया का अवलोकन करने के उद्देश्य से संयन्त्र सुरक्षा निरीक्षण करना तथा कर्मकारों द्वारा असुरक्षित भौतिक स्थिति को दूर करने तथा असुरक्षित कार्यवाही को रोकने के लिए अपनाए जाने वाले उपायों पर सलाह देना;

(vi) औद्योगिक दुर्घटना तथा रोगों की रिपोर्ट तथा अन्वेषण करने से सम्बन्धित मामलों पर सलाह देना;

(vii) चयनित दुर्घटनाओं का अन्वेषण करना;

(viii) संहिता की तृतीय अनुसूची में सूचीबद्ध अधिसूचनीय रोगों के मामलों का अन्वेषण करना;

(ix) सम्बन्धित विभागों के सहयोग से अभियान, प्रतियोगिता, विवाद तथा अन्य कार्यकलापों का आयोजन करना, जो कार्य तथा प्रक्रिया की सुरक्षित स्थिति की स्थापना करने में तथा बनाए रखने में कर्मकारों की रूचि विकसित तथा अनुरक्षण करेंगे; तथा

(x) व्यक्तिगत चोट के निवारण के लिए या तो स्वतन्त्र रूप से या प्रशिक्षण विभाग के सहयोग से रचना करने उपयुक्त प्रशिक्षण तथा शैक्षणिक प्रोग्राम संचालित करना।

अध्याय–V

काम के घंटे और वार्षिक अवकाश तथा वेतन

28. अन्तराल तथा समय–विस्तार सहित दैनिक और साप्ताहिक काम के घंटे [धारा 25(1)].–

(i) किसी भी कर्मकार से किसी प्रतिष्ठान में किसी सप्ताह में अड़तालीस घंटे से अधिक कार्य करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी या इसकी अनुमति नहीं दी जाएगी;

(ii) यदि कोई कर्मकार किसी प्रतिष्ठान में दैनिक आधार पर कार्य करता है, तो ऐसे किसी भी कर्मकार के कार्य की अवधि इस प्रकार निर्धारित की जाएगी कि उसके विश्राम अंतरालों को शामिल करते हुए काम के घंटे किसी एक दिन में साढ़े दस घंटे से अधिक न हों।

(iii) यदि कोई कर्मकार एक सप्ताह में छह दिन के लिए प्रतिष्ठान में कार्य करता है, तो किसी कर्मकार के कार्य की अवधि इस प्रकार निर्धारित की जाएगी कि उसके विश्राम अन्तरालों को शामिल करते हुए काम के घंटे किसी एक दिन में साढ़े दस घंटे से अधिक नहीं होंगे तथा कथित सप्ताह के सातवें दिन कर्मकार के लिए वैतनिक अवकाश होगा।

(iv) यदि कोई कर्मकार कार्य घण्टों में लचीलेपन के प्रावधान के कारण सप्ताह में छह घंटे से कम समय के लिए प्रतिष्ठान में कार्य करता है, तो कर्मकार के कार्य की अवधि इस प्रकार निर्धारित की जाएगी कि उसके विश्राम अन्तरालों को शामिल करते हुए काम के घंटे किसी एक दिन में बारह घंटे से अधिक नहीं होंगे तथा कथित सप्ताह के शेष दिन कर्मकार के लिए वैतनिक अवकाश होंगे :

परन्तु कार्य घंटों में लचीलेपन की अनुमति, औद्योगिक संबन्ध संहिता, 2020 (2020 का केन्द्रीय अधिनियम 35) के अधीन एकमात्र वार्ताकारी यूनियन, वार्ताकारी यूनियन या वार्ताकारी परिषद की सहमति से या ऐसी वार्ताकारी यूनियन या वार्ताकारी परिषद के अभाव में कर्मकारों के बहुमत की सहमति से दी जाएगी;

(v) किसी भी कर्मकार को कम से कम आधे घण्टे के विश्राम अन्तराल से पूर्व लगातार पांच घण्टे से अधिक के लिए कार्य करना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

29. चालन समय में अनुज्ञात अवरोध की अवधि [धारा 25(1)(क)].– ढुलाई वाहन के चलने के दौरान किसी भी समय अधिकतम पन्द्रह मिनट के अवरोध की अनुमति होगी।

30. श्रमजीवी पत्रकारों के लिए काम के घंटे [धारा 25(2)].–(1) इस नियम के उपबन्ध, श्रमजीवी पत्रकारों पर लागू होंगे, किन्तु संपादकों अथवा संवादाताओं, रिपोर्टरों अथवा समाचार फोटोग्राफरों पर लागू नहीं होंगे।

(2) उप–नियम (1) में दी गई किसी बात के होते हुए भी, निम्नलिखित उपबन्ध प्रत्येक संवाददाता, रिपोर्टर अथवा समाचार फोटोग्राफर पर लागू होंगे, जो उस स्थान पर नियुक्त हैं जहां समाचार–पत्र प्रतिष्ठान (जिसमें ऐसा व्यक्ति नियोजित है) स्थित हैं, अर्थात् :–

(क) संबंधित पक्षकारों के बीच सामूहिक रूप से अथवा व्यक्तिगत रूप से किए गए ऐसे समझौते के अध्यधीन ऐसे प्रत्येक संवाददाता, रिपोर्टर अथवा समाचार फोटोग्राफर को किसी दिन कार्य पर आने पर उसे पूरे दिन के लिए कार्य पर तब तक के लिए माना जाएगा जब तक वह उस दिन के दौरान उसे सौंपे गए कार्य को पूरा करता है:

परन्तु यदि ऐसे संवाददाता, रिपोर्टर अथवा समाचार फोटोग्राफर अपने स्तर पर सौंपे गए कार्य की कुल अवधि दो घंटे या से कम के लिए किसी विश्राम अन्तराल या अन्तरालों पर था, तो उसे ऐसी अवधि के दौरान कार्य पर नहीं माना जाएगाः

परन्तु यह और कि जब ऐसा अंतराल दो घंटे से अधिक का होता है या होते हैं, तो उसे उक्त दो घंटे की अवधि से अतिरिक्त अवधि के दौरान कार्य पर माना जाएगा।

(ख) किसी सप्ताह के दौरान छत्तीस घंटे से अधिक कार्य करने की किसी अवधि, जिसे इस उप–नियम के प्रयोजनों के लिए कार्य के एक यूनिट के रूप में माना जाएगा, की प्रतिपूर्ति आने वाले सप्ताह के दौरान विश्राम द्वारा की जाएगी और एक या उससे अधिक बार दी जाएगी जो प्रत्येक तीन घंटे से कम नहीं होगीः

परन्तु यदि काम किए गए अतिरिक्त घंटों का योग तीन घंटे से कम होता है, तो विश्राम की अवधि को ऐसी अतिरिक्त अवधि तक के लिए ही सीमित किया जाएगा।

31. श्रमजीवी पत्रकार के लिए सामान्य कार्य दिवस.–घंटों की संख्या, जो किसी श्रमजीवी पत्रकार के लिए जो भोजन के समय के अतिरिक्त एक सामान्य कार्य दिवस होगा, दिन की पाली के मामले में प्रतिदिन छहः घंटे से अधिक और रात की पाली के मामले में साढे पांच घंटे प्रतिदिन से अधिक नहीं होगी और किसी भी श्रमजीवी पत्रकार से साधारणतः एक सामान्य कार्य दिवस के लिए घंटों की संख्या से अधिक समय के लिए कार्य करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी या अनुज्ञात नहीं होगा।

32. श्रमजीवी पत्रकार के लिए विश्राम हेतु अंतराल.—किसी समाचार—पत्र प्रतिष्ठान और उस प्रतिष्ठान में नियोजित श्रमजीवी पत्रकारों के बीच हुए समझौते के अध्यधीन श्रमजीवी पत्रकार के लिए कार्य की अवधि इस प्रकार निर्धारित की जाएगी कि कोई श्रमजीवी पत्रकार, इससे पूर्व वह दिन की पाली के मामले में एक घंटा और रात की पाली के मामले में आधे घंटा के लिए विश्राम अन्तराल पर था, दिन की पाली के लिए चार घंटे से अधिक और रात की पाली में तीन घंटे से अधिक समय के लिए कार्य नहीं करेगा।

33. समयोपरि कार्य के लिए प्रतिपूर्ति.—जब कोई श्रमजीवी पत्रकार दिन की पाली में किसी दिन छह घंटे से अधिक कार्य करता है तथा रात्री पाली में साढे पांच घंटे से अधिक कार्य करता है, तो उसे, उस समयोपरि कार्य के लिए, उतने ही घंटों के लिए जितना उसने समयोपरि कार्य किया है, विश्राम के घंटों के रूप में प्रतिपूर्ति या वेतन द्वारा प्रतिपूर्ति की जाएगी, जिसके लिए वेतन की दर दुगनी होगी।

34. रात्रि पालियों को शासित करने वाली शर्तें.—किसी भी श्रमजीवी पत्रकार को लगातार रात्रि पाली में एक बार में एक सप्ताह से अधिक अथवा चौदह दिन की किसी अवधि में एक सप्ताह से अधिक के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा।

35. पाली बदलने से पूर्व अंतराल.—रात्रि से दिन अथवा दिन से रात्रि में पाली बदलने के लिए दोनों पालियों के बीच में लगातार न्यूनतम चौबीस घंटे का अंतराल होना चाहिए तथा एक दिन की पाली से दूसरे दिन की पाली अथवा एक रात्रि पाली से दूसरी रात्रि पाली में परिवर्तन करने पर लगातार न्यूनतम बारह घंटे का अंतराल होना चाहिए:

परन्तु यदि किसी श्रमजीवी पत्रकार द्वारा धारा 25 की उप—धारा 2 के अधीन लिए गए अंतराल से ऐसा अंतराल जुड़ता है अथवा इसके दायरे में आता है, तो ऐसे किसी अंतराल की अनुमति नहीं दी जाए।

36. बिक्री संवर्धन कर्मचारी अथवा श्रमजीवी पत्रकार के लिए एक वर्ष में अवकाश के दिनों की संख्या.—कोई श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी किसी कैलेंडर वर्ष में दस दिन के अवकाश का पात्र होगा।

37. बिक्री संवर्धन कर्मचारी अथवा श्रमजीवी पत्रकार के लिए प्रतिपूर्ति अवकाश.—यदि किसी श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी को किसी अवकाश के दिन कार्य करना अपेक्षित होता है, तो उसे उस अवकाश के दिन के तत्काल पश्चात् तीस दिन के अंदर उसके तथा उसके नियोक्ता की पारस्परिक सहमति से एक प्रतिपूर्ति अवकाश दिया जाएगा।

38. अवकाश के दिनों के लिए वेतन.—श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी सभी अवकाश के दिनों के लिए वैसे ही वेतन का पात्र होगा मानो वह डयूटी पर था।

39. साप्ताहिक विश्राम दिवस के लिए वेतन.—श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी साप्ताहिक विश्राम दिवस के लिए वैसे ही वेतन का पात्र होगा मानो वह डयूटी पर था।

40. सक्षम अधिकारी.—प्रत्येक प्रतिष्ठान अपने प्रतिष्ठान में इस अध्याय के अधीन नियमों के प्रयोजनार्थ एक अथवा अधिक अधिकारियों को सक्षम अधिकारियों के रूप में पदाभिहित कर सकता है।

41. श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी द्वारा अवकाश प्राप्त करने की प्रक्रिया.—(1) कोई श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी, जो अवकाश प्राप्त करना चाहता है, वह प्रतिष्ठान के सक्षम अधिकारी को लिखित में आवेदन करेगा।

(2) उप—नियम (1) के अधीन अवकाश के लिए आवेदन, आकस्मिक अवकाश, चिकित्सा प्रमाण—पत्र के आधार पर अवकाश तथा क्वारेनटाइन अवकाश से भिन्न अवकाश के लिए आवेदन, आवश्यक अथवा असंभावित परिस्थितियों को छोड़कर, अवकाश के प्रारम्भ होने की तिथि से न्यूनतम एक मास पूर्व किया जाएगा।

(3) यदि अवकाश को मना कर दिया जाता है अथवा स्थगित किया जाता है, तो प्रतिष्ठान का सक्षम अधिकारी ऐसी मनाही अथव स्थगन, जैसी भी स्थिति हो, के कारण अभिलिखित करेगा तथा आदेश की एक प्रति श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी, जैसी भी स्थिति हो, को भेजेगा।

(4) साप्ताहिक विश्राम दिवस के अतिरिक्त छुट्टी के दिन को प्रतिष्ठान के सक्षम अधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी अवकाश से पूर्व अथवा बाद में नहीं जोड़ा जाएगा।

(5) साप्ताहिक विश्राम दिवस सहित कोई छुट्टी का दिन, इन नियमों के अधीन स्वीकृत किए गए अवकाश के बीच में आता है, तो वह अवकाश की अवधि का भाग रूप होगा।

42. किसी श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी को अवकाश की समाप्ति से पहले वापिस बुलाना.—(1) कोई प्रतिष्ठान, किसी श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी को अवकाश से वापिस बुला सकता है, यदि वह प्रतिष्ठान ऐसा करना आवश्यक समझता हो। इस प्रकार वापिस बुलाने के मामले में, ऐसा श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी यात्रा भत्ते के लिए पात्र होगा, यदि वापिस बुलाने के समय वह अपना अवकाश अपने मुख्यालय से अलग किसी स्थान पर बिता रहा हो।

(2) यात्रा, भत्ता, जो उप—नियम (1) के अधीन किसी श्रमजीवी पत्रकार या बिक्री संवर्धन कर्मचारी को भुगतान किया जाना है, का निर्धारण श्रमजीवी पत्रकारों अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारियों द्वारा अपने कार्य के दौरान की गई यात्राओं के लिए यात्रा भत्ते को शासित करने वाले उस प्रतिष्ठान के नियमों के अनुसार किया जाएगा।

43. कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व फिटनेस चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना.–कोई श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी जो स्वास्थ्य कारणों से अवकाश ले चुका है, से नियोक्ता द्वारा कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व किसी सक्षम चिकित्सक अथवा चिकित्सा अधिकारी जिसने चिकित्सा प्रमाण–पत्र जारी किया, से फिटनेश चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने की अपेक्षा की जाएगी।

44. चिकित्सा अधिकारी का पदनाम.–श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी को नियोजित करने वाला प्रत्येक प्रतिष्ठान, धारा 42 के अनुसार एक अथवा अर्हक चिकित्सकों को पदाभिहित कर सकता है।

45. अर्जित अवकाश.–(1) कोई श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी डयूटी पर बिताए गए प्रत्येक ग्यारह मास के लिए न्यूनतम एक मास की अवधि के पूर्ण वेतन के साथ अर्जित अवकाश का पात्र होगा :

परन्तु अर्जित अवकाश की संख्या एक सौ बीस दिन होने पर वह और अधिक ऐसा अवकाश अर्जित नहीं कर पाएगा।

(2) डयूटी पर बितायी गई अवधि में साप्ताहिक अवकाश, अवकाश, आकस्मिक अवकाश एवं क्वारेंटाइन अवकाश शामिल होंगे।

46. अर्जित अवकाश के दौरान वेतन.–अर्जित अवकाश पर कोई श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी डयूटी पर बिताए गए बाहर पूर्ण मासों की अवधि के दौरान अर्जित औसत मासिक वेतन अथवा यदि यह अवधि बारह पूर्ण मास से कम है, ऐसी सम्पूर्ण अवधि के दौरान, अवकाश प्रारम्भ होने से तत्काल पूर्व मास के समान वेतन प्राप्त करेगा।

47. उपभोग नहीं किए गए अर्जित अवकाश के लिए नकद प्रतिपूर्ति.–(1) जब कोई श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी स्वेच्छा से अपना पद छोड़ देता है अथवा अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर सेवा से सेवानिवृत्त हो जाता है, तो वह उसके द्वारा उपभोग नहीं किए गए अधिकतम एक सौ बीस दिन के अर्जित अवकाश के लिए नकद प्रतिपूर्ति का पात्र होगा :

परन्तु यदि किसी श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी जिसे बकाया अर्जित अवकाश को मना किया गया है, तो वह इस प्रकार से मना किए अर्जित अवकाश के लिए नकद प्रतिपूर्ति प्राप्त करने का पात्र होगा :

परन्तु यह और कि यदि किसी श्रमजीवी पत्रकार या बिक्री संवर्धन कर्मचारी की सेवा के दौरान मृत्यु हो जाती है तथा उसने अपनी मृत्यु की तिथि से तत्काल पहले अपना बकाया अर्जित अवकाश नहीं लिया है, तो इस मामले में, उसके उत्तराधिकारी इस प्रकार से नहीं लिए गए अवकाश के लिए नकद प्रतिपूर्ति के पात्र होंगे।

(2) जब किसी कारण से, अनुशानात्मक कार्रवाई के माध्यम से दिए गए दंड के अतिक्ति, किसी श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी की सेवाएं समाप्त की जाती है, तो वह उपभोग नहीं की गई अधिकतम एक सौ बीस दिन तक के अर्जित अवकाश हेतु नकद प्रतिपूर्ति का पात्र होगा।

(3) ऐसी नकद प्रतिपूर्ति किसी श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी को उसके द्वारा उपभोग नहीं किए गए अवकाश की अवधि के लिए देय वेतन की राशि से कम नहीं होगी, यहां प्रासंगिक वेतन वहीं होगा जो उप–नियम (1) अथवा (2), जैसी भी स्थिति हो, में विनिर्दिष्ट किन्हीं घटनाओं के होने से तत्काल पूर्व किसी दिन वास्तव में उसके अवकाश पर जाने पर, जो उसे देय होता।

48. चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर अवकाश.–

(1) किसी श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी प्रत्येक अठारह मास की सेवा के लिए न्यूनतम एक मास की दर से आधे वेतन पर चिकित्सा प्रमाण–पत्र के आधार पर अवकाश का पात्र होगा :

परन्तु चिकित्सा प्रमाण–पत्र अवकाश के नब्बे दिन होने पर वह ऐसा और अधिक अवकाश अर्जित नहीं कर सकेगा।

(2) ऐसा चिकित्सा प्रमाण पत्र किसी चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया जाएगा :

परन्तु यदि जब कोई श्रमजीवी पत्रकार अपने नियोक्ता की अनुमति से अपने मुख्यालय से अलग किसी स्थान पर चला जाता है और वहां बीमार पड़ जाता है, तो वह किसी भी पंजीकृत चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत कर सकता है :

परन्तु यह और कि जब अर्हक चिकित्सा व्यवसायी सरकार की सेवा में नहीं है, तो नियोक्ता अपने स्वयं के खर्चे पर किसी भी चिकित्सा अधिकारी द्वारा संबंधित श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी की चिकित्सा जांच करवाने की व्यवस्था कर सकता है।

(3) चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर अवकाश अर्जित अवकाश की निरंतरता में लिया जा सकता है किन्तु अर्जित अवकाश तथा साथ में लिए गए चिकित्सा प्रमाण पत्र पर अवकाश की कुल अवधि कभी भी एक बार में एक सौ बीस दिन से अधिक की नहीं होगीः

परन्तु चिकित्सा बोर्ड एक सौ बीस दिन से आगे अवकाश की सिफारिश कर सकता है।

(4) कोई श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी, अपने विकल्प पर आधे वेतन पर चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर अवकाश को पूर्ण वेतन के साथ आधे अवकाश में बदलने हेतु पात्र होगा।

(5) तपेदिक जैसी दीर्घकालिक बीमारियों से ग्रसित श्रमजीवी पत्रकारों अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारियों के मामले में, संग्रहण करने तथा अवकाश की कुल अवधि से संबंधित उप–नियम (1) तथा उप–नियम (3) के उपबंध में अधिकथित अधिकतम सीमा में सक्षम अधिकारी द्वारा छूट दी जा सकती है।

(6) उप–नियम (1) तथा (4) में संदर्भित चिकित्सा प्रमाण–पत्र पर अवकाश अथवा चिकित्सा प्रमाण पत्र पर परिवर्तित अवकाश किसी श्रमजीवी पत्रकार या बिक्री संवर्धन कर्मचारी को अर्जित अवकाश उनके पास बकाया होने पर ही उनके अनुरोध पर स्वीकृत किया जा सकता है।

49. क्वारेंटाइन अवकाश.–समाचार पत्र प्रतिष्ठान द्वारा धारा 42 के अधीन इसलिए पदनामित प्राधिकृत चिकित्सक के प्रमाण–पत्र पर अधिकतम ईक्कीस दिन अथवा अपवादिक परिस्थितियों में तीस दिन की अवधि के लिए पूर्ण वेतन सहित क्वारेंटीन अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। उक्त अवधि से अधिक से अधिक के लिए क्वारेंटाइन प्रयोजन हेतु अनिवार्य अवकाश को उस श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी को देय अन्य अवकाश में समायोजित किया जाएगा।

50. असाधारण अवकाश.–किसी श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी को, जिसके पास कोई अवकाश शेष नहीं है, समाचार पर प्रतिष्ठान के विशेषाधिकार से जिसमें वह श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी नियोजित है, बिना वेतन के असाधारण अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है।

51. अवकाश न होना.–किसी श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी को, जिसके पास कोई अवकाश शेष नहीं है, प्रतिष्ठान के विवेक पर जिसमें वह श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी नियोजित है, अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है।

52. अध्ययन अवकाश.–किसी श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी को समाचार पत्र प्रतिष्ठान के विवेक पर जिसमें वह श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी नियोजित है, वेतन के साथ अथवा वेतन के बिना अध्ययन अवकाश स्वीकृत किया जा सकता है।

53. आकस्मिक अवकाश.–(1) कोई श्रमजीवी पत्रकार अथवा बिक्री संवर्धन कर्मचारी प्रतिष्ठान के विवेक पर किसी कैलेंडर वर्ष में पन्द्रह दिन के आकस्मिक अवकाश का पात्र होगा :

परन्तु एक बार में पांच दिन से अधिक का आकस्मिक अवकाश नहीं लिया जाएगा तथा ऐसा अवकाश अन्य किसी अवकाश के साथ नहीं जोड़ा जाएगा।

(2) किसी कैलेंडर वर्ष के दौरान नहीं लिए गए आकस्मिक अवकाश को अगले वर्ष में नहीं जोड़ा जाएगा।

54. साप्ताहिक अवकाश [धारा 25(2)].–

(1) धारा 26 के प्रयोजनार्थ, प्रत्येक प्रतिष्ठान के कार्यालय के बाहर किसी विशिष्ट स्थान पर साप्ताहिक अवकाश को दर्शाने वाला नोटिस चिपकाया जाएगा। जहां प्रतिष्ठान में नियोजित सभी व्यक्तियों के लिए साप्ताहिक अवकाश दिवस अलग–अलग हैं, वहां नोटिस हिन्दी, अंग्रेजी अथवा स्थानीय भाषा में प्रत्येक टोली (रिले), अथवा व्यक्तियों के समूह अथवा व्यैक्तिक को अनुमत अवकाश के दिनों को दर्शाएगा।

55. प्रतिपूर्ति अवकाश.–(1) ऐसे कार्य में लगे कर्मकार को छोड़कर, जिसमें किसी कार्य को तकनीकी कारणों से लगातार दिन भर किया जाए, धारा 26 की उप–धारा (3) के अधीन अनुज्ञात किए जाने वाले प्रतिपूर्ति अवकाशों को इस तरह से दिया जाना चाहिए कि एक सप्ताह में दो से अधिक प्रतिपूर्ति अवकाश नहीं दिए जाएं।

(2) प्रतिष्ठान का प्रबंधक, जिस मास में कार्य दिवसों का नुकसान हुआ है, की समाप्ति पर अथवा उससे पहले आगामी मास के दौरान दिए गए प्रतिपूर्ति अवकाशों वाले कर्मकारों तथा उनकी तिथियों से संबंधित एक नोटिस उस पर जिन पर धारा 26 के अधीन निर्धारित कार्यावधियों का नोटिस प्रदर्शित किया जाता है, प्रदर्शित करेगा। किसी प्रतिपूर्ति अवकाश के संबंध में नोटिस में किसी पश्चातवर्ती परिवर्तन को उस अवकाश की तिथि से कम से कम तीन दिन अग्रिम में किया जाएगा।

(3) किसी प्रतिपूर्ति अवकाश अथवा अवकाशों जिसका कोई कर्मकार पात्र है, वे उसे कार्यमुक्त अथवा बर्खास्त करने से पहले दिए जाएंगे तथा इन्हें कार्यमुक्त अथवा बर्खास्तगी से पहले दिए जाने के लिए अपेक्षित किसी नोटिस अवधि का भाग के रूप में नहीं माना जाएगा।

56. समयोपरि कार्य हेतु मजदूरी (धारा 27).–(1) जहां किसी प्रतिष्ठान में, कोई कर्मकार :

(क) दैनिक वेतन के रूप में किसी दिन को आठ घण्टे से अधिक के लिए कार्य करता है, तो वह उसके वेतन की दर से दुगनी दर पर ऐसे समयोपरि कार्य के लिए वेतन का हकदार होगा;

(ख) छह दिन के सप्ताह में किसी दिन में आठ घण्टे से अधिक कार्य करता है या एक सप्ताह में अड़तालीस घंटे से अधिक कार्य करता है, तो कर्मकार ऐसे समयोपरि कार्य के लिए वेतन उसके वेतन की दर से दुगनी दर पर लेने का हकदार होगा। समयोपरि कार्य की अवधि दैनिक आधार पर या साप्ताहिक आधार पर संगणित की जाएगी जो भी ऐसे कर्मकार के लिए अनुकूल हो;

(ग) पांच दिन के सप्ताह में किसी दिन में साढे नौ घण्टे से अधिक कार्य करता है या एक सप्ताह में अड़तालीस घंटे से अधिक कार्य करता है, तो कर्मकार ऐसे समयोपरि कार्य के लिए वेतन उसके वेतन की दर से दुगनी दर पर लेने का हकदार होगा। समयोपरि कार्य की अवधि दैनिक आधार पर या साप्ताहिक आधार पर संगणित की जाएगी जो भी ऐसे कर्मकार के लिए अनुकूल हो;

(घ) नियम 28 के उप–नियम (4) के अधीन यथा विनिर्दिष्ट एक सप्ताह में छह दिन से कम कार्य करता है तथा एक सप्ताह में अड़तालीस घंटे से अधिक कार्य करता है, तो कर्मकार ऐसे समयोपरि कार्य के लिए वेतन उसके वेतन की दर से दुगनी दर पर लेने का हकदार होगा;

(ङ) अंश दर आधार पर कार्य करता है, तो समय दर दिन के लिए उसकी सम्पूर्ण समय कमाई की दैनिक औसत के समकक्ष के अनुसार ली जाएगी जिस पर उसने किसी समयोपरि कार्य को छोड़कर सप्ताह से ठीक पूर्ववर्ती सप्ताह के दौरान वास्तव में कार्य किया है तथा ऐसी समय पर ऐसे कर्मकार के समयोपरि कार्य हेतु दर के रूप में समझी जाएगी।

(2) किसी भी दिन समयोपरि कार्य गणना में, किसी घंटे के 15 से 30 मिनट के अंश को 30 मिनट गिना जाएगा तथा 30 मिनट अधिक समय के मामले में इसे पूर्ण घंटे के रूप में वास्तविक आधार पर एक घंटा गिना जाएगा।

(3) यदि किसी कर्मकार को मास के आधार पर भुगतान किया जाता है, तो उसका वेतन अथवा आय गणना करने की दशा में, दैनिक वेतन उसके मासिक वेतन का 1/26वां भाग होगा; तथा अन्य किसी कर्मकार के मामले में वह दैनिक वेतन अथवा आय, जैसी भी स्थिति हो, होगी।

(4) कारखानों, भवन तथा अन्य सन्निर्माण कार्यों में निम्नलिखित कार्यों और परिस्थितियों के अंतर्गत किसी एक दिन में कर्मकारों के लिए समयावधि बारह घंटे से अधिक होगी, अर्थात्:–

(क) तत्काल मरम्मत;

(ख) प्रारम्भिक अथवा अनुपूरक प्रकृति के कार्य;

(ग) कार्य जो अनिवार्य रूप से इतने सविराम प्रकृति के है कि अंतराल जिनके दौरान वे कार्य नहीं करते है जबकि डयूटी के दौरान सामान्यतः अंतरालों से अधिक विश्राम की आवश्यकता होती है;

(घ) ऐसे कार्य जो तकनीकी कारणों से सतत रूप में किए जाने अनिवार्य होते हैं;

(ङ) अत्यधिक आवश्यकता वाली वस्तुओं के बनाने अथवा आपूर्ति में लगे कर्मकार जिन्हें प्रतिदिन बनाया अथवा आपूर्ति किया जाता है;

(च) ऐसी प्रक्रिया में लगे कर्मकार जिसे निर्धारित मौसमों को छोड़कर अन्य समय नहीं किया जा सकता है;

(छ) ऐसी प्रक्रिया में लगे कर्मकार जिसे प्राकृतिक ताकतों की अनियमित कार्रवाई पर आश्रित समय को छोड़कर अन्य समय नहीं किया जा सकता है;

(ज) इंजन कक्ष अथवा बायलर हाउस अथवा पावर प्लांट की देखभाल अथवा मशीनरी ट्रांसमिशन में लगे कर्मकार;

(झ) मशीनरी के खराब होने के कारण प्रक्रिया में लगे कर्मकार;

(ञ) रेल वैगन अथवा लोरी अथवा ट्रकों की लोडिंग अथवा अनलोडिंग में लगे कर्मकार;

(ट) कार्य की अपवादिक अधिकता; और

(ठ) ऐसे किसी कार्य में लगे कर्मकार जिसे केन्द्रीय सरकार द्वारा राजपत्र में राष्ट्रीय महत्व का कार्य अधिसूचित किया जाता है :

परन्तु किसी भी कर्मकार को किसी वर्ष की किसी तिमाही में एक सौ पच्चीस घंटों से अधिक समयोपरि कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

अध्याय – VI

रजिस्टरों, रिकार्ड तथा विवरणियों का रख–रखाव

57. कार्य अवधियों का नोटस [धारा 31(2)].–(1) धारा 31 की उप–धारा (2) में संदर्भित नोटिस को नोटिस बोर्ड पर किसी विशिष्ट स्थान अथवा इलैक्ट्रॉनिक बोर्ड पर दर्शाया जाएगा तथा प्ररूप 7 में इसका रखरखाव किया जाएगा और ऐसे नोटिस की प्रति इलैक्ट्रॉनिक ढंग से अथवा पंजीकृत डाक द्वारा निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को भेजी जाएगी।

58. रिपोर्टों, रजिस्टरों तथा अन्य अभिलेखों का रख–रखाव तथा प्रस्तुत करना [धारा 33(क)].– प्रत्येक नियोक्ता –

(क) कर्मकारों, वेतन, समयोपरि कार्य, जुर्माने, नुकसान या क्षति के लिए कटौती के रजिस्टरों का प्ररूप–8 में इलैक्ट्रॉनिक ढंग से रख–रखाव करेगा तथा प्रतिष्ठान के आस–पास कार्यालय अथवा नजदीकी शुलभ भवन में उपलब्ध कराएगा;

(ख) संहिता की धारा 33 के खण्ड (क) के उप खण्ड (V) द्वारा अपेक्षित दुर्घटना तथा खतरनाक घटनाओं के रजिस्टर प्ररूप–9 में रखे जाएंगे;

(ग) मैनुअल रजिस्टरों तथा अन्य रिकार्डों के मामले में, प्रविष्टियां अंग्रेजी, हिन्दी अथवा नियोजित व्यक्तियों के बहुमत द्वारा समझी जाने वाली भाषा में स्याही से स्पष्ट रूप में की जाएंगी;

(घ) अंतिम रिपोर्ट अथवा प्रविष्टि की तिथि के पश्चात एक कैलेंडर वर्ष के लिए इसका मूल रूप में संरक्षण किया जाएगा;

(ङ) मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता अथवा निरीक्षक एवं सुविधप्रदाता अथवा राज्य सरकार की ओर से इस संबंध में प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा मांगे जाने पर इलैक्ट्रॉनिक अथवा पंजीकृत डाक द्वारा प्रस्तुत करेगा।

59. नोटिस का प्रदर्शन [धारा 33(ख)].–प्रत्येक नियोक्ता अपने नियंत्रणाधीन प्रतिष्ठान के कार्य स्थल के विशिष्ट स्थान पर निम्नलिखित ब्यौरे वर्णित करते हुए अंग्रेजी, हिन्दी तथा अधिकांश कर्मकारों द्वारा समझे जाने वाली स्थानीय भाषा में दर्शाते हुए नोटिस प्रदर्शित करेगा :–

- प्रतिष्ठान का नाम तथा पता (प्रतिष्ठान के नाम तथा पते वाला बोर्ड मुख्य द्वार के निकट प्रतिष्ठान के बाहर प्रदर्शित किया जाएगा);
- कार्य घंटे,
- वेतन अवधि;
- ऐसे वेतन के भुगतान की तिथि;
- गत पांच वर्षों के दौरान प्रतिष्ठान में हुई दुर्घटना तथा खतरनाक घटना का ब्यौरा;
- ऐसे प्रतिष्ठान तक क्षेत्राधिकार रखने वाले निरीक्षक–एवं–सुरक्षाप्रदाता का नाम तथा पता;
- कर्मकारों के बकाया वेतन के भुगतान की तिथि;
- जिले के आपातकालीन प्राधिकारियों के पते जैसे अग्नि, पुलिस, अस्पताल आदि;
- खतरा, सावधानी तथा उपचार आदि का स्वरूप विनिर्दिष्ट करते हुए खतरनाक रसायनों बारे नोटिस;
- संहिता का सारांश।

60. मजदूरी पर्ची [धारा 33(ग)].–प्रत्येक नियोक्ता, वेतन के भुगतान पर या से पूर्व वेतन संहिता, 2019 के अधीन समुचित सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के अधीन यथा विहित कर्मचारियों को इलैक्ट्रोनिक रूप में या अन्यथा वेतन पर्ची जारी करेगा।

61. विवरणी [धारा 33 (घ)].–किसी प्रतिष्ठान का प्रत्येक नियोक्ता, अपने क्षेत्राधिकार वाले निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को प्ररूप–10 में इलैक्ट्रॉनिक रूप में दो प्रतियों में अपने प्रतिष्ठान से संबंधित विवरणी प्रति वर्ष भेजगा ताकि यह उनके पास प्रत्येक कैलेंडर वर्ष की समाप्ति के पश्चात् प्रथम फरवरी तक पहुंच जाए और इसकी एक प्रति महानिदेशक, श्रम ब्यूरो को इलैक्ट्रॉनिक रूप में भी भेजी जाए।

62. मजदूरी सहित अवकाश का रजिस्टर [धारा 33 (क)].–

(1) प्रत्येक प्रतिष्ठान का स्वामी, अभिकर्ता अथवा प्रबंधक प्ररूप–11 में इलैक्ट्रॉनिक रूप में अथवा मैनुअली अपने प्रत्येक कर्मचारी के सवेतन अवकाश का रिकार्ड रखेगा।

(2) उप–नियम (1) में उल्लिखित रजिस्टर, इसमें की गई अंतिम प्रविष्टि के पश्चात् दो वर्ष की अवधि के लिए संरक्षित किया जाएगा तथा उक्त अवधि की समाप्ति पर भी उसे नष्ट नहीं किया जाएगा जब तक कि इसे समूचित ढंग से नए रजिस्टर में अंतरित नहीं किया गया हो।

63. मस्टर रोल [धारा 33(क)].–(1) प्रत्येक प्रतिष्ठान का नियोक्ता, स्वामी, अभिकर्ता या प्रबन्धक प्ररूप–12 में उसके प्रत्येक कर्मचारी के सम्बन्ध में वेतन सहित अवकाश का रिकार्ड इलैक्ट्रॉनिक रूप में या मैनुअल रूप से रखेगा।

(2) उप नियम (1) में वर्णित रजिस्टर, उसमें की गई अन्तिम प्रविष्टि के बाद तीन वर्ष की अवधि के लिए संरक्षित किया जाएगा तथा उस अवधि की समाप्ति के बाद तब तक नष्ट नहीं किया जाएगा जब तक उसे नए रजिस्टर में समुचित ढंग से अन्तरित नहीं कर दिया जाता।

64. हाजरी रजिस्टर [धारा 33 (क)].–(1) किसी भी कर्मकार के लिए कार्य करना तब तक अपेक्षित नहीं होगा या अनुज्ञात नहीं किया जाएगा जब तक उसके पास नियोक्ता द्वारा दिए जाने वाले प्ररूप–13 में अद्यतन प्रविष्टियों सहित हाजरी कार्ड नहीं है। हाजरी रजिस्टर हर समय कर्मकार के पास रहेगा। नियोक्ता या उसका प्राधिकृत व्यक्ति जब कभी आवश्यक हो, इसे केवल इसमें सुसंगत प्रविष्टियां करने के लिए मांगेगा।

(2) यदि कर्मकार अपना हाजरी रजिस्टर खो देता है, तो नियोक्ता पच्चीस रूपए के भुगतान पर दो दिन के भीतर उसके रिकार्ड से विधिवत् पूर्ण की गई दूसरी प्रति उसको मुहैया करवाएगा।

अध्याय – VII

निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता तथा अन्य प्राधिकारी

65. मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की योग्यता तथा अनुभव [धारा 34 (5)].–राज्य सरकार किसी व्यक्ति को मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता के रूप में नियुक्त कर सकती है, जो :–

(i) कारखाना अधिनियम, 1948 के अधीन निरीक्षक या व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कार्य दशाएं संहिता, 2020 के अधीन निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता के रूप में कम से कम दस वर्ष के अनुभव सहित किसी विषय में इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री रखता हो; या

(ii) भारतीय प्रशासकीय सेवा के वरिष्ठ वेतनमान के संवर्ग में अधिकारी हो।

66. बागान के लिए निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की शक्ति [धारा 35 (1) (IV)].– निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, संहिता की धारा 2 (यभ) के अनुसार बागान के लिए प्रतिष्ठान या परिसरों के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति से किसी किस्म के रिकार्ड की मांग कर सकता है तथा इसके कथन लिपिबद्ध कर सकता है।

67. किसी वस्तु या पदार्थ का नमूना लेने की शक्ति [धारा 35 (1)(x)].–(1) मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, संहिता के अधीन अपेक्षित नमूने लेने तथा अपेक्षित विश्लेषण रिपोर्ट देने के लिए नैशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फार टेस्टिंग एण्ड कैलिब्रेशन लेबोरेट्रीज (एन.ए.बी.एल.) से एक्रीडिटिड किसी प्रयोगशाला को मान्यता प्रदान करेगा।

(2) प्रतिष्ठान के नियोक्ता को, जहां से या जिसके आस–पास लिए जाने वाले नमूने के बारे नोटिस प्ररूप 14 में दिया जाएगा।

(3) निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा लिखित में जारी आदेश पर या नियोक्ता के अनुरोध पर मान्यताप्राप्त प्रयोगशाला नमूने लेगी।

(4) नमूना स्वयं नियोक्ता या उस द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति की उपस्थिति में लिया जाएगा।

(5) नमूने दो भागों में संगृहीत किए जाने हैं तथा पात्र में रखे जाने हैं, जिसे नमूना लेने वाले व्यक्ति तथा नियोक्ता या उसके प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा मोहरबन्द किया जाएगा तथा हस्ताक्षरित किया जाएगा।

(6) संगृहीत नमूने का एक भाग नियोक्ता या उसके उपस्थिति प्राधिकृत व्यक्ति को सौंपा जाएगा तथा एक भाग विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला को तुरन्त भेजा जाएगा।

(7) निष्कर्ष तीन प्रतियों में प्ररूप–15 में अभिलिखित किया जाएगा तथा विश्लेषक द्वारा हस्ताक्षरित किया जाएगा और उसे निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, जिससे नमूना लेने का आदेश प्राप्त किया है, को नमूने के विश्लेषण के निष्पादन से सात दिन के भीतर भेजा जाएगा।

(8) नमूने लेने तथा विश्लेषण का खर्च प्रतिष्ठान के नियोक्ता द्वारा वहन किया जाएगा।

(9) प्रयोगशाला के परिणाम की रिपोर्ट की प्राप्ति पर निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, उस प्रतिष्ठान के नियोक्ता को रिपोर्ट की एक प्रति भेजगा, जिससे नमूना विश्लेषण के लिए लिया गया था, दूसरी प्रति अपने रिकार्ड के लिए उस द्वारा रखी जाएगी तथा तीसरी प्रति आरम्भ की जाने वाली आगामी कार्रवाई के लिए मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को भेजी जाएगी।

68. निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की शक्तियां तथा कर्त्तव्य [धारा (1)(xiv)].–(1) निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, प्रत्येक निरीक्षण के पश्चात, जो आवश्यक समझे जाएं, जहाज के लिए नियोक्ता अथवा अधिभोगी अथवा स्वामी अथवा मालिक अथवा प्रभारी अधिकारी अथवा उनके अभिकर्ता को संहिता तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों एवं विनियमों के अधीन सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कार्य दशाओं के उपबंधों की अनुपालना नहीं करने का उल्लेख करते हुए प्ररूप–16 में निषेद्ध अथवा सुधार नोटिस जारी करेगा।

(2) निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, प्रत्येक निरीक्षण में यह पता लगाएगा कि किस सीमा तक पूर्ववर्ती निरीक्षण में अधिसूचित कमियों को दूर किया गया है तथा पूर्व में जारी किए गए नोटिसों का पालन किया गया है। उसके निष्कर्ष तथा निरीक्षण के दौरान सामने आयी कमियों के साथ–साथ संहिता अथवा इसके अधीन बनाए गए विनियमों के अधीन उसके द्वारा पारित किए गए आदेश को रिकार्ड किया जाएगा तथा उनका रख–रखाव किया जाएगा।

(3) इस संहिता के कार्यान्वयन के प्रयोजन के लिए निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, प्रतिष्ठान में नियोजित कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा या कल्याण को सुरक्षित करने के प्रयोजन के लिए किसी व्यक्ति की फोटो ले सकता है, किसी भवन या कक्ष, किसी संयन्त्र, मशीनरी, यन्त्र या उपकरण, किसी रजिस्टर या दस्तावेज या उपबन्धित किसी बात का निरीक्षण, जांच, माप, प्रति, फोटो, रूपरेखा या परीक्षण, जैसी भी स्थिति हो, कर सकता है।

(4) इस संहिता के कार्यान्वयन के प्रयोजन के लिए निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, यदि वह विधिवत् अर्हक चिकित्सा व्यवसायी है, तो ऐसी चिकित्सा जांच कर सकता है जो संहिता के अधीन उसके कर्त्तव्यों के प्रयोजन के लिए आवश्यक हो।

(5) इस संहिता के कार्यान्वयन के प्रयोजन के लिए निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को संहिता के अधीन उत्पन्न होने वाली किसी शिकायत या अन्य कार्यवाही या निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता के रूप में अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में न्यायालय के सम्मुख अभियोजित करने, संचालन करने या प्रतिरक्षा करने की शक्तियां होंगी।

(6) इस संहिता के लागूकरण के प्रयोजन के लिए निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, धारा 38 या यथा विनिर्दिष्ट किसी अन्य धारा के अधीन जारी आदेशों की पालना करने के लिए अन्य विभागों या अभिकरणों को ऐसे आदेश जारी कर सकता है।

(7) निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कार्य दशाएं संहिता, 2020 की सीमा के अधीन प्रशासकीय आदेश के रूप में, समय–समय पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार ऐसी अन्य शक्तियों का प्रयोग तथा ऐसी अन्य कर्त्तव्यों का पालन कर सकता है।

69. धारा 37 के अधीन पैनलबद्ध विशेषज्ञों की योग्यता तथा अनुभव, कर्त्तव्य तथा जिम्मेवारी.–सुरक्षा अंकेक्षक के रूप में मान्यता प्रदान करने के लिए आवेदक के पास निम्नलिखित योग्यताएं तथा अनुभव आदि होंगे :–

योग्यता तथा अनुभव.–आवेदक के पास,–

(i) रसायन या मैकेनिकल या इलैक्ट्रीकल या उत्पादन इंजीनियरिंग में डिग्री तथा कारखाने में विनिर्माण, अनुरक्षण, डिजाईन, परियोजना या सुरक्षा विभाग में पर्यवेक्षी या उससे ऊपर क्षमता में पांच वर्ष का अनुभव रखता हो;

या

रसायन या मैकेनिकल या इलैक्ट्रीकल या उत्पादन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा तथा कारखाने में विनिर्माण, अनुरक्षण, डिजाईन, परियोजना या सुरक्षा विभाग में पर्यवेक्षी या उससे ऊपर क्षमता में आठ वर्ष का अनुभव रखता हो;

या

भौतिकी या रसायन में मास्टर डिग्री तथा कारखाने में विनिर्माण, अनुरक्षण, डिजाईन, परियोजना या सुरक्षा विभाग में पर्यवेक्षी या उससे ऊपर क्षमता में दस वर्ष का अनुभव रखता हो;

तथा

तकनीकी शिक्षा बोर्ड या अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद या किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा मान्यताप्राप्त औद्योगिक सुरक्षा में एक वर्षीय पूर्णकालिक डिप्लोमा;

या

(ii) इंजीनियरिंग की किसी शाखा में डिग्री या डिप्लोमा तथा भारत सरकार के कारखाना निरीक्षणालय या औद्योगिक सुरक्षा तथा स्वास्थ्य निदेशालय या महानिदेशक कारखाना सलाहकार सेवा तथा श्रम संस्था या क्षेत्रीय श्रम संस्था या राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद् या पी.एस.यू.के. खतरनाक कारखानों में पन्द्रह वर्ष का अनुभव रखता हो;

(iii) आवेदक कारखाने में प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से या उसमें की जाने वाली किसी प्रक्रिया या व्यापार में उससे सम्बन्धित किसी पेटेंट या मशीन में, जिसके सम्बन्ध में सुरक्षा अंकेक्षण किया जाना है, हितबद्ध नहीं होगा;

(iv) यदि आवेदक की आयु 65 वर्ष से अधिक है, तो वह मान्यता या मान्यता के नवीकरण के लिए आवेदन सहित सिविल सर्जन या प्रमाणित सर्जन द्वारा जारी कारखानों के सुरक्षा अंकेक्षण करने के लिए शारीरिक उपयुक्तता का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगा।

कर्तव्य तथा जिम्मेवारी,–

(i) सुरक्षा अंकेक्षक, अंकेक्षित कारखाने का नाम तथा पता, व्यक्ति का नाम, जिसने सुरक्षा अंकेक्षण किया है, सम्पर्क व्यक्ति, अंकेक्षण की तिथि तथा अधिभोगी तथा कारखाने का मुख्य निरीक्षक की अंकेक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तिथि सूचित करते हुए उस द्वारा किए गए सभी सुरक्षा अंकेक्षण की लॉग बुक रखेगा;

(ii) सुरक्षा अंकेक्षक, किसी कारखाने का सुरक्षा अंकेक्षण नहीं करेगा, जहां ऐसा अंकेक्षक या व्यक्ति नियोजित है या उस कारखाने का अधिभोगी, भागीदार, निदेशक या प्रबन्धक या स्वामित्वाधीन, कारखाने का ठीक पारिवारिक सदस्य, रिश्तेदार या विस्तारित पारिवारिक सदस्य या जिसमें उस अंकेक्षक का किसी भी प्रकार का कोई प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष हित है। अंकेक्षक, उन कारखानों का सुरक्षा अंकेक्षण नहीं करेगा, जिस को उस अंकेक्षक द्वारा कोई संयन्त्र मशीनरी, कच्ची सामग्री, सुरक्षा उपकरण या अन्य सामग्री या उपकरण सप्लाई की जाती है;

(iii) सुरक्षा अंकेक्षक यहां तक कि उसके मान्यताप्राप्त अंकेक्षक, संस्था के कर्मचारी रूप में न रहने पर किसी विनिर्माण या वाणिज्यिक रहस्य या प्रसंस्करण या अन्य गोपनीय सूचना प्रकट नहीं करेगा, जो अंकेक्षक के रूप में उसकी डयूटि के दौरान उसकी जानकारी में आए हैं। इस सम्बन्ध में कोई असफलता ऐसे अंकेक्षक को तत्समय लागू विधि के अनुसार दाण्डिक या सिविल कार्यवाही के लिए दायी कर सकती है।

70. वैकल्पिक नियोजन मुहैया कराने की रीति [धारा 38(1)(घ)].—प्रत्येक नियोक्ता, प्रभावित कर्मकारों को प्रतिष्ठान के अन्य क्षेत्रों में रोजगार मुहैया करेगा तथा बशर्ते कि प्रभावित व्यक्ति का वेतन वैकल्पिक रोजगार के कारण कम नहीं किया जाएगा :

परन्तु यदि कारखाने या भवन तथा अन्य सन्निर्माण स्थल के रूप में कार्य करने वाले प्रतिष्ठान का सम्पूर्ण या भाग आदेश द्वारा पूर्ण रूप से बन्द है, तो नियोक्ता की डियूटि ऐसे दिनों की संख्या के लिए, जिसके लिए प्रतिष्ठान बन्द था, मजदूरी संहिता, 2019 के अनुसार प्रभावित कर्मकारों को वेतन का भुगतान करना नियोक्ता का कर्त्तव्य होगा।

71. चिकित्सा अधिकारी की नियुक्ति [धारा 42 (1)].—कारखाने, बागान, मोटर परिवहन उपक्रम तथा किसी अन्य प्रतिष्ठान के सम्बन्ध में चिकित्सा अधिकारी के रूप में चिकित्सा व्यवसायी की नियुक्ति के लिए योग्यता निम्न अनुसार है :—

(i) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 (2020 का केन्द्रीय अधिनियम 30) में यथा परिभाषित कोई मान्यता प्राप्त चिकित्सा योग्यता अवश्य रखता हो तथा जो उक्त अधिनियम की धारा (2) के खण्ड (ङ) में यथा परिभाषित भारतीय चिकित्सा रजिस्टर और उक्त अधिनियम की धारा 35 के खण्ड (ठ), 36, 37 तथा 40 में यथा परिभाषित राज्य चिकित्सा रजिस्टर में दर्ज किया गया हो;

(ii) खतरनाक प्रक्रिया या खतरनाक कार्यवाही करने वाले कारखाने के सम्बन्ध में, उप—नियम (1) में वर्णित योग्यताओं के अतिरिक्त, राज्य सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त कम से कम तीन मास की अवधि का औद्योगिक स्वास्थ्य में प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र होना चाहिए या औद्योगिक स्वास्थ्य में डिप्लोमा या समकक्ष होना चाहिए।

72. चिकित्सा जांच के लिए खतरनाक व्यवसाय तथा चिकित्सा अधिकारी के कर्त्तव्य डियूटि [धारा 42 (2) के अधीन].—चिकित्सा अधिकारी नीचे यथा विहित अनुसार खतरनाक व्यवसाय या प्रक्रिया में नियोजित कर्मकारों की जांच, प्रमाणित तथा चिकित्सा रूप से पर्यवेक्षण करेगाः—

(i) संहिता की धारा 82 के अधीन घोषित खतरनाक कार्य;

(ii) संहिता की अनुसूची I के अनुसार खतरनाक प्रक्रिया करने वाले कारखाने;

(iii) बायोमैडिकल अपशिष्ट का उपचार;

(iv) मलजल उपचार;

(v) ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन;

(vi) संगमरमर (मार्बल) कटाई;

(vii) तैयार मिक्स कंक्रीट;

(viii) होट मिक्स कंक्रीट;

(ix) ऊंचाई पर कार्य करना;

(x) क्रेन/हैवी डयूटि मशीनरी का संचालन;

(xi) समय—समय पर, राज्य सरकार द्वारा, अधिसूचित कोई अन्य प्रतिष्ठान या प्रतिष्ठान की श्रेणी।

(2) (i) संहिता की धारा 42 की उप—धारा (2) के खंड (ग) के अधीन संदर्भ प्राप्त होने पर, चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा जांच हेतु तिथि, समय तथा स्थान से संबंधित पूर्व में नोटिस देकर तथा ऐसे परीक्षण हेतु भेजे गए व्यक्ति की जांच करने पर, आयु तथा फिटनेस प्रमाणपत्र तैयार करेगा तथा उसकी एक प्रति अपने पास रखकर उसे संबंधित प्रतिष्ठान के प्रबंधक को भेजेगा;

(ii) चिकित्सा अधिकारी आयु निर्धारण के प्रयोजनार्थ रेडियोलोजिस्ट, दंत चिकित्सक, आर्थोपेडिक सर्जन, जैसी भी स्थिति हो, जैसे विशेषज्ञों की राय ले सकता है।

(iii) चिकित्सा अधिकारी राज्य सरकार के निदेशानुसार ऐसी जांच करेगा तथा ऐसी रिपोर्ट देगा;

(क) धारा 82 में यथा वर्णित ऐसे खतरनाक संचालनों तथा संहिता की प्रथम अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट ऐसे खतरनाक व्यवसायों एवं प्रक्रियाओं में प्रतिष्ठान के कर्मकारों की जांच तथा प्रमाणन;

(ख) की गई प्रक्रिया की कठिन प्रकृति अथवा कार्य की जोखिमकारी दशा के कारण किसी प्रतिष्ठान अथवा प्रतिष्ठान की श्रेणी का चिकित्सकीय पर्यवेक्षण जहां जीर्ण व्यावसायिक बीमारी के मामले हो चुके हैं;

(ग) किसी प्रतिष्ठान अथवा प्रतिष्ठान की श्रेणी अथवा प्रतिष्ठान के विवरण के संबंध में जिनमें कार्य संचालन में वहां नियोजित किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों की श्रेणियों के स्वास्थ्य का कोई जोखिम अन्तवर्लित हैं;

(घ) किसी प्रतिष्ठान अथवा प्रतिष्ठान की श्रेणी, जहां बीमारी के मामले सामने आ चुके हैं अथवा इस संहिता की तृतीय अनुसूची में यथाविहित बीमारियां प्रचलित हैं, का व्यावसायिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण करना;

(ङ) राज्य सरकार द्वारा, समय–समय पर, यथा अधिसूचित किसी प्रतिष्ठान अथवा प्रतिष्ठान की किसी श्रेणी में।

73. किशोर की चिकित्सा जांच तथा प्रमाणन [धारा 42 (2) (ग)].–(1) चिकित्सा अधिकारी, प्रतिष्ठान के नियोक्ता द्वारा हस्ताक्षरित दस्तावेज कि ऐसा व्यक्ति उसमें नियोजित किया जाएगा, संलग्न करके किसी किशोर या उसके माता–पिता या संरक्षक के आवेदन पर, यदि उसे प्रतिष्ठान में कार्य के लिए फिट के रूप में प्रमाणित किया जाता है या प्रतिष्ठान के नियोक्ता के आवेदन पर, जिसमें कोई किशोर कार्य करना चाहता है, ऐसे व्यक्ति की जांच करेगा तथा प्रतिष्ठान में कार्य के लिए उपयुक्तता का पता लगाएगा।

(2) चिकित्सा अधिकारी, जांच के बाद, किशोर के रूप में प्रतिष्ठान में कार्य करने की उपयुक्तता का प्रमाण पत्र प्ररूप–17 में ऐसे किशोर को प्रदान कर सकता है या नवीकरण कर सकता है, यदि वह सन्तुष्ट हो जाता है कि किशोर ने अपने चौदह वर्ष पूर्ण कर लिए है, कि उसने विहित शारीरिक मानक प्राप्त कर लिए है तथा कि वह ऐसे कार्य के लिए फिट है:

परन्तु यदि चिकित्सा अधिकारी को स्थान जहां किशोर कार्य करने के लिए प्रस्ताव करता है तथा विनिर्माण प्रक्रिया जिसमें वह नियोजित होगा की व्यक्तिगत जानकारी नहीं है, तो वह इस उपनियम के अधीन प्रमाण–पत्र प्रदान या नवीकरण तब तक नहीं करेगा जब तक वह ऐसे स्थान की जांच नहीं कर लेता।

(3) उप–नियम (2) के अधीन प्रदान किया गया या नवीकृत किया गया उपयुक्तता प्रमाण पत्र :–

(क) उसकी तिथि से केवल बारह मास की अवधि के लिए वैध होगा;

(ख) कार्य, जिसमें किशोर नियोजित किया जाए या बारह मास की अवधि की समाप्ति से पूर्व किशोर की पुनः जांच अपेक्षित हो की प्रकृति के सम्बन्ध में शर्तों के अध्यधीन बनाया जा सकता है।

(4) चिकित्सा अधिकारी उप–नियम (2) के अधीन प्रदान या नवीकृत किए गए किसी प्रमाणपत्र को रद्द कर सकता है, यदि उसकी राय में इसका धारक प्रतिष्ठान में उसमें कथित क्षमता में कार्य करने के लिए दीर्घकाल तक फिट नहीं है।

(5) जहां किसी किशोर के सम्बन्ध में इस नियम के अधीन प्रमाणपत्र उप–नियम (3) में यथा निर्दिष्ट ऐसी शर्तों के अध्यधीन प्रदान या नवीकृत किया गया है, तो किशोर से उन शर्तों के अनुसार के सिवाए किसी प्रतिष्ठान में कार्य करना अपेक्षित नहीं होगा या अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(6) (क) इस नियम के अधीन प्रमाण पत्र के लिए एक हजार रूपए की फीस भुगतानयोग्य होगी तथा नियोक्ता द्वारा भुगतान की जाएगी तथा किशोर, उसके माता–पिता या अभिभावक से वसूलीयोग्य नहीं होगी।

(ख) उप नियम (क) के अधीन अपेक्षित फीस विहित प्रणाली में पोर्टल पर भुगतान की जाएगी तथा शीर्ष में जमा की जाएगी।

(7) चिकित्सा अधिकारी प्ररूप–18 में रजिस्टर में इस नियम के अधीन जांच का रिकार्ड रखेगा।

अध्याय – VIII

महिलाओं के नियोजन से सम्बन्धित विशेष उपबन्ध

74. नियोक्ता द्वारा सुरक्षा, अवकाश तथा कार्य घण्टे या पालन की जाने वाली कोई अन्य शर्त (धारा 43).–महिलाएं निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन सायंकाल 07.00 बजे से प्रातःकाल 06.00 बजे के बीच उनकी सहमति से संहिता के अधीन सभी प्रकार के कार्य करने के लिए सभी प्रतिष्ठानों में नियोजन हेतु हकदार होंगी :–

(क) लैंगिक उत्पीड़न के कार्यों को करने से रोकने या निवारण तथा सभी अपेक्षित कदम उठाते हुए लैंगिक अपराध के कार्यों के समाधान, कथन या अभियोजन के लिए प्रक्रिया का उपबन्ध करने के लिए नियोक्ता या कार्य स्थल पर अन्य जिम्मेवार व्यक्तियों या संस्था की डयूटि होगी;

(ख) कार्य स्थल या कारखाने के सभी नियोक्ता या प्रभारी व्यक्ति को लैंगिक अपराध के निवारण के लिए उचित कदम उठाने चाहिए तथा उन्हें निम्नलिखित कदम उठाने चाहिए :–

(i) किसी रूप में लैंगिक अपराध का स्पष्ट निषेध जैसे कि या तो प्रत्यक्षतः या आशय से या प्रस्ताव से या सम्पर्क प्राप्त करने हेतु सम्पर्क या लैंगिक अनुग्रह की मांग करने या कामुक टिप्पणी करने या अश्लील साहित्य दिखाने या लैंगिक प्रकृति के किसी अन्य अवांछनीय मौखिक या अमौखिक शारीरिक सम्पर्क द्वारा अवांछनीय लैंगिक अवधारित व्यवहार;

(ii) लैंगिक उत्पीड़न करने तथा निषेधित अनुशासन के सम्बन्ध में कारखाना प्रबन्धक द्वारा नियम या विनियम बनाए जाएंगे तथा अपराधियों के विरूद्ध ऐसे नियमों में उचित शास्तियों के लिए उपबन्ध तथा जहां कहीं आवश्यक हो, जो स्थाई आदेशों में विद्यमान है, में संशोधन भी किए जाएंगे;

(iii) आगे यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य, अवकाश, स्वास्थ्य तथा स्वास्थ्य–रक्षा के सम्बन्ध में उचित कार्य दशाओं के उपबन्ध करना कि कार्य स्थलों पर महिलाओं के प्रति कोई प्रतिकूल पर्यावरण नहीं है तथा किसी भी महिला कर्मचारी के पास विश्वास के युक्तियुक्त आधार नहीं होने चाहिए कि उसे अपने नियोजन के सम्बन्ध में असुविधा है;

(ग) किसी अपराधिक मामले की दशा में, नियोक्ता बिना देरी के दाण्डिक कानून के अनुसार उचित कार्रवाई प्रारम्भ करेगा तथा सुनिश्चित भी करेगा कि लैंगिक उत्पीड़न की शिकायतों का निपटान करते समय पीड़ित या गवाह उत्पीड़ित या पक्षपात नहीं किया गया है, तथा जहां कहीं आवश्यक हो, प्रभावित कर्मकार के अनुरोध पर कर्ता को बदली या स्थानांतरित करेगा। नियोक्ता उचित अनुशासनिक कार्रवाई करेगा यदि ऐसा आचरण नियोजन में कदाचार के बराबर है;

(घ) नियोक्ता स्वयं कारखाने में शिकायत निवारण मैकेनिज्म बनाए रखेगा तथा उक्त मैकेनिज्म शिकायतों का समय–बद्ध उपचार सुनिश्चित करेगा। ऐसा मैकेनिज्म किसी भी दशा में जब गोपनीयता के अनुरक्षण सहित शिकायत समिति, विशेष काउंसलर या अन्य सहायक सेवा आवश्यक हो, मुहैया कराने के लिए होना चाहिए;

(ङ) ऐसी शिकायत समिति की अध्यक्षता अधिमानतः महिला द्वारा होनी चाहिए तथा समिति में गैर–सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधि के अतिरिक्त इसके कम से कम आधे सदस्य महिला होने चाहिए। ऐसे व्यक्ति लैंगिक उत्पीड़न के मामलों से परिचित होने चाहिए;

(च) महिला कर्मचारी को कर्मकारों की बैठक में या अन्य उचित मंच पर कर्मकारों के लैंगिक उत्पीड़न के मामले उठाने की अनुमति होनी चाहिए;

(छ) महिला कर्मचारी को मामले पर मार्गदर्शन प्रमुख रूप से अधिसूचित करते हुए विशेष रूप से उनके अधिकारों से अवगत कराना चाहिए;

(ज) जहां कहीं उत्पीड़न या तो कार्य या चूक द्वारा तृतीय पक्ष के अनुरोध पर है, तो कारखाने का नियोक्ता या प्रभारी व्यक्ति को सहायता तथा निवारात्मक कार्रवाई के रूप में प्रभावित व्यक्ति की सहायता के लिए सभी आवश्यक तथा युक्तियुक्त कदम उठाने चाहिए;

(झ) नियोक्ता न केवल कारखाने के भीतर बल्कि कारखाने के पास–पड़ोस में भी तथा उन सभी स्थानों पर जहां महिला कर्मकार द्वारा ऐसी शिफट के दौरान चलना–फिरना आवश्यक हो, उचित रोशनी मुहैया करवाएगा;

(ञ) नियोक्ता पर देखेगा कि महिला कर्मकार कम से कम दस की टोली में नियोजित है तथा रात्रि की शिफट में नियोजित कुल महिला कर्मकार कुल संख्या के दो–तिहाई से कम नहीं होंगी;

(ट) प्रवेश तथा निकास बिन्दु पर रात की शिफ्ट के दौरान पर्याप्त महिला सुरक्षा मुहैया कराई जाएगी;

(ठ) महिला कर्मकारों के लिए अग्रिम में पहुंचने के लिए तथा कार्य समय के बाद अवकाश पर भी कार्य शेड की पर्याप्त संख्या मुहैया कराई जाएगी;

(ड) महिला कर्मचारियों के लिए पृथक कैन्टीन सुविधा मुहैया कराई जाएगी;

(ढ) नियोक्ता उनके निवास से तथा वापसी (रात की शिफ्ट के लिए) हेतु महिला कर्मकारों को परिवहन सुविधा तथा सुरक्षा गार्ड (महिला सुरक्षा गार्ड सहित) मुहैया कराएगा तथा प्रत्येक परिवहन वाहन, सी.सी.टी.वी. कैमरों से सज्जित किया जाएगा;

(ण) ऐसी सुविधाओं से अलग जो कारखाना अधिनियम के अधीन अनुज्ञेय हैं, महिला कर्मकारों को उनकी रजोधर्म अवधि के दौरान अतिरिक्त अवकाश अनुज्ञात किया जाएगा जो रात्रि की शिफ्टों के लिए भुगतान अवकाश होगा;

(त) कारखाने में उचित चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी तथा आवश्यक दूरभाष कनैक्शन मुहैया कराते हुए अत्यावश्यकता के समय पर उपलब्ध भी किया जाएगा तथा जहां शिफ्ट में सौ से अधिक महिला कर्मकार नियोजित है, वहां आपातिक स्थिति पैसे अस्पताल में भर्ती होता, का सामना करने के लिए एक पृथक वाहन तैयार रखा जाएगा, जब कभी उत्पीड़न आदि की चोट या आकस्मिक कार्य का मामला हो;

(थ) जहां कहीं कारखाना महिला कर्मकारों के लिए भोजन व्यवस्था तथा आवास व्यवस्था मुहैया करता है, तो उसे महिला वार्डन या पर्यवेक्षक के नियन्त्रण के अधीन केवल महिलाओं के लिए रखा जाएगा;

(द) रात्रि शिफ्ट के दौरान पर्यवेक्षकों या शिफ्ट प्रभारी या फोरमैन या अन्य पर्यवेक्षी स्टाफ की कम से कम एक तिहाई संख्या महिलाओं की होगी;

(ध) अन्तिम शिफ्ट तथा रात्रि शिफ्ट के बीच विश्राम या अन्तर के कम से कम बारह लगातार घंटे होंगे जहां कहीं महिला कर्मकार को दिन की शिफ्ट से रात्रि शिफ्ट में बदलना है तथा इसी प्रकार रात्रि शिफ्ट से दिन की शिफ्ट में भी बदलना है;

(न) अन्य मामलों में, कार्य के घंटों के सम्बन्ध में कारखाना अधिनियम तथा अन्य वैधानिक उपबन्धों के नियमों तथा समान पारिश्रमिक अधिनियम तथा सभी अन्य श्रम विधानों के उपबन्धों का नियोक्ता द्वारा पालन किया जाएगा;

(प) नियोक्ता कम से कम दो महिला वार्डन प्रति रात्रि शिफ्ट के लिए नियुक्त करेगा जो विशेष कल्याण सहायकों के रूप में इधर–उधर तथा कार्य पर जाएंगी;

(फ) महिला कर्मकार, जो रात्रि शिफ्ट तथा नियमित शिफ्ट में कार्य करती हैं, को शिकायत दिवस के रूप में आठ सप्ताह में एक बार मुख्य नियोक्ता के साथ उनके प्रतिनिधियों के माध्यम से मासिक बैठक करनी होगी तथा नियोक्ता सभी उचित तथा युक्तियुक्त शिकायतों का पालन करने की कोशिश करेगा;

(ब) नियोक्ता को महिला कर्मकारों को रात्रि शिफ्ट के दौरान सम्पूर्ण के रूप में या भाग में नियोजित करने की स्वतन्त्रता होगी बशर्ते कि उपरोक्त निर्देशों की पालना की जाए;

(भ) नियोक्ता, रात्रि शिफ्ट के दौरान नियोजित कर्मचारियों के ब्यौरों के बारे में कारखाना निरीक्षक को पाक्षिक रिपोर्ट भेजेगा तथा जब कभी कोई अप्रिय घटना हो, तो कारखाना निरीक्षक तथा इसके स्थानीय पुलिस थाने को भी तुरन्त रिपोर्ट करेगा;

(म) संहिता के अधीन क्षेत्रीय निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, शर्तों को कड़ाई से लागू करेगा तथा समय–समय पर अपने निरीक्षण में अनुपालना के बिन्दु नोट करेगा।

75. पर्याप्त रक्षोपाय मुहैया कराने हेतु नियोक्ता के लिए अपेक्षित रीति (धारा 44).–राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, किसी प्रतिष्ठान या प्रतिष्ठान की श्रेणी में या किसी विशेष जोखिमकारी या खतरनाक प्रक्रिया में खतरनाक या जोखिमकारी प्रक्रिया में महिला कर्मकारों के नियोजन से पूर्व नियोक्ता द्वारा किए जाने वाले पर्याप्त रक्षोपाय विहित कर सकती है।

अध्याय – IX

ठेका श्रम तथा अन्तर राज्य प्रवासी कर्मकार इत्यादि के लिए विशेष उपबन्ध

भाग – I

ठेका श्रम

76. अनुज्ञप्ति के प्ररूपों, निबन्धन तथा शर्तों सहित प्रतिष्ठानों की अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करने के लिए योग्यता, मापदण्ड तथा रीति [धारा 47 (3) (क)].–

(1) अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए ठेकेदार द्वारा प्रत्येक आवेदन, अनुज्ञापन प्राधिकारी को प्ररूप–19 में श्रम विभाग, हरियाणा की वैबसाईट पर इलैक्ट्रॉनिक रूप से किया जाएगा।

(2) आवेदक ऐसा व्यक्ति नहीं होना चाहिए जो,–

(क) नाबालिग है;

(ख) विकृतचित है तथा सक्षम न्यायालय द्वारा इस प्रकार घोषित किया गया है;

(ग) दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता, 2016 (2016 का केन्द्रीय अधिनियम 31) के अधीन अनुन्मोचित दिवालिया है;

(घ) पिछले पांच वर्षों में नैतिक अधमता में अन्तवर्तित वाले अपराध का सिद्धदोष ठहराया गया है।

(3) आवेदन के साथ प्रतिष्ठान के पंजीकरण के लिए फीस का भुगतान दर्शाने वाली खजाना रसीद लगाई जाएगी।

(4) प्रत्येक आवेदन उस प्रयोजन के लिए दी गई सरकारी वैबसाईट पर ऑनलाईन प्रस्तुत किया जाएगा।

(5) अनुज्ञप्ति अहस्तांतरणीय होगी।

(6) प्रतिष्ठान में ठेका श्रम के रूप में नियोजित कर्मकारों की संख्या किसी दिन में अनुज्ञप्ति में विनिर्दिष्ट अधिकतम संख्या से अधिक नहीं होगी।

(7) इन नियमों में यथा उपबन्धित के सिवाए, अनुज्ञप्ति देने या उसके नवीकरण, जैसी भी स्थिति हो, के लिए भुगतान फीस वापस नहीं होगी।

(8) ठेकेदार द्वारा कर्मकारों को भुगतानयोग्य वेतन की दरें, मजदूरी संहिता, 2020 के उपबन्धों के अनुसार होंगी।

(9) यदि जहां ठेकेदार द्वारा नियोजित कर्मकार, प्रतिष्ठान के मुख्य नियोजक द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नियोजित कर्मकारों के रूप में उसी या समरूप किस्म का कार्य करते हैं, तो ठेकेदार के कर्मकारों के वेतन की दर, अवकाश, कार्य के घण्टे तथा सेवा की अन्य शर्तें वहीं होंगी जो उसी या समरूप के कार्य के लिए प्रतिष्ठान के मुख्य नियोक्ता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नियोजित कर्मकारों को लागू हैं।

(10) अनुज्ञप्ति धारक, अनुज्ञप्ति प्राधिकारी को कर्मकारों की संख्या या कार्य की प्रकृति तथा शर्तों में कोई परिवर्तन सूचित करेगा।

(11) अनुज्ञप्ति की प्रति परिसर जहां ठेका कार्य किया जा रहा है, में सहजदृश्य स्थान पर से प्रदर्शित की जाएंगी।

(12) यदि ठेकेदार का आवेदन प्ररूप 20 के अनुसार यथा विहित सभी प्रकार से सम्पूर्ण है, तो अनुज्ञापन प्राधिकारी ठेकेदार को श्रमिक अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा।

77. कार्य विशेष अनुज्ञप्ति जारी करना [धारा 47 (2)].–अनुज्ञापन प्राधिकारी प्ररूप 20 में ठेकेदार को कार्य विशेष अनुज्ञप्ति जारी कर सकता है। कार्य विशेष अनुज्ञप्ति निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगी :–

(1) ठेकेदार केन्द्रीय सरकार द्वारा विहित अनुसार इसे नवीकृत कराएगा।

(2) अनुज्ञप्ति सम्बन्धित कार्य के प्रयोजन के लिए वैध होगा।

78. अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए फीस [धारा 48 (2)].–ठेकेदार को अनुज्ञप्ति जारी करने से पूर्व, ठेका श्रमिक के रूप में नियोजित किए जाने वाले प्रत्येक कर्मकार के लिए दो हजार रूपये की दर से गणना की गई राशि हेतु बैंक गारंटी के रूप में, जिनके संबंध में अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन किया गया है, अनुज्ञप्ति की शर्तों के निष्पादन हेतु ठेकेदार द्वारा प्रतिभूति जमा करवाई जाएगी तथा संहिता अथवा इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों का अनुपालन किया जाएगाः

परन्तु राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा, समय–समय पर, अनुज्ञप्ति की शर्तों, के निष्पादन के लिए बैंक गारंटी की राशि संशोधित कर सकती है।

(2) जहां प्ररूप में आवेदक के अनुरोध के आधार पर, जारी की गई ठेका अनुज्ञप्ति की अवधि समाप्ति हो गयी है, तो आवेदक द्वारा प्ररूप में अनुरोध करने पर, अनुज्ञापन प्राधिकारी नई अनुज्ञप्ति हेतु उसके आवेदन के संबंध में जमा को समायोजित कर सकता है।

(3) अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए भुगतान की जाने वाली फीस नीचे तालिका में यथा विनिर्दिष्ट अनुसार होगी, अर्थात् :–

(क)	49 ठेका श्रमिकों तक अनुज्ञप्ति अपेक्षित नहीं है	शून्य
(ख)	50 से 100 ठेका श्रमिकों के लिए	1000/– रुपये
(ग)	101 से 300 ठेका श्रमिकों के लिए	2000/– रुपये
(घ)	301 से 500 ठेका श्रमिकों के लिए	3000/– रुपये
(ङ)	501 से 1000 ठेका श्रमिकों के लिए	5000/– रुपये
(च)	1001 से 5000 ठेका श्रमिकों के लिए	10000/– रुपये
(छ)	5001 से 10000 ठेका श्रमिकों के लिए	20000/– रुपये
(ज)	10001 से 20000 ठेका श्रमिकों के लिए	30000/– रुपये
(झ)	20001 से अधिक ठेका श्रमिकों के लिए	40000/– रुपये

इन नियमों के अधीन भुगतान की गई सभी फीसें लेखा शीर्ष ''230–श्रम तथा रोजगार–106 रजिस्ट्रेशन तथा नवीकरण फीस'' के अधीन स्थानीय खजाने या राज्य सरकार द्वारा यथा विहित किसी लेखा शीर्ष में भुगतान की जाएंगी।

79. अनुज्ञप्ति का नवीकरण तथा संशोधन [धारा 48 (3)].–(1) अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए,–

(क) अनुज्ञप्ति के नवीकरण हेतु प्रत्येक ठेकेदार अनुज्ञप्ति प्राधिकारी को प्रयोजन के लिए दिए गए राज्य श्रम विभाग वैब पोर्टल पर प्ररूप 19 में इलैक्ट्रॉनिक ढंग से आवेदन करेगा;

(ख) ऐसा प्रत्येक आवेदन उक्त पोर्टल पर अनुज्ञप्ति की अवधि के समाप्त होने से कम से कम तीस दिन पूर्व जमा किया जाएगा परन्तु यह आवेदन अनुज्ञप्ति के समाप्त होने के 90 दिन से पहले नहीं किया जाएगा;

(ग) अनुज्ञप्ति के नवीकरण हेतु प्रतिभूति जमा तथा प्रभार्य फीस वही होगी, जो अनुज्ञप्ति जारी करने के लिए है :

परन्तु यदि अनुज्ञप्ति नवीकरण हेतु आवेदन उप–नियम (2) में निर्दिष्ट समय के अंदर प्राप्त नहीं होता है, तो ऐसे नवीकरण हेतु पच्चीस प्रतिशत अतिरिक्त फीस भुगतानयोग्य होगी;

(घ) तीस दिन के भीतर अनुज्ञप्ति का नवीकरण करना संबंधित अनुज्ञापन प्राधिकारी का उत्तरदायित्व होगा;

(ङ) प्ररूप–20 में नवीकृत अनुज्ञप्ति नवीकरण फीस जमा करने के बाद आवेदक को जारी की जाएंगी।

(2) ठेकेदार के लिए अनुज्ञप्ति में संशोधन [धारा 48 (3)],–

(क) प्रत्येक ठेकेदार, जिसको अनुज्ञप्ति जारी की गई है, किसी परिवर्तन से पूर्व या ऐसे परिवर्तन से तीन दिन के भीतर प्ररूप–19 में कार्यालय पोर्टल पर पदाभिहित प्राधिकारी को किसी संशोधन के लिए आवेदन करेगा;

(ख) अनुज्ञप्ति के संशोधन के लिए फीस पांच सौ रुपए होगी;

(ग) प्ररूप–20 में संशोधित अनुज्ञप्ति, संशोधन फीस जमा कराने के बाद आवेदक को जारी की जाएगी।

(3) ठेकेदारों का रजिस्टर [धारा 48 (3)].– ठेकेदारों का रजिस्टर, जिसको अनुज्ञप्ति जारी की गई है, प्ररूप–21 में पदाभिहित प्राधिकारी द्वारा रखा जाएगा।

80. प्रतिभूति जमा का प्रतिदाय.–(1) अनुज्ञप्ति की अवधि समाप्त होने पर, यदि ठेकेदार अपनी अनुज्ञप्ति को आगे नवीकृत कराने का इरादा नहीं रखता है, तो वह अनुज्ञप्ति और काम के पूरा होने की सूचना और बैंक विवरण, जिसमें राशि वापस करने की आवश्यकता है, की प्रति के साथ उसके द्वारा जमा की गई प्रतिभूति की वापसी के लिए अनुज्ञापन प्राधिकारी को इलेक्ट्रॉनिक रूप में एक आवेदन कर सकता है।

(2) यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी संतुष्ट है कि अनुज्ञप्ति की शर्तों का कोई उल्लंघन नहीं है या प्रतिभूति जमा या उसके किसी भी भाग के समपहरण करने के लिए कोई आदेश नहीं है, तो वह आवेदक को प्रतिभूति जमा की वापसी का निर्देश देगा।

(3) यदि ठेकेदार के प्रतिभूति जमा के किसी भी भाग के समपहरण के निर्देश देने वाला कोई आदेश है, तो समपहरण की जाने वाली राशि को प्रतिभूति जमा से काट लिया जाएगा और शेष राशि, यदि कोई हो, ठेकेदार को वापस कर दी जाएगी।

(4) प्रतिदाय के लिए किसी भी आवेदन का निपटान, जहां तक संभव हो, आवेदन की प्राप्ति के तीस दिन के भीतर किया जाएगा।

81. ठेकेदार की जिम्मेदारी [धारा 48 (4)].—(1) ठेकेदार द्वारा कर्मकारों को भुगतान योग्य मजदूरी की दरें, मजदूरी संहिता, 2019, (2020 का केन्द्रीय अधिनियम 29) के अधीन विहित दरों से कम नहीं होंगी और जहां दरें करार, निपटान या पंचाट द्वारा नियत की गई हैं, वहां इस प्रकार से विहित दरों से कम नहीं होंगी।

(2) उस स्थिति में, जहां ठेकेदार द्वारा नियोजित कर्मकार प्रतिष्ठान के प्रधान नियोक्ता द्वारा प्रत्यक्ष रूप से नियोजित कर्मकार वाला अथवा उसी प्रकार का कार्य करते हैं, वहां ठेकेदार के कर्मकारों के लिए मजदूरी दर, छुट्टियां, कार्य के घंटे और अन्य सेवा शर्तें, प्रतिष्ठान के प्रधान नियोक्ता द्वारा उसी अथवा समान कार्य करने के लिए प्रत्यक्ष रूप से काम पर रखे गए कर्मकारों के समान होंगी। किसी भी विवाद के मामले में कि क्या कार्य समान प्रकार का है, तो मामले को निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को भेजा जाएगा, जिसका निर्णय अन्तिम होगा।

(3) अन्य मामलों में, ठेकेदार के कर्मकारों की मजदूरी की दरें, छुट्टियां, कार्य के घंटे और सेवा की शर्तें, संहिता और इसके अधीन बनाए गए नियमों में विनिर्दिष्ट अनुसार होंगी।

(4) सभी ठेका श्रमिकों को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) और कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) में शामिल किया जाएगा।

(5) ठेकेदार इलेक्ट्रॉनिक रूप में अनुज्ञापन प्राधिकारी को श्रमिकों की संख्या या काम की शर्तों में किसी भी बदलाव की सूचना देगा।

82. कार्य आदेश की सूचना और सूचना के लिए समय सीमा (धारा 50).—(1) प्रत्येक ठेकेदार अनुबंध कार्य आदेश की प्राप्ति के पंद्रह दिन के भीतर, अनुबंध के कार्य आदेश के बारे में सूचित करेगा, जिसमें विवरण जैसे कि प्रधान नियोक्ता का नाम, उस परिसर का पता, जहां काम किया जा रहा है, अनुबंध कार्य के प्रारम्भ की तिथि, उस कार्य आदेश के अधीन नियोजित अनुबंध श्रमिकों (केटेगरी वार) की संख्या, कार्य आदेशों की अवधि शामिल होंगे।

(2) कार्य आदेश के ब्यौरे ठेकेदार या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा भेजा जाएगा।

(3) सूचना श्रम आयुक्त या उनके प्रतिनिधि को या अनुज्ञापन प्राधिकारी, जो राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचित किया जाए, को श्रम विभाग पोर्टल पर इलेक्ट्रॉनिक रूप में भेजी जाएगी।

83. अनुज्ञप्ति का प्रतिसंहरण अथवा निलम्बन.—(1) यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी संतुष्ट है कि अनुज्ञप्ति किसी महत्वपूर्ण तथ्य को बदल कर अथवा छिपाकर प्राप्त की गई है अथवा यदि ठेकेदार उन शर्तों का अनुपालन करने में असफल हो गया है, जिनके अध्यधीन अनुज्ञप्ति प्रदान की गई थी अथवा ठेकेदार ने संहिता के अध्याय–XI के भाग–I के उपबंधों अथवा इसके अधीन बनाए गए नियमों का उल्लंघन किया है, तो अनुज्ञापन प्राधिकारी ठेकेदार को इलेक्ट्रॉनिक ढंग में पन्द्रह दिन का कारण बताओ नोटिस जारी करेगा। पन्द्रह दिन के भीतर ठेकेदार से उत्तर, यदि कोई हो, की प्राप्ति पर, अनुज्ञापन प्राधिकारी इसकी जांच करेगा तथा यदि अनुज्ञापन प्राधिकारी को लगता है कि ठेकेदार द्वारा इस ठेका व्यवसाय को जारी रखने से कर्मकारों का काफी नुकसान होगा, तो वह अनुज्ञप्ति के प्रतिसंहरण अथवा निलम्बन अथवा अन्यथा कार्रवाई के लिए कारणों को लिपिबद्ध करते हुए, आख्यापक आदेश (स्पीकिंग आर्डर) पारित कर सकता है तथा वह इलेक्ट्रॉनिक ढंग में ठेकेदार को सूचित करेगा। इस आदेश की एक प्रति श्रम आयुक्त, हरियाणा तथा संबंधित राज्य प्राधिकारियों को दी जाएगी, जो राज्य सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचित किए जाएं।

(2) यदि ठेकेदार ने निर्धारित समयावधि के भीतर संहिता तथा इनके अधीन बनाए गए नियमों के उक्त उपबंधों का अनुपालन किया है, तो अनुज्ञापन प्राधिकारी, स्पीकिंग आर्डर जारी करते हुए निलंबन को वापिस लेगा अथवा निलंबन जारी रखा जाएगा।

(3) यदि ठेकेदार उप–नियम (1) में दिए गए निदेशों का अनुपालन करने में असफल रहता है, तो अनुज्ञापन प्राधिकारी, इसके कारणों को लिपिबद्ध करते हुए तत्काल अनुज्ञप्ति के प्रतिसंहरण का आदेश पारित करेगा तथा इसकी सूचना ठेकेदार को इलेक्ट्रॉनिक ढंग में देगा। इस आदेश की प्रति इलेक्ट्रॉनिक ढंग में केन्द्रीय प्राधिकारी को उसकी प्रति सहित राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित श्रम विभाग के प्राधिकारियों को पृष्ठांकित की जाएगी।

84. मजदूरी के भुगतान की जिम्मेदारी (धारा 55).—(1) ठेकेदार, वेतन की अवधि तय करेगा, जिसके संबंध में वेतन भुगतानयोग्य होगा और कोई वेतन अवधि एक मास से अधिक नहीं होगी।

(2) किसी प्रतिष्ठान में या किसी ठेकेदार द्वारा ठेका श्रमिक के रूप में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को वेतन का भुगतान वेतन अवधि के अंतिम दिन के बाद सातवें दिन की समाप्ति से पहले किया जाएगा, जिसके संबंध में वेतन भुगतानयोग्य है।

(3) वेतन केवल बैंक हस्तांतरण या इलेक्ट्रॉनिक ढंग के माध्यम से संवितरित किया जाएगा।

85. प्रतिभूति जमा राशि से मजदूरी का भुगतान करना [धारा 55 (4)].— यदि ठेकेदार या प्रधान नियोक्ता, उसके द्वारा नियोजित ठेका श्रमिक को मजदूरी का भुगतान नहीं करता है, तो श्रम आयुक्त या उसके प्रतिनिधि या यथा अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी जांच करेगा अथवा करवाएगा तथा ठेकेदार को सुनने का अवसर देने के पश्चात् ऐसी राशि का, यदि कोई हो,

ठेकेदार द्वारा प्रतिभूति जमा के रूप में जमा की गई राशि से भुगतान करने का आदेश पारित करेगा। ठेकेदार पंद्रह दिन की अवधि के भीतर प्रतिभूति जमा को फिर से प्रस्तुत करेगा अन्यथा उसकी अनुज्ञप्ति निलंबित होने के लिए दायी होगी।

86. अनुभव प्रमाणपत्र (धारा 56).—प्रत्येक संबंधित ठेकेदार, श्रमिकों को मांगे जाने पर ठेका प्ररूप—22 में अनुभव प्रमाणपत्र जारी करेगा, जिसमें ऐसे ठेका श्रमिकों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में निष्पादित कार्य की अवधि, निष्पादित कार्य, प्राप्त अनुभव के ब्यौरे शामिल होंगे।

87. ठेका श्रमिकों के नियोजन पर प्रतिबंध [धारा 59 (2) (ख)].—

(1) यदि यह प्रश्न उठता है कि क्या किसी प्रतिष्ठान की कोई गतिविधि मुख्य गतिविधि है या गतिविधियां है, किया गया कार्य सविराम या आकस्मिक प्रकृति का है, तो व्यथित पक्षकार, श्रम आयुक्त, हरियाणा या राज्य द्वारा, समय—समय पर, अधिसूचित किसी अन्य अधिकारी को समर्पित दस्तावेजों के साथ कारण बताकर आवेदन कर सकता है।

(2) राज्य सरकार, मुख्य गतिविधि या गतिविधियों से सम्बन्धित आकस्मिक प्रकृति के किसी ऐसे प्रश्न स्वप्रेरणा से किसी प्रतिष्ठान में किसी प्रक्रिया में, संचालन या अन्य कार्य में ठेका श्रमिक का नियोजन राजपत्र में अधिसूचना द्वारा मामले का निर्णय करने तथा निषिद्ध करने के लिए, जो संहिता की धारा 17 के अधीन गठित हरियाणा व्यावसायिक सुरक्षा तथा स्वास्थ्य सलाहकार बोर्ड भेजा गया है, किया गया कार्य सविराम या आकस्मिक प्रकृति का है, निर्दिष्ट कर सकती है।

(3) किसी प्रतिष्ठान में किसी प्रक्रिया, संचालन या अन्य कार्य में ठेका श्रमिक का निर्णय करने तथा निषिद्ध करने के लिए राज्य सरकार की सिफारिश पर राज्य बोर्ड निम्नलिखित कारकों को विचार में लेगा :—

(क) क्या प्रक्रिया, संचालन या अन्य कार्य उद्योग, व्यापार, कारबार, विनिर्माण या व्यवसाय के लिए अनुषंगिक या आवश्यक है, जो प्रतिष्ठान में किया जाता है;

(ख) क्या यह बारहमासी किस्म का है, अर्थात् उस प्रतिष्ठान में कार्यान्वित उद्योग, व्यापार, कारबार, विनिर्माण या व्यवसाय की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त अवधि का है;

(ग) क्या यह साधारणतः उस प्रतिष्ठान या उसके समरूप प्रतिष्ठान में नियमित कर्मकार के माध्यम से किया गया है;

(घ) क्या यह पूर्णकालिक कर्मकारों की विशेष संख्या नियोजित करने के लिए पर्याप्त है।

व्याख्या.— यदि कोई प्रश्न उत्पन्न होता है कि क्या कोई प्रक्रिया या संचालन या अन्य कार्य बारहमासी प्रकृति का है तथा मुख्य गतिविधि या गतिविधियों का है, किया गया कार्य सविराम या आकस्मिक प्रकृति का है, उस पर राज्य सरकार का निर्णय अन्तिम होगा।

भाग — II

अंतर्राज्यिक प्रवासी कर्मकार

88. अंतर्राज्यिक प्रवासी कर्मकार को यात्रा भत्ता (धारा 61).—नियोक्ता, अंतर्राज्यीय प्रवासी श्रमिक को रेल से (द्वितीय श्रेणी स्लीपर से कम नहीं) या बस से या किसी अन्य यात्री परिवहन के माध्यम से रोजगार के स्थान से गृह राज्य में उनके निवास स्थान तक के लिए निम्नलिखित परिस्थितियों में आने तथा जाने की यात्रा के लिए किराए के रूप में एकमुश्त राशि का भुगतान करेगा, अर्थात्

यदि उसने पूर्ववर्ती बारह मास से संबंधित प्रतिष्ठान (प्रतिष्ठानों) में कम से कम साठ दिन की अवधि के लिए काम किया है :

परन्तु यात्रा भत्ता अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार को बारह मास में एक बार दिया जाएगा। यदि रोजगार की अवधि के दौरान में अंतर—राज्यिक प्रवासी कर्मकार द्वारा अपना नियोक्ता बदल लिया जाता है और उसने अपने पिछले नियोक्ता से यात्रा भत्ता का लाभ नहीं उठाया है, तो अंतर—राज्यिक प्रवासी कर्मकार द्वारा दिए जाने वाले प्रमाणपत्र के आधार पर, नियोक्ता, जहां अंतर—राज्यिक प्रवासी कर्मकार अब काम कर रहा है और ऐसे कर्मकार ने पूर्ववर्ती नियोक्ता के साथ बितायी अवधि सहित पर्वूवर्ती बारह मास में साठ दिन पूरे कर लिए है, तो नियोक्ता यात्रा भत्ता देगा।

89. अंतर—राज्यिक प्रवासी कर्मकार के लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर निर्धारित करना (धारा 63).—श्रम विभाग, हरियाणा द्वारा अंतर—राज्यिक प्रवासी कर्मकारों की शंका तथा शिकायतों को दूर करने के लिए टोल—फ्री हेल्प—लाइन नंबर उपलब्ध करवाया जाएगा।

90. अंतर—राज्यिक कर्मकारों का अध्ययन (धारा 64).—(1) राज्य सरकार, स्वप्ररेणा से या हितधारियों या विशेषज्ञ के परामर्श से अंतर—राज्यिक प्रवासी कर्मकारों का सर्वेक्षण करवा सकती है।

(2) राज्य सरकार, अंतर—राज्यिक प्रवासी कर्मकारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए किए जाने वाले अध्ययनों की पहचान कर सकती है। जहां कहीं भी आवश्यक हो, राज्य सरकार अंतर—राज्यिक प्रवासी कर्मकारों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण में शामिल हितधारियों तथा केन्द्र सरकार या विशेषज्ञ संगठनों से परामर्श कर सकती है।

भाग – III

श्रृव्य–दृश्य कर्मकार

91. करार के पंजीकरण के लिए सक्षम प्राधिकारी [धारा 66 (1) (ख)].–राज्य सरकार, सक्षम प्राधिकारी अधिसूचित करेगी जिसके पास श्रृव्य–दृश्य प्रोग्राम का निर्माता करार को पंजीकृत कराएगा।

92. श्रृव्य–दृश्य कर्मकारों के लिए करार [धारा 66 (2) (क)].–(1) निर्माता के साथ श्रृव्य–दृश्य कर्मकारों के लिए करार का प्ररूप, संहिता के अधीन बनाए गए केन्द्रीय नियमों के प्ररूप–23 में दिया गया है। इस संहिता के अधीन राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी के पास करार को पंजीकृत किया जाएगा।

(2) धारा 66 (2)(क) में यथा परिकल्पित श्रृव्य–दृश्य प्रोग्राम के निर्माता तथा कर्मचारियों के बीच किया गया करार मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को भेजा जाएगा।

93. विवादों को सुलह अधिकारी या किसी न्यायाधिकरण को संदर्भित करने के लिए प्रक्रिया [धारा 66 (1)].–विवाद को सुलह अधिकारी या किसी न्यायधिकरण को संदर्भित करने के लिए प्रक्रिया औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 और इसके अधीन बनाए गए नियमों के अनुरूप होगी।

94. विवाद समाधान प्रक्रिया [धारा 66 (4) (vii)].–विवाद समाधान प्रक्रिया या मैकेनिज्म, गठन तथा अन्य ब्योरे वहीं होंगे, जो औद्योगिक सम्बन्ध संहिता, 2020 तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों में दिए गए हैं।

भाग – IV

बीड़ी तथा सिगार कर्मकार

95. औद्योगिक परिसरों तथा वैयक्ति अनुज्ञप्ति [धारा 74 (2) (5)].–धारा 119 के उपबन्धों के अध्यधीन, कोई व्यक्ति, जो धारा 74 की उपधारा (1) में विनिर्दिष्ट किसी स्थान या परिसरों का प्रयोग करना या प्रयोग करने की अनुमति देने का इरादा करता है, तो वह प्ररूप–27 में धारा 119 की उपधारा (1) में निर्दिष्ट प्राधिकरण को नियम 85 के अधीन विहित अनुसूची के अधीन यथा उपबन्धित फीस के भुगतान पर औद्योगिक परिसरों के रूप में ऐसे परिसरों के प्रयोग हेतु अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन करेगा। प्ररूप–27 में वैध आवेदन की प्राप्ति पर, मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता आवेदन की प्राप्ति की तिथि से 45 दिन के भीतर प्ररूप–28 में अनुज्ञप्ति प्रदान करेगा।

96. स्थान के लिए प्लान [धारा 74 (3)].–नियम 95 के अधीन यथा विहित अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए आवेदन के साथ मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा विधिवत अनुमोदित स्थान या परिसर का प्लान संलग्न किया जाएगा। नियम 77 से 83 के अधीन यथा विहित उपबन्धों के अनुसार प्लान तैयार किया जाएगा।

97. परिक्षेत्र में श्रमिक का कल्याण [धारा 74 (4) (ङ)].–(1) प्रतिष्ठान का प्रत्येक नियोक्ता, जहां बीड़ी या सिगार का कार्य किया जाता है, कलैण्डर वर्ष में एक बार प्रत्येक कर्मचारी की मुफ्त चिकित्सा जांच करवाने का प्रबन्ध करेगा। चिकित्सा जांच प्ररूप–5 में विनिर्दिष्ट जांच के अनुसार अर्हक चिकित्सा व्यवसायी द्वारा की जाएगी। चिकित्सा जांच प्रमाणपत्र प्ररूप–5 में सम्बन्धित नियोक्ता तथा कर्मचारी को अर्हक चिकित्सा व्यवसायी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा :

परन्तु नियोक्ता, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा संहिता नियम, 2021 के सम्बन्धित नियम के अधीन कर्मचारी (कर्मचारियों) की चिकित्सा जांच के लिए सुविधा का लाभ उपलब्ध करवा सकता है।

(2) नियोक्ता सुनिश्चित करेगा कि परिक्षेत्र में छह मास में कम से कम एक बार किए गए जागरूकता कार्यकलाप के माध्यम से श्रमिक का कल्याण बढ़ाया गया है। भागीदारों के नाम सहित किए गए कार्यकलापों का रिकार्ड रखा जाएगा।

(3) नोटिस तथा चेतावनी संकेत परिसरों में किए गए कार्यकलापों की प्रकृति के बारे में चेतावनी परिसरों पर तथा आस–पास लगाए जाएंगे।

(4) हिन्दी में या अधिकांश कर्मकारों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में सचेतक नोटिस, तथा इसे कार्यान्वित करने या नहीं करने से होने की प्रक्रिया में शामिल खतरे के बारे में सभी कर्मकारों का ध्यान आकृर्षित करने के लिए सहजदृश्य स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

(5) किन्हीं भी परिस्थितियों में परिसरों के अन्दर बालकों को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। अपवादिक परिस्थितियों के मामले में, यदि बालकों का प्रवेश चिकित्सा या अन्य कारणों से आवश्यक हो, तो ऐसे तथ्य की सूचना क्षेत्र के श्रम निरीक्षक को तुरंत भेजी जाएगी।

98. अनुज्ञप्ति का नवीकरण [धारा 74 (6)].–(1) अनुज्ञप्ति उसी फीस, जो एक वर्ष से दस वर्ष के बीच की अवधि के लिए अनुज्ञप्ति देने हेतु प्रभारित की जाती है, के भुगतान पर, इलैक्ट्रॉनिक ढंग में धारा 119 के अधीन मुख्य निरीक्षक–एवं–सुवधिाप्रदाता द्वारा नवीकृत की जाएगी, जिसके लिए आवेदन, नवीकरण के लिए सम्पूर्ण वैध आवेदन की प्राप्ति के बाद 45 दिन के भीतर किया गया है।

(2) प्रत्येक कारखाने जिसमें खतरनाक संचालन किया जाता है, का अधिभोगी, भुगतान की गई फीस के साथ यह दर्शाते हुए कि अतिरिक्त पंजीकरण फीस सहित नवीकरण फीस जमा करवा दी गई है, अनुज्ञप्ति के नवीकरण

के लिए इलैक्ट्रॉनिक ढंग में प्ररूप–27 में आवेदन प्रस्तुत करेगा तथा यदि ऐसा आवेदन किया गया है, तो परिसर ऐसी तिथि तक, जिसको मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता अनुज्ञप्ति का नवीकरण करता है, विधिवत अनुज्ञात के रूप में समझा जाएगा।

(3) प्रत्येक ऐसा आवेदन, अनुज्ञप्ति की अवधि की समाप्ति से कम से कम तीस दिन पूर्व इलैक्ट्रॉनिक ढंग में प्रस्तुत किया जाएगा किन्तु अनुज्ञप्ति की ऐसी समाप्ति के 90 दिन से पूर्व नहीं।

(4) यदि आवेदन अनुज्ञप्ति की अवधि की समाप्ति से कम से कम तीस दिन पूर्व नहीं किया गया है, तो अनुज्ञप्ति फीस के 25 प्रतिशत के बराबर अतिरिक्त फीस अनुज्ञप्तिधारी द्वारा भुगतान योग्य होगी :

परन्तु मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, यदि उसकी संतुष्टि हो जाती है कि विलम्ब अपरिहार्य था तथा अधिभोगी के नियन्त्रण से परे था, अतिरिक्त फीस, जो वह उचित समझे, के भुगतान को कम या माफ कर सकता है।

99. अपीलें.–अनुज्ञप्ति देने, नवीकरण करने से इनकार करने या रद्द करने या निलम्बित करने वाले सक्षम प्राधिकारी के निर्णय से व्यथित कोई व्यक्ति, अनुज्ञप्ति के रद्दकरण या निलम्बन से पन्द्रह दिन के भीतर तथा 1000/– रुपए के भुगतान पर, अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव, श्रम विभाग या ऐसे प्राधिकारी, जिसे राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट करें, को अपील कर सकता है तथा प्राधिकारी, अनुज्ञप्ति देने या नवीकरण करने से इनकार करने या अनुज्ञप्ति रद्द करने या निलम्बित करने वाले किसी आदेश को आदेश द्वारा पुष्ट, संशोधित या प्रतिवर्तित कर सकता है।

100. औद्योगिक परिसरों से बाहर कर्मचारियों द्वारा कार्य करने की अनुमति [धारा 76 (1)].–(1) राज्य सरकार, ऐसे कर्मचारियों की ओर से नियोक्ता द्वारा उसको किए गए आवेदन पर औद्योगिक परिसरों से बाहर कर्मचारियों द्वारा बीड़ी या तम्बाकू के पत्तों को गीला करने या काटने की अनुमति दे सकता है।

(2) नियोक्ता, औद्योगिक परिसरों से बाहर कार्य किए जाने के लिए उप–धारा (1) के अधीन अनुमत कार्य का रिकार्ड विहित प्ररूप में रखेगा।

भाग – V

कारखाना

101. प्लान की प्रस्तुति (धारा 79).–(1) इन नियमों के प्रारम्भ की तिथि के बाद, किसी स्थल पर कारखाने के रूप में कोई भवन निर्मित नहीं किया जाएगा या प्रयोग में नहीं लिया जाएगा, जिस पर कारखाना अवस्थित किया जाना है या कारखाने या कारखाने के भाग के रूप में विस्तार या प्रयोग के लिए तब तक प्रयोग में नहीं लाया जाएगा जब तक ऐसे भवन के सम्बन्ध में प्लान मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, हरियाणा द्वारा अनुमोदित नहीं की जाए।

(2) राज्य सरकार या मुख्य–निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता संहिता के प्रयोजनों के लिए कारखाने के रूप में प्रयोग में लाए जाने के लिए किसी भवन/संरचना/परिसर के प्लान को प्रस्तुत करने की अपेक्षा कर सकता है, जो या तो संहिता के प्रारम्भ की तिथि को अस्तित्व में थी या जिसे तब तक निर्मित या विस्तारित नहीं किया गया है।

(3) इस नियम के अधीन प्लान के अनुमोदन के लिए आवेदन करने वाला प्रत्येक अधिभोगी, भवन या संरचनात्मक ड्राईंग तैयार करने तथा भवन या संरचना की स्थिरता का प्रमाणपत्र जारी करने के लिए संहिता के अधीन घोषित सक्षम व्यक्ति को नियुक्त करेगा।

(4) प्लान के अनुमोदन के लिए आवेदन प्ररूप–24 में मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को इलैक्ट्रोनिक ढंग में किया जाएगा, जिसके साथ योग्यता रखने वाले व्यक्ति द्वारा प्रमाणित निम्नलिखित दस्तावेज तथा विशिष्टियां, जो इसमें, इसके बाद उपबन्धित है, संलग्न की जाएंगीः–

(i) प्ररूप–25 में कारखाने में कमरों के ब्योरे;

(ii) प्ररूप–25 से संलग्न प्रश्नावली के उत्तर;

(iii) आवेदन में स्केल के अनुसार तैयार किए जाने वाला भवन प्लान, अनुभाग तथा एलिवेशन शामिल होगा तथा इसमें निम्नलिखित भी शामिल होगा :–

(क) निकटवर्ती भवन तथा अन्य संरचना, सड़क, जल निकास आदि सहित कारखाने तथा ठीक पास–पड़ोस की स्थल प्लान;

(ख) आकार तथा सभी फ्रेमिंग अंश, कमरों का आकार, सीढ़ी, रैम्प, लिफ्ट कुंआ, रोशनी के साधन, संवातन, अग्नि–निकास, संयन्त्र/ मशीनरी/ उपकरणों की स्थिति तथा आकार, पेय जल बिन्दु, पेशाबघर/ शौचालयों के ब्योरे, छत सामग्री, धुलाई सुविधाएं/ समाप्लावन सुविधाएं, कपड़ों को संग्रह करने/ सुखाने के स्थल, क्रैच, विश्राम–कक्ष, भोजन–कक्ष, कैन्टीन, एम्बुलैंस–कक्ष/ व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्र इत्यादि के स्थल स्पष्ट रूप से अंकित करते हुए आच्छादित क्षेत्र सहित सभी फर्शों की फर्श प्लान;

(ग) भवन/कक्ष की ऊंचाई दर्शाते हुए क्रास अनुभाग;

(घ) सीढ़ी के माध्यम से क्रास अनुभाग;

(ङ) दरवाजों, खिड़कियों का आकार, प्रत्येक कक्ष/क्षेत्र के संवातन द्वार तथा अन्य पद्धति दर्शाने वाली सूची;

(च) संयन्त्र/ मशीनरी/ उपकरण इत्यादि की संख्या तथा आकार दर्शाने वाली अनुसूची;

(छ) प्लाट, भूमि–क्षेत्र, फर्श, भवन इत्यादि का क्षेत्र परिकलन दर्शाने वाली अनुसूची;

(ज) यथा अपेक्षित निशक्त व्यक्ति, फोटोवोलटेक सौर उर्जा सयंन्त्र, वर्षा जल एकत्र करने की प्रणाली के लिए प्रावधान;

(iv) प्रक्रिया के विभिन्न स्तरों में उसके संक्षिप्त विवरण द्वारा सम्पूरक विनिर्माण प्रक्रिया का तथा मात्रा/क्षमता संहिता कच्ची सामग्री/उप–उत्पादन / उत्पादन लक्ष्य दर्शाने वाला फलो चार्ट;

(v) यदि कारखाना औद्योगिक क्षेत्र/औद्योगिक पार्क में स्थित है, तो सम्बन्धित अभिकरण जिसने औद्योगिक क्षेत्र/औद्योगिक पार्क विकसित किया गया है से आबंटन पत्र या किसी अन्य स्थानीय प्राधिकरण, जिसमें कारखाने का क्षेत्र स्थित है, से अनापत्ति प्रमाण–पत्र;

(vi) यदि स्थल औद्योगिक क्षेत्र/औद्योगिक पार्क में नहीं पड़ता है, तो नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग से भूमि के वर्गीकरण से सम्बन्धित पत्र;

(vii) विस्तृत सुरक्षा रिपोर्ट तथा मात्रा सहित प्रयुक्त/भण्डारित / उत्पादित किए जाने वाले रसायनों की सूची;

(viii) भुगतान किए गए उपकर के ब्यौरे;

(ix) ऐसे अन्य विवरण, जो मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता आवेदन के सम्बन्ध में अपेक्षा करे :

परन्तु इन नियमों के प्रारम्भ की तिथि को कारखाने के रूप में प्रयोग में लाए गए परिसरों का अधिभोगी, ऐसे प्रारम्भ के तीस दिन के भीतर ऐसा आवेदन प्रस्तुत करेगा।

(5) प्लान में सभी परिमाप, इकाई के फुट तथा ईंच ईकाईयों में अंकित किए जाएंगे।

(6) आवेदक तथा सक्षम व्यक्ति, आवेदन प्रस्तुत करने से पूर्व सम्बन्धित प्ररूपों तथा दस्तावेजों में यथा अपेक्षित आवेदन, प्लान, संरचात्मक ड्राईंग, विशिष्टियां तथा प्रमाणपत्र डिजिटल रूप में विधिवत हस्ताक्षर करेगा।

(7) विद्यमान कारखाने में कोई परिवर्धन/परिवर्तन/विस्तार नीचे दी गई तालिका में विनिर्दिष्ट को छोड़कर तब तक नहीं किया जाएगा जब तक ऐसे परिवर्धन/परिवर्तन या विस्तार मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, हरियाणा द्वारा अनुमोदित नहीं हों।

तालिका

क्रम संख्या	परिवर्धन/परिवर्तन/विस्तार की किस्म
1.	4 फुट की ऊंचाई तक चार दीवारी।
2.	लिपिकवर्गीय/प्रबन्धकीय/रसोई–भण्डार प्रयोजनों के लिए प्रयोग किए जाने वाले कक्ष/कैबिन।
3.	सुरक्षा घेरा/गार्ड कक्ष।
4.	वाहन पार्किंग के लिए शैड।
5.	जनरेटर शैड के लिए छतरी।
6.	बालकॉनी/छज्जे।
7.	बाहरी गेट में परिवर्तन।

(8) प्लान का रंग निम्न अनुसार होगा :–

क्रम संख्या	मद	स्थल तथा भवन प्लान (सफेद पीठिका पर)
1.	प्लाट लाईन	मोटी काली
2.	भवन लाईन	बारीक काली
3.	खुले स्थान	कोई रंग नहीं
4.	अनुमोदित किया जाने वाला निर्माण	नीला भरा हुआ

5.	नष्ट किया जाने वाला प्रस्तावित कार्य	पीला भरा हुआ
6.	प्रस्तावित निर्माण	भूरा भरा हुआ
7.	जलनिकास तथा मलजल कार्य	नारंगी बिन्दुयुक्त
8.	जल आपूर्ति	हरा बिन्दुयुक्त
9.	पहले से अनुमोदित निर्माण	नारंगी भरी हुआ
10.	संशोधित/परिवर्तित भवन	गुलाबी भरा हुआ
11.	अग्नि निकास	लाल बिन्दुयुक्त
12.	कोई अन्य	बैंगनी बिन्दुयुक्त

102. प्लान का अनुमोदन (धारा 179).—(1) यदि मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता सन्तुष्ट हो जाता है कि प्लान संहिता की अपेक्षाओं के अनुरूप है, तो वह ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जो वह विनिर्दिष्ट करे, ऐसी अवधि, जो तीस दिन से अधिक न हो, के भीतर डिजीटल रूप में हस्ताक्षर करके इलैक्ट्रॉनिक ढंग में उनका अनुमोदन करेगा।

(2) यदि मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता, किसी व्यक्ति से आवेदन की प्राप्ति की तीस दिन की अवधि के भीतर अनुमोदन या अस्वीकृति या कोई टिप्पणी सूचित करने में असफल रहता है, तो प्लान इन नियमों के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना अनुमोदित समझा जाएगा :

परन्तु प्लान ऐसे समय तक प्रस्तुत किया गया नहीं समझा जाएगा जब तक वे विधिवत रूपान्तरित तथा संशोधित करके पुनः प्रस्तुत नहीं किया जाए :

परन्तु यह और कि प्लान जो इन नियमों के लागू होने से पूर्व कारखाना अधिनियम, 1948 के अधीन मुख्य निरीक्षक द्वारा पहले ही अनुमोदित किया जा चुका है, इन नियमों के अधीन अनुमोदित किया गया समझा जाएगा।

103. स्थिरता का प्रमाण पत्र (धारा 79).—(1) कोई भी विनिर्माण प्रक्रिया विद्युत की सहायता से किसी भवन या भवन के भाग में तब तक शुरू या कार्यान्वित नहीं की जाएगी जब तक उप नियम (2) में विहित योग्यताएं रखने वाले व्यक्ति द्वारा डिजीटल रूप में हस्ताक्षरित प्ररूप 26 में भवन या भवन के भाग का स्थिरता प्रमाणपत्र इलैक्ट्रोनिक ढंग में मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता को सुपुर्द या द्वारा स्वीकृत नहीं किया जाए। किसी कारखाने का कोई भी विस्तारित भाग जिसमें विनिर्माण प्रक्रिया विद्युत की सहायता से की जा रही है, विस्तार के बाद किसी भी समय कारखाने के भाग के रूप में प्रयुक्त नहीं किया जाएगा, न ही संयन्त्र या मशीनरी किसी कारखाने में जोड़ी जाएगी न ही ऐसे परिवर्धन के बाद किसी समय तब तक प्रयोग में नहीं लाई जाएगी जब तक ऐसे विस्तार या प्लान के सम्बन्ध में प्रमाण—पत्र या प्लान इलैक्ट्रॉनिक ढंग में मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता को सौंपा नहीं गया है तथा द्वारा स्वीकृत नहीं किया गया है :

परन्तु यदि मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता को सम्पूर्ण रूप से भरा हुआ इलैक्ट्रॉनिक ढंग में प्रस्तुत स्थिरता प्रमाण—पत्र की स्वीकृति के लिए आवेदन पर तथा यदि ऐसी प्रस्तुति की तिथि से तीस दिन के भीतर कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो उक्त आवेदन अनुमोदित समझा जाएगा।

(2) प्लान तथा विशिष्टियों को प्रमाणित करने या प्ररूप 26 को डिजीटल रूप से हस्ताक्षर करने के लिए सक्षम व्यक्ति के पास निम्नलिखित योग्यता तथा अनुभव होगा :—

(i) सिविल या संरचनात्मक इंजीनियरिंग में डिग्री;

(ii) संरचना के डिजाईन या निर्माण या जांच या मरम्मत करने में कम से कम पांच वर्ष का अनुभव;

(iii) अविनाशकारी जांच, व्यवसाय की विभिन्न संहिताओं जो प्रचलित हैं तथा भवन की स्थिरता पर कम्पन तथा प्राकृतिक बल के प्रभाव का ज्ञान;

(iv) संरचना या भवन की सुरक्षा के सम्बन्ध में विश्वस्त परिणाम पर पहुंचने की योग्यता;

(v) सक्षम व्यक्ति की आयु 60 वर्ष से अधिक नहीं होगी तथा परीक्षण, जांच तथा निरीक्षण करने के प्रयोजन के लिए शारीरिक रूप से फिट होगा।

(3) किसी भी व्यक्ति, किसी सरकार द्वारा अधिकृत या परिनिर्मित भवन के मामले को छोड़कर, जहां प्रमाणपत्र ऐसे अधिकारी, जो कार्यकारी अभियन्ता की पदवी से नीचे का न हो, द्वारा प्रदान किया जा सकता है, को स्थिरता प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए प्राधिकृत नहीं किया जाएगा यदि वह भवन के स्वामी या निर्माणकर्ता के पूर्ण नियोजन में है।

104. स्वीकृति का प्रतिसंहरण (धारा 79).—इन नियमों के अधीन प्रदान किया गया अनुमोदन, मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता द्वारा प्रतिसंहरित किया जा सकता है यदि यह पाया जाता है कि ऐसा अनुमोदन तात्विक तथ्यों के दुर्व्यपदेशन या आवेदन के

साथ प्रस्तुत कपटपूर्ण दस्तावेज या अन्यथा द्वारा अधिभोगी या प्रबन्धक द्वारा प्राप्त किया गया है या निर्माण, अनुमोदन के अनुसार नहीं किया जा रहा है।

105. कार्यकक्षों की आन्तरिक ऊंचाई (धारा 79).—(1) कार्य—कक्ष की आन्तरिक ऊंचाई छत के निम्नतम भाग के फर्श स्तर से मापी गई 14 फुट से कम नहीं होगी तथा यदि छत की चादर, जो न तो टाईलों से ढकी गई है न ही भीतर छतगीरी की गई है या इसके तथा चादर के बीच कम से कम चार ईंच के वायु स्थल सहित गर्मी रोकने की सामग्री अस्तर बनाया गया है, तो आन्तरिक ऊंचाई 16 फुट से कम नहीं होगी :

परन्तु ईंट या कंक्रीट या दोनों के सम्मिश्रण वाले भवन के मामले में, न्यूनतम ऊंचाई 12 फुट हो सकती है, यदि मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित है:

परन्तु यह और कि 100 कर्मकारों से कम नियोजन करने वाले कारखानों के मामले में, मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता, जहां वह सन्तुष्ट हो जाता है कि कार्य की दशा युक्तियुक्त रूप से अच्छी है (जहां कोई धूम/धुंआ या खतरनाक वाष्प उत्पन्न नहीं होता है तथा जहां वातानुकूलन/शीतलन की सुविधाएं मुहैया है), ऐसे कारखानों को इस उप—नियम के उपबन्ध से छूट दे सकता है।

(2) कारखाना, जहां मकैनिकल या इलैक्ट्रीकल विद्युत प्रयोग की जाती है के किसी कक्ष में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को हर समय मशीनरी द्वारा भरे हुए स्थान को छोड़कर कम से कम 36 वर्ग फुट का फर्श स्थान तथा कम से कम 500 घन फुट का श्वसन स्थल मुहैया किया जाएगा।

(3) कारखाने के प्रत्येक कार्य—कक्ष के ब्योरे प्ररूप—25 में दर्ज किए जाएंगे, जिसे जब अपेक्षित हो निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता को दिखाए जाएंगे। उप—नियम (1) के उपबन्ध भण्डारण, गोदाम तथा इसी प्रकार के प्रयोजनों के लिए अभिष्ट कक्षों तथा केवल कार्यालय प्रयोजनों, जहां केवल लिपिकीय कार्य किया जाता है, के लिए अभिष्ट कक्षों को भी लागू नहीं होंगे।

106. मैनहोल का न्यूनतम परिमाप.—प्रत्येक चैम्बर, टैंक, कुण्ड, पाईप, छेद या अन्य सीमित स्थल, जिसमें व्यक्ति प्रवेश करते हैं तथा जिसमें ऐसी सीमा तक खतरनाक धूम हो सकता है, जिस को पार करने में व्यक्तियों का जोखिम शामिल है, जिसमें यदि निकास के अन्य कारगार साधन नहीं है, में मैनहोल मुहैया कराया जाए जो कि आकार में आयताकार, अण्डाकार या वृताकार हो सकता है तथा जो—

(क) आयताकार या अण्डाकार आकार के मामले में कम से कम 16 ईंच लम्बा तथा 12 ईंच चौड़ी हो;

(ख) वृताकार आकार के मामले में व्यास में कम से कम 16 ईंच हो।

107. भवन में निकास.—(1) (क) इस नियम में,—

''क्षैतिज निकास'' से अभिप्राय है, कोई व्यवस्था जो पर्याप्त पृथक्करण सहित निकटवर्ती भवन या उसी भवन के निकटवर्ती भाग में उसी स्तर पर या निकट एक फर्श क्षेत्र से दूसरे फर्श क्षेत्र तक वैकल्पिक निकास अनुज्ञात करती है; तथा **''सफर दूरी''** से अभिप्राय है, अधिभोगी द्वारा निकास तक पहुंचने के लिए सफर करने की दूरी।

(क) निकास अग्नि प्रतिरोध—दीवार द्वारा बाकी के भवन से पृथक द्वारमार्ग, गलियारा, बाहरी सीढ़ी के लिए पारगमन मार्ग या बरामदे के लिए या आन्तरिक सीढ़ी के लिए हो सकता है, जो भवन के बाहर या बाहरी खुले स्थान के लिए निकास का सतत तथा सुरक्षित साधन मुहैया करेगा। निकास में उसी स्तर पर निकटवर्ती भवन की ओर जाने वाला सपाट निकास भी शामिल है;

(ख) लिफ्ट, एसक्लेटर तथा रिवाल्विंग द्वार को इस उप—नियम के प्रयोजन के लिए निकास के रूप में नहीं माना जाएगा;

(ग) कारखाने के प्रत्येक कक्ष में, अग्नि या अन्य आपातकाल के मामले में अधिभोगियों के सुरक्षित निकास करने के लिए पर्याप्त निकास मुहैया कराए जाएंगे जो किसी बाधा से मुक्त होंगे;

(घ) निकास उपयुक्त व्यस्था सहित स्पष्ट रूप से दृश्य तथा उचित रूप से प्रदीप्त होंगे, जहां कहीं विद्युत आपूर्ति के साधारण स्रोत की विफलता के मामले में अपेक्षित प्रकाश बनाए रखने के लिए इस प्रयोजन हेतु कृत्रिम प्रकाश—व्यवस्था अपनाई जानी है;

(ङ) निकासों को अधिकांश कर्मकारों द्वारा समझने वाली भाषा में चिहिन्त किया जाएगा;

(च) लोहा डण्डा सीढ़ी या पेचदार (स्पाइरल) सीढ़ी मुख्य निकास सीढ़ी के रूप में प्रयोग नहीं की जाएगी;

(छ) अग्नि विरोधी दरवाजे या रोलर शटर विशेष रूप से लिफ्ट या सीढ़ी, जहां अग्नि के फैलने पर चिमनी या छेद के प्रभाव से सृजित धुएं को ऊपर प्रवृत्त करें, अग्नि तथा धुएं को फैलने से रोकने के लिए निकास मार्ग के साथ उचित स्थानों पर मुहैया कराए जाएंगे;

(ज) सभी निकास भवन के बाहरी निकास या गली की ओर बाहरी खुले स्थल के लिए सत्त साधन मुहैया करेंगे;

(झ) निकास इस प्रकार से स्थित किए जाएंगे कि फर्श पर उनमें से कम से कम एक पर पहुंचने के लिए सफर दूरी 30 मीटर से अधिक नहीं होगी।

(ञ) उन कारखानों के मामले में जहां अधिक जोखिम सामग्री भण्डारित या प्रयोग की जाती है, वहां निकास की सफर दूरी 22.5 मीटर से अधिक नहीं होगी तथा प्रत्येक कक्ष से निकास के कम से कम दो रास्ते होंगे, तथापि, इस प्रकार स्थित शौचघर कक्ष जिसमें पहुंच के बिन्दु अधिक जोखिम के क्षेत्र से बाहर या उचित रूप से परिरक्षक हैं।

(ट) जहां कहीं किसी कक्ष, स्थल या फर्श के लिए एक से अधिक निकास अपेक्षित है, तो निकास यथा सम्भव एक दूसरे से दूर रखे जाएंगे तथा काम करने के क्षेत्रों में किसी बिन्दु से अलग दिशा में सीधी पहुंच मुहैया कराने की व्यवस्था की जाएगी;

(ठ) किसी निकास की माप क्षमता में प्रयुक्त निकास इकाई की चौड़ाई 50 सैंटीमीटर होगी। 25 सैंटीमीटर की स्पष्ट चौड़ाई अतिरिक्त आधी इकाई के रूप में गिनी जाएगी। 25 सैंटीमीटर से कम की स्पष्ट चौड़ाई निकास चौड़ाई के लिए नहीं गिनी जाएगी;

(ड) प्रति इकाई चौड़ाई के अनुसार पदाधिकारी, सीढ़ी के लिए 50 तथा दरवाजों के लिए 75 होंगे;

(ढ) अपेक्षित निकासों को निर्धारित करने के लिए पदाधिकारी भार किसी फर्श क्षेत्र में पदाधिकारियों की वास्तविक संख्या या 10 वर्ग मीटर प्रति व्यक्ति, जो भी अधिक हो, के आधार पर गिना जाएगा;

(ण) ग्राऊंड फर्श के ऊपर तथा नीचे के प्रत्येक फर्श क्षेत्र में मदद देने के लिए कम से कम दो निकास होंगे तथा उसमें से कम से कम एक आन्तरिक सीढ़ी से संलग्न होगा;

(त) केवल भण्डारण के लिए प्रयुक्त प्रत्येक भवन या संरचना तथा अलग रूप से माने गए उसके प्रत्येक अनुभाग के लिए इस प्रकार व्यस्थित तथा स्थित कम से कम एक में पहुंच होगी जिससे उसमें नियोजित किसी व्यक्ति के लिए निकास का उपयुक्त साधान मुहैया है तथा किसी ऐसे कक्ष, जिसमें 10 व्यक्तियों से अधिक साधारण रूप से हाजिर हों, के लिए कम से कम दो पृथक निकास के साधन उपलब्ध होंगे, जो यथा व्यवहार्य एक दूसरे से दूर हों;

(थ) प्रत्येक भण्डारण क्षेत्र में पहुंच के लिए निकास का कम से कम एक साधन होगा जो आसानी से खुल सकता हो;

(द) प्रत्येक निकास द्वार मार्ग संलग्न सीढ़ी, कोरीडोर का सपाट निकास या निकास का सत्त तथा सुरक्षित साधन मुहैया कराने वाला पारगमन में खुलेगा;

(ध) कोई भी निकास द्वार मार्ग चौड़ाई में 100 सेंटीमीटर से कम नहीं होगा, द्वारमार्ग ऊंचाई में कम से कम 200 सेंटीमीटर होगा;

(न) निकास द्वार मार्ग बाहर अर्थात् कक्ष से दूर खुलेगा किन्तु किसी निकास के साथ सफर को अवरूद्ध नहीं करेगा। कोई दरवाजा जब खोला जाता है सीढ़ी की अपेक्षित चौड़ाई को कम नहीं करेगा या अवतरण 90 सेंटीमीटर का होगा। इस प्रयोजन के लिए ऊपरी या सरकवां दरवाजे नहीं लगाए जाएंगे;

(प) निकास द्वार ठीक एक सोपान पंक्ति पर नहीं खुलेगा। प्रत्येक द्वार मार्ग की सीढ़ी में अवतरण आकार में कम से कम 1.5 मीटर X 1.5 मीटर का मुहैया कराया जाएगा। अन्तरण का लेवल वही होगा जो कि फर्श का है जो काम करता है;

(फ) निकास द्वारमार्ग बगल से खुलने योग्य होंगे जो चाबी का प्रयोग किए बिना काम करेंगे;

(ब) निकास गलियारे तथा पारगमन मार्ग कुल अपेक्षित चौड़ाई से कम की चौड़ाई के नहीं होंगे या निकास द्वार मार्ग वहां से भीतर सफर की दिशा में आगे जाएंगे;

(भ) जहां सीढ़ी गलियारे या पारगमन मार्ग के माध्यम से निकलती है, तो गलियारे तथा पारगमन मार्ग की ऊंचाई 240 सेंटीमीटर से कम नहीं होगी;

(म) सीढ़ी, लिफ्ट साफ्ट के आसपास तब तक व्यवस्थित नहीं की जाएगी जब तक बाद का अग्नि विरोधी रेटिंग वाली सामग्री से पूर्ण रूप से परिबद्ध नहीं हो जो पूर्व के निर्माण की किस्म से कम नहीं हो;

(य) खोखला ज्वलनशील निर्माण की अनुमति नहीं होगी;

(यक) भीतरी सीढ़ी की न्यूनतम चौड़ाई 100 सेंटीमीटर होगी;

(यख) भीतर सीढ़ी के लिए गोले के बिना पैर रखने की न्यूनतम चौड़ाई 25 सेंटीमीटर होगी। पैर रखने का ऊपरीतल फिसलने से रोकने की पद्धति में निर्मित तथा अनुरक्षित किया जाएगा;

(यग) खड़–पट्ट की अधिकतम ऊंचाई 19 सेंटीमीटर होगी तथा खड़–पट्ट की संख्या 12 प्रति फ्लाईट तक सीमित होगी;

(यघ) हस्तरेलिंग कम से कम 100 सेंटीमीटर की ऊंचाई सहित मुहैया कराई जाएगी तथा मजबूती से अवलंब होगी;

(यङ) पेचदार सीढी का प्रयोग कम दखलकार भार तक सीमित होगा तथा भवन की ऊंचाई 9 मीटर तक सीमित होगी। यदि वे प्लेटफार्म से नहीं जोड़ी गई है जैसे कि बालकोनी तथा निकास या विराम के लिए अनुमत हों। पेचदार सीढी व्यास में 300 सेंटीमीटर से कम नहीं होगीं तथा पर्याप्त हैडरूम हों;

(यच) सपाट निकास की चौड़ाई वही होगी जो निकास द्वार मार्ग के लिए है;

(यछ) सपाट निकास स्वतः बन्द होने वाले किस्म के एक अग्नि द्वार से सुसज्जित होगा;

(यज) सपाट निकास के सम्मुख या शरण की तरफ पर फर्श क्षेत्र कम से कम 0.3 वर्ग मीटर प्रति व्यक्ति की अनुमति देते हुए फर्श क्षेत्र के पदाधिकारियों को समायोजित करने के लिए पर्याप्त होगा। शरण क्षेत्र इस उप–नियम की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त निकास सहित उपलब्ध होगा। कम से कम एक निकास सीधे रूप से बाहर या गली में जाएगा;

(यझ) जहां कहीं सपाट निकास, रैम्पो के लिए सम्बद्ध क्षेत्रों के बीच लेवल में अन्तर है, तो 8 में एक से अनधिक स्लोप नहीं दिया जाएगा। इस प्रयोजन के लिए स्टैप्स का प्रयोग नहीं किया जाएगा;

(यञ) सपाट निकास में द्वार हर समय खुलने योग्य होंगे;

(यट) 10 में एक से अनधिक स्लोप सहित रैम्प सीढी की अपेक्षाओं के लिए प्रतिस्थापित किया जा सकता है। 10 में एक से अधिक सभी स्लोप के लिए तथा जब कभी प्रयोग ऐसा है जिससे फिसलने का खतरा शामिल है, तो रैम्प नहीं फिसलने वाली सामग्री से उतारा/बनाया जाएगा;

(यठ) किसी भवन में स्वचालित अग्नि अलार्म मुहैया नहीं है, तो मैनुअल अग्नि अलार्म प्रणाली मुहैया कराई जाएगी यदि भवन की कुल क्षमता 500 व्यक्तियों से अधिक है या यदि 25 व्यक्तियों से अधिक पहली मंजिल से ऊपर या नीचे नियोजित है, तो मंजिल भवन में कोई मैनुअल अग्नि अलार्म अपेक्षित नहीं होगा, जहां सम्पूर्ण क्षेत्र अविभक्त है तथा उसके सभी भाग सभी अधिभोगियों के लिए स्पष्ट रूप से दृश्य हों।

(2) मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, जहां वह सन्तुष्ट हो जाता है कि कार्य की स्थिति युक्तियुक्त रूप से अच्छी है, ऐसे कारखानों या कारखानों के वर्ग का उप–नियम (1) के किसी उपबन्ध से छूट दे सकता है।

108. बीड़ी तथा सिगार कार्य के लिए कारखाने, औद्योगिक परिसरों तथा ठेका कर्मकारों को नियोजित करने के लिए सामूहिक अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए आवेदन (धारा 74, 79 तथा 119).–(1) नियोक्ता, जो बीड़ी तथा सिगार कार्य के लिए कारखाने, औद्योगिक परिसरों के सम्बन्ध में तथा ठेका कर्मकारों को नियोजित करने या उसके किसी संयोजन के लिए सामूहिक अनुज्ञप्ति प्राप्त करना चाहता है, अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए प्ररूप 27 में इलैक्ट्रॉनिक ढंग में आवेदन मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को प्रस्तत करेगा :

परन्तु यदि राज्य सरकार या मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को सभी प्रकार से पूर्ण ईलैक्ट्रॉनिक ढंग में प्रस्तुत अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए आवेदन पर, यदि ऐसी प्रस्तुति की तिथि से पैंतालीस दिन के भीतर कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो कथित आवेदन अनुमोदित समझा जाएगा।

(2) इस नियम के अधीन जिम्मेवारी सम्पूर्ण रूप से स्वयं नियोक्ता की होगी।

109. अनुज्ञप्ति प्रदान करना (धारा 74, 79 तथा 114).–(1) नियम 84 के अधीन अनुज्ञप्ति उसकी अनुसूची में विनिर्दिष्ट फीस के भुगतान पर एक वर्ष से दस वर्ष, जैसी भी स्थिति हो, के बीच की अवधि के लिए प्ररूप–28 में मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा इलैक्ट्रॉनिक ढंग में प्रदान की जाएगी :

परन्तु यदि आवेदन एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए किया गया है, तो फीस वर्षों की संख्या जिसके लिए अनुज्ञप्ति हेतु आवेदन किया गया है, से गुणा करके अनुसूची में विनिर्दिष्ट फीस के अनुसार भुगतानयोग्य होगी।

(2) प्रदान की या नवीकृत की गई प्रत्येक अनुज्ञप्ति वर्ष, जिसके लिए अनुज्ञप्ति प्रदान की गई या नवीकृत की गई है, के 31 दिसम्बर तक लागू रहेगी।

(3) अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए फीस नीचे दी गई अनुसूची में दी गई दरों पर प्रतिवर्ष प्रभारित की जाएंगी :–

अनुसूची

कारखाने के सम्बन्ध में वार्षिक अनुज्ञप्ति फीस

वर्ष के दौरान किसी एक दिन में नियोजित किए जाने वाले कर्मकारों की अधिकतम संख्या

स्थापित के डब्ल्यू की मात्रा (अधिकतम के डब्ल्यू)	20 तक	21 से 40 तक	41 से 150 तक	151 से 250 तक	251 से 500 तक	501 से 1000 तक	1001 से 2000 तक	2001 से 3000 तक	3001 से अधिक
	रुपए	रुपए	रुपए	रुपए	रुपए	रुपए	रुपए	रुपए	रुपए
शून्य	1500	3000	4500	6000	7500	9000	10500	12000	13500
10 तक	3000	6000	9000	12000	15000	18000	21000	24000	27000
10 से अधिक किन्तु 50 तक	4500	9000	13500	18000	22500	27000	31500	36000	40500
50 से अधिक किन्तु 100 तक	6000	12000	18000	24000	30000	36000	42000	48000	54000
100 से अधिक किन्तु 500 तक	7500	15000	22500	30000	37500	45000	52500	60000	67500
500 से अधिक किन्तु 1000 तक	9000	18000	27000	36000	45000	54000	63000	72000	81000
1000 से अधिक किन्तु 2000 तक	10500	21000	31500	42000	52500	63000	73500	84000	94500
2000 से अधिक	12000	24000	36000	48000	60000	72000	84000	96000	108000

परन्तु कारखाने के लिए अनुज्ञप्ति के मामले में जिसमें इन नियमों में यथा विनिर्दिष्ट अनुसार खतरनाक संचालन किया जाता है, 300/– रूपए प्रति कर्मकार की दर से अतिरिक्त पंजीकरण फीस प्रभारित की जाएगी।

(4) बीड़ी या सिगार कार्य के लिए औद्योगिक परिसर के सम्बन्ध में तथा ठेका कर्मकार लगाने के लिए वार्षिक अनुज्ञप्ति फीस, जैसी भी स्थिति हो, कर्मकारों के सम्बन्ध में उपरोक्त कथित तालिका की प्रथम पंक्ति के अनुसार, अलग लागू होंगी।

110. अनुज्ञप्ति का संशोधन (धारा 74, 79 तथा 119).–(1) इलैक्ट्रोनिक ढंग में प्रदान की गई अनुज्ञप्ति मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा संशोधित की जा सकती है।

(2) अनुज्ञप्तिधारी, जो अपनी अनुज्ञप्ति संशोधित कराना चाहता है, संशोधन की की प्रकृति तथा उसके कारण बताते हुए इलैक्ट्रोनिक ढंग में प्ररूप–27 में मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को आवेदन प्रस्तुत करेगा :

परन्तु मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को इलैक्ट्रोनिक ढंग में प्रस्तत किए गए अनुज्ञप्ति में संशोधन के लिए आवेदन पर तथा यदि ऐसी प्रस्तुति की तिथि से पैंतालीस दिन के भीतर कोई उत्तर प्राप्त नहीं होता है, तो कथित आवेदन अनुमोदित समझा जाएगा।

(3) अनुज्ञप्ति के संशोधन के लिए फीस तीन सौ रुपए जमा राशि (यदि कोई हो) जिसके द्वारा फीस, जो भुगतानयोग्य होती, यदि मूल रूप में अनुज्ञप्ति संशोधित रूप में जारी की गई थी, अनुज्ञप्ति के लिए मूलरूप में भुगतान फीस से अधिक होगी।

(4) किसी कारखाने के कर्मचारियों का नियोक्ता, जिसमें मूल अनुज्ञप्ति में दिए गए अनुसार ठेका कर्मकार या अन्तरराज्यिक प्रवासी कर्मकार या नियोक्त या ठेकेदार के नाम के परिवर्तन या प्रतिष्ठान के नाम में परिवर्तन सहित क्षमता की मात्रा या नियोजित व्यक्तियों की संख्या में परिवर्तन होता है, तो ऐसे परिवर्तन के मास में वर्तमान अनुज्ञप्ति के संशोधन के लिए आवेदन करेगा :

परन्तु जहां कारखाने का अधिभोगी उप–नियम (4) में यथा अधिकथित अनुज्ञप्ति के संशोधन के लिए आवेदन करने में असफल रहता है, तो मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता अनुज्ञप्ति के संशोधन के लिए प्रभार्य फीस की 25 प्रतिशत सीमा तक अधिक फीस (जैसी भी स्थिति हो) उद्ग्रहण कर सकता है।

111. अनुज्ञप्ति का नवीकरण (धारा 74, 79 तथा 119).–(1) अनुज्ञप्ति इलैक्ट्रोनिक ढंग में धारा 119 अधीन उसी फीस के भुगतान पर, जो एक वर्ष से दस वर्ष के बीच की अवधि के लिए अनुज्ञप्ति देने हेतु प्रभारित की जाती है, जिसके लिए आवेदन किया गया हो, मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा नवीकृत की जाएगी।

(2) प्रत्येक कारखाने का अधिभोगी अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए इलैक्ट्रोनिक प्रणाली में प्ररूप–27 में भुगतान की गई फीस यह दर्शाते हुए कि अतिरिक्त पंजीकरण फीस, जिसमें खतरनाक संचालन किया जाता है जमा करा दी गई है, साथ लगाकर आवेदन प्रस्तुत करेगा तथा यदि आवेदन इस प्रकार किया गया है, तो परिसर ऐसी तिथि तक विधिवत अनुज्ञप्त के रूप में समझा जाएगा जिसमें मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता अनुज्ञप्ति नवीकृत करता है।

(3) ऐसा प्रत्येक आवेदन अनुज्ञप्ति अवधि की समाप्ति से कम से कम 30 दिन पूर्व इलैक्ट्रोनिक प्रणाली में प्रस्तुत किया जाएगा, किन्तु अनुज्ञप्ति की ऐसी समाप्ति के 90 दिन से पूर्व नहीं।

(4) यदि आवेदन अनुज्ञप्ति की अवधि की समाप्ति से कम से कम 30 दिन पूर्व नहीं किया गया है, तो अनुज्ञप्ति फीस के 25 प्रतिशत के बराबर अतिरिक्त फीस अनुज्ञप्तिधारी द्वारा भुगतानयोग्य होगी :

परन्तु मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, यदि सन्तुष्ट हो जाता है कि विलम्ब अपरिहार्य कारणों से या अधिभागी के नियंत्रण से परे था, तो अतिरिक्त फीस का भुगतान कम या माफ कर सकता है, जैसा वह उचित समझे।

112. अनुज्ञप्तिधारी की मृत्यु या अशक्तता पर प्रक्रिया (धारा 74, 79 तथा 119).–यदि अनुज्ञप्तिधारी मर जाता है या दिवालिया हो जाता है, तो ऐसे अनुज्ञप्तिधारी का कारबार करने वाला व्यक्ति ऐसे समय के दौरान अनुज्ञप्ति से अनुज्ञप्तिधारी को प्रदान की गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए इन नियमों के अधीन किसी शास्ति के लिए दायी नहीं होगा, जो मूल अनुज्ञप्ति के असमाप्त भाग के लिए उसके अपने नाम में नियमों के अधीन अनुज्ञप्ति के संशोधन के लिए आवेदन करने के लिए उसे अनुमति देने के लिए युक्तियुक्त रूप अपेक्षित हो।

113. फीस का भुगतान (धारा 74, 79 तथा 119).–(1) फीस यथा विनिर्दिष्ट लेखाशीर्ष में इलैक्ट्रोनिक प्रणाली में इन नियमों के अधीन भुगतान की जाएगी।

(2) यदि अनुज्ञप्ति प्रदान करने, अन्तरण करने, नवीकरण करने या संशोधन करने के लिए आवेदन अस्वीकृत किया गया है, तो भुगतान की गई फीस आवेदक को वापस की जाएगी।

114. कारखाना अनुज्ञप्ति का निलम्बन (धारा 74, 79 तथा 119).–मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता सम्बन्धित अनुज्ञप्तिधारी को प्रस्तावित कार्रवाई के विरूद्ध कारण बताओ का युक्तियुक्त अवसर देने के बाद, कोई अनुज्ञप्ति निलम्बित कर सकता है, यदि वह सन्तुष्ट हो जाता है कि अनुज्ञप्ति अनुज्ञप्तिधारी द्वारा धोखे से या मिथ्या तथ्यों या विनिर्दिष्ट किसी अन्य कारण से प्राप्त किया था तथा अनुज्ञप्ति के ऐसे निलम्बन पर अनुज्ञप्तिधारी अनुज्ञप्ति फीस की वापसी के लिए हकदार नहीं होगा।

115. वैध अनुज्ञप्ति के बिना कारखाने के रूप में परिसरों का प्रयोग करने का निषेध (धारा 74, 79 तथा 119).–किसी परिसर का कारखाने के रूप में प्रयोग नहीं किया जाएगा या किसी कारखाने में कोई विनिर्माण प्रक्रिया तब तक नहीं की जाएगी जब तक ऐसे परिसरों के सम्बन्ध में अनुज्ञप्ति जारी नहीं की गई है तथा वह तत्समय लागू नहीं है:

परन्तु यदि अनुज्ञप्ति प्रदान करने या अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए वैध आवेदन इलैक्ट्रोनिक प्रणाली में प्रस्तुत किया गया है तथा अपेक्षित फीस का भुगतान कर दिया गया है, तो परिसर ऐसी तिथि तक पूर्ण रूप से अनुज्ञप्त समझा जाएगा, जिसको मुख्य निरीक्षक–एंव–सुविधाप्रदाता अनुज्ञप्ति प्रदान करता है या नवीकरण करता है या अनुज्ञप्ति प्रदान करने या नवीकरण करने से लिखित में इनकार करता है।

116. कतिपय परिस्थितियों में परिसरों के स्वामी का दायित्व (धारा 80).–(1) जहां किसी परिसर में पृथक भवन या फर्श पृथक कारखानों के रूप में प्रयोग के लिए विभिन्न अधिभोगियों को पट्टे पर दिया गया है, तो परिसरों का स्वामी सामूहिक सुविधाओं तथा सेवाओं के प्रावधान तथा अनुरक्षण के लिए जिम्मेवार होगा।

(2) मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, परिसरों के अधिभोगियों तथा स्वामी से आवेदन प्राप्त करने पर स्वामी तथा अधिभोगी का दायित्व संयुक्त रूप से या पृथक रूप से विनिर्दिष्ट करके आदेश कर सकता है:

परन्तु यदि अधिभोगी या स्वामी उसके लिए आवेदन नहीं करता है, तो अधिभोगी तथा स्वामी दोनों सामूहिक सेवाओं तथा सुविधाओं के लिए जिम्मेवार होंगे।

(3) जहां किसी परिसर में स्वतन्त्र या स्वयं–नियन्त्रित या फर्श पृथक कारखाने के रूप में प्रयोग के लिए विभिन्न अधिभोगियों को पट्टे पर दिए गए है, तो सामूहिक सुविधाओं का प्रयोग करने वाले परिसरों के स्वामी तथा ऐसे

कारखानों के अधिभोगी निम्नलिखित के सम्बन्ध में इस संहिता के उपबन्धों के किसी उल्लंघन के लिए दायी होगा –

(i) पहुंच सड़क, जल निकास, जल आपूर्ति, प्रकाश तथा सफाई का प्रबन्ध;

(ii) शौचघर, पेशाबघर तथा धुलाई सुविधाएं जहां तक इन प्रस्तावों के लिए सामूहिक जल आपूर्ति के अनुरक्षण का सम्बन्ध है;

(iii) स्वामी से सम्बन्धित मशीनरी तथा संयन्त्र की घेराबन्दी तथा विशेष रूप से अधिभोगी की अभिरक्षा या प्रयोग के लिए सौंपी नहीं गई हो;

(iv) फर्श में पहुंच के सुरक्षित साधन तथा सीढी तथा सामूहिक रास्तों का रख–रखाव तथा सफाई;

(v) अग्नि निवारण तथा संरक्षण;

(vi) आपातकालीन तैयारी तथा प्रतिक्रिया;

(vii) कैन्टीन, आश्रय, विश्राम कक्ष तथा क्रैच;

(viii) स्वच्छता, संवातन, तापमान;

(ix) सुरक्षा तथा व्यावसायिक स्वास्थ्य;

(x) उत्तोलन तथा लिफ्टों का रख रखाव; तथा

(xi) परसिरों में मुहैया किसी अन्य सामूहिक सुविधाओं का रखरखाव।

(4) नियम के उप–नियमों के उपबन्धों को कार्यान्वित करने के सम्बन्ध में इस संहिता के किन्हीं उपबन्धों के प्रयोजन के लिए परिकलन करते समय नियोजित कर्मकारों, सम्पूर्ण परिसरों की कुल संख्या, एकल कारखाने के रूप में समझी जाएगी।

117. खतरनाक संचालन (धारा 82).–(1) जब किसी कारखाने में निम्नलिखित विनिर्माण प्रक्रिया या संचालन किया जाता है, संहिता की धारा 82 के अधीन खतरनाक संचालन के रूप में समझा जाएगा,–

(i) वातित जल का विनिर्माण तथा उसके आनुषंगिक प्रक्रिया;

(ii) इलैक्ट्रोलाईट युक्त एसिड का प्रयोग करते हुए धातु पदार्थों की इलैक्ट्रो लाईटिंग प्लेटिंग या आक्सीकरण या धातु या धातु साल्ट जैसे कि क्रोमियम, निकल, कैडमियम, जिंक, कोपर, सिल्वर, गोल्ड आदि;

(iii) विद्युत संचालकों का निर्माण तथा मरम्मत;

(iv) शीशा विनिर्माण;

(v) धातुओं की ग्राईन्डिंग या ग्लेजिंग तथा उसकी आनुषगिंक प्रक्रिया;

(vi) सीसा का विनिर्माण तथा उपचार तथा सीसा के कतिपय मिश्रण;

(vii) खतरनाक पैट्रोलियम से गैस की उत्पत्ति;

(viii) रेत के जेट, धातु शोट या ग्रिट या अन्य अपधर्षक, सम्पीड़ित वायु या भाप (विस्फोटन विनियमन) के विस्फोट से धकेलने से वस्तुओं की सफाई या चिकना बनाना या खुरदरा बनाना;

(ix) कच्ची हाईडसैंड स्कीम की लाईमिंग तथा टैनिंग तथा उससे आनुषंगिक प्रक्रिया;

(x) मुद्रण प्रैस तथा टाईप ढलाई खाने में सीसा तथा सीसा सामग्री की कतिपय प्रक्रिया चलाना;

(xi) रसायन कार्य;

(xii) मिट्टी के बर्तनों का विनिर्माण;

(xiii) जल के इलैक्ट्रोलाईसिज द्वारा आक्सीजन तथा हाईड्रोजन उत्पादित का सम्पीड़न;

(xiv) क्षयकारी पदार्थों की हैण्डलिंग तथा परिचालन;

(xv) पत्थर या सिलिका मुक्त किसी अन्य सामग्री का परिचालन;

(xvi) ऐस्वेटास की हैण्डलिंग तथा प्रोसैसिंग/ऐस्बेटास की किसी वस्तु का विनिर्माण तथा विनिर्माण या अन्यथा की कोई अन्य प्रक्रिया जिसमें ऐस्वेटोस किसी रूप में प्रयोग किया जाता है;

(xvii) कारसिनोजैनिक डाई टरमिडएट का विनिर्माण का परिचालन;

(xviii) विलायक निष्कर्षण संयन्त्र में सब्जियों तथा पशु स्रोत से आयलसेंड फैट निष्कर्षण की प्रक्रिया;

(xix) मैगनिज तथा इसके मिश्रण का विनिर्माण या परिचालन;

(xx) खतरनाक किटनाशकों का विनिर्माण तथा परिचालन;

(xxi) कार्बन डीसूलफाईट संयंत्र;

(xxii) बेनजीन से उत्पन्न जहर के खतरे के विरूद्ध विनिर्माण;

(xxiii) उच्च शोर स्तरों वाले संचालन;

(xxiv) विस्कोस प्रक्रिया द्वारा रायोन का विनिर्माण;

(xxv) उच्च रूप से ज्वलनशील तरल तथा ज्वलनशील सम्पीडित गैस;

(xxvi) ढलाई खाने का संचालन;

(xxvii) अग्नि कार्य कारखाना तथा माचिस कारखाने;

(xxviii) कारखानों में भट्ठी तथा ड्रायर का प्रयोग;

(xxix) जूट मिल में प्रयुक्त मशीनरी के सिवाए कपड़ा मशीनरी;

(xxx) इन्डैक्शन भट्ठी में गलाने की प्रक्रिया;

(xxxi) लकड़ी कार्य मशीनरी;

(xxxii) रबड़ मिल;

(xxxiii) सैन्टरीफुगल मशीनरी;

(xxxiv) पावर प्रैस;

(xxxv) शियर स्लीटर तथा गुईलोटाईन मशीन;

(xxxvi) थर्मिक फ्लूड हीटर;

(xxxvii) क्रोमिक एसिड का विनिर्माण या सोडियम, पोटाशियम या अमोनियम के बिचरोमेट का निर्माण या वसूली;

(xxxviii) एलपीजी / एसीटाईलिन / अरगोन के प्रयोग से वैल्डिंग / कटिंग।

(2) इससे अनुबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट उपबन्ध, कारखानों के किसी वर्ग या किस्म को लागू होंगे, जिसमें प्रत्येक अनुसूची में विनिर्दिष्ट खतरनाक संचालन किए जाते हैं।

(3) जहां कहीं नियतकालिक चिकित्सा जांच, विभिन्न अनुसूचियों में विहित की गई है, तो अधिभोगी मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को प्ररूप–29 में विवरणी भेजेगा ताकि पूर्ववर्ती मास के दौरान की गई कर्मकारों की चिकित्सा जांच के सम्बन्ध में विवरणी प्रत्येक मास की 5 तारीख को या से पूर्व उसके पास पहुंच सके।

(4) किसी कर्मकार के सम्बन्ध में उससे अनुबद्ध किसी अनुसूची के अधीन की जानी अपेक्षित उससे सम्बन्धित चिकित्सा जांच तथा परीक्षण का कोई रजिस्टर या रिकार्ड निरीक्षण–एवं–सुविधाप्रदाता को शीघ्रता से उपलब्ध कराया जाएगा तथा कारखाने के नियोजन में कर्मकार के बन्द होने के बाद एक वर्ष की समाप्ति तक परिरक्षित किया जाएगा।

नियम 93 के अधीन अनुसूची

खतरनाक संचालन – विशेष उपबन्ध

अनुसूची –I

वातित जल का विनिर्माण तथा उससे आनुषंगिक प्रक्रिया

1. **मशीनों की घेराबन्दी.**–बोतल या साइफन भरने के लिए सभी मशीनों, जहां तक व्यवहार्य हो, को इस प्रकार से निर्मित किया जाएगा, रखा जाएगा या घेरा में रखा जाएगा कि कारखाने में नियोजित किसी व्यक्ति को बोतल या साइफन के फटने के किसी टुकड़े के प्रहार से रोका जा सके।

2. **फेस–गार्ड तथा दस्ताने.–**

(क) अधिभोगी बोतल या साइफन भरने में लगे सभी व्यक्तियों के प्रयोग के लिए अच्छी हालत का निम्नलिखित सामान मुहैया करेगा तथा रखेगा :–

(क) चेहरे, गर्दन तथा गले को बचाने के लिए उपयुक्त फेस–गार्ड; तथा

(ख) सम्पूर्ण हाथ तथा बाजुओं को बचाने के लिए दोनों बाजुओं हेतु दस्ताने;

परन्तु.–

(i) पैरा 2(1) वहां लागू नहीं होगा, जहां बोतलें इस प्रकार निर्मित स्वचालित मशीन से भरी जाती हैं कि फटी हुई बोतल के टुकड़े से बचा जा सके; तथा

(ii) जहां मशीन इस प्रकार निर्मित की गई है कि इस पर कार्य पर बोतल भरने वाले की केवल एक बाजू खतरे का परित्याग करती है बाजू के लिए दस्ताने मुहैया कराने की आवश्यकता नहीं है, जिससे खतरा प्रकट नहीं होता है।

(ख) अधिभोगी कार्क लगाने, क्राऊनिंग, पेय लगाने, वायरिंग, कैप्सूलिंग, साईटिंग या बोतलों या साइफन पर लेबल लगाने में लगे सभी व्यक्तियों के प्रयोग के लिए निम्नलिखित सामान अच्छी हालत में मुहैया कराएगा तथा रखेगाः–

(क) चेहरे, गर्दन तथा गले को बचाने के लिए उपयुक्त फेस–गार्ड; तथा

(ख) बाजुओं तथा कम से कम आधी हथेली तथा अंगूठे तथा तर्जनी के बीच के स्थान को बचाने के लिए दोनों बाजुओं के लिए उपयुक्त दस्ताने;

3. **फेस–गार्ड तथा दस्ताने.**–पैरा 2 में विनिर्दिष्ट किन्हीं प्रक्रियाओं में लगे सभी व्यक्ति, ऐसी प्रक्रिया में कार्य करते समय कथित पैरे के उपबन्धों के अधीन उपबन्धित चेहरा–गार्ड तथा दस्तानें पहनेंगे।

अनुसूची – II

इलैक्ट्रोलाईट युक्त एसिड का प्रयोग करते हुए धातु पदार्थों की इलैक्ट्रोलाईटिंग प्लेटिंग या आक्सीकरण या धातु या धातु साल्ट जैसे कि क्रोमियम, निकल, कैडमियम, जिंक, कोपर, सिल्वर, गोल्ड आदि।

1. **परिभाषाएं.–** इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए :–

(क) ''इलैक्ट्रोलाईटिक'' से अभिप्राय है, इलैक्ट्रोलाईट युक्त एसिड का प्रयोग करते हुए धातु पदार्थों की इलैक्ट्रोलाईटिंग प्लेटिंग या आक्सीकरण। धातु या धातु साल्ट जैसे कि क्रोमियम, निकल, कैडमियम, जिंक, कोपर, सिल्वर, गोल्ड आदि।

(ख) ''कुण्ड'' से अभिप्राय है, किसी इलैक्ट्रोलाईटिंक प्रक्रिया या किसी पश्चातवर्ती प्रक्रिया के लिए प्रयुक्त कोई बरतन; तथा

(ग) ''नियोजित'' से अभिप्राय है, किसी कुण्ड से तरल से सम्पर्क में शामिल किसी प्रक्रिया में नियोजित।

2. **वायु निष्कापक.**–दक्ष वायु निष्कापक प्रत्येक बरतन को लागू होगा, जिसमें इलैक्ट्रोलाईटिक प्रक्रिया की जाती है। ऐसा वात–प्रवाह मैकेनिकल साधन द्वारा मुहैया किया जाएगा तथा यथा विकट प्रक्रिया में भाप या किए गए स्प्रे पर परिचालित किया जाएगा जो उत्पत्ति के बिन्दु पर हो सकता है। निकास वात–प्रवाह उपकरण इस प्रकार निर्मित, व्यवस्थित तथा अनुरक्षित किए जाएंगे जिससे किसी कक्ष या स्थान जिसमें कार्य किया जाता है में भाप या स्प्रे को प्रवेश करने से रोका जा सके।

3. **गर्भवती महिला तथा युवा व्यक्तियों से सम्बन्धित निषेध.**–कोई भी गर्भवती महिला, किशोर या बालक कुण्ड में कार्य करने के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी।

4. **कार्य–कक्ष का फर्श.**–कुण्ड युक्त प्रत्येक कार्य–कक्ष का फर्श जल से अपारगम्य किया जाएगा। फर्श अच्छे तथा समतल स्थिति में रखा जाएगा तथा दिन में कम से कम एक बार धोया जाएगा।

5. **सुरक्षात्मक मन्त्र.**–अधिभोगी किसी प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों के प्रयोग` लिए निम्नलिखित वस्तुओं या रक्षात्मक मन्त्रों को अच्छी तथा साफ स्थिति में मुहैया करेगा तथा रखेगा, जिसमें वे किसी कुण्ड से तरल के सम्पर्क में आने के लिए दायी है तथा सम्बन्धित व्यक्ति द्वारा ऐसे यन्त्र पहना जाएगा :

(क) जलरोधक एप्रन तथा बिब; तथा

(ख) किसी कुण्ड में वास्तव में कार्य करने वाले व्यक्तियों के लिए ढीली फिटिंग के रबड़ के दस्ताने तथा रबड़ के बूट या अन्य जलरोधक बूट तथा कैमिकल चश्मे।

(2) अधिभोगी रक्षात्मक मन्त्रों के भण्डारण तथा सुखाने के लिए नियोजित सभी व्यक्तियों के प्रयोग हेतु उपयुक्त आवास मुहैया करेगा तथा रखेगा।

6. **धुलाई सुविधाएं.**–(1) इलैक्ट्रोलाइटिक प्रक्रिया तथा उससे आनुषंगिक प्रक्रियाओं में नियोजित सभी व्यक्तियों के प्रयोग के लिए निम्नलिखित अच्छी अवस्था में मुहैया कराए जाएंगे तथा अनुरक्षित किए जाएंगे :–

(क) ढके हुए धुलाई स्थान, या तो –

(i) किसी एक समय में नियोजित प्रत्येक 5 व्यक्तियों के लिए रद्दी पानी पाईप से फिटिड तथा कम से कम 60 सेंटीमीटर की पर्याप्त लम्बाई की निर्बाध अपारगम्य तल सहित नल से जल की निरन्तर आपूर्ति या 60 सेंटीमीटर से अनधिक अन्तरालों पर नाली से ऊपर जेट हो; या

(ii) किसी एक समय में नियोजित प्रत्येक पांच ऐसे व्यक्तियों के लिए कम से कम एक वासबेसिन रद्दी पाईप से फिटिड हो तथा पानी की निरन्तर आपूर्ति डाली गई हो;

(ख) दैनिक नवीकृत साफ तौलियों तथा साबुन या अन्य उपयुक्त सफाई सामग्री की पर्याप्त आपूर्ति।

(2) उप–पैरा (1) में सुविधा के अतिरिक्त, आंख फुहारे सहित आपतकालीन वृष्टि की अनुमोदित किस्म मुहैया कराई जाएगी तथा अच्छी कार्य हालत में रखी जाएगी। जब कभी आवश्यक हो, लगातार जल आपूर्ति के उद्देश्य से 1500 लीटर क्षमता का भण्डारण टैंक आकस्मिक प्रयोग के लिए स्वच्छ जल का स्रोत मुहैया कराया जाएगा।

7. सचेतक इश्तहार.–नीचे विनिर्दिष्ट रूप में तथा अधिकांश नियोजित कर्मकारों की भाषा में मुद्रित एक सचेतक इश्तहार कारखाने के प्रमुख स्थान पर चिपकाया जाएगा जहां उसे कर्मकार आसानी से तथा सुविधाजनक रूप से पढ सकें।

सचेतक नोटिस

इलैक्ट्रोलाइटिक प्लेटिंग –

1. इस संयन्त्र में संचालित रसायन क्षयकारी तथा जहरीले हैं।

2. इस क्षेत्र में धुम्रपान, तम्बाकू चबाना, भोजन खाना तथा मदिरापान वर्जित है। इस क्षेत्र में कोई भी खाद्य पदार्थ या पेय नहीं लाया जाएगा।

3. इन रसायनों में से कुछ चमड़ी के माध्यम से अवशोषित हो सकते है तथा विषाक्तता कर सकते है।

4. भोजन करने से पहले अच्छी तरह से धुलाई की जाएगी।

5. इस क्षेत्र में कार्य करते समय दिए गए रक्षात्मक मन्त्रों का प्रयोग किया जाएगा।

6. शरीर के किसी भाग पर या फर्श पर रसायनों के बिखरने पर पानी से तुरन्त धोया जाएगा।

7. सभी कर्मकार उनके अपने स्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए नियमित रूप से विहित चिकित्सा जांच के लिए रिपोर्ट करेंगे।

8. चिकित्सा सुविधाएं तथा जांच और परीक्षण का रिकार्ड.–(1) प्रत्येक कारखाने का अधिभोगी जिसमें इलैक्ट्रोलाइटिक प्रक्रिया की जाती है :–

(क) उसमें नियोजित कर्मकारों की चिकित्सा निगरानी के लिए अर्हक चिकित्सा व्यवसायी नियोजित करेगा जिसकी नियुक्ति मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता के अनुमोदन के अध्यधीन की जाएगी।

(ख) कर्मकारों की सहज ही सुलभ एक पृथक बाक्स में उपयुक्त अवरोध क्रीम, मरहम तथा अपारगम्य जल सह प्लास्टर की पर्याप्त आपूर्ति जारी रखने के लिए खण्ड (क) तथा खण्ड (ग) में निर्दिष्ट प्रयोजन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं कथित चिकित्सा व्यवसायी को मुहैया करेगा। यदि साइनाईड कुण्ड में प्रयुक्त की जाती है, तो बाक्स को आकस्मिक साइनाईट किट में नियन्त्रित भी किया जाएगा।

(2) चिकित्सा व्यवसायी इलैक्ट्रोलाइटिक प्रक्रियाओं में नियोजित करने से पूर्व सभी कर्मकारों की जांच करेगा। क्रोम प्लेटिंग के मामले में ऐसी जांच में हाथों, बाजू तथा नाक का निरीक्षण शामिल होगा तथा प्रत्येक पखवाड़े में कम से कम एक बार किया जाएगा।

(3) उप–पैरा (2) में निर्दिष्ट जांच का रिकार्ड मुख्य निरीक्षक–एवं– सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित पृथक रजिस्टर में रखा जाएगा जिसे निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा निरीक्षण के लिए सहज की उपलब्ध रखा जाएगा।

9. प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा चिकित्सा जांच.–(1) इलैक्ट्रोलाईटिक प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की उसके प्रथम नियोजन से पूर्व प्रमाणित करने वाले सर्जन द्वारा जांच की जाएगी। ऐसी जांच में छाती का एक्सरे शामिल होगा, तथाः–

(क) क्रोमिय प्लेटिंग के मामले में जिसमें नाक कफ छिद्र की जांच तथा पेशाब में क्रोमियम की जांच शामिल है;

(ख) निकल प्लेटिंग के मामले में पेशाब में निकल के जांच; तथा

(ग) कैडमियम प्लेटिंग के मामले में पेशाब में कैडमियम तथा पेशाब में 2 माईक्रोग्लोबुलिन की जांच।

(2) कोई भी कर्मकार किसी इलैक्ट्रो लाईटिक प्रक्रिया में तब तक नियोजित नहीं किया जाएगा जब तक प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा ऐसे नियोजन के लिए उपयुक्त प्रमाणित नहीं किया जाता।

(3) कैडमियम, क्रोमियम तथा निकल प्लेटिंग प्रक्रिया में नियोजित कर्मकारों के मामले में जिसके लिए यह जांच प्रत्येक छह मास में एक बार की जाएगी के सिवाए इलैक्ट्रो लाईटिक प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की प्रत्येक वर्ष में कम से कम एक बार प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा पुनः जांच की जाएगी। ऐसी पुनः जांच जब कभी प्रमाणकर्ता सर्जन उचित समझे छाती के एक्सरे को छोड़कर, उप–पैरा (1) में यथा विनिर्दिष्ट जांच जो साधारणतः तीन वर्ष में एक बार से पहले की जानी अपेक्षित नहीं होगी।

(4) कर्मकार की जांच करने के बाद प्रमाणकर्ता सर्जन प्ररूप 31 में उपयुक्तता का प्रमाणपत्र जारी करेगा। की गई जांच तथा पुनः जांच का रिकार्ड कारखाने के प्रबन्धक की अभिरक्षा में रखा जाएगा। उप–पैरा (1) तथा (2) के अधीन की गई प्रत्येक जांच का रिकार्ड जिसमें जांच की प्रकृति तथा परिणाम शामिल है, प्ररूप–30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा दर्ज भी किया जाएगा।

(5) उपयुक्तता प्रमाणपत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखा जाएगा।

(6) यदि किसी समय प्रमाणकर्ता सर्जन की राय है कि कर्मकार ऐसे आधार पर इलैक्ट्रो लाईटिक प्रक्रिया में नियोजन के लिए लम्बे समय के लिए फिट नहीं है कि उसमें उसका बना रहना कर्मकार के स्वास्थ्य के लिए

खतरा होगा, वह कथित प्रमाणपत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर में अपने निष्कर्ष को रिकार्ड करेगा। उन दस्तावेजों में उसके निष्कर्ष की प्रविष्टि में अवधि जिसमें उसने विचार किया है कि कथित व्यक्ति उक्त प्रक्रिया में कार्य के लिए अनुपयुक्त है, भी शामिल होनी चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में अनुपयुक्त घोषित व्यक्ति को जब तक उसे प्रमाणकर्ता सर्जन की राय में पूर्ण रूप से अयोग्य नहीं ठहराया गया हो, को वैकल्पिक नियोजन की सुविधा मुहैया कराई जाएगी, ऐसे मामले में प्रभावित व्यक्ति को उचित रूप से पुनर्वासित किया जाएगा।

(7) कोई भी व्यक्ति जो उप–पैरा (6) में यथा कथित अनुसार कार्य करने के लिए अनुपयुक्त पाया गया है, को तब तक कथित प्रक्रिया में कार्य करने के लिए पुनर्नियोजित नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक प्रमाणकर्ता सर्जन, अतिरिक्त जांच करने के बाद, उन प्रक्रियाओं में नियोजन के लिए उसे पुनः उपयुक्त प्रमाणित नहीं करता।

अनुसूची III

विद्युत संचायकों का विनिर्माण तथा मरम्मत

1. **व्यावृत्ति.**–यह अनुसूची विद्युत संचायकों या उसके भाग के विनिर्माण या मरम्मत या स्टेशनरी बैटरी का भाग रूप बनने वाले किसी संचायक के परिसरों में मरम्मत को लागू नहीं होगी जिसमें सीसा या सीसा का कोई मिश्रण शामिल है।

2. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए :–

(क) ''सीसा प्रक्रिया'' से अभिप्राय है, पेस्टिड प्लोटों की कतरन, या कोई अन्य छिपाई या कटाई सहित सीसा या सीसायुक्त किसी सामग्री को गलाना, कास्टिंग, पेस्टिंग, सीसा दहन या कोई अन्य कार्य जिसमें सीसा के किसी ओक्साईड का प्रयोग, संचालन या परिचालन या से सम्पर्क शामिल है।

(ख) ''सीसा के कच्चे ओक्साईड का परिचालन'' से अभिप्राय है, कोई सीसा प्रक्रिया जिसमें किसी पात्र में इसके वहन या एक परिचालन से दूसरे तक किसी उपकरण द्वारा से भिन्न सीसा के कच्चे ओक्साईड का परिचालन या संचलन शामिल है।

(ग) ''निलम्बन'' से अभिप्राय है, प्रमाणकर्ता सर्जन जिसके पास किसी ऐसी प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों के सम्बन्ध में निलम्बन की शक्ति है, द्वारा हस्ताक्षरित प्ररूप–30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में लिखित प्रमाणपत्र से किसी सीसा प्रक्रिया में नियोजन से निलम्बन।

3. **गर्भवती महिलाओं तथा युवा व्यक्तियों से सम्बन्धित निषेध.**–किसी भी गर्भवती महिला या युवा व्यक्ति को किसी सीसा प्रक्रिया या किसी कक्ष, जिसमें सीसा के कच्चे ओक्साईड का परिचालन या पेस्टिंग की जाती है, में कार्य करने के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा या अनुमत नहीं होगा।

4. **कतिपय प्रक्रियाओं का पृथक्करण.**–निम्नलिखित प्रत्येक प्रक्रिया ऐसी रीति में तथा ऐसी शर्तों के अधीन की जाएगी जिससे एक दूसरे से तथा किसी अन्य प्रक्रिया से सफल पृथक्करण सुरक्षित किया जा सके :–

(क) सीसा के कच्चे ओक्साईड का परिचालन;

(ख) पेस्टिंग;

(ग) पेस्टिड प्लेटों को सुखाने;

(घ) सीसा दहन सहित निर्माण उससे सम्बन्धित कार्यान्वित अनिवार्य रूप से ''तरूपना''।

(ङ) पेस्टिड प्लेटों को गलाना।

5. **वायुस्थान.**–प्रत्येक कक्ष में जिसमें सीसा प्रक्रिया की जाती है, वहां उससे नियोजित प्रत्येक व्यक्ति के लिए कम से कम 500 घन फुट का वायु स्थान होगा तथा इस वायु स्थान का परिकलन करने में 12 फुट से अधिक ऊंचाई को हिसाब में नहीं लिया जाएगा।

6. **संवातन.**–प्रत्येक कार्य–कक्ष में पर्याप्त आकार के प्रवेश मार्ग तथा निकास मार्ग मुहैया कराए जाएंगे जिससे कक्ष के सभी भागों में पर्याप्त संवातन सुरक्षित किया जा सके तथा रखा जा सके।

7. **पेस्टिंग कक्ष में कर्मकारों के बीच दूरी.**–प्रत्येक पेस्टिंग कक्ष में किसी पेस्टर के कार्य स्थान के केन्द्र तथा उसके निकट पेस्टर कार्य के बीच दूरी पांच फुट से कम नहीं होगी।

8. **कार्य–कक्ष का फर्श.**–(1) प्रत्येक कक्ष का फर्श, जिसमें सीसा प्रक्रिया की जाती है:–

(क) सीमेंट या समरूप सामग्री का होगा ताकि उसे पानी से चिकना तथा अपरागम्य किया जा सके;

(ख) सही हालत में अनुरक्षित किया जाएगा;

(ग) सामग्री, संयन्त्र या अन्य बाधा से मुक्त रखा जाएगा जो कक्ष में कार्यान्वित के लिए या उत्पादित में अपेक्षित न हो :

(क) ग्रिड कास्टिंग कर्मशाला से भिन्न ऐसे सभी कक्षों में उस समय जब कक्ष में कोई अन्य कार्य नहीं किया जा रहा हो पानी से पूर्ण रूप से स्प्रे करने के बाद प्रतिदिन साफ किया जाएगा।

(ख) ग्रिड कास्टिंग कर्मशाला में फर्श प्रतिदिन साफ किया जाएगा।

(ग) उप–पैरा (1), (2) तथा (3) की अपेक्षाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जहां सीसा के कच्चे ओक्साईड का परिचालन या पेस्टिंग की जाती है, वहां भी फर्श :–

(i) जब कार्य किया जा रहा हो लगातार गीला रखा जाएगा;

(ii) जल निकास के लिए उपयुक्त तथा पर्याप्त व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी;

(iii) होज–पाईप के साधन से प्रतिदिन सम्पूर्ण रूप से धोया जाएगा।

9. **कार्य–बैंच.**–कार्य–बैंच जिस पर कोई ऐसी सीसा प्रक्रिया की जाती है:–

(क) सतह चिकनी होगी तथा सही हालत में अनुरक्षित किए जाएंगे;

(ख) सभी सामग्री या संयन्त्र से मुक्त रखे जाएंगे जो उस पर की जा रही प्रक्रिया के लिए उत्पादित हेतु अपेक्षित न हो; तथा ग्रिड कास्टिंग कर्मशाला में उससे भिन्न ऐसे सभी कार्य–बैंच :–

(i) उस समय जब उस पर कोई अन्य कार्य नहीं किया जा रहा हो, पूर्ण रूप से गीला करने के बाद या चूषण सफाई यन्त्र के साधन से प्रतिदिन साफ किया जाएगा; तथा ग्रिड कास्टिंग कर्मशाला से भिन्न ऐसे सभी कार्य–बैंच;

(ii) प्रतिदिन साफ किए जाएंगे; तथा पेस्टिंग के लिए प्रयुक्त प्रत्येक कार्य–बैंच;

(iii) सीसा शीट या अन्य अपारगम्य सामग्री से पूर्णतया ढका जाएंगे;

(iv) उभरे हुए किनारों सहित मुहैया कराए जाएंगे;

(v) जब पेस्टिंग की जा रही है, लगातार गीले रखे जाएंगे।

10. **वायु निष्काषक.**–दक्ष वायु निष्काषक के प्रयोग के बिना निम्नलिखित प्रक्रिया कार्यान्वित नहीं की जाएंगी :–

(क) सीसा या सीसायुक्त सामग्री को गलाना;

(ख) सीसा के कच्चे ओक्साईड का परिचालन, यदि बन्द यन्त्र में नहीं किया जाता है ताकि कार्य–कक्ष में धूल के निकास को रोका जा सके।

(ग) पेस्टिंग;

(घ) धूल को उठने देने के लिए पेस्टिड प्लेटों की कतरन, ब्रूसिंग, फिलिंग या कोई अन्य घिसाई या कटाई;

(ङ) निम्नलिखित से भिन्न सीमा दहन:–

(i) निर्माण कक्ष में ''तरूपना'';

(ii) ऐसी रीति में अनिवार्य रूप से कार्यान्वित सैल मामलों के लिए सीसा लाइनिंग करने के लिए रसायन दहन कि दक्ष निकास का उपयोग अव्यावहारिक हो।

ऐसे निकास वात–प्रवाह मकैनिकल साधन से आक्रांत होगा तथा धूल या धुएं पर चलेगा जो उसके मूल बिन्दु के निकट हो ताकि किसी कक्ष जिसमें व्यक्ति कार्य करते है, में वायु का प्रवेश करने से रोका जा सके।

11. **गलाने के बरतन से धूम तथा गैस.**–किसी गलाने के बरतन को गर्म करने में उत्पादित दहन के उत्पाद किसी कमरे में जिसमें व्यक्ति कार्य करते है, का निकास अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

12. **धातुमल के लिए पात्र.**–कसकर फिट किए हुए ढक्कन सहित उपयुक्त पात्र धातुमल के लिए मुहैया कराया जाएगा तथा प्रयोग किया जाएगा जोकि प्रत्येक गलने के बरतन से हटाया जाता है। ऐसा पात्र जब धातुमल उसमें जमा किया जा रहा है के सिवाए कार्य–कक्ष में कार्य करते समय ढक कर रखा जाएगा।

13. **सीसा अपशिष्ट के लिए पात्र.**–एक उपुक्त पात्र प्रत्येक कार्य–कक्ष में मुहैया कराया जाएगा जिसमें पुरानी प्लेटें तथा अपशिष्ट सामग्री जिससे धूल से उठती हो, जमा की जाएगी।

14. **शोषक कक्ष में रैक या शेल्फ.**–किसी शोषक कक्ष में मुहैया रैक या शैल्फ फर्श से 8 फुट से अधिक नहीं होगा न ही चौड़ाई में 2 फुट से अधिक होगा :

परन्तु रैक या शेल्फ सेट या दोनों और से तैयार के बारे में कुल चौड़ाई 4 फुट से अधिक नहीं होगी।

ऐसे रैक या शेल्फ केवल पूर्ण रूप से गीले करने के बाद साफ किए जाएंगे यदि इस प्रयोजन के लिए दक्ष चूषक सफाई यन्त्र का प्रयोग नहीं किया गया है।

15. **चिकित्सा जांच.**–(क) सीसा प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति की जांच ऐसी प्रक्रिया में उसके प्रथम नियोजन की पूर्व या आगामी तिथि से सात दिन के भीतर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा की जाएगी तथा उसके बाद प्रत्येक कलैण्डर मास में एक बार या ऐसे अन्य अन्तरालों पर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा जांचा जाएगा जो मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा लिखित में विनिर्दिष्ट किया जाए जिसके लिए दिन का देय नोटिस सभी सम्बन्धित को दिया जाएगा।

''प्रथम नियोजन'' से अभिप्राय है, कारखाने या कर्मशाला में सीसा प्रक्रिया में तथा तीन कलैण्डर मास से अधिक अवधि के लिए ऐसी प्रक्रिया में वियोजन की किसी समाप्ति के अनुसरण में सीसा प्रक्रिया में उसमें पुनः नियोजन भी प्रथम नियोजन है।

(ख) सीसा प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों के नामों वाला प्ररूप–30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में रखा जाएगा।

(ग) निलम्बन के बाद किसी व्यक्ति को स्वास्थ्य रजिस्टर में दर्ज या से संलग्न प्रमाणकर्ता सर्जन से लिखित स्वीकृति के बिना सीसा प्रक्रिया में नियोजित नहीं किया जाएगा।

16. सुरक्षात्मक वस्त्र.—सुरक्षात्मक वस्त्र निम्नलिखित में नियोजित सभी व्यक्तियों के लिए अच्छी अवस्था में मुहैया तथा अनुरक्षित किए जाएंगे —

(क) सीसा के कच्चे ओक्साईड का परिचालन;

(ख) पेस्टिंग;

(ग) निर्माण—कक्ष; तथा ऐसे वस्त्र सम्बन्धित व्यक्तियों द्वारा पहने जाएंगे।

सुरक्षात्मक वस्त्र में जलरोधक एप्रन तथा जलरोधक जूते शामिल होंगे तथा इसी तरह सीसा के कच्चे ओक्साईड के परिचालन में या पेस्टिंग में नियोजित व्यक्तियों के सम्बन्ध में सिर आवरक शामिल होगा, सिर आवरक प्रतिदिन धोया जाएगा।

17. भोजन—कक्ष.—सीसा प्रक्रिया में नियोजित तथा भोजन अन्तराल के दौरान परिसरों में बाकी रहे सभी व्यक्तियों के प्रयोग के लिए उपयुक्त भोजन—कक्ष मुहैया तथा अनुरक्षित किया जाएगा जो (क) पर्याप्त मेजों तथा बैंचों तथा (ख) भोजन गर्म करने के लिए पर्याप्त साधनों से सुसज्जित किया जाएगा।

भोजन—कक्ष किसी जिम्मेवार व्यक्ति की निगरानी में रखा जाएगा तथा साफ रखा जाएगा।

18. अमानती सामानघर.—सीसा प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों के प्रयोग के लिए अमानती समानघर मुहैया तथा अनुरक्षित किया जाएगा :—

(क) यदि गीले है, तो वस्त्रों को सुखाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था सहित कार्य समय के दौरान उतारे गए वस्त्रों के लिए एक अमानती समानघर होगा। ऐसा आवास भोजन—कक्ष से पृथक होगा।

(ख) पैरा 16 में उपबन्धित सुरक्षात्मक वस्त्रों के भण्डारण के लिए पृथक तथा उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी।

19. धुलाई सुविधाएं.—सीसा प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों के प्रयोग के लिए साफ स्थिति तथा अच्छी अवस्था में मुहैया तथा अनुरक्षित की जाएगी :—

(क) ढके हुए धुलाई स्थान या तो —

(i) किसी एक समय में नियोजित प्रत्येक पांच ऐसे व्यक्तियों के लिए रद्दी पानी पाईप से फिटिड तथा कम से कम दो फुट की पर्याप्त लम्बाई की निर्बाध अपारागम्य तल सहित नल से जल की निरन्तर आपूर्ति या दो फुट से अनधिक अन्तरालों पर नाली से ऊपर जेट हो; या

(ii) किसी एक समय में नियोजित प्रत्येक पांच ऐसे व्यक्तियों के लिए कम से कम एक वास बेसिन रद्दी पाईप तथा प्लग से फिटिड हो तथा पानी की निरन्तर आपूर्ति डाली गई हो;

(iii) प्रतिदिन नवीकृत उपयुक्त सामग्री से बने हुए साफ तोलियों की पर्याप्त आपूर्ति जिसमें सीसा के कच्चे ओक्साईड के परिचालन में नियोजित पोस्टरों तथा व्यक्तियों के मामले में प्रत्येक ऐसे कर्मकार के लिए पृथक चिहिन्त तोलिए शामिल होंगे; तथा

(iv) साबुन तथा अन्य उपयुक्त सफाई सामग्री तथा नाखुन ब्रश की पर्याप्त आपूर्ति।

(ख) ऐसे कक्षों की निकट सन्निकटता में धुलाई के अतिरिक्त साधन मुहैया कराए जाएंगे जिसमें सीसा के कच्चे ओक्साईड या पेस्टिंग का परिचालन किया जाता है, यदि मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता से लिखित में नोटिस द्वारा अपेक्षित हो।

20. धुलाई के लिए अनुज्ञात किया जाने वाला समय.—नियमित भोजन समय के अतिरिक्त, कम से कम दस मिनट, प्रत्येक भोजन से पूर्व तथा दिन के कार्य की समाप्ति से पूर्व प्रत्येक व्यक्ति को धुलाई के लिए अनुज्ञात किया जाएगा जो सीसा के कच्चे ओक्साईड के परिचालन में या पेस्टिंग में नियोजित किए गए है :

परन्तु यदि यहां प्रत्येक ऐसे व्यक्ति के लिए एक वासबेसिन या दो फुट की नाली हो, तो यह पैरा लागू नहीं होगा।

21. स्नान के लिए सुविधाएं.—मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि के अनुसार पर्याप्त स्नान स्थान कच्चे सीसा आक्साईड के परिचालन में या पेस्टिंग में लगे सभी व्यक्तियों के लिए मुहैया कराया जाएगा तथा साबुन तथा साफ तोलियों की पर्याप्त आपूर्ति की जाएगी।

22. कार्य कक्षों में खाद्य, पेय आदि का प्रतिषेधित होना.—किसी भी कार्य कक्ष में, जिसमें कोई शीशा प्रक्रिया की जा रही हो, किसी भी कर्मकार द्वारा न तो कोई भी खाद्य, पेय, पान तथा सुपारी और तंबाकू उपभोग किया जाएगा या लाया नहीं जाएगा।

अनुसूची – IV

कांच विनिर्माण

1. **छूट.**–यदि मुख्य निरीक्षक–एवं सुविधाप्रदाता का किसी कारखाने या प्रक्रिया के किसी भी वर्ग के सम्बन्ध में यह समाधान हो जाए कि कार्य की विशेष पद्धतियों या किसी कारखाने की विशेष स्थितियों के कारण या अन्यथा उसमें नियोजित व्यक्तियों को खतरा पहुंचाए बिना इस अनुसूची की किन्हीं भी अपेक्षाओं को निलंबित या शिथिल किया जा सकता या इस अनुसूची या उसके किसी भाग का लागूकरण किसी भी कारण से अव्यवहार्य है, तो वह लिखित प्रमाण–पत्र द्वारा ऐसे निलंबन या शिथिल किए जाने को ऐसी अवधि के लिए तथा ऐसी शर्तों पर, जो वह उचित समझे, प्रमाण–पत्र में निदेशित किए गए अनुसार प्राधिकृत कर सकता है।

2. **परिभाषाएं.**–इस अनसूची के प्रयोजनों के लिए–

(क) ''दक्ष वायु निष्कासक'' से अभिप्राय है, गैस, वाष्प, धूल या धुएं को निकालने के लिए यांत्रिक साधनों द्वारा किए गए स्थानीय संवातन जिससे उन्हें किसी स्थान की, जिसमें काम किया जा रहा हो (प्रायः अभिभावी वायुमण्डलीय स्थितियों में यथा व्यवहार्य) वायु में मिले जाने से रोका जा सके। किसी भी वायु निष्कासक को दक्ष नहीं समझा जाएगा, जो उस स्थान पर उत्पन्न होने वाले धुएं को, जहां पर ऐसी गैस, वाष्प, धुआं या धूल उत्पन्न होती हो, न हटा सकता हो।

(ख) ''सीसा यौगिक'' से अभिप्राय है, कच्चे सीसे को छोड़कर सीसे के किसी अन्य यौगिक से है, जो जब नीचे वर्णित रीति में उपचारित किए जाने पर हाइड्रोक्लोरिक एसिड के जलीय घोल और घुलनशीन सीसे के यौगिक की कुछ मात्रा देता है, जो लेड मोनोक्याइड के रूप में गणना करने पर विश्लेषण हेतु लिए गए भाग के शुष्क भार से पांच प्रतिशत अधिक होता है। उपचार की पद्धति निम्नानुसार होगीः–

पदार्थ की तौली हुई मात्रा, जो 100° सेन्टीग्रेड पर सुखाई गई होगी और समान तापक्रम पर उसके भार से 1000 गुनी हाइड्रोक्लोरिक एसिड के जलीय घोल में, जिसमें हाइड्रोजन क्लोराइड का 0.25 प्रतिशत भार होगा, पूर्णतया सम्मिश्रित कर ली गई होगी, लगातार एक घंटे तक हिलाई जाएगी। इसके पश्चात् इस घोल को एक घण्टे तक स्थिर रखा जाएगा और उसके बाद छान लिया जाएगा। स्वच्छ घोल में समाविष्ट लेड साल्ट को लेड सल्फाइड के रूप में अवक्षपित किया जाएगा और लेड सल्फेट के रूप में उनका भार ले लिया जाएगा।

(ग) ''निलम्बन'' से अभिप्राय है, प्रमाणकर्ता सर्जन जिसमें पास किसी ऐसी प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों के सम्बन्ध में निलम्बन की शक्ति होगी, द्वारा हस्ताक्षरित प्ररूप 30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में लिखित प्रमाणपत्र द्वारा पैरा 3 में विनिर्दिष्ट किसी प्रक्रिया में नियोजन से निलम्बन

3. **वायु निष्कासन.**–दक्ष वायु निष्कासक के अधीन या ऐसी अन्य शर्तों के अधीन जो मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित की जाएं, के सिवाए निम्नलिखित प्रक्रियाएं की जाएंगीः–

(क) कच्चे माल का 'समूह' बनाने हेतु मिश्रण;

(ख) कांच या कांच की किन्हीं भी वस्तुओं का सूखा पीसा जाना, चमकाया जाना और उन पर पालिश किया जाना;

(ग) ये समस्त प्रक्रियाएं, जिसमें हाइड्रोफ्लूरिक एसिड का धुआं या अमोनिकल वाष्प निकलती हो;

(घ) भट्टी के सांचों या पात्रों के बनाने में समस्त प्रक्रियाएं (जिनके उपयोग में लाए गए पात्रों का पेषण या दलन सम्मिलित है);

(ङ) सूखे लेड यौगिक के प्रयोग वाली सभी प्रक्रियाएं।

4. **गर्भवती स्त्रियों तथा युवा व्यक्तियों के संबंध में प्रतिषेध.**–किसी भी गर्भवती स्त्री या युवा व्यक्तियों को पैरा 3 में उल्लिखित की गई किन्हीं भी संक्रियाओं में या किसी स्थान पर जहां ऐसी संक्रियाएं की जाती हों, नियोजित नहीं किया जाएगा या कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

5. **फर्श और कार्य बेंच.**–ऐसे प्रत्येक कमरे के, जिसमें सीसे के शुष्क यौगिक का शोधन किया जाता हो या जिसमें सिलिका धूल निकलने वाली कोई प्रक्रिया की जाती हो, फर्श तथा कार्य करने की बैंचों को गीला रखा जाएगा और वह निम्नलिखित अपेक्षाओं की पूर्ति करेगा।

फर्शः–

(क) सीमेंट या सामान पदार्थ के होंगे, जो चिकने हों तथा जल से अपारगम्य रहे;

(ख) अच्छी स्थिति में बनाए रखे जाएंगे, और

(ग) जब कमरे में कोई अन्य कार्य न किया जा रहा हो, उस समय अच्छी तरह पानी छिड़कने के पश्चात् प्रतिदिन साफ किए जाएंगे।

कार्य बैंचें :

(क) चिकनी सतह वाली होंगे तथा अच्छी दशा में बनाए रखे जाएंगे; और

(ख) जब उन पर कोई अन्य कार्य न किया जा रहा हो, या तो पूर्ण रूप से गीले किए जाने के पश्चात् या सफाई करने के चूषण यन्त्र द्वारा प्रतिदिन साफ किए जाएंगे।

6. हाइड्रोफ्लूरिक एसिड का उपयोग.—उन कमरों को, जिनमें कांच का हाइड्रफ्लूरिक एसिड से उपचार किया जाता हो, निम्नलिखित उपबन्ध लागू होंगेः—

(क) पर्याप्त आकार के प्रवेश द्वार और निर्गमन द्वारा होंगे, जिससे कमरे के समस्त भागों में दक्ष संवातन किए जा सकें तथा बनाए रखा जा सके;

(ख) फर्श गटापारचा से ढका हुआ तथा दृढ़ होगा और ढकी हुई नाली की ओर क्रमशः ढालू होगा;

(ग) कार्यस्थलों को प्रक्षेपी हुडों से इस प्रकार परिबद्ध किया जाएगा, जिससे उपचारित की जाने वाली वस्तुओं को भीतर जाने के लिए अपेक्षित मार्ग यथा व्यवहार्य छोटे होंगे;

(घ) दक्ष वायु निष्कासन इस प्रकार व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे गैसे नीचे की और निष्कासित हों।

7. हाइड्रोफ्लूरिक एसिड का भण्डारण तथा परिवहन.—हाइड्रोफ्लूरिक एसिड, सीसे या रबर के बने हुए सिलेण्डरों या पात्रों के सिवाए संग्रहित नहीं की जाएगी या भेजी नहीं जाएगी।

8. फूंकनी.—प्रत्येक शीशागार को एक पृथक् फूंकनी दी जाएगी, जिस पर उस व्यक्ति का, जिसे वह दी गई हो, विशिष्ट चिह्न होगा और प्रत्येक शीशागार को अपनी फूंकनी जीवाणु शून्य करने के लिए उपयुक्त सुविधाएं तुरन्त उपलब्ध होंगी।

9. कार्य के कमरे में खाद्य, पेय आद का प्रतिषेधित होना.—किसी भी कमरे में या कार्यस्थल, जिसमें पैरा—3 में उल्लिखित की गई कोई भी प्रक्रिया की जा रही हो, किसी भी कर्मकार द्वारा न तो कोई भी खाद्य, पेय, पान तथा सुपारी और तंबाकू लाई जाएगी और न उसका उपभोग किया जाएगा।

10. सुरक्षात्मक वस्त्र.—अधिभोगी पैरा—3 में उल्लिखित की गई प्रक्रियाओं में नियोजित समस्त व्यक्तियों के उपयोग के लिए कार्य की प्रकृति के अनुसार उपयुक्त सुरक्षात्मक वस्त्रों, जूतों और चश्मों की व्यवस्था करेगा, उन्हें अच्छी दशा में बनाए रखेगा और ऐसे वस्त्र, जूते आदि सम्बन्धित व्यक्तियों द्वारा पहने जाएंगे।

11. धुलाई की सुविधाएं.—पैरा—3 में उल्लिखित की गई प्रक्रियाओं में नियोजित समस्त व्यक्तियों के उपयोग के लिए स्वच्छ तथा अच्छी अवस्था की दशा में निम्नलिखित व्यवस्था की जाएगी तथा उसे बनाये रखा जाएगा :—

(क) धुलाई स्थान जिसमें या तो —

(i) चिकनी अपारगम्य सतह का एक टब होगा, जिसमें प्लग रहित वेस्ट पाइप फिट किया हुआ होगा और वह पर्याप्त लम्बाई का होगा, जिससे किसी एक समय में नियोजित ऐसे प्रत्येक पांच व्यक्तियों के लिए कम से कम दो फुट का स्थान मिल सके तथा जिसमें टब के ऊपर लगी हुई टोंटियों या जेटों से, जो दो फुट से अधिक अन्तर पर नहीं होंगे, स्वच्छ जल का सतत् आपूर्ति होती हो; या

(ii) किसी एक समय में नियोजित ऐसे प्रत्येक पांच व्यक्ति के लिए कम से कम एक वाश बेसिन होगा, जो वेस्ट पाइप तथा प्लग से फिट किया हुआ होगा तथा जिसमें जल की पर्याप्त आपूर्ति होगी या सदैव शीघ्रता से उपलब्ध होगा; और

(ख) उपयुक्त स्वच्छता सामग्री तथा नाखून साफ करने के ब्रुश सहित उपयुक्त सामग्री से बनी हुई स्वच्छ तौलियों का, जो प्रतिदिन बदला जाएगा, पर्याप्त प्रदाय होगा; और

(ग) टोंटियों सहित खड़े नल पर्याप्त संख्या में होंगे—ऐसे खड़े नलों की संख्या और स्थिति मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि के अनुसार होगी।

12. चिकित्सा जांच.—(क) पैरा—3 में विनिर्दिष्ट किसी प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति की ऐसी प्रक्रिया में उसके प्रथम नियोजन की तिथि से पूर्व सात दिन के भीतर या आगामी तिथि को प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा जांच की जाएगी तथा उसके बाद प्रत्येक मास में एक बार या ऐसे अन्तरालों पर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा जांचा जाएगा जो उस दिन जिसका देय नोटिस सभी सम्बन्धित को दिया जाएगा, को मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता द्वारा लिखित में विनिर्दिष्ट की जाए।

(ख) पैरा—3 में विनिर्दिष्ट किसी प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों के नामों वाला प्ररूप—30 में एक स्वास्थ्य रजिस्टर भी रखा जाएगा।

(ग) निलम्बन के बाद कोई भी व्यक्ति पैरा—3 में विनिर्दिष्ट किसी प्रक्रिया में प्रमाणकर्ता सर्जन की लिखित स्वीकृति के बिना नियोजित नहीं किया जाएगा तथा उसे स्वास्थ्य रजिस्टर में दर्ज या संलग्न किया जाएगा।

अनुसूची – V

धातुओं की पिसाई या पालिश तथा उससे आनुषंगिक प्रक्रियाएं

1. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजनों के लिए–

(क) ''सान'' से अभिप्राय है, प्राकृतिक या विनिर्मित बालुओं से बनी हुई सान किन्तु उसमें धातु–चक्र या बेलन, जिसमें प्राकृतिक विनिर्मित सान के टुकड़े फिट किए गए हों, सम्मिलित नहीं हैं;

(ख) ''अपघर्षी चक्र'' से अभिप्राय है, ऐसे चक्र से है, जो बोण्डिड कुरून्द से या समान अपघर्षी से विनिर्मित हो;

(ग) ''पिसाई'' से अभिप्राय है, यांत्रिक शक्ति की सहायता से सान या अपघर्षी चक्र के द्वारा धातु का अपघर्षण।

(घ) ''पालिश'' से अभिप्राय है, यांत्रिक शक्ति की सहायता से किसी चक्र, पालिस, झाड़ने या समरूप उपकरण के द्वारा, जिसमें कोई अपघर्षक या चमकाने वाला पदार्थ संलग्न या प्रयुक्त हो, धातु का अपघर्षण, पालिश करना या परिष्कृत करना।

(ङ) ''रेसिंग'' से अभिप्राय है, प्रथम बार प्रयोग में लाने से पूर्व परिभ्रामी सान की घुमाई, कटाई या उसका प्रतिसारण करना;

(च) ''हेकिंग'' से अभिप्राय है, हैक या समरूप उपकरण द्वारा सान के तल को काटना;

(छ) ''रॉडिंग'' से अभिप्राय है, रॉड, छड़ या धातु की पट्टी के उपयोग द्वारा परिभ्रामी सान तल को प्रतिसारण करना।

अपवर्जन.–(1) इस अनुसूची की कोई भी बात किसी कारखाने के किसी ऐसे भाग को छोड़कर, जिसमें एक या एक से अधिक व्यक्ति धातुओं की पिसाई या पालिश करने में पूर्णतः या मुख्यतः नियोजित किए गए हों, किसी भी कारखाने को, जिसमें केवल मरम्मत की जाती हो, लागू नहीं होगी।

(2) पैरा 4 को छोड़कर इस अनुसूची की कोई भी बात धातुओं की किसी पिसाई या पालिश करने को लागू नहीं होगी, जो रूक–रूककर की जाती हों और जिसमें किसी भी व्यक्ति को किसी भी सप्ताह में 12 घण्टे से अधिक के लिए नियोजित नहीं किया जाता है।

2. **छूट.**–मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता लिखित प्रमाण–पत्र द्वारा ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो वह उसमें उल्लिखित करे, किसी भी कारखाने के संबंध में इस अनुसूची के किन्हीं भी उपबंधों से छूट दे सकता है या उन्हें निलंबित कर सकेगा, यदि कार्य की विशेष पद्धतियों के कारण या अन्यथा नियोजित व्यक्तियों के स्वास्थ्य या सुरक्षा के खतरे के बिना ऐसी छूट या ऐसा निलंबन व्यवहार्य हो।

3. **धूल को हटाने के लिए उपकरण.**–कोई भी रेसिंग, शुष्क पिसाई या पालिश का कार्य निम्नलिखित के बिना नहीं किया जाएगा–

(क) कोई हुड या अन्य उपकरण इस प्रकार निर्मित, व्यवस्थित, रखा तथा अनुरक्षित होगा, जिसमें फेंकी गई धूल को सारतः रोका जा सके; और

(ख) समुचित आकार की एक नालिका, जो वायुरोधी होगी और इस प्रकार व्यवस्थित होगी, जिससे धूल को दूर ले जाने से समर्थ हो, उस नालिका को बाधा से मुक्त रखा जाएगा और निरीक्षण तथ सफाई के लिए उसे पहुंच के उचित साधनों से युक्त रखा जाएगा और जहां व्यवहार्य हो, पंखे के दूरस्थ छोर पर ऐसे संयोजन से युक्त रखा जाएगा, जिससे निरीक्षक उक्त नलिका में वायु के दबाव को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक किसी उपकरण को उससे संलग्न कर सके; और

(ग) एक पंखा या धूल खींचने के लिए पर्याप्त वायु उत्पन्न करने के अन्य दक्ष साधान :

परन्तु मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता किसी अन्य उपकरण को स्वीकार कर सकेगा, जो उसकी राय में फेंकी हुई धूल को रोकने, हटाने तथा उसके निराकरण के लिए उतना ही प्रभावी हो, जितना हुड, नलिका और पंखा होता।

4. **पिसाई की संक्रिया में नियोजन पर निर्बन्धन.**–सान, अपघर्षी चक्र या पालिश के उपकरण पर किसी एक समय में एक से अधिक व्यक्ति पिसाई या पालिश की वास्तविक प्रक्रिया को नहीं करेंगे :

परन्तु यह पैरा किसी ऐसे सान, अपघर्षी चक्र या पिसाई के उपकरण पर भारी अथवा स्थूल वस्तुओं के परिचालन में व्यक्तियों के नियोजन का प्रतिषेध नहीं करेगी।

5. **पालिश.**– किसी भी कमरे में, जिसमें सान पर आर्द्र पिसाई की जाती हो, सान पर आर्द्र पिसाई से प्रासंगिक प्रक्रियाओं के अतिरिक्त, पालिश या अन्य प्रक्रिया नहीं की जाएगी।

6. **हेकिंग और रॉडिंग.**– हेकिंग और रॉडिंग तब तक नहीं किया जाएगा, जब तक कि प्रक्रिया के दौरान या तो–(क) सान के ऊपरी तल पर जल की पर्याप्त आपूर्ति न रखी गई हो, या (ख) पैरा तीन की अपेक्षाओं के अनुसार धूल को रोकने के लिए पर्याप्त उपकरणों की व्यवस्था न कर दी गई हो।

7. **धूल उपकरण का परीक्षण.**—(क) धूल के निकालने या दबाने के समस्त उपकरणों का कम से कम प्रत्येक छह मास में एक बार सक्षम व्यक्ति द्वारा परीक्षण किया जाएगा और उसकी जांच की जाएगी और ऐसे परीक्षण तथा ऐसी जांच के द्वारा पाई गई कोई त्रुटि यथा व्यवहार्य शीघ्र शोधित कर दी जाएगी।

(ख) प्ररूप–32 में एक ऐसा रजिस्टर रखा जाएगा, जिसमें ऐसी जांच के ब्यौरे और परीक्षण अन्तर्विष्ट होंगे।

8. **चिकित्सा जांच.**—(क) पैरा 3 में विनिर्दिष्ट किसी प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति की ऐसी प्रक्रिया में उसके प्रथम नियोजन के चौदह दिन के भीतर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा जांच की जाएगी तथा उसके बाद तीन मास से अनधिक के अन्तरालों पर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा जांच की जाएगी।

(ख) पैरा–3 में विनिर्दिष्ट किसी प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों के नामों वाला प्ररूप–30 में एक स्वास्थ्य रजिस्टर भी रखा जाएगा।

(ग) निलम्बन के बाद कोई भी व्यक्ति पैरा–3 में विनिर्दिष्ट किसी प्रक्रिया में प्रमाणकर्ता सर्जन की लिखित स्वीकृति के बिना नियोजित नहीं किया जाएगा तथा उसे स्वास्थ्य रजिस्टर में दर्ज या संलग्न किया जाएगा।

अनुसूची – VI

सीसे तथा सीसे के कतिपय यौगिकों का विनिर्माण तथा उपचार

1. **छूट.**–जहां मुख्य निरीक्षक का यह समाधान हो जाए कि इस अनुसूची के समस्त या कोई उपबंध नियोजित व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक नहीं है, तो वह लिखित में प्रमाणपत्र द्वारा किसी कारखाने को, ऐसी शर्तों के अध्यधीन जो वह उसमें विनिर्दिष्ट करे, ऐसे समस्त या किन्हीं उपबन्धों से छूट दे सकता है।

2. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजनों के लिए–

(क) ''सीसे के यौगिक'' से अभिप्राय है, कच्चे सीसे को छोड़कर, सीसे के अन्य यौगिक, जो नीचे वर्णित रीति में किया जाता है, तो हाइड्रोक्लोरिक एसिड के जलीय घोल और घुलनशील सीसे के यौगिक की कुछ मात्रा देता है, जो लेड मोनोक्साइड के रूप में गणना करने पर विश्लेषण हेतु लिए गए हिस्से के शुष्क भार से 5 प्रतिशत अधिक होता है। रंग लेपों तथा समान उत्पादों और तेल या वसा वाले अन्य मिश्रण के मामले में 'शुष्क भार' से शुष्क भार से अभिप्राय है, तेल, वसा या अन्य मीडिया को हटाने के लिए पदार्थ को उपयुक्त घोलकों से पूर्णतया मिलाने तथा उपचारित करने के पश्चात् शेष बचे पदार्थ के ''शुष्क भार''।

उपचार पद्धति निम्नानुसार होगी :

पदार्थ की तोली हुई मात्रा, जो 100 डिग्री सेन्टीग्रेड पर सुखाई गई है और समान तापक्रम पर उसके भार से 1000 गुना हाइड्रोक्लोरिक ऐसिड के जलीय घोल में, जिसमें हाइड्रोजन क्लोराइड का 0.25 प्रतिशत भार होगा, पूर्णतया सम्मिश्रित कर ली गई होगी, लगातार एक घण्टे तक हिलाई जाएगी। इसके पश्चात् इस घोल को एक घण्टे स्थिर रखा जाएगा और उसके बाद छान लिया जाएगा। छाने गए स्वच्छ घोल के लेड साल्ट को लेड सल्फाइड के रूप में निष्पादित किया जाएगा और लेड सल्फेट के रूप में उसका भार ले लिया जाएगा।

(ख) ''दक्ष वायु निष्कासन'' से अभिप्राय है, गैस, वाष्प, धूल या धुएं को निकालने के लिए ताप या यांत्रिक साधनों द्वारा किए गए स्थानीय संवातन, जिससे इन्हें किसी स्थान की, जिसमें काम किया जा रहा हो (प्रायः रहने वाली वायु मंडलिक स्थितियों में यथा व्यवहार्य) वायु में मिल जाने से रोका जा सके, किसी भी वायु निष्कासन को दक्ष नहीं समझा जाएगा, जो उस स्थान पर उत्पन्न होने वाले धुएं को जहां पर ऐसी गैस, वाष्प, धुआं या धूल उत्पन्न होती हो, न हटा सके।

3. **लागूकरण.**–यह अनुसूची उन समस्त कारखानों या कारखानों के वर्गों को लागू होगी, जिनमें निम्नलिखित में से कोई भी संक्रियाएं की जाती हों:–

(क) भट्टी का कार्य, जहां जस्ते या सीसे की कच्ची धातु का परिवर्तन, या उपचार किया जाता हो;

(ख) राख का, जिसमें सीसा अन्तर्विष्ट हो, परिचालन, उपचार या परिवर्तन सीसे का चांदी से अलग करना या सीसे के टुकड़े या जस्ते को गलाना;

(ग) रांगे या मिश्र धातुओं का विनिर्माण, जिसमें दस प्रतिशत से अधिक सीसा हो;

(घ) सीसा के किसी आक्साइड, कारबोनेट, सल्फेट, क्रोमेट, एसीटेट, नाइट्रेड या सिलीकेट का विनिर्माण लेड टेट्राइथिल का हस्तन या मिश्रण;

(ङ) कोई अन्य संक्रिया जिसमें सीसे के यौगिक का उपयोग अन्तर्वलित हो;

(च) कार्य के कमरों की सफाई, जहां पूर्वोक्त संक्रियाओं में से कोई भी संक्रिया की जाती हो;

4. **गर्भवती स्त्रियों और युवा व्यक्तियों के संबंध में प्रतिषेध.**–किसी भी स्त्री या युवा व्यक्ति को पैरा–3 में विनिर्दिष्ट की गई किन्हीं भी संक्रियाओं में नियोजित या कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

5. **पालन की जाने वाली अपेक्षाएं.**–किसी भी व्यक्ति को सीसे के यौगिकों के उपयोग में अर्न्तविलित किसी प्रक्रिया में, यदि प्रक्रिया ऐसी हो कि उसमें सीसे के यौगिक से धूल या धुआं उत्पन्न होता हो या उसमें नियोजित व्यक्तियों पर उनके नियोजन के दौरान सीसे के यौगिक के छींटे पड़ जाने प्रत्याशित हो, तो जब तक कि पैरा–6 से 14 तक के उपबंधों का पालन न किया जाए, नियोजित या कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

6. **वायु निष्कासन.**–जहां प्रक्रिया में धूल, धुआं, गैस या वाष्प उत्पादन होता हो, तो उन्हें हटाने के लिए दक्ष वायु निष्कासक के द्वारा व्यवस्था की जाएगी, जो इस प्रकार से बनाना होगा कि धूल, धुआं, गैस या वाष्प के उत्पत्ति के स्थान के यथासंभव निकट कार्य कर सके।

7. **उपयुक्तता प्रमाणपत्र.**–पैरा–8 के अधीन चिकित्सा रूप से परीक्षित व्यक्ति नियोजन के लिए योग्य पाया जाता है, तो उसे प्ररूप–31 में उपयुक्तता का प्रमाणपत्र, प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा प्रदान किया जाएगा तथा ऐसा प्रमाणपत्र कारखाने के प्रबन्धक की अभिरक्षा में रहेगा। प्रमाणपत्र किसी निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखा जाएगा तथा दिए गए ऐसे प्रमाणपत्र को व्यक्ति कार्य के समय ऐसे प्रमाणपत्र का संदर्भ देने के लिए प्रमाण हेतु अपने साथ ले जाएगा।

8. **चिकित्सा जांच.**–(1) इस प्रकार नियोजित व्यक्ति की ऐसी प्रक्रिया में उसकी प्रथम नियुक्ति के 14 दिन के भीतर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा चिकित्सा रूप से जांच की जाएगी तथा उसके बाद तीन मास से अनधिक के अन्तरालों पर प्रमाणकर्ता

सर्जन द्वारा जांच की जाएगी तथा ऐसी जांच का रिकार्ड पैरा 7 के अधीन दिए गए उपयुक्तता के विशेष प्रमाणपत्र में प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा दर्ज की जाएगी।

(2) यदि किसी समय प्रमाणकर्ता सर्जन की राय है कि कोई व्यक्ति ऐसे आधारों पर नियोजन के लिए योग्य नहीं रहता है कि उसमें उसका बना रहना स्वास्थ्य के लिए विशेष खतरा होगा, वह उस व्यक्ति के विशेष उपयुक्तता प्रमाणपत्र को रद्द करेगा।

(3) कोई व्यक्ति, जिसका विशेष उपयुक्तता प्रमाणपत्र रद्द किया गया है, तब तक नियोजित नहीं रहेगा जब तक पुनः जांच के बाद प्रमाणकर्ता सर्जन नियोजन के लिए योग्य के रूप में उसे पुनः प्रमाणित नहीं करता।

9. **कार्य के कमरों में खाद्य, पेय आदि का प्रतिषेधित होना.**—कार्य के किसी भी कमरे में, जिसमें प्रक्रिया की जाती हो, किसी भी कर्मकार द्वारा न तो कोई भी खाद्य पेय, पान तथा सुपारी या तंबाकू लाई जाएगी और न ही उसका उपयोग किया जाएगा और भोजन तथा विश्राम के अन्तरालों के दौरान कोई भी व्यक्ति ऐसे किसी भी कमरे में नहीं रहेगा।

10. **सुरक्षात्मक वस्त्र.**—कारखाने के अधिभोगी द्वारा उपयुक्त सुरक्षात्मक समग्र (ओवर आल्स) तथा सिर आवरकों को उपलब्ध कराया जाएगा, उन्हें बनाए रखा जाएगा तथा स्वच्छ रखा जाएगा और ऐसे समग्र तथा सिरे आवरकों को नियोजित व्यक्तियों द्वारा पहना जाएगा।

11. **कार्य के कमरों, औजारों आदि की स्वच्छता.**—वे कमरे, जिनमें व्यक्तियों को नियोजित किया गया हो तथा उनके उपयोग में लाये जाने वाले समस्त औजारों और साधित्रों को स्वच्छ स्थिति में रखा जाएगा।

12. **धुलाई की सुविधाएं.**—(1) अधिभोगी नियोजित किए गए समस्त व्यक्तियों के उपयोग के लिए उपयुक्त धुलाई की सुविधाओं, जिनमें निम्नलिखित सम्मिलित होंगी, को उपलब्ध करवाएगा तथा उन्हें बनाए रखेगा —

(क) चिकनी अपारगम्य सतह का टब होगा, जिसमें प्लग रहित वेस्ट पाइप फिट किया होगा और वह पर्याप्त लम्बाई का होगा, जिसमें किसी एक समय में नियोजित प्रत्येक दस व्यक्तियों के लिए कम से कम दो फीट का स्थान मिल सके तथा जिसमें टब के ऊपर लगी हुई टोंटियों या फव्वारों, जो दो फीट से अधिक अन्तर पर होंगे, से स्वच्छ जल की सतत् सप्लाई होती हो; या

(ख) किसी एक समय में नियोजित प्रति दस व्यक्तियों के लिए कम से कम एक वाश बेसिन होगा, जो वेस्ट पाइप तथा प्लग से फिट किया होगा और जिसमें स्वच्छ जल की सतत् सप्लाई होती है, साथ ही दोनों में से किसी भी दशा में नाखून साफ करने के ब्रूशों, साबुन या अन्य उपयुक्त स्वच्छता सामग्री और स्वच्छ तौलियों की पर्याप्त सप्लाई होगी।

(2) इस प्रकार प्रदान की गई सुविधाएं किसी उत्तरदायी व्यक्ति के प्रभार में रखी जाएंगी और स्वच्छ रखी जाएंगी।

13. **भोजन कक्ष या कैंटीन.**—अधिभोगी नियोजित किए व्यक्तियों के उपयोग के लिए उनके भोजन करने की उपयुक्त तथा पर्याप्त व्यवस्था करेगा और उसे बनाए रखेगा। इस व्यवस्था में कार्य के किसी कमरे में पृथक् कमरे का उपयोग सम्मिलित होगा, जिसे पर्याप्त मेजों और बेंचों से सज्जित किया जाएगा तथा जब तक कि गरम भोजन देने वाली कैंटीन की व्यवस्था न हो, भोजन गरम करने हेतु पर्याप्त साधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। कमरे की स्वच्छ वायु के परिचालन द्वारा पर्याप्त रूप से संवातित किया जाएगा, किसी उत्तरदायी व्यक्ति के प्रभार में रखा जाएगा, तथा स्वच्छ रखा जाएगा।

14. **अमानती समानघर.**—अधिभोगी नियोजित किए गए व्यक्तियों के उपयोग के लिए कार्य के घण्टों में न पहने जाने वाले वस्त्रों को रखने तथा गीले वस्त्रों को सुखाने के लिए उपयुक्त स्थान भी उपलब्ध करवाएगा तथा उसे बनाए रखेगा।

अनुसूची – VII

खतरनाक पैट्रोलियम से गैस का उत्पादन

1. **गर्भवती स्त्रियों और युवा व्यक्तियों के संबंध में प्रतिषेध.**–किसी भी गर्भवती स्त्री या युवा व्यक्ति को किसी भी भवन में, जिसमें खतरनाक पैट्रोलियम से गैस का उत्पादन किया जाता हो, नियोजित या कार्य करने के लिए अनुज्ञात या प्रवेश करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

2. **फ्लेम ट्रैप्स.**–खतरनाक पैट्रोलियम से गैस का उत्पादन करने वाले संयंत्र और उससे जुड़े हुए पाइप तथा फिटिंग को कम से कम दो दक्ष फ्लेम ट्रेप्स से फिट किया जाएगा, जो इस प्रकार बनाए जाएंगे तथा अनुरक्षित किए जाएंगे, जो किसी बर्नर से निकली हुई लौ को संयंत्र तक पहुंचने से पीछे रोक सकें। इन ट्रेप्स में से एक संयंत्र को यथा संभव निकट फिट किया जाएगा। संयंत्र तथा समस्त नलों और वाल्वों को छिद्र रहित दशा में स्थापित किया जाएगा और अनुरक्षित किया जाएगा।

3. **उत्पादन भवन या कक्ष.**–इस अनुसूची में विनिर्दिष्ट किए गए उपबंधों के प्रवृत्त होने के पश्चात् खतरनाक पैट्रलियम से पैट्रोल गैसों का उत्पादन करने के लिए परिनिर्मित समस्त संयंत्र, कारखाना भवन के बाहर अच्छी प्रकार से संवातित पृथक भवन में (जिसे इसमें, इसके पश्चात, उत्पादन भवन के रूप में निर्दिष्ट किया) परिनिर्मित किए जाएंगे। ऐसे संयंत्र की दशा में, जिसका इस अनुसूची में विनिर्दिष्ट किए गए उपबंधों के प्रवृत्त होने के पूर्व निर्माण किया गया हो, वहां उस कमरे के जिसमें ऐसे सम्बन्धों का निर्माण किया गया है (जिसे इसमें, इसके पश्चात् उत्पादन का कमरा के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) तथा कारखाना भवन के शेष भाग के मध्य कोई सीधा सम्पर्क नहीं होगा। जहां तक व्यवहार्य हो, ऐसे समस्त उत्पादन के कमरे अग्निरोधी सामग्रियों से निर्मित होंगे।

4. **अग्निशामक यन्त्र.**–पैट्रोल से लगी आग को बुझाने के लिए दक्ष साधन खतरनाक पैट्रोलियम से गैस का उत्पादन करने वाले संयंत्र के निकट सहजगम्य स्थिति में अनुरक्षित किए जाएंगे।

5. **संयंत्र का मुख्य निरीक्षक द्वारा अनुमोदित किया जाना.**–खतरनाक पैट्रोलियम से गैस का उत्पादन करने वाले ऐसे संयंत्र में, जिसका नमूना तथा निर्माण मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित किया गया हो, के सिवाए विनिर्मित नहीं की जाएगी।

6. **खतरनाक पैट्रोलियम का बाहर निकालना.**–खतरनाक पैट्रोलियम को किसी नाली या मोरी में निकल जाने से रोकने के लिए प्रभावशाली उपाय किए जाएंगे।

7. **धूम्रपान आदि के संबंध में प्रतिषेध.**–कोई भी व्यक्ति उत्पादन कक्ष या भवन या उसके समीपवर्ती स्थान में धूम्रपान नहीं करेगा या दियासलाई, अग्नि या अनावृत ज्योति या चिनगारी उत्पन्न करेने के अन्य साधन नहीं लाएगा और अधिकांश कर्मकारों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में ऐसे कमरे या भवन में धूम्रपान करनेऔर दियासलाइयां, अग्नि या अनावृत ज्योति या चिंगारी उत्पन्न करने के अन्य साधन ले जाने का प्रतिषेध करते हुए चेतावनी देने वाली सूचना कारखाने में लगाई जाएगी।

8. **खतरनाक पैट्रोलियम या उसके पात्र तक पहुंच.**–किसी भी अप्राधिकृत व्यक्ति की किसी खतरनाक पैट्रोलियम तक या ऐसे पात्र तक, जिसमें खतरनाक पैट्रोलियम हो या जिसमें वास्तव में खतरनाक पैट्रोलियम रहा हो, पहुंच नहीं होगी।

9. **विद्युत फिटिंग.**–समस्त विद्युत फिटिंग ज्वालारोधी निर्मित होंगी तथा समस्त विद्युत संचालक या तो धातु कंडयूट से परिबद्ध होंगे या सीसे से ढके होंगे।

10. **दरवाजों का निर्माण.**–उत्पादन के कमरे या भवन के समस्त दरवाजे बाहर की ओर खुलने वाले या सरकाने वाले बनाये जाएंगे तथा किसी भी दरवाजे में ऐसी रीति से ताला नहीं लगाया जाएगा या उसे अवरोधित या बन्द नहीं किया जाएगा, जिसमें जब गैस का उत्पादन हो रहा हो और कोई व्यक्ति उत्पादन के कमरे या भवन में कार्य कर रहा हो तो उसे अंदर से सरलता से तथा तुरन्त न खोला जा सके।

11. **पात्रों की मरम्मत.**–किसी भी पात्र की, जिसमें खतरनाक पैट्रोलियम रहा हो, उत्पादन के कमरे या भवन में मरम्मत नहीं की जाएगी और ऐसे किसी भी पात्र की तब तक मरम्मत नहीं की जाएगी, जब तक कि पात्र में गरम वाष्प न छोड़ी गई हो और उसका आंतरिक भाग पूर्णतः वाष्प से साफ न कर लिया गया हो या यह सुनिश्चित करने के लिए कि उसे खतरनाक पैट्रोलियम या ज्वलनशील वाष्प से रहित कर दिया गया है, अन्य समान प्रभावी उपाय न कर लिए गए हों।

अनुसूची–VIII

रेत कग, धातु शॉट, या कंकरी या अन्य कोई घिसने की चीजों द्वारा जो दबी हुई (कंप्रेस्ड) वायु या भाव की दबाव गति से चलित हों, वस्तुओं को साफ सुथरा, चिकना, खरखरा आदि करना।

(विस्फोटन (ब्लास्टिंग) विनियमन)

1. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए,–

''विस्फोटन (ब्लास्टिंग) से अभिप्राय है, कंकरी, धातुकरण, रेतकण या अन्य किसी ऐसी वस्तु से दबी हुई वायु या वाष्प की शक्ति से चलित कोई भी वस्तु के किसी पृष्ठ भाग (सरफेस) को साफ, सुथरा, चिकना, खरखरा करना या निकालना;

''विस्फोटन घेरा (ब्लास्टिंग एनक्लोजर)'' से अभिप्राय है, विस्फोटन के लिए बनाया गया कोष्ठ (चेम्बर) बेरल, पेटी (केबिनट) या कोई अन्य घेरा;

विस्फोटन (ब्लास्टिंग) कोष्ठ (चेम्बर)'' से अभिप्राय है, ब्लास्टिंग के ऐसे घेरे जिसमें किसी भी व्यक्ति किसी भी समय किसी कार्य के संबंध में या अन्यथा उसमें प्रवेश कर सके;

''ढली हुई वस्तुओं की सफाई'' से अभिप्राय है, उस स्थिति में जहां पर वह कार्य धातु की ढली हुई वस्तुएं बनाने से संबंधित आनुषंगिक (इंसीडेंटल) या अनुपूरक (सप्लीमेंटल) प्रक्रिया के रूप में किया जाता हो, ऐसी ढली हुई वस्तुओं से चिपके हुए रेत या अन्य पदार्थ से मुक्त करने और उसमें ढली हुई वस्तुओं की सामान्य सफाई तथा कोर निकलना सम्मिलित है, किन्तु इसमें उपचार संबंधी अन्य क्रिया सम्मिलित नहीं है;

2. **रेत के विस्फोटन (ब्लास्टिंग) का प्रतिषेध.**–रेत या अन्य कोई पदार्थ, जिनमें मुक्त सिलिका अन्तर्विष्ट हो, ब्लास्टिंग उपकरण में रगड़ने वाली वस्तु के रूप में प्रविष्ट नहीं की जाएगी और विस्फोटन के लिए उसका उपयोग नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह खण्ड इस अनुसूची के प्रवर्तन में आने के दो वर्ष पश्चात् लागू होगाः

परन्तु यह और कि रेत विस्फोटन की किसी प्रक्रिया में किसी भी महिला या युवा व्यक्ति को नियोजित या कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

3. **विस्फोटन प्रक्रिया के संबंध में सावधानियां.**–(1) विस्फोटन घेरे में ही किया जाएगा तथा विस्फोटन के सिवाय कोई कार्य ओर कहीं नहीं किया जाएगा तथा उसमें ठीक आनुषंगिक कोई कार्य तथा घेरे को खाली करने और इसमें स्थित संयंत्र (प्लांट) तथा उपकरणों सहित घेरे की मरम्मत करने के विस्फोटन घेरे में नहीं किया जाएगा। विस्फोटन घेरे का प्रत्येक द्वार, झरोखा (अपेरचर) तथा जोड़ (ज्वाइंट) जब उसमें विस्फोटन क्रिया चल रही हो, बन्द तथा वायुरूद्ध (एयर टाइट) रखा जाएगा।

(2) विस्फोटन घेरे का अनुरक्षण.–विस्फोटन घेरा सदैव अच्छी दशा में बनाए रखा जाएगा तथा ऐसे घेरे में या उससे संबंधित उपकरणों से धूल का निष्कासन और उसके किसी कमरे की हवा में मिलने से रोकने के लिए प्रभावी उपाय किए जाएंगे।

(3) पृथक्ककारी उपरण का उपबंध.–प्रत्येक विस्फोटन घेरे के लिए तथा उसके संबंध में दक्ष उपकरण यथासाध्य (प्रेक्टिकेबल) अपघर्षक (अबरेसिव) को, जो विस्फोटन के लिए उपयोग में लाया जा चुका हो और जो पुनः अपघर्षक (अबरेसिव) के रूप में लाया जाना हो, विस्फोटन से मिली धूल या अन्य पदार्थ के कणों को पृथक् करने के लिए व्यवस्था की जाएगी तथा बनाए रखा जाएगा और कोई भी ऐसा अपघर्षक (अबरेसिव) तब तक कि इस प्रकार अलग नहीं किया गया हो, जब तक किसी भी विस्फोटन उपकरण में प्रविष्ट नहीं किया जाएगा और न ही विस्फोटन के लिए पुनः उपयोग में लाया जाएगा :

परन्तु यह खण्ड विस्फोटन कोष्ठ (चेम्बर) के सिवाय इस अनुसूची के लागू होने से पूर्व विस्फोटन के लिए निर्मित या स्थापित घेरे के लिए यदि मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की यह राय हो कि ऐसे पृथक्करण उपकरणों की व्यवस्था करना युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य न हो, लागू नहीं होगा।

(4) संवातन संयंत्र (वनटिलेटिंग प्लांट) का उपबंध.–घेरे में निर्मित धूल, यांत्रिक साधन द्वारा लगी निकास ड्राट (एक्जास्ट ड्राट) से निकालने के लिए प्रत्येक विस्फोटन घेरे के लिए एक दक्ष संवातन संयंत्र का प्रावधान किया जाएगा तथा बनाए रखा जाएगा, निकाली गई तथा हटाई गई धूल ऐसे तरीके से तथा ऐसी रीति में निपटान की जाएगी कि वह किसी कमरे की हवा में न फैल सके और कमरे में जिसमें कि उन व्यक्तियों के अतिरिक्त, जो ऐसे बैग या अन्य छानने (फिल्टरिंग) या सेटलिंग युक्ति (डिवाईस) के कार्य में लगे हुए हों, अन्य व्यक्ति नियोजित किए गए हों, स्थित प्रत्येक अन्य छानने (फिल्टरिंग) या सेटलिंग डिवाइस (युक्ति) को खुली हवा में संवातित घेरे में कमरे की सामान्य हवा से पूर्णतः पृथक् रखा जाएगा।

(5) संवातन संयंत्र की क्रिया.– उप–पैरा (4) के प्रयोजन के लिए उपबंधित संवातन संयंत्र (प्लांट) में, जब भी विस्फोटन घेरा उपयोग में हो, चाहे उसमें विस्फोटन वास्तविक रूप में किया जा रहा हो या नहीं, लगातार चालू रखा जाएगा और ऐसी स्थिति में जब विस्फोटन कक्ष में यदि कोई व्यक्ति कक्ष के भीतर सफाई करने के प्रयोजन के लिए हो, तो भी वह चालू रखा जाएगा।

4. निरीक्षण तथा परीक्षण.—(1) प्रत्येक विस्फोटन घेरे को जब विस्फोटन के लिए उपयोग में लाया गया हो, सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रत्येक सप्ताह में कम से कम एक बार विशेष रूप से निरीक्षण किया जाएगा। प्रत्येक विस्फोटन घेरा, उससे संबंधित उपकरण और संवातन संयंत्र (प्लांट) का पूर्ण रूप से परीक्षण किया जाएगा और संवातन संयंत्र के मामले में सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रत्येक मास में कम से कम एक बार जांच की जाएगी।

(2) ऐसे प्रत्येक निरीक्षण, परीक्षण तथा जांच के परिणाम के ब्यौरे रजिस्टर में तत्काल प्रविष्ट किए जाएंगे तथा कारखाने में विस्फोटन के संबंध में नियोजित किसी भी कर्मकार को निरीक्षण के लिए उपलब्ध होगा। ऐसे किसी निरीक्षण, परीक्षण या जांच में पाई गई किसी भी त्रृटि को ऐसे निरीक्षण, परीक्षण या जांच करने वाले व्यक्ति द्वारा कारखाने के अधिभोगी, प्रबंधक या अन्य समुचित व्यक्ति को तुरन्त रिपोर्ट की जाएगी और इस अनुसूची की पूर्वगामी अपेक्षाओं पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना दूर की जाएगी।

5. संरक्षक हेलमेट्स, दस्तानों (गांटलेट) तथा समग्र (ओहवरआल्स) का प्रावधान.—(1) ऐसे समस्त व्यक्तियों के लिए जो विस्फोटन कक्ष में या उससे संबंध किसी कार्य में या उस कक्ष को साफ करने में नियोजित हो, मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता के प्रमाण पत्र द्वारा अनुमोदित प्रकार के संरक्षक (हेलमेट्स) का प्रावधान किया जाएगा तथा उन्हें बनाए रखा जाएगा और ऐसा प्रत्येक व्यक्ति इस उपयोग के लिए उपलब्ध (हेलमेट्स) को जबकि वह कक्ष में हो, पहनेगा और उसे तब तक नहीं उतारेगा, जब तक कि वह कक्ष के बाहर न हो।

(2) प्रत्येक संरक्षक हेलमेट्स पर उस व्यक्ति को, जिसके द्वारा वह उपयोग में लाए जाने के लिए आशयित हो, दर्शाने वाला एक पहचान चिह्न रहेगा और कोई भी व्यक्ति ऐसा हेलमेट जिस पर उसका चिह्न न हो या ऐसा (हेलमेट) जो अन्य व्यक्ति द्वारा पहना जा चुका हो, जब तक कि वह रोगाणुनाशित न कर दिया गया हो, पहनने के लिए अनुज्ञात या अपेक्षित नहीं किया जाएगा।

(3) प्रत्येक संरक्षक हेलमेट जब वह उपयोग में हो, के साथ कम से कम छह घन फुट प्रति मिनट की मात्रा में स्वच्छ और समुचित ठंडी हवा की आपूर्ति की जाएगी।

(4) समस्त व्यक्तियों के उपयोग के लिए, जब वे विस्फोटन का कार्य कर रहे हों या विस्फोटन करने में सहायता कर रहे हों, उपयुक्त दस्तानों (गान्टलेट्स) तथा समग्र (ओव्हरआल्स) का प्रबन्ध किया जाएगा और ऐसा प्रत्येक व्यक्ति जबकि वह ऐसे कार्य में लगा हुआ हो, उसे दिए गए दस्ताने तथा समग्र (ओव्हरआल्स) पहनेगा।

6. सफाई तथा अन्य कार्य के संबंध में सावधानियां.—(1) जहां कोई व्यक्ति विस्फोटन उपकरण या विस्फोटन घेरे या उससे संबंधित किसी अन्य कार्य विस्फोटन घेरे या उससे संबंधित किसी उपकरण या संवातन संयंत्र (प्लांट) की सफाई में लगाया गया हो, जिससे वह धूल के जो कि विस्फोटन से उत्पन्न हुई हो, निश्वासन की जोखिम से सुरक्षित न हो तो ऐसे निश्वासन को रोकने के लिए समस्त व्यवहार्य पूर्वोपाय किए जाएंगे।

(2) खण्ड 5 में निर्दिष्ट किसी सफाई प्रक्रिया के संबंध में और छानने (फिल्टरिंग) या सेटलिंग साधन (डिवाइस) से धूल हटाने के संबंध में धूल का निपटान (डिसपोजल) ऐसी रीति से करने के लिए समस्त व्यवहार्य पूर्वोपाय किए जाएंगे, जिससे वह धूल किसी कमरे की हवा में प्रविष्ट न हो सके। निर्वात मार्जक (वक्यूम क्लीनर्स) का प्रबन्ध किया जाएगा और ऐसी सफाई प्रक्रियाओं में, जब कभी व्यवहार्य हो, उन्हें प्रयोग में लाया जाएगा।

7. सुरक्षात्मक वस्त्र (प्रोटेक्टीव्ह वीयर) के संग्रहण के लिए स्थान.—खण्ड 5 द्वारा मुहैया किए जाने के लिए अपेक्षित हेलमेट, दस्तानों (गान्टलेट्स) तथा समग्र (ओव्हरआल्स) के संग्रहण के लिए पर्याप्त तथा समुचित स्थान प्रत्येक विस्फोटन घेरे के बाहर तथा सुविधानुसार उसके पास ही होगा और ऐसा स्थान स्वच्छ रखा जाएगा। हेलमेट, दस्ताने (गान्टलेट्स) एवं समग्र (ओव्हरआल्स) जब वे वास्तविक उपयोग में न हों, इस स्थान में रखे जाएंगे।

8. सुरक्षात्मक वस्त्रों का रखरखाव तथा सफाई.—इस अनुसूची के प्रयोजनों के लिए मुहैया तथा पहने गए समस्त हेलमेट, दस्ताने (गान्टलेट्स), समग्र (ओव्हरआल्स) तथा अन्य संरक्षक साधन (डिवाइसेस) अच्छी दशा में रखे जाएंगे और जहां तक युक्तियुक्त रूप में व्यवहार्य हो, प्रत्येक सप्ताह में किसी एक दिन, जब उन्हें उपयोग में लाया गया हो, साफ किए जाएंगे, जहां ऐसे संरक्षक कपड़ों या साधनों (डिवाइसेस) की सफाई करने से निकलने वाली धूल से अभिश्वसन होना संभव हो, वहां ऐसे अभिश्वसन को रोकने के लिए समस्त व्यवहार्य पूर्वोपाय किए जाएंगे, ऐसे कपड़ों से धूल हटाने के लिए जहां व्यवहार्य हो, वहां निर्वात मार्जन (वक्यूम क्लीनर्स) उपयोग में लाए जाएंगे और ऐसे कपड़ों से धूल निकालने के लिए दबाव की हवा (कम्प्रेशर एयर) का उपयोग नहीं किया जाएगा।

9. निर्वात सफाई संयंत्र (वक्यूम क्लिनिंग प्लांट) का रखरखाव.—इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए उपयोग में लाए गए निर्वात सफाई संयंत्र (व्हेक्युम क्लीनिंग प्लांट) को उचित रूप से बनाया रखा जाएगा।

10. युवा व्यक्ति के नियोजन करने में निर्बन्धन (रेस्ट्रीक्शन).—(1) 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी व्यक्ति, विस्फोटन करने में या विस्फोटन में सहायता करने या किसी विस्फोटन कक्ष (ब्लास्टिंग चैंबर) में या किसी विस्फोटन कक्ष उपकरण या किसी विस्फोटन घेरे या किसी उपकरण या उससे संबंधित किसी संवातन संयंत्र को साफ करने में नियोजित नहीं किया जाएगा या ऐसे उपकरणों, घेरा या संयंत्र को बनाए रखने या मरम्मत करने के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा।

(2) 18 वर्ष से कम आयु का कोई भी व्यक्ति किसी विस्फोटन घेरे के बीस फुट के भीतर नियमित रूप से कार्य करने के लिए तब तक नियोजित नहीं किया जाएगा, जब तक कि ऐसा घेरा कोई कमरे में हो और वह व्यक्ति उस कमरे के बाहर हो, वहां वह घेरे से आने वाली किसी धूल से प्रभावी रूप से पृथक् हो।

11. छूट देने या शिथिल करने की शक्ति.—(1) यदि मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाए कि किसी कारखाने या कारखाने के किसी वर्ग में किसी विशिष्ट निर्माण या प्रक्रिया (धातु ढालने की आनुषंगिक या अनुपूरक प्रक्रिया को छोड़कर) विस्फोटन में रेत या अपघर्षक (अब्रेसिव) के रूप में (फ्री)/सिलिका के साथ अन्य पदार्थ का उपयोग आवश्यक है और निर्माण या प्रक्रिया ऐसे अपघर्षक (अब्रेसिव) के उपयोग के बिना कार्यान्वित नहीं किया जा सकता है या कार्य की विशेष शर्तों या विशेष तरीके के कारण या अन्यथा इस अनुसूची की किसी आवश्यकता को अस्थायी रूप से या स्थायी रूप से निलंबित या किसी ऐसी आवश्यकता को लागू करना किसी कारण से अव्यवहार्य या अनुपयुक्त है, तो वह राज्य सरकार की पूर्व स्वीकृति से लिखित में आदेश द्वारा इस अनुसूची के ऐसे उपबंधों के उक्त कारखानों के वर्ग को किसी ऐसी सीमा तक तथा ऐसी शर्तों के अध्यधीन और ऐसी अवधि के लिए जो कि उक्त आदेश में विनिर्दिष्ट की जाए, छूट दे सकता है।

(2) जहां उपखण्ड (1) के अधीन छूट स्वीकृत की जा चुकी हो, वहां उस आदेश की एक प्रति कारखाने के मुख्य प्रवेश स्थान के सूचना पट्ट पर उस स्थान पर भी जहां विस्फोटन किया जाता हो, प्रदर्शित की जाएगी।

अनुसूची – IX

कच्ची खालों और चमड़ों की लाइमिंग तथा उनको कमाना (टैनिंग) और उससे प्रासंगिक प्रक्रियाएं

1. **सचेतक नोटिस.**–(1) सचेतक के नोटिस कारखाने के ऐसे प्रमुख स्थानों पर, जहां वे नियोजित व्यक्तियों द्वारा सरलता से तथा सुविधापूर्वक पढे जा सके, चिपकाये जाएंगे।

(2) सचेतक नोटिस की एक प्रति प्रत्येक नियोजित व्यक्ति को, जब वह काम पर लगाया जाए और तत्पश्चात्, यदि नियोजित रहता हो, तो प्रत्येक कलेण्डर वर्ष के प्रथम दिन को दी जाएगी।

(3) चमड़ी के क्रोम के प्रभाव के संबंध में सचेतक नोटिस प्रत्येक कारखाने के, जिसमें क्रोम का घोल उपयोग में लाया जाता हो, प्रमुख स्थानों पर चिपकाए जाएंगे और ऐसे नोटिस ऐसी जगह लगाए जाएंगे, जिससे नियोजित व्यक्तियों द्वारा सरलता से तथा सुविधापूर्वक पढ़े जा सके।

(4) ''प्राथमिक उपचार'' पेटी या अलमारी की स्थिति ऐसी पेटी तथा अलमारी के भारसाधक व्यक्ति का नाम बताने वाली सुचनाएं कारखाने के प्रमुख स्थानों पर चिपकाई जाएंगी।

(5) यदि कारखाने में नियोजित कोई व्यक्ति अशिक्षित हो, तो पैरा 1, 2 तथा 4 में विनिर्दिष्ट किए गए नोटिसों की विषय–वस्तु को और यदि कारखाने में क्रोम के घोल उपयोग में लाए जाते हों, तो पैरा 3 में विनिर्दिष्ट नोटिसों की विषय–वस्तु को ऐसे अशिक्षित व्यक्ति को सावधानीपूर्वक समझाने के प्रभावी उपाय किए जाएंगे।

2. **सुरक्षात्मक वस्त्र.**–अधिभोगी सुरक्षात्मक वस्त्र की निम्नलिखित वस्तुओं को उपलब्ध करवाएगा तथा उन्हें अच्छी दशा में बनाये रखेगाः–

(क) क्रोम धातु घोलों से सम्पर्क सन्निहित करने वाली प्रक्रियाओं जिसमें ऐसे घोलों का निर्माण भी सम्मिलित है, में नियोजित व्यक्तियों के लिए बरसाती जूते, पायंचे, एप्रन तथा दस्ताने;

(ख) चूनाबाड़ा में नियोजित व्यक्तियों के लिए दस्ताने तथा जूते; और

(ग) खण्ड (क) तथा (ख) में विनिर्दिष्ट प्रक्रियाओं के अतिरिक्त खाल या चमड़े के काम को सम्भालने में सन्निहित होने वाली प्रक्रियाओं में नियोजित व्यक्तियों के लिए सुरक्षात्मक जूते, एप्रन तथा दस्ताने :

परन्तु –

(i) दस्ताने, एप्रन, पायंचे या जूते, रबर या चमड़े के हो सकते हैं, किन्तु उपखण्ड (क) तथा (ख) के अधीन मुहैया दस्ताने तथा जूते रबर के होंगे;

(ii) हाथ से मांस निकालने वाले या ऐसी प्रक्रियाओं में, जिसमें चूना, सोडियम सल्फाइड या अन्य कास्टिक मदिरा से सम्पर्क होने का जोखिम न हो, नियोजित व्यक्तियों को दस्तानों का प्रबन्ध नहीं किया जा सकेगा।

3. **धुलाई सुविधायें, भोजन–कक्ष तथा अमानती समानघर.**–समस्त नियोजित व्यक्तियों के उपयोग के लिए निम्नलिखित की व्यवस्था की जाएगी और उन्हें स्वच्छ दशा में तथा अच्छी अवस्था में रखा जाएगा।

(क) चिकनी अपारगम्य सतह का एक टब होगा, जिसमें प्लग रहित वेस्ट पाइप फिट किया होगा और यह पर्याप्त लम्बाई का होगा, जिससे किसी एक समय में नियोजित प्रत्येक दस व्यक्तियों के लिए कम से कम दो फुट का स्थान मिल सके तथा जिसमें टब के ऊपर लगी हुई टोंटियों या फव्वारों से, जो दो फुट से अनधिक अन्तर पर होंगे, जल का सतत प्रदाय होता हो; या

(ख) किसी एक समय में नियोजित ऐसे प्रत्येक दस व्यक्तियों के लिए कम से कम एक वाश बेसिन होगा, जो वेस्ट पाइप तथा प्लग से फिट किया होगा, जिसमें जल का सतत् प्रदाय होता हो साथ ही दोनों में किसी भी दशा में नाखून साफ करने के ब्रुशों, साबुन या अन्य उपयुक्त स्वच्छता सामग्री और स्वच्छ तौलियों का पर्याप्त प्रदाय होगा; या

(ग) भोजन के अन्तरालों के दौरान परिसर में रहने वाले व्यक्तियों के लिए उपयुक्त भोजन कक्ष, (1) पर्याप्त मेजों तथा बेंचों, और (2) भोजन गरम करने तथा पानी उबालने के लिए समुचित साधनों से सज्जित होगा। भोजन कक्ष (1) किसी ऐसे कमरे या छायाबान से, जिसमें खालों या चमड़ों का संग्रह किया जाता हो, उपचार किया जाता हो या परिचालन किया जाता हो, पृथक होगा, (2) अमानती समानघर से पृथक होगा, और (3) किसी उत्तरदायी व्यक्ति के प्रभार में रखा जाएगा।

(घ) अधिभोगी समस्त नियोजित व्यक्तियों के उपयोग के लिए कार्य के घंटों के दौरान उतारे गए परिधानों के लिए यथोचित स्थान का तथा सुरक्षात्मक परिधान के लिए एक अन्य स्थान का प्रबन्ध करेगा तथा बनाए रखेगा और दोनों मामलों में परिधानों की यदि गीले हो, तो सुखाने के लिए पर्याप्त प्रबंध भी करेगा। इस प्रकार मुहैया स्थान सभी समय स्वच्छ रखा जाएगा और किसी उत्तरदायी व्यक्ति के प्रभार में रखा जाएगा।

4. कार्य के कमरों में खाद्य, पेय आदि का प्रतिषेधित होना.—कार्य के किसी भी कमरे में या किसी भी छायाबान में, जिसमें खालों या चमड़ों का संग्रह किया जाता हो, उपचार किया जाता है या परिचालन किया जाता हो, किसी भी कर्मकार द्वारा न तो कोई भी खाद्य, पेय पान तथा सुपारी या तंबाकू लाई जाएगी और न ही उसका उपभोग किया जाएगा।

5. प्राथमिक उपचार प्रबन्धन.—अधिभोगी (क) चिकित्सा अधिकारी द्वारा एक सप्ताह में दो बार बनाए जाने वाले क्रोम घोल के सम्पर्क में आने वाले सभी व्यक्तियों के हाथों का निरीक्षण करने का प्रबन्ध करेगा।

(ख) कर्मकारों को सहज ही सुलभ पेटी में उपयुक्त मरहम तथा अपारगम्य जल विरोधी प्लास्टर की पर्याप्त आपूर्ति मुहैया करेगा तथा बनाए रखेगा तथा जो केवल मरहम तथा प्लास्टर रखने के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त की जाएगी।

अनुसूची – X

प्रिंटिंग प्रैस तथा टाइप फाउन्ड्री में सीसे तथा सीसा सामग्री की कतिपय प्रक्रियाएं करना

1. **छूट.**–जहां मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाए कि इस अनुसूची के समस्त या कोई उपबन्ध नियोजित व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए आवश्यक नहीं हैं, तो वह लिखित प्रमाण–पत्र द्वारा किसी कारखाने को ऐसी शर्तों के अध्यधीन जो वह उसमें विनिर्दिष्ट करे, ऐसे समस्त या किन्हीं भी उपबन्धों से छूट दे सकता है। ऐसा प्रमाण पत्र मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा किसी भी समय प्रतिसंहरण किया जा सकता है।

2. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए :–

(क) ''सीसायुक्त सामग्री'' से अभिप्राय है, ऐसी सामग्री जिसमें कम से कम पांच प्रतिशत सीसा हो;

(ख) ''सीसे की प्रक्रिया'' से अभिप्राय है,–

(i) ढालने के लिए सीसे या सीसे की किसी सामग्री को गलाना;

(ii) उपयोग में लाई गई सीसेयुक्त सामग्री से मशीनों की रिचार्जिंग;

(iii) कोई अन्य कार्य जिसमें घरिया से मैल हटाना, मूसल को साफ करना सम्मिलित हैं; और

(iv) सीसेयुक्त सामग्री का परिचालन करने, उसे वहन करने या उसके अन्य उपचार।

(ग) ''दक्ष वायु निष्कासन'' से अभिप्राय है, गैस, वाष्प, धूल या धुएं को निकालने के लिए ताप या यांत्रिक साधनों द्वारा किए गए स्थानीय संवातन जिससे उन्हें किसी स्थान की, जिसमें काम किया जा रहा हो, वायु के मिल जाने से रोका जा सके। किसी भी वायु निष्कासन को दक्ष नहीं समझा जाएगा, जो गैस, वाष्प, धुआं या धूल को उस स्थान से हटा न सके, जहां वे उत्पन्न होती हों।

3. **वायु निष्कासन (एग्जास्ट ड्राफ्ट).**–(1) निम्नलिखित प्रक्रियाओं में से वायु निष्कासन के सिवाए, कोई भी प्रक्रिया नहीं की जाएगी–

(क) सीसेयुक्त सामग्री या स्लग (कोष्ठ) को गलानो;

(ख) सीसेयुक्त सामग्री को गरम करने की, ताकि वह वाष्प जिसमें सीसा अन्तर्विष्ट हो, निकाली जा सके :

परन्तु पूर्वोक्त प्रक्रिया दक्ष वायु निष्कासन के बिना की जा सकती है, यदि वे किसी स्थान में ऐसी रीति में किया जाए जिसमें कि कार्य किया जाता हो, गैस, वाष्प, धुआं और धूल में आसानी से मिल जाने से उसे रोका जा सके या कि विद्युत द्वारा गरम किए गए तथा थमोस्टेटिकली नियंत्रित धरिया में की जाए।

(2) ऐसा वायु निष्कासन यांत्रिक साधनों द्वारा किया जाएगा और इस प्रकार बनाया जाएगा, जिससे निकली हुई धूल, धुआं, गैस या वाष्प पर उसकी उत्पति के स्थान के यथासंभव निकट कार्य कर सके।

4. **गर्भवती स्त्रियों तथा युवा व्यक्तियों के संबंध में प्रतिषेध.**–किसी भी गर्भवती स्त्री या युवा व्यक्तियों को सीसे की किसी भी प्रक्रिया में नियोजित या कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

5. **कतिपय प्रक्रियाओं का पृथक्करण.**–निम्नलिखित प्रक्रियाओं में से प्रत्येक को ऐसी रीति तथा ऐसी स्थितियों के अधीन किया जाएगा, जिससे एक का दूसरे से तथा किसी अन्य प्रक्रिया से प्रभावी पृथक्करण सुनिश्चित किया जा सके :–

(क) सीसे का या सीसेयुक्त सामग्री को गलाने की;

(ख) सीसे की सीलें (लैड इन्गाट्स) ढालने की; तथा

(ग) मेकेनिकल कम्पोजिंग (यांत्रिक रचना) की।

6. **धातुमल रखने के लिए पात्र.**–कसकर लगने वाले ढक्कन से युक्त एक उपयुक्त पात्र की व्यवस्था की जाएगी, जो धातुमल के लिए, जैसे ही कि वह प्रत्येक मेल्टिंग पाट से निकाला जाए, उपयोग में लाया जाएगा। ऐसा पात्र, जब कार्य के कमरे में मशीन के निकट हो, तो जब उसमें धातुमल इकट्ठा किया जा रहा हो, के सिवाए, ढंका हुआ रखा जाएगा।

7. **कार्य के कमरे का फर्श.**–प्रत्येक कार्य के कमरे का, जिसमें सीसे की प्रक्रिया की जाती हो, फर्श –

(क) सीमेंट या समान प्रदार्थ का होगा, जिससे कि वह चिकना हो और जल से अपारगम्य रहे;

(ख) अच्छी स्थिति में बनाए रखा जाएगा;

(ग) जब उस स्थान में कोई अन्य कार्य नहीं किया जा रहा हो, उस समय अच्छी तरह पानी छिड़कने के पश्चात् प्रतिदिन पूर्ण रूप से साफ किया जाएगा।

8. **भोजन करने का कमरा (मैस रूम).**–सीसे की प्रक्रिया में नियोजित तथा भोजन के लिए अन्तरालों के दौरान परिसर में रहने वाले समस्त व्यक्तियों के उपयोग के लिए एक उपयुक्त भोजन कक्ष की, जो पर्याप्त मेजों तथा बैंचों से सज्जित होगा, व्यवस्था की जाएगी तथा उसे बनाए रखा जाएगा।

9. धुलाई की सुविधाएं.—(क) सीसे की प्रक्रिया में नियोजित समस्त व्यक्तियों के उपयोग के लिए स्वच्छ तथा अच्छी अवस्था में निम्नलिखित की व्यवस्था की जाएगी तथा उसे बनाए रखा जाएगा :

(क) धुलाई स्थान, जिसमें या तो—

(i) चिकनी अपारगम्य सतह का एक टब होगा, जिसमें प्लग रहित वेस्ट पाइप फिट किया होगा और वह पर्याप्त लम्बाई का होगा, जिससे किसी एक समय में नियोजित प्रत्येक पांच व्यक्तियों के लिए कम से कम दो फुट का स्थान मिल सके ताकि जिसमें टब के ऊपर लगी हुई टोंटियों या फव्वारों से, जो दो फुट से अनधिक अन्तर पर होंगे, स्वच्छ जल का सतत् प्रदाय होता हो; या

(ii) किसी एक समय में नियोजित ऐसे प्रत्येक व्यक्ति के लिए कम से कम एक वाश बेसिन होगा, जो वेस्ट पाइप तथा प्लग से फिट किया होगा तथा जिसमें जल का पर्याप्त प्रदाय होगा या सदैव शीघ्रता से उपलब्ध हो सकेगा; और

(ख) साबुन या अन्य उपयुक्त स्वच्छता सामग्री के पर्याप्त प्रदाय सहित उपयुक्त सामग्री से बनी हुई स्वच्छ तौलियों को, जो प्रतिदिन बदला जाएगा, पर्याप्त प्रदाय होगा।

10. चिकित्सा जांच.—(क) सीसा प्रक्रिया में नियोजित व्यक्ति की ऐसी प्रक्रिया में उसकी प्रथम नियुक्ति के चौदह दिन के भीतर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा चिकित्सा जांच की जाएगी तथा उसके बाद तीन मास से अनधिक के अन्तरालों पर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा जांच की जाएगी तथा ऐसी जांच का रिकार्ड प्ररूप 31 में उपयुक्तता के विशेष प्रमाणपत्र में प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा दर्ज किया जाएगा।

(ख) किसी सीसा प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों के नाम वाला स्वास्थ्य रजिस्टर प्ररूप—30 में रखा जाएगा।

(ग) कोई भी व्यक्ति निलम्बन के बाद स्वास्थ्य रजिस्टर में दर्ज प्रमाणकर्ता सर्जन की लिखित स्वीकृति के बिना किसी सीसा प्रक्रिया में नियोजित नहीं किया जाएगा।

11. कार्य के कमरे में खाद्य, पेय आदि का प्रतिषेधित होना.—कार्य के किसी भी कमरे में, जिसमें सीसे की कोई भी प्रक्रिया की जाती हो, किसी भी कर्मकार द्वारा न तो किसी खाद्य, पेय, पान, सुपारी या तम्बाकू का उपयोग किया जाएगा और न ही उसे लाया जाएग।

12. सुरक्षात्मक वस्त्र.—अधिभोगी सीसा प्रक्रिया के सभी व्यक्तियों को प्रत्येक वर्ष दो पूरी बाजू के समग्र (ओवरआल) मुहैया करेगा, उनकी साप्ताहिक धुलाई का प्रबन्ध करेगा तथा उन्हें अच्छी अवस्था में रखेगा। ऐसी प्रक्रिया में नियोजित व्यक्ति ऐसे कार्य में लगने के समय इन समग्रों (ओवरआल) को पहनेंगे।

अनुसूची – XI

रासायनिक कार्य

भाग–एक

1. **लागूकरण.**–यह अनुसूची रासायनिक कार्यों में किए जाने वाले समस्त विनिर्माण और उससे आनुषंगिक प्रक्रियाओं पर लागू होगी।

2. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए–

(क) ''रासायनिक कार्य'' से अभिप्राय है, किसी कारखाने या कारखाने के ऐसे भागों में किए जाने वाले कार्य जो इस अनुसूची के परिशिष्ट ''क'' में सूचीबद्ध किए गए हैं;

(ख) ''दक्ष वायु निष्कासक'' से अभिप्राय है, गैस, वाष्प, धुआं या धूल को बाहर निकालने के लिए यांत्रिक या अन्य साधनों द्वारा प्रभावी किए गए स्थानीय संवातन जिससे ऐसे किसी स्थान, जिसमें काम किया जा रहा हो, की वायु में उसे मिल जाने से रोका जा सके;

(ग) ''विरंजक चूर्ण (ब्लीचिंग पाउडर)'' से अभिप्राय है, विरंजक चूर्ण (ब्लीचिंग पाउडर) जिसे सामान्यतः चूने का क्लोराइड कहा जाता है;

(घ) ''क्लोरेट'' से अभिप्राय है, क्लोरेट या पर–क्लोरेट;

(ङ) ''कास्टिक'' से अभिप्राय है, पोटेशियम या सोडियम का हाईड्रोक्साईड;

(च) ''क्रोमो प्रक्रिया'' से अभिप्राय है, पोटेशियम या सोडियम के क्रोमेट या बाइक्रोमेट के विनिर्माण या इन पदार्थों के परिचालन, संचालन या अन्य उपचार;

(छ) ''नाइट्रो या एमीनो प्रक्रिया'' से अभिप्राय है, फीनोल तथा बेन्जीन या इनके समरूप पदार्थों के नाइट्रो या एमीनों यौगिकों का विनिर्माण और इन पदार्थों में से किसी के भी उपयोग से विस्फोटक पदार्थ बनाना;

(ज) शब्द ''कार्य करने की अनुमति'' प्रणाली से अभिप्राय है, भाग–दो के पैरा–20 के अधीन अधिकथित प्रक्रिया का अनुपालन;

(झ) ''विषैले पदार्थ'' से अभिप्राय है, वे सभी पदार्थ जो जब वे मानव शरीर में श्वॉस लेने या खा लेने या त्वचा द्वारा सोखने के द्वारा पर्याप्त मात्रा में प्रविष्ट हो जाने से इसके स्वाभाविक रासायनिक या जीव वैज्ञानिक प्रभावों से आरक्षित होने के कारण मनुष्य की मृत्यु या उसके स्वास्थ्य को गंभीर रूप से पीड़ा या उसके स्वास्थ्य में दीर्घ स्थायी हानिकारक प्रभाव कर दें। उन पदार्थों के संबंध में, जिनका नियमों में टी.एल.वी. (स्वीकार योग्य स्तर) विनिर्दिष्ट है। उसमें विनिर्दिष्ट उसकी सान्द्रता से अधिक सान्द्रता होने पर वह विषैला पदार्थ होगा;

(ञ) ''आपात स्थिति'' से अभिप्राय है, उस स्थिति या दशा जिससे कि मनुष्य के स्वास्थ्य या जीवन को खतरा हो या जिससे बड़ी मात्रा में आग या विस्फोट या कार्यस्थल तथा बाहरी वातावरण प्रदूषित हो जाए और जो कर्मकारों या आसपास के स्थान के गंभीर रूप से प्रभावित कर दे और जिस परिस्थिति या जिन परिस्थितियों में तत्काल कार्यवाही की जानी अपेक्षित हो;

(ट) ''खतरनाक रासायनिक प्रतिक्रिया'' से अभिप्राय है, तेज गति प्रक्रिया जैसे रनअवे प्रतिक्रिया, विलम्बित प्रतिक्रिया और जिनके कारण बहुत ज्यादा मात्रा में ऊष्मा का निक्षेप, ज्वलनशील या विषैली गैस या वाष्प का तीव्र निष्कासन, अचानक दाब का बनना आदि होता है;

(ठ) ''मैनीपुलेशन (परिचालन)'' से अभिप्राय है, मिश्रित करना, मिलाना, भरना, खाली करना, पिसाई करना, छानना, सुखाना, पैक करना, झाड़ू या सफाई करना, काम करना, उपयोग करना आदि;

(ड) ''अनुमोदित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण'' से अभिप्राय है, वे व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जो संबंधित भारतीय मानक संस्थान (आई.एस.आई.) के अनुरूप हो या उसके अभाव में मुख्य कारखाना निरीक्षक–एवं– सुविधाप्रदाता द्वारा व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरण अनुमोदित किए गए हों;

(ढ) ''उपयुक्त व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण'' से अभिप्राय है, वह व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जो कर्मकार द्वारा उपयोग किए जाने पर उसके जीवन या स्वास्थ्य या शरीर का कोई जोखिम न हो;

(ण) ''परिरूद्ध स्थल (कन्फाइन्ड स्पेस)'' से अभिप्राय है, कोई स्थान जो अपनी संरचना के कारण, साथ ही उसमें किए जा रहे कार्य की प्रकृति के संबंध में उसमें प्रविष्ट होने या वहां काम करने वाले व्यक्ति के लिए जोखिम विद्यमान हो, काम या काम के दौरान जोखिम उत्पन्न होने की संभावना हो।

भाग –II

सामान्य अपेक्षाएं

परिशिष्ट ''घ'' में वर्णित सभी संकर्मों को लागू होने वाली सामान्य अपेक्षाएं

1. **गृह व्यवस्था.**–(1) कोई सामग्री फैल जाने पर और आगे प्रक्रिया से पहले उसे साफ किया जाएगा।

(2) फर्श, चबूतरे, सीढ़ियां, मार्ग, गलियारे किसी प्रकार की बाधाओं से मुक्त रखे जाएंगे।

(3) संयंत्र के सभी भागों की सफाई को सूकर बनाने हेतु उसके सभी भागों तक पहुंचने के लिए सुगम साधन प्रदत्त होंगे।

2. **रसायनों का अनुचित उपयोग.**–कर्मकारों द्वारा किन्हीं भी रसायनों या विलायकों का या किन्हीं खाली कन्टेनरों का, जिनमें से रसायन या विलायक रहा हो, उन प्रक्रियाओं को छोड़कर, जिनके लिए उनका प्रदाय किया गया है, किन्हीं अन्य प्रयोजनों हेतु उपयोग नहीं किया जाएगा।

3. **खाद्य सामग्री के उपयोग का प्रतिषेध आदि.**–किसी भी खाद्य, पेय, तंबाकू, पान या खाने योग्य वस्तु का संयंत्र या उपकरण के किसी भी भाग पर या उसके समीप में न तो संग्रह किया जाएगा या न ही उसे गर्म किया जाएगा और न ही उसका उपयोग किया जाएगा।

4. **सावधानी सूचनाएं या अनुदेश.–**

उपरोक्त सचेतक सूचना के अतिरिक्त कर्मकारों को, प्रक्रिया के खतरों के बारे में विशेष तौर पर जिनसे कि वे काम के समय संपर्क में आ सकते है, शिक्षित तथा अनुदेशित किए जाने की व्यवस्था की जाएगी। ऐसी शिक्षा तथा अनुदेशों में और असुरक्षित और सामान्य तथा असामान्य स्थितियों में प्रयुक्त पदार्थों के गुण और हर खतरे के बारे में बरती जाने वाली सावधानियां भी सम्मिलित होंगी। कर्मकारों के नियोजन के एक मास के भीतर और पुराने कर्मकारों से इस नियम के क्रियान्वयन में आने के एक मास के भीतर एक वचन पत्र लिया जाएगा कि उन्होंने सावधानी सूचनाएं और अनुदेशों को पढ़ लिया है, समझ लिया है और वे उसका पालन करेंगे। सभी कर्मकारों के तथा सभी पर्यवेक्षक कर्मचारियों के प्रशिक्षण तथा अनुदेशों में विभिन्न प्रकार के पात्रों (बर्तनों) और पाइप लाइनों पर लगाए गए लेबलों या किए गए रंगों और चिह्नों का आशय या विशिष्टता जानना भी सम्मिलित होगा।

5. **मूल्यांकन और प्रक्रिया प्रारम्भ करने से पहले सुरक्षा के उपबंध.**–(1) किसी प्रक्रिया या मनोगिक कार्य या परिशिष्ट–क के अधीन वर्णित किसी नए विनिर्माण को प्रारम्भ करने से पूर्व अधिभोगी वास्तविक में निहित खतरे और रासायनिक प्रतिक्रियाओं तथा खतरनाक रासायनिक प्रतिक्रियाओं में निहित खतरों, दोनों को पूरी तरह जानने के लिए सभी संभव कदम उठाएगा। उपयोग किए जा रहे कच्चे माल वाले अंतिम उत्पाद जो बनाए जाने हैं और विनिर्माण के दौरान उत्पन्न होने वाले किन्हीं गौण उप–उत्पादों के गुणों का सावधानीपूर्वक अध्ययन किया जाएगा और विनिर्माण के दौरान उत्पन्न होने वाले किन्हीं खतरों तथा उसके कर्मकारों पर प्रभावों का सामना करने के लिए व्यवस्था की जाएगी।

(2) रूपांकन स्थिति से निराकरण स्थिति तक प्रक्रिया के विवरण उसके खतरे तथा उपरोक्त उप–पैरा (1) में वर्णित अनुसार सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए या उठाए जाने वाले कदमों की लिखित में विस्तृत जानकारी मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को जल्दी से जल्दी परिशिष्ट 'क' में सम्मिलित किसी वस्तु के विनिर्माण उसको काम में लाने या उसका भण्डारण करने में, किसी भी दशा में कम से कम पन्द्रह दिन पूर्व दी जाएगी, चाहे वह प्रयोगात्मक आधार पर या प्रायोगिक संयंत्र या ट्रायल उत्पादन या बड़े पैमाने पर विनिर्माण के रूप में हो।

(3) इस प्रकार मूल्यांकन किए गए स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के विरूद्ध सभी खतरों का भवनों संयंत्र तथा सुविधाओं के रूपांकन, विनिर्माण, संरचना, स्थापना, चालन, अनुरक्षण और निपटान के समय उनसे कारगर सुरक्षा हेतु ध्यान रखा जाएगा।

(4) उप–पैरा (1) से (3) के अधीन की गई अपेक्षाएं कार्य को शासित करने वाले किसी अधिनियम में दिए गए किसी अन्य उपबंधों के स्थान पर या उनके अल्पीकरण में नहीं होंगे।

6. **प्राधिकृत प्रवेश.**–कारखाने या संयंत्र के किसी भाग में जहां किसी प्रकार की खतरनाक संक्रिया या प्रक्रिया चलाई जा रही हो या जहां खतरनाक रासायनिक प्रतिक्रियाएं हो रही हों, जहां खतरनाक रसायनों का भण्डारण हो, वहां केवल प्राधिकृत व्यक्तियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी।

7. **उपकरणों तथा सुरक्षा यन्त्रों का परीक्षण.**–(1) प्रक्रिया में उपयोग में लाए जा रहे सभी उपकरण तथा सुरक्षा यन्त्रों की, उनके उपयोग के पहले तथा उसमें की गई किसी मरम्मत के बाद, मास में एक बार किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा जांच की जाएगी। ऐसी जांच तथा परीक्षणों के अभिलेख एक रजिस्टर में रखे जाएंगे।

(2) प्रक्रिया में उपयोग लिए जा रहे उपकरणों तथा सुरक्षा यन्त्रों को प्रतिदिन या बहुधा, जैसा प्रायः जरूरी हो, संचालित किया जाएगा, ताकि हर समय इसका प्रभावी तथा दक्ष रूप से कार्य करना सुनिश्चित हो।

8. **विद्युत संस्थापनाएं.**—परिशिष्ट ''क'' में सम्मिलित प्रक्रियाओं में उपयोग में लाई गई सभी विद्युत स्थापनाएं उस क्षेत्र में मौजूद खतरों जैसे धूल, नमी, क्षरण, ज्वलनशीलता और विस्फोटकता आदि से सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त प्रकार की होगी और जो उस क्षेत्र के लिए उनके निर्माण तथा उपयोग को शासित करने वाली सुसंगत आई.एस.आई. विशिष्टियों के अनुरूप होंगी।

9. **रसायनों को संभालना और उनका भंडारण.**—(1) रसायनों की संभाल और भंडारण के लिए पात्र (कन्टेनर), उसमें निहित खतरों को दृष्टिगत रखते हुए पर्याप्त शक्तिशाली होंगे। कन्टेनरों तथा उसमें भरे पदार्थों की पहचान हेतु उन पर उपयुक्त लेबल तथा रंगों के चिह्न भी लगाए जाएंगे, जो संबंधित आई.एस.आई. विशिष्टियों के अनुरूप होंगे। लेबल पर दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाएगा। क्षतिग्रस्त कन्टेनरों का प्रयोग केवल उत्तरदायी तथा ज्ञानवान व्यक्ति के पर्यवेक्षण में किया जाएगा और फैले हुए पदार्थों को उपयुक्त साधनों को प्रयुक्त करके सुरक्षित तरीके से हानि रहित किया जाएगा।

(2) प्रतिक्रिया बरतनों और कन्टेनरों में रसायनों को चार्ज करने को सम्मिलित करते हुए रसायनों के भण्डारण की व्यवस्था इस प्रकार होगी कि आग या विस्फोट या पदार्थों की जहरीली सान्द्रता का नियमों में विनिर्दिष्ट सीमाओं से ऊपर निर्माण निवारित किया जा सके।

(3) उपरोक्त उप–पैरा (2) में अपेक्षाओं की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, व्यवस्थाएं उपयुक्त संवातन सुविधाएं और बरतनों तथा कन्टेनरों में सुरक्षित स्तर बनाए रखा जाएगा। ऐसी व्यवस्था में भण्डारण की किस्म तथा भण्डारण की क्षमता पास में भंडारित अन्य रसायनों के साथ पदार्थों की अपेक्षाओं की संगतता का भी ध्यान रखा जाएगा।

(4) (क) रसायनों और अन्तस्थ उत्पादों, जो अत्यन्त अस्थिर या प्रतिक्रियाशील या विस्फोटक हो, उनका भण्डारण दो मास के उपयोग हेतु अपेक्षित मात्रा तक सीमित होगा।

(ख) जहां कहीं उपरोक्त खण्ड (क) में अधिकथित मात्रा में वृद्धि की जानी हो तो उसके लिए मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता से अनुमति लेनी होगी।

(ग) उपरोक्त खंड (क) और (ख) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी मुख्य कारखाना निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता परिशिष्ट ''क'' में सम्मिलित प्रक्रियाओं को करने वाले किन्हीं कारखानों का सुरक्षा की दृष्टि से खतरनाक पदार्थों की दो मास के उपयोग हेतु अपेक्षित मात्रा से कम भण्डारण का निर्देश दे सकता है।

(5) बड़े से बड़े कन्टेनर की क्षमता के बराबर एक आपाती कन्टेनर की व्यवस्था हर समय उपलब्ध होगी, ताकि किसी कन्टेनर में कोई दोष आ जाने के परिणामस्वरूप विषैले पदार्थ की रिसन हो जाने पर विषेले पदार्थ को आपाती कन्टेनर में शीघ्रता से स्थानान्तरित किया जा सके।

(6) अधातु सामग्री जैसे कि फायबर ग्लास, प्रबलित प्लास्टिक (एफ.आर.पी.), सभी कांच के बर्तन आदि का उपयोग करके संनिर्मित कोई भण्डारण सुविधा अन्तर्वस्तुओं से उत्पन्न प्रतिबल, यदि कोई हो, तो को सहन करने के लिए पर्याप्त रूप से शक्तिशाली होगी और वह भण्डारण भली प्रकार के जुड़ी या स्थिर की हुई होंगी। ऐसे भण्डारण सुविधा में उपयोग में लाए जा रहे काम के चबूतरे, पहुंच सीढ़ियां, पाइप लाइनें, आदि से और भण्डारण सुविधा की संरचना के सहारे न तो टिकी हुई न तो जुड़ी होकर स्वतंत्र सहारे से लगाई जाएंगी।

10. **पृथक्करण की सुविधा.**—संयंत्र और उपकरण इस प्रकार सन्निर्मित तथा अनुरक्षित किए जाएंगे कि जिससे संयंत्र या संयंत्र का भाग या उपकरण उपयुक्त संकेत के साथ शीघ्रता से पृथक् किए जा सके। सुरक्षा कार्मिक, रखरखाव तथा स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्मिकों के पास हर समय पृथक्करण सुविधा दर्शाने वाली ले–आउट योजना की एक–एक की प्रति सदैव उपलब्ध रहेगी और मास में एक बार इन पृथक्करण सुविधाओं के प्रभावी होने के बाबत् जांच की जाएगी।

11. **व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण.**—(1) इन अनुसूची के अन्तर्गत आने वाली प्रक्रियाओं में निहित खतरों का सामना करने वाले सभी कर्मकारों को उपयुक्त तथा अनुमोदित किस्म के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण मुहैया कराए जाएंगे। ऐसे उपकरण जारी किए जाने से पहले पूरी तरह साफ, कीटाणु रहित तथा स्वास्थ्यकारी दशा में होंगे।

(2) अधिभोगी सभी कर्मकारों को काम करते समय व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उपयोग के बारे में अवगत, शिक्षित करने तथा उसके बारे में निगरानी करने की व्यवस्था करेंगे।

(3) किसी व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण के समुचित होने के बारे में किसी संदेश के संबंध में मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता का निर्णय अंतिम होगा।

12. **चेतावनी प्रणाली.**—(1) ध्वनि और दृश्य संकेत देने वाली उपयुक्त तथा प्रभावी चेतनावनी प्रणाली, नियंत्रण कक्ष तथा अनुकूल स्थलों प्रक्रिया जहां पर नियन्त्रण व्यवस्था उपलब्ध है, स्थापित की जाएगी, जिससे कि चालन–मानक (पैरामीटर) निर्धारित सुरक्षित स्थर के आगे बढ़ने या आग या विस्फोट स्थिति की ओर अग्रसर होने के पहले ही सुधार या सही करने की कार्यवाही की जा सके। ऐसी चेतावनी प्रणाली की हर रोज जांच की जाएगी और हरेक मास में उसकी निरन्तर कार्य दक्षता सुनिश्चित करने के लिए उसकी कम से कम एक बार जांच की जाएगी।

(2) मुख्य कारखाना निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता ऐसे संयंत्रों या प्रक्रियाओं के मामले में, जहां विषैले पदार्थ का उपयोग किया जाता हो और उनके फैलने या रिसने से वहां या संयंत्र के आसपास बड़े पैमाने पर विषैलापन फैल सकता हो। ऐसी चेतावनी प्रणाली स्थापित करने के निर्देश दे सकता है।

13. कार्य के वातावरण में पदार्थों के निष्कासन का नियंत्रण.–(1) उन सभी संयंत्रों, कन्टेनरों, बर्तनों, सीवर लाइनों, नालियों, धूम्रमार्गों, वाहिनी, पुलियों में सामान्य कार्यदशा और दुर्घटना या आपात अवसरों पर ऐसे पदार्थों के लिए, जिनसे आग या विस्फोट या विषैलापन का खतरा होने की सम्भावना के लिए आवरण या उपमार्ग (बायपास) की निष्कासन, कर्षण के उचित ऋणात्मक दाब के अनुरक्षण आदि की प्रभावी व्यवस्था की जाएगी।

(2) नियंत्रण व्यवस्था के असफल होने के परिणामस्वरूप कार्य के वातावरण में पदार्थों के निष्कासित होने की स्थिति में प्रक्रिया का नियंत्रण करने के लिए ऐसी रीति में कार्यवाही की जाएगी, जिससे कि और आगे निष्कासन को सुरक्षित स्तर पर ले जाया जा सके।

(3) उप–पैरा (2) में यथा अपेक्षित शीघ्र कदम उठाने से पहले कार्य के वातावरण में निष्कासित हो गए पदार्थ को हवा या पानी के या किसी अन्य उपयुक्त क्रियाकारक से तनु करके या पदार्थ के उपयुक्त उपचार द्वारा हानि रहित किया जाएगा।

14. खतरनाक रासायनिक प्रतिक्रियाओं का नियंत्रण.–खतरनाक रासायनिक प्रतिक्रियाओं के प्रभावों के नियंत्रण के लिए उपयुक्त व्यवस्था, जैसे स्वचालित तथा दूर संवेदी नियंत्रण व्यवस्था की जाएगी। नियन्त्रण व्यवस्था असफल होने पर आप्लावन या निष्फल या अन्य कारगर व्यवस्था स्वतः प्रचालित हो जाएगी।

15. संयंत्र और उपकरणों की जांच, परीक्षण और मरम्मत.–(1) प्रक्रिया में प्रयुक्त सभी संयन्त्रों के भाग, उपकरण और मशीनों की, जिनके असफल होने पर किसी आपात अवस्था उत्पन्न होने की सम्भावना हो, सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रक्रिया प्रारम्भ होने से पहले जांच और दो वर्ष के अन्तराल से या उसके मरम्मत किए जाने के बाद, पुनः जांच की जाएगी। सक्षम व्यक्ति द्वारा संयंत्र के भागों, उपकरणों और मशीनों की, जिनकी उपरोक्तानुसार जांच की जाती है, पहचान की जाएगी और उपयुक्त जांच प्रक्रिया विकसित की जाएंगी। दाब पात्र या प्रतिक्रिया पात्रों के संबंध में ऊपर यथा वर्णित जांच करने में निम्नांकित सावधानियां बरती जाएंगी, अर्थात् :–

(क) जांच करने से पहले प्रत्येक पात्र को बाहर से और जहां तक व्यवहार्य हो, वहां भीतर से भी सतह पर दिखाई देने वाले दोष, जंग और चिपके हुए अन्य पदार्थों की पूरी तरह साफ किया जाएगा तथा जांच की जाएगी। सफाई प्रक्रिया के और पैक, यदि कोई हो, की सफाई के दौरान, यदि ऐसा पैक पायरोफेरिक प्रकृति का हो या जिसमें स्वतः ज्वलनशील रसायन हो, वहां अग्नि या विस्फोट के विरूद्ध सभी आवश्यक सावधानियां बरती जाएंगी।

(ख) जैसे ही जांच पूरी हो, पात्र को भीतर से पूरी तरह से सुखाया जाएगा और उस व्यक्ति जिसके द्वारा जांच की गई है कि चिह्न तथा अंक तथा जांच का तिथि उपदर्शित करने वाले की स्पष्ट मुद्रा लगाई जाएगी; और

(ग) कोई पात्र, जो जांच में असफल हो गया हो या अन्य किसी कारण से उपयोग हेतु असुरिक्षत पाया गया हो, उसे या तो नष्ट कर दिया जाएगा या मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को सूचना देकर उसे अनुपयोगी कर दिया जाएगा।

(2) संयंत्र, उपकरण, मशीनों के सभी भागों, जिनके असफसल हो जाने पर आपात स्थिति उत्पन्न हो जाने की संभावना होती हो, का सक्षम व्यक्ति द्वारा मास में एक बार परीक्षण किया जाएगा।

(3) पैरा (1) और (2) में निर्दिष्ट जांच तथा परीक्षण के अभिलेख तब तक रखे जाएंगे, जब तक कि उक्त संयंत्र, उपकरण और मशीन का वह भाग उपयोग में है।

(4) संयंत्र, उपकरण और मशीन में किए जाने वाले सभी मरम्मत कार्य जिसमें परिवर्तन, उपान्तरण तथा संयोजन शामिल है, किसी जिम्मेदार व्यक्ति के पर्यवेक्षण के अधीन किए जाएंगे, जो कार्यरत व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा को सुनिश्चित करने की प्रक्रिया विकसित करेगा। जब पाइप लाइनों की मरम्मत या उपान्तरण किया जाना हो और जोड़ों का वेल्डिंग की जानी अपेक्षित हो, किन्तु अधिमानतः जोड़ों की वैल्डिंग की जाएगी जब कभी उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा पूर्वोक्त कार्य का नियमन कार्य परमिट प्रणाली से किया जाएगा।

16. मंच.–(1) अनुरक्षण कार्य या मरम्मत कार्य या परिरूद्ध स्थलों में प्रवेश से संबंधित कार्य के लिए और परिशिष्ट ''क'' में उल्लिखित प्रक्रियाओं में उपयोग के लिए खड़े सभी मंच, स्थिर, कठोर और पर्याप्त मजबूती के सशक्त पदार्थों से सन्निर्मित होंगे। ऐसे मंच संबंधित भारतीय मानक विशिष्टियों के अनुरूप होंगे।

(2) किसी बन्द या खुले पात्र के ऊपर, तब तक मंच नहीं बनाया जाएगा, जब तक कि पात्र मंच पर कार्य करने वाले व्यक्तियों का संपर्क रोकने के लिए निर्मित तथा हवादार न हो।

(3) इस पैरे के प्रयोजन के लिए सन्निर्मित सभी मंचों तक उपयुक्त पहुंच होगी, जो कि सुरक्षित होगी और उसमें एक मीटर ऊंचाई की उपयुक्त हेन्डरेल और टो–बोर्ड लगे होंगे।

17. बैठक व्यवस्था.—परिशिष्ट 'क' में सम्मिलित प्रक्रियाओं में काम करने वाले ''प्रचालन कार्मिकों'' के लिए प्रदान की गई बैठने की व्यवस्था सुरक्षित प्रकार से स्थित होगी, जिससे कि विनिर्माण या मरम्मत या अनुरक्षण के दौरान कार्य के वातावरण में या तो संयंत्र और उपकरण के असफल होने या उन पदार्थों के, जो दाबयुक्त हैं, वातावरण में निष्कासित होने से उत्सर्जित जहरीले, ज्वलनशील और विस्फोटक पदार्थ के संपर्क में आने के खतरे को रोका जा सके।

18. परिरूद्ध स्थलों में प्रवेश या कार्य.—(1) प्रत्येक कारखाना जिस पर इस अनुसूची के उपबंध लागू होते है, का अधिभोगी किसी व्यक्ति को परिरूद्ध स्थलों में प्रवेश या कार्य की अनुमति देने के पूर्व निम्नलिखित सावधानियों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा :—

(क) सभी परिरूद्ध स्थलों और ऐसे स्थानों में सामान्यतः या असामान्यतः सामने आने वाले खतरों की प्रकृति की पहचान और परिरूद्ध स्थलों में प्रवेश करने या भीतर काम करने वाले व्यक्ति के स्वास्थ्य या सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त सुरक्षा उपायों को विकसित करना;

(ख) ''कार्य परमिट प्रणाली'' द्वारा परिरूद्ध स्थलों में प्रवेश या वहां कार्य का विनियमन करना, जिसमें ऊपर उपखण्ड (क) के अधीन इस प्रकार विकसित, सुरक्षा उपाय भी शामिल हैं;

(ग) प्रवेश या काम करने के लिए परिरूद्ध स्थलों की जांच से पूर्व उस स्थान की धुलाई या निष्क्रय करने वाले कारक से सफाई या वाष्प या अक्रिय गैस से शुद्धिकरण द्वारा और दाब युक्त संवातन व्यवस्था या ऐसे अन्य उपायों से सीमित स्थान सुरक्षित बनाएगा ;

(घ) किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा इस प्रयोजन हेतु किए जाने वाली ऐसी जांच, जो आवश्यक हो, किए जाने की व्यवस्था करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि परिरूद्ध स्थल प्रवेश या काम करने के लिए सुरक्षित है। ऐसे जांच कार्य के दौरान सुरक्षा की निरन्तरता सुनिश्चित करने के लिए, जितनी बार भी आवश्यक हो, की जाएगी;

(ङ) परिरूद्ध स्थल में कार्य करने के लिए अपेक्षित कार्मिकों को उक्त कार्य में अन्तर्निहित खतरों के बारे में शिक्षित तथा प्रशिक्षित किए जाने की व्यवस्था करेगा। उपयुक्त और अनुमोदित प्रकार के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, जिसमें बचाव, पुनरुज्जीवन तथा प्राथमिक उपचार की व्यवस्था का अन्तर्निहित हो, तैयार रखेगा और सभी समय पर उक्त कार्य की उत्तरदायी और योग्य व्यक्ति द्वारा पर्यवेक्षण की व्यवस्था करेगा।

(2) प्रबंधक परिरूद्ध स्थलों में प्रवेश और काम करने की सभी जानकारियों को कार्य रजिस्टर (लॉग बुक) में अनुरक्षित करेगा और ऐसे अभिलेख में उन व्यक्तियों का विवरण, जिन्हें काम सुपुर्द किया हो, कार्य का स्थान और ऐसे अन्य विवरण होंगे, जो काम जिन व्यक्तियों को सुपुर्द किया गया हो, उनके स्वास्थ्य तथा सुरक्षा से संबंधित है, इस प्रकार अनुरक्षित कार्य रजिस्टर उतने समय तक रखे जाएंगे, जब तक कि संबंधित कर्मकार सेवा में रहे और मांग किए जाने पर निरीक्षक को प्रस्तुत किया जाएगा।

19. अनुरक्षण कार्य आदि.—(1) संयंत्र तथा उपकरण के अनुरक्षण से संबंधित सभी कार्य, जिसमें इस अनुसूची के अन्तर्गत आने वाली प्रक्रियाओं में उपयोग में लाए गए खतरनाक पदार्थों के रिक्त कन्टेनरों को साफ किया जाना शामिल है, ''कार्य परमिट प्रणाली'' के अधीन प्रशिक्षित कार्मिक नियोजित करके और ऐसे उत्तरदायी व्यक्ति के, जिसे खतरों तथा उनसे निपटने में अपेक्षित सावधानियों का ज्ञान हो, पर्यवेक्षण में किया जाएगा।

(2) अनुरक्षण का कार्य ऐसी रीति में किया जाएगा कि जिससे समीप काम करने वाले व्यक्तियों को या उन व्यक्तियों को जो वहां से गुजरते हों, कोई खतरा न हो। यदि आवश्यक हो, तो ऐसे कार्य के स्थल को घेराबन्द कर दिया जाएगा या असंबद्ध व्यक्तियों की उपस्थिति को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जाएगा।

20. कार्य परमिट प्रणाली.—कार्य परमिट प्रणाली में अन्य बातों के साथ कार्य परमिट प्रणाली के अध्यधीन किन्हीं विनिर्दिष्ट कार्यों को करते समय निम्नलिखित सावधानियां बरती जाएंगीः—

(क) कार्य परमिट प्रणाली के अधीन रहते हुए किए जाने वाले सभी कार्य जानकार और जिम्मेदार व्यक्ति के पर्यवेक्षण के अधीन किए जाएंगे;

(ख) संयंत्र या मशीनों या उपकरणों के सभी भाग, जिन पर ''कार्य परमिट प्रणाली'' कार्यान्वित होती हो, कार्य परमिट की सम्पूर्ण अवधि के दौरान अन्य भागों से पृथक् रहेंगे और कार्य करने के स्थान, जिसमें संयंत्र तथा मशीनों के भाग सम्मिलित हैं, की सफाई, शुद्धिकरण, धुलाई आदि से सुरक्षित बनाया जाएगा;

(ग) ''कार्य परमिट प्रणाली'' के अधीन रहते हुए सभी कार्य की पूर्व निर्धारित कार्य प्रक्रिया जिसमें कार्य के साथ सुरक्षा का समाकलन होगा, ऐसी प्रक्रियाओं का, जब कभी सामग्री या उपकरणों में कोई बदलाव हो, तब पुनरावलोकन किया जाएगा, ताकि उनकी सतत सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके;

(घ) व्यक्ति जिन्हें ''कार्य परमिट प्रणाली'' का क्रियान्वयन कार्य सौंपा गया है, परिरूद्ध स्थल में प्रवेश करने से पूर्व सभी प्रकार से कार्य की प्रति मांग और प्रकृति को ध्यान में रखते हुए शारीरिक रूप से तंदरूस्त होंगे। ऐसे व्यक्तियों को सही कार्य प्रक्रियाओं तथा साथ में कार्य परमिट प्रणाली को क्रियान्वयन करते हुए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में उपयुक्त तौर पर अवगत करवाया जाएगा;

(ङ) कार्य परमिट प्रणाली का कार्य करते समय कार्य स्थल के समीप आपातकाल में उपयोग के लिए, जहां कहीं भी आवश्यक समझा जाए, प्राथमिक उपचार और पुनरुज्जीवन तथा पर्याप्त बचाव व्यवस्थाएं अच्छी चालू हालत में उपलब्ध होगी;

(च) कार्य परमिट प्रणाली का कार्य करते हुए उपयुक्त और अनुमोदित व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरण का उपयोग किया जाएगा;

(छ) कार्य परमिट प्रणाली के अध्यधीन कार्य पूरा होने पर उत्तरदायी व्यक्ति सभी उपकरण और औजार वहां से हटाएगा और पूर्ववत् स्थिति बहाल करेगा, जिससे कि नियमित प्रक्रिया करते समय किसी खतरे को रोका जा सके।

21. नमूना लेने वाले कार्मिक की सुरक्षा.—नमूना एकत्र करने का कार्य, जिन्हें सौंपा गया है, उन व्यक्तियों की सुरक्षा अधिभोगी द्वारा उन्हें सुरक्षित प्रक्रिया के बारे में अनुदेश देकर सुनिश्चित की जाएगी। ऐसे कार्मिकों को, यदि अपेक्षित हो, तो उपयुक्त और अनुमोदित प्रकार के व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण मुहैया किए जाएंगे।

22. संवातन.—प्रक्रिया स्थल में जहां खतरनाक या विषैले या ज्वलनशीन या विस्फोटक पदार्थ अन्तर्वलित हो सकते हैं, सभी समय पर पर्याप्त संवातन व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी और उसे बनाए रखा जाएगा। ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करेंगी कि कार्य के वातावरण में या तो हानिकर या विस्फोट के परिणामिक हो सकने वाली सान्द्रता न बनने दी जाए।

23. आपात स्थिति का सामना करने की प्रक्रियाएं.—(1) परिशिष्ट ''क'' में सम्मिलित कार्य करने वाले प्रत्येक कारखाने का अधिभोगी उक्त कार्य की प्रक्रिया के दौरान या मरम्मत या अनुरक्षण कार्य करते समय उत्पन्न हो सकने वाली सभी आपात स्थितियों की पहचान करेगा। इस प्रकार पहचानी गई आपात स्थितियों का प्रतिवर्ष पुनरवलोकन किया जाएगा।

(2) ऐसी पहचानी गई सभी आपातकालीन स्थितियों का सामना करने के लिए अधिभोगी विस्तृत कार्य योजना बनाएगा, जिसमें बचाव तथा अग्निशमन हेतु बाहरी सहायता बुलाना और चिकित्सीय सुविधा की तत्काल उपलब्धि सम्मिलित होगी।

(3) अधिभोगी आपातकालीन स्थितियों की सूची तथा उनका सामना करने के लिए बनाई गई कार्य योजना की विस्तृत जानकारी मुख्य कारखाना निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को प्रषित करेगा।

(4) अधिभोगी संयंत्र में सभी व्यक्तियों तथा यदि आवश्यक हो, तो पड़ोसी समुदाय को सावधान करने के लिए विशिष्ट और पहचानी जा सकने वाली चेतावनी देने की व्यवस्था स्थापित करेगा, ताकि व्यक्ति उस स्थान को खाली कर सके। आपातकालीन कर्तव्यों पर तैनात व्यक्तियों द्वारा और आपातकालीन प्रक्रिया का पालन किया जा सके। सभी संबंधितों को चेतावनी व्यवस्था और उसके आशय की पूरी जानकारी होनी चाहिए। उस व्यवस्था की दक्षता की प्रत्येक मास में जांच की जानी चाहिए।

(5) वैकल्पिक विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की जाएगी और जो सामान्य विद्युत आपूर्ति प्रणाली से जुड़ी होगी, ताकि इस अनुसूची के इस भाग के पैरा 10, 11, 12, 13, 14, 18, 22 तथा भाग–II, भाग–III, भाग–IV और भाग–V के इस पैराग्राफ की अपेक्षाओं के अनुपालनार्थ सुविधाओं तथा उपकरणों को निरन्तर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सके।

(6) किसी स्थान में जहां आपातकालीन स्थिति स्थापित हो, वहां अधिभोगी आगे प्रक्रिया कार्य को निलंबित करने की व्यवस्था करेगा और केवल उन लोगों को, जिन्हें आपातकालीन कार्य सौंपे गए हों, छोड़कर शेष सभी व्यक्तियों से वह तत्काल स्थान खाली कराएगा।

(7) कारखाने के सभी कर्मचारियों को आपातकाल के दौरान वह स्थान खाली करने की प्रक्रियाओं को सम्मिलित करते हुए उन्हें क्या कार्रवाई करनी चाहिए, इस बारे में प्रशिक्षित किया जाएगा।

(8) सभी आपातकालीन प्रक्रियाओं का प्रत्येक तिमाही में पूर्वाभ्यास किया जाएगा और उसके उद्देश्यों की प्राप्ति में, यदि कोई त्रृटियां पाई जाएं, तो उन्हें उपयुक्त रूप से सुधारा जाएगा।

(9) अधिभोगी दस प्रतिशत कर्मकारों को प्राथमिक उपचार, अग्निशमन उपकरणों के उपयोग और विशिष्ट प्रक्रिया के विशेष खतरों को ध्यान में रखते हुए विशेष प्राथमिक उपचारों के करने के बारे में प्रशिक्षित करने की व्यवस्था करेगा।

(10) अधिभोगी संपर्क में आए व्यक्तियों के आपातकालीन अवस्था में या प्राथमिक उपयुक्त उपचार हेतु चिकित्सा कर रहे चिकित्सक को जब आवश्यक हो और उसके द्वारा मांग की जाने पर खतरनाक पदार्थ की विशिष्ट रासायनिक पहचान तत्काल देगा।

24. बहिःस्राव के कारण खतरा.—(1) विभिन्न प्रक्रियाओं और संक्रियाओं के बहिःस्रावों को, जो खतरनाक या विषैली गैस उत्सर्जित कर सकते हों, मिश्रित न होने देने के लिए पर्याप्त सावधानियां बरती जाएंगी ।

(2) बहिःस्राव, जिसमें विषैली गैस मिली हुई हो या जो दूसरे बहिःस्राव की उपस्थिति में विषैली गैसों को बढ़ावा दे सकते हों, यह सुनिश्चित करने के लिए कि उसे अलग से एकत्र कर उसे सुरक्षित बनाया जा सके, स्वतन्त्र निकास नाली प्रणाली की व्यवस्था की जाएगी।

भाग III

आग और विस्फोट का जोखिम

1. **प्रकाश संस्थापन सहित ज्वलन के स्रोत.**—(1) किसी भी आंतरिक रहन तथा कोई भी विद्युत मोटर या अन्य विद्युत उपकरण और फिटिंग तथा फिक्सर, जिनसे चिंगारियां पैदा होती हैं या अन्यथा दाह उत्पन्न होता हो या कोई अन्य ज्वलन स्रोत को या किसी अनावृत प्रकाश को, उस प्रक्रिया क्षेत्र में, संस्थापित या उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी जहां आग तथा विस्फोट का जोखिम हों।

(2) समस्त ऊष्ण निष्कासक पाइप भवन के बाहर संस्थापित किए जाएंगे और अन्य ऊष्ण पाइपों या ऊष्ण सतह या सतहों, जिनके ऊष्ण होने की सम्भावना हो, उन्हें उपयुक्त रूप से रक्षित किया जाएगा।

(3) खतरे की संभावना और विद्युत उपकरणों या अन्य उपकरण, जो ज्वलन पैदा कर सके, के चयन की दृष्टि से कार्य के क्षेत्रों का वर्गीकरण संबंधित भारतीय मानक के अनुसार होगा।

(4) जहां ज्वलनशील वातावरण व्याप्त हो या पैदा हो सकता हो, वहां कर्मकारों के जूतों के सोल में कोई धातु नहीं होगी और ट्रक या कन्वेयर के पहिए संवाहक किस्म के होंगे।

(5) इस क्षेत्र में कार्य के लिए उपयोग किए जाने वाले सभी औजार और उपकरण इस प्रकार के होंगे। जिनसे चिंगारी पैदा न हो सके,

(6) उन प्रक्रिया क्षेत्रों में जहां आग और विस्फोट का जोखिम हो, धूम्रपान प्रतिषिध होगा और कर्मकारों के बहुमत द्वारा समझी जाने वाली भाषा में चेतावनी सूचनाएं विनिर्दिष्ट क्षेत्रों में धूम्रपान प्रतिषिध करते हुए कारखाने में चिपकाई जाएंगी।

2. **स्थिर विद्युतः**—(1) समस्त मशीनरी तथा संयंत्र, विशेष तौर पर पाइप लाइनें और बेल्ट ड्राइव्ज (पट्टा चालन) जिन पर स्थिर विद्युत के संचित हो जाने की सम्भावना हो, उन्हें प्रभावी रूप से भूयोजित किया जाएगा। स्थिर विद्युत से चिंगारी रोकने के लिए ज्वलनशील द्रवों के लिए पात्रों में भूयोजित आपूर्ति टंकियों से धात्विक संयोजन होगा। जहां आवश्यक हो, आर्द्रता नियंत्रित की जाएगी।

(2) भरे जाने और खाली किए जाने के दौरान चल टंकी वैगन भूयोजित किए जाएंगे तथा ऐसे भरे जाने या खाली किए जाने से पूर्व यह सुनिश्चित करने के लिए कि भूयोजन प्रभावी है, सावधानियां बरती जाएंगी।

3. **तड़ित से रक्षा.**—जहां आवश्यक हो, वहां तड़ित सुरक्षा उपकरण फिट किए जाएंगे और उनका अनुरक्षण किया जाएगा।

4. **प्रोसेस हीटिंग (तापन प्रक्रिया).**—किसी प्रक्रिया में, जिसमें आग या विस्फोट होने की सम्भावना हो, ताप—तापन की विधि यथासंभव सुरक्षित होगी और जहां खुली ज्वाला का उपयोग आवश्यक हो, वहां संयंत्र का सन्निर्माण इस प्रकार से किया जाएगा कि निकलकर बाहर आने वाली कोई भी ज्वलनशील गैस, वाष्प या धूल को ज्वाला या निष्कासित गैसों या अन्य स्रोतों, जिनसे ज्वलन होने की सम्भावना हो, को सम्पर्क में आने से रोका जा सके। जहां संभव हो वहां तापन व्यवस्था खतरे के तापमान से नीचे पूर्वानुमति तापक्रम पर स्वतः नियंत्रित होगी।

5. **ज्वलनशील द्रवों की रिसन.**—(1) ज्वलनशील द्रवों को अंतर्विष्ट करने वाले भण्डारण पात्रों से सम्भावित रिसाव को सीमित करने के लिए पुश्ता दीवार, बांध (डाइक), निगर्त (सम्प) आदि साधनों की व्यवस्था की जाएगी।

(2) ज्वलनशील पदार्थों के संपर्क में रहे बेकार पदार्थों का भली प्रकार से निपटान जानकार तथा उत्तरदायी व्यक्ति के पर्यवेक्षण में किया जाएगा।

(3) ऐसे पात्रों के सामीप्य में समुचित और उपयुक्त आग बुझाने वाले साधन संस्थापित किए जाएंगे।

6. **सेफ्टी वाल्व.**—प्रत्येक स्थिर पात्र और प्रत्येक बंद पात्र, जिसमें गैस उत्सर्जित हो या जिसमें से गैस गुजारी जाती हो और जिसमें वायुमण्डलीय दाब से ऊपर दबाव बढ़ने की संभावना है, वहां उसके साथ एक दाबमापी और एक उपयुक्त सेफ्टी वाल्व या अन्य प्रभावशाली समरूप दाबमुक्त करने के लिए संलग्न होगा। ऐसे उपकरण अच्छी दशा में अनुरक्षित रखे जाएंगे।

7. **पाइप लाइनों आदि की स्थापना.**—ज्वलनशील या विस्फोटक पदार्थ को ले जाने वाली सभी पाइप लाइनें यांत्रिक हानि (टूट—फूट) से रक्षित होंगी और किसी जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा सप्ताह में एक बार उनमें किसी खराबी या दोष अथवा ज्वलनशील विस्फोटक पदार्थों के जमाव के बारे में पता लगाने के लिए परीक्षण किया जाएगा और पाए गए किसी दोष ओर की गई किसी मरम्मत का अभिलेख रखा जाएगा।

8. **अग्निशमन प्रणालियां.**—(1) 500 या अधिक व्यक्तियों को नियोजित और परिशिष्ट ''क'' में सूचीबद्ध क्रियाओं को करने वाले प्रत्येक कारखाने में :—

(क) प्रशिक्षित तथा उत्तरदायी अग्निशमन दस्ता होगा, जो आग या अन्य आपातकालीन स्थिति में अग्निशामक तथा जीवन रक्षक उपकरणों द्वारा प्रभाव रूप से कार्य कर सके। इस दल में व्यक्तियों की संख्या, आवश्यक तौर पर अन्तर्निहित जोखिम के आकार पर निर्भर करेगी, लेकिन किसी भी दशा में किसी भी समय में ऐसे उपलब्ध प्रशिक्षित व्यक्तियों की संख्या 8 से कम नहीं होगी। इस दस्ते में निगरानी करने

वाले कार्मिक, अग्नि पम्प चालक और विभागीय पर्यवेक्षक तथा अग्नि तथा आपातकालीन सेवाओं के संचालन में प्रशिक्षित चालक सम्मिलित होंगे;

(ख) दस्ते का नेता (अगुआ) प्रमुख तौर पर सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्ति होंगे और उन्हें कारखाने में ही निवास स्थान उपलब्ध करवाते हुए उसकी उपयोगिता में वृद्धि की जाएगी :

(ग) दस्ते के कार्मिक को आवश्यक कपड़े, उपकरण जिसमें हेलमेट, बूट और बेल्ट भी शामिल हैं, उपलब्ध कराए जाएंगे।

(2) दस्ते के प्रत्येक सदस्य को सौंपी गई डयूटी दर्शाने वाला मास्टर रोल तैयार किया जाएगा और उसकी प्रति प्रत्येक नेता (अगुआ) को दी जाएगी और साथ ही विशिष्ट स्थानों पर प्रदर्शित की जाएगी, जिससे कि वह आपात स्थिति में सन्दर्भ हेतु आसानी से उपलब्ध रहे।

(3) पम्पक चालक सभी उपकरणों की अवस्थिति के बारे में भलीभांति परिचित होगा। वह सभी अग्निशामक उपकरणों को सही चालू दशा में अनुरक्षित रखने के लिए उत्तरदायी होगा। उसकी जानकारी में आने वाली किसी भी त्रुटि के बारे में वह उस दस्ते के नेता (अगुआ) को तत्काल अवगत कराएगा।

(4) जहां तक व्यवहार्य हो, कारखाने के फायर पम्प रूम और मुख्य द्वार सभी विनिर्माण या भण्डारण क्षेत्रों से टेलीफोन द्वारा एक दूसरे से जुड़े होंगे और उन्हें ऐसे स्थानों के नजदीक सुविधाजनक स्थलों पर रखा जाएगा।

भाग – IV

विषैले पदार्थों का जोखिम

1. **रिसन.**–(1) सभी संयंत्र इस प्रकार रूपांकित (डिपाईनड) और सन्निर्मित होंगे कि विषैले पदार्थों का निकलना रोका जा सके। जहां आवश्यक हो, वहां प्रक्रिया के खतरनाक प्रक्रमों (स्टेज) के लिए पृथक भवन, कमरे या रक्षात्मक संरचनाओं का उपयोग किया जाएगा और भवन इस प्रकार रूपांकित (डिपाईनड) होंगे कि विषैले पदार्थों के किसी निकास को सीमित रखा जा सके।

(2) ऐसे रिसावों के खतरनाक प्रभाव को रोकने के लिए कैचपिट पुश्ता दीवार (बन्डवाल), बांध (डाइक) या उपयुक्त अन्य सुरक्षा उपायों का प्रबन्ध किया जाएगा। पाइप लाइनों में जोड़ों के नीचे कैचपिट रखे जाएंगे, जहां कि अनुरक्षण और अन्य कर्मकारों को ऐसे रिसाव से खतरा हो सकता हो।

2. **ड्रेनेज (जल निकास की व्यवस्था).**–पर्याप्त जल निकास (नालियों) की व्यवस्था की जाएगी तथा जो विशेष तौर पर इस प्रयोजन के लिए संग्राहक टैंक तक जाएंगी जिनमें विषैले पदार्थों को सार्वजनिक नालों या सीवर में विसर्जित किए जाने के पूर्व निष्प्रभावित, उपचारित किया जाएगा या अन्यथा सुरक्षित बनाया जाएगा।

3. **पात्रों को ढंकना.**–(1) प्रत्येक स्थिर पात्र या संरचना, जिसमें कोई विषैला पदार्थ भरा हो और जो इस प्रकार न ढंका गया हो कि कर्मकार के शरीर का कोई भाग दुर्घटनावश सम्पर्क में आ जाने के सभी युक्तियुक्त जोखिम को दूर किया जा सके, वे इस प्रकार सन्निर्मित होंगे कि जिससे भौतिक संपर्क से बचा जा सके।

(2) ऐसे पात्र को, जब तक कि उसके किनारे समीपस्थ या प्लेटफार्म कम से कम 90 से.मी. ऊपर न हो, ऐसे समीपस्थ भूतल या प्लेटफार्म से कम से कम 90 से.मी. ऊपर की ऊंचाई तक सुरक्षित रूप से घेरा जाएगा।

(3) जहां ऐसे पात्र जुड़े हों और किसी ईंट या अन्य किसी संरचना से उनके बीच का स्थान या तो चौड़ाई में 45 से.मी. से कम हो या 45 से.मी. से चौड़ाई में अधिक हो, किन्तु दोनों ओर कम से कम 90 से.मी. की ऊंचाई तक सुरक्षापूर्वक न घिरा हो, वहां सुरक्षा बैरियर इस प्रकार लगाए जाएंगे कि उनके बीच मार्ग को रोका जा सकेः

परन्तु इस पैरा का उप–पैरा (2) निम्नलिखित पर लागू नहीं होगा–

(क) अमोनिया सल्फेट के विनिर्माण हेतु उपयोग में लाए गए सेचुरेटर्स; और

(ख) लवण जल (ब्राइन) वाष्पीकरण कड़ाही का वह भाग, जिसमें रैकिंग, निकास या भरना अपेक्षित हो।

4. **निरन्तर निष्कासन व्यवस्था.**–(1) कोई प्रक्रिया जिससे विषैली वाष्प, गैस, धुआं और पदार्थ उत्सर्जित हो, उनमें निरन्तर वायु निष्कासक लगे होंगे। ऐसी व्यवस्था प्रक्रिया नियंत्रण से, जहां संभव हो, अन्तःपाशी (इन्टरलाक्ड) होगी।

(2) निरन्तर वायु निष्कासक व्यवस्था असफल होने की स्थिति में, साधनों की स्वतः प्रक्रिया को रोकने के लिए व्यवस्था की जाएगी।

5. **कार्य बैन्च.**–विषैले पदार्थों का परिचालन शामिल करने वाली प्रक्रिया में उपयोग सभी कार्य बैंचों को उपयुक्त रूप से श्रेणीकृत किया जाएगा और चिकनी अपारगम्य सतह से बनी होंगी, जो कार्य समाप्त होने के बाद प्रीतिदिन धोई जाएंगी।

6. **अपशिष्ट निपटान.**–(1) न सोखने वाले पदार्थ से बने उपयुक्त पात्र, जिसमें टाइट फिट ढक्कन हो, वह विषैले पदार्थ के साथ मिले हुए अपशिष्ट पदार्थ को जमा करने के लिए व्यवस्था की जाएगी और ऐसे पात्र की सामग्री किसी जिम्मेदार व्यक्ति के पर्यवेक्षण के अधीन जलाकर या अन्य उपयुक्त पद्धति का उपयोग करके नष्ट कर दी जाएगी।

(2) विनिर्माण के दौरान, जब कभी गुणवता की दृष्टि से किसी खेप या विषैले अन्तवर्ती उत्पाद को निराकृत किया जाता है उसका निपटान करने से पहले उसे अहानिकर बनाए जाने या अन्यथा उसका उपचार करने या अक्रियाशील करने की पर्याप्त सावधानियाँ बरती जाएंगी।

(3) विषैले पदार्थों के रिक्त पात्रों को उनका निपटान करने से पूर्व किसी उत्तरदायी व्यक्ति के पर्यवेक्षण के अधीन अच्छी तरह से साफ किया जाएगा।

भाग–V

विशेष उपबन्ध

1. **नाइट्रों या अमीनों प्रक्रियाओं हेतु विशेष सावधानियाँ.**–(1) जब तक कि रवेदार नाइट्रो या अमीनों पदार्थ या उनका कोई द्रव पूर्ण रूप से बंद किसी प्रक्रिया में विघटित या उत्तेजित न किया जाता हो, ताकि उसकी धूल या धुआँ न उठे, वहां ऐसी प्रक्रियाएँ प्रभावशाली वायु निष्कासक के अधीन या कोई अन्य उपयुक्त साधन अपनाकर इस प्रकार की जाएंगी कि जिससे कार्य के वातावरण में धूल अथवा धुऐं का निकास न हो।

(2) संयंत्र या उपकरण या औजार का कोई भाग जो नाइट्रो या अमीनो यौगिकों के सम्पर्क में हो, उसे जब तक खाली और पूरी तरह साफ और प्रदूषण मुक्त न कर दिया गया हो, तब तक उनकी मरम्मत या उसका कोई कार्य नहीं किया जाएगा।

(3) शारीरिक सम्पर्क टालने के लिए नाइट्रो या अमीनों यौंगिकों को पात्रों की भराई उपयुक्त के कलछी (बेलचा) का उपयोग करके ही की जाएगी और स्टोव पर पात्र इस तरह सुखाए जाएंगे कि उससे निकली गर्म तथा संदूषित हवा कार्य के कमरे में न आए।

(4) नाइट्रो या अमीनों यौगिको का इसके कच्चे माल से भरे पात्र में या उसके चारों और भाप देने को सम्मिलित करते हुए चलाई जाने वाली प्रक्रियाएं इस रीति से चलाई जाएगी कि भाप या वाष्प काम के कमरे के वातावरण में उड़कर वापस न आ सकें।

(5) उपयुक्त प्रतिकारक जैसे मिथाइलीन–ब्लू के इन्जेक्शन नाइट्रो या अमीनो यौगिकों से विषाक्तता को सम्मिलित करते हुए आपातकालीन अवस्था के दौरान उपयोग हेतु निर्दिष्ट कार्य स्थलों पर हर समय उपलब्ध रहेंगे।

2. **क्रोम प्रक्रियाओं हेतु विशेष विशेष सावधानियाँ.**–(1) क्रोम प्रक्रियाओं में कच्चे माल की पिसाई और उसका छानना इस रीति से और ऐसी स्थितियों के अधीन किया जाएगा कि जिससे अन्य प्रक्रियाओं से प्रभावशील रूप से उसे पृथक् रखा जा सके और वह दक्ष वायु निष्कासक के अधीन रहे।

(2) जहां गीली अवस्था में क्रोम प्रक्रियाएं, जैसे कि ब्लीचिंग, अमलीकरण, सल्फेट, सेटलिंग, वाष्पीकरण, रवे बनाना, सेन्ट्रीफ्यूसेशन या पैकिंग की जाती हो, उसके अत्यंत समीप ही धुलाई सुविधाएँ होंगी, ताकि शरीर के प्रभावित भाग को बहते हुए पानी से शीघ्रता से धोया जा सके।

(3) अर्हक नर्स द्वारा क्रोम प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों के हाथ और पांव का साप्ताहिक निरीक्षण किया जाएगा और ऐसे निरीक्षण का अभिलेख अनुरक्षित किए जाएंगे।

(4) कार्य के निर्दिष्ट स्थलों पर उपयुक्त मरहम जैसे ग्लिसरीन, वैसलीन आदि और पृथक बक्से में जल सह प्लास्टर हमेशा कर्मकारों को आसानी से पहुंचगम्य होते हुए उपलब्ध होगा, ताकि नासिका के पर्दे में छिद्र होना रोका जा सके।

3. **सभी काँच के पात्रों में की जाने वाली प्रक्रियाओं के लिए विशेष सावधानियां.**–(1) प्रक्रियाएं और रासायनिक प्रतिक्रियाएँ जैसे विनाइल क्लोराइड, बैजाइल, क्लोराइड आदि का विनिर्माण, जिन्हें कांच के पात्रों में किया जाना अपेक्षित है, में कांच पात्र टूटने की घटना में पास में काम कर रहे व्यक्तियों के बचाव हेतु मजबूत तार की जाली के आवरण की उपयुक्त व्यवस्था होगी।

(2) टूटने के कारण सभी कांच पात्रों से वाष्प का विखराव या उत्सर्जन के उपयुक्त साधन जैसे कि पानी से तनूकरण, उचित विलायकों द्वारा तुरन्त निष्क्रिय या अहानिकर किया जाएगा ताकि अग्नि या विस्फोटन या स्वास्थ्य खतरे के जोखिम से बचा जा सके।

4. **क्लोरेट विनिर्माण वाली प्रक्रिया के लिए विशेष सावधानियां.**–(1) क्लोरेट की क्रीस्टेलाईनेशन पिसाई या पैकिंग किसी अन्य प्रयोजन के लिए प्रयुक्त किसी स्थान में नहीं की जाएगी तथा ऐसे स्थान अज्वलनशील सामग्री से बनाए गए कठोर, चिकने तथा अपारगम्य सतह के होंगे। स्थान को प्रतिदिन अच्छी तरह से साफ किया जाएगा।

(2) व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण जैसे कि समग्र (ओवराल) आदि, जो क्लोरेट कर्मकारों को उपलब्ध करवाए गए हो, उसे कार्य स्थल के स्थान से नहीं ले जाएगा और वे अच्छी तरह से रोजाना साफ किए जाएंगे।

(3) अग्नि आपात स्थित के दौरान उपयोग के लिए क्लोरेट प्रक्रिया स्थल के पास में पानी की पर्याप्त मात्र उपलब्ध होगी।

(4) क्लोरेट के रवे बनाने या पिसे हुए क्लोरेट के रवे भरने के लिए लकड़ी के पात्र का उपयोग नहीं किया जाएगा।

भाग–VI

चिकित्सा अपेक्षाएँ

1. **विसंदूषण करने की सुविधाएँ.**–उन स्थानों में जहां पर परिशिष्ट 'क' में सूचीबद्ध प्रक्रियाओं में विषाक्त पदार्थों का उपयोग किया जाना हो, वहां किसी आपातिक स्थिति का सामना करने के लिए निम्नलिखित व्यवस्था होगीः–

(क) पूर्ण सुसज्जित प्राथमिक उपचार पेटी,

(ख) ऐसे विषाक्त और क्षेयकारी पदार्थों से संदूषित व्यक्तियों, व्यक्तियों के शरीर के भागों और व्यक्तियों के वस्त्रों को पानी से भिगोने के लिए आसानी से पहुंचगम्य साधन होंगे और ऐसे साधन नीचे सारणी में दर्शाए अनुसार होंगे–

किसी समय नियोजित व्यक्तियों की संख्या	भिगोने के लिए फुहारों की संख्या
50 व्यक्तियों तक	2
51 से 100 व्यक्तियों के बीच	3
101 से 200 के बीच	3+1 उसके पश्चात् प्रत्येक 50 व्यक्ति के लिए।
201 से 400 के बीच	5+1 उसके पश्चात् प्रत्येक 100 व्यक्ति के लिए।
401 तथा से ऊपर	7+1 उसके पश्चात् प्रत्येक 200 व्यक्ति के लिए।

(ग) आसवित जल या अन्य उपयुक्त पदार्थ से भरी आंख धोने आई–वाश की बोतलें पर्याप्त संख्या जो पेटियों या अलमारियों में सुगम स्थान पर रखी होगी तथा जिन पर स्पष्ट रूप से चिह्न, सभी समय दिखाई दें, अंकित होगा।

2. **व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्र.**–परिशिष्ट क में आने वाली प्रक्रिया को करने वाले सभी कारखानों में नीचे अधिकथित मापदण्ड के अनुसार सुविधाओं सहित व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्र अच्छी अवस्था में मुहैया तथा अनुरक्षित किया जाएगाः–

(1) 50 कर्मकारों तक नियोजित करने वाले कारखानों के लिए–

(क) एक अर्हक चिकित्सा व्यवसायी की सेवाऐं, जिसे इसमें, इसके पश्चात कारखाना चिकित्सा अधिकारी के रूप में जाना जाएगा, कारखाने के निकट उसके अधिसूचित चिकित्सालय में आपात स्थिति के दौरान चिकित्सा सहायता प्राप्त करने के लिए प्रतिधारणता (रिटनरशिप) के आधार पर उपलब्ध होगा। वह इस भाग के पैरा 4 में यथा अनुबद्ध पूर्व रोजगार तथा नियतकालिक चिकित्सा परीक्षण भी करेगा।

(ख) प्रथम उपचार (फर्स्ट एड) प्रक्रियाओं में प्रशिक्षित न्यूनतम पांच व्यक्ति, जिनके बीच कम से कम एक कार्य अवधि के दौरान हमेशा उपलब्ध रहेगा।

(ग) पूर्ण रूप से सुसज्जित प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) बाक्स।

(2) 51 से 200 कर्मकारों को नियोजित करने वाले कारखानों के लिए–

(क) व्यवसायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक कमरा फर्श सहित न्यूनतम 15 वर्ग मीटर का क्षेत्र का होगा तथा दीवार चिकनी कठोर तथा अपारगम्य सतह से बनी होंगी तथा पर्याप्त रूप से रोशनी, हवादार तथा सुसज्जित होगा।

(ख) एक अंशकालिक कारखाना चिकित्सा अधिकारी केन्द्र के सम्पूर्ण प्रभारी होगा, जो एक सप्ताह में न्यूनतम दो बार कारखाने को दौरा करेगा और जिसकी सेवाएँ आपातकाल के दौरान आसानी से उपलब्ध होंगी।

(ग) कार्य करने की सम्पूर्ण अवधि के दौरान डयूटी पर एक अर्हक और प्रशिक्षित ड्रेसर–कम–कम्पाउण्डर डयूटि पर होगी।

(घ) एक पूर्णरूप से सुसज्जित प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड बाक्स) बाक्स।

(3) 200 से अधिक कर्मकारों को नियोजित करने वाले कारखानों के लिए–

(क) 500 कर्मकारी तक नियोजित करने वाले कारखानों के लिए एक पूर्णमालिक कारखाना चिकित्सा अधिकारी होगा और प्रत्येक 1000 कर्मकारों या उसके भाग के लिए एक और चिकित्सा अधिकारी होगा।

(ख) इस मामले में व्यवसायिक स्वास्थ्य केन्द्र में न्यूनतम दो कमरे होंगे और प्रत्येक का क्षेत्रफल फर्श सहित न्यूनतम 15 वर्ग मीटर का फर्श क्षेत्र तथा दीवार, चिकनी ठोस और अपारगम्य सतह से बनी होंगी और जो पर्याप्त रूप से प्रकाशित, हवादार और सुसज्जित होगी।

(ग) कार्य करने की सम्पूर्ण अवधि के दौरान एक प्रशिक्षित नर्स, एक ड्रेसर–कम–कम्पाउण्डर और एक सफाई कर्मचारी तथा वार्ड बॉय कार्यरत होंगा।

(घ) इस मामले में व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्रबंधकीय आपातकालीन चिकित्सा से उपयुक्त रूप से सुसज्जित होगा।

3. एम्बुलैंस वैन.–(1) परिशिष्ट 'क' में आने वाली प्रक्रिया करने वाले प्रत्येक कारखाने में परिशिष्ट 'ग' के अनुसार उपयुक्त रूप से निर्मित तथा पूर्ण रूप से सुसज्जित एम्बुलेन्स वाहन अच्छी हालत में उपलब्ध और बनाए रखा जाएगा और एक पूर्णकालिक चालक–कम–मैकेनिक और प्रशिक्षित हैल्पर नियुक्त होंगे, और जो, दुर्घटना अथवा बीमारी के गंभीर मामलों में परिवहन के प्रयोजन के लिए प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड) में प्रशिक्षत होंगे, जब तक कि यह सुविधा समीपस्थ अस्पताल या अन्य स्थान से आपातकालीन स्थिति के दौरान प्रथम सूचना पर उपलब्ध हो जाने की व्यवस्था नहीं की गई हो। एम्बुलेन्स वाहन का इसमें अनुबद्ध प्रयोजनों के अलावा अन्य किसी प्रयोजन के लिए उपयोग नहीं होगा और वह व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्र के समीप सदैव उपलब्ध रहेगा।

(2) उपरोक्त उप–पैरा (1) में दिए गए स्थान के समीप से एम्बुलेन्स वाहन प्राप्त करने संबंधी छूट उन नियोजित कारखानों के लिए लागू नहीं होगी जहां 500 से अधिक कर्मकार हो।

4. चिकित्सा परीक्षण.–(1) परिशिष्ट 'क' में उल्लिखित प्रक्रियाओं में नियोजित कर्ममारों का कारखाना चिकित्सा अधिकारी द्वारा निम्नलिखित रीति में चिकित्सा परीक्षण किया जाएगाः–

(क) नियोजन से पूर्व एक बार ताकि विशिष्ट कार्य करने हेतु व्यक्ति की शारीरिक उपयुक्तता का पता लगाया जा सके;

(ख) छह मास की अवधि में एक बार, ताकि कर्मकारों के स्वास्थ्य की स्थिति का पता लगाया जा सके; और

(ग) पूर्वोक्त अनुसार पूर्व नियोजन और नियतकालिक चिकित्सा परीक्षण के ब्यौरे विहित प्ररूप में अभिलिखित किए जाएंगे।

(2) कारखाना चिकित्सा अधिकारी का कोई ऐसा निष्कर्ष जिससे प्रक्रिया में नियोजित किसी व्यक्ति की असामान्यता या अनुपयुक्तता प्रकट होती है, तो वह प्रमाणकर्ता सर्जन को तत्काल उसकी सूचना देगा, जो संबंधित कर्मकार की क्रमशः जांच करेगा और तीस दिन के भीतर अपने निष्कर्ष की सूचना देगा। यदि प्रमाणकर्ता सर्जन की इस प्रकार परीक्षण किए गए व्यक्ति की यह राय हो कि प्रमाणकर्ता सर्जन उसके स्वास्थ्य रक्षा के लिए प्रक्रिया से निलम्बन अपेक्षित है, तो वह तदनुसार अधिभोगी को, निर्देशित करेगा, जो उसी प्रक्रिया में कथित कर्मकार को नियोजित नहीं करेगा। तथापि, प्रक्रिया से इस प्रकार निलम्बित व्यक्ति को वैकल्पिक नियोजन की सुविधा उपलब्ध की जाएगी, जब तक कि वह प्रमाणकर्ता सर्जन की राय में पूर्ण रूप से असमर्थ न हो चुका हो और ऐसे मामले में प्रभावित व्यक्ति को उपयुक्त रूप से पुनर्वासित किया जाएगाः

परन्तु प्रमाणकर्ता सर्जन स्वप्रेरणा से किसी अन्य कर्मकार की, जिसका वह परिशिष्ट 'क' में उल्लिखित प्रक्रिया में उसके नियोजित रहने के सम्बन्ध में उसकी उपयुक्तता सुनिश्चित करने के लिए या किसी अन्य कर्मकार की स्वास्थ्य स्थिति का पता लगाने के लिए परीक्षण करना आवश्यक समझता है, की जांच कर सकता है और उसकी राय अंतिम होगी।

(3) कारखाना चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रदत्त फिटनेस प्रमाण पत्र के बिना किसी व्यक्ति को नई नियुक्ति नहीं दी जाएगी। यदि कारखाना चिकित्सा अधिकारी किसी व्यक्ति को परिशिष्ट ''क'' में उल्लिखित प्रक्रियाओं में कार्य करने नियुक्त किए जाने वाले व्यक्ति को अनुपयुक्त घोषित करता है, तो ऐसे व्यक्ति को प्रमाणकर्ता सर्जन को अपील करने का अधिकार होगा, और उसकी इस संबंध में राय अंतिम होगी।

(4) उप–पैरा (2) में अन्तर्निहित परिस्थितियों के कारण प्रक्रिया से निलम्बित कर्ममार को, केवल प्रमाणकर्ता सर्जन से फिटनेस प्रमाणपत्र प्राप्त करने के पश्चात् तथा स्वास्थ्य रजिस्टर में इस आशय की प्रविष्टि करने के पश्चात् ही दोबारा उसी प्रक्रिया में किया जाएगा।

भाग–VII

अतिरिक्त कल्याण सुख सुविधाएँ

1. **धुलाई सुविधाएँ.**–(1) प्रत्येक कारखाने में समस्त कर्मकारों के उपयोग के लिए प्रत्येक पन्द्रह कर्मकारों की दर से धुलाई के लिए एक टोंटी मुहैया तथा अनुरक्षित होंगी जिसमें द्रव साबुन जो झुकाए जा सकने वाले पात्र में होगी और नाखुन साफ करने के ब्रुश या प्रभावी सफाई करने के लिए अन्य उपयुक्त साधन होंगे। ऐसी सुविधाएं सुविधापूर्वक सुलभ होंगी और साफ तथा स्वास्थ्यकर स्थिति में रखी जाएंगी।

(2) यदि उपरोक्त यथा अपेक्षित धुलाई सुविधाएं महिलाओं के लिए उपलब्ध हो, तो ऐसी सुविधाएं उनके लिए पृथक होगी तथा समूचित एकांतता में इन सुविधाओं की हर समय उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

2. **भोजन कक्ष की सुविधाएँ.**–(1) परिशिष्ट ''क'' में अन्तर्निहित प्रक्रियाओं को चलाने वाले समस्त कारखानों के अधिभोगी जिनके यहां पचास कर्मकार या से अधिक नियोजित हो, वहां प्रति पाली में काम करने वाले कर्मकारों के लिए ऐसे भोजन कक्ष की सुविधा प्रदान करेगा, जो भली भांति हवादार हो और बैठने की सुविधा हेतु वह मेजों से युक्त होगा, साथ ही वहां ठण्डे और स्वास्थ्यकारी पीने के पानी की सुविधाओं की व्यवस्था होगी।

(2) ऐसी सुविधाओं में सफाई तथा धुलाई की उपयुक्त व्यवस्था सम्मिलित होगी और जो साफ और स्वास्थ्यकारी स्थिति में अनुरक्षित की जाएगी।

3. **अमानती समानघर सुविधाएँ.**–(1) परिशिष्ट 'क' में अन्तर्निहित किसी प्रक्रिया को चलाने वाले प्रत्येक कारखाने का अधिभोगी प्रक्रिया में नियोजित कर्मकारों को लॉकर सहित अमानती समानघर सुविधाएँ प्रदान करेगा। प्रत्येक कर्मकार को दो लॉकर दिए जाएंगे, एक काम के कपड़ों के लिए तथा दूसरा अलग से निजी वस्त्र रखने के लिए होगा और लॉकर इस प्रकार के होंगे कि उसमें वस्त्र लटकाकर रखे जा सकें।

(2) उप–पैरा (1) के अनुसरण में इस तरह से प्रदत्त क्लॉक रूम सुविधाएँ, जहां तक संभव हो, पैरा (1) के अनुसरण में धुलाई के लिए प्रदत्त सुविधाओं के समीप होगी। यदि धुलाई सुविधा को अमानती समानघर सुविधा के पास स्थापित करना संभव न हो, तो सफाई तथा धुलाई के लिए पर्याप्त और उपयुक्त व्यवस्था होगी।

4. **विशेष स्नानागार सुविधाएँ.**–(1) परिशिष्ट 'ख' के अधीन अन्तर्निहित प्रक्रिया चलाने वाले किसी कारखाने के अधिभोगी द्वारा नियोजित सभी कर्मकारी के लिए विशेष स्नानागार सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी और ऐसी सुविधाएँ 25 कर्मकारों या उसके भाग के लिए एक स्नानागार की दर से प्रदत होगी, और उन्हें साफ और स्थास्थ्यकारी स्थिति में बनाए रखा जाएगा।

(2) अधिभोगी परिशिष्ट 'ख' में अन्तर्निहित प्रक्रियाओं में नियोजित सभी कर्मकारी से आग्रह करेगा, कि दिन या पाली का काम पूर्ण होने के पश्चात् इस प्रकार मुहैया स्नानागार सुविधाओं का उपयोग करे और वह स्नानागार सुविधा के अलावा किसी अन्य स्थान पर स्नान करने वाले कर्मकारों पर प्रभावी रूप से रोक भी लगाएगा।

(3) उपरोक्त उप–पैरा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता किसी अन्य प्रक्रिया चलाने वाले किसी कारखाने में जहां उसकी राय में स्वास्थ्य की दृष्टि से स्नानागार सुविधा आवश्यक हो, उसके अधिभोगी से लिखित में विशेष स्नानागार सुविधा प्रदान करने की अपेक्षा कर सकता है।

भाग VIII

श्रमिकों के कर्त्तव्य

(1) परिशिष्ट ''क'' और परिशिष्ट ''ख'' में अन्तर्निहित प्रक्रियाओं में नियोजित प्रत्येक कर्मकार किसी सुरक्षा यन्त्र या किसी साधित्र या किसी रक्षा या घेरा जाली की व्यवस्था को अक्रियाशील या दोषपूर्ण नहीं करेगा और उपरोक्त व्यवस्था की दोषपूर्ण होने की रिपोर्ट कोई ऐसी त्रुटि होते ही वह शीघ्रता से उनकी सूचना देगा।

(2) परिशिष्ट ''क'' में अन्तर्निहित प्रक्रियाओं में नियोजित सभी कर्मकार कोई कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व अपने कार्य स्थान तथा प्रक्रिया में प्रयुक्त मशीनी उपकरण या साधित्र की जांच करेंगे और किसी विकृत चालन (माल–फन्कशन) या त्रुटि की सूचना तत्काल सुपरवाइजर या प्रबंधक के किसी उत्तरदायी व्यक्ति को देंगे।

(3) सभी कर्मकार किसी कार्य को करने में या इस अनुसूची के अनुसरण में उन्हें किसी आकस्मिक को पूरा करने में प्रबंधक को सभी प्रकार से सहयोग देंगे और उन्हें दिए गए सभी व्यक्तिगत सुरक्षात्मक उपकरणों का हमेशा सावधानीपूर्वक रीति में उपयोग करेंगे।

(4) परिशिष्ट ''क'' और परिशिष्ट ''ख'' में अन्तर्निहित प्रक्रियाओं में नियोजित सभी कर्ममार प्रक्रिया क्षेत्र या भण्डारण क्षेत्र में धूम्रपान नहीं करेंगे। यदि प्रबन्धक द्वारा विशेष सुविधाएं प्रदान की जाती है, तो केवल ऐसी सुविधाओं का उपयोग किया जाएगा।

(5) परिशिष्ट ''क'' में अन्तर्निहित प्रक्रियाओं में नियोजित सभी कर्मकार अपाधिकृत स्थान में नहीं रहेंगे, न अपाधिकृत कार्य या किसी व्यवस्था को सुधारने या शार्टकट पद्धति अपनाने या अनुसूची के अनुसरण में प्रदान की गई किन्हीं सुविधाओं का दुरुप्रयोग करने का कार्य ऐसी रीति में नहीं करेगे, जिससे उन्हें स्वयं तथा साथ ही अन्य नियोजित के लिए जोखिम पैदा हो।

(6) कर्मकार इन नियमों के अधीन यथा अपेक्षित चिकित्सा परीक्षण कराने से इनकार नहीं करेंगे।

भाग–IX

युवा व्यक्तियों और गर्भवती स्त्रियों के नियोजन पर निर्बन्धन

(1) मुख्य कारखाना निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता इस अनुसूची के परिशिष्ट 'क' में अन्तर्निहित किन्हीं प्रक्रियाओं में गर्भवती स्त्रियों और युवा व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके नियोजन को लिखित में आदेश द्वारा निर्बन्धित या प्रतिषिद्ध कर सकता है।

(2) उपरोक्त उप–पैरा (1) के अनुसरण में जारी किए गए आदेश के कारण प्रक्रिया में कार्य करने से निर्बन्धित या प्रतिषिध ऐसे व्यक्तियों को ऐसा वैकल्पिक कार्य प्रदान किया जाएगा, जो उनके स्वास्थ्य या सुरक्षा के लिए हानिकारक न हो।

भाग–X

छूट

1. **छूट की शक्ति.**–राज्य सरकार या राज्य सरकार के नियंत्रण के अध्यधीन कारखाने, मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता परिशिष्ट 'क' में अन्तर्निहित प्रक्रियाओं को चलाने वाले किसी कारखानें को इस अनुसूची की किन्हीं अपेक्षाओं के अनुपालन करने से भागतः या पूर्णतः छूट दे सकता है, यदि अधिभोगी द्वारा स्पष्ट और सन्तोषजनक रूप से यह सिद्ध कर दिया जाए कि नियोजित व्यक्तियों की सुरक्षा तथा स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए इस अनुसूची में अन्तर्निहित किन्हीं अपेक्षाओं के स्थान पर उपयुक्त तथा प्रभावी वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध होने से ऐसी अपेक्षाओं का अनुपालन करना आवश्यक नहीं है।

परिशिष्ट क

किसी कारखाने द्वारा कार्यान्वित प्रक्रिया जहां राज्य सरकार या मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता द्वारा अंशतः या पूर्णतः इस अनुसूची की किन्हीं अपेक्षाओं के अनुपालन से छूट दी जा सकता है।

कोई कार्य या उसका कोई भाग जिसमें–

(क) निम्नलिखित में से किसी का विनिर्माण, परिचालन या प्रतिप्राप्ति की जाती हैः–

(i) सोडियम, पोटेशियम, लोहा, एल्यूमीनियम, कोबाल्ट, निकल, तांबा, आरसेनिक एन्टीमनी, क्रोमियम, जस्ता, सालेनियम, मेग्नेशियम, केडमियम, मरकरी (पारा), बेरिलियम और उनके कार्बनिक तथा अकार्बनिक लवण, एलाय, आक्साइड तथा हाइड्रो आक्साइड;

(ii) अमोनिया, अमोनियम, हायड्रोआक्साइड और अमोनियम लवण;

(iii) कार्बनिक या अकार्बनिक यौगिक सलफ्यूरस, सलफ्यूरिक, नाइट्रिक नायट्रस, हाइड्रोक्लोरिक, हायड्रोफ्लोरिक, हायड्रोआयोडिक, हायड्रोसलफ्यूरिक, हाडयड्रोब्रमोमिक, बोरिक;

(iv) सायनोजन यौगिक, सायनाइड यौगिक, सायनेट यौगिक;

(v) फास्फोरस और ओरगोनिक फासफोरस कीटाणु नाशकों के अलावा उसके अन्य यौगिक;

(vi) क्लोरीन।

(ख) हाइड्रोजन सल्फाइड के विखंडन द्वारा पैदा हुई मेटलिक सल्फाइड, या हायड्रोजन सल्फाइड का ऐसे सल्फाइड के उत्पादन में उपयोग;

(ग) ब्लीचिंग पाउडर का विनिर्माण या क्लोर–अल्कली संयंत्र में क्लोरीन गैस का उत्पादन;

(घ) (i) गैसटार या कोलतार या बिटूमन या शैल आइल एस्फाल्ट या ऐसे ही टार के किसी अवशेष का रासायनिक विनिर्माण की किसी प्रक्रिया में आसवन या उपयोग किया जाता है;

(ii) टार आधारित संश्लेषित रंगाई पदार्थ या उनके मध्यवर्ती उत्पादकों का उत्पादन;

(ङ) नाइट्रो यौगिकों के विनिर्माण में नाइट्रिक एसिड का उपयोग;

(च) नाइट्रो यौगिकों के उपयोग से विस्फोटकों का उत्पादन;

(छ) ऐलीफेटिक या ऐरोमेटिक यौगिकों या उनके धात्विक या अधात्विक उत्पाद या विस्थापित उत्पाद जैसे कि क्लोरोफार्म, एथिलीन ग्लायकोल, फार्मलडिहायड, बैजल क्लोराइड, फीनोल, मिथाइल, इथाइल, कीटोन, पेरोक्साइड, कोबाल्ट, कार्बोनिल, टंग्सटन कार्बाइड आदि विनिर्मित या प्रतिप्राप्त किए जाते हों।

परिशिष्ट 'ख'

भाग VII के पैरा 4 के अनुसरण में विशेष स्नानागार स्थान के संबंध में–

1. नाइट्रो या अमीनो प्रक्रियाएँ।
2. सभी क्रोम प्रक्रियाएँ।
3. गैस या कोलतार के आसवन की प्रक्रियाएँ या रसायन विनिर्माण की प्रक्रियाएँ जिनमें टार का उपयोग किया जाता है।
4. सायनोजन यौगिक, सायनाइड यौगिक, सायनेट यौगिक को अन्तर्निहित करने वाली विनिर्माण, परिचालन, कार्य सम्भाल या प्रतिप्राप्ति।
5. ब्लीचिंग पाउडर के विनिर्माण अन्तर्निहित करने वाली प्रक्रियाएँ या क्लोरोएल्कली संयंत्र में क्लोरिन गैस का उत्पादन।
6. निकल और इनके यौगिकों का विनिर्माण, परिचालन या प्रतिप्राप्ति।
7. एलीफेटिक या एरोमेटिक यौगिकों या उनके व्युत्पन्न या अनुकल्प व्युत्पन्न उत्पादों का विनिर्माण, परिचालन या प्रति प्राप्ति को अन्तर्निहित करने वाली सभी प्रक्रियाएँ।

परिशिष्ट 'ग'

एम्बुलेन्स

एम्बुलेन्स में निम्नलिखित उपकरण होने चाहिए:–

सामान्य.–

- फोल्डिंग तथा एडजस्टिंग यन्त्रों सहित पहियों वाली स्ट्रेचर। स्ट्रेचर का सिरा ऐसा हो जो कि ऊपर को उठाया जा सके;
- उपकरणों सहित फिकस्ड चूषण इकाई;
- उपकरणों सहित फिक्सड आक्सीजन आपूर्ति;
- आवरण युक्त तकिए;
- चादरें ;
- कंबल ;
- तौलिए ;
- एमीसिस बैग ;
- बैड पिन ;
- यूरिनल ;
- ग्लास ;
- एल्यूमीनियम झिल्ली का रोल ;
- साफ्ट रोलर पट्टियों 6'' X 5'' गज ;
- 3'' के रोल में एडेसिव टेप;
- सेफ्टी पिने;
- बेन्डेज शीट;
- बर्न शीट;

जहर (पायजनिंग):

- इपीका के सिरप;
- क्रियाशील चारकोल खुराक के अनुसार पूर्व पैकिट बंद ;
- स्नैक बाइट किट ;
- पीने का पानी।

आपातकालीन दवाएँ ;

अपेक्षा के अनुसार (केवल चिकित्सा अधिकारी की सलाह के अधीन)

सुरक्षा उपकरण;

- 30 मिनट की आयु सहित फ्लेअर ;
- फ्लड लाइटें ;
- फ्लेश लाइटें ;
- ड्राय पाउडर किस्म का अग्निशामक;
- इन्सूलेटिड दस्तानो;

आपातकालीन उपचार उपकरण;

''पुनरूज्जीवन''

- पोर्टेबल सक्शन इकाई ;
- पोर्टेबल आक्सीजन इकाई ;
- बैग वाल्व, मास्क, हाथों द्वारा चालित कृत्रिम संवातन इकाई ;
- एअरवेज ;
- माउथ गैज;
- ट्रेकोस्टामी एडॉप्टर्स ;
- शार्ट स्पाइन बोर्ड ;
- एडमिनिस्ट्रेशन इकाई सहित आई.वी. फ्ल्यूड्स;
- ब्लडप्रेशर मापी (मैनोमीटर);
- कग;
- स्टेथोस्कोप।

निश्चलता (इमोबिलाइजेशन);

- लम्बे तथा छोटे गद्दीदार बोर्ड;
- वायर–लेडर–सप्लेन्टस;
- तिकोनी पट्टियाँ;
- लम्बे तथा छोटे स्पाइन बोर्ड।

ड्रेसिंग;

- गेज पट्टियाँ 4'' X 4'' ;
- यूनिवर्सल ड्रेसिंग 10'' X 36'' ;

अनुसूची–XII
मिट्टी के बर्तनों का विनिर्माण

1. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजनों के लिए:–

(क) ''मिट्टी के बर्तन'' में मिट्टी के बर्तन (अर्दन वेयर), पत्थर के बर्तन, पोर्सिलेन, चीनी मिट्टी टाइल्स तथा चिकनी मिट्टी से अथवा किसी मिश्रण से तथा अन्य सामग्री जैसे कि क्वार्टज, फिलंट, फ्लसपर तथा जिप्स से बनी हुई अन्य वस्तुएँ सम्मिलित है;

(ख) ''दक्ष वायु निष्कासन'' से अभिप्राय है, धूल या धुएं को निकालने के लिए यांत्रिक या अन्य साधनों द्वारा किए गए स्थानीय संवातन जिससे उसे किसी स्थान की, जिसमें काम किया जा रहा हो, वायु में मिल जाने से रोका जा सके। किसी भी वायु निष्कासक को दक्ष नहीं समझा जाएगा, जो उस स्थान पर उत्पन्न होने वाली धूल या धुएं को, जहां पर ऐसे धूल या धुओं उत्पन्न होता हो, प्रभावी रूप से न हटा सकता हो;

(ग) ''फेटलिंग'' (टीप टाप करने) में स्केलोपिंग (कामदार कोर काढ़ना), टोइंग, सेण्डपेपरिंग (रंगमाल कागज से पालिश करना), सेण्डस्टिकिंग, ब्रशिंग (ब्रुश करना) या मिट्टी के बर्तनों को जिन में धूल निकलती हो, को साफ करने की कोई अन्य प्रक्रिया सम्मिलित है;

(घ) ''लेडलेस ग्लेज (सीसारहित चमक)'' से अभिप्राय है, ऐसी चमक से है, जिसमें उसके शुष्क भार के एक प्रतिशत से अधिक लेडमोनोक्सआइड के रूप में माना जाने वाला सीसे का मिश्रण अन्तर्विष्ट न हो;

(ङ) ''लो साल्यूविलीटीग्लेज'' से अभिप्राय है, ऐसी चमक से है, जो नीचे दी गई रीति में निरूपित किए जाने पर लेडोमोनोक्साइड के रूप में माने जाने वाले घुलनशील सीसे के यौगिक को उसके शुष्कभार के पांच प्रतिशत से अधिक हाइड्रोक्लोरिक एसिड को डाइल्यूट न कर सकती हो;

द्रव्य की तुली हुई मात्रा, जो कि 100 से.ग्रे. तापक्रम पर सुखा ली गई हो और पूर्णतयां मिश्रित कर ली गई हो, अपने भार के 1000 गुना भार के बराबर हाइड्रोक्लोरिक एसिड के जलीय घोल में, जिसमें 0.25 प्रतिशत

भार हाइड्रोजन क्लोराइड का होगा, समान तापक्रम पर एक घण्टे तक लगातार हिलाई जाएगी। इसके पश्चात् इस घोल को एक घण्टे तक ऐसे ही रखा रहने दिया जाएगा और तब छाना जाएगा। छने हुए घोले में होने वाले लेड सल्फाइड के रूप में निष्पादित किया जाएगा और लैड सल्फेट के रूप में तोला जाएगा।

(च) ''पिसे हुए या चूर्ण किए हुए पिंलट या क्वार्टज'' में प्राकृतिक बालू सम्मिलित नहीं हैं; तथा

(छ) ''पोटर्स शौप'' में सभी स्थान जहां मिट्टी के बर्तन दबकर या किसी अन्य प्रक्रिया से बनाए जाते है तथा वे समस्त स्थान जहां प्लेसिंग (रखने) या बिस्किट फायर (भट्टी में चढाने) के पूर्व मिट्टी के बर्तनों का शेपिंग (आकृति दी जाना), फेटलिंग (टीप–टाप की जाना) या अन्य उपचार किया जाता हो, सम्मिलित है।

2. **दक्ष वायु निष्कासनः–** दक्ष वायु निष्कासन के उपयोग के बिना निम्नलिखित प्रक्रियाएँ नहीं की जाएगी–

(i)	सूखे तथा अनुपयुक्त लेड योगिक के परिचालन अथवा उपयोग के वाली समस्त प्रक्रियाएं
(ii)	किसी भी प्रकार की फैटलिंग संक्रियाएं, चाहे वे कच्ची मिट्टी के बर्तनों पर हों या मिट्टी के सादा बर्तनों हों, परन्तु यह गीली फेटलिंग तथा यांत्रिक शक्ति की सहायता के बिना मिट्टी की वस्तुओं के यदा कदा सुसज्जित करने को लागू नहीं होगा।
(iii)	दबाव द्वारा टाईलें या अन्य वस्तुएं बनाने के लिए चिकनी मिट्टी से धूल या किसी अन्य सामग्री को छानना, उन दशाओं को छोड़कर जहांः– (क) यह एक ऐसी मशीन में किया जाता हो, ताकि जिसमें धूल के बाहर निकलने को प्रभावी रूप से रोका जा सके; या (ख) स्थानांतरित होने वाली सामग्री इतनी नम है कि जिससे धूल न निकल सकती हो।
(iv)	चिकनी मिट्टी से टाइल्स के सापे बनाना, प्रत्येक सांचे से एक निष्कासक छिद्र संलग्न रहेगा, यह खण्ड खपरलों को छोडकर चिकनी मिट्टी से वस्तुओं की प्रेसिंग को भी लागू होगा, जब तक कि पदार्थ इतना नम न हो कि जिससे धूल न निकलती हो।
(v)	दबाव द्वारा चिकनी मिट्टी से बनी हुई टाइल्स की फैटलिंग करना, उस स्थिति के सिवाय जहां फेटलिंग, नम पदार्थ से की जाती हो, यह खण्ड जब कि पदार्थ इतना न हो कि जिससे धूल न निकलती हो, चिकनी मिट्टी से बनाई गई अन्य वस्तुओं के फेटलिंग को भी लागू होगा।
(vi)	आवाओं (अग्नि सह–मृतिका पेटी) के उस स्थिति में भरने तथा खाली करने की प्रक्रिया, जहां कि पिसे हुए तथा चूर्ण फ्लिंट, क्वार्टज, एल्युमीनियम या अन्य सामग्री अन्तर्वलित हो, का प्रबन्ध करना तथा (परिचालन)
(vii)	मिट्टी के सादा बर्तन को ब्रुसिंग, जब तक कि वह प्रक्रिया ऐसे कमरे में न की जाती हो, जिसमें ऐसे दक्ष सामान्य यांत्रिक संवातन या अन्य संवातन की व्यवस्था हो, जो मामले की समस्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए कारखाने के निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा प्रमाणित की जाए।
(viii)	मिट्टी के उन सादा बर्तनों का फेटलिंग, जिन्हें चूर्ण, फ्लिंट या क्वार्टज में तपाया गया हो, उस दशा के सिवाय जहां कि यह कार्य इस प्रकार परिबद्ध मशीनों में किया जाए, जिससे धूल के बाहर निकलने का प्रभाव पूर्ण रूप से रोका जा सके।
(ix)	बर्तनों को डुबोने या अन्य प्रक्रिया द्वारा चमकाने की क्रिया के पश्चात् साफ करना।
(x)	पॉटरी बॉडीज तथा आवाओं (अग्नि सह–मृतिका पेटी) के लिए सामग्री को कुचला जाना तथा उनकी शुष्क पिसाई, जब तक यह कार्य इस प्रकार मशीनों में न किया जाता हो, जिससे धूल के बाहर निकलने को प्रभावपूर्ण रूप से रोका जा सके या वह इतना नम हो जिससे धूल न निकल सकती हो।
(xi)	चूर्ण फ्लिंट; क्वार्टज, चिकनी मिट्टी, योग या इस सामग्री के मिश्रण को दानना या परिचालन जब तक कि वह इतना तर न हो, जिससे धूल न निकल सकती हो।
(xii)	शक्ति चालित चाक पर टाइल्स का पीसा जाना, जब तक कि चाकों पर पर्याप्त पानी के छिड़काव का उपयोग न किया जाए।
(xiii)	उतोलक तथा वाहक द्वारा पदार्थों को ऊपर उठाना तथा ढोना, जब तक कि वे प्रभावपूर्ण रूप से परिबद्ध न हों, तथा इस प्रकार व्यवस्थित न किए गए हों, जिससे किसी ऐसे स्थान में या उसके समीप जहां पर व्यक्ति काम कर रहे हो, वायुमंडल से धूल को बाहर निकलने से रोका जा सके।

(xiv)	बहने वाले पदार्थ को तैयार करना अथवा तौल कर अलग करना, सूखे रंगों की लानिंग, कलरिंग, डस्टिंग तथा कलर ब्लोविंग।
(xv)	सांचा बनाने में, जब तक कि प्लास्टर ऑफ पैरिस रखने के लिए उपयोग में लाए गए, पीपों या समान पात्रों के लिए उपयुक्त सामानों की व्यवस्था न हो।
(xvi)	जलाकर चूना बनाए गए पदार्थ का परिचालन जब तक कि पदार्थ इतना नम न बनाया गया हो तथा इतना नम न रहे कि जिससे धूल न निकल सके।

3. **प्रक्रियाओं का पृथक्करण.–** निम्नलिखित प्रक्रियाओं में प्रत्येक प्रक्रिया ऐसी रीति में तथा ऐसी शर्तों के अधीन की जाएगी, जिससे कि एक का दूसरे से तथा अन्य आर्द् प्रक्रियाओं से प्रभावी पृथक्करण सुरक्षित किया जा सकेः–

(क) पदार्थों की क्रशिंग (कुचलना) तथा ड्राई ग्राईडिंग (शुष्क पिसाई) या छानना, फेटलिंग, टाइल्स का प्रेसिंग, चिकनी मिट्टी तथा कच्ची मिट्टी के बर्तन सुखाना तथा आवाओं (सैगर्स) को भरना तथा खाली करना।

(ख) शुष्क सीसे के यौगिक के उपयोग को अन्तर्विष्ट करने वाली समस्त प्रक्रियाएँ।

4. **ग्लेज का उपयोग.**–किसी भी ऐसे ग्लेज का, जो सीसा रहित ग्लेज या निम्न साल्यूविलीटी ग्लेज न हो, किसी भी ऐसे कारखाने में उपयोग नहीं किया जाएगा, जिसमें चीनी मिट्टी के बर्तन विनिर्मित किए जाते हो।

5. **गर्भवती स्त्रियों तथा युवा व्यक्तियों के नियोजन पर निर्बन्धन.**–खण्ड 2 में विनिर्दिष्ट किसी संक्रिया में या किसी ऐसे स्थान पर, जहां ऐसी संक्रियाऐं की जाती हो, किसी भी गर्भवती स्त्री या युवक को नियोजित नहीं किया जाएगा अथवा काम करने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

6. **कुम्हार का चाक.**–कुम्हार के चाक (जाली तथा जिगर) के लिए आइ (स्क्रीन) की व्यवस्था की जाएगी या वह इस प्रकार बनाया जाएगा, जिससे कि चिकनी मिट्टी की छीलन को चाक से परे गिरने से रोका जा सके।

7. **धूल प्रवाहित होने से रोकने के लिए किए जाने वाले उपाय.**–(1) फर्शों की सफाई करने के दौरान उडने वाली धूल को नम करने या अन्यथा रोकने के लिए समस्त व्यावहारिक उपाय किए जाएंगे;

(2) सफाई की प्रक्रिया के दौरान, जो कि कार्य समाप्त हो जाने के पश्चात् की जाएगी हवा में उड़ने वाली धूल को रोकने में पद्धति को प्रभावी बनाने के लिए लकड़ी के गीले बुरादे का या अन्य उपयुक्त सामग्री का उपयोग किया जाएगा।

8. **फर्श की सफाई.**–पोटर की दुकानों, स्लिप हाउसेज, डिपिंग हाउसेज तथा वेयर क्लीनिंग कक्ष के फर्श कठोर, चिकने तथा अपारगम्य होंगे तथा किसी वयस्क पुरूष द्वारा आर्द्र पद्धति द्वारा पूर्ण रूप से प्रतिदिन साफ किए जाएंगे।

9. **चिकित्सा जांच.**–(1) खण्ड 2 में शामिल किसी प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों की प्रक्रिया में उनके प्रथम नियोजन की तिथि से पूर्व या आगामी 7 दिनों के भीतर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा जांच की जाएगी; उसके बाद खण्ड 2(i) तथा 2(xiv) के अधीन शामिल किसी प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों की प्रत्येक तीन कलैण्डर मास में एक बार प्रमाणकर्त्ता सर्जन द्वारा जांच की जाएगी तथा खण्ड 2 के उप–खण्ड (ii) से (xiii), उप–खण्ड (xv) तथा (xvi) में शामिल किसी प्रक्रिया में नियोजित व्यक्तियों की जांच प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा प्रत्येक 12 मास में एक बार की जाएगी। ऐसी जांच का रिकार्ड प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा स्वास्थ्य रजिस्टर तथा खण्ड 10 के अधीन उसको दिए गए उपयुक्तता प्रमाणपत्र में दर्ज किया जाएगा।

(2) यदि किसी समय पर प्रमाणकर्ता सर्जन की राय है कि खण्ड 2 में शामिल किसी प्रक्रिया में नियोजित कोई व्यक्ति उसी कार्य में बने रहने के लिए आगे फिट नहीं है, तो वह ऐसे व्यक्ति को वैकल्पिक नौकरी मुहैया कराने के लिए प्रबन्धक को कह सकता है तथा यदि प्रमाणकर्ता सर्जन की राय है कि इस प्रकार नियोजित व्यक्ति उन आधारों पर किसी अन्य प्रक्रिया में नियोजन के लिए आगे फिट नहीं है कि उसका उसमें बना रहना उसके स्वास्थ्य को हानि करेगा, तो वह उस व्यक्ति को दिये गए उपयुक्तता प्रमाणपत्र को रद्द करेगा।

(3) कोई व्यक्ति जिसका उपयुक्तता का प्रमाणपत्र रद्द किया गया है तब तक पुनः नियोजित नहीं किया जाएगा जब तक प्रमाणकर्ता सर्जन पुनः जांच करने के बाद उसी प्रक्रिया में या किसी वैकल्पिक प्रक्रिया में नियोजन के लिए उसे फिट प्रमाणित नहीं करता।

10. **उपयुक्तता प्रमाणपत्र.**–खण्ड 9 के अधीन चिकित्सा रूप से जांचा गया व्यक्ति नियोजन के लिए फिट पाया जाता है, तो उसे प्ररूप–31 में उपयुक्तता का प्रमाणपत्र प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा प्रदान किया जाएगा तथा ऐसा प्रमाणपत्र कारखाने के प्रबन्धक की अभिरक्षा में रखा जाएगा तथा प्रमाणपत्र निरीक्षक की जांच के लिए सहज उपलब्ध रखा जाएगा। व्यक्ति जिसको ऐसा प्रमाणपत्र दिया गया है, ऐसे प्रमाणपत्र का संदर्भ देने के लिए प्रमाण हेतु कार्य के समय अपने साथ ले जाएगा।

11. **सुरक्षात्मक उपकरण.**–(1) अधिभोगी खण्ड 2 में वर्णित प्रक्रिया में नियोजित समस्त व्यक्तियों के लिए उपयुक्त समग्र (ओवर आल) तथा सिर आवरक मुहैया करेगा तथा उन्हें बनाए रखेगा।

(2) अधिभोगी डुबकी लगाने वालों डूबकी लगाने वाले सहायकों, थ्रोअर, जॉली वर्कर्स, ढलाई करने वालों, मोल्ड मेकर्स तथा फिल्टर प्रेस तथा पग मिल कर्मकारों के उपयोग के लिए जल सह या समरूप सामग्री के उपयुक्त एप्रनों जिन्हें प्रतिदिन स्पंज से पोछा जा सके, मुहैया करेगा तथा उन्हें बनाए रखेगा।

(3) उप–खण्ड–2 के अनुसरण में दिए गए एप्रनों को पहनने वाले व्यक्तियों द्वारा स्पंज से पोछ कर या अन्य आर्द्र प्रक्रिया द्वारा प्रतिदिन पूर्णतया सफाई की जाएगी। सभी ओवरॉल्स तथा सिर आवरकों को कम से कम एक सप्ताह में एक बार धोया, सफाई या मरम्मत की जाएगी तथा इसकी धुलाई, सफाई या मरम्मत अधिभोगी द्वारा प्रदान की जाएगी।

(4) किसी भी व्यक्ति को उपयुक्त तथा दक्ष धूल डस्ट रेसपिरेटर पहने बिना धूल वाली वस्तुओं के बोरों को खाली करने, तौलने तथा धूल वाले पदार्थों को मिलाने और बाल मिल्स तथा पलंजर्स का कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

12. धुलाई की सुविधाएँ.–(1) अधिभोगी खण्ड 2 में विनिर्दिष्ट की गई किन्हीं भी प्रक्रियाओं में नियोजित किए गए समस्त व्यक्तियों के उपयोग के लिए आच्छादित धुलाई स्थान की व्यवस्था करेगा और उसे स्वच्छ तथा अच्छी अवस्था में बनाए रखेगा, जिसमें या तोः–

(क) (i) चिकनी अपारगम्य सतह का एक टब होगा, जिसमें प्लग रहित वेस्ट पाइप फिट किया गया और वह पर्याप्त लम्बाई का होगा, जिससे किसी एक समय में नियोजित ऐसे प्रत्येक पांच व्यक्तियों के लिए कम से कम दो फुट का स्थान मिल सके तथा जिसमें टब के ऊपर लगी हुई टोंटियाँ या फटवारों से, जो दो फुट से अनधिक अन्तर पर होंगे, स्वच्छ जल का सतत प्रदाय होता हो; या

(ii) किसी एक समय में नियोजित ऐसे प्रत्येक पांच व्यक्तियों के लिए कम से कम एक टोंटी या खड़ा पाइप होगा और ऐसी टोंटी या पाइप नल एक दूसरे से कम से कम 4 फुट के अंतर पर लगा हुआ होगा, जिसमें स्वच्छ जल का सतत् प्रदाय होता हो, और

(ख) नाखून साफ करने के ब्रुशों तथा साबुन के पर्याप्त प्रदाय सहित उपयुक्त सामग्री से बने प्रतिदिन बदले जाने वाले स्वच्छ तौलियों का पर्याप्त प्रदाय।

13. धुलाई के लिए अनुमत समय.–प्रत्येक भोजन से पूर्व तथा दैनिक कार्य की समाप्ति के पूर्व खण्ड 2 में उल्लिखित की गई प्रक्रियाओं में से किसी भी प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को नियमित रूप से दिए जाने वाले भोजन के समय के अतिरिक्त कम से कम दस मिनट धुलाई के लिए दिए जाएंगे।

14. भोजन कक्ष.–(1) विश्राम के अन्तरालों के दौरान परिसर में रहने वाले समस्त व्यक्तियों के उपयोग के लिए मुख्य कारखाने से कम से कम 50 फुट की दूरी पर एक उपयुक्त भोजन कक्ष या कैन्टीन की व्यवस्था की जाएगी तथा उसे बनाए रखा जाएगा, जिसमें प्रति व्यक्ति के लिए कम से कम 10 वर्ग फुट स्थान की व्यवस्था होगी। उपरोक्त वर्णित धुलाई सुविधाएं भोजन कक्ष या कैन्टीन के निकट उपलब्ध कराई जाएगी तथा भोजन कक्ष तथा कैन्टीन निम्नलिखित से सुसज्जित होगीः–

(i) पर्याप्त संख्या में पीठ टिकाने वाली मेजों, कुर्सियों या बैंचों से;

(ii) धुलाई के लिए बर्तनों की व्यवस्था से;

(iii) भोजन गर्म करने के लिए पर्याप्त साधनों से;

(iv) पीने के पानी की पर्याप्त मात्रा से;

(2) स्वच्छ वायु के परिचालन द्वारा कमरे को पर्याप्त रूप से संवातित किया जाएगा तथा किसी उत्तरदायी व्यक्ति के प्रभार में रखा जाएगा और स्वच्छ रखा जाएगा।

15. कार्य के कमरों में खाद्य, पेय आदि का प्रतिषेधित होना.–कार्य के किसी भी कमरे में, जिसमें खण्ड 2 में वर्णित कोई भी प्रक्रिया की जाती हो, किसी भी कर्मकार द्वारा न तो कोई भी खाद्य, पैय, पान या सुपारी या तम्बाकू लाया जाएगा तथा न ही उसका उपयोग किया जाएगा और भोजन अथवा विश्राम के अन्तराल के दौरान कोई भी व्यक्ति किसी भी कमरे में नहीं रहेगा।

16. अमानती समानघर इत्यादि.–खण्ड 2 में वर्णित की गई प्रक्रियाओं में से किसी में भी नियोजित किए गए समस्त व्यक्तियों के उपयोग के लिए निम्नलिखित व्यवस्था की जाएगी तथा उसे बनाए रखा जाएगाः–

(क) कार्य के घण्टों के दौरान उतार कर रखे गए वस्त्रों को रखने के लिए एक अमानती समानघर जो किसी भोजन कमरे से पृथक होगा;

(ख) खण्ड 11 के अधीन प्रदान किए गए सुरक्षात्मक उपकरणों के संग्रह के लिए पृथक तथा उपयुक्त प्रबन्ध।

17. लागूकरण.–इस अनुसूची में दिए गए उपबन्ध ऐसे कारखानों को लागू नहीं होंगे, जिसमें अन्य किसी पोटरी को छोड़कर निम्नलिखित वस्तुओं में से कोई वस्तु बनाई जाती हो–

(क) बिना पालिश की हुई या साल्ट ग्लेज्ड ईंट तथा खपरैलें; और

(ख) प्लास्टिक क्ले से तथा या तो बिना पालिश की हुई या केवल सीसा रहित पालिश से पालिश की हुई मिट्टी से बनाई गई वास्तुशिल्पीय पकाई हुई मिट्टी (टैराकोटा)।

18. **छूट.**—यदि किसी कारखाने के संबंध में मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाए कि इस अनुसूची के समस्त या कोई भी उपबंध ऐसे कारखाने में नियोजित किए गए व्यक्तियों की सुरक्षा के लिए आवश्यश्क नहीं है, तो वह लिखित में प्रमाण पत्र द्वारा ऐसे कारखाने को ऐसे समस्त या किन्हीं भी उपबंधों से ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जो वह उसमें उल्लिखित करें, छूट दे सकता है। ऐसी सुविधाएं मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता द्वारा कोई कारण बतलाए बिना ही किसी भी समय रद्द की जा सकती हैं।

अनुसूची–XIII

जल के इलेक्ट्रोलाइसिस (विद्युतविच्छेद) द्वारा उत्पन्न आक्सीजन तथा हाइड्रोजन का सम्पीडन

1. वह कमरा, जिसमें इलेक्ट्रोलाइजर संयंत्र स्थापित किया जाए, आक्सीजन तथा हाइड्रोजन का संग्रहण तथा सम्पीडन करने वाले संयंत्र तथा विद्युत उत्पादन कक्ष से भी पृथक् होगा।

2. किसी सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रत्येक शिफ्ट में कम से कम एक बार निम्नलिखित बिन्दुओं पर आक्सीजन तथा हाइड्रोजन की शुद्धता का परीक्षण किया जाएगाः–

(i) इलेक्ट्रोलाइसिज कमरे में;

(ii) गैस होल्डर इनलैंट पर; तथा

(iii) सम्पीड़क के चूषण छोर पर।

शुद्धता के आंकड़े ऐसे परीक्षण करने वाले व्यक्तियों द्वारा रजिस्टर में प्रविष्ट तथा हस्ताक्षरित किए जाएंगे :

तथापि, परन्तु यदि इलेक्ट्रारेलाइसर संयंत्र अलार्म लाइट्स (संकट प्रकाश) सहित आक्सीजन तथा हाइड्रोजन की शुद्धता से स्वचालित रिकार्डर से युक्त हों, तो यह पर्याप्त होगा। यदि गैसों की शुद्धता का केवल सम्पीड़क के चूषणछोर पर ही परीक्षित किया जाता है।

3. आक्सीजन तथा हाइड्रोजन गैस उस दशा में सम्पीडित नहीं की जाएगी, यदि खण्ड 2 के अधीन यथा अवधारित उनकी शुद्धता किसी भी समय 98 प्रतिशत से नीचे गिर जाए।

4. गैस पात्र में सीमित स्वीच के अतिरिक्त अति संवेदनशील नेगेटिव दबाव स्वीच गैस पात्र के निकट हाइड्रोजन के लिए मुख्य चूषण में या निकटवर्ती तथा गैस पात्र के बीच तथा रिक्त करने के सम्बन्ध में ऐसी सीमा तक खाली हो रहे गैस पात्रों की घटना में सम्पीडक मोटर को बन्द करने के लिए हाइड्रोजन सम्पीड़क मुहैया कराया जाएगा।

5. प्रत्येक गैस पात्र इसके निम्नतम कार्यस्तर से 30 सेंटीमीटर के भीतर पहुंचने पर गैस–पात्र की घंटी बजने की दशा में सम्पीड़क को रोकने के लिए निम्न स्तर अलारम तथा ट्रीप स्वीच लगाया जाएगा।

6. लाई (सज्जीदार पानी) बनाने के लिए उपयोग में लाया गया जल, कास्टिक सोडा तथा कास्टिक पोटास इलैक्ट्रोलाईसिस के लिए उपयुक्त मानकों का होगा।

7. इलेक्ट्रोलाइसर सेल्स तथा जेनरेटर टरमिनल्स पर विद्युत संयोजन इस प्रकार लगाए जाएंगे, जिससे ऐसे गलत कनेक्शनों की संभावनाओं को, जिससे ध्रुवता का उलटाव हो जाए, रोका जा सके या स्वचालित यन्त्र के अतिरिक्त या तो स्वीच बोर्ड पर या विद्युत जनरेटर टर्मिनल पर गलत कनैक्शन के कारण ध्रुवता के उलटाव की दशा में विद्युत विच्छेद की व्यवस्था की जाएगी।

8. आक्सीजन तथा हाइड्रोजन गैस पाइप अन्तर प्रकट करने वाले रंगों से रंगे जाएंगे तथा जहां कहीं कोई हाइड्रोजन गैस पाइप मरम्मत या किसी अन्य कार्य के लिए खुला है, तो पाइप को पुनः जोड़ने के पश्चात् उसमें पाईप के माध्यम से निकलने के लिए अनुमत हो, हाइड्रोजन का संग्रह करने के पूर्व उसकी समस्त हवा निकाल दी जाएगी।

9. इलैक्ट्रोलाइसर कमरे में समस्त विद्युत तार तथा साधित्र ज्वालारोधी निर्मित होंगे या ज्वालारोधी फिटिंग से परिबद्ध होंगे और कोई भी अनावृत्त ज्योति या ज्वाला या तो किसी इलेक्ट्रोलाइसर कमरे में या वहां जहां कि गैसों के सम्पीड़न तथा भरे जाने का कार्य किया जाता हो, लेने की अनुमत नहीं की जाएगी और ऐसी चेतावनी की सूचनाएं प्रमुख स्थानों में प्रदर्शित की जाएंगी।

10. इलैक्ट्रोलाइसर संयंत्र तथा गैस पात्रों तथा सम्पीड़क (कम्प्रेसर) के किसी भी भाग की वेल्डिंग, ब्रेजिंग, सोल्डरिंग या कटिंग तब तक नहीं की जाएगी, जब तक कि उस भाग से किसी भी विस्फोटक पदार्थ को हटाने के लिए और ऐसी संक्रियाओं के पूर्ण हो जाने के पश्चात् किसी भी विस्फोटक पदार्थ को उस भाग में ले जाए जाने के लिए तब तक अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जब तक कि विस्फोटक के खतरे को रोकने के लिए धातु को पर्याप्त रूप से ठण्डा न कर दिया गया हो।

11. संक्रिया, मरम्मत या अनुरक्षण का कोई भी कार्य ऐसे व्यक्ति, जो अपने प्रशिक्षण, अनुभव तथा विस्फोट के खतरे के विरूद्ध सावधानियों का ज्ञान होने से ऐसे कार्य का पर्यवेक्षण करने के लिए सक्षम है, के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन के सिवाए नहीं किया जाएगा। कोई भी विद्युत जनरेटर के निर्माण या मरम्मत के बाद इलैक्ट्रोलाईजर का स्वीच जब तक नहीं खोला जाएगा तब तक उसे सक्षम व्यक्ति जिसके प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन निर्माण या मरम्मत सुरक्षित स्थिति में की जानी है, द्वारा प्रमाणित नहीं किया जाए तथा खण्ड 7 द्वारा यथा अपेक्षित टर्मिनल की ध्रुवता के लिए जांचा गया हो।

12. इलैक्ट्रोलाईजर संयन्त्र तथा गैस पात्र तथा सम्पीड़कों के प्रत्येक भाग की अच्छी तरह से मरम्मत तथा जांच की नियमित अनुसूची होगी तथा ध्यान में आई प्रत्येक त्रुटि को तुरन्त ठीक किया जाएगा।

अनुसूची–XIV

क्षयकारी (कोरोसिव) पदार्थों का हस्तन तथा परिचालन

1. **परिभाषाएँः–** इस अनुसूची के प्रयोजन के लिएः–

(क) ''हानिकारक सक्रिया'' से अभिप्राय है, किसी कारखाने में पदार्थों का विनिर्माण, संग्रहण, हस्तन, उनका प्रसंस्करण, पैकिंग या उनका उपयोग करने की सक्रिया ;

(ख) ''क्षयकारी पदार्थों'' में सम्मिलित है, सल्फ्युरिक एसिड, नाइट्रिक एसिड, हाईड्रोक्लोरिक एसिड, हाइड्रोक्लोरिक एसिड, हाइड्रोफ्लोरिक एसिड, कारबोलिक एसिड, फासफोरिक एसिड, द्रव कोलिन, द्रव ब्रोमाइन, अमोनिया, सोडियम, हाइड्रोक्साइड तथा पोटेशियम हाइड्रोक्साइड तथा उनका मिश्रण और अन्य ऐसे पदार्थ, जिन्हें राज्य सरकार राजपत्र में, अधिसूचना द्वारा क्षयकारी पदार्थ के रूप में विनिर्दिष्ट करे।

2. **फर्शः–**कारखाने के ऐसे प्रत्येक कार्य कक्ष का, जिसमें क्षयकारी संक्रिया की जाती है–फर्श अपारगम्य, क्षयकारी तथा अग्नि का प्रतिकार करने वाली सामग्री से बनाया जाएगा और उसका निर्माण इस प्रकार किया जाएगा, ताकि किसी क्षयकारी पदार्थ को एकत्रित होने से रोका जा सके। ऐसे फर्श की सतह सदैव चिकनी तथा स्वच्छ होगी और अच्छी दशा में बनाई रखी जाएगी।

3. **रक्षात्मक उपकरण (इक्वीपमेंट):–**(क) अधिभोगी किसी भी स्वास्थ्यकर संक्रिया में नियोजित समस्त व्यक्तियों के उपयोग के लिए उपयुक्त रक्षात्मक उपाय के रूप में हाथों के दस्ताने और पैरों के लिए जूते, उपयुक्त एप्रन्स, मुखरक्षक, रसायनों से सुरक्षित चश्में तथा श्वसित्र की व्यवस्था करेगा। ऐसे उपकरण अच्छी हालत में बनाए रखे जाएंगे तथा साफ और स्वास्थ्यकर दशा में रखे जाएंगे, जिसके लिए उन्हें उपयुक्त प्रकारों से परिष्कृत किया जाएगा, ताकि किसी शोधन रसायन के दुष्परिणामों को दूर किया जा सके और उन्हें कीटाणु रहित भी किया जा सके। अधिभोगी उपयुक्त रक्षात्मक क्रीम तथा अन्य निर्मितियों (प्रपरेशन्स) की भी, जब कभी उनकी आवश्यकता हो, व्यवस्था करेगा।

(ख) मुहैया कराये गए सुरक्षात्मक उपकरण तथा निर्मितियाँ संक्रिया में नियोजित व्यक्ति के द्वारा उपयोग में लाई जाएंगी।

4. **जल सुविधाएँः–**जहां क्षयकारी पदार्थों से संबंधित संक्रियाएँ की जाती हो, वहां ऐसी संक्रिया के यथासंभव निकटवर्ती स्थान पर जो 210 से.मी. (7 फुट) से कम ऊँचाई पर न हो। 1.25 से.मी. ($^{1}/_{2}$ इंच) व्यास के नल द्वारा, जिसमें शीघ्र कार्य करने वाला वाल्व का प्रयोग किया गया हो, स्वच्छ जल की व्यवस्था की जाएगी, ताकि किसी कर्मकार को किसी क्षयकारी पदार्थ द्वारा क्षति की दशा में क्षतिग्रस्त भाग को पूर्ण रूप से पानी से अच्छी तरह से धोया जा सके, जहां कहीं आवश्यक हो, जल सतत प्रदाय के हेतु जल संग्रहक (स्टोरेज टैंक) की व्यवस्था की जाएगी, जिसकी न्यूनतम लम्बाई, चौड़ाई तथा ऊँचाई क्रमशः 210 सेटी मीटर, 120 सैंटीमीटर तथा 60 सेंटीमीटर होगी, या ऐसे परिमाप की जो मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा स्वच्छ जल के स्रोत के रूप में अनुमोदित हो, मुहैया की जाएगी।

5. **सचेतक नोटिसः–**अधिकांश नियोजित कर्मकारी द्वारा समझी जाने वाली भाषा में निम्नलिखित प्ररूप में तथा संचेतक मुद्रित नोटिस ऐसे प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित किए जाएंगे, जहां पैरा 2 में वर्णित प्रचालन किए जाने हों और जहां उन्हें कर्मकारों द्वारा सुगमता और सरलतापूर्वक पढ़ा जा सके। यदि कोई कर्मकार अशिक्षित हो, तो उसे इस प्रकार प्रदर्शित नोटिस में अन्तर्विष्ट बातों को सावधानीपूर्वक समझाने के प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

सचेतक नोटिस

खतरा.– क्षयकारी पदार्थ अतिदाहक होते हैं तथा उनसे बनाने वाली भाप अत्यन्त खतरनाक होती है। यदि ऐसे पदार्थ का शरीर के किसी भाग से स्पर्श हो जाए तो भाग को तुरन्त ही विपुल जलधारा के नीचे कम से कम पन्द्रह मिनट तक रखा जाए। चिकित्सा सुविधा तत्काल प्राप्त करें।

6. **परिवहनः–**

(क) क्षयकारी पदार्थ, पात्रों के सिवाय अन्य किसी भी पात्र में नहीं भरे जाएंगे या उन पात्रों के सिवाय उन्हें हटाया नहीं जाएगा या ले जाया नहीं जाएगा और जब उनका परिवहन किया जाए, तब उसे मजबूत तथा पर्याप्त क्षमता के क्रैटों (टोकरियों) में रखा जाएगा।

(ख) क्षकारी पदार्थ की (11.5 लीटर) ($2^{1}/_{2}$ गैलन) या उससे अधिक की हो किसी बर्तन या क्रैट में रखा जाएगा और तत्पश्चात् एक से अधिक व्यक्तियों द्वारा कमरे के नीचे की ऊँचाई तक रखते हुए उसे तब ही ले जाया जाएगा, जब कि प्रयोजन के लिए उपयुक्त रबर के पहिए वाली गाड़ी प्रयोग में लाई जाए।

(ग) क्षयकारी पदार्थ के पात्रों पर सुस्पष्ट लेबिल लगाए जाएंगे।

7. **क्षयकारी पदार्थों के हस्तन के लिए साधन.–**(क) क्षयकारी पदार्थों से भरी हुई सुराहियों (जार), कारबायस तथा अन्य पात्रों के रिक्त करने हेतु झुकाने (टिल्टिंग) या उठाने (लिफ्टिंग) के लिए उपयुक्त साधनों का प्रयोग किया जाएगा।

(ख) क्षयकारी पदार्थ हस्तन नंगे हाथों से नहीं किया जाएगा, किन्तु उपयुक्त कलछी (बेलचों) (स्कूप) या अन्य साधनों के जरिए उनका हस्तन किया जाएगा।

8. वाल्व का खोलना.—क्षयकारी पदार्थ से भरे हुए धारक पात्रों के प्रतिबंधक (वाल्व) बड़ी सावधानी से खोले जाएंगे। यदि वे आसानी से काम न करते हों, तो उन्हें खोलने के लिए जोर नहीं लगाया जाएगा। वे इस प्रयोजन के लिए उचित रूप से प्रशिक्षित कर्मकार द्वारा खोले जाएंगे।

9. टंकी, स्टील्स आदि को साफ करना.—(क) क्षयकारी पदार्थों को रखने के लिए उपयोग में लाए गए स्टील्स या अन्य बड़े कक्षों (चैम्बर्स) में बचे हुए अवशेषों (रेसीडयू) को हटाने हेतु उपयुक्त लकड़ी या अन्य सामग्री के ऐसे उपयुक्त औजार उपयोग में लाए जाएंगे, जिससे अरसिनिरीटेड हाइड्रोजन (अरसिन) के बनने को रोका जा सके।

(ख) जब कभी किसी श्रमिक को ऐसे किसी कक्ष (चेम्बर्स) टंकी (टैंक) कुण्ड (वैट) गडढ़ों (पिट) या अन्य किसी परिरूद्ध स्थान(कन्फाइड स्पेस) में, जिसमें क्षयकारी पदार्थ रखा गया हो, सफाई करने या अनुरक्षण हेतु प्रवेश करना आवश्यक हो, तो श्रमिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संहिता के अधीन अपेक्षित समस्त संभव सावधानियाँ बरती जाएंगी।

(ग) जब कभी संभव हो किसी उपकरण के किसी ऐसे भाग की मरम्मत का कार्य हाथ में लेने के पूर्व, जिनमें क्षयकारी पदार्थ का प्रयोग किया गया हो, ऐसे उपकरण या उसके भाग को लगे हुए अवशेष को उपयुक्त प्रणाली अपना कर मुक्त किया जाएगा।

10. भण्डारण.—(क) क्षयकारी पदार्थों को उसी कमरे में भण्डार नहीं किया जाएगा, जहां अन्य रसायन जैसे टरपेंटाईन, कार्बाइड्रस, मेटेलिक चूर्ण या अन्य ज्वलनशील पदार्थ रखे गए हों, जिनका इन क्षयकारी पदार्थों से आकस्मिक मिश्रण होने पर उसकी प्रतिक्रिया तीव्र हो सकती है जिससे जोरदार या विषैला धुआं या गैस बन सकती हैं।

(ख) क्षयकारी पदार्थों को रखने के लिए बनाई गई ओवर हेडटंकियां, पात्र कुण्ड या अन्य संग्रह योग्य पात्र इस प्रकार व्यवस्थित रूप से रखे जाऐं कि उनमें से पंप द्वारा उक्त पदार्थ निकालते समय या उन्हें भरते समय उक्त क्षयकारी पदार्थ बहने न पाए तथा उससे किसी व्यक्ति को क्षति न पहुंचे।

(ग) प्रत्येक संग्रह पात्र, जिसमें क्षयकारी पदार्थ रखे जाते हो या वहन किए जाते हों तथा जिसकी क्षमता 20 लीटर या उससे अधिक हो तथा उससे संबद्ध प्रत्येक नल पंक्ति, प्रतिरोधक (वाल्व) तथा फिटिंग्स का प्रतिवर्ष सम्पूर्ण रीति से परीक्षण किया जाएगा और उसमें कोई दोष पाए जाने पर उसे तुरंत ही दूर किया जाएगा। इस प्रकार के प्रत्येक परीक्षणों का एक रजिस्टर रखा जाएगा तथा जब कभी आवश्यक हो, उसे निरीक्षक के सम्मुख प्रस्तुत किया जाएगा।

11. अग्निशामक यंत्र और आग बुझाने के उपकरण.—उपयुक्त किस्म के अग्निशामक यंत्र या अन्य आग बुझाने के उपकरण भण्डार किए गए पदार्थ के स्वरूप पर निर्भर रहते हुए पर्याप्त संख्या में मुहैया किए जाएंगे। इन अग्निशामक यंत्रों या आग बुझाने के साधनों को नियमित रूप से जांचा जाएगा तथा उन्हें पुनः भरा जाएगा। इन अग्निशामक यंत्रों या आग बुझाने के उपकरणों के प्रयोग संबंधी सूचना अधिकांश नियोजित कर्मकारों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में मुद्रित कराकर प्रत्येक ऐसे यंत्र या साधन के पास चिपका दी जाएगी।

12. छूट.—यदि किसी कारखाने के संबधं में उसके प्रबंधक द्वारा आवेदन करने पर मुख्य कारखाना निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाती है कि विशिष्ट परिस्थितियों के कारण या प्रक्रिया की अविरलता के कारण या अन्य किसी कारण के फलस्वरूप उस द्वारा लिखित में अभिलिखित किए जाएंगे, इस अनुसूची के समस्त या किसी भी उपबंध जो उक्त कारखाने में नियुक्त व्यक्तियों की सुरक्षा हेतु आवश्यक न हो, तो वह लिखित प्रमाणपत्र, जिसे वह कभी भी रद्द कर सकता है, द्वारा उक्त कारखाने को ऐसे उपबंधों से और ऐसी शर्तों के अध्यधीन, जो वह उस में विनिर्दिष्ट करे, छूट दे सकता है।

अनुसूची–XV

पत्थर या स्वतंत्र सिलिका युक्त अन्य सामग्री का परिचालन

1. **लागूकरण.**–यह अनुसूची उन सभी कारखानों या कारखानों के भाग पर लागू होगी, जिसमें पत्थर या स्वतंत्र सिलिका युक्त कोई अन्य सामग्री सम्मिलित हो, का परिचालन किया जाता हो।

2. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए–

(क) ''परिचालन'' से अभिप्राय है, पत्थर या स्वतंत्र सिलिका युक्त कोई अन्य सामग्री या कोई अन्य कार्य, जिनमें ऐसे पत्थर या सामग्री सम्मिलित हो, को कूटना, तोड़ना, छीलना, आकार देना, पिसाई करना, छानना, मिश्रित करना, छांटना या हस्तन करना;

(ख) ''पत्थर या स्वतंत्र सिलिकायुक्त कोई अन्य सामग्री'' से अभिप्राय है, पत्थर या अन्य कोई ठोस सामग्री जिसमें उसके वजन के 5 प्रतिशत से कम भार की स्वतंत्र सिलिका न हो।

3. **परिचालन में पूर्व सावधानियां.**–किसी कारखाने या कारखाने के भाग में परिचालन तब तक नहीं किया जाएगा, जब तक कि निम्नलिखित उपायों में से एक या अधिक न हो, अर्थातः–

(क) पत्थर या अन्य सामग्री की प्रक्रिया का नम किया जाना,

(ख) पानी का छिड़काव करने,

(ग) प्रक्रिया का बन्द किया जाना,

(घ) प्रक्रिया का पृथक् रूप से किया जाना, और

(ङ) स्थानिक निष्कासक संवातन का प्रदाय किया जाना ;

अपनाया गया है, ताकि कारखाने में किसी स्थान में जहां कोई व्यक्ति नियोजित किया गया है नियमों में यथा अधिकथित सिलिका धूल के लिए न्यूनतम अनुज्ञेय स्तर के समकक्ष स्तर पर या से नीचे धूल को कारगर रूप में नियन्त्रित किया जा सके।

परंतु ऊपर उल्लिखित ऐसे उपाय वहां आवश्यक नहीं होंगे, जहां प्रक्रिया या कार्य इस प्रकार से हो कि वहां उत्पन्न तथा उपस्थित धूल का स्तर निर्दिष्ट अनुज्ञेय स्तर से अधिक न हो।

4. **फर्श का रख–रखाव.**–(1) सभी फर्श या स्थान, जहां बारीक धूल जमने की संभावना हो और जहां कि व्यक्ति को काम करना हो या वहां से गुजरना हो, अपारगम्य सामग्री के होंगे और वे ऐसी स्थिति में बनाए रखे जाएंगे कि उन्हें गीला करके या अन्य किसी पद्धति से, जिसमें सफाई प्रक्रिया में धूल उड़ना रूके, अच्छी प्रकार से साफ किए जाएंगे।

(2) प्रत्येक कार्य कमरे या स्थान के, जहां कोई कार्य किया जाता हो या जिसमें से उसके कार्य के दौरान उक्त व्यक्ति गुजरता हो प्रत्येक फर्श की सतह, प्रत्येक पानी में कम से कम एक बार पानी का छिड़काव करने या अन्य किसी उपयुक्त पद्धति से जिसमें सफाई प्रक्रिया में धूल उड़ना रोका जा सके, साफ की जाएगी।

5. **युवा व्यक्तियों के संबंध में प्रतिषेध.**–किसी प्रक्रिया में, जिसमें परिचालन अन्तर्निहित हो या किसी ऐसे अन्य स्थान में, जहां ऐसे कार्य किए जाते हो, किसी युवा व्यक्ति को न तो नियोजित किया जाएगा और न ही उसे वहां कार्य करने की अनुमति होगी।

6. **चिकित्सीय सुविधाएँ और जांच तथा परीक्षण का रिकार्ड.**–(1) प्रत्येक कारखाने का अधिभोगी जिन पर यह अनुसूची लागू होती हो,–

(क) वहां नियोजित कर्मकारी की चिकित्सा निगरानी के लिए एक अर्हक चिकित्सा अधिकारी नियोजित करेगा जिसका नियोजन मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता के अनुमोदन के अध्यधीन होगा; और

(ख) खण्ड (क) में निर्दिष्ट प्रयोजन के लिए उक्त चिकित्सा अधिकारी को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगा।

(2) उक्त चिकित्सा अधिकारी द्वारा किए गए चिकित्सा परीक्षण और उपयुक्त जांच के अभिलेख मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित पृथक रजिस्टर में अनुरक्षित किए जाएंगे जो निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखे जाएंगे।

7. **प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा चिकित्सा जांच.**–पैरा (1) में विनिर्दिष्ट प्रक्रियाओं में नियोजित प्रत्येक कर्मकार का उसके प्रथम नियोजन के पन्द्रह दिन के भीतर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा परीक्षण किया जाएगा। ऐसे चिकित्सीय परीक्षण में पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट और सीने का एक्स–रे सम्मिलित होगा। किसी कर्मकार को उसके प्रथम नियोजन के पन्द्रह दिन पश्चात् काम करने की अनुमति नहीं होगी, जब तक उसे प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा ऐसे नियोजन के लिए फिट प्रमाणित न कर दिया गया हो।

(2) कथित प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की प्रत्येक बारह मास में कम से कम एक बार प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा पुनः जांच की जाएगी। ऐसी जांच में जब कभी प्रमाणकर्ता सर्जन उचित समझे एक्सरे, जो तीन वर्ष में एक बार किया जाएगा, के सिवाए, उप पैरा (1) में यथा विनिर्दिष्ट सभी परीक्षण शामिल होंगे।

(3) कर्मकार की जांच करने के बाद प्रमाणकर्ता सर्जन प्ररूप–31 में उपयुक्ता का प्रमाणपत्र जारी करेगा। की गई जांच तथा पुनः जांच का रिकार्ड प्रमाण पत्र में दर्ज किया जाएगा तथा प्रमाणपत्र कारखाने के प्रबन्धक की अभिरक्षा में रखा जाएगा। परीक्षणों की प्रकृति तथा परिणाम सहित उप–पैरा (1) तथा (2) के अधीन की गई प्रत्येक जांच का रिकार्ड प्ररूप–30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा दर्ज भी किया जाएगा।

(4) उपयुक्तता का प्रमाणपत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध रखा जाएगा।

(5) यदि किसी भी समय प्रमाणकर्ता सर्जन की राय है कि कोई कर्मकार उक्त प्रक्रिया में इस आधार पर नियोजन हेतु आगे फिट नहीं पाया जाता, कि वहां निरन्तर रहने से उसके स्वास्थ्य को विशेष खतरा होगा, तो वह अपने निष्कर्ष को उक्त प्रमाणपत्र और स्वास्थ्य रजिस्टर में अभिलिखित करेगा। इन दस्तावेजों में उसके निष्कर्ष की प्रविष्टि में यह भी शामिल होगा कि उसकी राय में उक्त व्यक्ति कितनी अवधि के लिए उक्त प्रक्रिया में अनफिट है। प्रक्रिया से इस प्रकार निलंबित हुए व्यक्ति को वैकल्पिक नियोजन सुविधा प्रदान की जाएगी, जब तक कि वह प्रमाणकर्ता सर्जन की राय में पूरू रूप से असमर्थ न हो गया हो, और उस मामले में प्रभावित व्यक्ति को उपयुक्त तौर पर पुनर्वासित किया जाएगा।

8. **छूट.**–यदि किसी कारखाने के संबंध में मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाए कि आपवादिक परिस्थितियों के कारण या प्रक्रिया की विरलता या अन्य किसी कारण से, इस अनुसूची के सभी या कोई उपबंध कारखाने में कर्मकारी के स्वास्थ्य के बचाव हेतु आवश्यक नहीं है, तो मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता लिखित प्रमाणपत्र जिसे वह किसी भी समय अपनी स्वेच्छा से रद्द कर सकता है, द्वारा ऐसे कारखाने को ऐसे सभी या इनमें से किसी उपबंधों से ऐसी शर्तों, यदि कोई हो, जिन्हें वह उसमें निर्दिष्ट करे, के अधीन रहते हुए छूट प्रदान कर सकता है।

अनुसूची–XVI

एस्बेस्टास को संम्भालना और प्रक्रिया, एसबेस्टास की किसी वस्तु का विनिर्माण और विनिर्माण की कोई अन्य प्रक्रिया या अन्यथा जिसमें एस्बेस्टास का किसी रूप में प्रयोग होता है।

1. **लागूकरण.**–यह अनुसूची उन सभी कारखानों या काखानों के भागों को लागू होगी, जिसमें निम्नलिखित प्रक्रियाएं की जाती हों–

(क) एस्बेस्टास को तोड़ना, क्रश करना, छिन्न–भिन्न करना, खोलना, घिसाई करना, मिश्रित करना या छानना और उससे आनुषंगिक अन्य प्रक्रियाएं जिनमें एस्बेस्टास को सम्भालना और परिचालन शामिल हो;

(ख) एस्बेस्टास वस्त्र विनिर्माण की सभी प्रक्रियाएँ, जिनमें उपक्रमात्मक (प्रिपैरिट्री) और फिनिशिंग प्रक्रिया भी शामिल है;

(ग) एस्बेस्टास से पूर्णतः या भागतः या उसे मिलाकर इनसुलेशन स्लैब या सैक्शन बनाना और उससे आनुषंगिक प्रक्रियाएँ;

(घ) एंस्बेस्टास से पूर्णतः या भागतः या उसे मिलाकर इन्सुलेटिंग चटाई बनाना या उनकी मरम्मत करना और उनसे आनुषंगिक प्रक्रियाएँ;

(ङ) एस्बेस्टास कार्ड–बोर्ड और कागज का विनिर्माण;

(च) एस्बेस्टास सीमेंट की वस्तुओं का विनिर्माण;

(छ) फुहारा विधि से एस्बेस्टास की प्रयुक्ति;

(ज) एस्ब्रेस्टास से पूर्णतः या भागतः या उसे मिलाकर बनी वस्तुओं को सूखी अवस्था में चिराई, पिसाई, टरनिंग एब्रेडिंग और पालिश करना;

(झ) एस्बेस्टास धूल को एकत्र करने के लिए किसी कमरे, पात्र, चैम्बर, फिक्सचर या साधित्र की सफाई करना; और

(ञ) कोई अन्य प्रक्रियाएँ, जिनमें एस्बेस्टास धूल कार्य के वातावरण में छोड़ी जाती हो।

2. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिएः–

(क) ''एस्बेस्टास'' से अभिप्राय है, कोई रेशेदार सिलिकेट खनिज और उनका एक्टिपोलाइट, एमोसाइट, एन्थोफाइलाइट, ड्राइसोलाइट, क्रोसिडोलाइट, ट्रमोलाइट या उनका कोई मिश्रण चाहे वह कच्ची अवस्था में कूटकर या अलग–अलग कर दिया गया हो;

(ख) ''एस्बेस्टास वस्त्र'' से अभिप्राय है, एस्बेस्टास या किसी अन्य पदार्थ के साथ मिश्रित एस्बेस्टास से बने धागे या कपड़े;

(ग) ''अनुमोदित'' से अभिप्राय है, मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा तत्समय लिखित में अनुमोदित;

(घ) ''श्वास उपकरण'' से अभिप्राय है, आवश्यक संयोजन युक्त हेलमेट या फेस पीस जिससे उपयोग करने वाला व्यक्ति धूल मुक्त श्वास ले सके या कोई अन्य अनुमोदित उपकरण ;

(ङ) ''दक्ष वायु निष्कासन'' से अभिप्राय है, धूल निकास के यांत्रिक साधनों द्वारा निर्मित सीमित संवातन जिसके द्वारा धूल को किसी ऐसे स्थान पर जहां कार्य हो रहा हो कि हवा से विसर्जित होने से रोका जा सके। किसी निष्कासक को दक्ष नहीं माना जाएगा जो धूल पैदा होने वाले बिन्दु पर धूल नियंत्रण करने में असफल हो जाता है;

(च) ''तैयार करना (प्रिपेरिंग)'' से अभिप्राय है, एस्बेस्टास को खोलने में या उससे आनुषंगिक के लिए कूटना, टुकड़े करना और कोई अन्य प्रक्रिया करना ;

(छ) ''सुरक्षात्मक वस्त्र'' से अभिप्राय है, ओवराल और सिर आवरक जो पहनने पर (किसी भी दशा में) एस्बेस्टास धूल को अलग कर दें।

3. **औजार और उपकरण.**–उन प्रक्रियाओं में, जिन पर यह अनुसूची लागू होती हो, उपयोग किए जाने वाले कोई औजार या उपकरण इस प्रकार से होंगे कि वे अनुज्ञेय सीमा से अधिक धूल पैदा नहीं करे या वे दक्ष वायु निष्कासक से सज्जित हो।

4. **वायु निष्कासक.**–(1) निम्नलिखित प्रक्रियाओं और मशीनों से धूल नियंत्रित करने के लिए दक्ष वायु निष्कासक मुहैया और अनुरक्षित किए जाएंगेः–

(क) विनिर्माण और वहन (कन्वेईंग) मशीनें, अर्थात्–

(i) तैयार करने, पिसाई या शुष्क मिश्रण की मशीनें;

(ii) कारडिंग, कार्ड वेस्ट और रिंग स्पिनिंग मशीनें और लूम्स;

(iii) मशीनें या अन्य संयंत्र जिनमें एस्बेस्टास फीड किया जाता है; और

(iv) एस्बेस्टास से पूर्णतः या भागतः मिलाकर बनी वस्तुओं की सूखी हालत में चिराई, ग्राइंडिंग टरनिंग, ड्रिलिंग, एबरेडिंग या पालिशिंग में प्रयुक्त की जाने वाली मशीनें।

(ख) कार्डिंग मशीनों के सिलेन्डर या अन्य भागों की सफाई करना तथा ग्राईडिंग;

(ग) चैम्बर, होपर या अन्य ढांचे जिनके अन्दर से खुला एस्बेस्टास गुजरता है या गुजारा जाता है;

(घ) एस्बेस्टास वेस्ट की छटाई या हाथ से एस्बेस्टास के किसी अन्य परिचालन हेतु कार्य बैन्च;

(ङ) कार्य स्थान जिसमें बोरे, स्कीप या अन्य पोर्टेबल पात्र भरने या उन्हें खाली किए जाने की, तोलने की या हाथ से की जाने वाली अन्य आनुषंगिक क्रियाएँ की जाती हैं;

(च) बोरे सफाई करने की मशीनें;

(छ) हाथों से एस्बेस्टास मिश्रित और ब्लेन्डिंग करना; और

(ज) कोई अन्य प्रक्रियाएं, जिनमें धूल कार्य के वातावरण में छोड़ी जाती हो।

(2) उप–पैरा (1) के अनुसार प्रदत वायु निष्कासक उपकरण, जब मशीन, साधित्र या अन्य संयंत्र या उपकरण, जिसके संबंध में उसे लगाया गया है, की मरम्मत का कार्य जब किया जाए, तब उसे भी उपयोग में लाया जाए, ताकि वायु निष्कासन पैदा हो, जो किसी काम के स्थान की वायु में एस्बेस्टास धूल के प्रवेश को रोके।

(3) वायु निष्कासन उपकरण द्वारा निष्कासित एस्बेस्टास धूल को कार्य के किसी कमरे में विसर्जित होने से रोकने की व्यवस्था की जाएगी।

(4) वायु निष्कासन प्रणाली द्वारा कार्य के किसी कमरे से हटाई गई एस्बेस्टास युक्त धूल उपयुक्त पात्र अथवा फिल्टर बैग में, जो कार्य के सभी क्षेत्रों से पृथक हो, इकट्ठी की जाएगी।

5. संवातन प्रणाली की जांच तथा परीक्षण.–(1) इस अनुसूची द्वारा अपेक्षित धूल निष्कासन अथवा कम करने के लिए प्रयुक्त सभी संवातन प्रणाली की सप्ताह में एक बार उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा परीक्षण और जांच की जाएगी। इसकी प्रत्येक बारह मास की अवधि में एक बार सक्षम व्यक्ति द्वारा पूरी तरह से परीक्षण और जांच की जाएगी। इस तरह परीक्षण या जांच में पाई गई किसी त्रुटि को तुरन्त दूर किया जाएगा।

(2) ऐसे परीक्षण और जांच तथा संयंत्र की स्थिति और मरम्मत या परिवर्तन (यदि कोई हो) करना आवश्यक पाया गया हो, के विवरण का रजिस्टर रखा जाएगा, जो निरीक्षक द्वारा निरीक्षण हेतु उपलब्ध होंगे।

6. कुछ प्रक्रियाओं के मामले में पृथक्करण.–एस्बेस्टास का हाथ से मिश्रण करना या ब्लेन्डिंग करना या एस्बेस्टास को पूर्णतः या भागतः मिलाकर बनाई गई अवरोधक चटाई को बनाना या मरम्मत करने का कार्य किसी ऐसे कमरे में, जिसमें कोई अन्य कार्य किया जा रहा हो, नहीं किया जाएगा।

7. खुले एस्बेस्टास का भण्डारण और वितरण.–(1) खुला हुआ सभी एस्बेस्टास जब उनका उपयोग न हो, तब उसे उपयुक्त रूप से बंद पात्र में रखा जाएगा, जिससे उसमें से एस्बेस्टास धूल का निकलना रोका जा सके।

(2) ऐसे पात्र या पूरी तौर पर बंद वहन प्रणाली के सिवाए ऐसे एस्बेस्टास का कारखाने के अन्दर वितरण नहीं किया जाएगा।

8. एस्बेस्टास के थैले.–(1) कारखाने के अंदर एस्बेस्टास के परिवहन के प्रयोजन के लिए पात्र के रूप में प्रयुक्त सभी थैले अपारगम्य सामग्री से निर्मित हो और वे अच्छी अवस्था में रखे जाएंगे।

(2) एस्बेस्टास युक्त थैलों की हाथ से पिटाई कर सफाई नहीं की जाएगी, बल्कि पैरा 3 के अनुपालन में बनी मशीन से थैलों की सफाई की जाएगी।

9. फर्श और कार्य स्थलों का अनुरक्षण.–

(1) प्रत्येक कमरे में, जिनमें इस अनुसूची की कोई अपेक्षाएं लागू होती हो–

(क) फर्श, काम की बैंच, मशीनों और संयंत्र साफ और एस्बेस्टास चूरा रहित दशा में रखे जाएंगे और तत्काल उपयोग के लिए, जो एस्बेस्टास अपेक्षित न हो, उसके भण्डारण की उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी; और

(ख) कोई सामग्री, यंत्र या अन्य वस्तुओं, जिनकी उस कमरे में किए जाने वाले कार्य में तत्काल आवश्यकता न हो, जो फर्श को भली प्रकार सफाई करने में बाधा डाले, से फर्श को मुक्त रखा जाएगा।

(2) उपनियम (1) में उल्लिखित सफाई जहां तक व्यवहार्य हो, वायु निर्वात (वैक्यूम) सफाई उपकरण से की जाएगी, जिसका रूपांकन और सक्तिर्माण तथा उसका उपयोग इस प्रकार किया जाएगा कि न तो एस्बेस्टास धूल किस कार्य स्थल की वायु में निकलेगी और न ही विसर्जित होगी।

(3) उप–पैरा (2) में उल्लिखित पद्धति से भिन्न किसी अन्य पद्धति से सफाई की जाती है, तो कमरे में सफाई करने वाले व्यक्ति और अन्य नियोजित व्यक्तियों द्वारा उस कमरे में श्वसन सुरक्षा उपकरण और बचाव के कपड़े मुहैया किए जाएंगे।

(4) उप–पैरा (2) के उपबंधों के अनुसार वायु निर्वात (वैक्यूम) सफाई उपकरण का उपयोग किया जाए, तब उसका भली प्रकार से अनुरक्षण किया जाएगा और प्रत्येक बार सफाई के बाद उसकी सतह साफ और एस्बेस्टास कचरे और धूल से मुक्त रखी जाएगी।

(5) काम की पाली की समाप्ति के पश्चात् फर्श पर या कार्य स्थल की अन्य सतहों पर एस्बेस्टास कचरे को पडा रहने की अनुज्ञा नहीं होगी और बगैर देरी किए उसे उपयुक्त पात्र में अन्तरित कर दिया जाएगा। कार्य के दौरान भी किसी समय एस्बेस्टास कचरे के फल जाने पर बगैर देरी किए उसे इस प्रयोजन हेतु रखे गए पात्रों में अन्तरित किया जाएगा।

10. सांस लेने के उपकरण और बचाव के कपड़े.–नियोजित प्रत्येक व्यक्ति के उपयोग के लिए अनुमोदित किस्म के सांस लेने के उपकरण और बचाव के कपड़े प्रदान किए जाएंगे और वे अच्छी दशा में रखे जाएंगे:

(क) खुले हुए एस्बेस्टास युक्त कक्ष में;

(ख) धूल को साफ करने या कक्षों या उपकरणों को छानने में;

(ग) सेलेण्डरों जिनमें डाफर, सिलेण्डर शामिल है या हाथ की मार के साधन से कारडिंग मशीन के अन्य किसी भाग की सफाई करने में; और

(घ) अवरोधक चटाई के विनिर्माण या मरम्मत में भरने, ठोंकने या तल बराबर करने में; और

(ङ) किसी अन्य प्रक्रिया या परिस्थितियों में, अनुमत सीमा के भीतर कार्य वातावरण में एस्बेस्टास धूल को नियंत्रित करने के लिए तकनीकी साधनों को अपनाना अव्यवहारिक है।

(2) इस नियम के अनुसार प्रदत्त सांस लेने के उपकरण व बचाव के पकड़े उपयोग हेतु जहां पहने व उतारे जा सकेंगे। इसके लिए सुगम स्थिति में स्थित उपयुक्त स्थान की व्यवस्था होगी और जब उनका उपयोग न हो, तब ऐसे उपकरणों व कपड़ों के भण्डारण के लिए भी व्यवस्था की जाएगी।

(3) सांस लेने के सभी उपकरण और बचाव के कपड़े जब उपयोग न किए जाएं, तब उपरोक्त उपनियम (2) के अनुसार मुहैया किये हुए स्थान में भण्डारित होंगे।

(4) बचाव के सभी कपड़ों की दक्ष वायु निष्कासक के नीचे या वायु निर्वात (वैक्यूम) सफाई उपकरण से धूल झाड़ी जाएगी और उपयुक्त अन्तरालों पर उनकी धुलाई की जाएगी। सफाई की समय सारणी और प्रक्रिया ऐसी होगी कि जिससे पहनने वाले की सुरक्षा में दक्षता सुनिश्चित हो।

(5) सांस लेने के सभी उपकरणों को उपयुक्त अन्तरालों पर साफ और कीटाणु रहित किया जाएगा और प्रत्येक मास में एक बार किसी उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा उनकी पूर्ण रूप से जांच की जाएगी।

(6) सांस लेने के उपकरणों की सफाई और अनुरक्षण तथा स्थिति के अभिलेख उक्त प्रयोजन हेतु रखे गए रजिस्टर में रखे जाएंगे जो निरीक्षक द्वारा निरीक्षण हेतु सहज ही उपलब्ध रहेगा।

(7) उप–पैरा (1) में विनिर्दिष्ट किन्हीं कार्यों को, जिनके लिए उक्त पैरा के अधीन सांस लेने के उपकरण प्रदत्त करना आवश्यक है, करने के लिए किसी व्यक्ति को नियोजित नहीं किया जाएगा, जब तक उसे उन उपकरणों के भली प्रकार उपयोग किए जाने के लिए पूरी तरह से अनुदेश न दिए गए हों।

(8) उप–पैरा (1) के अनुसरण में प्रदत्त सांस लेने वाला कोई उपकरण, जिसे किसी व्यक्ति द्वारा पहना जा चुका हो, उसे दूसरे व्यक्ति द्वारा तब तक नहीं पहना जाएगा, जब तक कि उसे आखिरी बार पहनने के पश्चात् अच्छी तरह से साफ और कीटाणु रहित न कर दिया गया हो और किसी व्यक्ति को उन उपकरण के भली प्रकार उपयोग करने के लिए पूरी तहर से अनुदेश न दिये गये हों।

11. व्यक्तिगत कपड़ों हेतु पृथक् स्थान.–उन सभी प्रक्रियाओं, जिन पर यह अनुसूची लागू होती है, में नियोजित व्यक्तियों के लिए सुगमता से पहुंच सुविधापूर्वक स्थिति में व्यक्तिगत कपड़ों को रखने के लिए पृथक स्थान की व्यवस्था की जाएगी। यह स्थान उप–पैरा (2) के अधीन प्रदान किये गए स्थान से पृथक होगा, ताकि व्यक्तिगत कपड़ों को संदूषित होने से रोका जा सके।

12. धुलाई और स्नान सुविधाएं.–(1) इस अनुसूची के अन्तर्गत आने वाली प्रक्रियाओं में नियोजित सभी व्यक्तियों के उपयोग के लिए साफ तथा अच्छी अवस्था में प्रत्येक 15 नियोजित व्यक्तियों के लिए एक ऐसे स्थान की दर से पर्याप्त धुलाई और स्नान के स्थान होंगे और छायादार स्थान में निरन्तर आपूर्ति होगी।

(2) धुलाई स्थान में कम से कम एक मीटर की दूरी अन्तरालों में स्टेण्ड पाइप लगे होंगे।

(3) स्नानघरों सहित धुलाई स्थानों की कुल संख्या के आधे से कम न हो, उपलब्ध कराए जाएंगे।

(4) उपयुक्त सामग्री से बने साफ तौलियों की पर्याप्त आपूर्ति की जाएगी :

परन्तु यदि निरीक्षक द्वारा ऐसा आदेशित किया जाए तो ऐसे तौलिए की प्रत्येक कर्मकार को व्यक्तिगत रूप से आपूर्ति की जाएगी।

(5) साबुन तथा नाखून ब्रुस की पर्याप्त आपूर्ति की जाएगी।

13. खाने का कमरा.—(1) इस अनुसूची के अन्तर्गत आने वाले कारखानों में नियोजित सभी कर्मकारों के, जो आराम अन्तरालों में वहां रह जाते हो, उपयोग के लिए एक उपयुक्त खाना खाने का कमरा दिया जाएगा तथा अनुरक्षित किया जाएगा जिसमें—

(क) पर्याप्त मात्रा में पीछे टिकने के बेन्च सहित मेज तथा बेंच होंगे;

(ख) खाना गर्म करने के पर्याप्त साधन होंगे।

(2) खाने का कमरा किसी उत्तरदायी व्यक्ति के प्रभार के अधीन होगा और उसे साफ रखा जाएगा।

14. युवा व्यक्तियों के नियोजन का प्रतिबंध.—इस अनुसूची के अन्तर्गत आने वाली किन्हीं भी प्रक्रियाओं में युवा व्यक्तियों को नियोजित नहीं किया जाएगा।

15. धूम्रपान के संबंध में प्रतिबंध.—इस अनुसूची के अन्तर्गत आने वाली प्रक्रियाएं, जहां चलाई जाती हो, वहां किसी क्षेत्र में कोई व्यक्ति धूम्रपान नहीं करेगा। संयंत्र में ऐसे क्षेत्रों में बहुतायत कर्मकारों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में धूम्रपान प्रतिबंध करने हेतु सूचनाएं चिपकाई जाएगी।

16. सचेतक सूचना.—(1) प्रवेश द्वार पर और प्रत्येक एस्बेस्टास प्रक्रिया क्षेत्र की परिधि के साथ—साथ सभी व्यक्तियों को आगाह करने के लिए निम्नलिखित के संबंध में सचेतक सूचनाएँ प्रदर्शित की जाएंगी—

(क) एस्बेस्टास धूल से स्वास्थ्य के खतरों के बारे में;

(ख) उपयुक्त बचाव उपकरण के उपयोग की आवश्यकता के बारे में; तथा

(ग) अप्राधिकृत व्यक्ति या प्राधिकृत व्यक्ति जो बिना बचाव उपकरणों के हो, के प्रवेश पर प्रतिषेध के बारे में,

(2) ऐसी सूचनाएं बहुतायत कर्मकारों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में होंगी।

17. वायु मानीटरिंग.—नियंत्रक उपायों की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक पाली में कम से कम एक बार वायु में एम्बेस्टास रेशो की मानीटरिंग की जाएगी और इस प्रकार प्राप्त परिणामों के अभिलेख विशिष्ट रूप से इस प्रयोजन के लिए रखे गए रजिस्टर में प्रविष्ट किए जाएंगे।

18. चिकित्सीय सुविधाएं और चिकित्सा जांच तथा परीक्षण का रिकार्ड.—(1) प्रत्येक कारखाना स्थापन या उसके भाग, जिन पर वह अनुसूची लागू होती हो, का अधिभोगी—

(क) इस अनुसूची के अन्तर्गत आने वाले कर्मकारों की चिकित्सा निगरानी हेतु एक अर्हक चिकित्सा व्यवसायी नियोजित करेगा जिसका नियोजन मुख्य निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता के अनुमोदन के अध्यधीन होगा; और

(ख) उक्त चिकित्सा व्यवसायी को खण्ड (क) में निर्दिष्ट प्रयोजन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगा।

(2) उक्त चिकित्सा व्यवसायी द्वारा किए गए सभी परीक्षणों तथा उपयुक्त जांचों के अभिलेख मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित पृथक रजिस्टर में रखा जाएगा, जो निरीक्षक द्वारा निरीक्षण हेतु तत्काल उपलब्ध हो।

19. प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा चिकित्सा जांच.—(1) पैरा (1) में निर्दिष्ट प्रक्रियाओं में नियोजित प्रत्येक कर्मकार का उसके प्रथम नियोजन के 15 दिनों के अन्दर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा परीक्षण किया जाएगा। ऐसी जांच में पल्मोनरी फंक्शन जांच, थूक में एस्बेस्टास रेशों की उपस्थिति की जांच और सीने का एक्स—रे सम्मिलित होंगे। किसी कर्मकार को उसके प्रथम नियोजन के 15 दिन के पश्चात् काम करने की अनुमति नहीं होगी, जब तक कि प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा ऐसे नियोजन हेतु उसे फिट प्रमाणित न कर दिया गया हो।

(2) पैरा (1) में निर्दिष्ट प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की प्रत्येक बारह कलैण्डर मास में कम से कम एक बार प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा पुनः जांच की जाएगी। ऐसी जांच में जब कभी प्रमाणकर्ता सर्जन उचित समझे, सीने का एक्सरे जो कि तीन वर्ष में एक बार किया जाएगा के सिवाए उप पैरा (1) में यथा विनिर्दिष्ट सभी परीक्षण शामिल होंगे।

(3) कर्मकार की जांच करने के बाद प्रमाणकर्ता सर्जन प्ररूप—31 में उपयुक्ता का प्रमाण पत्र जारी करेगा। की गई जांच तथा पुनः जांच का रिकार्ड प्रमाण पत्र में दर्ज किया जाएगा तथा प्रमाण पत्र कारखाने के प्रबन्धक की अभिरक्षा में रखा जाएगा। परीक्षणों की प्रकृति तथा परिणाम सहित उप—पैरा (1) तथा (2) के अधीन की गई प्रत्येक जांच का रिकार्ड प्ररूप—30 में स्वास्थ्य रजिस्टर मे प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा दर्ज किया जाएगा।

(4) उपयुक्तता का प्रमाणपत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखा जाएगा।

(5) यदि किसी भी समय प्रमाणकर्ता सर्जन की किसी कर्मकार के बारे में इस आधार पर यह राय हो कि उक्त प्रक्रिया में निरन्तर कार्य करते रहने से उसके स्वास्थ्य को विशेष खतरा अन्तर्निहित होगा, वह कर्मकार उक्त

प्रक्रिया में नियोजित बने रहने के लिए फिट नहीं है, तो वह अपने निष्कर्ष को उक्त प्रमाणपत्र और स्वास्थ्य रजिस्टर में अभिलिखित करेगा। इन दस्तावेजों के उसके निष्कर्ष की प्रविष्टि में वह अवधि भी शामिल होगी, जिसके लिए वह व्यक्ति उक्त प्रक्रिया में नियोजन के लिए फिट नहीं है।

(6) किसी भी व्यक्ति को, जो उप–पैरा (5) में उल्लिखित किए गए अनुसार कार्य के लिए अनफिट पाया गया हो, उक्त प्रक्रिया में तब तक पुनः नियोजित या कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जब तक कि प्रमाणकर्ता सर्जन और परीक्षण के पश्चात् उसे उन प्रक्रियाओं में नियोजन के लिए पुनः फिट प्रमाणित नहीं कर देता।

20. छूट.–यदि किसी कारखाने के सम्बन्ध में, मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाती है कि विशिष्ट परिस्थितियों या प्रक्रिया की विरलता के कारण या किसी अन्य कारण से कारखाने के कर्मकारों की सुरक्षा हेतु इस अनुसूची के सभी या कोई उपबंध आवश्यक नहीं हैं, तो मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता लिखित प्रमाण–पत्र द्वारा जिसे वह अपने विवेक से किसी भी समय रद्द कर सकता है, ऐसे कारखाने को ऐसे सभी या किन्हीं ऐसे उपबन्धों से ऐसी शर्तों के अध्यधीन, यदि कोई हों, जो वह उसमें निर्दिष्ट करे, छूट दे सकता है।

अनुसूची–XVII

कार्सिनोजेनिक (कैन्सरकारक) डाय इन्टरमीडियेट का विनिर्माण या परिचालन

1. लागू होना.–यह अनुसूची उन सभी कारखानों या उसके किसी भाग को लागू होगी, जहां प्रक्रियाओं में पैरा 3 और 4 में उल्लिखित पदार्थ बनाए, विनिर्मित किए जाते हैं, सम्भाले जाते है या प्रयुक्त किए जाते है तथा उससे आनुषंगिक प्रक्रिया जिसके दौरान वे पदार्थ बनाए जाते हैं, कार्यान्वित किए जाते है, इस पैरा में उपदर्शित प्रक्रियाएं, जिसे इसमें, इसके पश्चात् ''उक्त प्रक्रियाएं'' के रूप में निर्दिष्ट की जाएगी और ऐसे निर्देश का अभिप्राय, इस पैरा में वर्णित कोई भी या सभी प्रक्रियाएं होंगी।

2. परिभाषाएं.–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए, निम्नलिखित परिभाषाएं जब तक अन्यथा अपेक्षित न हो, लागू होंगी –

(क) ''नियंत्रित पदार्थ'' से अभिप्राय है, इस अनुसूची के पैरा (4) में वर्णित रासायनिक पदार्थ;

(ख) ''प्रथम नियोजन'' से अभिप्राय है, उक्त प्रक्रियाओं में प्रथम नियोजन और ऐसी प्रक्रियाओं में लगातार तीन केलेण्डर मास से अधिक की अवधि के लिए नियोजन समाप्त हो जाने के उपरान्त पुनर्नियोजन से भी है;

(ग) ''दक्ष वायु निष्कासक'' से अभिप्राय है, किसी स्थान, जहां काम किया जाता हो, से गैस, वाष्प, धूल या धूम को हटाने के लिए यांत्रिक साधनों से प्रभावशील किए गए स्थानिक संवातन, ताकि उस स्थान की वायु में उनके फैलाव को रोका जा सके। किसी वायु निष्कासक को ऐसी गैस, वाष्प, धूम्र और धूल जहां से उत्पन्न हों, उस बिन्दु से पैदा हुए धुएं को हटाने में असफल रहे तो उसे दक्ष नहीं माना जाएगा, और

(घ) ''प्रतिषिद्ध पदार्थ'' से अभिप्राय है, इस अनुसूची के पैरा 3 में उल्लिखित रासायनिक पदार्थ।

3. प्रतिषिद्ध पदार्थ.–इस अनुसूची के योजन के लिए, निम्नलिखित रासायनिक पदार्थ ''प्रतिषिद्ध पदार्थ'' के रूप में वर्गीकृत होंगे, केवल उस दशा को छोड़कर जबकि यह पदार्थ उपस्थित हों या रासायनिक प्रतिक्रिया में उप–उत्पादन की तरह बनता है और उनकी कुल सान्द्रता एक प्रतिशत से अधिक नहीं होगी :–

(क) बीटा–नेप्थाइल एमीन और उसके लक्षण;

(ख) बेन्जेडाइन और उसके लक्षण;

(ग) 4–अमीनो डाइफिनाइल और उसके लक्षण;

(घ) 4–नाइट्रोडाइफिनाइल और उसके लक्षण; तथा

(ङ) इन योगिकों से युक्त कोई पदार्थ।

4. नियंत्रित पदार्थ.–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित रासायनिक पदार्थ नियंत्रित पदार्थ की तरह वर्गीकृत होंगे –

(क) अल्फा–नेफ्थाइल एमीन या एक प्रतिशत से अनधिक या बीटानेप्थाइल एमीन युक्त अल्फानेप्थाइल एमीन जोकि या तो रासायनिक प्रतिक्रिया के उप–उत्पादन या अन्य किसी रूप में हो और उसके लक्षण;

(ख) ओर्थो–टोलोडाइन और उसके लक्षण;

(ग) डाइनिजिडाइन और उसके लक्षण;

(घ) डाइक्लोरोवैन्ज़िडाइन और उसके लक्षण;

(ङ) औरामाइन; और

(च) मैग्नेट्ट।

5. नियोजन का प्रतिषेध.–किसी कारखाने, जिसमें प्रतिषिद्ध पदार्थों को बनाया, विनिर्मित, प्रसंस्कृत, सम्भाला जाता हो, या उपयोग किया जाता हो, में किसी व्यक्ति को पैरा 23 में यथा अनुबद्ध मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा छूट प्रदान करने के सिवाए, नियोजित नहीं किया जाएगा।

6. नियंत्रित पदार्थों के प्रसंस्करण या कार्य करने के लिए अपेक्षाएं.–(क) जहां कहीं पैरा–4 में निर्दिष्ट नियंत्रित कोई पदार्थ बनाए, विनिर्मित, प्रसंस्कृत किए जाते हों, उनका कार्य या उपयोग किया जाता हो, वहां कर्मकारों द्वारा जबकि वे उक्त पदार्थ के प्रसंस्करण में और उसके संयंत्र के अन्दर भण्डारण या परिवहन या सम्बन्धित उपकरण, संयंत्र मशीनरी तथा भण्डारण क्षेत्र की सफाई या अनुरक्षण में लगे होने के दौरान उक्त नियंत्रित पदार्थ के अन्तःश्वसन, अन्तर्ग्रहन अवशोषण करने से सभी व्यावहारिक कदम उठाए जाएंगे।

(ख) जहां तक संभव हो, सभी कार्य पूरी तरह बन्द प्रणाली से किए जाएंगे। जहां कहीं ऐसे बन्द आवरण संभव न हों, वहां उस बिन्दु पर, जहां से प्रक्रिया के दौरान नियंत्रित पदार्थ के वायुमंडल में मिलने की संभावना हो, दक्ष वायु निष्कासन प्रयुक्त किया जाएगा।

(ग) नियंत्रित पदार्थ कारखाने में, कस कर बन्द किए गए कन्टेनरों में ही प्राप्त किए जाएंगे और केवल जब वह पदार्थ प्रक्रिया या उपयोग में हों, के अलावा वैसे ही रखे जाएंगे। नियंत्रित पदार्थ कारखाने से केवल उपयुक्त

प्रकार के कस कर बन्द किए गए कन्टेनरों में ही भेजे जाएंगे। सभी कन्टेनरों पर उसके अन्तर्गत वस्तु के बारे में बताते हुए स्पष्ट लेबल लगे होंगे।

7. **व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण.**—(क) उक्त प्रतिक्रियाओं में नियोजित प्रत्येक कर्मकार को व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण की निम्नलिखित वस्तुओं की व्यवस्था की जाएगी और वे उन्हें दी जाएंगी :—

(i) लम्बे पतलून और पूरी बाजू की कमीजें या ओवराल और हेलमेट। कमीजें या ओवराल से गरदन को पूरी तौर से ढका जाएगा।

(ii) रबर के गम बूट।

(ख) उक्त प्रक्रियाओं में जब सामान्य कार्य या आपातकाल की घटना में कार्य के दौरान चोट का खतरा हो, तो उमनें नियोजित प्रत्येक कर्मकार के उपयोग के लिए व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की निम्नलिखित वस्तुएं प्रदान की जाएंगी—

(i) हाथ के रबर के दस्ताने;

(ii) रबर एप्रन; और

(iii) एअर—लाइन—रेस्पिरेटर या अन्य उपयुक्त रेस्पिरेटरी सुरक्षा उपकरण।

(ग) व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की सभी वस्तुओं को साफ और स्वास्थ्यकारी दशा में और अच्छी अवस्था में अनुरक्षित करना प्रबन्धक की जिम्मेदारी होगी।

8. **स्त्रियों और युवा व्यक्तियों के नियोजन के संबंध में प्रतिषेध.**—किसी कमरे में जिसमें उक्त प्रक्रियाएं चलाई जाती हों, किसी स्त्री या युवा व्यक्ति को नियोजित या काम करने की अनुमति नहीं होगी।

9. **काम के कमरे के फर्श.**—प्रत्येक कमरे, जिसमें उक्त प्रक्रिया चलाई जाती हो, के फर्श—

(क) चिकने और जल—अपारगम्य होंगे, परन्तु फर्श के निर्माण में एस्फाल्ट या कोलतार का उपयोग नहीं होगा;

(ख) अच्छी अवस्था की स्थिति में अनुरक्षित होंगे;

(ग) आसानी से सफाई के लिए उपयुक्त ढलान युक्त और नालीयुक्त होंगे; और

(घ) प्रतिदिन अच्छी तरह से धोए जाएंगे और धुलाई का पानी बन्द नाली में से सीवर में जाएगा।

10. **खाली कन्टेनरों का निपटान.**—नियंत्रित पदार्थों को रखने के उपयोग में लिए गए खाली कन्टेनरों के अलग किए जाने के पूर्व उसकी अन्तर्वस्तुओं की अच्छी तरह से सफाई की जाएगी और निष्क्रिय कारक से उनका उपचार किया जाएगा।

11. **हाथ से कार्य.**—नियंत्रित पदार्थों को केवल दस्तेयुक्त कलछी के साधन को छोड़कर अन्य किसी प्रकार से मिश्रित करने, भरने, खाली करने, कार्य करने की अनुमति नहीं होगी। ऐसी कलछी को रोजाना पूरी तरह से साफ किया जाएगा।

12. **जोखिम के संबंध में अनुदेश.**—प्रत्येक कर्मकार को उक्त प्रक्रिया में प्रथम नियोजन पर उन विषैले पदार्थों, जिनसे कि उसके आरक्षित रहने की संभावना हो, के गुणों, उसमें अंतनिर्हित खतरों तथा बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में पूरी तरह अनुदेश दिये जायेंगे। कर्मकारों को आपात स्थिति से निपटने के लिए किए जाने वाले उपायों के बारे में भी अनुदेश दिये जायेंगे।

13. **सचेतक इश्तहार.**—इस अनुसूची से संलग्न परिशिष्ट में निर्दिष्ट प्ररूप में और उक्त प्रक्रिया में नियोजित बहुतायत कर्मकारों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में छपवाकर कारखाने में प्रमुख स्थानों में, जहां यह इश्तहार आसानी से देखे और सुगमता से पढ़े जा सके, पर सचेतक इश्तहार लगाए जाएंगे। ऐसे सभी कर्मकारों को सचेतक इश्तहार में निहित सावधानियों के बारे में समय—समय पर अनुदेश देने की व्यवस्था प्रबंधक द्वारा की जाएगी।

14. **चिकित्सीय परीक्षण.**—(क) उक्त प्रक्रियाओं में नियोजित प्रत्येक कर्मकार का, उसके प्रथम नियोजन के 14 दिन के अन्दर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा परीक्षण किया जाएगा। ऐसे परीक्षण में, ऐसी जांच, जिन्हें प्रमाणकर्ता सर्जन उपयुक्त समझे, शामिल होंगी और मूत्र की एक्सफोलिएटिव साइटोलाजी सम्मिलित होंगी। किसी भी कर्मकार को उसके प्रथम नियोजन के 14 दिन पश्चात् कारखाने में काम करने की अनुमति नहीं होगी, जब तक प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा ऐसे नियोजन के लिए उसे फिट प्रमाणित न कर दिया जाए।

(ख) उक्त प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार का छह कलेण्डर मास में कम से कम एक बार प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा पुनः परीक्षण किया जाएगा। ऐसे परीक्षण में ऐसी जांच सम्मिलित होगी, जिन्हें प्रमाणकर्ता सर्जन उपयुक्त समझे, लेकिन मूत्र की एक्सफोलिएटिव साइटोलाजी उसमें अवश्य सम्मिलित होगी।

(ग) प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा उप—पैरा (क) के अधीन चिकित्सीय परीक्षण किए गए व्यक्ति को प्ररूप 31 में फिटनेस का प्रमाण—पत्र दिया जाएगा। उप—पैरा (6) के अधीन किए गए पुनः परीक्षण के अभिलेख उसमें अंकित किए जाएंगे प्रमाण—पत्र कारखाने के प्रबन्धक की अभिरक्षा में रखे जाएंगे।

(घ) उप—पैरा (क) और (ख) में निर्दिष्ट किए गए प्रत्येक परीक्षण के अभिलेख, जिसमें जांच की प्रकृति तथा परिणाम भी सम्मिलित होंगे, प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा प्ररूप 30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में अंकित किए जाएंगे।

(ङ) फिटनेस का प्रमाण–पत्र और स्वास्थ्य रजिस्टर, किसी निरीक्षक द्वारा निरीक्षण हेतु तत्काल उपलब्ध रखे जाएंगे।

(च) यदि किसी भी समय प्रमाणकर्ता सर्जन की यह राय हो कि कोई व्यक्ति उक्त प्रक्रियाओं या किसी अन्य कार्य में और आगे नियोजन हेतु इस आधार पर फिट नहीं है कि उसमें निरन्तर रहने से उसके स्वास्थ्य को हानि होगी तो वह अपने निष्कर्षों को फिटनेस प्रमाण–पत्र और स्वास्थ्य रजिस्टर में अंकित करेगा। इन दस्तावेजों में उसके निष्कर्षों को प्रविष्टि में उस अवधि का उल्लेख भी शामिल होगा, जिसके लिए वह उस व्यक्ति को यथास्थिति उक्त प्रक्रिया में या किसी भी कार्य में काम करने के लिए अनफिट मानता है।

(छ) किसी व्यक्ति को जिसे उप–पैरा (च) में उल्लेखानुसार अनफिट पाया गया हो, उसे पुनर्नियोजन अथवा काम करने की अनुमति नहीं होगी, जब तक उसे प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा और परीक्षण के पश्चात् नियोजन के लिए पुनः फिट प्रमाणित न किया गया हो।

15. चिकित्सा सुविधाएं.–(क) प्रत्येक कारखाने का अधिभोगी जिसमें कथित प्रक्रिया की जाती है, ऐसी प्रक्रिया में नियोजित कर्मकारों की चिकित्सा निगरानी के लिए अर्हक चिकित्सा व्यवसायी नियुक्त करेगा। उसकी नियुक्ति मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता के अनुमोदन के अध्यधीन होगी।

(ख) अधिभोगी उप–पैरा (क) में निर्दिष्ट प्रयोजन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उनको प्रदान करेगा।

(ग) अर्हक चिकित्सा व्यवसायी द्वारा की गई चिकित्सा जांच तथा उचित परीक्षणों का रिकार्ड रखा जाएगा।

16. कर्मकारों के कर्तव्य.–कथित प्रक्रिया में नियोजित कर्मकारों का कर्तव्य होगा कि वे स्वयं को इन नियमों के अधीन यथा उपबन्धित मूत्र के एक्सफोलिवेटीव साईट्रोलॉजी की जांच सहित चिकित्सा परीक्षणों के लिए प्रमाणकर्ता सर्जन अथवा अर्हक चिकित्सा व्यवसायी के समक्ष पेश करें।

17. धुलाई और स्नान सुविधाएं.–(क) उक्त प्रक्रियाओं में नियोजित सभी कर्मकारों के उपयोग के लिए निम्नलिखित धुलाई और स्नान की सुविधाएं साफ हालत और अच्छी अवस्था में प्रदान की जाएंगी और बनाए रखी जाएंगी :–

(i) ऐसे कर्मकारों के लिए प्रत्यक जांच कर्मकारों के लिए और निरंतर जल प्रदाय युक्त छायादार धुलाई स्थान उपलब्ध होगा तथा साथ में ही वहां साफ पर तौलिए, साबुन तथा नाखुन साफ करने के ब्रुश तथा कम से कम एक स्टैंड पाईप प्रदान किया जाएगा;

(ii) खंड (i) के अधीन प्रदान स्टैंड पाईपों में से 50 प्रतिशत स्नानगारों में स्थित होंगे, जहां कारखाने के कार्य समय के दौरान और उसके एक घंटे बाद तक गर्म और ठंडा दोंनो प्रकार का पानी उपलब्ध कराया जाएगा;

(iii) धुलाई और स्नान सुविधाएं, उक्त प्रक्रियाएं जहां स्थित हो, उस क्षेत्र के समीप ही होंगी;

(iv) प्रत्येक कर्मकार को व्यक्तिगत तौर पर साफ तौलिए प्रदान किए जाएंगे; और

(v) खंड (i) में उल्लिखित टोंटियों के अतिरिक्त प्रत्येक तल पर एक स्टैंड पाईप होगा, जिसमें गर्म पानी उपलब्ध कराया जाएगा।

(ख) कारखाने की वर्दियों और अन्य कपड़ों की हर रोज धुलाई किये जाने की व्यवस्था की जाएगी।

18. कार्य के कमरे में खाद्य, पेय आदि का प्रतिषेध.–ऐसे किसी भी कमरे में, जहां उक्त प्रक्रिया चलाई जाती है, कोई भी कर्मकार खाद्य वस्तु, पेय, पान, सुपारी या तंबाकू का उपयोग नहीं करेगा या धूम्रपान नहीं करेगा और कोई भी कर्मकार खाने या विश्राम के अंतरालों में ऐसे कमरों में नहीं रहेगा।

19. क्लॉक रूम.–उक्त प्रक्रिया में नियोजित कर्मकारों के उपयोग के लिए साफ स्थिति और अच्छी अवस्था में मुहैया तथा अनुरक्षित किए जाएंगेः– (क) क्लॉक रूम उपलब्ध होगा, जिसमें एक बाहर के कपड़ों के लिए और दूसरा काम के कपड़ों के लिए, ऐसे दो खानों में लॉकर होंगे, और (ख) लॉकर रूम और भोजन कक्ष से अलग पैरा (7) के अधीन ऐसे स्थान की व्यवस्था होगी, जहां प्रदान किए गए सुरक्षा उपकरणों का भंडार किया जा सकेगा। इस प्रकार मुहैया स्थान किसी उत्तरदायी व्यक्ति की देख–रेख में और साफ हालत में रखे जाएंगे।

20. भोजन कक्ष.–उक्त प्रक्रियाओं में नियोजित कर्मकारों के, जो भोजन के अन्तरालों के दौरा कारखाने के परिसरों में ही रह जाते हों, उपयोग के लिए एक भोजन कक्ष मुहैया और अनुरक्षित किया जाएगा, भोजन कक्ष मेजों और बेन्चों से सज्जित होगा तथा भोजन गर्म करने के उपयुक्त साधन युक्त होगा।

21. धुलाई हेतु समय की अनुमति.–उक्त प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार को स्नान के लिए प्रत्येक पाली समाप्त होने से पूर्व 30 मिनट का समय दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक भोजनावकाश के पहले भोजन के लिए अनुज्ञात नियमित समय के अतिरिक्त धुलाई के लिए कम से कम 10 मिनट का समय दिया जाएगा।

22. नियोजित व्यक्तियों की आयु पर निर्बन्धन.–40 वर्ष से कम आयु के किसी कर्मकार को उक्त प्रक्रियाओं में इस अनुसूची के लागू होने की तिथि के पश्चात् कारखाने में प्रथम बार के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा।

23. छूट–प्रतिषिद्ध पदार्थ.–(क) मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता लिखित प्रमाण–पत्र द्वारा जिसे वह अपनी स्वेच्छा से किसी भी समय रद्द कर सकता है, किसी प्रक्रिया, जिसके दौरान किसी प्रतिषिद्ध पदार्थ के बनाने, प्रसंस्कृत करने, विनिर्मित करने या

उसका कार्य का उपयोग किया जाता हो, को पैरा (5) के उपबन्धों से ऐसी शर्तों के अध्यधीन, यदि कोई हो, जिन्हें वह उसमें निर्दिष्ट करें, छूट दे सकेगा। यदि उसकी सन्तुष्टि हो जाती है कि प्रक्रिया पूरे तौर पर बन्द और वायुरूद्ध रूप से बन्द प्रणाली से इस प्रकार की जाती है कि प्रतिषिद्ध पदार्थ केवल उतनी ही मात्रा, जितनी की प्रक्रिया के नियंत्रण के प्रयोजन हेतु अपेक्षित है या जैसे प्रयोजन जो सुनिश्चित करने आवश्यक हो कि उत्पाद को किसी भी प्रतिषिद्ध पदार्थ से रहित बनाने के लिए आवश्यक हो, से अनधिक मात्रा में नहीं निकाला जाता।

(ख) मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता बेन्जे डाइन हाइड्रोक्लोराइड के विनिर्माण की या उपयोग की अनुमति दे सकता है, परन्तु उससे संबंधित सभी प्रक्रिया पूरी तरह बन्द प्रणाली से इस प्रकार की जाती हों कि केवल बेन्जेडाइन हाइड्रोक्लोराइड को छोड़कर अन्य कार्य प्रतिषिद्ध पदार्थ केवल उतनी ही मात्रा में, जितनी कि प्रक्रिया के नियंत्रण के प्रयोजन के लिए अपेक्षित हो या जैसे प्रयोजन जो सुनिश्चित करे आवश्यक हो कि उत्पादन की प्रतिषिद्ध पदार्थ रहित बनाने के प्रयोजन के लिए आवश्यक हो, से अनधिक नहीं निकाली जाए और बेन्जेडाइन हाइड्रोक्लोराइड जब कि पूर्ण बन्द प्रणाली में न हो, को छोड़कर, को सभी समय दो भाग बेन्जेडाइन हाइड्रोक्लोराइड को एक भाग पानी से कम न हो, इस अनुपात में गीला करके रखा जाए।

24. सामान्य छूट.–यदि किसी कारखाने के संबंध में अपवाद स्वरूप परिस्थितियों में या प्रक्रिया की विरलता या अन्य किसी कारण से मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाती है कि इस अनुसूची के सभी या कोई अनुबन्ध कर्मकारी के बचाव के लिए आवश्यक नहीं हैं, तो मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता लिखित प्रमाण–पत्र (जिसे वह अपनी स्वेच्छा से किसी भी समय रद्द कर सकता है), ऐसे कारखाने को सभी या ऐसी किसी भी उपबन्ध से ऐसी शर्तों के अध्यधीन, यदि कोई हों, जिन्हें वह उसमें निर्दिष्ट करें, छूट प्रदान कर सकेगा।

परिशिष्ट

सचेतक इश्तहार/नोटिस

1. डाय इन्टरमीडियेट जो नाइटरों या एमीनो व्युत्पन्न है या एरोमेटिक/हाईड्रोकार्बन विषैले हैं। आपको इस कारखाने में इन रसायनों को प्रायः सम्भालना है।
2. आपके अपने स्वस्थ्य की सुरक्षा के लिए विभिन्न सुरक्षात्मक वस्तुओं के कपड़ों का प्रयोग करता है।
3. सभी समय पर अतिसावधन सफाई रखनी है। भोजन करने से पूर्व हाथों तथा पैसें को अच्छी तरह से धोना है। कारखाना छोड़ने से पूर्व स्नान करना अनिवार्य है।
4. आपके शरीर पर गिरे हुए किसी रसायन को साबुन तथा पानी से धोना है। यदि रसायन के घोल से छींटे पड़ गए हैं तो संदूषित कपड़ों को तुरन्त उतारना है। ये रसायन साईनोसिस उत्पाद से ज्ञात है। चिकित्सा अधिकारी या नियुक्त चिकित्सा से तुरन्त सम्पर्क करे तथा उसकी सलाह लें।
5. डाय इन्टरमीडियेट को लम्बे दस्ते की कलछी/बेलचे से सम्भाला जाना है, नंगे हाथों से कभी नहीं।
6. मद्यसारिक पेय से बचना चाहिए चूंकि वे रसायनों द्वारा विषाक्तता को बढ़ाते हैं।
7. अपने भोजन तथा पेयों के कार्य स्थान से दूर रखें। कार्य स्थल पर किसी रूप में भोजन, पेय या तम्बाकू का उपयोग निषिद्ध है।
8. विषैले रसायनों में कार्य से गम्भीर प्रभावों का बहुत से वर्षों के बाद पालन किया जा सकता है। शरीर, कपड़ों, मशीनरी तथा उपकरणों की सम्पूर्ण सफाई रखने के लिए बहुत सावधानी बरतनी चाहिए।

अनुसूची–XVIII

विलायक निष्कर्षण संयंत्र से वनस्पतियों तथा पशुओं के स्त्रोत से तेल अथवा चिकनाई (फैट) निकालने की प्रक्रिया

1. परिभाषाएं.–

(क) ''विलायक निष्कर्षण संयंत्र'' से अभिप्राय है, कोई ऐसा संयंत्र, जिसमें विलायकों के उपयोग वनस्पतियों या पशु स्त्रोत से तेल अथवा चिकनाई निकालने की प्रक्रिया की जाती है;

(ख) ''विलायक'' से अभिप्राय है, पेन्टेन, हैक्सेन तथा हेप्टेन जैसे ज्वलनशील द्रव जिसका उपयोग वनस्पति तेल निकालने के लिए किया जाता है;

(ग) विद्युत मशीनरी या संयंत्र में यथा प्रयुक्त ''ज्वाला रोधी'' घेरे से अभिप्राय है, ऐसे घेरे जो आवरणों या अन्य प्रवेश द्वारों को उचित रूप से सुरक्षित किए जाने पर, ज्वलनशील गैस या वाष्प के घेरे के भीतर प्रवेश करे या जो घेरे के भीतर उत्पन्न हो, आंतरिक विस्फोट की क्षति पहुचाएं बिना सह सके तथा आंतरिक ज्वलन (या विस्फोटक) को बाहर ज्वलनशील गैस या वाष्प के सम्पर्क में जाने से रोक सके;

(घ) इस अनुसूची के प्रयोजनार्थ ''सक्षम व्यक्ति'' कम से कम इंजीनियर संस्था (भारत) का सदस्य या उत्तरदायित्व स्थिति में दस वर्ष के अनुभव सहित उक्त संस्था का सहयुक्त सदस्य होगा जो मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित हो:

परन्तु तेलों और चर्बियों का विशेषीकृत ज्ञान और किसी विलायक निष्कर्षण संयंत्र में कम से कम पांच वर्ष के अनुभव सहित यांत्रिक इंजीनियरी अथवा रसायन प्रौद्योगिकी में स्नातक को भी सक्षम व्यक्ति माना जाएगा :

परंतु यह और कि राज्य सरकार किसी भी अन्य योग्यता को स्वीकार कर सकती है यदि उसकी राय में वे पूर्वोक्त योग्यता के समकक्ष हों।

2. अवस्थिति तथा अभिन्यास.–(क) कोई भी विलायक निष्कर्षण संयंत्र निकटतम रिहायशी बस्ती से 30 मीटर की दूरी के भीतर निर्मित या विस्तारित नहीं किया जाएगा।

(ख) विलायक निष्कर्षण संयंत्र के चारों ओर संयंत्र से कम से कम 15 मीटर की दूरी पर 1.5 मीटर ऊंचाई अविछिन्न तार बाड़ लगाई जाएगी।

(ग) बाड से घिरे हुए क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को कोई माचिस या खुली हुई ज्वाला या अग्नि ले जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(घ) वायलर गृह या अन्य भवन, जिसमें खुली ज्वाला वाली प्रक्रियाएं चलाई जाती है, विलायक निष्कर्षण संयंत्र से कम से कम 30 मीटर की दूरी पर स्थित होंगे।

(ङ) यदि गोदाम तथा तैयार करने संबंधी प्रक्रिया के स्थान विलायक निष्कर्षण संयंत्र से 30 मीटर से कम दूरी पर हो, तो उनकी दूरी संयंत्र से कम से कम 15 मीटर होगी और विलायक निष्कर्षण संयंत्र से कम से कम 15 मीटर की दूरी पर अदहनशील सामग्री की 1.5 मीटर ऊंटी अविच्छिन्न रोक दीवार निर्मित की जाएगी ताकि वह संयंत्र से प्रज्जवलन के सम्भव स्त्रोतों तक संयंत्र से अन्तिम छोर के हर तरफ वाष्प संचार के कम से कम 30 मीटर तक जाती है।

3. विद्युत स्थापना.–(क) विलायक निष्कर्षण संयंत्र में स्थापित या स्थित समस्त विद्युत मोटरों तथा वायरिंग और अन्य विद्युत उपकरण ज्वालारोधी निर्माण के होंगे।

(ख) संयंत्र तथा भवन, जिसमें ऐसी विभिन्न टंकियां तथा पात्र (कंटेनर्स) भी सम्मिलित है, जिसमें विलायक सचित किए जाते हो या विद्यमान हो, के समस्त धातु के भाग तथा विद्युत उपकरणों के ऐसे समस्त भाग, जिन्हें ऊर्जित करना (इंनर्जीइज्ड) अपेक्षित न हो, उचित ढंग से आपस में परिबद्ध कर दिए जाएंगे और उन्हें भूमि से जोड़ दिया जाएगा, ताकि ऐसे भागों के विद्युत विभव में आकस्मिक रूप से बढ़कर भूमि विभाव से अधिक न हो सके।

4. धूम्रपान पर प्रतिबंध.–विलायक निष्कर्षण संयंत्र से 15 मीटर की दूरी के भीतर धूम्रपान पूर्णरूप से प्रतिबंधित होगा। इस प्रयोजनार्थ क्षेत्र में ''धूम्रपान वर्जित है'' संकेत क्षेत्र में हिन्दी तथा अंग्रेजी में स्थाई रूप से प्रदर्शित किए जाएंगे।

5. घर्षण के विरूद्ध पूर्वोपाय.–(क) ऐसे समस्त औजार तथा उपकरण, जिसमें सीढ़ियों, जंजीरे तथा अन्य उत्थापक साधन (लिफ्टिंग, टेकल) सम्मिलित है, जो विलायक निष्कर्षण संयंत्र में उपयोग के लिए अपेक्षित होते हैं, अस्फुलिंग (नानस्पार्किंग) प्रकार के होंगे।

(ख) विलायक निष्कर्षण संयंत्र की कोई भी मशीनरी या उपकरण पट्टे से चलने वाला नहीं होगा।

(ग) ऐसे किसी भी व्यक्ति को, जो नायलान के कपड़े पहने हुए हों या ऐसे अन्य वस्तुओं के कपड़े पहने हुए हों, जिनसे स्थैतिक (स्टेटिक) विद्युत चार्ज उत्पन्न होता हो या ऐसे जूते पहने हुए हो, जिनमें घर्षण द्वारा स्फुलिगों के उत्पन्न होने की संभावना हो, विलायक निष्कर्षण संयंत्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा।

6. **अग्निशमन संयंत्र.**—(क) विलायक निष्कर्षण संयंत्र में ज्वलनशील तरल पदार्थों से लगने वाली अग्नि के विरूद्ध उपयोग करने के लिए उपयुक्त पर्याप्त संख्या में वहनीय अग्निशामक साधनों की व्यवस्था की जाएगी;

(ख) विलायक निष्कर्षण संयंत्र के ऊपर और जिस भवन में पैसा संयंत्र हो उस भवन में संचित जल की पर्याप्त पूर्ति से युक्त गीला करने वाले पाईप पर स्वचालित जल फुहार छिड़काव पद्धति तथा खुली उपरी जलप्लावन पद्धति की व्यवस्था की जाएगी।

7. **विद्युत संचरण बंद हो जाने पर पूर्वोपाय.**—विद्युत संचरण बंद हो जाने की स्थिति में भाव के अपने आप बंद हो जाने की व्यवस्था की जाएगी तथा आपाती स्थिति में से धारित्रों (कंडेन्सर) में जो विद्युत संचारण बंद हो जाने पर स्वतः काम करने लगेगे, गुरूत्व द्वारा जल भरण के लिए ऊपरी जल पूर्ति की व्यवस्था की जाएगी।

8. **चुम्बकीय पृथककारक (सपरेटर्स).**—खली हापर के जरिए वाहक (कन्वेयर) द्वारा निष्कर्षण में भेजी जाएगी और इसके अंतरण के दौरान लोहे के किसी भी टुकड़े को अलग करने के लिए चुम्बकीय पृथककारक की व्यवस्था की जाएगी।

9. **निकासन (वेंटिंग).**—(क) विलायक से भरी हुई टंकियों को आग लग जाने की स्थिति में अत्यधिक आंतरिक दाब से मुक्त करने के लिए आपाती निकास बनाकर संरक्षित किया जाएगा।

(ख) समस्त आपात विमोचन निकास भूमि से कम से कम 6 मीटर की ऊँचाई पर समाप्त होने और उनकी अवस्थिति इस प्रकार की होगी कि वाष्प उस भवन में पुनः प्रवेश न कर सके जिसमें विलायक निष्कर्षण संयंत्र स्थित हो।

10. **अपशिष्ट जल (वेस्ट वाटर).**—प्रक्रियागत अपशिष्ट जल फलेश वाष्पक के जरिए बहाया जाएगा जिससे कि उसे निर्गत होदी (सम्प) में विसर्जित करने के पूर्व उसमें रहा कोई भी विलायक अलग किया जा सके उक्त होदी बाइ से घिरे क्षेत्र के अंदर होगी किन्तु बाड से आठ मीटर से कम दूरी पर नही होगी।

11. **संवातन.**—विलायक निष्कर्षण संयंत्र सुसंवातित होगा और यदि संयंत्र किसी भवन में अवस्थित हो, तो उस भवन में प्रति घंटा कम से कम 6 वायु चेजरों की व्यवस्था सहित यांत्रिक संवातन की व्यवस्था होगी।

12. **भवन व्यवस्था.**—(क) विलायकों का संग्रहण केवल थोड़ी मात्रा को छोड़ कर जो कि क्षेत्र अनुमोदित सुरक्षित डिब्बों (केन) में संचित अपशिष्ट की जाएगी, विलायक निष्कर्षण संयंत्र के ढके हुए क्षेत्र में संचित नहीं किया जाएगा।

(ख) तेलीय चिथड़ों, अन्य अपशिष्ट सामग्री तथा अवशोषक जो विलायक तथा रंग तेलों को साफ करने के उपयोग में लाए जाते हैं, अनुमोदित आधानों (कंटेनरों) में रखे जाएंगे और उन्हें दिन में कम से कम एक बार परिसर से हटाया जाएगा।

(ग) विलायक निष्कर्षण संयंत्र के भीतर तथा संयंत्र से 15 मीटर की दूरी के भीतर के स्थान को किसी भी ज्वलनशील वस्तुओं से मुक्त रखा जाएगा तथा बिखरे हुए तेल अथवा विलायकों को तुरन्त साफ कर दिया जाएगा।

13. **परीक्षण तथा मरम्मत.**—(क) विलायक निष्कर्षण संयंत्र की कमजोरी या संक्षारण तथा टूट–फूट के अवधारण के लिए सक्षम व्यक्ति द्वारा उसका प्रत्येक 12 महीने में एक बार परीक्षण किया जाएगा। ऐसे परीक्षण के संबंध में निरीक्षक को अपनी इस टिप्पणी के साथ रिपोर्ट दी जाएगी कि संयंत्र कार्य करने की दृष्टि से सुरक्षित स्थिति में है अथवा नहीं।

(ख) मशीनरी अथवा संयंत्र की कोई भी मरम्मत केवल सक्षम व्यक्ति के प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण के अधीन के सिवाए नहीं की जाएगी।

(ग) संयंत्र को सफाई या मरम्मत के लिए खोलने से पहले और मरम्मत के बाद विलायक के प्रवेश कराने से पहले अक्रिय गैस से सफाई करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

14. **परिचालन कर्मचारी.**—विलायक निष्कर्षण संयंत्र में संयंत्र तथा मशीनरी के परिचालन का प्रभार ऐसे सम्यक् रूप से अर्हता प्राप्त और प्रशिक्षित व्यक्तियों के हाथों से रहेगा, जो सक्षम व्यक्ति द्वारा इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त प्रमाणित किए जाएं तथा किसी भी अन्य व्यक्ति को संयंत्र तथा मशीनरी के परिचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

15. **गर्भवती स्त्रियों तथा युवा व्यक्तियों का नियोजन.**—विलायक निष्कर्षण संयंत्र में किसी भी गर्भवती स्त्री या युवा व्यक्ति को नियोजित नहीं किया जाएगा।

16. **वाष्प निरोध (डिटेनशन).**—समुचित प्रकार के ज्वालारोधी तथा आसानी से एक जगह से दूसरी जगह ले जाने लायक ज्वलनशील गैस संसूचक की व्यवस्था की जाएगी और उसे अच्छी हालत में रखा जाएगा तथा मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा यथानुमोदित विभिन्न अवस्थितियों में वायुमंडल के नेमी नमूना अनुसूची तैयार की जाएगी और उसे इस प्रयोनार्थ रखे गए रजिस्टर में प्रविष्ट किया जाएगा।

अनुसूची–XIX

मैंगनीज़ तथा उसके यौगिक का विनिर्माण या उसका परिचालन

1. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित परिभाषाएं लागू होंगीः–

(क) ''मैंगनीज़ प्रक्रिया'' से अभिप्राय है, मैंगनीज़ या मैंगनीज़ के किसी यौगिक या मैंगनीज़ युक्त किसी अयस्क या किसी मिश्रण का प्रसंस्करण, विनिर्माण या उसका परिचालन;

(ख) ''प्रथम नियोजन'' से अभिप्राय है, किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में प्रथम नियोजन और इसमें किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में निरन्तर 3 केलेण्डर मास से अधिक अवधि तक नियोजन में न रहने के बाद पुनर्नियोजन भी शामिल है;

(ग) ''परिचालन'' से अभिप्राय है, मैंगनीज़ या मैंगनीज़ के किसी यौगिक या मैंगनीज़ युक्ल किसी अयस्क या मिश्रण को मिश्रित करना, सम्मिश्रित करना, भरना, खाली करना, पीसना, छानना, सुखाना, पैक करना, साफ करना या अन्यथा उसका हस्तन करना;

(घ) ''दक्ष निकास संचालन'' से अभिप्राय है, स्थापिक संवातन, जो धूल या धुंए या कुहासे को उसकी उत्पत्ति के स्त्रोत से हटाने के लिए यांत्रिक साधनों द्वारा किया गया हो, ताकि उसे किसी ऐसे स्थान के वायुमण्डल में निकल जाने से रोका जा सके, जहां कोई कार्य किया जाता है। कोई भी ऐसा वायु प्रवाह दक्ष नहीं समझा जाएगा, जो धूल या धुएँ या कुहारे को उस स्थान से न हटा सके, जहां वह उत्पन्न होता है और जो किसी कार्य स्थान के वातावरण में निकल जाने तथा फैल जाने से न रोक सके।

2. **लागू करना.**–यह अनुसूची प्रत्येक ऐसे कारखाने को लागू होगी, जिसमें या जिसके किसी भाग में कोई मैंगनीज़ प्रक्रिया कार्यान्वित की जाती हो।

3. **छूट.**–यदि किसी कारखाने के संबंध में मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाए कि आपवादिक परिस्थितियों के कारण या प्रक्रिया में विरलता के कारण से या किसी अन्य कारण से ऐसे सन्तुष्टि में नियोजित व्यक्तियों के संरक्षण हेतु इस अनुसूची के समस्त या उसमें से किन्हीं उपबंधों का लागू किया जाना आवश्यक नहीं है, तो वह लिखित मैं आदेश द्वारा, जिसे कि वह अपने विवेक पर रद्द कर सकेगा, ऐसे कारखानों को ऐसी शर्तों या ऐसी अवधि तक के लिए, जो कि वह उक्त आदेश में विनिर्दिष्ट करे, इन समस्त उपबंधों से या उनमें से किसी भी उपबंध से छूट दे सकेगा।

4. **किसी प्रक्रिया का पृथक्करण.**–प्रत्येक ऐसी मैंगनीज़ प्रक्रिया, जिसमें मैंगनीज़ युक्त धूल, वाष्प या कुहासा निर्मित हो सकता है, पूर्ण परिबद्ध पद्धति से की जाएगी या अन्यथा उसके ऐसी अन्य प्रक्रियाओं से प्रभावी ढंग से पृथक् रखा जाएगी तो कि जिसके द्वारा अन्य संयंत्रों तथा प्रक्रियाओं के और कारखानों के किसी अन्य भागों तथा कार्य या प्रक्रिया के अन्य कार्यों में नियोजित व्यक्ति प्रभावित न हो सके।

5. **प्रक्रिया का संवातन.**–कोई भी ऐसी प्रक्रिया, जिसमें मैंगनीज़ युक्त धूल, वाष्प या कुहरा सा उत्पन्न होता हो, ऐसे दक्ष निकास संवातन, जो धूल, वाष्प या कुहासा उत्पन्न होने के यथा व्यवहार्य निकटतम स्थान पर हो, के अधीन के सिवाय नहीं की जाएगी।

6. **चिकित्सीय परीक्षण.**–(1) मैंगनीज़ की किसी प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति का, उसके प्रथम नियोजन के 14 दिन के भीतर तथा उसके बाद तीन मास से अनधिक के अन्तराल पर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा चिकित्सीय परीक्षण किया जाएगा।

(2) यदि कोई व्यक्ति चिकित्सा जांच पर मैंगनीज़ प्रक्रिया में नियोजन के लिए फिट पाया जाता है, तो प्रमाणकर्ता सर्जन प्ररूप–31 में उपयुक्तता का प्रमाणपत्र देगा जो कारखाने के प्रबन्धक की अभिरक्षा में रखा जाएगा। प्रमाणपत्र जब कभी निरीक्षक द्वारा अपेक्षित हो प्रबन्धक द्वारा तुरन्त प्रस्तुत किया जाएगा तथा व्यक्ति जिसको ऐसा प्रमाणपत्र दिया गया है, को उस पर उत्कीर्ण प्रमाणपत्र संख्या सहित धातु का बना टोकन दिया जाएगा तथा कथित व्यक्ति कार्य के समय कथित टोकन हमेशा अपने पास रखेगा।

(3) यदि कोई व्यक्ति किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में कार्य के लिए अयोग्य पाया जाता है, तो प्रमाणकर्ता सर्जन उस आशय का प्रमाणपत्र देगा तथा ऐसा व्यक्ति किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(4) यदि प्रमाणकर्ता सर्जन समझता है कि कोई कामगार जिसे पूर्व चिकित्सा जांच में उपयुक्तता का प्रमाणपत्र दिया गया था किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में नियोजित किए जाने के लिए आगे फिट नहीं है, तो वह पूर्व प्रमाणपत्र को रद्द कर सकता है तथा कोई व्यक्ति जिसका उपयुक्तता प्रमाणपत्र रद्द किया गया है, को किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में काम करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

प्रमाणकर्ता सर्जन ऐसे व्यक्ति को ऐसी अवधि जो वह रद्द प्रमाणपत्र पर तथा स्वास्थ्य रजिस्टर में लिखित में विनिर्दिष्ट करे, के बाद नई चिकित्सा जांच के लिए उनके सम्मुख पेश होने की अपेक्षा कर सकता है।

(5) यदि प्रमाणकर्ता सर्जन की राय है कि व्यक्ति किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में नियोजन के लिए स्थाई रूप से अयोग्य हो गया था, तो वह प्रमाणपत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर में इस आशय की प्रविष्टि करेगा तथा ऐसे व्यक्ति को किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(6) यदि प्रमाणकर्ता सर्जन की राय है कि किसी सन्देहास्पद मामले में उचित निदान के लिए किसी विशेष विशेषज्ञ जांच/परीक्षण आवश्यक है, तो वह ऐसे विशेषज्ञ से कर्मकार की जांच कराने या ऐसा परीक्षण कराने के लिए प्रबन्धक तथा/या अधिभोगी को निर्देश दे सकता है, जो उस द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए तथा प्रबन्धक या अधिभोगी, जैसी भी स्थिति हो, विनिर्दिष्ट समय में दिए गए निर्देशों की पालना करेगा तथा जांच या परीक्षण, जैसी भी स्थिति हो, प्रमाणकर्ता सर्जन के सम्मुख रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

(7) यदि प्रमाणकर्ता सर्जन की राय है कि कोई व्यक्ति किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में नियोजन के लिए योग्य नहीं है किन्तु किसी अन्य कार्य में नियोजित किए जाने के लिए योग्य है, तो वह प्रबन्धक या अधियोगी को कथित व्यक्ति को किसी अन्य कार्य जो उसके लिए सुरक्षित हो, नियोजन करने की सलाह दे सकता है। प्रमाणकर्ता सर्जन जैसा वह आवश्यक समझे, ऐसी उपचार कराने के लिए कर्मकार को सलाह भी देगा।

(8) यदि किसी व्यक्ति को प्रमाणकर्ता सर्जन के निदान या निर्णय के बारे मे कोई सन्देह है, तो वह मुख्यतः निरीक्षण एवं सुविधप्रदाता को अपील कर सकता है तथा मुख्य निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता कारखानों के चिकित्सा निरीक्षक या इस प्रयोजन के लिए उस द्वारा गठित चिकित्सा समिति मामले भेज सकता है जिसका कारखाना निरीक्षक सदस्य है। मामले में चिकित्सा निरीक्षक या चिकित्सा समिति, जैसी भी स्थिति हो, का निर्णय अन्तिम होगा।

7. **वैयक्तिक सुरक्षात्मक उपस्कर.**—(1) कारखाने का अधिभोगी किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में नियोजित समस्त व्यक्तियों के लिए उपयुक्त पोशाख (ओव्हर आल्स) तथा हेलमेट की व्यवस्था करेगा और उन्हें अच्छी तथा स्वच्छ दशा में बनाए रखेगा और काम करने के समय की पोशाख तथा हेलमेट किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में काम करते समय ऐसे व्यक्तियों द्वारा पहने जाएंगे।

(2) कारखाने का अधिभोगी उपयुक्त श्वसन सुरक्षात्मक उपस्कर की व्यवस्था धूल, धुएं तथा कुहासे के अन्तःश्वसन को रोकने के लिए कर्मकारों द्वारा आपातकाल में उपयोग करने हेतु करेगा, ऐसे उपस्कर के पूरे सेटों की प्राप्ति संख्या सदैव कार्यस्थल के निकट रखी जाएगी और उन्हें समुचित रूप में बनाए रखा जाएगा तथा सदैव ऐसी दशा में रखा जाएगा कि जिससे उनका आसानी से उपयोग किया जा सके।

(3) अधिभोगी समस्त नियोजित व्यक्तियों के उपयोग के लिए वैयक्तिक सुरक्षात्मक उपस्कर के भण्डारकरण हेतु उपयुक्त स्थान की व्यवस्था करेगा और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों की साफ—सफाई तथा उनके अनुरक्षण के लिए पर्याप्त व्यवस्था करेगा।

8. **गर्भवती महिलाओं तथा युवा व्यक्तियों से सम्बन्धित प्रतिषेध.**—किसी गर्भवती महिला या युवा व्यक्ति को किसी भी मैंगनीज़ प्रक्रिया में नियोजित नहीं किया जाएगा या कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

9. **कार्य कक्षों में भोजन, पेय का प्रतिषेध.**—किसी भी कर्मकार को किसी भी ऐसे कार्य कक्ष में, जिसमें कोई मैंगनीज़ प्रक्रिया की जाती हो, भोजन, पेय, पदार्थ, पान तथा सुपारी या तंबाखू लाने या उनका उपयोग किए जाने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

10. **भोजन कक्ष.**—किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में नियोजित व्यक्तियों के उपयोग के लिए उपयुक्त भोजन कक्ष की व्यवस्था की जाएगी, जिसमें पर्याप्त संख्या में मेजो तथा बेंचों और भोजन गर्म करने के पर्याप्त साधनों की व्यवस्था की जाएगी। भोजन कक्ष किसी उत्तरदायी व्यक्ति के प्रभार में रखा जाएगा और उसे स्वच्छ रखा जाएगा।

11. **धुलाई की सुविधाएं.**—मैंगनीज़ प्रक्रिया में नियोजित व्यक्तियों के उपयोग के लिए स्वच्छ और अच्छी स्थिति में छप्परदार धुलाई स्थल की व्यवस्था की जाएगी और उसका अनुरक्षण किया जाएगा, जिसमें निम्नलिखित की व्यवस्था होगी—

(क) चिकनी अपारगम्य सतह वाली नाली (ट्रफ) जिसमें डाट रहित विकास पाइप (वेस्ट पाइप) लगा होगा। नाली की लंबाई इतनी होगी कि किसी एक समय में नियोजित ऐसे प्रत्येक व्यक्तियों के लिए कम से कम 60 से.मी. का स्थान रहे और जिसमें अधिक से अधिक 60 से.मी. की दूरी पर लगे नलौ या जेट्स से सतत् जलपूर्ति होती हो या किसी भी एक समय में नियोजित ऐसे प्रत्येक पांच व्यक्तियों के लिए कम से कम एक वाश बेसिन जिसमें निवास पाइप तथा डाट (प्लग) लगा होगा और जिसमें सतत् जलपूर्ति होती हो, तथा

(ख) पर्याप्त मात्रा में साबुन या अन्य उपयुक्त सफाई सामग्री तथा नाखून साफ करने के ब्रुश तथा साफ तौलिए।

12. **क्लॉक रूम.**—यदि मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता ऐसी अपेक्षा करे तो मैंगनीज़ प्रक्रिया में नियोजित व्यक्तियों के उपयोग के लिए कार्य करने के समय के दौरान उतारे गए कपड़े रखे जा सके और जिसमें कपड़ों को सुखाने की समुचित व्यवस्था हो, सामान घर की व्यवस्था की जाएगी और उसका अनुरक्षण किया जाएगा।

13. **चेतावनी इश्तहार तथा अनुदेश.**—कारखाने के ऐसे प्रमुख स्थानों में निम्नलिखित रूप में तथा हिन्दी में तथा नियोजित कर्मकारों में से अधिकांश कर्मकारों की भाषा में छपी हुई चेतावनी देने वाली सूचनाएँ लगाई जाएगी, जहां से कि उन्हें कर्मकारों द्वारा आसानी से और सुविधापूर्वक पढ़ा जा सके अधिभोगी द्वारा किसी मैंगनीज़ प्रक्रिया में नियोजित समस्त कर्मकारों को उनके कर्त्तव्यों से संबंधित स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों के बारे में तथा अपने आपकी सुरक्षा के सर्वोत्तम सुरक्षा उपायों और तरीकों के बारे

में सर्वाधिक रूप से अनुदेश देने की व्यवस्था की जाएगी। वे सूचनाएं सदैव ही ऐसी स्थिति में रखी जाएगी कि उन्हें पढ़ा जा सके।

सचेतक (चेतावनी) सूचना

मैंगनीज़ तथा मैंगनीज़ यौगिक

1. मैंगनीज़ और उसके यौगिक की धूल, धुआँ तथा कुहासा सांस के अन्दर चले जाने पर या निगल लिए जाने पर विषाक्त हो जाता है।
2. कार्य स्थान के निकट भोजन या पानी का उपयोग न करे।
3. भोजन करने से पहले अच्छी तरह से नहा लें।
4. कार्य क्षेत्र को साफ रखें।
5. दिए गए संरक्षा वस्त्रों तथा उपस्करों का उपयोग करें।
6. जब ऐसी स्थितियों में कार्य करना अपेक्षित हो, जहां धूल, धुआँ या कुहासा सांस के साथ अन्दर चला जाना संभव हो, तो इस प्रयोजन के लिए दिए गए अन्तः श्वसन संबंधी संरक्षा उपस्करों का उपयोग करे।
7. यदि आप तेज सिरदर्द, दीर्घकालिक अनिद्रा या शरीर में असामान्य संवेदनाओं का अनुभव करें तो उसकी सूचना प्रबंधक को दे, जो आपकी परीक्षा तथा उपचार का इंतजाम करेगा।

अनुसूची–XX

खतरनाक कीटनाशकों का विनिर्माण तथा परिचालन

1. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए, निम्नलिखित परिभाषाए लागू होंगीः–

(i) 'खतरनाक कीटनाशक' से अभिप्राय है, उत्पाद ऐसा जो किसी कीट के नियंत्रण, नष्ट या विकर्षित करने के लिए या उनकी वृद्धि रोकने या वृद्धि के प्रभाव को कम करने के लिए प्रस्तावित हो या जिसका उपयोग किया जाता हो, जिसमें उसके अन्तर्गत उसके फार्मूलेशन, जिन्हें कीटनाशी अधिनियम, 1968 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के अन्तर्गत विषैला माना गया हो और अन्य उत्पाद जिन्हें राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाए, आते है।

(ii) 'परिचालन' में मिश्रित करना, ब्लेडिंग करना, फार्मूलेटिंग, भरना, खाली करना, पैक करना अथवा अन्यथा कार्य करना सम्मिलित है।

(iii) ''दक्ष वायु निष्कासन'' से अभिप्राय है, स्थानिक यांत्रिक संवातन जो धुआँ, गैस, वाष्प, धूल या कोहरे को हटाने के लिए प्रयुक्त हो, ताकि किसी काम के कमरे, जिसमें कार्य किया जा रहा हो, की हवा में उनका प्रवेश रोका जा सके। किसी वायु निष्कासन को, यदि वह प्रक्रिया के उस बिन्दु पर, जहां से ऐसी गैस, धूम्र, धूल, वाष्प या कोहरा उत्पन्न हो, पैदा हुए धुएं को हटाने में असफल रहता है तो उसे दक्ष नहीं माना जाएगा।

(iv) ''प्रथम नियोजन'' से अभिप्राय'' किसी ऐसे विनिर्माण प्रक्रिया में, जिस पर यह अनुसूची लागू होती हो, प्रथम नियोजन से होगा और उसमें उक्त विनिर्माण प्रक्रिया में लगातार तीन कैलेण्डर मास से अधिक समय तक नियोजित न रहने के उपरान्त हुआ पुनर्नियोजन भी सम्मिलित होगा।

(v) ''निलम्बन'' से अभिप्राय है, किसी प्रक्रिया में नियोजन से निलम्बन जिसमें खतरनाक कीटनाशक का परिचालन किया जाता हो, प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा जो ऐसी प्रक्रियाओं में सभी नियोजित व्यक्तियों, को निलंबित करने के लिए सक्षम हो, प्ररूप 30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में हस्ताक्षरित लिखित प्रमाण पत्र द्वारा नियोजन में से किया गया निलम्बन।

2. **लागू होना.**–यह अनुसूची उन सभी कारखानों या उनके किसी भाग को, जिसमें खतरनाक कीटनाशकों का विनिर्माण या परिचालन प्रक्रिया जिसे इसमें, इसके पश्चात् उक्त विनिर्माण प्रक्रिया के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, की जाती हो, को लागू होगी।

3. **कर्मकारों को अनुदेश.**–प्रत्येक कर्मकार को उसके प्रथम नियोजन पर उक्त विनिर्माण प्रक्रिया में काम लिए जा रहे रसायनों के गुण, जिसमें खतरनाक गुण भी सम्मिलित होंगे तथा उनके अंतर्वलित खतरों के बारे में पूरी तरह अनुदेश दिए जाएंगे। किसी आपात स्थिति में क्या उपाय किए जाने चाहिए, इस बारे में भी कर्मचारियों को अनुदेशित किया जाएगा। ऐसे अनुदेश समय–समय पर दोहराया जाएंगे।

4. **सचेतक सूचनाएं और इश्तहार (प्लेकार्ड).**–इस अनुसूची के परिशिष्ट–I में विनिर्दिष्ट रूप में और हिन्दी में तथा कर्मकारों के बहुमत की भाषा में छापी गई संचेतक सूचनाएं तथा इश्तहार सभी काम के स्थानों में, जहां उक्त विनिर्माण प्रक्रियाएँ चलाई जाती हो, प्रदर्शित की जाएंगी, ताकि उन्हें कर्मकारों द्वारा आसानी और सुगमता से पढ़ा जा सके। कारखाने के अधिभोगी और प्रबन्धक द्वारा कर्मकारों को उक्त विनिर्माण प्रक्रिया से उत्पन्न होने वाले स्वास्थ्य के खतरों और बचाव की पद्धति के संबंध में नियतकालिक रूप से अनुदेश देने की व्यवस्था की जाएगी। ऐसी सूचनाओं में कर्मकारों के स्वास्थ्य के बचाव के लिए किए जाने वाले नियमकालिक चिकित्सीय जांच की अपेक्षाओं के बारे में अनुदेश सम्मिलित होंगे।

5. **गर्भवती स्त्रियों और युवा व्यक्तियों के नियोजन के संबंध में प्रतिषेध.**–किसी गर्भवती स्त्री या युवा व्यक्तियों को किसी कमरे में जहां उक्त विनिर्माण प्रक्रिया चलाई जा रही हो या किसी ऐसे कमरे में जहां खतरनाक कीटनाशक भण्डारित हों, नियोजित करने या कार्य करने की अनुमति नहीं होगी।

6. **भोजन, पेय और धूम्रपान का प्रतिषेध.**–(i) किसी कार्य के कमरे में, जिसमें उक्त विनिर्माण प्रक्रिया चलाई जाती हो, किसी कर्मकार द्वारा कोई खाने का सामान, पेय, तम्बाकू, पान तथा सुपारी न तो लाई जाएगी न ही उसका उपयोग किया जाएगा।

(ii) किसी कार्य के कमरे में, जिसमें उक्त विनिर्माण प्रक्रिया चलाई जाती हो धूम्रपान प्रतिषिद्ध होगा।

7. **चिकित्सा परीक्षण.**–(i) उक्त विनिर्माण प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार का उसके प्रथम नियोजन के सात दिन के अन्दर प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा परीक्षण किया जाएगा और किसी कर्मकार को जब तक कि उसे प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा ऐसे नियोजन हेतु फिट प्रमाणित न कर दिया गया हो, काम करने की अनुमति नहीं होगी।

(ii) उक्त विनिर्माण प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार को 6 कैलेण्डर मास में कम से कम एक बार प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा पुनः परीक्षण किया जाएगा।

(iii) उक्त विनिर्माण प्रक्रिया में नियोजित कर्मकारों के परीक्षण हेतु व्यवस्था के संबंध में प्रमाणकर्ता सर्जन से व्यवस्था बाबत सहमति प्राप्त करने के उपरान्त संबंधित और कर्मकारों प्रमाणकर्ता सर्जन को उपयुक्त सूचना दी जाएगी।

(iv) कथित विनिर्माण प्रक्रिया में नियोजित सभी कर्मकारों के नामों से युक्त प्ररूप 30 में स्वास्थ्य रजिस्टर रखा जाएगा।

(v) किसी कर्मकार को निलम्बन के पश्चात् स्वास्थ्य रजिस्टर में दर्ज या उससे संलग्न किए गए प्रमाणकर्ता सर्जन लिखित स्वीकृति के बिना नियोजित नहीं किया जाएगा।

8. चिकित्सा सुविधाएं.—(i) अधिभोगी मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित अर्हक चिकित्सा व्यवसायी नियुक्त करेगा जो कम से कम सप्ताह में एक बार एवं जब भी आवश्यक हो कारखाने के परिसर में कथित विनिर्माण में नियोजित सभी कर्मकारों का खतरनाक कीटनाशकों के अत्यधिक अवशोषण के प्रभाव के संबंध में परीक्षण एवं उपचार करेगा।

(ii) आपातकाल में अर्हक चिकित्सा व्यवसायी की तत्काल उपलब्धता निश्चित करने के लिए अधिभोगी आवश्यक व्यवस्था करेगा।

(iii) अधिभोगी खतरनाक कीटनाशक के अत्यधिक अवशोषण के इलाज के लिए अपेक्षित दवाईयों तथा प्रति—विष और अन्य उपकरण का प्रदान करेगा।

(iv) ऐसे परीक्षण, इलाज और जाँचों के अभिलेख रखे जाएंगे और निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता को उपलब्ध कराए जाएंगे।

(v) किसी कारखाने में, जहां ऐसी विनिर्माण प्रक्रियाएँ चलाई जाती हो, कर्मकारों के संबंध में मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता विनिर्दिष्ट अन्तराल से उपयुक्त क्लिनिकल जांच या जांचों के कराए जाने के लिए आदेशित कर सकेगा। ऐसी जांच या ऐसी जांचों के प्रभार नियोक्ता द्वारा वहन किए जाएंगे।

(vi) किसी कारखाने, जहां उक्त विनिर्माण प्रक्रिया चलाई जाती हो, के प्रत्येक कर्मकार को विहित परीक्षण, जांच और इलाज कराना होगा।

9. बचाव के कपड़े और बचाव उपकरण.—(1) लम्बी पतलूने और कमीजें या लम्बी बाजुओं के ओवराल और सिर के आवरण युक्त बचाव के कपड़ों की व्यवस्था उक्त विनिर्माण प्रक्रिया में नियोजित सभी कर्मकारों के लिए की जाएगी।

(2) (क) रबर के दस्ताने, गमबूट, रबर—एप्रन, रसायन सुरक्षा चश्मे और श्वास—यंत्र (रेसपिरेटर्स) को सम्मिलित करते हुए बचाव उपकरण की व्यवस्था उक्त विनिर्माण प्रक्रिया में नियोजित सभी कर्मकारों के लिए की जाएगी।

(ख) जहां कीटनाशक तेलयुक्त हो, वहां दस्ताने, बूट, एप्रन संश्लेषित रबर से बने हुए होंगे।

(3) कर्मकारों को, जिन्हें ऐसे कपड़े तथा उपकरण प्रदान किए गए हों, वे इन बचाव के कपड़ों और उपकरणों को पहनेगे।

(4) यदि कर्मकार, निकोटीन या फास्फोरस युक्त कीटनाशक का कार्य करते हो, तो कपड़ों तथा उपकरणों को रोजाना अन्दर से और बाहर से धोया जाएगा और यदि अन्य कोई कीटनाशक का प्रबन्धन करते हों तो वे बार—बार धोए जाएंगे।

(5) बचाव के कपड़े और उपकरणों को अच्छी अवस्था में रखा जाएगा।

10. फर्श और काम की बेन्च.—(1) प्रत्येक एक कमरे के फर्श, जहां खतरनाक कीटनाशक का परिचालन किया जाता हो, सीमेन्ट या अन्य अपारगम्य सामग्री का चिकनी सतह वाले होंगे।

(2) फर्श अच्छी अवस्था में अनुरक्षित और नाली तक जाने वाले पर्याप्त ढलान वाले होंगे और दिन में एक बार होज पाइप से पूरी तरह धोए जाएंगे।

(3) काम की बेंचें, जहां खतरनाक कीटनाशक का परिचालन किया जाता हो, चिकनी, तथा असोख सामग्री प्रमुखतः स्टेनलेस स्टील की बनी होंगी और प्रतिदिन कम से कम एक बार साफ की जाएगी।

11. बिखराव और कचरा.—(1) यदि खतरनाक कीटनाशक, उसके परिचालन के दौरान काम की बेंच, फर्श या कर्मकार द्वारा पहने हुए बचाव के कपड़ों पर फैल जाए या बिखर जाए तो ऐसे स्थान या ऐसी वस्तुओं को पूरी तरह कीटाणुरहित किए जाने की तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

(2) खतरनाक कीटनाशक में भीगे या लीपटे हुए कपड़े, चिन्दियाँ, कागज या अन्य सामग्री उपयुक्त पात्र, जिसमें कसा हुआ ढक्कन हो, में एकत्र किए जाएंगे। संदूषित कचरे को सप्ताह में कम से कम एक बार जलाकर नष्ट किया जाएगा।

(3) जहां उपलब्ध हो, उपयुक्त निष्क्रिय कारक जब बिखराव हो तो उसको संभालने के समय उपयोग में लेने हेतु तत्काल पहुंच गम्य स्थान पर रखे जाएंगे।

(4) संयंत्र से सभी भागों में सफाई, अनुरक्षण और मरम्मत हेतु, पहुंचने के लिए सुगम साधन प्रदत्त होंगे।

12. खतरनाक कीटनाशक के, उपयोग में लिए गए खाली कन्टेनर्स.—खतरनाक कीटनाशक के उपयोग में लाए गए कन्टेनर अलग करने या नष्ट करने से पूर्व उनमें बचे हुए पदार्थ को पूरी तरह साफ और निष्क्रिय कारक से उपचारित किए जाएगा।

13. हाथ से कार्य करना.—(1) खतरनाक कीटनाशक का या लम्बे हैडल वाले कलछी साधन से किए गए परिचालन के अलावा अन्य प्रकार से हाथ से करने की अपेक्षा या अनुमति नहीं होगी।

(2) खतरनाक कीटनाशक के परिचालन के दौरान उसके शरीर के किसी भी भाग से सीधे संपर्क से बचा जाएगा।

14. संवातन.—(1) प्रत्येक काम के कमरे या क्षेत्र, जहां खतरनाक कीटनाशक का परिचालन किया जाता हो, में हर समय ताजी हवा के परिचालन से पर्याप्त संवालन की व्यवस्था की जाएगी।

(2) प्रक्रिया जब तक पूरी तरह से बन्द न हो, खतरनाक कीटनाशक के परिचालन के दौरान निम्नलिखित दक्ष वायु निष्कासन के बिना नहीं किए जाएंगे :—

(क) खतरनाक कीटनाशक से भरे पात्र को खाली करना;

(ख) खतरनाक कीटनाशक का मिश्रण करना;

(ग) खतरनाक कीटनाशक युक्त द्रव या पाउडर फार्मूलेशन तैयार करना; और

(घ) खतरनाक कीटनाशक को कन्टेनर, टैंक, हापर या मशीन या छोटे आकार के कन्टेनर में बदलाव या भरना।

(3) उपरोक्त प्रचालन में लगाया हुआ वायु निष्कासन असफल हो जाने पर उक्त प्रचालन तुरन्त बन्द कर दिया जाएगा।

15. धुलाई हेतु अनुज्ञात समय.—(1) खतरनाक कीटनाशक के परिचालन में लगे हुए प्रत्येक कर्मकार को भोजन अवकाश और दिन का कार्य समाप्त होने से पहले नियमित विश्राम अन्तराल के अतिरिक्त कम से कम दस मिनट का समय धुलाई हेतु दिया जाएगा।

(2) खतरनाक कीटनाशक के परिचालन में लगे हुए प्रत्येक कर्मकार को कोई भी खाने की वस्तु खाने से पूर्व तथा दिन का कार्य खत्म होने पर भी अच्छी तरह से धोना होगा।

16. धुलाई और स्नान सुविधाएं.—(1) जहां उक्त विनिर्माण प्रक्रिया चलाई जाती हों, वहां कारखाने में सभी कर्मकारों के उपयोग के लिए साफ हालत और अच्छी अवस्था में अनुरक्षित पर्याप्त धुलाई और स्नान के स्थान बने होंगे, जिनमें छायादार जगह पर प्रत्येक 5 नियोजित व्यक्तियों की दर से एक ऐसे स्थान पर उपयोग के लिए निरन्तर जल आपूर्ति भी होगी।

(2) धुलाई स्थान पर कम से कम एक मीटर की दूरी पर स्टेण्ड पाइप लगे होंगे।

(3) धुलाई स्थानों की कुल संख्या के आधे से कम स्नानागार नहीं होंगे।

(4) स्नानघर में सामग्री के बने पर्याप्त साफ तौलिए प्रदान किए जाएंगे :

परन्तु निरीक्षक द्वारा यदि ऐसा आदेशित किया गया हो, तो प्रत्येक कर्मकार को व्यक्तिगत रूप से ऐसे तोलिए प्रदान किए जाएंगे।

(5) पर्याप्त साबुन और नाखुनों के ब्रुश प्रदान किए जाएंगे।

17. क्लॉक रूम.—कारखाना, जहां उक्त विनिर्माण प्रक्रिया चलाई जाती हो, में नियोजित सभी कर्मकारों के उपयोग के लिए—

(क) काम करने के समय के दौरान यदि कपड़े गीले हो, तो कपड़े सुखाने की व्यवस्था सहित कपड़े उतारने के लिए अमानती सामान घर (क्लाक रूम) व्यवस्था, होगी; और

(ख) पैरा 9 के अधीन प्रदान किए गए बचाव के कपड़ों के भण्डारण हेतु पृथक और उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी।

18. भोजन कक्ष.—कारखाना जहां उक्त विनिर्माण प्रक्रिया चलाई जाती हो, में नियोजित सभी कर्मकारों के, जो विश्राम के अन्तराल में वहां रुक जाते हों, के लिए उपयुक्त भोजन कक्ष मुहैया तथा अनुरक्षित किया जाएगा, और जो—

(क) पर्याप्त मेजों और पीछे टेक सहित बेंच; और

(ख) खाना गर्म करने के पर्याप्त साधन से सज्जित होगा।

भोजन कक्ष उत्तरदायी व्यक्ति के प्रभार में और साफ हालत में रखा जाएगा।

19. छूट.—यदि किसी कारखाने के संबंध में मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि विरलता हो जाती है कि उसकी अपवाद स्वरूप परिस्थितियों या उक्त विनिर्माण प्रक्रिया की विरलता या किसी अन्य कारण से, जिन्हें वह लिखित में अभिलिखित करे, कारखाने में नियोजित कर्मकार के बचाव के लिए इस अनुसूची के सभी या कोई उपबन्ध आवश्यक नहीं हैं, तो ऐसे कारखाने को सभी या किसी उपबन्ध से ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए जिन्हें वह विनिर्दिष्ट करे, छूट दे सकेगा। ऐसा प्रमाण—पत्र मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता द्वारा उसके कारणों को अभिलिखित करने के बाद किसी भी समय रद्द किया जा सकेगा।

20. परिचालन का न किया जाना.—किसी कारखाने में कीटनाशक का विनिर्माण या परिचालन नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसकी खतरनाक प्रकृति या अन्यथा होने के संबंध में मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता से प्रमाण पत्र प्राप्त न कर लिया गया हो।

परिशिष्ट–I

सचेतक सूचना (कीटनाशी तथा कीटनाशक)

देखिए खण्ड 4

1. इस संयंत्र में जिन रसायनों का कार्य किया जाता है, वे विषैले हैं।
2. इस क्षेत्र में धूम्रपान, भोजन खाना या पेय पीना, तम्बाकू चबाना प्रतिषिद्ध है। इस क्षेत्र में कोई खाने की वस्तु या पेय नहीं लाया जाएगा।
3. इन रसायनों में से कुछ रसायन चमड़ी द्वारा सोखे जाते हैं और विषैला प्रभाव पैदा कर सकते हैं।
4. खाना खाने से पहले भली प्रकार धुलाई करें।
5. पाली समाप्त होने पर अच्छी तरह स्नान करें।
6. इस क्षेत्र में काम करते हुए प्रदान किए गए बचाव के कपड़े तथा उपकरणों का उपयोग करे।
7. कीटनाशकों के कन्टेनरों को खाने की सामग्री रखने के उपयोग में न लाएं।
8. शरीर के किसी भी भाग पर या फर्श पर या काम की बेंच पर रसायन फैल जाने पर उसे पानी से तत्काल धो दिया जाए।
9. रसायन फैल जाने से संदूषित कपड़े तत्काल अलग कर दिए जाएं।
10. इस क्षेत्र में अतिसावधान सफाई रखी जाएगी।
11. नंगे हाथों से कीटनाशकों का कार्य न करें, हैण्डल सहित प्रदान की गई कलछी का उपयोग करें।
12. जी–मिचलाना, उल्टी आना, चक्कर आने जैसी बीमारी की दशा में प्रबन्धक को सूचना देवें, जो इलाज हेतु आवश्यक व्यवस्था करेंगे।
13. सभी कर्मकार उनके अपने स्वास्थ्य की रक्षा हेतु नियमित रूप से विहित चिकित्सा जांच हेतु रिपोर्ट करेंगे।

अनुसूची–XXI

कार्बन डाई सल्फाइड संयंत्र

1. **लागूकरण.**–यह अनुसूची ऐसी सभी विद्युत भट्टियों जिनमें कार्बन डाई सल्फाइड बनाया जाता है तथा ऐसे अन्य संयंत्र के संबंध में लागू होगी, जहां कार्बन डाइ–सल्फाइड बन जाने के बाद उसे संघनित, परिशोधित तथा संग्रहीत किया जाता है

ये नियम नियम तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के किन्हीं उपबंधों के अतिरिक्त हैं तथा उनके अल्पीकरण स्वरूप के नहीं है।

2. **निर्माण, स्थापना तथा परिचालन.**–(क) ऐसे भवन, जिनमें विद्युत भट्टियां स्थापित की गई हो और कार्बन डाई सल्फाइड बन जाने के बाद उसे संघनित और परिशोधित किया जाता हो, कारखाने के अन्य भागों से पृथक् किए जाएंगे और अधिकतम संवातन सुनिश्चित करने की दृष्टि से वे खुले प्रकार के होंगे तथा संयंत्र का अभिन्यास ऐसा होगा कि कम से कम संख्या में कर्मकारों को किसी एक समय में किसी आग या विस्फोटक का खतरा झेलना पड़े।

(ख) प्रत्येक विद्युत भट्टी और प्रत्येक ऐसा संयंत्र, जिसमें कार्बन डाई सल्फाइड संघनित, परिशोधित और संग्रहीत किया जाता हो, अपनी पूरी फिटिंग और संलग्नों (अटैचमेंट) सहित सुनिर्मित तथा ठोस सामग्री का बना होगा और पर्याप्त सुदृढ़ होगा तथा उसे अच्छी हालत में रखा जाएगा, ताकि भट्टी या संयंत्र में उत्पन्न आंतरिक दाब को सहन कर सके और उसका विन्यास (डिजाइन) ऐसा होगा कि तरल तथा गैस कार्बन डाई सल्फाइड अपनी सामान्य क्रियाशीलता के दौरान बंद प्रणाली में रहे।

(ग) विद्युत भट्टी के आधार कंकरीट में अथवा अन्य प्रभावी साधनों में एक फुट गहरे मजबूती से गड़े रहेंगे।

(घ) प्रत्येक विद्युत भट्टी का स्थापना तथा परिचालन निर्माताओं के अनुदेशों के अनुसार किया जाएगा और ये अनुदेश निर्माण तथा परिचालन के प्रभारी कर्मचारियों को स्पष्टतः समझा दिए जाएंगे।

(ङ) भट्टी के सही ताप, सल्फर डोज, स्वीकार्य वर्तमान विद्युत धारा शक्ति उपभोग तथा कोयला के स्तर की नियतकालिक जांच संबंधी अनुदेशों का कडाई से पालन किया जाएगा।

3. **इलैक्ट्राड्स.**–(क) जहां ऊपरी रिंग वाले इलेक्ट्रोड्स इस्पात के बने सीधे इलेक्ट्रोड्स विद्युत भट्टी में काम में आते हो, वहां वे बिना जुड़े टयूब के बने होंगे तथा उनमें इलेक्ट्रोडस में बने साइफन के जरिए अथवा सकारात्मक (पोजिटिव) दाब वाले पानी के पंप के जरिए प्रशीतन जल प्रणाली से उन्हें जोड़े जाने की व्यवस्था होगी।

(ख) खण्ड (क) में निर्दिष्ट जल प्रशीतन की व्यवस्था स्वचालित चेतावनी प्रणाली से जुड़ी रहेगी, जो इलेक्ट्रोडस में प्रशीतन जल में दाब पहुंचाने की स्थिति में उसे संचालित करेगी और नियंत्रण कक्ष में दृश्य श्रव्य चेतावनी संकेत देगी और साथ ही साथ भट्टी परिचालक के लिए विद्युत पूर्ति को तथा आगे जल पूर्ति को रोकेगी। चेतावनी संकेत पद्धति तथा संचालन युक्ति की प्रतिदिन जांच की जाएगी।

4. **कोयला स्तर सूचक और करिफा (वाईबरेटर).**–कोयले के सही स्तर की सूचना देने तथा कोयले के कम्पन के लिए प्रत्येक विद्युत भट्टी पर साधन लगाया जाएगा। यह साधन कोयले के सही चार्ज तथा स्तर बनाए रखने के लिए प्रायः आवश्यकता अनुसार लगाया जाएगा।

5. **कोयला पृथककारक.**–साईक्लोन किस्म का कोयला पृथककारक कन्डैन्सर तथा पाईपिंग में कोयले को टुकड़ों का प्रवेश रोकने के लिए विद्युत भट्टी तथा सल्फर पृथककारक के बीच बन्द पाईप (आफ टेक) पर फिट किया जाएगा।

6. **रेपचर डिस्क्स तथा सेफ्टी सील.**–(क) प्रत्येक भट्टी पर पर्याप्त आकार वाली कम से कम दो रेपचर डिस्कों की व्यवस्था की जाएगी, जो परिचालन दाब से दुगुने दाव पर वायु विस्सारित करेगी और उन्हें या तो सीधे ही भट्टी के ऊपरी भाग पर लगाया जाएगा अथवा भट्टी के यथासंभव समीप अलग–अलग पाइप के जरिए लगाया जाएगा।

(ख) एक सेफ्टी वाटर सील की व्यवस्था की जाएगी तथा उसे कोयला (चार कोल) सेपरेटर तथा सल्फर सेपरेटर के मध्य एक बिन्दु पर टेप किया जाएगा।

7. **उतारमापी (पायरोमीटर) तथा दाबान्तरमापी (मेनोमीटर).**–(क) प्रत्येक विद्युत भट्टी में विभिन्न स्थलों पर ताप के सही निर्धारण करने के लिए माप जानने के लिए पर्याप्त में उतारमापी फिट किया जाएगा। तापमान को पढ़ने के लिए डायल नियंत्रण कक्ष में लगाए जाएंगे।

(ख) दाब सूचित करने के लिए पर्याप्त पायरोमीटर फिट किए जाएंगे :

(i) सल्फर सेपरेटर के पूर्व तथा पश्चात् आफ टेक पाइप में; तथा

(ii) प्राथमिक तथा द्वितीय कंडेसरों में मनोमीटरों की व्यवस्था की जाएगी।

8. **चेक वाल्व.**–कार्बन डाईसल्फाइड ले जाने वाली सम्पूर्ण पाइप प्रणाली में उपयुक्त स्थानों पर चेक वाल्व लगाए जाएंगे, ताकि उसके बंद हो जाने की स्थिति में गैस किसी भी भट्टी में उलटी प्रवाहित न हो सके।

9. **विद्युत भट्टी का निरीक्षण तथा अनुसरण.**–(क) सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रत्येक विद्युत भट्टी कीः–

(i) स्थापना के पश्चात् कार्य आरंभ किए जाने के पूर्व;

(ii) पुनर्निर्माण या मरम्मत के पश्चात् कार्य आरंभ किए जाने के पूर्व; तथा

(iii) प्रत्येक भट्टी नियतकालिक रूप से साफ करने या राख निकालने का इलेक्ट्राड बदलने के लिए खोली जाती है, तब उसका आंतरिक निरीक्षण किया जाए।

(ख) जब कोई विद्युत भट्टी साफ करने या राख निकालने के लिए बन्द की जाती है, तो–

(i) निरन्तरता की दृष्टि से ईंट अस्तरण (ब्रिक लाइनिंग) की जांच की जाएगी तथा उसका कोई भाग दोषपूर्ण पाए जाने पर उसे हटा दिया जाएगा;

(ii) (i) में उल्लिखित अस्तरण के लिए किसी भाग को हटाने के बाद, शेल की स्थिति का सूक्ष्म रूप से निरीक्षण किया जाएगा; तथा

(iii) यदि शेल बनाने वाली कोई भी प्लेट इस सीमा तक संक्षारित (कोरो डेड) पाई जाए कि उससे भट्टी की सुरक्षा खतरे में हो, तो उसे बदल दिया जाएगा।

10. अभिलेखों का अनुरक्षण.–लाग बुक में निम्नलिखित घंटेवार अभिलेख रखे जाएंगेः–

(i) 7(ख) (i) तथा (ii) में विनिर्दिष्ट स्थलों पर मेनोमीटर वाचन।

(ii) पायरोमीटर तथा सल्फर सेपरेटर के पास के अन्य सभी महत्वपूर्ण स्थलों तथा प्राथमिक एवं द्वितीय कंडेसरों द्वारा दर्शाया गया गैस का ताप।

(iii) जल का ताप तथा इलेक्ट्रोडों में साइफन के जरिए जल का प्रवाह।

(iv) प्राथमिक तथा द्वितीय वोल्टता तथा करैट एवं उपभोग की गई ऊर्जा (एनर्जी)।

11. विद्युत साधित्र, वायरिंग तथा फिटिंग.–उन समस्त भवनों में, जिनमें कार्बन डाई सल्फाइड परिशोधित अथवा संग्रहीत किया जाता हो, विद्युत साधित्रौं, वायरिंग तथा फिटिंग की व्यवस्था की जाएगी, जो अग्नि तथा विस्फोट से पर्याप्त संरक्षण प्रदान करेगी।

12. धूम्रपान के संबंध में निषेध.–कोई भी व्यक्ति उन भवनों में, जिनमें कार्बन डाई सल्फाइड परिशोधित या संग्रहीत किया जाता हो, धूम्रपान नहीं करेगा या दियासलाइयाँ अग्नि या अनावृत प्रकाश या चिनगारी उत्पन्न करने के अन्य साधन नहीं ले जाएगा और हिन्दी में देवनागिरी लिपि में ऐसे कमरों में धूम्रपान करने और दियासलाइयाँ, अग्नि या अनावृत प्रकाश या चिनगारी उत्पन्न करने के अन्य साधन ले जाने का प्रतिषिद्ध करते हुए संयंत्र में एक सूचना लगाई जाएगी।

13. बच निकलने के साधन.–आपात स्थिति में व्यक्तियों के यथासंभव शीघ्र बचकर सुरक्षित स्थानों में पहुंचने के पर्याप्त साधनों की व्यवस्था की जाएगी तथा उनका अनुरक्षण किया जाएगा। पर्याप्त चौड़ाई के कम से कम दो स्वतंत्र सीढ़ियाँ और रैम्प की व्यवस्था ऐसे प्रत्येक भवन में दोनों और समुचित अन्तराल पर की जाएगी, जहां कि भट्टियां स्थित हों। इन्हें सभी अवरोधी से मुक्त रखा जाएगा और उन्हें ऐसा बनाया जाएगा कि आसानी से आना–जाना हो सके।

14. आग के मामले में चेतावनी.–आग या विस्फोट के मामले में चेतावनी देने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी, जो विद्युत से और विद्युत बंद हो जाने की स्थिति में अन्यत्र यांत्रिक साधनों द्वारा परिचालित होगी।

15. आग बुझाने के उपकरण.–(क) संग्रहीत सामग्री की मात्रा तथा उसके स्वरूप में सन्निहित तथा पर निर्भर जोखिम से निपटने के अनुरूप पर्याप्त संख्या में उपयुक्त अग्निशामक यंत्र अथवा आग बुझाने के उपकरण सदैव तैयार रखे जाएंगे।

(ख) अग्निशामन यंत्रों अथवा अन्य उपकरणों का उपयोग कैसे किया जाए, इस संबंध में स्पष्ट अनुदेश हिन्दी में देवनागिरी लिपि में मुद्रित का प्रयोग करना चाहिए, प्रत्येक अग्निशामक यंत्र या अन्य उपकरण पर लगाए जाएंगे तथा कर्मचारियों को उनके उपयोग में प्रशिक्षित किया जाएगा।

16. बल्क सल्फर.–(क) बल्क सल्फर के संग्रहण के लिए अनावरित अथवा अर्धावरित स्थल के पास इंजन आदि से निकलने वाली चिनगारियों के खतरे को समुचित रूप से ध्यान में रखकर निर्धारित किए जाएंगे और इस बात की सावधानी रखी जाएगी कि ज्वालाएं, धूम्रपान तथा दियासलाइयाँ और प्रज्ज्वलन के अन्य स्त्रोत ब्लक सल्फर को रखते उठाते समय उठने वाले धूल के बादलों के संपर्क में न आयें।

(ख) बल्क सल्फर के लिए समस्त आहाते अज्वलनशील पदार्थों से निर्मित होंगे जिसमें पर्याप्त संवातन व्यवस्था होगी और उनका डिजाइन इस प्रकार होगा कि उनमें धूल जमा होने का स्थान कम से कम हो।

(ग) आहातों में बल्क सल्फर इस प्रकार रखा उठाया जाएगा कि धूल बादल कम से कम बने और वहां ज्वाला, धूम्रपान तथा दियासलाइयाँ या प्रज्जवलन के अन्य स्त्रोत ले जाने की अनुमति नहीं होगी और जब कभी सल्फर को उठाया या हटाया जाए, तब चिनगारी रोधी औजारों का उपयोग किया जाएगा।

(घ) जहां बल्क सल्फर संग्रहीत किया जाता हो उस आहाते में ऐसी मरम्मत नहीं की जाएगी जिसमें उसका ताप पैदा हो या हाथ या शक्ति–चालित औजारों का उपयोग हो।

17. तरल सल्फर.–खुली ज्वालाएं, बिजली की चिंगारी तथा प्रज्जवलन के अन्य स्रोत जिसमें धूम्रपान तथा दियासलाइयाँ भी शामिल हैं, पिघले हुए सल्फर के आसपास के स्थान से दूर रखे जाएंगे।

18. प्रशिक्षण तथा पर्यवेक्षक.—(क) समस्त विद्युत भट्टियां तथा समस्त संयंत्र, जिनमें कार्बन डाई सल्फाइड संघनित, परिशोधित अथवा संग्रहीत किया जाता हो, उस स्थिति में सदैव ही पर्याप्त रूप से पर्यवेक्षणाधीन रहेंगे, जब भट्टियों तथा संयंत्र चालू हो।

(ख) विद्युत भट्टियां तथा संयंत्रों के परिचालन तथा अनुरक्षण के प्रभारी कर्मकार समुचित रूप से अर्हता प्राप्त तथा पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित होंगे।

19. धुलाई सुविधायें.—अधिभोगी समस्त व्यक्तियों के उपयोग के लिए स्वच्छ तथा अच्छी अवस्था में आच्छादित प्रक्षालन स्थान की व्यवस्था करेगा और उसे बनाए रखेगा, जिसमें कम से कम एक नल (टेप) अथवा स्टेण्ड पाइप हो और जिससे ऐसे हर पांच व्यक्तियों को सतत् स्वच्छ जल की पूर्ति होती रहे। ये नल (टेप) स्टेण्ड पाइप 120 से.मी. के अन्तर पर होंगे और साबुन तथा स्वच्छ तोलिए पर्याप्त मात्रा में दिए जाएंगे।

सल्फर संग्रहण में नियोजित सभी कर्मकारों को, जो सल्फर उठाने, रखने तथा पिघलाने का कार्य करते हों, नाखुन, ब्रुश दिया जाएगा।

20. व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण.—(क) कर्मियों के उपयोग के लिए उपयुक्त चश्मों तथा संरक्षा वस्त्रों, जेब रहित ऊपरी पोशाकें, दस्ताने तथा जूते की व्यवस्था की जाएगी;

(i) द्रव आदि का नियंत्रण करने वाले वाल्वों अथवा कार्यों का परिचालन करते समय।

(ii) कोयला या सल्फर को उठाते रखते समय।

(ख) असाधारण परिस्थितियाँ या आपातकाल में उपयोग के लिए उपयुक्त अन्तः श्वसन संरक्षा उपकरणों की व्यवस्था की जाएगी तथा उन्हें उपयुक्त स्थान पर संग्रहीत किया जाएगा।

(ग) ऐसे समस्त संरक्षा उपकरणों को उचित तथा सुचारू रूप से साफ करने की व्यवस्था की जाएगी।

21. क्लॉक रूम.—प्रक्रियाओं में नियोजित समस्त व्यक्तियों के उपयोग के लिए कार्य के घंटों के दौरान उतारे गए वस्त्रों के रखने के लिए एक क्लोक रूम तथा ऊपरी पोशाकों या कार्य के समय पहने जाने वाले वस्त्रों को रखने के लिए क्लॉक रूम से पृथक उपयुक्त स्थान की व्यवस्था की जाएगी तथा उसे बनाए रखा जाएगा इस प्रकार मुहैया किया गया स्थान उत्तरदायी व्यक्ति के प्रभार में रखा जाएगा तथा उसे स्वच्छ रखा जाएगा।

22. अप्राधिकृत व्यक्ति.—केवल अनुरक्षण तथा मरम्मत करने वाले कर्मचारियों तथा संयंत्र परिचालन से प्रत्यक्ष रूप से सम्बद्ध व्यक्तियों तथा प्राधिकृत व्यक्तियों के साथ आने वाले व्यक्तियों को ही संयंत्र में प्रवेश करने दिया जाएगा।

अनुसूची XXII

बैंजीन से उत्पन्न विषाक्तता के खतरे से संरक्षण

1. **लागू होना.**—बेंजीन से उत्पन्न विषाक्तता के खतरे से संरक्षण मुहैया कराने के लिए बनाई गई है तथा यह अनुसूची कारखानों तथा उसके भागों के सम्बन्ध में लागू होगी, जिसमें बेन्जीन या बेन्जीनयुक्त पदार्थों का विनिर्माण, उठाना–धरना या उपयोग होता है।

2. **परिभाषाएं.**—इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए, निम्नलिखित परिभाषाएं लागू होंगीः—

(क) ''बेन्जीन युक्त पदार्थ'' से अभिप्राय है, वह पदार्थ जिसमें बेन्जीन की मात्रा आयतन में 1 प्रतिशत से अधिक हो;

(ख) ''प्रतिस्थापन'' से अभिप्राय है, ऐसा रसायन जो अहानिकारक हो या बेन्जीन से कम हानिकारक हो और जिसे बेनजीन के स्थान पर उपयोग में लाया जा सकता हो;

(ग) ''बन्द प्रणाली'' से अभिप्राय है, ऐसी प्रणाली जो काम करने के कमरे के वायुमण्डल में बेन्जीन की भाप को विमुक्त नहीं होने देती;

(घ) ''दक्ष वायु निष्कासक'' से अभिप्राय है, स्थानीकृत संवातन गैसों, भापों तथा धूल या धुएं को यांत्रिक साधन द्वारा हटाने के लिए किया गया, ताकि उन्हें किसी काम करने के कमरे की वायु में विमुक्त होने से निवारित किया जा सके। किसी ऐसे वाल–प्रवाह को दक्ष नहीं माना जाएगा, यदि वह ऐसी गैसों, भापों, धुओं या धूल के उत्पन्न होने के स्थान पर उत्पादित धुओं को हटाने में असफल रहता है।

3. **प्रतिषेध तथा प्रतिस्थापन.—** (क) बेन्जीन या बेन्जीन युक्त पदार्थों का उपयोग विलायक का तनूकारक के रूप में तब तक नहीं किया जाएगा, जब तक कि वह प्रक्रिया जिसमें बेन्जीन का उपयोग किया जाता है। बंद प्रणाली में नहीं किया जाए या जब तक कि उसकी प्रक्रिया उस रीति में न की जाए, जो इस प्रकार समान रूप से सुरक्षित हो, मानों कि वह प्रक्रिया बंद प्रणाली में की जा रही है।

(ख) जहां उपयुक्त प्रतिस्थापन उपलब्ध हो, वह उनका उपयोग बेन्जीन या बेन्जीनयुक्त पदार्थों के स्थान पर किया जाएगा। तथापि, यह उपबंध परिशिष्ट ''क'' में विनिर्दिष्ट प्रक्रियाओं को लागू नहीं होगा।

(ग) मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, राज्य सरकार, द्वारा पुष्टिकरण के अध्यधीन खण्ड 2 (क) में अधिकथित प्रतिशत से तथा उप–खंड (ख) के उपबंधों से भी ऐसी शर्तों पर तथा ऐसे परिसीमित समय के भीतर, जो कि संबंधित नियोजकों तथा कर्मकारों से परामर्श करके अवधारित की जाए, छूट दे सकेगा।

4. **अन्तःश्वसन से संरक्षण.**—(क) बेन्जीन या बेन्जीन युक्त पदार्थों के उपयोग करने में अन्तर्वलित प्रक्रिया, यथासाध्य, बंद प्रणाली में चलाई जाएगी।

(ख) तथापि, जहां बन्द प्रणाली में इस प्रक्रिया को चलाना व्यवहार्य न हो, वहां काम करने के कमरे का, जिसमें बेन्जीन या बेन्जीन युक्त पदार्थों का उपयोग किया जाता है, बेन्जीन की भाप को हटाने के लिए, काम करने के कमरे की वायु में उनकी विमुक्ति को निवारित करने के लिए एक दक्ष वायु निष्कासक से या अन्य साधनों से सुसज्जित किया जाएगा, ताकि वायु के बेन्जीन के संकेन्द्रण की मात्रा आयतन में प्रति दस लाख भाग में 25 भाग या 80 एम.जी.एम. से अधिक न हो।

(ग) वायु में बेन्जीन की भाप के संकेन्द्रण का वायु विश्लेषण या भाग उन स्थानों पर जहां ऐसी प्रक्रिया, जिनमें बेन्जीन का उपयोग अन्तर्वलित करने वाली प्रक्रिया चलाई जाती हो, प्रत्येक 8 घंटे में या ऐसे अन्तरालों में जैसा कि मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता निर्देश दे, किया जाएगा तथा ऐसे विश्लेषण का परिणाम इस प्रयोजन के लिए विशेष रूप से रखे गए रजिस्टर में अभिलिखित किया जाएगा। यदि वायु विश्लेषण द्वारा माप किए गए अनुसार वायु में बेन्जीन की भाप को संकेन्द्रण की मात्रा आयतन में प्रति दस लाख भागों में 25 भाग में या 80 एम.जी.एम. से अधिक हो जाती है तो प्रबंधक ऐसे संकेन्द्रण की रिपोर्ट मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की ऐसी वृद्धि के कारण अभिलिखित करते हुए तत्काल देगा।

(घ) ऐसे कर्मकारों को जिनके किन्हीं विशेष कारणों से काम करने के कमरे की वायु में खंड (ख) में निर्दिष्ट अधिकतम अधिक बेन्जीन से संकेन्द्रण से उच्छन्न होने की संभावना है, उचित रेसपिरेटर या फेस मास्क दिए जाएंगे। ऐसे उच्छन्न होने की समयावधि जहां तक संभव हो, सीमित होगी।

5. **त्वचा संस्पर्श से बचने के उपाय.**—(क) उन कर्मकारों को, जिनके बेन्जीन द्रव या बेन्जीन युक्त द्रव पदार्थों के संपर्क में आने की संभावना है, उपयुक्त दस्ताने, एप्रन, जूते और जहां आवश्यक हो, वहां बेन्जीन या उसकी भाप से प्रभावित न होने वाली सामग्री से निर्मित भापरोधी रासायनिक चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे।

(ख) उपखंड (क) में निर्दिष्ट सुरक्षा परिधान अच्छी हालत में रखे जाएंगे तथा उनका नियमित रूप से निरीक्षण किया जाएगा।

6. **गर्भवती महिलाओं तथा युवा व्यक्तियों के नियोजन सम्बन्धी प्रतिषेध.**—किसी गर्भवती महिला या युवा व्यक्ति को काम करने के किसी ऐसे कमरे में, जिसमें बेन्जीन या बेन्जीन युक्त पदार्थों में उच्छन्न होना अन्तर्वलित हो, नियोजित नहीं किया जाएगा या काम करने की अनुज्ञा नहीं दी जाएगी।

7. **लेबल लगाना.**—ऐसे प्रत्येक पात्र पर, जिसमें बेन्जीन या बेन्जीन युक्त पदार्थ हो, शब्द ''बेन्जीन'' तथा खतरे के अनुमोदित प्रतीक स्पष्ट दृश्य रूप में अंकित होंगे तथा उस बेन्जीन के मूल तत्व के विषय में जानकारी, उसके विषैलेपन के बारे में चेतावनी तथा इस रसायन की ज्वलनशीलता के बारे में चेतावनी प्रदर्शित की जाएगी।

8. **बेन्जीन का अनुचित उपयोग.**—(क) बेन्जीन या बेन्जीन युक्त पदार्थों का उपयोग कर्मकारों द्वारा उनके हाथ या उनके कार्य वस्त्र साफ करने के लिए प्रतिषिद्ध होगा।

(ख) ऐसे दुरुपयोग से उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों के प्रति कर्मकारों को अनुदेश दिए जाएंगे।

9. **काम करने के कमरों से खाना आदि का उपयोग करने पर प्रतिषेध.**—किसी भी कर्मकार को उस काम करने के कमरे में, जिनमें बेन्जीन तथा बेन्जीन युक्त पदार्थों का विनिर्माण, उठाना, धरना या उपयोग किया जाता हो, खाने की या पीने की वस्तु के भंडार करने या उपयोग करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा। काम करने के ऐसे कमरे में धूम्रपान करने या तंबाकू चबाने या पान खाने पर प्रतिषेध होगा।

10. **जोखिम के सम्बन्ध में अनुदेश.**—प्रत्येक कर्मकार को उसके प्रथम नियोजन पर बेन्जीन या बेन्जीनयुक्त पदार्थों के मूल तत्व के बारे में, जिसका उसे संव्यवहार करना है तथा उसमें अन्तर्वलित जोखिमों के विषय में पूर्ण रूप से अनुदेश किए जाएंगे। कर्मकारों को किसी आपात स्थिति में किए जाने वाले उपायों के बारे में भी अनुदेश दिए जाएंगे।

11. **सचेतक सम्बन्धी सूचनाएं.**—'सचेतक सूचनाएं जो कि परिशिष्ट ''ख'' में विनिर्दिष्ट प्ररूप में होंगी, काम करने के कमरों में उन प्रमुख स्थानों पर जिनमें बेन्जीन या बेन्जीन युक्त पदार्थों का विनिर्माण, उठाना, धरना या उपयोग किया जाता है, हिन्दी में देवनागिरी लिपि प्रदर्शित की जाएगी।

12. **धुलाई सुविधाएं, क्लाक रूम तथा भोजन कक्ष.**—ऐसे कारखानों में जिनमें बेन्जीन या बेन्जीन युक्त पदार्थों का विनिर्माण, उठाना, धरना या उपयोग किया जाता है, अधिभोगी निम्नलिखित की व्यवस्था करेगा तथा उनको स्वच्छ स्थिति में तथा अच्छी अवस्था में बनाए रखेगा :—

(क) धुलाई सुविधाएं, जो कि मानक के अनुरूप प्रत्येक 10 व्यक्तियों के लिए कम से कम एक नल, जिसमें जल प्रदाय होता हो तथा प्रत्येक कर्मकार को व्यक्तिगत रूप से साबुन तथा स्वच्छ तौलिया दिया जाएगाः

(ख) प्रत्येक कर्मकार के लिए बाहर पहनने के कपड़े तथा काम करते समय पहनने के कपड़े रखने के लिए दो खण्डों वाला लाकर सहित क्लाक रूम;

(ग) मेजों तथा बेंचों से सुसज्जित भोजन कक्ष, जिसमें भोजन गरम करने का साधन होगा। तथापि, जहां कर्मकारों के लिए उनके भोजन लेने हेतु केन्टीन या अन्य उचित इंतजाम विद्यमान हों, वहां भोजन कक्ष की अपेक्षाओं का परित्याग किया जाएगा।

13. **चिकित्सा जांच.**—(क) प्रत्येक कर्मकार जिसे बेंजीन या बेंजीनयुक्त पदार्थ के प्रयोग वाली प्रक्रिया में नियोजित किया जाना है:—

(i) प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा नियोजन के लिए उपयुक्तता के लिए खून की जांच सहित नियोजन पूर्व सम्पूर्ण चिकित्सा जांच कराएगा;

(ii) प्रयोगशाला की सहायता से कारखाना चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रत्येक छह मास के अन्तरालों पर खून की जांच तथा अन्य जैव परीक्षण सहित नियतकालिक चिकित्सा जांच कराएगा।

(ख) परीक्षण सहित नियोजन पूर्व चिकित्सा जांच तथा नियतकालिक चिकित्सा जांच का प्रमाणपत्र प्ररूप–30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा जिसे निरीक्षक द्वारा मांग करने पर प्रस्तुत किया जाएगा।

(ग) यदि कारखाना चिकित्सा अधिकारी की किसी समय पर जांच की राय है कि किसी कर्मकार में बेजोन प्रभावन के चिह्न या लक्षण विकसित हो गए हो, तो वह कथित रजिस्टर में अपने निष्कर्ष को अभिलिखित करेगा तथा लिखित में प्रबन्धक को सूचित करेगा। कारखाना चिकित्सा अधिकारी से सूचना की प्राप्ति पर, कारखाना प्रबन्धक इस प्रकार पाए गए उल्घन्न वाले कर्मकार को प्रमाणकर्ता सर्जन के पास भेजेगा जो कारखाना चिकित्सा अधिकारी के निष्कर्ष से स्वयं को सन्तुष्ट करने तथा आवश्यक जांच करने के बाद प्रक्रिया में कर्मकार की अस्थाई शिफ्टिंग या कर्मकार के निलम्बन का आदेश जारी करेगा।

(घ) चिकित्सा जांच कारखाना के अधिभोगी या प्रबन्धक द्वारा व्यवस्थित की जाएगी तथा इस प्रकार परीक्षित कर्मकार इसके लिए कोई खर्च वहन नहीं करेगा।

परिशिष्ट–क

[खंड 3 (ख)]

प्रक्रिया जिसको बेंजीन तथा बेंजीन युक्त पदार्थ की बजाए प्रयुक्त करने के लिए उपयुक्त अनुकल्प, यदि उपलब्ध हो, का प्रयोग करने के बारे में उपबन्ध लागू नहीं होंगे।

1. बेन्जीन का उत्पादन
2. वह प्रक्रिया, जिसमें बेन्जीन का उपयोग रसायन के संश्लेषण हेतु किया जाता है।
3. मोटर स्पिरिट (ईंधन के रूप में प्रयुक्त)।

परिशिष्ट–ख

[खण्ड (11)]

कार्य कक्ष जहां बेंजीन या बेंजीन युक्त पदार्थ विनिर्मित किए जाते हैं, सम्भाले जाते है या प्रयोग किए जाते हैं, में प्रमुख स्थान में प्रदर्शित किए जाने वाले सचेतक नोटिस (हिन्दी में देवनागिरी लिपि में भी)

(क) जोखिम–

(i) बेन्जीन या बेन्जीन युक्त पदार्थ हानिकारक है।

(ii) बेन्जीन की भाप को लम्बे समय तक या बारम्बार श्वास के साथ लेने का परिणाम तीव्र या चिरकालिक विषाक्तता हो सकता है।

(iii) बेन्जीन चमड़ी के द्वारा भी सोखी जा सकती है, जिससे चर्म संबंधी तथा अन्य बीमारियां हो सकती है।

(ख) किए जाने वाले निवारक उपाय :–

(i) बेन्जीन भाप को श्वास के साथ जाने से बचाएं।

(ii) चमड़ी के साथ बेन्जीन का लम्बे समय तक या बारम्बार संस्पर्श से बचे।

(iii) बेन्जीन सोखे हुए या गीले वस्त्र शीघ्रता से उतार दें।

(iv) यदि किसी समय आप बेन्जीन की भाप के अत्यधिक संकेन्द्र से उच्छन्न हो जाएं तथा सिर चकराने, श्वास लेने में कठिनाई, अत्यधिक उत्तेजना तथा चेतना विहीन होने जैसे चिह्न तथा लक्षण प्रदर्शित होते हैं, तो अपने कारखाना प्रबन्धक को तुरन्त सूचित करें।

(v) बेन्जीन के सभी पात्रों को बन्द रखें।

(vi) बेन्जीन तथा बेन्जीन युक्त पदार्थों का उठाना, रखना, उपयोग तथा प्रक्रिया उनके बिखरने से रोकने के लिए, सावधानीपूर्वक करें;

(vii) सामान को व्यवस्थित रूप से रखें।

(ग) उपयोग किए जाने वाले संरक्षक उपस्कः–

(i) ऐसे स्थान में जहां बेजीन की भाप अत्यधिक संकेन्द्रण में मौजूद हो, श्वसन संरक्षक उपस्कण का उपयोग करें।

(ii) आपात स्थिति में स्व जनत्रि ऑक्सीजन मास्क या ऑक्सीजन या वायु सिलेण्डर मास्क का उपयोग करें।

(iii) अपनी चमड़ी तथा शरीर के भागों को बेन्जीन के संस्पर्श से बचाने के लिए दस्ताने, ऐप्रन, चश्मे तथा गम बूट पहनें।

(घ) बेन्जीन के तीव्र विषांक्तीकरण की दशा में किए जाने वाले प्राथमिक उपचार के उपायः–

(i) वस्त्रों को यदि वे बेन्जीन से गीले हो, तुरन्त उतार दें।

(ii) यदि द्रव बेन्जीन आंखों में चला गया हो, तो कम से कम 15 मिनट तक स्वच्छ जल की धारा से आंखों को अच्छी तरह से धोयें और चिकित्सक को तत्काल दिखायें।

(iii) बेन्जीन की भाव से असामान्य रूप से उच्छन्न होने की दशा में किसी चिकित्सक को तुरन्त बुलायें। जब तक वह नहीं आते हैं, निम्नलिखित कार्य करें:–

(क) उसे खुले स्थान में ताजी हवा में ले जाएं।

(ख) उसे बिना तकिया के लिटा दे तथा उसे शांत और गर्म रखें।

(iv) यदि प्रभावित व्यक्ति बेहोश हो तो–

(क) अधिमानतः उसका सिर नीचे की ओर रखते हुए बायें करवट से लिटाना अधिक अच्छा होगा।

(ख) कोई नकली दांत, चूसने की मिठाई (च्यूइंगम), तम्बाकू या अन्य बाहरी पदार्थ को जो उसके मुँह में हों, निकाल दें।

(ग) यदि सांस लेने में कठिनाई हो रही हो, तो उसे कृत्रिम सांस दे,

(घ) गहरी सांस लेने या शरीर पर पड़ने वाले नील (चमड़ी, होठ, कान, उंगलियों के नाखून की सतह का नीला हो जाना) की दशा में उसे चिकित्सा ऑक्सीजन या ऑक्सीजन कार्बन डाई ऑक्सीजन का मिश्रण दिया जाना चाहिए। यदि आवश्यक हो, तो उसे कृत्रिम सांस दी जाए। ऑक्सीजन केवल प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा ही दी जाए।

अनुसूची–XXIII

उच्च शोर स्तर वाले प्रचालन

1. **लागू होना.**–यह अनुसूची किसी भी विनिर्माण प्रक्रियाओं में सभी प्रचालन, जिसमें उच्च शोर स्तर हो, को लागू होगी।

2. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए,–

(क) **''शोर''** से अभिप्राय है, अनचाही ध्वनियां ;

(ख) **''उच्च शोर स्तरों''** से अभिप्राय है, ए–वेटेड स्केल पर मापा गया कोई शोर स्तर जो 90 डेसीबल या उससे अधिक हो;

(ग) ''**डेसीबेल**'' से अभिप्राय है, ''बेल'' के दसवा भाग जो कि दो निर्दिष्ट या वास्तविक संख्याओं के अनुपात को व्यक्त करने के लिए उपयोग किए गए लघुगणकीय पैमाने का मूल भाग है, ''बेल'' संख्या इस अनुपात के 10 के आधार पर लघुगणक को व्यक्त करता है। शोर का स्तर (या ध्वनि के दबाव का स्तर) 20 x 10–6 न्यूटन प्रति वर्ग मीटर या 0.0002 डाइन प्रति वर्ग सेन्टीमीटर, जो कि सुनने की दहलीज अर्थात् औसतन स्वस्थ सुनने वाले को सुनाई देने के लिये ध्वनि का आवश्यक न्यूनतम स्तर है। डेसीबल का संक्षेप रूप डीबी है;

(घ) ''**आवृति**'' चक्र प्रति सेकण्ड या हर्टज में व्यक्त दबाव भिन्नता की दर है;

(ङ) **''डीबीए''** डेसीबेल में ध्वनि स्तर को व्यक्त करता है, जो कि साउन्ड लेबल मीटर जो धीमी गति से चलित मोटर और ए–वेटेड नेटवर्क पर संचालित से मापी गई हो;

(च) **''ए–वेटिंग''** से अभिप्राय है, शोर मापने के प्रयोजन के लिए विभिन्न आवृत्तियों की ध्वनि की तीव्रता के लिए किए गए क्रमिक समंजन ताकि यंत्र द्वारा मापी गई ध्वनि के दबाव का स्तर मनुष्य के कान द्वारा वास्तविक रूप से अनुभव की गई ध्वनि के अनुसार ही माप को प्रकट करें।

3. **शोर से बचाव.**–(1) प्रत्येक कारखाने में, उपयुक्त अभियांत्रिकी नियंत्रण या प्रशासकीय उपाय यह सुनिश्चित करने हेतु किए जाएंगे जहां तक वे उपयुक्त रूप से व्यावहारिक हो कोई भी कर्मकार नीचे सारणी (1) और (2) में निर्दिष्ट अधिकतम अनुज्ञेय शोर के अनावरण स्तर से अधिक के ध्वनि स्तर से आरक्षित न हो–

सारणी–1

निरन्तर शोर की स्थिति में अनुज्ञेय अनावरण

अनावरण का कुल समय निरंतर या लघु अनावरण अवधि में प्रतिदिन घंटों में	डीबीए में ध्वनि का दबाव स्तर
1	2
8	90
6	92
4	95
3	97
2	100
$1^{1/4}$	102
1	105
3/4	107
1/2	110
1/4	115

टिप्पणी.– 1 115 डी.बी.ए. से अधिक किसी भी अनावरण की अनुमति नहीं होगी।

2 किसी अंक और उसके तत्काल ऊपर के या नीचे के अंक, जैसे कि खाना–1 में इंगित है, के बीच में आने वाले किन्हीं अनावरण अवधि के लिए ध्वनि के अनुज्ञेय दबाव का स्तर आनुपातिक आधार पर बहिर्वेशन द्वारा अवधारित किया जाएगा।

सारणी–2

आवेगी (झटके) या संघात शोर के लिए अनुज्ञेय अनावरण स्तर

डीबी में उच्चतम ध्वनि का दबाव स्तर	अनुज्ञेय आवेगी (झटकों) या संघातों की संख्या प्रतिदिन
1	2
140	100
135	315
110	1,000
125	3,160
120	10,000

टिप्पणी.–

1,140 डी.बी. उच्चतम ध्वनि दबाव स्तर से अधिक पर अनावरण की अनुमति नहीं होगी।

2 (i) किसी अंक और उसके तत्काल ऊपर के या नीचे के अंक, जैसे कि सारणी के खाना–1 में इंगित है, के बीच में आने वाली उच्चतम ध्वनि दाब स्तर के लिए अनुज्ञेय प्रति दिवस आवेगी या संघातों की संख्या आनुपातिक आधार पर बर्हिवेशन द्वारा अवधारित की जाएगी।

(ii) इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए, यदि ध्वनि स्तर में परिवर्तन एक सेकण्ड या कम के अन्तराल में अधिकतम अन्तर्निहित हो, तो उक्त शोर को निरन्तर शोर माना जाएगा और सारणी–1 में दिया हुआ मानदंड लागू होगा। अन्य मामलों में, शोर को आवेगी (झटके) का शोर मानते हुए सारणी 2 में दिया हुआ मानदंड लागू होगा।

(iii) जब दैनिक शोर अनावरण में विभिन्न स्तरों की शोर अनावरण की दो या दो से अधिक अवधि शामिल हो तो उनके अकेले अलग प्रभाव के बजाए सम्मिलित प्रभाव का आकलन करना होगा। यदि निम्न सूत्र का योग इकाई से अधिक हो, तो संयुक्त प्रभाव की सीमा से अधिक माना जाना चाहिए।

$$\frac{क1}{ट1} + \frac{क2}{ट2} + \frac{कन}{टन}$$ अधिक इकाई–

यहां क1, क2 आदि निर्दिष्ट शोर के स्तर पर अनावरण के वास्तविक कुल समय को व्यक्त करते हैं और ट1– ट2, आदि उक्त स्तर पर अधिकतम अनुज्ञेय अनावरण समय को व्यक्त करते हैं। उपरोक्त संगणना में 90 डीबीए से कम के शोर अनावरण को अनदेखा किया जा सकता है।

(iv) जहां उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट शोर अनावरण स्तर को उपयुक्त व्यावहारिक अभियांत्रिकी नियंत्रण या प्रशासकीय उपायों द्वारा कम करना संभव न हो, जहां तक संभव हो, वहां तक ऐसे उपायों द्वारा शोर अनावरण कम किया जाएगा और प्रत्येक अनावृत कर्मकार को उपयुक्त इअर प्रोटेक्टर प्रदान किए जाएंगे, ताकि उसका शोर से अनावरण उप–नियम (1) में विनिर्दिष्ट स्तर तक कम किया जा सके।

(v) जहां उप–पैरा (2) के अनुसार प्रदान किए गए इअर प्रोटेक्टर, कर्मकार द्वारा उसे पहनने पर भी उसके कानों तक पहुंचने वाले शोर को, जैसा कि डीबीए में उक्त इअर प्रोटेक्टर के संबंध में कम किया जाकर नियत किया जाए। सारणी 1 या सारणी 2, जैसी भी स्थिति हो, के अधीन अनुज्ञेय स्तर तक कम न किया जा सके तो शोर अनावरण अवधि संबंधित उप–पैरा (1) में विनिर्दिष्ट अनुज्ञेय अनावरण तक उपयुक्त रूप से घटाई जाएगी।

(vi) (क) उन सभी कारणों में जहां मौजूद ध्वनि स्तर उप–पैरा (1) में विनिर्दिष्ट अनुज्ञेय स्तर से अधिक हो, वहां श्रवण प्रोग्राम संरक्षण के प्रभावी उपाय किए जाएंगे जैसा कि अनुज्ञेय स्तर से अधिक स्तर पर अनावृत कर्मकारों का नियोजन पूर्व और नियतकालिक सर्वेक्षण किया जाना और ऐसे कर्मकारों का या तो उनके शोर स्तर के अनावरण की अवधि कम करके या उन्हें जहां शोर स्तर तुलनात्मक रूप से कम हो, वहां स्थानांतारित करके या अन्य उपयुक्त साधन से पुनर्वासित किया जाएगा।

(ख) उप–पैरा (1) में विनिर्दिष्ट अधिकतम अनुज्ञेय अनावरण स्तर से अधिक शोर के क्षेत्रों में नियोजित प्रत्येक कर्मकार का प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा उसके प्रथम नियोजन से 14 दिन के भीतर श्रवण क्षमता परीक्षण किया

जाएगा और उसके बाद, प्रत्येक बारह मास में कम से कम एक बार उनका पुनः परीक्षण किया जाएगा। ऐसे प्रारम्भिक और नियतकालिक परीक्षणों में ऐसी जांच, जिन्हें प्रमाणकर्ता सर्जन उपयुक्त समझे, शामिल होगा और उसमें 125, 250, 500, 100, 2000, 4000 तथा 8000 साइकिल प्रति सेकण्ड के शुद्ध स्वरों के लिए श्रवण सीमा का अवधारण शामिल होगा।

अनुसूची–XXIV

विस्कोस प्रक्रिया द्वारा रेयन (कृत्रिम रेशम) का विनिर्माण

1. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए:–

(क) 'अनुमोदित' से अभिप्राय है, मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा तत्समय लिखित में अनुमोदित;

(ख) ''श्वसन उपकरण'' से अभिप्राय है, शिरस्त्राण या मुखौटा, जिसमें आवश्यक संयोजन हो ओर जिसकी सहायता से उसका विषैले, दम घोटू अथवा असहनीय वातावरण में उपयोग करने वाला व्यक्ति अदूषित हवा स्वासित कर सके; या कोई अन्य अनुमोदित उपकरण;

(ग) ''मथना'' से अभिप्राय है, उस पात्र जिसमें क्षारीय सैल्यूलोज पलप कार्बन–डाई–सल्फाइड से उपचारित किया जाए;

(घ) ''डम्पिंग'' से अभिप्राय है, सूखे चूने से सैल्यूलोज जैन्थेट डिजोल्वर (घोलक) में स्थानान्तरण ;

(ड) ''दक्ष वायु निष्कासक'' से अभिप्राय है, किसी गैस अथवा वाष्प को हटाने के लिए यात्रिकीय साधनों द्वारा स्थानिक संवातन ताकि वह किसी ऐसे स्थान में, जहां काम किया जाता हो, की हवा में उनका निकास होना रोका जा सके। किसी वायु निष्कासक को यदि वह उस बिन्दु पर, जहां ऐसी गैस या भाप उत्पन्न होती हो, वहां से पैदा हुई किसी गैस या भाप को प्रभावी रूप से नियंत्रित करने में असफल हो, तो उसे दक्ष नहीं माना जाएगा;

(च) ''धूआं प्रक्रिया'' से अभिप्राय है, कोई ऐसी प्रक्रिया जिसमें कार्बन–डाई–सल्फाइड या हाईड्रोजन सल्फाइड का उत्पादन, उपयोग या विसर्जन होता है;

(छ) ''लाइफ बैल्ट'' से अभिप्राय है, चमड़े या अन्य उपयुक्त पदार्थ से बने बैल्ट जिसमें उपयुक्त लंबाई की रस्सी जुड़ी हुई हो, जो प्रत्येक पर्याप्त रूप से मजबूत हो, ताकि वह मनुष्य का वजन झेल सके।

(ज) ''सुरक्षा उपकरण'' से अभिप्राय है, उपयुक्त पदार्थ के बने एप्रन, चश्मे, मुखौटे आवरण (शील्ड) जूते, दस्ताने और ओवराल।

2. **संवातन.**–(1) सभी कमरों में, जहां फ्यूम प्रक्रिया चलाई जाती हो, प्राकृतिक या यांत्रिक साधन से पर्याप्त संवातन प्रदान किया जाएगा, ताकि अन्य नियंत्रणकारी साधनों के साथ–साथ प्रत्येक कार्य के वातावरण को वायु में कार्बन–डाय–सल्फाइड और हायड्रोजन सल्फाइड की सान्द्रता अनुज्ञेय सीमा के अन्दर नियंत्रित की जा सके।

(2) उप–पैरा (1) की अपेक्षाओं के होते हुए भी निम्नलिखित जगहों पर हवा में कार्बन–डाय–सल्फाइड और हायड्रोजन सल्फाइड की सान्द्रता नियंत्रित करने के लिए दक्ष वायु निष्कासक लगाये और अनुरक्षित किए जाएंगे:–

(क) सूखे मंथन के डम्पिंग हॉपर;

(ख) कताई यंत्र;

(ग) स्टेपल फाइबर स्पिनिंग में प्रयुक्त ट्रायो–रोलर और कटर्स;

(घ) यार्न कैक्स के लिए हायड्रो एक्स ट्रेक्टर्स;

(ड) उपचार के बाद प्रक्रियाएं; और

(च) स्पिन बाथ।

(3) स्टेपल फायबर कताई में प्रयुक्त ट्रायो रोलर्स और कट्रर्स का जहां तक संबंध है, उप–पैरा (1) में अपेक्षा अनुसार लगाए गए वायु निष्कासक की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए, उन्हें जहां तक व्यवहार्य हो, पूरी तरह चारों ओर से बन्द कराया जाएगा और विभिन्न हिस्सों में उपयुक्त शटर होंगे, ताकि कार्य के वातावरण में निःसृत कार्बन–डाय–सल्फाइड और हायड्रोजन सल्फाइड की मात्रा में बगैर अनावश्यक वृद्धि किए अपेक्षित कार्य किए जाते रहे हैं।

(4) किसी सूखे चूर्न की उसकी प्रतिक्रिया पूरी होने के बाद पहले कार्बन–डाइ–सल्फाइड के अवशेष वाष्प को, वाष्प निष्कासन की दक्ष उपयुक्त व्यवस्था चालू कर निष्कासित किए बगैर नहीं खोला जाएगा और उक्त व्यवस्था जब तक चूर्न खुला होगा, जब तक निरन्तर चालू रहेगी।

(5) जब कभी उप–पैरा (2), (3) और (4) की अपेक्षाओं को पूरा करने के प्रयोजन के लिए सामान्यतः अपेक्षित कोई संवातन उपकरण अप्रभावी, असफल हो जाए या किसी भी प्रयोजन के लिए बन्द किए जाएं, तो उन कार्य क्षेत्रों में जहां उल्लिखित उप–पैरा में विनिर्दिष्ट उपकरण या प्रक्रियाएँ उपयोग में हों, वहां से यथाशीघ्र और किसी भी स्थिति में ऐसी घटना होने पर 15 मिनट के अन्दर ही सभी व्यक्तियों से यह अपेक्षित होगा कि वे उक्त स्थान छोड़ दें।

(6) (i) उप–पैरा (2), (3) और (4) में यथा अपेक्षित प्रयोजनों के लिए लगाई गई सभी संवातन प्रणाली का उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा प्रत्येक सप्ताह में एक बार परीक्षण तथा जांच की जाएगी। सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रत्येक बारह मास की अवधि के दौरान एक बार उनका पूरी तौर पर परीक्षण और जांच की जाएगी। ऐसे परीक्षण और जांच में किसी प्रकार के दोष पाए जाने पर उन्हें तत्काल सुधारा जाएगा।

(ii) ऐसे परीक्षण और जांच के विवरण और प्रणाली की हालत और आवश्यक पायी गई मरम्मत या परिवर्तन, (यदि कोई हो), का विवरणयुक्त एक रजिस्टर रखा जाएगा और जो निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध होगा।

3. स्पिनिंग मशीनों से अपशिष्ट (वेस्ट).–स्पिनिंग मशीनों से निकले वेस्ट यार्न को कसे हुए बन्द ढक्कन युक्त उपयुक्त कन्टेनरों में इकट्ठा किया जाएगा। ऐसे अपशिष्ट को शुद्धिकरण करने के बाद जितना शीघ्र संभव होगा निपटान कर दिया जाएगा।

4. सूखे चूर्न की लाइनिंग.–सभी सूखे चूर्न की अन्दरूनी सतह पर न चिपकने वाले पेन्ट की परत चढ़ाई जाएगी, ताकि सैल्यूलोज जैन्थेट चूर्न की सतह पर न चिपके। ऐसी सतह अच्छी दशा में अनुरक्षित की जाएगी।

5. वायु मानीटरिंग.–(1) नियंत्रक साधनों की प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए कम से कम एक बार प्रत्येक पाली में हवा में कार्बन–डाइ–सल्फाइड और हायड्रोजन सल्फाइड को मानीटर किया जाएगा और इस प्रकार प्राप्त परिणामों को इस प्रयोजन के लिए विशेष तौर पर रखे गए रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा।

(2) उप–पैरा (1) की अपेक्षाओं के प्रयोजन के लिए तात्कालिक गैस डिटेक्टर टयूब का उपयोग नहीं किया जाएगा। कम से कम दस मिनट की अवधि में सैम्पल इकट्ठा किया जाएगा और अनुमोदित पद्धति से उसका विश्लेषण किया जाएगा। वे स्थान जहां ऐसी मानीटरिंग की जानी है, निरीक्षक द्वारा निर्देशित की जाएगी।

(3) यदि कार्बन–डाय–सल्फाइड या हायड्रोजन सल्फाइड की सान्द्रता नियमों में यथा अधिकथित ऐसे वाष्प या गैस की अनुज्ञेय सीमा से अधिक होती है तो हवा में ऐसे प्रदूषण की सान्द्रता नियंत्रित करने के लिए उपयुक्त कदम उठाये जाएंगे। ऐसी किसी घटना की सूचना मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को तत्काल भेजी जाएगी।

6. धूआं प्रक्रिया के कमरे में रूकने पर प्रतिषेध.–कोई भी व्यक्ति भोजनावकाश या विश्राम के अन्तरालों के दौरान में किसी कमरे में, जहां धूआं प्रक्रिया चलती हो, नहीं रुकेगा।

7. युवा व्यक्तियों के नियोजन के सम्बन्ध में प्रतिषेध.–किसी युवा व्यक्ति को किसी धूआं प्रक्रिया या किसी कमरे में जहां ऐसी प्रक्रिया चलाई जाती हो, नियोजित नहीं किया जाएगा या काम करने की अनुमति नहीं होगी।

8. सुरक्षा उपस्कर.–(1) अधिभोगी नीचे सारणी में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार उसमें निर्दिष्ट प्रक्रिया में नियोजित व्यक्तियों के उपयोग के लिए सुरक्षा उपकरण प्रदान करेगा और उन्हें अच्छी दशा में अनुरक्षित रखेगा।

सारणी

प्रक्रिया में नियोजित व्यक्तियों के प्रयोग के लिए सुरक्षा उपकरण

क्रम संख्या	प्रक्रिया	सुरक्षा उपकरण
1	2	3
1.	डम्पिंग	ओवराल, मुखोदा, दस्ताने तथा जूते सभी उपयुक्त सामग्री के बने हुए
2.	कताई (स्पिनिंग)	उपयुक्त एप्रन, दस्ताने और जूते
3.	प्रक्रिया जिनमें विस्कोस घोल से संपर्क होता हो या संपर्क होने की संभावना है।	उपयुक्त दस्ताने और जूते
4.	सल्फर का कार्य	उपयुक्त रासायनिक चश्मे
5.	कोई अन्य प्रक्रिया, जिसमें खतरनाक रसायनों से सम्पर्क सम्मिलित हो।	निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा लिखित आदेश में किए गए अनुसार सुरक्षा उपकरण

(2) कर्मकारों को प्रदान किए गए सभी सुरक्षा उपकरणों के केवल भण्डारण के लिए उपयुक्त कमरा, कमरे या लाकर्स मुहैया कराए जाएंगे और ऐसे उपकरण इस प्रकार दिए गए कमरा, कमरे या लार्क्स के अलावा किसी दूसरे स्थान पर भण्डारित नहीं किए जाएंगे।

9. सांस लेने के उपकरण.–(1) प्रत्येक कारखाने में, जहां धूआं प्रक्रियाएं चलती हैं, निम्नलिखित की पर्याप्त रूप से–

(क) श्वसन उपकरण ;

(ख) ऑक्सीजन और उसके इस्तेमाल के लिए उपयुक्त उपकरण; और

(ग) लाइफ बैल्ट;

प्रदान की जाएंगी।

(2) (i) उप–पैरा (1) में निर्दिष्ट श्वसन उपकरण और अन्य उपकरण अच्छी दशा में अनुरक्षित होंगे और उपयुक्त स्थानों पर रखे जाएंगे, ताकि वे सुगमता से उपलब्ध हो सके।

(ii) उप–पैरा (1) के खंड (क) और (ख) में निर्दिष्ट श्वसन उपकरण और अन्य उपकरण उपयुक्त अन्तरालों पर साफ और अदूषित किए जाएंगे और प्रत्येक मास में किसी उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा एक बार उनका पूरी तौर पर निरीक्षण किया जाएगा।

(iii) उपखंड (1) में निर्दिष्ट श्वसन उपकरण और अन्य उपकरण का अनुरक्षण और स्थिति का रिकार्ड इस प्रयोजन के लिए रखे गए रजिस्टर में अंकित किए जाएंगे, जो निरीक्षक को निरीक्षण हेतु तत्काल उपलब्ध होगा।

(3) श्वसन उपकरण का उपयोग करने और कृत्रिम सांस दिए जाने के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मकारों को प्रशिक्षित और नियतकालिक रूप से पुनः प्रशिक्षित किया जायेगा, ताकि इस प्रकार प्रशिक्षित कम से कम दो व्यक्ति सभी कार्य की अवधि के दौरान प्रत्येक कमरे में जहां धूआं प्रक्रिया चलती हो, उपलब्ध हों।

(4) श्वसन उपकरण को उपयुक्त लेबल लगाकर साफ, सूखे और हलके खोल में रखा जाएगा और यदि उसके धूएं से प्रभावित होने की संभावना हो, तो उपयुक्त कन्टेनर में रखकर उन्हें सुरक्षित किया जाएगा।

(5) उप–पैरा (1) में विनिर्दिष्ट किसी कार्य, जिसके लिए श्वसन उपकरण उक्त पैरा के अधीन प्रदान किया जाना आवश्यक हो, करने के लिए किसी व्यक्ति को नियोजित नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसे उक्त उपकरण को ठीक प्रकार से उपयोग करने के पूरी तरह अनुदेश न दे दिए गए हों।

(6) उप–पैरा (1) के अनुसरण में प्रदान किया गया कोई श्वसन उपकरण जो एक व्यक्ति द्वारा पहना जा चुका है, दूसरे व्यक्ति द्वारा नहीं पहना जाएगा, जब तक कि आखिरी पहने जाने के बाद उसे पूरी तौर पर साफ और अदूषित न कर दिया गया हो और उस व्यक्ति को उक्त उपकरण को ठीक प्रकार उपयोग करने के बारे में समुचित अनुदेश न दे दिए गए हों।

10. विद्युत फिटिंग.–किसी ऐसे कमरे जिसमें कार्बन–डाइ–सल्फाइड का उत्पादन, उपयोग या उत्सर्जित या स्पिनिंग रूम के अलावा कार्य के वातावरण में उसके उत्सर्जित हो जाने की संभावना हो, में सभी विद्युत फिटिंग ज्वाला रोधी (फ्लेम प्रूफ) संरचना की होगी और सभी विद्युत संवाहक या तो धातु के नाली या सीसा आवरण से बन्द होंगे।

11. धूम्रपान के संबंध में प्रतिषेध आदि.–किसी ऐसे कमरे, जिसमें धूआं प्रक्रिया चलाई जाती हो, में कोई भी व्यक्ति धूम्रपान नहीं करेगा या माचिस, आग या अनावृत रोशनी या अनावृत रोशनी या चिंगारी पैदा करने का कोई अन्य साधन नहीं ले जाएगा। बहुतायत कर्मकारों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में संयंत्र में धूम्रपान करना और माचिस, आग या अनावृत रोशनी अथवा अनावृत रोशनी या चिंगारी पैदा करने क कोई अन्य साधन ऐसे कमरों में ले जाना, प्रतिषिद्ध करने की सूचना संयंत्र में मुख्य स्थानों पर चिपकाई जाएंगीः

परन्तु आग, अनावृत रोशनी या अनावृत रोशनी या चिंगारी उत्पन्न करने के अन्य साधन जब प्रक्रिया के प्रयोजन के लिए आवश्यक हों तो वे उत्तरदायी व्यक्ति के निर्देशानुसार ऐसे कमरों में ले जाए जा सकेंगे।

12. धुलाई और स्नान सुविधाएं.–(1) इस अनुसूची के दायरे में आने वाली प्रक्रियाओं में नियोजित सभी कर्मकारों के उपयोग के लिए पर्याप्त धुलाई और स्नान करने के स्थान जो प्रत्येक 25 नियोजित व्यक्तियों के लिए ऐसे स्थान पर एक की दर से होंगे छायादार स्थान में निरन्तर जल आपूर्ति होगी तथा वे साफ हालत और अच्छी अवस्था में अनुरक्षित किए जाएंगे।

(2) धुलाई स्थान पर कम से कम एक मीटर के अन्तराल पर स्टैण्ड पाइप लगे होंगे।

(3) धुलाई स्थानों की कुल संख्या के आधे स्थानों पर स्नानागार होंगे।

(4) उपयुक्त सामग्री के बने पर्याप्त साफ तौलिए प्रदान किए जाएंगे :

परन्तु यदि निरीक्षक द्वारा ऐसा आदेश दिया जाए कि प्रत्येक कर्मकार को व्यक्तिगत रूप से तौलिए दिए जाएं तो तदनुसार ऐसे तौलिए प्रदान किए जाएंगे।

(5) पर्याप्त साबुन और नाखून साफ करने के ब्रुश प्रदान किए जाएंगे।

13. विश्राम कक्ष.–(1) तुरन्त सूत कतई प्रक्रिया का प्रचालन करने में लगाए गए कर्मकारों के लिए विश्राम कक्ष उपलब्ध कराए जाएंगे।

(2) ऐसे विश्राम कक्ष में स्वच्छ हवा उपलब्ध कराई जाएगी और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था होगी।

14. सचेतक सूचनाएं और अनुदेश.–निम्नलिखित सचेतक सूचनाएं प्रत्येक धुआं प्रक्रिया के कमरे में प्रमुख तौर पर प्रदर्शित की जाएंगी।

सचेतक सूचनाएं

1. इस कमरे में कार्बन–डाई–सल्फाइड (सी–एस–2) और हाइड्रोजन सल्फाइड (एच–2 एस) गैस उपस्थित हो सकती है, जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।
2. सुरक्षा अनुदेशों का पालन करें।
3. जब अपेक्षित हो सुरक्षा उपकरणों और श्वसन उपकरणों का उपयोग करें।
4. इस क्षेत्र में धूम्रपान पूर्णतः प्रतिषिद्ध है।

(1) यह सूचना बहुतायत कर्मकारों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में होगी और जहां आसानी और सुगमता से पढ़ी जा सके, वहां प्रदर्शित होगी। यदि कोई कर्मकार अनपढ़ हो, तो उसे इस प्रकार प्रदर्शित सूचनाओं की बातों के बारे में सावधानी से स्पष्ट करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।

(2) प्रत्येक कर्मकार धूआं प्रक्रिया के कमरे में नियोजित हो, उसे उनके काम से जुड़े हुए स्वास्थ्य के खतरों और बचाव के उपायों और स्वयं उनको बचाने की पद्धति के बारे में अनुदेश देने की व्यवस्था की जाएगी। ऐसे अनुदेश उसके प्रथम नियोजन पर और नियतकालिक रूप से दोहराए जाएंगे।

(3) यह सुनिश्चित करने के लिए सरल और विशेष अनुदेश तैयार किए जाएंगे कि आपातकालीन स्थिति में कार्बन–डाइ–सल्फाइड और हाइड्रोजन सल्फाइड बाहर निकलने पर प्रभावी उपाय किए जाएंगे। यह अनुदेश संबंधित क्षेत्रों में प्रदर्शित होंगे और वहां के कर्मकारों को उसी आपात स्थिति में किए जाने वाले कार्यों के बारे में अनुदेश और प्रशिक्षित किया जाएगा।

15. चिकित्सा सुविधाएं तथा जांच एवं परीक्षण का रिकार्ड.–(1) प्रत्येक कारखाना जिसको यह अनुसूची लागू होती है, का अधिभोगीः–

(क) धुआं प्रक्रिया में नियोजित कर्मकारों की चिकित्सा निगरानी के लिए एक अर्हक चिकित्सा अधिकारी नियोजित करेगा जिसका नियोजन मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता के अनुमोदन के अध्यधीन होगा; तथा

(ख) खण्ड (क) में निर्दिष्ट प्रयोजन के लिए कथित चिकित्सा अधिकारी को सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगा।

(2) कथित चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई चिकित्सा जांच तथा उचित परीक्षणों का रिकार्ड मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित पृथक रजिस्टर में रखा जाएगा जिसे निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखा जाएगा।

16. प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा चिकित्सा जांच.–धुआं प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की उसके प्रथम नियोजन के 15 दिन के भीतर प्रमाणकर्ता द्वारा जांच की जाएगी। ऐसी जांच में उच्छन्न सहकारी कारण (मूत्र की आयोडिन ओक्साईड जांच) तथा कोलेस्ट्रोल तथा ईलक्ट्रोकारडियोग्राम (ईसीजी) तथा सेन्ट्रल नर्वस सिस्टम (सी.एन.एस.) जांच के अनुमान के लिए जांच शामिल होंगी। किसी भी कर्मकार को कारखाने में उसके प्रथम नियोजन के 15 दिन बाद कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा जब तक कि प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा ऐसे नियोजन के लिए फिट प्रमाणित नहीं कर दिया जाता।

(2) धूआं प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा प्रत्येक बारह कलैण्डर मास में कम से कम एक बार पुनः जांच की जाएगी। ऐसी जांच, जब कभी प्रमाणकर्ता सर्जन उचित समझे, उप पैरा (1) में यथा निर्दिष्ट सभी जांच शामिल करेगा।

(3) कर्मकार की जांच करने के बाद प्रमाणकर्ता सर्जन प्ररूप–31 में उपयुक्तता का प्रमाणपत्र जारी करेगा। की गई पुनः जांच का रिकार्ड प्रमाण–पत्र में दर्ज किया जाएगा तथा प्रमाण–पत्र कारखाने के प्रबन्धक की अभिरक्षा में रखा जाएगा। जांच की प्रकृति तथा परिणाम सहित उप पैरा (1) तथा (2) के अधीन की गई प्रत्येक जांच का रिकार्ड प्ररूप–30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा दर्ज भी किया जाएगा।

(4) उपयुक्तता का प्रमाण–पत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखा जाएगा।

(5) यदि किसी भी समय प्रमाणकर्ता सर्जन की किसी कर्मकार के बारे में इस आधार पर यह राय हो कि धुआं प्रक्रिया में निरन्तर कार्य करते रहने से उसके स्वास्थ्य को विशेष खतरा अन्तर्निहित करने से वह कर्मकार उक्त प्रक्रिया में नियोजित बने रहने के लिए फिट नहीं है, तो वह अपने निष्कर्ष को उक्त सर्टिफिकेट और स्वास्थ्य रजिस्टर में अंकित करेगा। इन दस्तावेजों में उसके निष्कर्ष की प्रविष्टि में यह अवधि भी शामिल होगी, जिसके लिए कथित व्यक्ति को धुआं प्रक्रिया में नियोजन के लिए फिट नहीं मानता।

(6) किसी भी व्यक्ति को, जो उप–पैरा (5) में उल्लिखित किए गए अनुसार कार्य के लिए अनफिट पाया गया हो धुआं प्रक्रिया में जब तक पुनः नियोजित या कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जब कि कि अतिरिक्त परीक्षण के पश्चात् उसे उन प्रक्रियाओं में नियोजित किए जाने के लिए पुनः फिट प्रमाणित नहीं कर देता।

17. छूट.—यदि किसी कारखाने के संबंध में, मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाए कि अपवादिक की परिस्थितियों या प्रक्रिया की विरलता या किसी अन्य कारण से इस अनुसूची के सभी या कोई उपबन्ध कारखाने में कर्मकारों के बचाव के लिए अनावश्यक हैं, तो मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता लिखित प्रमाण—पत्र द्वारा जिसे वह अपने विवेक से किसी भी समय रद्द कर सकता है, ऐसे कारखाने को सभी या ऐसे किसी उपबन्ध से ऐसी शर्तों, यदि कोई हो, जिन्हें वह उसमें विनिर्दिष्ट करे, के अध्यधीन छूट प्रदान कर सकेगा।

अनुसूची–XXV

अत्यन्त ज्वलनशील द्रव और ज्वलनशील दाबयुक्त गैस

1. **लागू होना.**–यह अनुसूची उन सभी कारखानों को लागू होगी, जहां अत्यन्त ज्वलनशील द्रव या ज्वलनशील दाबयुक्त गैसों का विनिर्माण, भण्डारण, रख रखाव या उपयोग होता हो।

2. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए:–

(क) ''अत्यन्त ज्वलनशील द्रव'' से अभिप्राय है, ऐसे द्रव जिसमें उसके घोल, मिश्रण (इमलशन) या प्रंलबन (सस्पेन्शन) शामिल हैं, जिसका पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 (1934 का केन्द्रीय अधिनियम 30) की धारा 14 और 15 द्वारा विनिर्दिष्ट रीति में जांच करने पर 32 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान पर ज्वलनशील वाष्प निकालते हैं;

(ख) ''ज्वलनशील दाबयुक्त गैस'' से अभिप्राय है, विस्फोटक अधिनियम, 1884 (1884 का केन्द्रीय अधिनियम 4) के अधीन बनाए गए स्थिर और गतिशील दाब पात्र (अज्वलित) नियम, 1981 के नियम 2 में यथा परिभाषित ज्वलनशील दाबयुक्त गैस।

3. **भण्डारण.**–(1) प्रत्येक कारखानों में उपयोग की जाने वाला प्रत्येक ज्वलनशील द्रव या ज्वलनशील दाबयुक्त गैस उपयुक्त स्थिर भण्डारण टैंक या उपयुक्त रूप से बन्द बर्तन में सुरक्षित स्थान पर जमीन के अन्दर, खुले में या पर्याप्त अग्नि प्रतिरोधक संरचना के बने भण्डार गृह में भण्डारित की जाएगी।

(2) प्रत्येक बर्तन या टैंक, जिसमें अत्यन्त ज्वलनशील द्रव या ज्वलनशील दाबयुक्त गैस भरी हो या भरी रहती हो, केवल उपयोग, चालन या अनुरक्षण के लिए जैसा भी आवश्यक हो, को छोड़कर हमेशा बंद रखे जाएंगे और उसके कभी छलकन या रिसाव हो जाने पर उसे बटोरने या किसी उपयुक्त कन्टेनर में तत्काल खाली करने के लिए उपयुक्त व्यवहार्य कदम उठाए जाएंगे।

(3) अत्यन्त ज्वलनशील द्रव या ज्वलनशील दाबयुक्त गैस के भण्डारण के लिए उपयोग में आने वाले प्रत्येक कन्टेनर, बर्तन, टैंक, सिलेण्डर या भण्डारण गृह पर स्पष्ट तथा बड़े अक्षरों में शब्द ''खतरा–अत्यन्त ज्वलनशील द्रव'' या ''खतरा–ज्वलनशील दाबयुक्त गैस'' अंकित होंगे।

4. **अत्यन्त ज्वलनशील द्रवों के परिवहन हेतु बन्द प्रणाली.**–स्थापन में जहां तक उपयुक्त रूप से व्यवहार्य हो, वहां अत्यन्त ज्वलनशील द्रवों को, भण्डारण टैंक या बर्तन से उपयोग के स्थान पर परिवहन के लिए पूर्ण रूप से बन्द प्रणाली, जिसमें पाइप लाइनें, पम्प और समरूप उपकरण सम्मिलित हैं, से किया जाएगा। ऐसी बन्द प्रणाली इस प्रकार रूपांकित, स्थापित, चालित और अनुरक्षित होगी कि रिसन या छलक जाने का खतरा नहीं रहे।

5. **हवा के साथ ज्वलनशील मिश्रण बनने से रोकना.**–जहां कहीं किसी उपकरण, पाइप लाइन, वाल्व, जोड़ या प्रणाली के अन्य भाग से अत्यन्त ज्वलनशील द्रव या ज्वलनशील दाबयुक्त गैस के रिसन या छलक जाने की सम्भावना हो, वहां उस रिसे हुए पदार्थ को बटोरने या बर्तन में भरने या उसे तनु (पतला) करने के सभी व्यवहार्य उपाए किए जाएंगे, ताकि हवा के साथ ज्वलनशील मिश्रण का बनना रोका जा सके।

6. **ज्वलन की रोक.**–प्रत्येक काम के लिए या अन्य स्थानों पर, जहां अत्यन्त ज्वलनशील द्रव या ज्वलनशील पदार्थ का भण्डार, परिवहन, कार्य या उपयोग किया जाता हो या वहां हवा में अत्यन्त ज्वलनशील या ज्वलनशील दाबयुक्त गैस के इकट्ठी होने से आग या विस्फोट का खतरा हो, वहां ज्वलन के स्त्रोतों को वर्जित करने के सभी व्यावहारिक उपाए किए जाएंगे। ऐसी सावधानियों में निम्नलिखित शामिल होंगी :–

(क) खतरे के क्षेत्र में या तो सभी प्रकार के विद्युत उपकरण वर्जित होंगे या उनकी ऐसी संरचना, स्थापना तथा अनुरक्षण इस प्रकार होगा कि उसके ज्वलन स्त्रोत होने के खतरे से रोका जा सके;

(ख) एक खतरनाक सीमा तक स्थिर प्रभारों के संचय को रोकने के लिए प्रभावी उपाय अपनाए जाएंगे;

(ग) कोई व्यक्ति लोहे या स्टील के कीलों युक्त जूते या चप्पल या अन्य खुले हुए लोह पदार्थ की चीज, जिसके घर्षण से चिंगारी निकलने की संभावना हो, को न तो पहनेगा और न ही पहनने की अनुमति दी जाएगी;

(घ) धूम्रपान, आग लाना या माचिस, लाइटर या अन्य धूम्रपान की सामग्री ले जाना प्रतिषिद्ध होगा;

(ङ) लोहे के जोड़ युक्त संचालण बेल्टों का उपयोग नहीं किया जाएगा; और

(च) सभी अन्य सावधानियां, जो भी उचित रूप से व्यवहार्य हों अपनायी जाएंगी, ताकि अन्य सभी संभावित स्त्रोतों से जैसे खुली ज्वालाएं, घर्षण से उत्पन्न चिंगारी, मशीनरी या संयंत्र की अति तप्त सतह, रासायनिक अथवा भौतिकी रासायनिक प्रतिक्रिया और विकीर्ण उष्मा प्रारम्भ होने से रोका जा सके।

7. **धूम्रपान का प्रतिषेध.**–किसी स्थान में जहां अत्यन्त ज्वलनशील द्रव या ज्वलनशील दाबयुक्त गैस की उपस्थिति होने पर उन परिस्थितियों में धूम्रपान नहीं करेगा, जिससे धूम्रपान से आग का खतरा हो। अधिभोगी इस अपेक्षा के पालन को सुनिश्चित करने हेतु सभी व्यवहार्य उपाय करेगा, जिसमें धूम्रपान प्रतिषिद्ध है, यह प्रदर्शित करने वाले बड़े सूचना–पट्ट उस प्रत्येक स्थान पर जहां–जहां यह अपेक्षा लागू होती हो, लगाने होंगे।

8. **अग्निशमन.**—प्रत्येक कारखाने में, जहां अत्यन्त ज्वलनशील द्रव या ज्वलनशील दाबयुक्त गैसों का विनिर्माण, भण्डारण, कार्य या उपयोग होता हो, वहां अग्निशमन के उपयुक्त तथा पर्याप्त साधनों की व्यवस्था होगी। ऐसे साधनों की पर्याप्तता तथा उपयुक्तता जिस अभिव्यक्ति में, स्थाई तथा पोर्टेबल अग्निशमन प्रणाली, अग्निशमन सामग्री, अग्निशमन की कार्य विधि और प्रक्रियाएं तथा लागू भारतीय मानकों द्वारा विहित स्तर मानकों के अनुसार होनी सम्मिलित हैं तथा किसी भी मामले में सम्बद्ध नियमों के अधीन अनुबन्ध के निम्नतर न हों।

9. **छूट.**—किसी कारखाने के संबंध में मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाए कि अपवादिक परिस्थितियों या प्रक्रिया की विरलता या किसी अन्य कारण से इस अनुसूची के सभी या कोई उपबन्ध कारखाने में कर्मकारों के बचाव के लिए अनावश्यक हैं, तो मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता लिखित प्रमाण—पत्र द्वारा जिसे वह अपने विवेक से किसी भी समय रद्द कर सकता है, ऐसे कारखाने को सभी या ऐसे किसी उपबन्ध से ऐसी शर्तों, यदि कोई हो, जिन्हें वह उसमें विनिर्दिष्ट करे, के अध्यधीन छूट दे सकेगा।

अनुसूची–XXVI

ढलाईखाना (फाउन्ड्री) में कार्य

1. **लागू होना.**–इस अनुसूची के उपबन्ध कारखानों के उन सभी भागों, जहां निम्नलिखित में से कोई कार्य या प्रक्रिया चलाई जाती है, को लागू होंगे।

(क) रेत, दुम्मट, ढलाई, सम्मिश्रण या अन्य सामग्री के मिश्रण के बने सांचों या शैल मोल्डिंग या सेन्ट्रीफ्यूगल ढलाई द्वारा लोहे की कास्टिंग या जैसी भी स्थिति हो, स्टील कास्टिंग का उत्पादन और ऐसे उत्पादन के आनुषंगिक कोई प्रक्रिया;

(ख) रेत, दुम्मट, धातु ढलाई, सम्मिश्रण या अन्य सामग्री या सामग्री का मिश्रण या शैल मोल्डिंग, डाई कास्टिंग (दाब डाई कास्टिंग सहित) सेंट्रीफ्यूगल कास्टिंग या सतत कास्टिंग द्वारा बनाए गए सांचों में धातु ढलाई द्वारा अलोह कास्टिंग का उत्पादन और ऐसे उत्पादन से आनुषंगिक कोई प्रक्रिया; और

(ग) इन्गोट, छड़ (विलेट), पट्टी या अन्य समरूप उत्पादों के उत्पादन के लिए अलोह धातु को गलाना और ढालना और उनकी स्ट्रिपिंग करना, किन्तु यह निम्नलिखित के संबंध में लागू नहीं होगी–

(क) सीसे और विद्युत संचायकों के पिघलाने और विनिर्माण के संबंध में कोई प्रक्रिया;

(ख) छपाई कार्यों के प्रयोजन के लिए कोई प्रक्रिया; या

(ग) पिघलाने की कोई प्रक्रिया, जिसमें अवकारक क्रिया से धातु प्राप्त हो या ऐसी क्रिया से आनुषंगिक कोई प्रक्रिया; या

(घ) स्टील का इन्गोट के रूप में उत्पादन; या

(ङ) सोल्डर विनिर्माण के दौरान कोई प्रक्रिया अथवा ऐसे विनिर्माण के संबंध में कोई आनुषंगिक प्रक्रिया; या

(च) इन्गोट, छड़ (विलेट), पट्टी (सलेब) या समरूप उत्पादन में विनिर्माण या उसकी स्ट्रिपिंग के लिए सीसा या सीसायुक्त मिश्रण को गलाना और ढालना या ऐसे गलाने ढालने या स्ट्रिपिंग करने से आनुषंगिक प्रक्रियाएं।

2. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए–

(क) ''अनुमोदित रेसीपिरेटर'' से अभिप्राय है, मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित किस्म के रेसीपिरेटर;

(ख) ''कुपोला या भट्टी'' में उनसे जुड़े संग्राहक भी सम्मिलित हैं;

(ग) ''ड्रेसिंग या फेटलिंग कार्य'' में स्ट्रिपिंग करना और चिपकी हुई रेत, कोर, रनर, राइजर, फ्लेश और ढलाई से अन्य अतिरिक्त धातु को हटाना और उपयुक्त रूप से साफ और चिकनी सतह का उत्पादन सम्मिलित है, लेकिन इसमें (क) ड्रेस और फेटलिंग की हुई कास्टिंग से मशीनिंग या संयोजन के संबंध में आनुषंगिक रूप से बनी कास्टिंग से धातु को हटाना या (ख) कोई कार्य जो इस अनुसूची के अर्थ के अन्तर्गत नॉक–आउट कार्य हो, सम्मिलित नहीं होंगे;

(घ) ''ढलाईखाना से अभिप्राय है, के वे भाग जिसमें लोहे या स्टील या अलौह ढलाई (कच्चे लोहे या इन्गोट के रूप में स्टील के उत्पादन को छोड़कर) रेत, मिट्टी, ढलाई सम्मिश्रण या सामग्री के अन्य मिश्रण से बने सांचों में ढालकर या शैल मोल्डिंग या धातु के सांचों में रेत बिछाकर सेनट्रीफ्यूगल कास्टिंग की जाती हो या इसके साथ ही कारखाने का कोई अन्य भाग, जिसमें ऐसे उत्पादन के दौरान और उसके सम्बन्ध में जो आनुषंगिक क्रियाएं की जाती हैं अर्थात् ढलाईखाने की प्रक्रिया में उपयोग के लिए जाने वाली सामग्री को बनाना और मिश्रित करना, सांचे और केन्द्रीय भाग का बनाना, नाक–आउट क्रिया और ड्रेसिंग या फेटलिंग क्रियाएं;

(ङ) ''नॉक आउट क्रियाओं'' से अभिप्राय है, सांचे से कास्टिंग हटाने की समस्त पद्धतियां और निम्नलिखित क्रियाएं, जब उसके संबंध में की जाती हैं अर्थात् स्ट्रिपिंग करना, गुदा निकालना और रनर्स तथा राइजर्स को हटाना;

(च) ''ढलाई गली'' से अभिप्राय है, मुख्य गेंग–वे को जाने वाली या क्यूपोला या भट्टी से सीधी गली जहां सांचो में धातु उंडेली जाती हो।

3. **कुछ सामग्री को विभाजक सामग्री के रूप में उपयोग का प्रतिषेध.**–(1) यदि कोई सामग्री सिलिकान योगिक युक्त है और जिसमें सूखी सामग्री की तुलना में उसके भार से पांच प्रतिशत से अधिक सिलिका की गणना की गई है ऐसी सामग्री का विभाजक सामग्री के रूप में उपयोग नहीं किया जाएगा :

परन्तु यह प्रतिषेध निम्नलिखित का विभाजक सामग्री के रूप में उपयोग किए जाने से प्रतिषेध नहीं करेगा, यदि उस सामग्री में किसी अन्य सिलिका का सम्मिश्रण न हो–

(क) जिरकोनियम सिलिकेट (जिरकान);

(ख) कैल्साइन्ड चाइनाक्ले;

(ग) कैल्साइन्ड एल्यूमिनियम फायर क्ले;

(घ) सिलिमेनाइट;

(ङ) केल्साइन्ड या पिघला हुआ एल्यूमिना;

(च) ओलिविल;

(छ) प्राकृतिक रेत।

(2) फेटलिंग या ब्लास्टिंग प्रक्रिया से जमी धूल और अन्य पदार्थ का विभाजक सामग्री या विभाजक सामग्री के संघटक की तरह उपयोग नहीं किया जाएगा।

4. व्यवस्थाएं और भण्डारण.—काम के कमरों में सुरक्षा और सफाई को बढ़ावा देने के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित अपेक्षाओं का पालन किया जाएगा :—

(क) मोल्डिंग बाक्स, लोमप्लेट, लेडल्स, पैटर्न, पैटर्न—प्लेटें, फ्रेम्स, बोर्डस, बाक्स वेट्स और अन्य भारी वस्तुएं इस तरह व्यवस्थित या रखी जाएंगी कि कार्य अनावश्यक जोखिम के बिना किया जा सके।

(ख) उपयुक्त और सुगमता से पहुंचगम्य रैक्स, बिन्स या अन्य पात्र प्रदान किए जाएंगे तथा अन्य गियरों और औजारों के भण्डारण के लिए उपयोग किए जाएंगे;

(ग) जहां कहीं रेत, ईंधन, धातु रद्दी या अन्य सामग्री या अवशेष का बड़ा भण्डार हो, वहां उपयुक्त विन्स, बन्कर्स या अन्य पात्र ऐसे भण्डारकरण के प्रयोजन के लिए प्रदान किए जाएंगे।

5. फर्श का सन्निर्माण.—(1) भीतरी कार्यस्थलों के, जिनमें प्रक्रियाएं की जाती हों, सिवाए उन भागों के जो रेत के बने हों, फर्श समतल और कठोर सामग्री के होंगे।

(2) ऐसे भीतरी कार्यस्थल के फर्श का कोई भाग, सिवाए उस दशा के जहां कि किये जा रहे कार्य के कारण आवश्यक हो, रेत का नहीं होगा।

(3) किसी भीतरी कार्यस्थल के फर्श के वे सभी भाग जो रेत के हों, जहां तक व्यवहार्य हो, समतल और मजबूत दशा में अनुरक्षित किए जाएंगे।

6. भीतरी कार्यस्थलों की सफाई.—(1) प्रत्येक भीतरी कार्यस्थलों जिसमें प्रक्रिया की जाती हो, की दीवारों के पहुंचगम्य सभी भागों और उन दीवारों पर लगी हुई प्रत्येक वस्तु प्रत्येक 14 मास की अवधि में कम से कम एक बार उपयुक्त तरीके से जमीन से 7.02 मीटर की ऊंचाई तक प्रभावशाला रूप से साफ की जाएगी। इस पैरा के अनुसरण में की गई प्रत्येक ऐसी प्रभावी सफाई के अभिलेख, जिसमें दिनांक भी सम्मिलित हों, रखे जाएंगे (ठीक पूर्ववर्ती जिसमें अन्तिम धुलाई, सफाई या अन्य उपचार करने के बाद कम से कम पांच महीने या नौ महीने से अनधिक नहीं होगी)।

(2) प्रत्येक भीतर कार्यस्थल में, जहां प्रक्रिया की जाती हो, उन भागों को जो रेत के हों, को छोड़कर फर्श के पहुंचगम्य सभी भागों की प्रत्येक कार्य दिवस में कम से कम एक बार उपयुक्त पद्धति से प्रभावी सफाई की जाएगी और वे भाग जो रेत के हों, वे अच्छी दशा में रखे जाएंगे।

7. शारीरिक क्रियाएं जिनमें पिघली हुई धातु के कार्य अन्तर्वलित हों.—(1) पिघली धातु के कार्यों जिनमें धातु फैल जाने की संभावना हो, को सम्मिलित करते हुए शारीरिक प्रक्रियाओं में नियोजित सभी व्यक्तियों के लिए उक्त प्रक्रिया के लिए कार्यस्थल की:—

(क) जो कार्य के सुरक्षापूर्वक निष्पादन हेतु पर्याप्त हो; और

(ख) जो जहां तक युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य ही अवरोधमुक्त रखा जा सके, व्यवस्था होगी और उसे भली प्रकार से अनुरक्षित किया जाएगा।

(2) कोई क्रिया, जिसमें पिघली हुई धातु से भरा कन्टेनर हाथों से ले जाना सम्मिलित हो, वहां फर्श जहां क्रिया की जाती हो और वे भाग, जिसमें क्रिया में लगे व्यक्ति चलते—फिरते हों, वे दोनों एक ही तल पर होंगे :

परन्तु जहां अनावश्यक जोखिम के बिना प्रक्रिया के निष्पादन के लिए आवश्यक हो और फर्श के विभिन्न तलों पर स्थित कार्यस्थलों पर क्रिया में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति के फर्श से उस तक पहुंचने के सुरक्षित साधन हों, वहां इस पैरा की कोई भी बात सामयिक या असाधारण उपयोग को नहीं रोकेगी।

8. गेंगवेज और गलियारा डालना.—(1) यह अनुसूची बनने के बाद सन्निर्मित या पुनःनिर्मित या उस रूप में उपयोग के लिए संपरिवर्तित प्रत्येक कार्य के कमरे, जिस पर यह पैरा लागू होता है तथा जहां तक युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य हो, पर्याप्त और स्पष्ट रूप से चिन्हित मुख्य गेंगवेज बनाई और भली प्रकार अनुरक्षित की जाएगी, जो:—

(क) समतल सतह कठोर सामग्री की होगी और वह विशेषतः रेत की नहीं होगी या उस पर आवश्यकता से अधिक रेत नहीं होगी, जिसमें दुर्घटनावश धातु के फैल जाने से धातु उड़ने का जोखिम दूर हो सके:

(ख) जहां तक युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य हो, अवरोध मुक्त रखी जाएगी;

(ग) यदि पिघली हुई धातु को ले जाने के उपयोग में नहीं ली जाती हो, तो कम से कम 920 मिली मीटर चौड़ाई की होगी;

(घ) यदि पिघली धातु ले जाने के उपयोग में ली जाए तो :–

(i) जहां केवल ट्रक लेडल का उपयोग में लाया जाता हो तो लेडल की पूरी चौड़ाई से कम से कम 600 मिलीमीटर चौड़ाई की होगी;

(ii) जहां दो से अधिक आदमियों द्वारा हैण्ड शैक द्वारा ले जायी जाती हो, वहां कम से कम 920 मिलीमीटर चौड़ाई की होगी;

(iii) जहां दो से अधिक आदमियों द्वारा हैण्ड शैक द्वारा ले जायी जाती हो, तो कम से कम 1.2 मीटर चोड़ाई होगी; और

(iv) जहां दोनों दिशाओं में से साथ–साथ आदमियों द्वारा हैण्ड शैक द्वारा लाई जाए तो कम से कम 1.8 मीटर चौड़ाई होगी।

(2) इस अनुसूची के बनने के बाद उपयोग के लिए सन्निर्मित, पुनः निर्मित या ऐसे उपयोग के लिए परिवर्तित कमरे में, जिस पर यह पैरा लागू होता हो, पर्याप्त और स्पष्ट रूप से परिभाषित गलियारा इस प्रकार बनाया और अनुरक्षित किया जाएगा कि उसमें:–

(क) समतल सतह कठोर सामग्री का होगा और विशेषतः रेत का नहीं होगा या उस पर आवश्यकता से अधिक रेत नहीं होगा, जिससे दुर्घटनावश धातु के फैल जाने से धातु उड़ने का जोखिम दूर हो सके;

(ख) जहां तक युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य हो, अवरोध मुक्त रखा जाएगा;

(ग) यदि पिघली हुई धातु को हस्त कलछी (हैण्ड लैडल) या बुल लैडल द्वारा प्रति लैडल दो व्यक्ति से अनधिक द्वारा ले जाया जाए तो कम से कम 460 मिलीमीटर चौड़ा होगा, लेकिन जहां गलियारे के किनारे कार्यमोल्ड गलियारे के फर्श से 510 मिलीमीटर ऊंचा हो, तो गलियारा कम से कम 600 मिलीमीटर चौड़ा होगा;

(घ) यदि पिघली हुई धातु दो से अधिक व्यक्तियों द्वारा हैण्ड लैडल या बलक लैडल द्वारा ले जाई जाए तो लैडल कम से कम 769 मिलीमीटर चौड़ा होगा;

(ङ) यदि क्रेन, ट्राली या ट्रक लैडल द्वारा पिघली धातु ले जाई जाए तो कार्य के सुरक्षित रूप से निष्पादन के लिए वह पर्याप्त चौड़ाई का होगा।

(3) किसी कमरे या कमरे के भाग पर, यदि उसमें किए जा रहे कार्य की प्रकृति के कारण कमरे का या कमरे के उस भाग का फर्श रेत का हो, तो उप पैरा (1) और (2) की अपेक्षाएं लागू नहीं होंगी।

(4) इस पैरा में ''कार्य के कमरे, जिस पर यह पैरा लागू होता हो'', से अभिप्राय है, लौह या अलौह ढलाईखाने के उस भाग से है, जिसमें पिघली धातु वाहित या उपयोग की जाती हो तथा इस अनुसूची के बनाने के बाद इसी प्रकार उपयोग के लिए सन्निर्मित, पुनः निर्मित या उपयोग के लिए संपरिवर्तित कमरे, जिस पर यह पैरा लागू होता है, वह कमरे जिसका सन्निर्माण, पुनर्निर्माण या उपयोग हेतु संपरिवर्तन इस अनुसूची के बनने के बाद प्रारंभ हुआ हो, इस पैरे के प्रयोजनों के लिए समझे जाएंगे।

9. क्यूपोला और भट्टियों के समीप कार्य.–क्यूपोला या भट्टी के किसी पनाले जो पिघली धातु के निकास के लिए हों, के निकासी वाले सिरे से गुजरने वाली ऊर्ध्व रेखा से 4 मीटर की दूरी के अंदर या ऐसे पनाले के सिरे पर कोई लैडल जो भरने के लिए लगी हो, के निकटतम भाग से 2.4 मीटर दूरी के भीतर कोई भी व्यक्ति कार्य नहीं करेगा, दोनों ही मामलों में, सिवाय उस दिशा के जबकि क्यूपोला या भट्टी के उपयुक्त उपयोग या अनुरक्षण के लिए उक्त कार्य उल्लिखित दूरी के भीतर हो, करना आवश्यक हो या उक्त कार्य ऐसे समय और ऐसी शर्तों के अधीन किया जा रहा हो कि कार्य करने वाले व्यक्ति को पिघली हुई धातु, जो क्यूपोला या भट्टी या पनाले के सिरे पर भरने के लिए लगी लैडल में हो, से कोई जोखिम न हो।

10. धूल और धूम.–(1) कार्य के कमरे के अंदर लैडल को गर्म करने या सुखाने के लिए कोयले, कोक या लकड़ी की खुली आग का उपयोग नहीं किया जाएगा, जब तक कि धुआं और अन्य अशुद्धियों को काम के कमरे के वातावरण में प्रविष्ट होने या बने रहने से रोकने के लिए जहां तक व्यवहार्य हो, उपयुक्त उपाय न किए गए हों।

(2) साँचों को सुखाने के लिए केवल उन परिस्थितियों को छोड़कर, जो अपरिहार्य हों, कोयले, कोक या लकड़ी की खुली आग का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

(3) मोल्ड स्टोव, कोर–स्टोव और तापनुशीतन (एनीलिंग) भट्टी इस प्रकार रूपांकित, सन्निर्मित, अनुरक्षित और कार्य में ली जाएगी, कि जहां तक व्यवहार्य हो, किसी कार्य के कमरे में, जब व्यक्ति उसमें नियोजित हो, उस अवधि के दौरान घृणात्मक या हानिकारक धुआं प्रविष्ट न हो सके।

(4) सभी नाक आउट क्रियाएं इस प्रकार की जाएंगी कि–

(क) ढलाईखाने के पृथक् भाग में, जिसमें उपयुक्त तौर पर विभाजन किया गया हो, कमरा या उसका भाग, जिसमें जहां तक व्यवहार्य हो, स्थानीय वायु निष्कासन संवातन और उच्च मानक का सामान्य संवातन मुहैया हो; या

(ख) ढलाई खाने के उस क्षेत्र में जहां तक युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य हो, प्रभावी और उपयुक्त स्थानीय वायु निष्कासन संवातन होगा या जहां यह अनुपालन युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य न हो, वहां उच्चतम मानक का सामान्य संवातन मुहैया हो।

(5) सभी ड्रेसिंग और फैटलिंग क्रियाएं :–

(क) पृथक् कमरे में या ढलाईखाने के उपयुक्त तौर पर लगाए गए पार्टीशन से बने पृथक भाग में; या

(ख) ढलाईखाने के उस क्षेत्र में या जो इस प्रयोजन के लिए पृथक किया गया हो, की जाएंगी और जहां तक युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य हो, उन्हें उपयुक्त स्थानीय वायु निष्कासक संवातन या धूल दबाने के समरूप प्रभावी साधन, जो धूल उत्पन्न होने वाले बिन्दु के जितना समीप संभव हो, क्रियाशाली हो, के साथ किया जाएगा।

11. वायु निष्कासन संयंत्र का अनुरक्षण और परीक्षण.–(1) धूल और धूम्र के निष्कर्षण अधिक्रमण या नियंत्रण के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त सभी संवातन संयंत्र भली प्रकार अनुरक्षित होंगे।

(2) धूल और धूम्र के निष्कर्षण, अधिक्रमण या नियंत्रण के प्रयोजनों के लिए प्रयुक्त सभी संवातन संयंत्र का प्रत्येक सप्ताह में एक बार उत्तरदायी व्यक्ति द्वारा परीक्षण और निरीक्षण किया जाएगा। सक्षम व्यक्ति द्वारा बारह महीने की अवधि में कम से कम एक बार उनका पूरी तौर पर परीक्षण और जांच की जाएगी ओर ऐसे परीक्षण और जांच के परिणामों का विवरण अनुमोदित रजिस्टर में रखा जाएगा, जो निरीक्षक को निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगा। परीक्षण और जांच करने वाले व्यक्ति द्वारा ऐसे परीक्षण और जांच में पाए गए किसी दोष में कारखाने के अधिभोगी या प्रबंधक को तत्काल सूचना दी जाएगी।

12. सुरक्षा उपकरण.–(1) कर्मकारों के बचाव हेतु विनिर्दिष्ट उपयुक्त सुरक्षा उपकरण प्रदान और अनुरक्षित किये जाएंगे :–

(क) उपयुक्त दस्ताने या हाथ के बचाव के लिए अन्य सामग्री उन कर्मकारों के लिए जो किसी गर्म पदार्थ, जिससे कि हाथों के जलने, झुलसने या जख्म के जोखिम की संभावना हो, के कार्य में लगे हो या कच्चे लोहे, रफ कोस्टिंग या अन्य वस्तुएं जिसमें हाथ से कटने या छिलने की संभावना हो, के कार्य में लगे हो;

(ख) अनुमोदित रैसपिरेटर्स उन कर्मकारों के लिए जो घनी धूल सान्द्रता उत्पन्न करने वाली क्रियाओं में कार्य करते हैं, जिसे वर्तमान संवातन व्यवस्था द्वारा शीघ्रता और प्रभावी रूप से दूर न किया जा सके।

(2) व्यक्ति द्वारा खंड (ख) के प्रयोजन के लिए दिए गए रैसपिरेटर को पहनने के बाद अन्य व्यक्ति द्वारा नहीं पहना जाएगा, जब तक कि उसे पूरी तौर पर साफ और अदूषित न किया जा चुका हो।

(3) व्यक्ति, जो उनके किसी समय–

(क) क्यूपोला या भट्टी के पनाले पर काम या सेवा ऐसी परिस्थिति में करते हों कि उक्त सामग्री उनके शरीर के संपर्क में आ सकती हो और उक्त सामग्री ऐसे तापमान पर हो कि उसके शरीर के संपर्क में आने पर शरीर जल सके; या

(ख) पिघली हुई धातु को उड़ेलने के संबंध में या सहायता करने के काम में लगे हो; या

(ग) पिघली हुई धातु युक्त किसी लैडल या सांचे को शारीरिक शक्ति से चलाने या हाथ से ले जाते हो; या

(घ) नॉकिंग आउट क्रियाओं, जिसमें सामग्री ऐसे तापमान पर हो कि उसका शरीर से संपर्क उसे जला सके; के काम में लगे हों, को उपयुक्त जूते और गैटर प्रदान किए जाएंगे और जो उन्हें, जहां तक व्यवहार्य हो, उनके पैर और घुटनों को जलने के जोखिम से बचने के लिए पहनेंगे।

(4) जहां उपयुक्त हो, उड़ने वाली सामग्री (किसी प्रक्रिया के दौरान पिघली धातु का छलकने, चिंगारियों और निक्षेपित छिलके सहित) से बचाव के लिए उपयुक्त स्क्रीन प्रदान की जाएगी।

(5) इस पैरा के अनुसरण में प्रदान किए गए सुरक्षा उपकरणों के भण्डारण के लिए उपयुक्त स्थान प्रदान और अनुरक्षित किये जाएंगे और उनकी सफाई और अनुरक्षण की उपयुक्त व्यवस्था की जाएगी।

(6) उप–पैरा (1) और (4) के अनुसरण में प्रदान किए गए उपकरणों का प्रत्येक व्यक्ति द्वारा पूर्ण और उपयुक्त उपयोग किया जाएगा और वह उनके किसी दोष या हानि के बारे में अधिभोगी, प्रबंधक या अन्य उपयुक्त व्यक्ति को बिना देरी किए सूचित करेगा।

13. धुलाई और स्नान सुविधाएं.—(1) ढलाईखाने में नियोजित सभी कर्मकारों के उपयोग के लिएः—

(क) ढके हुए धुलाई स्थान जिसमें या तो —

(i) अपारगम्य सतह का नाली जिसमें बिना प्लग का वेस्ट पाइप जुड़ा हो और जिसकी पर्याप्त लंबाई हो कि एक बार नियोजित 10 व्यक्तियों के लिए ऐसे प्रति व्यक्ति के लिए कम से कम 60 सेन्टीमीटर स्थान हो और जिसमें नाली के ऊपर 60 सेंटीमीटर से अनधिक अंतराल पर स्थित टोंटियों का जैट के द्वारा पानी निरंतर रूप से प्रदान होता हो; या

(ii) किसी भी एक समय में नियोजित प्रत्येक ऐसे 10 व्यक्तियों के लिए एक टोंटी या स्टैण्ड पाइप की दर से, जो 1.2 मीटर के अंतर से लगे हों, टोंटी या स्टैण्ड पाइप होंगे, जिनमें साफ पानी निरंतर रूप से प्रदान होता है; और

(ख) खंड (क) के अधीन प्रदान किए गए स्थानों में कम से कम आधे धुलाई स्थान स्नानागार के रूप में होंगे;

(ग) उपयुक्त सामग्री के बने साफ तौलिए पर्याप्त रूप से प्रदान होंगे, जो प्रतिदिन बदले जाएंगे तथा सामुन और नाखून साफ करने के ब्रुश पर्याप्त मात्रा में प्रदान होंगे।

(2) उप—पैरा (1) के प्रयोजन के लिए प्रदत्त सुविधाएं उत्तरदायी व्यक्ति या व्यक्तियों के प्रभार में रखी जाएंगी और साफ तथा व्यवस्थित दशा में अनुरक्षित की जाएंगी।

14. धातुमल और मैल का निपटान.—भट्टी से पिघली धातु से निकाले गए धातुमल और मैल को तुरन्त उपयुक्त पात्र में रखा जाएगा।

15. अपशिष्ट का निपटान.—शैल मोल्डिंग से उत्पन्न सभी अपशिष्ट (जली रेत के अपशिष्ट सहित) के निपटान के लिए कास्टिंग की नाक आउट क्रिया के बाद जितना व्यवहार्य हो सके उतने शीघ्र उपयुक्त उपाय किये जाएंगे।

16. द्वार के बाहर छोड़ी हुई सामग्री और उपकरण.—द्वार के बाहर छोड़ी हुई सामग्री और उपकरण (जिनमें केवल अस्थायी तौर पर या कभी—कभार छोड़े गए उपकरण भी सम्मिलित है) को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाएगा तथा रखा जाएगा, जिससे अनावश्यक जोखिम दूर हो सके। ऐसी सभी सामग्री और उपकरणों तक पहुंचने के लिए सुरक्षित साधन होंगे और जहां तक व्यवहार्य हो, ऐसी पहुंच सडक या पगडंडी से होगी, जो भली प्रकार अनुरक्षित होगी। ऐसी सड़क या पगडंडी सपाट और मजबूत सतह की होगी और जितना युक्तियुक्त रूप से व्यवहार्य हो, अवरोध मुक्त रखी जाएगी।

17. चिकित्सा सुविधाएं और परीक्षण और जांच के अभिलेख.—(1) प्रत्येक कारखाना जिन पर यह अनुसूची लागू होती हो, का अधिभोगीः—

(क) उसमें नियोजित कर्मकारों की चिकित्सा निगरानी हेतु अर्हक चिकित्सा व्यवसायी करेगा जिसका नियोजन मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता के अनुमोदन के अध्यधीन होगा; और

(ख) उक्त चिकित्सा व्यवसायी को खण्ड (क) में निर्दिष्ट प्रयोजन के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगा।

(2) कथित चिकित्सा अधिकारी द्वारा की गई चिकित्सा जांच तथा उचित परीक्षणों का रिकार्ड मुख्य निरीक्षक—एवं—सुविधाप्रदाता द्वारा अनुमोदित पृथक रजिस्टर में रखा जाएगा, जिसे निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखा जाएगा।

18. प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा चिकित्सा जांच.—ढलाई कारखाने में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की उसके प्रथम नियोजन के 15 दिन के भीतर प्रमाणकर्ता द्वारा जांच की जाएगी। ऐसी चिकित्सा जांच में पुलमोनरी फन्क्शन परीक्षण तथा छाती का एक्सरे शामिल होगा। किसी भी कर्मकार को कारखाने में उसके प्रथम नियोजन के 15 दिन बाद जब तक कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा तब कि प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा ऐसे नियोजन के लिए फिट प्रमाणित नहीं कर दिया जाता।

(2) धूआं प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा प्रत्येक 12 मास में कम से कम एक बार पुनः जांच की जाएगी। ऐसी जांच जब कभी प्रमाणकर्ता सर्जन उचित समझे उप पैरा (1) में यथा निर्दिष्ट छाती का एक्सरे जो 3 वर्ष में एक बार होगा के सिवाए सभी जांच शामिल करेगा।

(3) कर्मकार की जांच करने के बाद प्रमाणकर्ता सर्जन प्ररूप—31 में उपयुक्तता का प्रमाणपत्र जारी करेगा। की गई पुनः जांच का रिकार्ड प्रमाण—पत्र में दर्ज किया जाएगा तथा प्रमाण—पत्र कारखाने के प्रबन्धक की अभिरक्षा में रखा जाएगा। जांच की प्रकृति तथा परिणाम सहित उप पैरा (1) तथा (2) के अधीन की गई प्रत्येक जांच का रिकार्ड प्ररूप—30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा दर्ज भी किया जाएगा।

(4) उपयुक्तता का प्रमाण—पत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखा जाएगा।

(5) यदि किसी भी समय प्रमाणकर्ता सर्जन की किसी कर्मकार के बारे में इस आधार पर यह राय हो कि धुआं प्रक्रिया में निरन्तर कार्य करते रहने से उसके स्वास्थ्य को विशेष खतरा अन्तर्निहित करने से वह कर्मकार उक्त प्रक्रिया में नियोजित बने रहने के लिए फिट नहीं है, तो वह अपने निष्कर्ष को उक्त सर्टिफिकेट और स्वास्थ्य रजिस्टर में अंकित करेगा। इन दस्तावेजों में उसके निष्कर्ष की प्रविष्टि में यह अवधि भी शामिल होगी, जिसके

लिए कथित व्यक्ति को धुआं प्रक्रिया में नियोजन के लिए फिट नहीं मानता। प्रक्रिया से निलंबित किये गए व्यक्ति को वैकल्पिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी जब तक कि वह प्रमाणकर्ता सर्जन की राय में पूरी तरह से अक्षम न हो, इस मामले में प्रभावित व्यक्ति को उपयुक्त पुनर्वास द्वारा किया जाएगा।

(6) किसी भी व्यक्ति को, जो उप–पैरा (5) में उल्लिखित किए गए अनुसार कार्य के लिए अनफिट पाया गया हो धुआं प्रक्रिया में जब तक पुनः नियोजित या कार्य करने के लिए अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, जब तक कि प्रमाणकर्ता सर्जन आगे परीक्षण के पश्चात् उसे फिर से उन प्रक्रियाओं में नियोजित किए जाने के लिए पुनः फिट प्रमाणित नहीं कर देता।

19. **छूट.**–किसी कारखाने के संबंध में मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाए कि अपवादिक स्वरूप की परिस्थितियों या प्रक्रिया की विरलता या किसी अन्य कारण से, इस अनुसूची के सभी या कोई उपबन्ध कारखाने में कर्मकारों के बचाव के लिए अनावश्यक हैं, तो मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता लिखित प्रमाण–पत्र द्वारा जिसे वह अपने विवेक से किसी भी समय रद्द कर सकता है, ऐसे कारखाने को सभी या ऐसे किसी उपबन्ध से ऐसी शर्तों, यदि कोई हों, जिन्हें वह उसमें विनिर्दिष्ट करे, के अध्यधीन छूट दे सकेगा।

अनुसूची–XXVII

अग्नि कार्य कारखाने तथा दियासलाई कारखाने

1. **लागूकरण.**–इस अनुसूची के उपबन्ध किसी अग्निकार्य कारखाने या दिया सलाई कार्यों में सभी कारखानों तथा इससे आनुषंगिक प्रक्रिया को लागू होंगे तथा संहिता और इन नियमों या किसी अन्य अधिनियम या नियामें के किसी उपबन्धों के अतिरिक्त होने तथा के अल्पीकरण में नहीं होगे जो अग्नि कार्य कारखानों तथा दिया सलाई कारखानों को लागू हैं।

2. **परिभाषाएं.–**

(क) ''अग्नि कार्य कारखाना'' से अभिप्राय है, कोई कारखाना या किसी कारखाने का कोई भाग जिसमें निम्नलिखित रसायन या रसायनों का सम्मिश्रण तथा सामग्री पटाखों, फलझड़ियां, कैप, फ्यूज, विस्फोटन पाउडर तथा रूए कार्यों के विनिर्माण के लिए प्रयोग किया जा रहा हैः–

साल्टपिटर

पायरोटैक्नीक एल्यूमिनियम पाउडर

बेरियम नाईट्रेट

लकड़ी का कोयला

पोटासियम क्लोराइड

रैड फार–फोरस

गोंद

डैक्सट्रिन

स्ट्रोंटिसम नाइट्रेट

मैग्नीशियम पाउडर

कॉपर कोटिड तार

स्टीलफिलिंग या लोहा फिलिंग

जस्ती लोहो की तार

गन पाउडर (ब्लैक पाउडर)

(ख) ''दियासलाई कार्य'' से अभिप्राय है, कोई प्रतिष्ठान जो खण्ड (क) में वर्णित रसायनों के प्रयोग से सुरक्षा दिया सलाई या रंग दिया सलाई विनिर्मित करते हैं;

(ग) ''श्वसन उपकरण'' से अभिप्राय है, आवश्यक संयोजन जिसके द्वारा व्यक्ति साधारण वायु में विषाक्त श्वासावरोध या उत्तेजक वातावरण श्वास या इस निमित्त मुख्य निरीक्षक एवं सुविधा उपकरण सहित मुंह या नाक को ढकने की युक्ति;

3. **भवन.**–(क) किसी अग्नि कार्य कारखाने या दिया सलाई कारखाने का भवन विस्फोटक अधिनियम, 1884 (1884 का केन्द्रीय अधिनियम 4) के अधीन विहित मानकों के अनुरूप होगा तथा ऐसे भवन की ऊंचाई किसी भी समय तीस मीटर से कम नहीं होगी।

(ख) किसी अग्निकार्य कारखाने के भीतर किसी भवन में किसी समय प्रथम मंजिल नहीं होगी।

(ग) प्रथम मंजिल वाले दिया सलाई कारखानों में प्रथम मंजिल मं नियोजित व्यक्तियों की संख्या को ध्यान में रखे बिना भूतल तक प्रथम मंजिल की ओर जाने के लिए दो सीढ़ीयां होंगी तथा एक सीढ़ी अज्वलनशील सामग्री के चिनाई निर्माण की होगी।

(घ) सभी दरवाजे बाहर की ओर खुलेंगे तथा सभी प्रवेशमार्ग बाधाओं से मुक्त रखे जाएंगे।

(ङ) कार्य कमरों के सभी दरवाजे चौड़ाई में 1.2 मीटर या ऊंचाई में 2 मीटर से कम नहीं होंगे।

(च) मिश्रण शेड सहित सभी कार्य कक्ष की मंजिल चिकनी सतह वाले रबड़ शीट से तथा कम से कम 3 मिलीमीटर की मोटाई से पूर्णतया ढके हुए होंगे। यदि मंजिल एकल रबड़ शीट से ढका नहीं जा सकता है, तो एक से अधिक शीट का उपयोग किया जा सकता है ताकि प्रत्येक शीट दूसरे से कम से कम 150 मिलीमीटर तक परस्पर व्याप्त करती हो; तथा

(छ) मिश्रण शैड सभी अन्य शैडों से 30.5 मीटर दूर होंगे तथा मिश्रण शेड के प्रत्येक विकास की सामने की दीवारे रोक से पृथक की जाएंगी।

4. **गृह–व्यवस्था.**–(क) रास्ते, कार्य, मशीनरी तथा संयन्त्र का प्रत्येक भाग साफ तथा सुव्यवस्थित रखा जाएगा;

(ख) सामग्री का कोई बिखराव बिना देरी के साफ किया जाएगा;

(ग) बन्द प्लेटफार्म, रासते तथा गलीयारे अस्थाई बाधाओं से मुक्त रखे जाएंगे।

5. **विद्युत उपकरण.**–(क) यदि किसी समय विद्युत का प्रयोग कारखाने में अनुज्ञात किया जाता है, तो सभी तारों आदि को ज्वालारोधी संयोजन नालियों मे होंगे।

(ख) विद्युत आपूर्ति कभी भी गैर संचरलन हैण्डल सहित लेम्प के माध्यम से नहीं की जाएगी।

6. **सुरक्षात्मक कपड़े.**–(क) किन्हीं भी परिस्थितियों के अधीन कृत्रिम फाईबर जैसे कि टैरेलिन आदि को बने हुए कपड़े कारखाने के भीतर अनुज्ञात नहीं किए जाएंगे।

(ख) सभी कर्मकारों को छाती, यौनग्रन्थि तथा जांघ को विशेष रूप से ढकने के लिए अदह एप्रन प्रदान किए जाएंगे।

(ग) अप्रिय प्रतिक्रिया की घटना में विषाक्त धुएं का सांस खीचने से कर्मकारों को बचाने के लिए मिश्रण शैडों में श्वसन उपकरण प्रयोग किए जाएंगे।

(घ) ऐसे मिश्रण शैडों में जहां एल्यूमिनियम तथा मैगनेशियम पाउडर ''एन्टीसटैट'' का प्रयोग किया जाता है, तो कोमबाट स्टैटिक विद्युत जूते प्रदान किए जाएंगे।

(ङ) सभी सुरक्षात्मक उपकरण दक्ष, स्वच्छ तथा स्वच्छ स्थिति में अनुरक्षित किए जाएंगे।

7. **दियासलाई कारखाने.**–(i) मुख्य संघटन के अवशेष किसी भी रूप में घर्षण संघटन के अवशेष के साथ नहीं मिलाए जाएंगे।

(ii) दो मिश्रण विभागों वाले कमरों में निम्नलिखित शामिल होंगे, अर्थात्:–

(क) मुख्य संघटन; तथा

(ख) घर्षण संघटन; सम्पूर्ण रूप से एक दूसरे से अलग किए जाएंगे तथा इन दानों नियमों से निष्कासन पूर्ण रूप से अलग रखे जाएंगे;

(iii) मुख्य संघटन तथा घर्षण संघटन को रालदार युक्त कूड़ा–करकट अलग से रखे जाएंगे तथा जलाए जाएंगे;

(iv) विभाग जिसमें सम्पूर्ण की गई दिया सलाई (शीर्ष सहित दिया सलाई) भण्डार की जाती है अग्नि विरोधी दीवारों तथा अग्नि की दशा से बचने के पर्याप्त साधन मुहैया कराने के लिए दरवाजों के द्वारा सभी अन्य विभागों से अलग किए जाएंगे।

(v) दिन के विनिर्माण के लिए अपेक्षित मात्रा की अधिकता में स्प्लिंटस, पोशिश और अन्य सामग्री कारखाने के अलग कक्ष में रखी जाएगी, जहां कोई विनिर्माण प्रक्रिया नहीं की जाती है। कोई भी विनिर्माण सामग्री भण्डारण गोदामों में के सिवाएं निर्माण के बाद पांच दिन से अधिक के लिए कारखाना अहाते में कहीं भी भण्डार नहीं की जाएगी :

परन्तु इस खण्ड की कोई भी बात, स्प्लिंटस तथा पोशिश को लागू नहीं होगी यदि पिलिंग और डिब्बा बनाने वाले विभाग में भण्डार की जाती है।

(vi) दियासलाई के लिए भण्डार कक्ष निर्माण के लिए प्रयुक्त भवन से अग्नि निरोधी दीवारों द्वारा सम्पूर्ण रूप से अलग किए जाएंगे।

(vii) डिप्ड स्प्लिंट कक्ष में रैंक बगली सिरे के होगे तथा पिछला भाग अज्वलनशील सामग्री का होगा।

(viii) पेंकिग की प्रक्रिया निरीक्षक की सन्तुष्टि के लिए निर्माण के स्थान से दूर के क्षेत्र में की जाएगी ; तथा

(ix) दियासलाई तिलियों के अन्तिम निर्माण तक की निर्माण प्रक्रिया के सम्बन्ध में कोई भी बालक प्रत्यक्ष रूप से नियोजित नहीं किया जाएगा या काम करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

8. **पटाखों आदि में फ्यूज के निर्माण के सम्बन्ध में बरती जाने वाली सावधानियां.**–(क) फ्यूज के बन्डल वहन करके सम्भाले जाएंगे तथा न कि फर्श पर उन्हें घसीटने से;

(ख) लपेटन के बाद फ्यूज को सुखाने की कारवाई कार्य कक्ष से दूर प्लेटफार्म पर की जाएगी।

(ग) कटिंग केवल इस प्रयोजन के लिए नियोजित अनुभवी कर्मकारों द्वारा तथा उचित पर्यवेक्षण के अधीन की जाएगी।

(घ) कटिंग तारपोलिन से ढके बड़े चिनाई प्लेटफार्म पर की जाएगी तथा कंकड़ी तथा पबलर (रोड़ो) से मुक्त रखी जाएगी।

(ङ) कटिंग ऊपर उठे हुए प्लेटफार्म पर की जाएगी ताकि कर्मकार खड़े होकर कोई कार्य कर सके, कटिंग लकड़ी के ब्लाक पर रखे लकड़ी के स्लीपर पर फ्यूज को रखकर की जा सके। लकड़ी के रीपर के नीचे ईंटों का प्रयोग नहीं किया जाएगा।

(च) कर्मकार खतरनाक कार्य के समय फेरस या स्टील बटन, बकल या संलग्नक से सीले हुए कपड़े नहीं पहनेंगे। वे अपने साथ अपने व्यक्ति, लोहे के चाकू, चाबी आदि नही ले जाएंगे।

9. **गर्भवर्ती महीला तथा बच्चों का नियोजन.**—गर्भवती महिलाएं तथा युवा व्यक्ति ऐसे संचालनों में जहां रसायन मिश्रित किए जाते हैं तथा जहां फ्यूज काटे जाते है; वाहं बच्चे नियोजित नहीं किए जाएंगे या उससे सम्बन्धित किसी कार्य संचालन की निर्माण प्रक्रिया में या अग्नि कार्य कारखानें में उससे अनुबंगिक में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

10. **साधारण.**—(क) कारखाना कर्मकार से अन्यथा कोई व्यक्ति तथा/या निरीक्षण अधिकारी या निर्माण प्रक्रिया से सम्बन्धित अन्य कार्य क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए अनुज्ञात नहीं किए जाएंगे।

(ख) स्टील कीलो के बिना कार्ड बोर्ड कन्टेनर तथा ट्रे भण्डारण तथा दिन प्रति दिन के कार्य प्रयोजनों के लिए प्रयोग की जाएगी।

(ग) फ्यूज के निर्माण के दौरान केवल पीतल या अलोह चाकू का प्रयोग किया जाएगा तथा फ्यूज को सुखाना सभी कार्यकक्षों से दूर होगा।

(घ) कार्य कक्ष के बाहर तथा सभी सुखाने के प्लेटफार्म के निकट तथा जहां फ्यूज काटे जाते है कर्मकारों को अपने पैर साफ करने के लिए डोर—मैट मुहैया कराए जाएंगे।

(ङ) किसी भी समय, मिश्रण सामग्री केवल आधे घण्टे के कार्य के लिए मिश्रण का निर्माण करने हेतु अपेक्षित सामग्री की मात्रा से अधिक नहीं होगी।

(च) पटाखों की अन्दूरनी टयूब में रसायन भरने के लिए केवल एलूमिनियम या प्लास्टिक रिंगों का प्रयोग किया जाएगा तथा न कि जस्तेदार लोहे के रिगों का प्रयोग किया जाएगा।

(छ) लोहे की बनी बाल्टी, कन्टेनर, छल्ले, ताले, कीलें, स्क्रू, बोल्ट, नट, चाकू, कैंची इत्यादि का कारखाना परिसरों में प्रयोग नहीं किया जाएगा।

(ज) प्रक्रिया कारखाने में लोहे की कीलों के बिना लकड़ी के रैकों का ड्राईग पेपर कैप शीट के लिए प्रयोग किया जाएगा।

(झ) ड्राईंग पेपर कैप शीट के लिए प्रयुक्त लकड़ी के रैंक सामने के भाग को खुला छोड़कर तीनों तरफ से एस्वेस्टोस या अन्य अग्नि विरोधी सहित मुहैया कराए जाएंगे।

(ञ) ड्राईग पेपर कैप शीट चार खानों (विभाजन) की लकड़ी की ट्रे में ले जाई जाएंगी, प्रत्येक खाने (विभाजन) में एक शीट ले जाई जाएगी।

(ट) अग्नि कार्य के प्रत्येक निर्माण शैड में आमने—सामने कम से कम दो दरवाजे होंगे। निकटवर्ती पंक्ति के कार्य शैड में दिया गया दरवाजा एक दूसरे के सामने नहीं होगा।

(ठ) किसी एक भवन में किसी एक समय में चार व्यक्तियों से अनिधक व्यक्ति नियोजित या अनुज्ञात नहीं किए जाएंगे जिसमें विस्फोटक का निर्माण किया जा रहा है।

11. **नोटिस का प्रदर्शन.**—अधिकांश कर्मकारों द्वारा समझने वाली स्थानीय भाग में निम्नलिखित नोटिस कारखाने के विशेष स्थान पर प्रदर्शित किए जाएंगेः—

(क) धूम्रपान पूर्ण रूप से निषिद्ध है ;

(ख) कोई भी व्यक्ति कारखाने में दियासलाई या अन्य ज्वलनशील सामग्री नहीं ले जाएगा;

(ग) कोई कर्मकार कार्यकक्ष या क्षेत्र जहां उसको कार्य दिया गया है में नहीं रहेगा;

(घ) यदि किसी शैड में कोई अप्रिय घटना घटती है, तो सभी कर्मकार गेट की ओर दोड़ेंगे जो कि कारखाने से बाहर निकलने का द्वार है तथा किन्हीं भी परिस्थितियों में जिज्ञासु नहीं देखेगे कि शैड में क्या घटित हुआ है;

(ङ) सामग्री का कोई बिखराव बिना किसी देरी के साफ किया जाना चाहिए;

(च) कृत्रिम फाईबर जैसे कि टेरिन, टेरिलिन आदि के बने हुए अनुलग्नकं पहनना निषेध है। फेरस या स्टील बटन या बकल या संलग्नक सहित सिले हुए कपड़े नहीं पहनने चाहिए;

(छ) लोहे की कीलों वाले जूते प्रयोग नहीं करने चाहिए;

(ज) कार्यकारों को अपने साथ लोहे के चाकू तथा लोहे की चाबियां आदि नहीं ले जानी चाहिए।

12. **प्रथम उपचार बाक्स.**—(क) इस अनुसूची के उप नियम (5) के अधीन अपेक्षित सामग्री प्रथम उपचार बाक्स में रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त, परिसरों में नियोजित प्रत्येक बीस व्यक्तियों के लिए चार स्ट्रैचर उपलब्ध होंगे;

(ख) जलने की मरहम–पट्टी की पर्याप्त मात्रा तथा 24 औंस नारियल का तेल प्रयोग किया जाना है यदि जलने के लिए प्रथम उपचार के रूप में प्रयोग उपचार बाक्स में रखा जाएगा;

(ग) व्यक्ति जो प्रथम उपचार बाक्स प्रभारी है, ऐसे होंगे जिनके पास प्रथम उपचार देने के लिए सैंट जोहन एम्बूलैन्स एसोसिएटिड द्वारा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है।

13. छूट.–यदि किसी कारखाने के संबंध में मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की संतुष्ट हो जाती है कि विशेष शर्तों या कार्य की विशेष पद्धति के कारण या प्रक्रिया की आवृति के कारण या किसी अन्य कारण से कारखाने या प्रक्रिया में अनुसूची के सभी या कोई उपबन्ध ऐसे कारखाने या प्रक्रिया में नियोजित व्यक्तियों के लिए आवश्यक है, तो वे लिखित आदेश द्वारा, जिसे ऐसे कारखाने, या कारखाने या प्रक्रिया के किसी भाग की सभी या ऐसे किसी उपबन्ध से ऐसी शर्तों के अध्यधीन रहते हुए जो कर्मकार की सुरक्षा तथा स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए उचित समझे, छूट प्रदान कर सकेगा। मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता ऐसे आदेश बिना कोई कारण दिए अपने विवेक से किसी भी समय रद्द कर सकता है।

अनुसूची–XXVIII

कारखानों में भट्टी (ओवन) तथा शुष्कक का उपयोग

1. **लागूकरण.**–यह अनुसूची किसी प्रतिष्ठान की प्रयोगशालाओं तथा रसोई में प्रयुक्त तथा वे जिनकी क्षमता 325 लीटर से कम है के सिवाए भट्टों तथा शुष्कक पर लागू होगी।

2. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए ''भट्टो या शुष्कक'' से अभिप्राय है, किसी बन्द संरचना, पात्र, डिब्बे या बाक्स जो कमरे के स्थल जिसमें भट्टी या शुष्कक स्थित है में वायु के पर्यवेक्षी तापमान से उच्चतर तापमान पर किसी वस्तु या पदार्थ को पकाने, सुखाने या अन्यथा प्रक्रिया के लिए प्रयुक्त किया जाता है तथा जिसमें वायु का ज्वलनशील या विस्फोटक मिश्रण तथा ज्वलनशील पदार्थ वस्तु या पदार्थ जिसे पकाया या सुखाया या अन्यथा उसमें प्रसंस्कृत के कारण बन्द संरचण, पात्र, डिब्बा या बाक्स या उसके भाग से विकसित होना सम्भाव्य है।

3. **पृथक विद्युत कनैक्शन.**–प्रत्येक भट्टी या शुष्कक को दी गई इलैक्ट्रोन विद्युत अलग स्विच सहित अलग सर्किट द्वारा मुहैया होगी।

4. **डिजाईन, निर्माण, जांच तथा परीक्षण.**–(1) प्रत्येक भट्टी या शुष्कक सही इंजीनियरिंग पद्धति पर उचित रूप से डिजाईन की जाएगी तथा अच्छे निर्माण, सही सामग्री तथा किसी पेटैन्ट त्रुटि से मुक्त पर्याप्त मजबूत होगी, यदि सही तरीके से इस्तेमाल किया जाए।

(2) कारखाने में भट्टी या शुष्कक को तब तक पहली बार प्रयोग में नहीं लाया जाएगा जब तक कि सक्षम व्यक्ति से परीक्षण किए जाने अपेक्षित हों इसके सभी भागों की सम्पूर्ण रूप से जांच नहीं करता जो प्रक्रिया के लिए परिचालन में सुरक्षा के लिए मुहैया आवश्यक सुरक्षित प्रणाली तथा नियन्त्रण जिसके लिए इसे प्रयोग किया जाना है तथा ऐसी जांच तथा परीक्षण का उस सक्षम व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र किया गया है तथा निरीक्षण के लिए उपलब्ध रखे गए हैं।

(3) भट्टी या शुष्कक के सभी भाग किसी परिवर्तन या मरम्मत के लिए गए है जिसे किसी डिजाइन की विशेषता को रूपान्तरण किया गया है, तब तक प्रयोग नहीं किया जाएगा जब तक खण्ड (ख) में वर्णित सम्पूर्ण जांच तथा परीक्षण सक्षम व्यक्ति द्वारा किया गया तथा उस सक्षम व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित ऐसी जांच तथा परीक्षण का प्रमाणपत्र प्राप्त किया गया है तथा निरीक्षण के लिए उपलब्ध रखा गया है।

5. **सुरक्षा, संवातन.**–(1) प्रत्येक भट्टी या शुष्कक सैन्ट्रीफुगल पंखे से संचालित एक या अधिक मोटर का प्रयोग करके सकारात्मक तथा कारगर सुरक्षा, संकलन प्रणाली सहित मुहैया होगी ताकि वायु के मिश्रण को तनू कह सके तथा ज्वलनशील पदार्थ जो भट्टी या शुष्कक में उत्पन्न हो सकता है तथा तनूकरण के सुरक्षित स्तर पर वायु में ज्वलनशील पदार्थ की सन्द्रता रखी जा सके।

(2) खण्ड (क) में निर्दिष्ट तनूकरण का सुरक्षित स्तर ऐसा होगा जो इसके निम्नतम विस्फोटक सीमा के 25 प्रतिशत से अनधिक की वायु में सम्बन्धित ज्वलनशील सामग्री की सान्द्रता को प्राप्त कर सके;

परन्तु सम्बन्धित ज्वलनशील पदार्थ की निम्नतम विस्फोटक सीमा के 50 प्रतिशत तक वायु में सान्द्रता का स्तर स्वचालित यन्त्र की स्थापना तथा अनुरक्षण के अध्यधीन बना रहना अनुमत किया जा सकता है तो:–

(क) किसी क्षण पर भट्टी या शुष्कक में विद्यमान वायु में ज्वलनशील पदार्थ की सान्द्रता निरन्तर रूप से दर्शाता है;

(ख) जब भट्टी या शुष्कक के किसी भाग में विद्यमान वायु में ज्वलनशील पदार्थ की सान्द्रता विस्फोटक सीमा के 50 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचता है, खतरे का संकेत करता है।

(ग) जब भट्टी या शुष्कक में विद्यमान वायु में ज्वलनशील पदार्थ की सान्द्रता निम्नतम विस्फोटक सीमा के 60 प्रतिशत के स्तर तक पहुंचता है, तो भट्टी या शुष्कक को तापन प्रणाली अपने आप बन्द होना भट्टी या शुष्कक में मुहैया है तथा दक्ष कार्य करने की स्थिति में अनुरक्षित है।

(घ) कोई भी भट्टी या शुष्कक इसकी सुरक्षित संवातन प्रणाली अदक्षता रीति में कार्य किए बिना संचालित नहीं किया जाएगा।

(ङ) कोई भी भट्टी या शुष्कक खण्ड (ख) में निर्दिष्ट से कम तनूकरण के स्तर से संचालित नहीं किया जाएगा।

(च) सुरक्षित संवातन प्रणाली की निकास नलिका की रचना इस प्रकार की जानी तथा रखनी चाहिए कि उनकी निर्वहन नालिका वायु तथा ज्वलनशील पदार्थ के मिश्रण को कार्य कक्ष से दूर निर्वहन करे तथा न कि खिड़की या दरवाजों या अन्य छेद जहां से मिश्रण कार्य कक्ष में पुनः प्रवेश कर सके।

(छ) सुरक्षित संवातन प्रणाली के द्वारा भट्टी या शुष्कक में प्रवेश ताजी वायु संचारी पंखों या भट्टी या शुष्कक के सभी भागों के माध्यम से पंखों द्वारा पर्याप्त रूप से परिचालित की जाएगी ताकि यह

सुनिश्चित किया जा सके कि यहां कोई स्थान है, जहां से ज्वलनशील पदार्थ किसी खतरनाक डिग्री तक हवाई गर्त बनकर वायु में संचित हो सके।

(ज) किसी सुरक्षित संवातन प्रणाली में उपरोधी डंम्बपर, डम्पर के भाग या अन्यथा से दूर काटते हुए रचना इस प्रकार करनी चाहिए कि प्रणाली सुरक्षा के लिए अपेक्षित कम से कम न्यूनतम संवातन पर कार्य करेगी जब वे अपने अधिकतम उपरोधी स्थिति में सेट हों।

6. **विस्फोटक पैनल.**—(1) कम से कम आधा घन मीटर के कुल अन्दरूनी स्थल वाले प्रत्येक भट्टी या शुष्कक में उपयुक्त रूप से डिजाइन विस्फोटन पैनल मुहैया कराए जाएंगे ताकि विस्फोटन निकाय के माध्यम से भट्टी या शुष्कक के भीतर किसी सम्भव विस्फोटन के दबाव को जारी करना अनुज्ञात कर सके। किसी पहुंच दरवाजे के छेद का क्षेत्र जो विस्फोटन के मामले में उन्हें जारी करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था सहित मुहैया हो, भट्टी या शुष्कक की मात्रा के प्रत्येक सी.यू.एम. के लिए 2200 वर्ग सेंटीमीटर से कम नहीं होगा। उपरोक्त कथित अनुसार विस्फोटन पैनल तथा दरवाजे का डिजाइन ऐसा होगा जो 0.25 किलोग्राम/वर्ग सेंटीमीटर के भीतरी दबाव के अधीन उन्हें पूर्ण रूप से जारी करना सुरक्षित कर सके।

(2) विस्फोटन नियुक्त करने के लिए पैनल जहां तक व्यवहार्य हो, भट्टी या शुष्कक की छत पर या दीवारों के उन हिस्सों पर स्थित होगा जहां भट्टी या शुष्कक के संचालन के सम्बन्ध में व्यक्ति नहीं रहते हों।

7. **इन्टरलाकिंग व्यवस्था.**—प्रत्येक भट्टी या शुष्कक में इन्टरलाकिंग व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी तथा यह सुनिश्चित करने के लिए अनुरक्षित की जाएगी कि—

(क) सभी संवातन पंखे तथा परिचालन पंखे जिनकी असफलता बहाव पद्धति की संवातन दर पर प्रतिकूल रूप से प्रभाव डालती है, किसी यान्त्रिक वाहक से पूर्व संचालन में है जो संचालन में भट्टी या शुष्कक ईनपुट में प्रसंस्कृत की जाने वाली वस्तु या पदार्थ की फिडिंग के लिए मुहैया हो सके।

(ख) किसी संवातन या परिचालन की असफलता खण्ड (क) में यथा निर्दिष्ट किसी वाहक को अपने आप रोकेगा इस प्रकार वाल्व को बन्द करने तथा गैस या तेल से जलने वाली भट्टी के मामले में ज्वलन बन्द करने तथा विद्युत रूप से गर्म भट्टी के मामले में हिटर को विद्युत आपूर्ति बन्द करने से आपूर्ति तथा धुल का संचरण करेगा।

(ग) पूर्वोक्त यान्त्रिक वाहक कथित बन्द वाल्व को अर्जित करने से पूर्व सेट चालू हो गया है।

(घ) पूर्वोक्त वाहक की असफलता गैस, तेल या भाप द्वारा हिटिड भट्टी तथा शुष्कक के मामले में कथित बन्द वाल्व अपने आप बन्द हो जाएगा तथा विद्युत रूप से हिटिड भट्टी की अग्नि परीक्षा के मामले में ज्वलन प्रणाली या विद्युत हिटर विच्छेद निष्क्रिय हो जाएगा।

8. **स्वचालित संवातन.**—तेल, गैस, भाप या विद्युत द्वारा हिटिड प्रत्येक भट्टी या शुष्कक सुरक्षित संवातन पंखों तथा परिचालन पंखों के संचालन से ताजी वायु सहित कम से कम तीन वाल्यूम परिवर्तनों को मिलाकर स्वचालित संवातन के लिए दक्ष व्यवस्था मुहैया करेगा ताकि हिटिंग प्रणाली से पूर्व वायु तथा ज्वलनशील पदार्थ के किसी मिश्रण का भट्टी या शुष्कक को साफ कर सके तथा उसे सक्रिय कर सके तथा वाहक से पूर्व उसे स्थिति में रख सके।

9. **तापमान नियन्त्रण.**—प्रत्येक भट्टी या शुष्कक यह सुनिश्चित करने के लिए स्वचालित व्यवस्था का प्रबन्ध किया जाएगा कि तापमान जो की जा रही विशेष प्रक्रिया के सम्बन्ध में अपेक्षित अधिकतम तापमान से अधिक न हो।

10. **बहु स्तर प्रक्रिया.**—जब कभी सामग्री भट्टी या शुष्कक में प्रसंस्कृत की जानी है निरन्तर परिचालन में उपयुक्त व्यवस्था यह सुनिश्चित करने के लिए मुहैया करवानी चाहिए कि प्रत्येक स्तर पर सुरक्षित परिचालन के लिए आवश्यक तापमान का संचालन डिजाइन सीमा में रखा जाएगा।

11. **ज्वलनशील पदार्थों का विद्युत हीटर या बरनर ज्वाला पर न टपकाना.**—तापन के लिए प्रयुक्त विद्युत हीटर या बरनर ज्वाला पर ज्वलनशील पदार्थ को टपकने से रोकने के लिए प्रत्येक भट्टी या शुष्कक में प्रभावी व्यवस्था मुहैया की जाएगी।

12. **नियत कालिक जांच, परीक्षण तथा अनुरक्षण.**—(क) प्रत्येक भट्टी या शुष्कक के सभी भाग उचित रूप से अनुरक्षित किए जाएंगे तथा अच्छी तरह से जांचे जाएंगे तथा अनुसूची में वर्णित विभिन्न नियन्त्रण तथा भट्टी या शुष्कक का कार्य इस निमित्त अधिभोगी या प्रबन्धक द्वारा प्राधिकृत जिम्मेवार व्यक्ति द्वारा जो ऐसा कार्य करने के लिए फिट है इसका सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए निरन्तर अन्तरालों पर परीक्षण करेगा जो अपने अनुभव तथा जानकारी से विस्फोटक के जोखिम के विरूद्ध आवश्यक सावधानी बरतेगा।

(ख) एक रजिस्टर रखा जाएगा जिसमें खण्ड (क) के अधीन समय–समय पर किए गए विभिन्न निरीक्षणों के ब्योरे दर्ज किए जाएंगे तथा प्रत्येक प्रविष्टि परीक्षण करने वाले व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित की जाएगी।

13. **चालक को प्रशिक्षण.**—किसी व्यक्ति को किसी भट्टी या शुष्कक के संचालन के सम्बन्ध में कोई कार्य तब तक नहीं सौंपा जाएगा जब तक उसके अपने 18 वर्ष पूरे नहीं कर लिए है तथा उचित रूप से प्रशिक्षित नहीं है।

14. **पॉलीमरजिंग मशीन.**—(क) मुद्रित फैबरिंग शुष्कक केनौं या गर्म फ्लू या अन्य वैसे ही प्रभावी साधन के माध्यम से उसे पॉलिमरजिंग मशीनों के माध्यम से गुजारना अनुज्ञात किया गया हो तो पूर्व उन्हें गुजारते हुए अच्छी तरह से सुखाया जाएगा।

(ख) पॉलिमरजिंग मशीन के इन्फ्रा रे हीटर काट दिए जाएंगे जब वे प्रिंट पर चल रहे हों।

अनुसूची – XXIX

जूट मिल में प्रयुक्त मशीनरी के सिवाए वस्त्र मशीनरी

1. **लागूकरण.**–यह अनुसूची केवल सिन्थैटिक फाईबर के निर्माण में लगाई गई कारखाने में मशीनरी को छोड़कर जूट वस्त्र से भिन्न वस्त्रों के निर्माण या प्रक्रिया में लगाई गइ कारखानों में मशीनरी को लागू होगी।

2. **परिभाषा.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए.–

(क) ''कलैण्डर'' से अभिप्राय है, वर्टिकल के तरफ फ्रेमों पर बांधेगा भारी रोलर का सेट तथा उनके बीच कपड़ा गुजरने की व्यवस्था जो दो से दस रोलरों या बोल हो सकते हैं जिसमें से कुछ तरल हो सकते है;

(ख) ''कार्ड'' से अभिप्राय है, विभिन्न आकार के सिलैण्डरों से बनी मशीन तथा इसमें फ्लैट, कार्ड से ढके हुए कपड़े तथा प्रत्येक के सम्बन्ध में सेट शामिल है ताकि फाईबर स्टैपल रूप में व्यक्तिगत संबंध में अलग हो सकते है;

(ग) ''कार्ड वस्त्र'' से अभिप्राय है, सामग्री जिससे सिलैण्डर की सतह, कार्ड के डोफर फ्लैट आदि ढके हुए है तथा इसमें या तो वस्त्र फैबरिक की बनी सामग्री की मोटी फाऊंडेशन शामिल है, जिसके द्वारा निकट रूप से रखे हुए बहुत महीन विशेष रूप से मोड़ तार या बन्धी हुई भारी कांटे तारों से गुजरते है;

(घ) ''कोम्बर'' से अभिप्राय है, कपास, ऊन आदि फाईबर को झाड़ने के लिए मशीन, जिसके अन्तिवार्य भाग नियमित अत्रालों पर फाईबर के किनारों को आगे फिडिंग करने की युक्ति है तथा कांटे या पिनों की व्यवस्था जो सही समय पर किनारे से गुजरती हो तथा जिसके द्वारा उलझे हुए फाईबर, लघु फाईबर तथा टुकड़े हटाए जाते हैं तथा लम्बा फाईबर (रेशा) समानान्तर बिछाए जाते है।

(ङ) ''कोम्ब्रिग मशीनरी'' से अभिप्राय है, मशीनरी का साधारण वर्गीकरण जिसमें कोम्बर, सिल्वर लैप मशीन, रिबन लैप मशीन तथा गिल बॉक्स शामिल हैं, किन्तु कार्ड को छोड़कर;

(च) ''सतत् ब्लीचिंग रेंज'' से अभिप्राय है, रज्जु या खुली–चौड़ाई रूप में वस्त्र की ब्लीचिंग के लिए प्रयुक्त मशीन;

व्याख्या.– 1) कपड़े को गीला करने के बाद, कपड़े को कास्टिक सोडे के घोल युक्त स्टेचूरेटर में से निचोड़ने की प्रक्रिया में गुजारा जाता है तथा फिर जे. बाक्स से जोड़ा जाता है। ए.बी. आकार की व्यवस्था जे बाक्स में पैक करने से पूर्व भांप सहित कपड़े को यूनिफार्म तथा रैपिड सेचूरेशन जे. बाक्स के अग्र भाग से संलग्न की जाती है; कपड़ा दूसरी बाजू के ऊपरी सिरे पर ''बी'' की प्रथम बाजू को एकल स्ट्राण्ड रज्जु रूप में गाईड रोल से गुजारा जाता है ताकि कपड़ा इस बिन्दु पर भांप सहित तेजी से शराबोर हो सके; जे. बाक्स क्षमता ऐसी हो कि कपड़ा मंजाई कार्रवाई पूरी होने के लिए पर्याप्त समय तक गर्म रहेगा; फिर इसी बीच में निचोड़ने की कार्रवाई सहित धुलाई श्रृंखला के माध्यम में गुजरता है; फिर कपड़ा सेचूरेटर जे. बाक्स तथा धावित्र के दूसरे सेट के माध्यम से गुजरता है जहां इसे पैरॉक्साइड घोल से उपचारित है जहां इसे किया जाता है।

व्याख्या.– (2) यूनिट के फार्म के हलके रूपान्तरण द्वारा, वही प्रक्रिया जो व्याख्या–1 में स्पष्ट की गई है खुले–चौड़े वस्त्र को लागू हो सकती है।

(छ) ''नक्काशी कलेन्डर'' से अभिप्राय है, दो या अधिक रोल सहित कलेण्डर, जिसमें से एक फैबरिक की विभिन्न किस्मों को फिगर प्रभाव उत्पन्न करने के लिए लगा है;

(ज) ''ग्रानेट मशीन'' से अभिप्राय है, प्रत्येक सम्पूरक कर्मकार तथा स्ट्रीनजर रोल तथा फैन्सी रोल तथा डोफर वाले एक या अधिक में लाकर को मिलाकर अनिवार्य रूप से ऊन, कपास, रेशम आदि की कठोर व्यावर्तित रद्दी को खोलने के लिए मशीनों की किस्म की कोई संख्या;

व्याख्या.– ऐसी मशीन की कार्रवाई कुछ ऐसी होती है जैसे कि ऊन कार्ड की होती है किन्तु यह विभिन्न रोलों में बहुत अधिक कठिन है जो कार्ड वस्त्र की बजाए ग्रानेट तार से ढकी हुई है।

(झ) ''गिल बाक्स'' से अभिप्राय है, निर्माण सूत का ऊनी कपड़ा में प्रयुक्त मशीन जो समानान्तर क्रम में इसको व्यवस्थित करने के लिए कार्य करती है तथा इसमें फीड रोल तथा फोलोवर की श्रृंखला का जोड़ा अनिवार्य रूप से शामिल है जहां फोलोवर तेज गति से सतह पर चलता है तथा संयुक्त कार्रवाई के रूप में कार्य करती है;

(ञ) ''चालू रोल'' से अभिप्राय है, रोल या ड्रम का कोई जोड़ा जिसके बीच में ''निप'' है;

(ट) ''इन्टर–लोकिंग प्रबन्ध'' से अभिप्राय है, कोई यन्त्र जो किसी मशीन के खतरनाक भाग या स्वयं मशीन के चालन में सेटिंग को रोकता है जब खतरे के विरूद्ध सुरक्षा के लिए मुहैया गार्ड, कवर या दरवाजें खुले हों या अनलाक्ड हो तथा जो गार्ड, कवर या दरवाजे को बन्द भी रखता है जब मशीन या उसका खतरनाक भाग चालन में हो;

(ठ) ''कियर'' से अभिप्राय है, साधारणतः दबाव किस्म का बड़ा धातू टंकी जिसमें फैबरिक उबाला, ब्लीचड आदि किया जाए;

(ड) ''करघा'' से अभिप्राय है, दाएं एंगल पर एक दूसरे को आर–पार करते हुए सूत की दो श्रृंखलाओं की इन्टरलाकिंग करने के लिए मशीन जिससे ताना तागा ताना बीम पर उलझ जाते है तथा सिरे रहित तथा रीड के माध्यम से गुजरता है तथा फिलिंग रोड तथा प्ले द्वारा स्थान पर शटल तथा सैटलड में आर–पार शाट करता है तथा फैबरिक कपड़े के बीम पर उलझ जाता है।

(ढ) ''स्लिपर'' से अभिप्राय है, सिरे स्टोक वाले कताई फ्रेम की किस्म तथा जो इसके दो मुख्य भागों के रूप में पारण करता है, सिर स्ट्रोक स्टेशनरी है तथा पारण जंगम है तथा यह तकली को चलाता है जो ड्राफ्ट तथा स्पीन की सूत में पूनी बनाता है तथा पूरी मशीन विस्तार करता है, कताई कार्रवाई के दौरान हैडस्टोक की ओर तथा दूर धीरे–धीरे चलता है;

(ण) ''मरकराईजिंग रेंज'' से अभिप्राय है, 3 वाऊल मंगल, टैन्टर फ्रेम, तथा धोने तथा मांजने के लिए बक्सों की संख्या उसका सम्पूर्ण सेट सीधी लाईन में है तथा सभी भाग लगातार चलते है;

टिप्पण.– सम्मिश्रण सोडियम हाईडोक्साईड सहित कपड़ा संतृप्त करने के लिए प्रयोग किया जाता है, संतृप्त करते समय इसे खींच लिया जाता है तथा तनन जारी करने से पूर्व अधिकांश कास्टिक धो दिया जाता है।

(त) ''निप'' से अभिप्राय है, रोल या ड्रम दोनों के बीच खतरा जोन, जो उनकी स्थिति तथा संचलन के कारण नियिंग खतर सृजित करता है;

(थ) ''ओपनर तथा पिकर'' से अभिप्राय है, मशीनरी का साधारण वर्गीकरण, जिसमें ब्रेकर पिकर, इन्टरमीडिएट पिकर, फिनिसर पिकर, एकल प्रक्रिया पिकर, विलो मशीन, कार्ड तथा पिकर रद्दी क्लीनर, धागा निष्कर्षक कतरन मशीन, रोईंग रद्दी ओपनर्स, सोडी पिकर, गांठ ब्रेकर, फिडर, वर्टिक्ल ओपनर, जालीस क्लीनर, होरिजैन्टल क्लीनर तथा आगे प्रक्रिया के लिए स्टाक की तैयारी के लिए प्रयुक्त सिलैण्डर, स्क्रीन अनुभाग कलैण्डर अनुभाग रोलर या बीटर सहित सुसज्जित कोई समरूप मशीनरी;

(द) ''पैडलर'' से अभिप्राय है, घोल तथा दो या अधिक निचोड़ रोल के लिए नाली जिसके बीच कपड़ा मोर्डेन्ट या डाई बाथ के माध्यम से गुजरने के बाद गुजरता है;

(ध) ''प्लेटिंग मशीन'' से अभिप्राय है, पश्चातवर्ती प्रक्रिया या प्रयोग की सुविधा के लिए नियमित लम्बाई की तह लगाने के लिए प्रयुक्त मशीन;

(न) ''रिबन लेपर'' से अभिप्राय है, कपास कोम्ब की फिडिंग के लिए लैपस तैयार करने में प्रयुक्त मशीन या मशीन का भाग जिसका प्रयोजन एकरूप लैपस मुहैया करना है जिसमें फाईबर को यथा सम्भव अधिक ठीक करना है;

(प) ''रोटरी स्टैपल कटर'' से अभिप्राय है, एक या एक से अधिक रोटरी ब्लेडर्स वाली मशीन का उपयोग कपड़ा फाइबर को स्टेपल लम्बाई में कटाने के उद्देश्य से किया जाता है;

(फ) ''रोलर प्रिंटिंग मशीन'' से अभिप्राय है, फैबरिक पर प्रिटिंग करने के लिए प्रयुक्त मशीन तथा जिसमें एक बड़ा केन्द्रीय सिलैण्डर या परिधि के निचले भाग के चारो और दाब बाऊल शामिल है जिसको उत्कीर्ण कोलोर रोलर (प्रत्येक कोलोर वाली नाली), फर्नीसर रोलर, डोक्टर ब्लेड इत्यादि की श्रृंखला में रखा जाता है;

(ब) ''सिल्वर लैपर'' से अभिप्राय है, मशीन या मशीन का कोई भाग जिसमें कई समानान्तर सिल्वर कार्ड की संख्या जरा सी बनाई जाती है, कम्पैक्ट शीट में पास–पास लगाई जाती है तथा सिलैण्डरों पैकेट में क्षति की जाती है;

(भ) ''रूखापन विकृत करना'' से अभिप्राय है, विकृत जिसे कपास सामान तथा साधारणतः दो बड़े रोल तथा विभिन्न प्रवाह रोल सहित शेलो खुला वैट होते है के रूखेपन के लिए विशेष रूप से प्रयोग किया जाता है;

(म) ''सनफोरीजिंग मशीन'' से अभिप्राय है, बड़ी भांप–तापित सिलैण्डर तथा अनन्त, मोटी ऊनी फैल्ट कम्बल वाली मशीन जो इसकी अधिकांश परिधि के लिए सिलैण्डर के साथ निकट तथा विद्युत रूप से तापित शू के सम्पर्क में है, जो कम्बल के विरूद्ध कपड़े पर दबाव डालती है जबकि बाद में खिंचाव की स्थिति में है जैसा कि यह फीड–ईन–रोल के चारो ओर मुड़ता है;

(य) ''शियरिंग मशीन'' से अभिप्राय है, शियरिंग कपड़े के लिए प्रयुक्त मशीन जिसमें कटाई कार्रवाई रोलर पर सपाट रूप से बांधे गए स्टील के ब्लेडों द्वारा की जाती है जो कि स्थिर किनारे पर लगे ब्लेड के निकट सम्पर्क में घूमता है;

(यक) ''सिन्जिंग मशीन'' से अभिप्राय है, मशीन जिसमें तापित रोलर, प्लेट या खुली गैस ज्वाला शामिल है जिसके द्वारा कपड़ा या सूत रोलर या प्लेट या खुली गैस जवाला के माध्यम से दहन द्वारा रोमिलता के रूआं दूर करने के लिए तेजी से गुजरता है;

(यख) ''स्लासर'' से अभिप्राय है, ताना सूत के मिश्रण आकार को लागू करने के लिए प्रयुक्त मशीन जिसमें साईज बाक्स बीम अनुभाग, एक या अधिक सिलैण्डरीकल शुष्कक या बन्द गर्म वायु शुष्कक तथा लूम बीम पर सूत लपेटने के लिए बीमिंग सिरा धारण करने के लिए स्टैण्ड शामिल है;

(यग) ''टैन्टर फ्रेम'' से अभिप्राय है, तनन में कपड़ा सुखाने के लिए मशीन जिसमें सूक्ष्म पिनों के क्लिपों से फिट की हुई अन्तहीन ट्रैवलिंग चेन तथा पटरी पर चलने वाला जोड़ा शामिल है तथा कपड़ा दो चैनों द्वारा किनारे पर मजबूत रूप से रखा जाता है जो विभिन्न दिशाओं में जाता है जैसा कि वे आगे चले ताकि कपड़े को वांछित चौड़ाई में लाया जा सके;

(यघ) ''वारपर'' से अभिप्राय है, फैबरिक के ताने, विशेष रूप से बीम वारपर के लिए आशयित धागा को तैयार करने तथा व्यवस्थित करने के लिए मशीन;

(यङ) ''जल मंगल'' से अभिप्राय है, विभिन्न फैबरिक को सुखाने या फिनिशिंग से पूर्व फैबरिक से जल निचोड़ने के लिए प्रयुक्त दो या अधिक रोलों वाले कलैण्डर।

3. साधारण सुरक्षा अपेक्षाएं.–

(1) प्रत्येक वस्त्र मशीन ऐसी मशीन को चलाने तथा बन्द करने के लिए व्यक्तिगत मैकेनिकल या इलैक्ट्रीकल साधान के साथ मुहैया करवाई जाएगी तथा बैल्ट से चलाई जाने वाली मशीनों पर बैल्ट शिफ्टर तथा शाफ्टिंग बैल्ट शिफटर लॉक या समकक्ष कृत्रिम लॉकिंग यन्त्र मुहैया कराना चाहिए।

(2) बन्द करने तथा शुरू करने के हैण्डल या अन्य नियन्त्रण ऐसे डिजाईन तथा इस प्रकार की स्थिति के होंगे जो कि मशीन के किसी चलते भाग या किसी अन्य भाग के विरूद्ध भिड़ने से चालक के हाथ या ऊंगलियों को रोका जा सके।

(3) मशीनरी की सभी बैल्ट, पुली, गियर, चैन, दाँता पहिया तथा अन्य खतरनाक चलने वाले भाग जो या तो मशीनरी का भाग रूप हैं या इसके संयोजन से प्रयुक्त किए जाते है; सुरक्षित रूप से नियन्त्रित किए जाएंगे।

4. ओपनर्स तथा पिकर.–(1) सभी संचालित या पिकर मशीनरी में:–

(i) बीटर तथा अन्य खतरनाक भाग गार्ड द्वारा सुरक्षित रूप से घेरे जाएंगे ताकि उनमें सम्पर्क को सेका जा सके; और

(ii) मशीनरी के किसी भी खतरनाक भाग में पहुंच प्रदान करने के लिए खुली जगह के गार्ड तथा दरवाजे या उद्घाटन के कवर इन्टर लॉकिंग व्यवस्था के साथ मुहैया करवाये जाएंगे ;

परन्तु बिटर कवरों से अन्यथा इन्टर–लाकिंग व्यवस्था की बजाए किसी खतरनाक भाग में पहुंच करने के लिए खुली जगह के दरवाजों या कवरों के मामले में, ऐसी खुली जगह गार्ड द्वारा इस प्रकार घेरी जाएगी जिससे किसी ऐसे खतरनाक भाग में पहुंच को रोका जा सके तथा जिसे या तो स्थान पर अवश्य हो ताला लगाकर रखा जाए या ऐसी रीति बिना हटाया न जा सके।

(2) सभी खुली और पिकिंग मशीनरी पर फीड रोल जब मशीनरी चालन में हो के समय निप तक पहुंचने से चालक को रोकने के लिए रोक ढांचा ढका जाएगा।

(3) लैप फोर्मिंग रोलर गार्ड या कवर के साथ फिट किया जाएगा जो लैप रोलर तथा फ्लुटेड रोलर के मुंह पर निप तक पहुंचने को तब तक रोकेगा जब तक भारित रैक नीचे है तथा गार्ड या कवर इस प्रकार बन्द नहीं किए जाएंगे कि मशीन बन्द होने तक वह उठ न सके, तथा मशीन को तब तक चालू नहीं किया जाएगा जब तक कि गार्ड का कवर बंद न हो जाए :

परन्तु पूर्वगामी उपबन्ध स्वचालित लैप फोर्मिंग यन्त्र से सुसज्जित मशीनो को लागू नहीं होगा:

परन्तु यह और कि स्वचालित लैप फोर्मिंग यन्त्र से सुसज्जित कोई ऐसी मशीन तब तक प्रयोग में नहीं लाई जाएगी जब तक स्वचालित लैप फोर्मिंग यन्त्र दक्ष कार्य करने की स्थिति में नहीं है।

5. कपास कार्ड.–(1) सभी सिलैण्डर दरवाजे इन्टर लाकिंग यन्त्र से सुरक्षित किए जाएंगे जो सिलैण्डर के घुमने से बन्द होने तक दरवाजे को खुलने से रोकेगा तथा दरवाजा बन्द होने तक मशीन को पुनः चालू करने के लिए उसे असम्भव करेगा:

परन्तु स्वचालित लाकिंग यन्त्र के सम्बन्ध में बाद की अपेक्षा जब स्ट्रिमिंग या ग्राईंन्डिंग प्रक्रिया की जा रही हो, लागू नहीं होगी;

परन्तु यह और कि स्ट्रिपिंग या ग्राईन्डिंग प्रक्रिया केवल टाईट फिटिंग के कपडे पहनने वाले विशेष रूप से केवल प्रशिक्षित व्यस्क व्यक्ति द्वारा की जाएगी।

(2) लिकर–ईन को नियन्त्रित किया जाएगा ताकि खतरनाक भागों तक पहुंच को रोका जा सके।

(3) प्रत्येक कार्ड ऐसी व्यवस्था के साथ सुसज्जित किया गया कि मशीन की तेज पुली की मुख्य बेल्ट को या तो बदले बिना या इन्टर–बाकिंग प्रक्रिया को गिराए बिना स्ट्रिपिंग या ग्राईन्डिंग प्रक्रिया के दौरान विद्युत द्वारा चलाए जाने वाले कार्ड सिलेण्डर को समर्थ बनाएगा तथा ऐसी व्यवस्था केवल स्ट्रिप या ग्राईडिंग प्रक्रिया के उपयोग के लिए की जाएगी।

6. गार्नेट मशीन.–(1) गार्नेट लिकर–ईन बन्द की जाएगी तथा गार्नेट फैन्सी मेल गार्ड द्वारा, बन्द किए जाएंगे तथा ऐसे रूप में स्थापित किए जाएंगे कि कीप कार्य रोल को हटाने या समायोजन के लिए उसे उचित रूप से सुगम बनाया जा सके।

(2) गार्नेट के नीचे की तरफ पहुंच को रोकने के लिए स्क्रीन मेस या घेरे के अन्य रूप से नियन्त्रित किया जाएगा।

7. गिल बाक्स.–(1) फीड नियन्त्रित किए जाएंगे ताकि इन्टरपैक्टंग फिलरों की पिन में फंसने से अंगुली को रोका जा सके।

(2) ईन–रनिंग रोल की सभी पिने निम्नलिखित विशिष्टियों के अनुरूप उपयुक्त निप गार्ड द्वारा नियन्त्रित की जाएंगीः–

कोई खुली जगह जहां गार्ड की अनुमति हो जब स्थिति में फिट की गई है, तो किसी निप बिन्दु से खुली जगह की दूरी किसी निप बिन्दु से उस खुली जगह के माध्यम से खुली जगह की अधिकतम चौड़ाई निम्न प्रकार से प्रतिबन्धित होगीः–

निप बिन्दु से खुली जगह की दूरी	खुली जगह की अधिकतम चौड़ाई
0 से 38 एम.एम.	6 एम.एम.
39 से 63 एम.एम.	10 एम.एम.
64 से 88 एम.एम.	13 एम.एम.
89 से 140 एम.एम.	15 एम.एम.
141 से 165 एम.एम.	19 एम.एम.
166 से 190 एम.एम.	22 एम.एम.
191 से 215 एम.एम.	32 एम.एम.

8. सिल्वर एड रीबन लैपर (काटन).–सिलैण्डर ड्रम तथा लैप पूल ईन–रनिंग रोल के बीच निप तक पहुंच को रोकने के लिए गार्ड सहित मुहैया कराया जाएगा।

9. स्पीड फ्रेम जैक बाक्स.–हैड स्टींक पर पहिए बैंड गार्ड होंगे तथा इन्टरलाकिंग व्यवस्था होनी चाहिए।

10. स्पीनिंग मयूल.–स्पीनिंग मयूल वाहन पर पहिए रेल के 6 एम एम के भीतर तक मजबूत पहियां गार्ड, विस्तार सहित मुहैया होंगे।

11. वारपर.–चूलछल्ले के डबल–बार द्वार कम से कम 410 मीटर से अधिक में चलने वाले सभी बारपर पर लगाए जाएंगे तथा ईंचिग या जोगिंग के प्रयोजन के सिवाए इन्टर लाकिंग व्यवस्था करनी होगीः

परन्तु द्वार का ऊपरी तथा निचली बार फर्श से या कार्य प्लेटफार्म से कम से कम 1.05 तथा 0.53 मीटर ऊंचा होगा तथा द्वार तीन हैड से सीधी टैन्गमैन्ट तक 38 एम एम तक बन्द किया जाएगा :

12. स्लैशर.–(1) **सिलैण्डर शुष्कक::**–(क) ईन–रनिंग रोल की सभी खुली पिनें खण्ड 7 में अपेक्षाओं के अनुरूप निप गार्ड द्वारा नियन्त्रित की जाएंगी।

(ख) जब स्लैशर नियन्त्रित लिवर द्वारा संचालित किए जाते हैं तो ये लिवर किसी भी बिन्दु से संचालन के नियन्त्रण के लिए फर्श से ऊपर 170 मि.मी. से अनधिक स्थित क्षैतिज बार या ट्रैडिल से जोड़ा जाएगा।

(ग) ऐसे तल नियन्त्रण द्वारा संचालित स्लैशर मशीन के प्रत्येक अन्तिम सिरे पर स्थित बन्द तथा शुरू करने के बटन तथा साईज बाक्स या डिलीवरी सिरे पर मशीन के दोनों तरफ पर स्थित अतिरिक्त बटन होंगे तथा यदि कलैण्डर रोल प्रयुक्त किए जाते हैं, तो अतिरिक्त बटन जब स्लेशर ऐसे खण्ड ख में बन्द शुष्कक से सुसज्जित हों, के सिवाए निप के निकट बिन्दु पर मशीन के दोनों तरफ पर मुहैया कराए जाएंगे।

(2) बन्द गर्म वायु शुष्ककः–

(क) ऊपरी निचोड़ने वाले रोलर की सभी खुली पिनों को खण्ड 7 के उप–खण्ड (2) में विनिर्दिष्ट अपेक्षा के अनुरूप निप गार्ड द्वारा सुरक्षित किया जाएगा।

(ख) जब स्लैशर्स नियन्त्रित लिवर द्वारा संचालित किए जाते है, तो ये लिवर किसी बिन्दु से संचालन के नियन्त्रण के लिए फर्श से ऊपर 170 सै.मी. से अनधिक स्थित क्षैतिज बार या ट्रैडिल से जोड़ा जाएगा।

(ग) पुश बटन नियन्त्रण द्वारा संचालित स्लैशर्स मशीन के प्रत्येक सिरे पर स्थित बन्द तथा शुरू बटन होंगे और मशीन के दोनों किनारों पर स्थित अतिरिक्त बन्द तथा शुरू बंटन केन्द्र पर 1.83 मीटर से अनधिक स्थल अन्तरालों पर होंगे।

13. करघा.–

(क) प्रत्येक करघा फ्लाईंग शटल से खतरे को कम करने के लिए उपयुक्त गार्ड डिजाइन (ढांचे) से सुसज्जित होगा।

(ख) बीम में तनन के लिए बीम भार ऐसे निर्माण के होंगे ताकि इसे इसके समयोजन के दौरान गिरने से रोका जा सके।

14. कियर, टैंक तथा अन्य पात्रों के वाल्व.–(क) कियर या किसी अन्य टैंक या पात्र जिसमें व्यक्ति का प्रक्रिया संचालन, अनुरक्षण या किसी अन्य प्रयोजन के लिए प्रवेश करना सम्भाव्य है, में भांप, हानिकर गैस या तरल को प्रवाहित होने को नियन्त्रित करने वाला प्रत्येक वाल्व उचित ताले के साथ मुहैया कराया जाएगा वाल्व सुरक्षित रूप से बन्द स्थिति में होगा तथा कियर टैंक या पात्र में प्रवेश करने से पूर्व चाबी अपने पास रखेगा।

(ख) जहां कहीं स्वथन (वायलिंग) टैंक, कास्टिक टैंक तथा कोई अन्य पात्र जिसमें तरल जो कि गर्म, क्षयकारी या विषाक्त हैं, ओवरफलो या उछल सकते हैं इस प्रकार स्थित हैं कि संचालक फर्श या कार्य क्षेत्र से विषय–वस्तु को देख नहीं सकता, तो आयातिक बन्दी वाल्व जो उछलने के खतरे के अध्यधीन नहीं हैं, के बिन्दु से नियन्त्रित किया जा सकता है, खतरे को रोकने के लिए मुहैया कराया जाएगा।

15. शियरिंग मशीन.–शियरिंग मशीन पर सभी घुमने वाले ब्लेड नियन्त्रित किए जाएंगे ताकि कपड़े की सतह तथा गार्ड का तल के बीच खुला स्थान 10 मि.मि. से अधिक नहीं होगा।

16. सत्त ब्लीचिंग रेंज (काटन तथा रेयॉन).–खुली–चौड़ी ब्लीचिंग मशीन रोल पर सभी ईन–रनिंग रोल में श्रमिक को निप पकड़ने से रोकने के लिए गार्ड से संरक्षित किया जाएगा तथा गार्ड निप की सम्पूर्ण लम्बाई में विस्तारित किया जाएगा।

17. मर्सराइजिंग (माल के टुकड़े).–

(1) मशीन के प्रत्येक सिरे पर बन्द करने का यन्त्र मुहैया कराया जाएगा।

(2) ईन–रनिंग चैन तथा क्लिप ओपनर के बीच फ्रेम के प्रत्येक सिरे पर गार्ड मुहैया कराया जाएगा।

(3) मंगल तथा धावक के ईन–रनिंग रोल के लिए निप गार्ड मुहैया कराया जाएगा तथा गार्ड खण्ड 7 के उप–खण्ड (2) में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुरूप होगा।

18. टैन्टर फ्रेमः–

(1) मशीन के प्रत्येक सिरे पर एक बन्द करने का यन्त्र लगाया जाएगा।

(2) ईन–रनिंग चैन तथा क्लिप ओपनर पर मशीन के फ्रेम के प्रत्येक सिरे पर एक गार्ड मुहैया कराया जाएगा।

19. पैडलर.– खण्ड 7 के उप खण्ड (2) में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुरूप उपयुक्त निप गार्ड सभी खतरनाक ईन–रनिंग रोल को मुहैया कराये जाएंगे।

20. सैन्ट्रीफुंगल निष्कर्षक.–

(1) प्रत्येक निष्कर्षक वास्केट के लिए गार्ड के साथ लगाया जाएगा तथा गार्ड पर इन्टरलाकिंग व्यवस्था करनी होगी।

(2) प्रत्येक निष्कर्षक बास्केट को शीघ्रता से रोकने के लिए यान्त्रिक रूप से या विधुत रूप से संचालित ब्रेक से सुसज्जित किया जाएगा जब विद्युत से चलने वाली बास्केट बन्द करनी हो।

21. निचोड़ मशीन निष्कर्षक, जल मंगल, स्टार्च मंगल, बैंक वाशर (ऊनी सूत) क्रैबिंग मशीन तथा विस्तारण मशीन .–सभी ईन–रनिंग रोल खण्ड 7 के उपखण्ड (2) में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुरूप निप गार्ड से नियन्त्रित किए जाएंगे।

22. सेनफो राईजिंग तथा पाल्मार मशीन.–(i) सभी सुलभ ईन–रनिंग रोल पर निप गार्ड मुहैया कराया जाएगा तथा ये खण्ड 7 के उपखण्ड (2) में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुरूप होंगे।

(ii) रनिंग रोल के निप की ओर से पहुंच को उपयुक्त साइड गार्ड द्वारा घेरी जानी चाहिए।

(iii) सुरक्षा ट्रिप राड, केबल या तार केन्द्र कोर्ड सिलैण्डर के सामने की लम्बाई तक विस्तार करके सभी पाल्मर सिलैण्डरो के आगे तथा पीछे आरपार मुहैया कराया जांएगे; जो दबाने या खीचने से सहज ही चल सके तथा सुरक्षा ट्रिप 170 सेंटीमीटर से अधिक नहीं होगी। उपरोक्त स्तर जिस पर संचालन खड़ा होगा सहज ही सुलभ होगा।

23. रज्जु वाशर.–(1) सभी रज्जु वाशरों में स्प्लैश गार्ड लगाए जाएंगे जब तक कि मशीन को इस प्रकार से डिजाइन नहीं किया जाता कि चालक, फर्श, या कार्य सतह यह जल या तरल के बिखरने से रोका जा सके।

(2) सुरक्षा ट्रिप रॉड, केवल या तार केन्द्र कॉर्ड सिलैण्डर के सामने की लम्बाई तक विस्तार करके सभी रज्जु वाशर के आगे तथा पिछे आर पार मुहैया कराया जाएगे; जो दबाने या खोचने से सहज ही चल सके तथा सुरक्षा ट्रिप 170 सेंटीमीटर से अधिक नहीं होगी। उपरोक्त स्तर जिस पर संचालन खड़ा होगा सहज ही सुलभ होगा।

24. लॉन्ड्री धावक गिलास या शेकर.–(1) प्रत्येक शुष्कक गिलास, प्रत्येक डबल सिलैण्डर शंकर या कपड़ा गिलास तथा प्रत्येक धावक मशीन इन्टरलाकिंग व्यवस्था से सुसज्जित की जाएगी जो सिलैण्डर के भीतर का विद्युत संचालन को रोकेगा जब

मामले का बाहरी दरवाजा खोला जाएगा/जाता है तथा जो मामले में बाहरी दरवाजे को भी रोकेगा या विद्युत बन्द किए बिना खुलने से रोकेगा तथा सिलैण्डर बन्द हो जाएगा किन्तु जिसे हाथ से संचालित यन्त्र या ईन्चिंग यन्त्र के साधन से भीतरी–सिलैण्डर को चलने से नहीं रोकना चाहिए।

(2) प्रत्येक बन्द बैरल शैल के भीतरी तथा बाहरी सिलैण्डरों के दरवाजों या कवरों को खोलने के लिए पर्याप्त साधनों से सुसज्जित भी किया जाएगा जब इसे भरा या खाली किया जा रहा है।

25. मुद्रण मशीन (रोलर किस्म).–

(1) सभी ईन–रनिंग रोल खण्ड 7 के उप खण्ड (2) में विनिर्दिष्ट अपेक्षाओं के अनुरूप निप गार्ड द्वारा नियंन्त्रित किए जाएंगे।

(2) उत्कीर्ण रोलर गियर तथा बड़ा क्राउन पहिया नियन्त्रित किया जाएगा।

26. कलैण्डर.–रोल के ईन रनिंग की ओर निप पर, निप की सम्पूर्ण लम्बाई के आर–पार विस्तारित करके गार्ड मुहैया कराया जाएगा तथा रोल के बीच में या गार्ड या रोल के बीच में कर्मकारों की अंगुलियों को खींचने से बचाने की व्यवस्था की जाएगी तथा इस प्रकार संक्षिप्त कर दी जाएगी कि कपड़ा रोल में कुशलपूर्वक भरा जा सके।

27. रोटरी स्टैपल कटर.–कटर कटिंग जोन में हाथों को पहुंचने से रोकने के लिए गार्ड से संरक्षित किया जाएगा।

28. प्लेटिंग मशीन.–चाकू तथा कार्ड बार के बीच फन्दे तक पहुंच को गार्ड से रोका जाएगा।

29. हस्त बेलिंग मशीन.–मशीन के फ्रेम के दाहिने कोण पर लोहे की एंगल का हैण्डल–स्टाप गार्ड लगाया जाएगा, जिसका स्टाप गार्ड इस प्रकार से डिजाईन किया जाएगा तथा इस प्रकार स्थित किया जाएगा कि यह सीधी स्थिति से बाहर चलने से हैण्डल को रोकेगा, चालक के हाथ से हैण्डल गिर जाना चाहिए जब कुत्ता जकड़ने के दांत से मुक्त कर दिया गया है।

30. फ्लैट कार्य आयरनर.–प्रत्येक फ्लैट–कार्य या कोलर आयरन सुरक्षा से सुसज्जित किया जाएगा या फीड या प्रथम दाब रोलर से पूर्ण रूप से आर पार अन्य गार्ड इस प्रकार से व्यवस्थित किए जाएंगे कि चालक या अन्य व्यक्ति के हाथ से बार या गार्ड पर प्रहार मशीन को रोक देगा। गार्ड ऐसा होगा कि चालक या अन्य व्यक्ति गार्ड को हटाए बिना रोल में नहीं पहुंच सके। यह या तो सभी और से सीधे गार्ड या सम्पूर्ण कवर हो सकता है। यदि सीधा गार्ड प्रयुक्त किया जाता है, तो फर्श या कार्य प्लेटफार्म से गार्ड की शिखर तक दूरी 1.83 मीटर से कम नहीं होगी।

31. चिकित्सा जांच तथा रिकार्डः–

(1) मशीनरी जिसको यह अनुसूची लागू होती है, पर नियोजित प्रत्येक कर्मकार की उसके प्रथम नियोजन के पन्द्रह दिन के भीतर चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांच की जाएगी। ऐसी जांच में पुलमोनरी परीक्षण, इम्युनोग्लोबिन परीक्षण, ऑडियोमेट्री परीक्षण, आदि शामिल होंगे। किसी भी कर्मकार को कारखाने में उसके प्रथम नियोजन के पन्द्रह दिन के बाद कार्य करने के लिए तब तक अनुज्ञात नहीं किया जाएगा जब तक चिकित्सा अधिकारी द्वारा ऐसे नियोजन के लिए फिट प्रमाणित नहीं किया गया हो।

(2) कथित प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की प्रत्येक बारह कलैण्डर मास में कम से कम एक बार चिकित्सा अधिकारी द्वारा पुनः जांच की जाएगी। ऐसी पुनः जांच, जब कभी चिकित्सा अधिकारी उचित समझे, उप–पैरा (1) में यथा विनिर्दिष्ट परीक्षण शामिल होंगे।

(3) कर्मकार के जांच करने के बाद चिकित्सा अधिकारी प्ररूप 31 में उपयुक्तता का प्रमाण पत्र जारी करेगा। की गई, जांच तथा पुनः जांच का रिकार्ड प्रमाण पत्र में दर्ज किया जाएगा तथा प्रमाण पत्र कारखाने के अधिभोगी की अभिरक्षा में रखा जाएगा। उप–पैरा (1) तथा (2) के अधीन की गई प्रत्येक जांच का रिकार्ड जिनमें जांच की प्रकृति तथा परिणाम शामिल है, प्ररूप–30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में चिकित्सा अधिकारी द्वारा दर्ज भी किया जाएगा।

(4) उपयुक्तता प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर निरीक्षक एवं सुविधा प्रदात द्वारा निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखा जाएगा।

(5) यदि किसी समय प्रमाणकर्ता सर्जन की राय है कि कर्मकार ऐसे आधार पर कथित प्रक्रिया में नियोजन के लिए लम्बे समय के लिए फिट नहीं है कि उसमें उसका बना रहना कर्मकार के स्वास्थ्य के लिए खतरा होगा, वह कथित प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर में अपने निष्कर्ष को रिकार्ड करेगा। उन दस्तावेजों में उसके निष्कर्स की प्रविष्टि में अवधि जिसमें विचार किया है कि कथित व्यक्ति कथित प्रक्रिया में कार्य के लिए अनुपयुक्त है, भी शामिल होनी चाहिए। प्रक्रिया से इस प्रकार निलम्बित व्यक्ति ऐसी परिस्थितियों में अनुयुक्त घोषित व्यक्ति को जब तक उसे चिकित्सा अधिकारी की राय में पूर्ण रूप में अयोग्य नहीं ठहराया गया हो, वैकल्पिक नियोजन की सुविधा मुहैया कराई जाएगी; ऐसे मामले में प्रभावित व्यक्ति को उचित रूप से पुनर्वासित किया जाएगा।

(6) कोई भी व्यक्ति जो उप–पैरा (5) में कहे गए अनुसार कार्य करने के लिए अनुपयुक्त पाया गया है, तब तक कथित प्रक्रिया में कार्य करने के लिए पुनर्नियुक्त नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक चिकित्सा अधिकारी अतिरिक्त जांच करने के बाद उन प्रक्रियाओं में नियोजन के लिए उसे पुनः उपयुक्त प्रमाणित नहीं करता।

अनुसूची–XXX

इन्डैक्शन भट्टी में पिघलाने की प्रक्रिया

1. **लागू होना.**–इस अनुसूची के उपबन्ध कारखाना संचालन के सभी भागों को लागू होंगे जहां धातु को पिघलाना इन्डैक्शन भट्टी में किया जाता है तथा अन्य सम्बद्ध प्रक्रिया में किए जाते है।

2. **परिभाषाएं.**–(1) ''इन्डैक्शन भट्टी'' से अभिप्राय है, भट्टी जिनमें भट्टी के चारों ओर चिपटी काइल के माध्यम से विद्युत करंट गुजार कर मजबूत मैगनेटिक क्षेत्र (फिल्ड) सृजित किया जाता है। क्रम से मैगनेटिक फिल्ड आर–पार बोल्टेज सृजित करता है तथा पश्चातवर्ती पिघलाई जाने वाली धातु के माध्यम से विद्युत करंट सृजित करता है;

(2) ''कॉइल'' से अभिप्राय है, इन्डैक्शन भट्टो की कॉइल;

(3) ''कलछी'' से अभिप्राय है, पिघली हुई धातु को ले जाने के लिए प्रयुक्त उपकरण;

(4) ''सांचा'' से अभिप्राय है, स्टील, रेत, दुम्मट, गढन संयोजन या सामग्री के अन्य मिश्रण का बनाया गया सांचा;

(5) ''निजी संरक्षण उपकरण'' निजी संरक्षण उपकरण संरक्षण वस्त्र, हेलमेट, चश्मा या अन्य कपड़े या पहनने वाले के शरीर को हानि या संक्रमण से सुरक्षित करने के लिए बनाया गया उपकरण से सम्बन्धित है;

(6) ''उच्च तापसह (रिफ्रेक्टार)'' से अभिप्राय है, गड्ढो में बनाई गई उच्च तापसह ईंटों की लाइनिंग;

3. **प्रबन्ध तथा भण्डारण.**–कार्य कक्षों में सुरक्षा तथा एवच्छता को बढ़ावा देने के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित अपेक्षाओं का पालन किया जाएगाः

(क) गढन बॉक्स, दुम्मट प्लेट, कलछी, पद्धति, पद्धति प्लेट, फ्रेम, बोर्ड, बॉक्स भार तथा अन्य भारी वस्तुएं इस प्रकार व्यवस्थित की जाएंगी तथा रखी जाएंगी कि अनावश्यक जोखिम के बिना कार्य करने के लिए योग्य हो सके;

(ख) उपयुक्त तथा सुविधाजनक रूप से सुलभ रैक, बिन या अन्य पात्र अन्य गियर तथा औजारों के भण्डारण के लिए मुहैया कराए जाएंगे तथा प्रयोग किए जाएंगे;

(ग) जहां कहीं रेत, ईन्धन, धातु रद्दी या अन्य सामग्री या अवशेष या अधिक भण्डारण है, तो ऐसे भण्डारण के प्रयोजन के लिए उपयुक्त बिन, बंकर या अन्य पात्र मुहैया कराए जाएंगे।

4. **प्लेटफार्म तथा फर्श का निर्माण, अनुरक्षण.**–(1) भट्टी का प्लेटफार्म विस्फोटन को रोकने के लिए अच्छे निर्माण, अच्छी सामग्री तथा पर्याप्त मजबूती का होना चाहिए।

(2) प्लेटफार्म वहां कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा प्रभारित की जाने वाली कच्ची सामग्री को समायोजित करने के लिए पर्याप्त आकार के होने चाहिए।

(3) प्लेटफार्म में कम से कम दो सीढ़िया मुहैया करानी चाहिए।

(4) भीतरी कार्यस्थलों के फर्श जिसमें प्रक्रिया की जाती है के भाग जो रेत के है, से अन्यथा, की सतह कठोर सामग्री के होंगे।

(5) किसी ऐसे भीतरी कार्य स्थान के फर्श का कोई भाग जहां यह कार्य करने के कारण से आवश्यक हो, के सिवाए रेत के होंगे।

(6) किसी ऐसे भीतरी कार्य स्थान के फर्श की सतह के सभी भाग जो रेत के हैं, जहां तक व्यवहार्य हो, एक रूप में तथा दृढ़ स्थिति में अनुरक्षित किए जाएंगे।

5. **प्राधिकृत व्यक्ति.**–(1) प्लेटफार्म पर या भट्टी के निकट कार्य करने के लिए प्राधिकृत व्यक्तियों के सिवाए किसी व्यक्ति को प्लेटफार्म पर या भट्टी के निकट अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।

(2) उप–नियम (1) के अपवाद के अधीन आने वाला व्यक्ति प्रशिक्षित होना चाहिए तथा विहित निजी संरक्षक उपकरण मुहैया कराने चाहिए।

(3) कोई भी व्यक्ति पिघली हुई धातु के वितरण के लिए प्रयुक्त टोंटी (स्पाउट) के कारण भट्टी की किसी टोंटी (स्पाउट) के वितरण सिरे के माध्यम से गुजरने वाली सीधी लाइन से 4 मीटर की दूरी के भीतर या किसी कलछी के निकटतम भाग के माध्यम से गुजरने वाली सीधी लाइन से 2.4 मीटर की दूरी के भीतर कार्य करेगी जो किसी मामले में जहां भट्टी के रख रखाव के उचित प्रयोग के लिए आवश्यक हो कि कार्य उस कार्य की उस के भीतर किया जाना चाहिए कि साथ ऐसे समय पर तथा ऐसी शर्तों के अधीन किया जा रहा है कि यहां पिघली हुई धातु को बाहर ले जाने वाले व्यक्ति को कोई खतरा नहीं है। जो कुपोला या भट्टी से प्राप्त की जा रही है या टोंटी के सिरे के स्थान पर कलछी में है, के सिवाए ऐसी टोंटी के सिरे पर स्थिति में है।

6. निष्कासन संयन्त्र का अनुरक्षण तथा जांच–

(1) धूल या धूम के निष्कर्षण, रोकने या नियन्त्रण करने के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त सभी संवातन संयन्त्र उचित रूप से अनुरक्षित किए जाएंगे।

(2) धूल या धूम के निष्कर्षण, रोकने या नियन्त्रण करने के प्रयोजन के लिए प्रयुक्त किसी जिम्मेवार व्यक्ति द्वारा प्रत्येक सप्ताह में एक बार जांचा तथा निरीक्षित किया जाएगा। प्रत्येक ऐसी जांच तथा परीक्षण में कम से कम एक बार सक्षम व्यक्ति द्वारा सम्पूर्ण रूप से जांचा तथा परीक्षित किया जाएगा तथा प्ररूप–32 में रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा जो निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता द्वारा निरीक्षण के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। किसी ऐसी जांच या की गई जांच तथा परीक्षण में पाई गई कोई त्रुटि कारखाने के अधिभोगी को सूचित की जाएगी।

7. कलछी.–(1) गर्म तरल धातु को प्रवाहित करने के लिए कलछी रखने से पूर्व अच्छी तरह से निरीक्षित की जाएगी।

(2) कलछी टोंटी के नीचे रखे।

(3) प्रवाह शुरू करने से पूर्व यह सुनिश्चित किया जाएगा किः–

(क) केवल न्यूनतम अपेक्षित संख्या में व्यक्ति उपस्थित होंगे।

(ख) वे सभी पी पी ई का प्रयोग करेंगे जैसे कि मुखौटा, ज्वाला रिटारडैन्ट सूट, मंजीर, चश्में, हस्त दस्ताने, हेलमेंट तथा सुरक्षा जूते।

(4) कलछी भट्टी प्रभारी से समाशोधन के बाद हटाई जाएगी।

(5) कलछी आनति स्थिति में वाहित नहीं की जाएगी।

8. भट्टी का संचालन तथा अनुरक्षण.–

(1) अधिभोगी निर्माता द्वारा दी गई हिदायतों के अनुसार भट्टी चलाएगा।

(2) अधिभोगी निर्माता द्वारा दी गई अनुरक्षण अनुसूची के अनुसार भट्टी का अनुरक्षण रखेगा।

(3) काइल नियमित अन्तरालों में जांची जाएगी।

(4) उच्च तापसह नियमित अन्तराल पर बदली जाएगी।

9. कार्य अनुमति.–अधिभोगी परिरूद्ध स्थान, ऊंचाई में या इलैक्ट्रीक उपकरण पर कार्य करने के लिए तथा कथित व्यक्ति को कार्य करने की अनुमति जारी करेगा।

10. धुलाई सुविधाएं.–अधिभोगी नियोजित सभी व्यक्तियों के प्रयोग के लिए जल तथा साबुन, तोलिए आदि की पर्याप्त आपूर्ति सहित ढके हुए स्नान स्थान साफ स्थिति में तथा अच्छी अवस्था में मुहैया करेगा तथा रखरखाव करेगा।

11. सुरक्षा उपकरण.–अधिभोगी उप नियम (2) में यथा विनिर्दिष्ट प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों के लिए उपयुक्त पी पी ई मुहैया करेगा तथा रखरखाव करेगा।

12. महिला तथा किशोर के नियोजन का प्रतिषेध.–कोई भी महिला या किशोर को इस अनुसूची में आने वाली किसी प्रक्रिया में नियोजित नहीं किया जाएगा।

13. चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा जांच.–(1) पैरा 1 में विनिर्दिष्ट प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की उसके प्रथम नियोजन पर पन्द्रह दिन के भीतर चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांच की जाएगी। ऐसी जांच में स्किन परीक्षण, आडियोमैटरी परीक्षण, आदि शामिल होगा। किसी भी कर्मकार को कारखाने में उसके प्रथम नियोजन के पन्द्रह दिन के बाद कार्य करने के लिए तब तक अनुज्ञात नहीं किया जाएगा तब तक चिकित्सा अधिकारी द्वारा ऐसे नियोजन के लिए फिट प्रमाणित नहीं किया गया हो।

(2) मैंगनीज़ प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की प्रत्येक बारह मास में कम से कम एक बार चिकित्सा अधिकारी द्वारा पुनः जांच की जाएगी। ऐसी पुनः जांच में, जब कभी चिकित्सा अधिकारी उचित समझे, उप–पैरा (1) में सभी परीक्षण शामिल होंगे।

(3) कर्मकार के जांच करने के बाद चिकित्सा अधिकारी प्ररूप 31 में उपयुक्तता का प्रमाण पत्र जारी करेगा। की गई, जांच तथा पुनः जांच का रिकार्ड प्रमाण पत्र में दर्ज किया जाएगा तथा प्रमाण पत्र कारखाने के अधिभोगी की अभिरक्षा में रखा जाएगा। उप–पैरा (1) तथा (2) के अधीन की गई प्रत्येक जांच का रिकार्ड जिनमें जांच की प्रकृति तथा परिणाम शामिल है, प्ररूप–30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में चिकित्सा अधिकारी द्वारा दर्ज भी किया जाएगा।

(4) उपयुक्त प्रमाण–पत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर निरीक्षक एवं सुविधा प्रदात द्वारा निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखा जाएगा।

(5) यदि किसी समय प्रमाणकर्ता सर्जन की राय है कि कर्मकार ऐसे आधार पर कथित प्रक्रिया में नियोजन के लिए लम्बे समय के लिए फिट नहीं है कि उसमें उसका बना रहना कर्मकार के स्वास्थ्य के लिए खतरा होगा, वह

कथित प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर में अपने निष्कर्ष को रिकार्ड करेगा। उन दस्तावेजों में उसके निष्कर्ष की प्रविष्टि में अवधि जिसमें विचार किया है कि कथित व्यक्ति कथित प्रक्रिया में कार्य के लिए अनुपयुक्त है, भी शामिल होनी चाहिए। प्रक्रिया से इस प्रकार निलम्बित व्यक्ति ऐसी परिस्थितियों में अनुयुक्त घोषित व्यक्ति को जब तक उसे चिकित्सा अधिकारी की राय में पूर्ण रूप में अयोग्य नहीं ठहराया गया हो, वैकल्पिक नियोजन की सुविधा मुहैया कराई जाएगी; ऐसे मामले में प्रभावित व्यक्ति को उचित रूप से पुनर्वासित किया जाएगा।

(6) कोई भी व्यक्ति जो उप–पैरा (5) में कहे गए अनुसार कार्य करने के लिए अनुपयुक्त पाया गया है, तब तक कथित प्रक्रिया में कार्य करने के लिए पुनर्नियुक्त नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक चिकित्सा अधिकारी अतिरिक्त जांच करने के बाद उन प्रक्रियाओं में नियोजन के लिए उसे पुनः उपयुक्त प्रमाणित नहीं करता।

14. छूट.–यदि किसी कारखाने के संबंध में, मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाए कि अपवाद स्वरूप परिस्थितियों या प्रक्रिया की अनावृत्ति या किसी अन्य कारण से इस अनुसूची के सभी या कोई उपबन्ध कारखाने में कर्मकारों के बचाव के लिए अनावश्यक नहीं है, तो मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता लिखित प्रमाण–पत्र द्वारा जिसे वह अपनी विवेक से किसी भी समय रद्द कर सकता है, ऐसे कारखाने के सभी या ऐसे किसी उपबन्ध से ऐसी शर्तें, यदि कोई हों, जिन्हें वह उसमें निर्दिष्ट करे, के अध्यधीन छूट प्रदान कर सकेगा।

अनुसूची–XXXI

लकड़ीकार्य मशीनरी

1. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए.–

(क) ''लकड़ीकार्य मशीन'' से अभिप्राय है, गोल चिराई, पट्टा चिराई, योजना मशीन, चैन छेद करने की मशीन या सीधी तकली गढन मशीन, लकड़ी या कार्क पर चलने वाली मशीन;

(ख) ''गोल चिराई'' से अभिप्राय है, बेंच (जिसमें रैक बेंच शामिल है) में कार्य करने वाली गोल चिराई किन्तु इसमें लोलक या समरूप चिराई शामिल नहीं है जो काटने की कार्यवाई के प्रयोजन के लिए लकड़ी की ओर चलती है;

(ग) ''पट्टा चिराई'' से अभिप्राय है, पट्टा चिराई, जिसका कटा हुआ भाग सीधी दिशा में दौड़ता है किन्तु इसमें लम्बी चिराई या पट्टा रिसेविंग मशीन शामिल नहीं है;

(घ) ''योजना मशीन'' से अभिप्राय है, उपरली योजना या मोटाई या दोनों प्रक्रिया के लिए मशीन।

2. **बन्द तथा शुरू करने का यन्त्र.**–दक्ष बन्द तथा शुरू करने का यन्त्र प्रत्येक लकड़ी कार्य की मशीन पर मुहैया कराया जाएगा। इस यन्त्र का नियन्त्रण ऐसी स्थिति में किया जाएगा कि मशीन के प्रभारी व्यक्ति द्वारा सहज हो तथा सुविधाजनक रूप से चलाई जा सके।

3. **मशीन के आस पास स्थान.**–चालन में प्रत्येक लकड़ीकार्य मशीन के आस–पास का स्थान बाधा से मुक्त रखा जाएगा।

4. **फर्श.**–प्रत्येक लकड़ीकार्य की मशीन के आस–पास फर्श अच्छी तथा लेवल स्थिति में रखा जाएगा तथा फिसलने वाला बनाना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा तथा जहां तक व्यवहार्य हो चिपस या अन्य खुली सामग्री से मुक्त रखे जाएंगे।

5. **प्रशिक्षण तथा पर्यवेक्षण.**–(1) किसी भी व्यक्ति को लकड़ी कार्य की मशीन पर तब तक नियोजित नहीं किया जाएगा जब तक उसे ऐसे व्यक्ति जिसको मशीन के कार्य का सम्पूर्ण ज्ञान है, के पर्याप्त पर्यवेक्षण के अधीन पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित नहीं किया गया हो।

(2) व्यक्ति जो लकड़ी कार्य मशीन पर कार्य करने के लिए प्रशिक्षित है मशीन का सुरक्षित कार्य सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण रूप से तथा सावधानी पूर्वक एवं सतर्कता से पालन करेगा।

6. **गोल चिराई.**–प्रत्येक गोल चिराई मशीन को निम्न अनुसार घेरा जाएगाः–

(क) आरे के पीछे या सीधी लाइन में रिविंग चाकू होगा, जिसकी चिकनी सतह होगी, मजबूत, सख्त तथा आसानी से समायोजनयोग्य होगा तथा निम्नलिखित शर्तों के अनुरूप भी होगाः–

(i) आरे के निकटतम चाकू का किनारा ऐसे रूप का होगा जो बैंच पर प्रयुक्त बृहत आरे के घेरे से अनधिक घेरे वाले सर्कल का हो।

(ii) चाकू बैंच टेबल के समय तथा स्तह पर किए जा रहे कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए आरे के यथा व्यवहार्य यथा निकट अनुरक्षित किया जाएगा तथा चाकू के सामने के किनारे तथा आरे के दांत के बीच दूरी 12 मि.मि. से अधिक नहीं होगी।

(iii) 0.6 मीटर के कम के डायामीटर के आरे के लिए, आरे के शिखर के 25 एम एम^3 के भीतर तक बैंच टेबल से ऊपर फैला चाकू तथा 0.6 मीटर या से अधिक के डायामीटर के आरे के लिए आरे के बेंच दांत से ऊपर फैला होगा जो कि 12 एम एम से अधिक नहीं होगा।

(ख) आरे का ऊपरी सिरा घेरे से दूरतम आरे की तरफ पर फलेंज (कोर) सहित मजबूत तथा आसानी से समायोजन योग्य गार्ड द्वारा ढका जाएगा। गार्ड को इस प्रकार समायोजित करके रखा जाएगा कि कथित फलैंज आरे के दांत की जड़ों के नीचे तक फैलेगा। गार्ड आरे के काटने वाले किनारे पर यथा व्यवहार्य यथा नीचे के बिन्दु पर रिविंग चाकू के सिरे तक फैलेगा।

(ग) बेंच टेबल के नीचे आरे का भाग आरे के प्रत्येक तरफ पर एक–एक धातु या अन्य उपयुक्त सामग्री की दो प्लेटों द्वारा संरक्षित किया जाएगा; ऐसी अलग प्लेटों 15 सेटीमीटर से अधिक नहीं होगी तथा कम से कम 5 सेंटी मीटर की दूरी पर बाहरी धुरी तक फैलेगी। आरे के दांत–धातु प्लेट, यदि हैडिड नहीं हैं, कम से कम .25 सेंटीमीटर की मोटाई की होगी या यदि हैडिड हैं, तो कम से कम 1.25 सेंटीमीटर की मोटाई की होगी।

7. **पुश स्टिक.**–पुश स्टिक या अन्य उपयुक्त उपकरण प्रत्येक गोल आरे पर प्रयोग तथा प्रत्येक सीधी तकली गढन मशीन पर अनावश्यक जोखिम के बिना कार्य करने के लिए समर्थ बनाने हेतु मुहैया कराई जाएगी।

8. **पट्टा आरा.**–प्रत्येक पट्टा आरा निम्न अनुसार नियन्त्रित किया जाएगा.–

- निचली पुली के दोनों तरफ धातु शीट या विस्तारित धातु या अन्य उपयुक्त सामग्री से पूर्ण रूप से ढकी जाएगी।

- ऊपरी शिखर पुली का अग्र भाग धातु शीट या विस्तारित धातु या अन्य उपयुक्त सामग्री से ढकी जाएगी।
- ब्लेड के सभी भाग बेंच टेबल तथा शिखर गाईड के बीच ब्लेड के भाग के सिवाए बन्द या अन्य सुरक्षित रूप से नियन्त्रित किए जाएंगे।

9. योजना मशीन.–

(i) योजना मशीन (योजना मशीन से भिन्न जो यन्त्रावत भरी गई है) जब तक उपरली योजना के लिए प्रयुक्त नहीं की जाएगी तब तक इसे सिलैण्डरीकल कटर ब्लाक से फिट नहीं किया गया हो।

(ii) उपरली योजना के लिए प्रयुक्त प्रत्येक योजना मशीन बैंच में कटिंग छिद्र की पूरी लम्बाई तथा चौड़ाई को ढकन के योग्य ''ब्राईड'' के साथ मुहैया कराई जाएगी तथा इस प्रकार से निर्मित की जाएगी कि सीधी तथा सपाट संचालक दोनों में आसानी से समायोजित हो सके।

(iii) उपरली योजना तथा मोटाई के लिए संयुक्त मशीन के सिवाए मोटाई के लिए प्रयुक्त प्रत्येक योजना मशीन की फीड रोलर दक्ष गार्ड सहित मुहैया कराया जाएगा।

10. सीधी तकली गढन मशीन.–

- प्रत्येक सीधी तकली गढन मशीन का कटर किए जा रहे कार्य की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए अधिकांश दक्ष गार्ड द्वारा नियन्त्रित किया जाएगा।
- सीधी तकली गढन को गढने के लिए लकड़ी, यदि व्यवहार्य हो, ऐसे निर्माण के जुगत में या धारक में रखी जाएगी ताकि जहां तक सम्भव हो कार्यकार की दुर्घटना के जोखिम को कम कर सके।

11. चैन छेद मशीन.–प्रत्येक चैन छेद मशीन की चैन गार्ड सहित मुहैया कराई जाएगी जो जहां तक व्यवहार्य हो कटरों को बन्द करेगी।

12. गार्डों का समायोजन तथा अनुरक्षण.–इस अनुसूची के अधीन अपेक्षित गार्ड तथा अन्य यन्त्र :–

दक्ष स्थिति में अनुरक्षित किए जाएंगे;

जब मशीनरी चालन में हो निरन्तर स्थिति में रखी जाएगी; तथा

इस प्रकार समायोजित की जाएगी ताकि अनावश्यक जोखिम के बिना कार्य करना समर्थ हो सके।

13. छूट.–पैरा 6, 8, 9 तथा 10 लकड़ी कार्य मशीन को लागू नहीं होंगे जिसके सम्बन्ध में यह साबित किया जा सकता है कि अन्य पूर्वोपाय मुहैया कराए गए है, अनुरक्षित तथा प्रयुक्त किए गए है, जो मशीन को सुरक्षित करते है जैसा कि यदि यह इस अनुसूची में विहित रीति में नियन्त्रित होती।

14. चिकित्सा जांच तथा रिकार्ड.–(1) मशीनरी जिसको यह अनुसूची लागू होती है, पर नियोजित प्रत्येक कर्मकार की उसके पृथक नियोजन के पन्द्रह दिन के भीतर चिकित्सा अधिकारी द्वारा जांच की जाएगी। ऐसी जांच में पुलमोनरी परीक्षण इमुनोग्लोबिन परीक्षण, आडियोमैटरी परीक्षण, इत्यादि शामिल होगा। किसी भी कर्मकार को कारखाने में उसके प्रथम नियोजन के 15 दिन के बाद कार्य करने के लिए जब तक अनुज्ञात नहीं किया जाएगा तब तक चिकित्सा अधिकारी द्वारा ऐसे नियोजन के लिए फिट प्रमाणित नहीं किया गया हो।

(2) कथित प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की प्रत्येक बारह कलैण्डर मास में कम से कम एक बार चिकित्सा अधिकारी द्वारा पुनः जांच की जाएगी। ऐसी पुनः जांच में, जब कभी चिकित्सा अधिकारी उचित समझे, उप–पैरा (1) में यथा विनिर्दिष्ट परीक्षण शामिल होंगे।

(3) कर्मकार के जांच करने के बाद चिकित्सा अधिकारी प्ररूप 31 में उपयुक्तता का प्रमाण पत्र जारी करेगा। की गई, जांच तथा पुनः जांच का रिकार्ड प्रमाण पत्र में दर्ज किया जाएगा तथा प्रमाण पत्र कारखाने के अधिभोगी की अभिरक्षा में रखा जाएगा। उप–पैरा (1) तथा (2) के अधीन की गई प्रत्येक जांच का रिकार्ड जिनमें जांच की प्रकृति तथा परिणाम शामिल है, प्ररूप–30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में चिकित्सा अधिकारी द्वारा दर्ज भी किया जाएगा।

(4) उपयुक्त प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर निरीक्षक एवं सुविधा प्रदात द्वारा निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखा जाएगा।

(5) यदि किसी समय प्रमाणकर्ता सर्जन की राय है कि कर्मकार ऐसे आधार पर कथित प्रक्रिया में नियोजन के लिए लम्बे समय के लिए फिट नहीं है कि उसमें उसका बना रहना कर्मकार के स्वास्थ्य के लिए खतरा होगा, वह कथित प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर में अपने निष्कर्ष को रिकार्ड करेगा। उन दस्तावेजों में उसके निष्कर्स की प्रविष्टि में अवधि जिसमें विचार किया है कि कथित व्यक्ति कथित प्रक्रिया में कार्य के लिए अनुपयुक्त है, भी शामिल होनी चाहिए। प्रक्रिया से इस प्रकार निलम्बित व्यक्ति ऐसी परिस्थितियों में अनुयुक्त घोषित व्यक्ति को जब तक उसे चिकित्सा अधिकारी की राय में पूर्ण रूप में अयोग्य नहीं ठहराया गया हो, वैकल्पिक नियोजन की सुविधा मुहैया कराई जाएगी; ऐसे मामले में प्रभावित व्यक्ति को उचित रूप से पुनर्वासित किया जाएगा।

(6) कोई भी व्यक्ति जो उप–पैरा (5) में कहे गए अनुसार कार्य करने के लिए अनुपयुक्त पाया गया है, जब तक कथित प्रक्रिया में कार्य करने के लिए पुनर्नियुक्त नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी तब तक चिकित्सा अधिकारी अतिरिक्त जांच करने के बाद उन प्रक्रियाओं में नियोजन के लिए उसे पुनः उपयुक्त प्रमाणित नहीं करता।

15. मशीनरी पर व्यक्ति की नियुक्ति.–

(1) किसी व्यक्ति को इस अनुसूची में विनिर्दिष्ट मशीनरी पर जब तक अनुज्ञात नहीं किया जाएगा, तब तक–

(क) उसने अठारह वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर ली है;

(ख) उप पैरा (2) के अनुसार वह प्रशिक्षित नहीं है; तथा

(2) प्रशिक्षण में लकड़ी कार्य मशीनरी तथा सुरक्षा यन्त्र की प्रत्येक किस्म से सम्बन्धित मामले में उपयुक्त तथा पर्याप्त व्यावहारिक हिदायतें शामिल है।

अनुसूची–XXXII

रबड़ मिल

1. **मशीनो की स्थापना.**–खराबी, भजंन, पिसने, मिश्रण, परिष्कृत करने, रबड़ को गर्म करने या रबड़ योगिको के लिए मिल इस प्रकार स्थापित की जाएगी कि सामने रोल का शिखर फर्श या कार्य स्तर से कम से कम 85 सेटी मीटर होगा। परन्तु विद्यमान स्थापना जहां सामने के रोल का शिखर इस ऊंचाई से कम है, तो एक मजबूत अनम्य दूरी रोक ऐसी स्थिति में मशीन के सामने आर–पार फिट की जाएगी कि चालक रोल के निप तक न पहुंच सके।

2. **सुरक्षा उपकरण.**–(1) रबड़ मिल निम्नलिखित से सुसज्जित होगी–

- हायर इस प्रकार से निर्मित या सुरक्षित किया जाएगा कि चालक के लिए रोल की निप से किसी भी रीति में से आना असम्भव हो।
- सामने और पिछे दोनों और आर–पार क्षैतिज सुरक्षा ट्रोप राड या टाईट तार केबल जो जब दबाब डाला जाएगा या खींचा जाएगा, विद्युत काटने के लिए तत्काल परिचालित किया जाएगा तथा ब्रेक लगाए जाएंगे तथा रोल को प्रतिवर्तित करेगा।

(2) रबड़ मिलों में सुरक्षा ट्रिप तथा टाईट तार केवल रोल के सामने की सम्पूर्ण लम्बाई आरपार फैल जाएगी तथा फर्श या कार्य स्तर से ऊपर 1.75 मीटर से अनधिक स्थित होगी।

(3) सभी रबड़ मिलों में सुरक्षा ट्रिप तथा टाईट तार केवलों की प्रबन्धक या अन्य जिम्मेवार व्यक्ति की उपस्थिति में दैनिक जांचों तथा परीक्षित की जाएगी यदि मिल की ऐसी जांच तथा परीक्षण से कोई त्रुटि प्रकट होती है, तो उस समय तक प्रयोग नहीं की जाएगी जब तक ऐसी त्रुटि ठीक नहीं कर दी जाती।

अनुसूची–XXXIII

अपकेन्द्र (सैन्ट्रीफुंगल) मशीन

1. **परिभाषा.**–''सेन्ट्रीफुंगल मशीन'' में सेन्ट्रीफुंगल निष्कर्षक, पृथक्कारक तथा शुष्कक शामिल है।

2. **सेन्ट्रीफुंगल मशीन का प्रत्येक भाग निम्न अनुसार होगाः–**

(क) अच्छे डिजाइन तथा निर्माण तथा पर्याप्त मजबूती का होनाः–

(ख) उचित रूप से अनुरक्षित होगा; तथा

(ग) नियमित अन्तरालों पर सक्षम व्यक्ति द्वारा पूर्ण रूप से जांची जाएगी।

3. **ड्रम या बास्केट के लिए इन्टरलाकिंग गार्ड.–**

- प्रत्येक सेन्ट्रीफुंगल मशीन का कटघरा आवास, आवर्ती ड्रम या बास्केट मजबूत ढक्कन सहित होगी। कटघरे का डिजाईन, निर्माण तथा ढक्कन ऐसे होने चाहिए कि ड्रम या बास्केट में कोई प्रवेश सम्भव न हो जब ढक्कन बन्द किया जाता हो।

- प्रत्येक सेन्ट्रीफुंगल मशीन दक्ष इन्टरलाकिंग उपकरण सहित उपलब्ध होगी जो ड्रम या बास्केट चलायमान होके समय उप–पैरा (1) में निर्दिष्ट ढक्कन को खुलने से दक्ष रूप से रोकेगा तथा ढक्कन के खुली स्थिति में होने के समय ड्रम या बास्केट को चलने से रोकेगा।

4. **ब्रकिंग व्यवस्था.**–प्रत्येक सैन्ट्रीफुंगल मशीन लघु समय अवधि में विश्राम के लिए ड्रम या बास्केट को लाने के योग्य बनाने की दक्ष व्यवस्था सहित मुहैया कराई जाएगी जो विद्युत के करने के बाद उचित रूप से व्यवहार्य हो।

5. **संचालन गति.**–कोई भी सैन्ट्रीफुंगल मशीन निर्माण रेटिंग से अधिक की गति से संचालित नहीं की जाएगी जो बास्केट के भीतर तथा मशीन के मामले में बाहर आसानी से दृश्य स्थानों पर सुपाठ्य मोहर लगाई जाएगी।

6. **अपवाद.**–पैरा 3, पैरा 4 तथा 5 के उप पैरा (2) चीनी निर्माण उद्योग में प्रयुक्त टोप लंग मशीनों या समरूप मशीनों के मामले में लागू नहीं होगा।

अनुसूची–XXXIV

विद्युत दबाव

1. **लागू होना.**–यह अनुसूची गर्म धातु का कार्य करने के प्रयुक्त के सिवाए सभी किस्म के विद्युत दबाव जिसमें दबाव ब्रेक शामिल है, को लागू होगी।

2. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए,–

- ''अनुमोदित'' से अभिप्राय है, मुख्य निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता द्वारा अनुमोदित;
- ''स्थिर घेरा'' से अभिप्राय है, घेरे के कारण विद्युत दबाव के औजारों के लिए मुहैया घेरा जिसमें कोई चल भाग विद्युत की प्रक्रिया से सहयुक्त या पर निर्भर नहीं है तथा इसमें बन्द औजार का वह भाग शामिल है जो गार्ड के रूप में कार्य करता है;
- ''विद्युत दबाव'' से अभिप्राय है, गठन दबाव, रिक्त करना, उठाना, ड्राईंग तथा समरूप अन्य प्रयोजनों के लिए धातु या अन्य उद्योगों में प्रयुक्त मशीन;
- ''सुरक्षा यन्त्र'' से अभिप्राय है, विद्युत दबाव के औजारों के लिए मुहैया घेरा तथा कोई अन्य पूर्वोपाय।

3. **शुरू तथा बन्द करने की प्रक्रिया.**–शुरू तथा बन्द करने की प्रक्रिया सुरक्षित बन्द मुहैया कराऐगी ताकि औजार बन्द आदि होने के दौरान दबाव या रैम के अवतरण को ज्यादा चलने से रोका जा सके।

4. **औजार तथा डाई का संरक्षण.–**

- प्रत्येक दबाव औजार का अग्र भाग तथा सभी तरफ से बन्द करके नीचली तरफ पर स्लीप प्लेट सहित।
- प्रत्येक डाई इसके अनुभाग तथा बगल के आस–पास स्थिर गार्ड तथा टनल के रूप में जिसके माध्यम से प्रैस के पिछे दबाव वस्तु गिरती है पिछे तक विस्तारित स्थिर गार्ड मुहैया करेगा।
- उप पैरा (1) तथा (2) में निर्दिष्ट गार्ड का डिजाइन, निर्माण तथा परस्पर स्थिति ऐसी होगी जो खतरा जोन से कर्मकार के हाथ या अंगूली की सम्भावना को रोक सकें।
- मशीन डाई गार्ड के तल पर लघु छेद के माध्यम से भरेगी किन्तु चोड़ा छेद द्वितीय या पश्चातवर्ती प्रक्रिया के लिए अनुमत किया जा सकता है यदि भरण जलप्रपात के माध्यम से किया जाता है।
- उप पैरा (1) तथा (2) में दी गई किसी बात के होते हुए भी स्वचालित या इन्टरलोक गार्ड स्थिर गार्ड के स्थान पर प्रयुक्त किया जा सकता है किन्तु जहां ऐसा गार्ड कोई त्रुटि विकसित करता है, तो विद्युत जब तक संचालित नहीं की जाएगी तब तक गार्ड की त्रुटि दूर नहीं कर दी जाती।

5. **प्रयोग के लिए विद्युत दबाव तैयार करने हेतु व्यक्तियों की नियुक्ति.**–(1) पैरा 4 के उप–पैरा (4) में यथा उपबन्धित के सिवाए कोई व्यक्ति विद्युत दबाव पर पैरा 8 द्वारा अपेक्षित किसी सुरक्षा यन्त्र का निरीक्षण या परीक्षण साबित करने या कार्यान्वित करने के लिए डाई के स्थापना या प्रारम्भिक उत्पादन समायोजन के कारण जब तक औजार सेट, पुनः सेट, समायोजन या कोशिश नहीं करेगा या उस पर कोई सुरक्षा यन्त्र नहीं लगाएगा या समायोजन नहीं करेगा तब तक–

(क) उसने अठारह वर्ष की आयु प्राप्त नहीं कर ली है; तथा

(ख) उस पैरा (2) के अनुसार वह प्रशिक्षित नहीं है; तथा

(ग) विद्युत दबाव का वर्ग या वर्णन या सुरक्षा यन्त्र का वर्ग या वर्णन, जैसी भी स्थिति हो, के सम्बन्ध में उन डियूटियों को करने के लिए कारखाने का अधिभोगी द्वारा उसे नियुक्त नहीं किया जाता।

(2) प्रशिक्षण में विद्युत दबाव तथा सुरक्षा उपकरण जिसके सम्बन्ध में प्रशिक्षित व्यक्ति को नियुक्त करना प्रस्तावित है, की प्रत्येक किस्म के सम्बन्ध में मामले के उपयुक्त तथा पर्याप्त व्यावहारिक हिदायतें शामिल है।

6. **विद्युत दबाव तथा सुरक्षा उपकरण की जांच तथा परीक्षण.–**

(1) कोई भी विद्युत दबाव या सुरक्षा उपकरण उस कारखाने में पहली बार या सुरक्षा उपकरण के मामले में किसी विद्युत दबाव पर पहली बार के लिए किसी कारखाने में जब तक प्रयोग में नहीं लाया जाएगा तब तक कारखाने में स्थापना या विद्युत दबाव जिसके सम्बन्ध में इसका प्रयोग किया जाना है, के बाद विद्युत दबाव के मामलों में अच्छी तरह से जांचा तथा परीक्षित नहीं किया गया है।

(2) कोई भी विद्युत दबाव जब तक प्रयोग में नहीं लाया जाएगा तब तक बारह मास की ठीक पूर्व अवधि के भीतर सक्षम प्राधिकारी द्वारा अच्छी तरह से जांचा तथा परीक्षित नहीं किया गया है।

(3) कोई भी विद्युत दबाव जब तक प्रयोग में नहीं लाया जाएगा तब तक उसके प्रत्येक सुरक्षा उपकरण (स्थिर घेरे से भिन्न) छह मास की ठीक पूर्व अवधि के भीतर जब वह विद्युत दबाव पर स्थिति में हो, सक्षम व्यक्ति द्वारा अच्छी तरह से जांच तथा परीक्षित नहीं किया गया हो।

(4) पूर्व उपबन्ध के अधीन जांच तथा परीक्षण करने वाला सक्षम व्यक्ति निम्नलिखित ब्योरों से युक्त जांच तथा परीक्षण की रिपोर्ट करेगा तथा प्रत्येक ऐसी रिपोर्ट निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखेगाः–

(क) कारखाने के अधिभोगी का नाम;

(ख) कारखाने का पता;

(ग) विद्युत दबाव या सुरक्षा उपकरण, जैसी भी स्थिति हो, की पहचान करने के लिए पहचान संख्या या पर्याप्त चिह्न;

(घ) तिथि जिसको विद्युत दबाव या सुरक्षा उपकरण कारखाने में पहली बार प्रयोग में लाया गया था;

(ङ) उपरोक्त उप–पैरा (2) की अपेक्षाओं के अनुसार की गई सम्पूर्ण प्रत्येक नियतकालिक जांच की तिथि;

(च) ऐसी सम्पूर्ण जांच के दौरान विद्युत दबाव या सुरक्षा उपकरण के सुरक्षित कार्य को प्रभावित करने वाली की गई किसी त्रुटि के ब्यौरे तथा ऐसी त्रुटि के उपचार के लिए किए गए कदम।

7. जांच तथा परीक्षण के माध्यम से प्रकट कमी.–

(1) जहां पैरा 6 के अधीन किसी जांच तथा परीक्षण द्वारा किसी विद्युत दबाव या किसी सुरक्षा उपकरण में कोई कमी प्रकट की गई है तथा जांच तथा परीक्षण करने वाले सक्षम व्यक्ति की राय में, या तो–

(क) कथित कमी कर्मकार को खतरा कर सकती है तथा विद्युत दबाव या सुरक्षा उपकरण, जैसी भी स्थिति हो, के परिणाम स्वरूप उक्त कमी को जब तक प्रयोग नहीं की जानी चाहिए तब तक कथित कमी का उपचार नहीं किया गया है; या

(ख) कथित कमी कर्मकार को खतरा कर सकती है तथा विद्युत दबाव या सुरक्षा उपकरण, जैसी भी स्थिति हो, के परिणाम स्वरूप विनिर्दिष्ट अवधि की समाप्ति के बाद जब तक प्रयोग नहीं की जानी चाहिए तब तक कथित कमी का उपचार नहीं किया गया है, ऐसी कमी की यथा शीघ्र सम्भव जांच तथा परीक्षण के समायन के बाद कारखाने के अधिभोगी को सक्षम प्राधिकारी द्वारा लिखित में सूचित किया जाएगा तथा इस उप पैरा के खण्ड (ख) में आने वाली कमी के मामले में ऐसी अधिसूचना में अवधि जिसमें सक्षम व्यक्ति की राय में कमी का उपचार किया जाना चाहिए था, शामिल होगी।

(2) प्रत्येक मामले में जहां अधिसूचना इस पैरे के अधीन अधिसूचित की गई है, उप पैरे के अधीन की गई रिपोर्ट की प्रति, पैरा 6 के उप–पैरा (4) के अधीन की गई रिपोर्ट की प्रति जांच तथा परीक्षण के समायन के चौदह दिन के भीतर सम्बन्धित क्षेत्र के निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को सक्षम प्राधिकारी द्वारा भेजी जाएगी।

(3) जहां कोई ऐसी कमी इस पैरे के पूर्वगामी उपबन्धों के अनुसार अधिभोगी को सूचित की गई है, विद्युत दबाव या सुरक्षा उपकरण, जैसी भी स्थिति हो, कथित कमी के कारण प्रयुक्त नहीं किया जाएगाः–

(क) उप–पैरा (1) के खण्ड (क) के भीतर आने वाली कमी के मामले में कथित कमी का उपचार करने तक;

(ख) उप–पैरा (1) के खण्ड (ख) के भीतर आने वाली कमी के मामले में विनिर्दिष्ट अवधि के बाद करने तक;

(4) यथा शीघ्र यथा व्यवहार्य उप पैरा (1) के अधीन कोई कमी जिसको अधिसूचना अधिसूचित की गई है के बाद उपचारित कर दी गई है, उपाय जिसके द्वारा तथा तिथि जिसको कमी उपचारित की गई है बनाते हुए अधिभोगी द्वारा या उसकी और से रिकार्ड किया जाएगा।

8. सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण तथा परीक्षण.–

(1) कोई भी विद्युत दबाव उस पर औजारों की सैटिंग, रीसैटिंग या समायोजन के बाद जब तक प्रयुक्त नहीं किया जाएगा तब तक पैरा 5 के अधीन प्रयोजन के लिए नियुक्त या प्राधिकृत व्यक्ति ने कथित विद्युत दबाव को स्थिति में होने के समय उसके प्रत्येक सुरक्षा उपकरण को निरीक्षित तथा परीक्षित नहीं किया गया हो तथा इसके सही होने को प्रमाणित नहीं किया गया होः

परन्तु कोई भी निरीक्षण, परीक्षण तथा प्रमाण पत्र अपेक्षित नहीं होगा जहां औजार का कोई समायोजन विद्युत दबाव पर औजार, किसी उपकरण के किसी बदलाव या बाधा नहीं हुई हो या परिणामिक न हों तथा, यदि औजार के समायोजन के बाद, सुरक्षा उपकरण कथित व्यक्ति की राय में दक्ष कार्य स्थिति में रहेगी।

(2) प्रत्येक विद्युत दबाव तथा प्रत्येक सुरक्षा उपकरण कथित विद्युत दबाव पर यह स्थिति में हो, उस पर प्रत्येक दिन प्रशिक्षित व्यक्ति द्वारा निरीक्षित तथा परीक्षित किया जाएगा।

9. निरीक्षण तथा परीक्षण के दौरान प्रकट कमी.–

(1) जहां पैरा 8 के अधीन उस द्वारा किये गए किसी निरीक्षण तथा परीक्षण के परिणाम स्वरूप किसी व्यक्ति को यह प्रतीत होता है कि कोई आवश्यक सुरक्षा उपकरण विद्युत दबाव पर उचित स्थिति में नहीं है या कि कोई सुरक्षा उपकरण जो विद्युत दबाव पर स्थिति मे है, उसकीराय में उपयुक्त नहीं है, तो वह तुरन्त प्रबन्धक को उसे सूचित करेगा।

(2) उप–पैरा (3) में यथा उपबन्धित के सिवाए जहां कोई कभी पेरा 8 के अधीन किसी निरीक्षण तथा परीक्षण से सुरक्षा उपकरण में प्रकट की गई है, तो निरीक्षण तथा परीक्षण करने वाला व्यक्ति तुरन्त प्रबन्धक को उसे सूचित करेगा।

(3) जहां किसी सुरक्षा उपकरण में कोई कमी पैरा–7 के अधीन लिखित में अधिसूचना के अध्यधीन है जिसके कारण सुरक्षा उपकरण का प्रयोग कथित कमी को उपचारित किए बिना विनिर्दिष्ट अवधि के दौरान जारी रखी जा सकता है, तो इस पैरा का उप–पैरा (2) में अपेक्षा कथित अवधि समाप्त होने तथा कथित कमी को लागू नहीं होगी।

10. विद्युत दबाव तथा सुरक्षा उपकरणों की पहचान.–पहचान के प्रयोजन के लिए उसके लिए मुहैया प्रत्येक विद्युत दबाव तथा प्रत्येक सुरक्षा उपकरण स्पष्ट रूप से तथा साफ–साफ रूप से चिहिन्त किए जाएंगे।

11. चालकों को प्रशिक्षण हिदायते.–चालकों को किसी विद्युत दबाव पर कार्य शुरू करने से पूर्व कार्य की सुरक्षित पद्धति में प्रशिक्षित तथा अनुदेशित किया जाएगा।

12. छूट.–

(1) यदि किसी कारखाने के संबंध में मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि हो जाए कि परिस्थितियों या प्रक्रिया की अनावृति या किसी अन्य कारण से इस अनुसूची के सभी या कोई उपबन्ध सन्तुष्टि में कर्मकारों के बचाव के लिए अनावश्यक नहीं है, तो मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता लिखित प्रमाण–पत्र द्वारा (जिसे वह अपने विवेक से किसी भी समय रद्द कर सकता है) ऐसी सन्तुष्टि के सभी या ऐसे किसी उपबन्ध से ऐसी शर्तों, यदि कोई हो, जिन्हें वह उसमें निर्दिष्ट करे के अध्यधीन छूट प्रदान कर सकेगा।

(2) जहां ऐसी छूट प्रदान की गई है, प्रमाण पत्र की सुपाठय प्रति शर्तें, यदि कोई हो, दर्शाते हुए जिनके अध्यधीन यह प्रदान किया गया है, कारखाने के ऐसे स्थान पर चिपका कर रखा जाएगा जहां इसे नियोजित व्यक्तियों द्वारा सुविधाजनक रूप से पढ़ा जा सके।

अनुसूची–XXXV

कतरन स्लिटर तथा गिलोटिन मशीन

1. **परिभाषाएं.**–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए,–

(क) ''गिलोटिन'' से अभिप्राय है, स्टेशनरी विरोधी किनारे के विरूध सीधे रूप से संचालित साधारणतः ऋतु, बेवल किनारा ब्लेड से सुसज्जित तथा धातु या अधातु पदार्थों को काटने के लिए प्रयुक्त मशीन ;

(ख) ''कतरन'' या ''कतरन मशीन'' से अभिप्राय है, विरोधी किनारे के विरूध सीधे रूप से संचालित साधारणतः ऋतु, केवल किनारा ब्लेड या रोटरी, परस्पर व्यापन (ओवरजैपिगं) कटिंग पहिए से सुसज्जित तथा धातु, अधातु पदार्थों के कतरन के लिए प्रयुक्त मशीन ; तथा

(ग) ''स्लिटर'' या ''स्लिटर मशीन'' से अभिप्राय है, साधारणतः सर्कुलर डिस्क टाईप चाकू से सुसज्जित तथा धातु या अधातु पदार्थों के छाटने या काटने या इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए उन्हें संकीर्ण पट्टी में स्लिटिंग के लिए प्रयुक्त मशीन, इस शब्द में ब्रैड या अन्य खाद्य फांक कतरनें शामिल है, रोटरी चाकू या कटिंग डिस्क से सुसज्जित मशीन।

2. **गिलोटीन तथा कतरन.–**

(1) जहां व्यवहार्य हो पर्याप्त मजबूती का बैरियर धातु गार्ड मशीन, फ्रेम से बन्धे चाकू के अग्र भाग पर मुहैया कराया जाएगा तथा इस प्रकार फिक्स किया जाएगा कि यह ऊपर, नीचे या बैरियर गार्ड के मध्यम से या बगल से अवरोही ब्लेड तक पहुंचने में चालक के शरीर के किसी भाग को रोकेगा :

परन्तु कागज मुद्रण में तथा सम्बद्ध उद्योगों में प्रयुक्त मशीनों के मामले में जहां स्थिर बैरियर धातु गार्ड ऊंचाई तथा तल के कारण सामग्री की मात्रा के कारण उपयुक्त नहीं है, तो वहां उपयुक्त स्टेरिंग उपकरण मुहैया कराया जाएगा जिसमें चालक के दोनों हाथों की समकालिक कार्रवाई अपेक्षित है या स्वचालित उपकरण जब ब्लेड के प्रत्येक अवरोहण पर खतरा जोन से चालक के दोनों हाथों को हटाएगा।

(2) ऐसी मशीन के पिछे एक झुका हुआ गार्ड मुहैया कराया जाएगा जिस पर चीरे हुए टुकड़े सरक जाएंगे तथा सुरक्षित दूरी पर ऐसी रीति में प्रकृतिस्थ हो जाएंगे जोकि अवरोही ब्लेड तक पहुंचने से पिछवाड़े पर व्यक्ति को रोकेगा।

(3) निरन्तर फीड कतरनी के सिवाए विद्युत चालित गिलोटिन कटर निम्नलिखित से सज्जित होंगेः–

(क) शुरू उपकरण जिसमें कटाई गति में शुरू करने के लिए दोनों हाथों की समकालिक कार्रवाई तथा चाकू के सम्पूर्ण प्रहार के दौरान कम से कम एक हाथ का नियन्त्रण अपेक्षित है ; या

(ख) स्वचालित गार्ड शुरू करने के उपकरण को एक हाथ के सहयोजन में प्रयुक्त ब्लेड के प्रत्येक सलज्ज पर खतरा जोन से चालक के हाथों को दूर करेगा जिसमें कटाई गति शुरू करने के लिए उपकरण के दो अलग संचलन अपेक्षित है तथा इस प्रकार से डिजाइन किया जाएगा कि चाकू के प्रत्येक सम्पूर्ण चक्र के बाद शुरू न होने की स्थिति में अवश्य ही वापस आ जाएगा।

(4) जहां दो या अधिक कर्मकार दोनों हाथ के नियन्त्रण से सुसज्जित नियोजित है, तो उपकरण इस प्रकार से व्यवस्थित किया जाएगा कि प्रत्येक कर्मकार कटाई गति शुरू करने के लिए सुरक्षा ट्रिप पर एक साथ दोनों हाथों तथा कटाई पूरी करने के लिए नियन्त्रण पर कम से कम एक हाथ का प्रयोग करेगा।

(5) सत्त कतरनी से भिन्न विद्युत चालित गिलोटीन कटर आपातिक उपकरण सहित ब्रेक या अन्य बन्द करने की प्रक्रिया के अतिरिक्त मुहैया कराई जाएगी जो ब्रेक के असफल होने की घटना में मशीन को चलने में रोकेगी जब शुरू करने की प्रक्रिया चालू न करने की स्थिति में हो।

3. **स्लिटिंग मशीन.–**

(1) धातु तथा चमड़ा, कागज, रबड़, वस्त्र या अन्य अधातु पदार्थों की काटने के लिए मशीनों पर सर्कुलर डिस्क किस्म के चाकू, यदि कार्य करने के स्तर के फर्श पर खडे होकर चालक की पहुंच में हो, सामग्री की सतह पर यथा निकट यथा व्यवहार्य सभी समयों पर चाकू के किनारे को बन्द वार्ड सहित मुहैया कराए जाएंगे तथा जो या तो,–

(क) सामग्री की मोटाई के अनुसार अपने आप समायोजित हो सकता है; या

(ख) स्थिर या हस्त रूप से समायोजित किया जा सकता है ताकि गार्ड के तल तथा सामग्री के बीच स्थान किसी समय पर 6 एम एम (1/4 ईंच) से अधिक नहीं होगा।

(2) स्लिटिंग मशीन की टेबल या बैंच के नीचे के ब्लेडों के भाग गार्ड द्वारा ढके जाएंगे।

4. **इन्डैक्स कटर तथा सीधा कागज स्लाटर.**—किताबों के सिरे से पट्टी काटने तथा समरूप कार्य के लिए इन्डैक्स, कटर तथा अन्य मशीन पर स्थिर गार्ड मुहैया कराए जाएंगे तथा इस प्रकार व्यवस्थित किए जाएंगे कि चालकों की अगूलियां ब्लेडों तथा टेबलों के बीच में न आ सकें।

5. **कार्नर कटर.**—कागज के बक्सों के निर्माण में प्रयुक्त कार्नर कटर निम्नलिखित से सुसज्जित होंगे,—

(क) चाकूओं के अग्रभाग में उपयुक्त गार्ड, मशीनों पर घेराबन्दी तथा कार्य की दृश्यता प्रदान करने के लिए झिरी या छिद्र के व्यवस्था ; या

(ख) कर्मकार के अगुलियों के संरक्षण के लिए समान रूप से दक्ष अन्य गार्ड।

6. **बैंड चाकू.**—सीधी मशीन पर स्लाईडिंग गाईड तथा टेबल के बीच या क्षेतिज मशीन के पहिया गार्ड के बीच कार्य की तरफ के सिवाए बैंड चाकू पर बैंड पहिए तथा ब्लेडों के सभी भाग मोटाई में कम से कम एक एम एम (0.04 ईंच) धातु शीट या समकक्ष मजबूती की अन्य सामग्री के हिन्गढ गार्ड से पूर्णतया बन्द किए जाएंगे।

अनुसूची–XXXVI

थरमिक फ्लूड हीटर

1. सभी हीटर ऐसे निर्माण के होंगे कि काइल नियत कालिक सफाई, दृश्य निरीक्षण तथा हाईड्रोलिक परीक्षण के लिए हटा ली गई है।
2. विधुत असफलता के मामले में प्रभावी रूप से भट्टी को शीतल करने के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी।
3. भट्टी को पुनः चालू करने से पूर्व इसे साफ किया जाएगा।
4. थरमिक फ्लूड का वेग या प्रवाह जब हीटर संचालन में हो निर्माता द्वारा अनुशासित न्यूनतम से नीचे गिरना अनुज्ञात नहीं किया जाएगा।
5. विस्तारण एवं अवातक टैंक सहित बन्द सर्किट निर्माण में थरमिक फ्लूड परिचालित किया जाएगा। यह टैंक शैड के बाहर स्थित किया जाएगा जहां हीटर लगाया गया है।
6. प्रत्येक हीटर पर ज्वाला असफलता तथा स्वचालित बरनर कट को सूचित करने के लिए फोटो–प्रतिरोधक परिचालित स्व–दृश्य अलारम मुहैया कराई जाएगी।
7. श्रव्य–दृश्य अलारम सहित चिमनी ताप मानीटर एवं नियन्त्रक मुहेया कराया जाएगा ताकि निकास ताप विशिष्ट न्यूनतम से अधिक होने के मामले में चालक को सचेत कर सके।
8. जहां निरीक्षण दरवाजे भट्टी पर मुहैया कराए गए है, तो उन्हें स्वतः बनरनर के साथ इन्टरलाक किया जाएगा ताकि वे बरनर के बन्द होने तक भट्टी के पर्याप्त रूप से शीतल होने तक खोले नहीं जा सके।
9. सभी हीटरों पर निम्नलिखित सुरक्षा उपकरण भी मुहैया कराए जाएंगेः–
   (i) विस्तार टैंक में लेवल नियन्त्रण;
   (ii) थरमिक फ्लूड का ताप नियन्त्रण;
   (iii) हीटर टयूबों की निकास लाइन पर विभेदी दबाव स्वीच;
   (iv) बरनर में ईंधन तेल आपूर्ति के लिए ताप नियन्त्रण उपकरण;
10. पैरा (9) में विनिर्दिष्ट सभी उपकरण के साथ इन्टरलाकिंग की व्यवस्था की जाएगी ताकि किसी पूर्वनिश्चित सीमा पार करने के मामले में ईंधन तथा वायु की आपूर्ति अपने आप कट जाए।
11. सभी सुरक्षा इन्टरलाक जब संचालित किए जाएं उचित श्रव्य–दृश्य अलाम हीटर के नियन्त्रण पैनल पर सूचित करेंगे।
12. प्रत्येक हीटर यूनिट की अग्नि बुझाने के लिए कम दबाव भांप या नाईट्रोजन सहित खिसकाने (शिफ्टिंग) के लिए मानक उपांग व्यवस्था के रूप में मुहैया कराई जाएगी।
13. हीटर का इलैक्ट्रोरल पैनल हीटर के निकट स्थित किया जाएगा किन्तु इतना नजदीक नहीं जिससे कि तेल बिखरने का रिसने के जोखिम में डाल दें।
14. हीटर अन्य निर्माण कार्यकलापों से अग्नि विरोधी सामग्री से विभक्त किए गए स्थान में स्थित किए जाएंगे।
15. विस्फोट निकास लगाया जाएगा ताकि निर्मुक्त टैंक सुरक्षित स्थान पर रखा जा सके।
16. हीटर काइल कम से कम प्रत्येक बारह मास में एक बार सक्षम व्यक्ति द्वारा दबाव जांच के अध्यधीन होगी। निरीक्षित दबाव संचालन दबाव से दुगनी से कम नहीं होगा।
17. यदि काइल की मरम्मत की जाती है, तो इस प्रयोग में लाने से पूर्व परीक्षित किया जाएगा।
18. थरमिक फ्लूड निर्माता द्वारा विनिर्दिष्ट विशिष्टियों के अनुरूप होगा तथा प्रत्येक तीन मास की अवधि में कम से कम एक बार उपयुक्तता के लिए सक्षम व्यक्ति द्वारा परीक्षित किया जाएगा। ऐसे परीक्षण में अम्लता, प्रलंबित मामला, राख विषय–वस्तु, चिपचिपाहट तथा जवलनांक का परीक्षण शामिल होगा।
19. हीटर की आन्तरिक सतह की सफाई इस प्रकार हो कि भीतर उच्च तापसह सतह का परीक्षण प्रत्येक मास किया जाएगा या प्राय जो कार्य की स्थिति पर निर्भरता के लिए अपेक्षित हो। काइल हटाई जाएगी तथा काइल की सहत छह मास की अवधि में कम से कम एक बार अच्छी प्रकार से साफ की जाएगी। बरनर, नोजल, तेल फिल्टर तथा पम्प प्रयोग की अवधि के दौरान सप्ताह में एक बार साफ किए जाएंगे।
20. निम्नलिखित सूचना से युक्त एक पृथक रजिस्टर अनुरक्षित किया जाएगाः–
   (क) इन्टरलाक की कारगरता की पुष्टि करने के लिए की गई साप्ताहिक जांच;
   (ख) साप्ताहिक जांच की पुष्टि करने के लिए कि सभी उपांग मरम्मत की अच्छी स्थिति में है; तथा
   (ग) चार घण्टों के अन्तरालों पर अभिलिखित ईंधन, तेल तापमान, दबाव, थरमिक फ्लूड प्रवेश/निकास दबाव तथा तापमान ईंधन गैस तापमान के बारे में सूचना।
21. हीटर जब चालन में हों हमेशा प्रशिक्षित चालक के प्रभार में रखा जाएगा।

अनुसूची–XXXVII

क्रोमिक एसिंड का निर्माण या सोडियम, पोटाशियम या अमोनियम के बिचरोमेट का निर्माण या समुत्थान

1. **परिभाषा.**–इस अनुसूची के प्रयोजनों के लिए:–

(क) **"क्रोम प्रक्रिया"** से अभिप्राय है, क्रोमिक एसिड या सोडियम या पोटाशियम या अमोनियम के बिचरोमेंट का निर्माण या उनके निर्माण के सम्बन्ध में इन पदार्थों का परिचालन, संचलन या अन्य उपचार;

(ख) **"दक्ष वायु निष्कासक"** से अभिप्राय है, गैस, भांप, धूल या धूएं को निकालने के लिए यान्त्रिक या अन्य साधनों द्वारा किए गए स्थानीय संवातक जिससे उसे किसी स्थान की जिसमें काम किया जा रहा हो, वायु से मिल जाने से रोका जा सके। किसी भी वायु निष्कासक को दक्ष नहीं समझा जाएगा, जो इस स्थान पर उत्पन्न होने वाले धुएं को जहां पर ऐसी गैस, भांप, धुआं या धूल उत्पन्न होती हो, प्रभावी रूप से न हटा सकता हो।

(ग) **"निलम्बन"** से अभिप्राय है, प्रमाणकर्ता सर्जन द्वारा हस्ताक्षरित स्वास्थ्य रजिस्टर (प्ररूप–30) में लिखित प्रमाण–पत्र द्वारा विनिर्दिष्ट किसी क्रोम प्रक्रिया में नियोजन से निलम्बन जिसके पास किसी ऐसी प्रक्रिया में सभी व्यक्तियों के नियोजन के सम्बन्ध में निलम्बन की शक्ति है।

2. **गर्भवती महिला तथा युवा व्यक्ति के सम्बन्ध में प्रतिषेध.**–कोई भी गर्भवती महिला या युवा व्यक्ति किसी क्रोम प्रक्रिया में कार्य करने के लिए नियोजित नहीं की जाएगी/जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी।

3. **दक्ष वायु निष्कासक प्रणाली**

(1) निम्नलिखित क्रोम प्रक्रिया दक्ष वायु निष्कासक के प्रयोग के बिना नहीं की जाएगी, अर्थात्:–

(क) पेषण (घिसाई);

(ख) छानना;

(ग) बैच मिश्रण;

(2) (i) धूल/धूम के निष्कर्षण या उन्मूलन के लिए सभी उपकरण सक्षम व्यक्ति द्वारा प्रत्येक छह मास में कम से कम एक बार जांचा तथा परीक्षित किया जाएगा तथा ऐसी जांच तथा परीक्षण द्वारा प्रकट कभी यथा सम्भव यथा व्यवहार्य परिशोधित की जाएगी।

(ii) ऐसी जांच तथा परीक्षण के ब्योरे प्ररूप–32 में रखे जाएंगे।

4. **कतिपय प्रक्रिया का पृथक्करण.–निम्नलिखित क्रोम प्रक्रिया, अर्थात्:–**

(क) कच्ची सामग्री का पेषण; तथा

(ख) कच्ची सामग्री की धनाई, ऐसी रीति में तथा ऐसी शर्तों के अधीन की जाएगी ताकि किसी प्रक्रिया से सफल पृथक्करण सुरक्षित हो सके।

5. **धुलाई सुविधाएं.–**

(1) जहां अम्लीकरण, सल्फेट सैटलिंग या धुलाई, सान्द्रण, क्रिस्टलीकरण, अपकेन्द्रीकरण या पैकिंग की जाती है, हां प्रत्येक कर्मकार के निकट स्टेशन निम्न अनुसार मुहैया कराया जाएगा,–

(क) चलते पानी में बारंबार हाथ तथा पैर धोने के लिए स्थापित स्थान; तथा

(ख) सोडियम बाईसल्फेट या किसी अन्य उपयुक्त परिवर्तक कारक के घोल के 10 प्रतिशत का कम से कम 20 औंस तक धारण करने वाला पात्र।

(2) नीचे अंकित मापक्रम पर साबुन तथा तौलियों की पर्याप्त आपूर्ति सहित ढका हुआ धुलाई आवास साफ स्थिति तथा अच्छी अवस्था में मुहैया तथा अनुरक्षित भी किया जाएगा :–

प्रत्येक दस कर्मचारियों के लिए कम से कम एक टोंटी या स्टैण्ड पाई तथा टोंटी या स्टैण्ड पाईप कम से कम 1.2 मीटर पर रखे जाएंगे।

नोट.– इस नियम के प्रयोजन के लिए अपेक्षित टोंटी की कुल संख्या की गणना में खण्ड 5 (1) (ग) के अधीन यथा अपेक्षित टोंटी या स्टैण्ड पाईप शामिल होंगे।

6. **धुलाई के लिए अनुज्ञात समय.**–प्रत्येक भोजन से पूर्व तथा दिन के कार्य के समापन से पूर्व कम से कम दस मिनट नियमित भोजन समय के अतिरिक्त क्रोम प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक व्यक्तियों को धुलाई के लिए अनुज्ञात की जाएंगी।

7. **फर्श.**–कोई भी महिला या युवा व्यक्ति किसी ऐसे कमरे में जिसमें कथित प्रक्रिया की जा रही हो, कार्य करने के लिए नियोजित नहीं किए जाएंगे या अनुमति नहीं दी जाएगी।

(क) फर्श सीमेंट या समरूप अन्य सामग्री का होगा ताकि पानी से चिकना तथा अपारगम्य बनाया जा सके तथा उपयुक्त ढाल तथा जल निकास मुहैया कराएं जा सके;

(ख) सही स्थिति में रखे जाएंगे तथा प्रतिदिन साफ किए जाएंगे।

8. चिकित्सा अधिकारी द्वारा चिकित्सा जांच.—(1) प्रक्रिया जिसको यह अनुसूची लागू होती है, पर नियोजित प्रत्येक कर्मकार की उसके द्वारा जांच की जाएगी। ऐसी जांच में चिकित्सा अधिकारी द्वारा यथा अपेक्षित परीक्षण शामिल होंगे। किसी भी कर्मकार को कारखाने में उसके प्रथम नियोजन के 15 दिन के बाद कार्य करने के लिए जब तक अनुज्ञात नहीं किया जाएगा तब तक चिकित्सा अधिकारी द्वारा ऐसे नियोजन के लिए फिट प्रमाणित नहीं किया गया हो।

(2) कथित प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक कर्मकार की प्रत्येक बारह कलैण्डर मास में कम से कम एक बार चिकित्सा अधिकारी द्वारा पुनः जांच की जाएगी। ऐसी पुनः जांच में, जब कभी चिकित्सा अधिकारी उचित समझे, उप–पैरा (1) में यथा विनिर्दिष्ट परीक्षण शामिल होंगे।

(3) कर्मकार के जांच करने के बाद चिकित्सा अधिकारी प्ररूप 31 में उपयुक्तता का प्रमाण पत्र जारी करेगा। की गई, जांच तथा पुनः जांच का रिकार्ड प्रमाण पत्र में दर्ज किया जाएगा तथा प्रमाण पत्र कारखाने के अधिभोगी की अभिरक्षा में रखा जाएगा। उप–पैरा (1) तथा (2) के अधीन की गई प्रत्येक जांच का रिकार्ड जिनमें जांच की प्रकृति तथा परिणाम शामिल है, प्ररूप–30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में चिकित्सा अधिकारी द्वारा दर्ज भी किया जाएगा।

(4) उपयुक्त प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर निरीक्षक एवं सुविधा प्रदात द्वारा निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रखा जाएगा।

(5) यदि किसी समय प्रमाणकर्ता सर्जन की राय है कि कर्मकार ऐसे आधार पर कथित प्रक्रिया में नियोजन के लिए लम्बे समय के लिए फिट नहीं है कि उसमें उसका बना रहना कर्मकार के स्वास्थ्य के लिए खतरा होगा, वह कथित प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य रजिस्टर में अपने निष्कर्ष को रिकार्ड करेगा। उन दस्तावेजों में उसके निष्कर्स की प्रविष्टि में अवधि जिसमें विचार किया है कि कथित व्यक्ति कथित प्रक्रिया में कार्य के लिए अनुपयुक्त है, भी शामिल होनी चाहिए। प्रक्रिया से इस प्रकार निलम्बित व्यक्ति ऐसी परिस्थितियों में अनुयुक्त घोषित व्यक्ति को जब तक उसे चिकित्सा अधिकारी की राय में पूर्ण रूप में अयोग्य नहीं ठहराया गया हो, वैकल्पिक नियोजन की सुविधा मुहैया कराई जाएगी; ऐसे मामले में प्रभावित व्यक्ति को उचित रूप से पुनर्वासित किया जाएगा।

(6) कोई भी व्यक्ति जो उप–पैरा (5) में कहे गए अनुसार कार्य करने के लिए अनुपयुक्त पाया गया है, जब तक कथित प्रक्रिया में कार्य करने के लिए पुनर्नियुक्त नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी तब तक चिकित्सा अधिकारी अतिरिक्त जांच करने के बाद उन प्रक्रियाओं में नियोजन के लिए उसे पुनः उपयुक्त प्रमाणित नहीं करता।

9. सुरक्षा उपकरण.—अधिभोगी नियोजित सभी व्यक्तियों के लिए प्रयोग के लिए निम्नलिखित मुहैया कराया तथा रखेगाः—

क. कच्ची सामग्री के पेषण (घिसाई), छानने या मिश्रित करने में पर्याप्त तथा उपयुक्त श्वसित्र (प्रत्येक व्यक्तिगत के लिए अलग से जारी) फिल्टरिंग सामग्री जिसको प्रतिदिन नवीकृत किया जाएगा;

ख. भुनने की प्रक्रिया में उपयुक्त जूते;

ग. अम्लीकरण, सैटलिंग, सान्द्रण, क्रिस्टलीकरण, अपकेन्द्रीकरण या पेकिंग में हाथों तथा पैरों के लिए उपयुक्त एप्रन तथा सुरक्षा आवरण।

अधिभोगी द्वारा प्रत्येक दिन के कार्य की बन्दी पर सभी सुरक्षा उपकरणों की जांच तथा सफाई तथा जब आवश्यकता हो उसकी मरम्मत या नवीकरण के लिए प्रबन्ध किए जाएंगे।

10. सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग.—क्रोम प्रक्रिया में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति नियम 8 में अधीन उपबन्धित सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करेगा।

11. क्लाक रूम.—किसी क्रोम प्रक्रिया में नियोजित सभी व्यक्तियों के प्रयोग के लिए साफ स्थिति में तथा अच्छी अवस्था में मुहैया कराए जाएंगे तथा अनुरक्षित किए जाएंगे—

क. कार्य समय के दौरान उतारे गए गली कपड़ों के लिए क्लाक रूम जिसमें जब वे गीले हो ऐसे कपड़ों को सुखाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था शामिल है, ऐसा आवास भोजन कक्ष से अलग होगा;

ख. पैरा 8 के अधीन मुहैया सुरक्षा कपड़ों के भण्डारण के लिए पृथक तथा उपयुक्त व्यवस्था।

12. भोजन कक्ष.—भोजन अन्तरालों के दौरान परिसरों में रहे सभी व्यक्तियों के प्रयोग के लिए प्रति व्यक्ति कम से कम 6.9 वर्ग मीटर का आवास मुहैया उपयुक्त भोजन कक्ष मुहैया कराया जाएगा तथा अनुरक्षित किया जाएगा तथा निम्नलिखित से सुसज्जित होगाः—

क. मेजों तथा कुर्सियों या बैंचो की पर्याप्त संख्या;

ख. बर्तन धोने के लिए व्यवस्था;

ग. भोजन गर्म करने के लिए पर्याप्त साधन।

भोजन कक्ष जिम्मेवार व्यक्ति के प्रभार में रखा जाएगा तथा साफ रखा जाएगा।

13. **खाद्य तथा पेय इत्यादि का प्रतिषेध.**—कोई भी खाद्य, पेय, ''पान'', ''सुपारी'' या तम्बाकू किसी कर्मकार द्वारा किसी कार्य कक्ष में जिसमें क्रोम प्रक्रिया की जाती है लाई नहीं जाएगी या उपभोग नहीं की जाएगी।

14. **बरतन के घेरे.**—प्रत्येक स्थिर बरतन चाहे पात्र, कड़ाही, कुण्ड या किसी खतरनाक सामग्री युक्त अन्य संरचना और इस प्रकार इसमें शामिल नहीं है जोकि नियोजित किसी व्यक्ति के शरीर के किसी भाग को दुर्घटनात्मक तल्लीनता के सभी युक्तियुक्त जोखिम को दूर कर सके निम्न अनुसार घेरी जाएगी :—

(क) प्रत्येक ऐसा बरतन जब तक इसके किनारे कम से कम 91.4 सेंटीमीटर के नहीं हैं तब तक निकटवर्ती भूमि या प्लेटफार्म से उपरोक्त ऐसे निकटवर्ती भूमि या प्लेट फार्म से कम से कम 91.4 सेंटीमीटर की ऊंचाई तक सुरक्षित रूप से घेरा नहीं जाएगा;

(ख) कोई भी तख्ता या गेंग वे किसी ऐसे बरतन के पार या भीतर जब तक नहीं रखा जाएगा तब तक ऐसा तख्ता या गेंग वे —

(i) चौड़ाई में कम से कम 45.7 सेंटीमीटर नहीं है;

(ii) दोनों तरफ से सुरक्षित रूप से घेरा जाएगा चाहे 91 सेंटीमीटर की ऊंचाई तक उपरली तथा निचली रेल द्वारा या अन्य समान रूप से दक्ष साधन द्वारा;

(ग) यदि कोई दो ऐसे बरतन एक दूसरे के निकट है तथा उसके बीच स्पष्ट स्थान का प्रतिवेश किसी ईं—कार्य या अन्य कार्य या तो —

(i) चौड़ाई में 45.7 सेंटीमीटर कम है या 45.7 सेंटीमीटर है; या

(ii) चौड़ाई में अधिक सेंटीमीटर का है किन्तु जो कम से कम 91.4 सेंटीमीटर की ऊंचाई तक दोनों तरफ से सुरक्षित रूप से नहीं घेरा गया है, तो सुरक्षित वैरियट रखा जाएगा ताकि उनके बीच कोई रास्ता रोका जा सके।

15. **सचेतक नोटिस.**—मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूप में तथा अधिकांश नियोजित कर्मकारों की भाषा में मुद्रित सचेतक नोटिस कारखाने में किसी मुख्य स्थान पर चिपकाया जाएगा जहां इसे कर्मकारों द्वारा आसानी से तथा सुविधाजनक रूप से पढ़ा जा सके।

16. **छूट.**—यदि किसी कारखाने के संबंध में मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता की सन्तुष्टि सामधान हो जाए कि अपवाद स्वरूप परिस्थितियों या प्रक्रिया की अनावृति या किसी अन्य कारण से अनुसूची के सभी या कोई ऐसे उपबन्ध कारखाने में नियोजित कर्मकारों के बचाव के लिए अनावश्यक नहीं है, तो वह लिखित प्रमाण—पत्र द्वारा ऐसे कारखाने को सभी या ऐसे किसी उपबन्ध से ऐसी शर्तों, जिन्हें वह उसमें निर्दिष्ट करे, पर छूट प्रदान कर सकेगा ऐसा प्रमाण—पत्र किसी भी समय मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता द्वारा कारण दिए बिना रद्द कर सकता है।

अनुसूची –XXXVIII

एल पी जी/एसोटिलीन/अरगोन के प्रयोग से वैल्डिंग/ कटिंग संचालन

1. **लागूकरण.–य**ह अनुसूची आक्सीजन गैस के संयोजन में द्रवित पैट्रोलियम गैस या ऐसोटिलीन गैस या अरगोन आदि के प्रयोग से सामग्री की वैल्डिंग/कटिंग में सभी संचालनों को लागू होगी।

2. **उपकरण.–**(1) गैस सिलैण्डर चाहे भरा हुआ हो या खाली ऐसे कक्ष में भण्डार नहीं किए जाएंग जहां वैल्डिंग या कटिंग का कार्य किया जा रहा है।

(2) द्रवित गैस सिलैण्डर जब प्रयोग में हो हमेशा सीधी स्थिति में रखे जाएंगे तथा इस प्रकार रखे जाएंग कि वे

(3) खुली ज्वाला, लाईटें, अग्नि की लाईटें तथा धुआं जहां वे वेल्डिंग, कटिंग या तापन के लिए प्रयोग में है, के सिवाए ज्वलनशील गैसों वाले किसी सिलैण्डर के बिल्कुल निकटता में प्रतिषिद्ध है।

(4) सभी सिलैण्डर सभी संचालनों से कम से कम 10 मीटर की सुरक्षित दूरी पर भण्डार किए जाएंगे जिसमें गर्मी की अधिकता के परिणामस्वरूप ज्वाला, पिघली हुई धातु से चिंगारी उत्पन्न होती है।

(5) प्रत्येक गैस सिलैण्डर पर दक्ष मानक किस्म या दबाव नियन्त्रक मुहैया कराया जाएगा तथा गैस का वापसी प्रवाह द्वितीय गैस–वापसी किस्म के वाल्व द्वारा प्रतिबद्ध किया जाएगा।

(6) सभी वैल्डिंग/कटिंग टार्च मानक किस्म की होंगी जिस पर गैर–वापसी वाल्व मुहैया कराना चाहिए।

(7) उपयुक्त किस्म के अग्निशामक यन्त्र वैल्डिंग/कटिंग स्थान के निकट तथा गैस–सिलैण्डर भण्डार के निकट भी मुहैया कराए जाएंगे।

(8) गैस सिलैण्डरों से पाईप लाईनें प्रत्येक गैस की पहचान के लिए विशेष रंगों से रंगे जाएंगे।

3. **साधारण.–**(1) वैल्डिंग तथा कटिंग संचालन जवलनशील धूल, गैस, तेल या वाष्प के विस्फोट युक्त क्षेत्रों में प्रतिषिद्ध किए जाएंगे।

(2) वैल्डिंग/कटिंग संचालन जो उन स्थानों पर चलाए जा रहे है जहां झलाईगर (वेल्डर) तथा उसके सहायक कार्य कर रहे है या गुजरते है ऊंचाई में कम से कम 21.5 मीटर (7 फुट) की उपयुक्त अचल या सुवाह्या (पोर्टेबल) स्क्रीन के साधन से बन्द किए जाएंगे।

(3) सभी उपकरण जैसे कि वैल्डिंग/कटिंग टार्च (मशाल), पाईप लाईन, ब्रैकेट, अवापसी वाल्व तथा दबाव नियन्त्रक की 15 दिन की अवधि में कम से कम एक बार ऐसे उपकरणों की जानकारी रखने वाले सक्षम व्यक्ति द्वारा जांच की जाएगी।

(4) वैल्डिंग/कटिंग प्रक्रिया उस कार्य में तथा अग्नि, प्रतिज्वलन तथा विस्फोट के खतरे में विशेष रूप से प्रशिक्षित कर्मकारों द्वारा की जाएगी।

(5) वैल्डिंग/कटिंग के लिए उपकरणों की जांच की लाग बुक तथा प्रशिक्षित कर्मकारों का रजिस्टर मुख्य निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता द्वारा निदेशानुसार प्ररूप में अनुरक्षित किया जाएगा।

118. स्थल मूल्यांकन समिति (धारा 83).—(1) राज्य सरकार खतरनाक प्रक्रिया वाले कारखाने के प्रारम्भिक स्थान या किसी ऐसे कारखाने के विस्तार के लिए अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदनों पर विचार करने हेतु सलाह देरे के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित को मिलाकर एक स्थल मूल्यांकन समिति नियुक्त करेगी :—

(क) मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता इसका अध्यक्ष होगा;

(ख) हरियाणा राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड का एक प्रतिनिधि;

(ग) हरियाणा शहरी स्थानीय निकाय विभाग से एक प्रतिनिधि;

(घ) नगर तथा ग्राम आयोजना विभाग से एक प्रतिनिधि;

(ङ) हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से एक प्रतिनिधि;

(च) हरियाणा राज्य औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम से एक प्रतिनिधि;

(छ) राजस्व तथा आपदा प्रबन्धन विभाग से एक प्रतिनिधि;

(ज) स्वास्थ्य विभाग से एक प्रतिनिधि;

(झ) वन तथा वन्य जीव विभाग का एक प्रतिनिधि;

(ञ) व्यावसायिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ;

(ट) व्यावसायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक विशेषज्ञ;

(ठ) खतरनाक प्रक्रिया का विशेष ज्ञान रखने वाला एक विज्ञानी जो कारखाने में शामिल होगा।

(2) स्थल मूल्यांकन समिति खतरनाक प्रक्रिया वाले कारखाने की स्थापना के लिए आवेदन की जांच करेगी तथा विहित प्ररूप में ऐसे आवेदन की प्राप्ति की तीस दिन की अवधि के भीतर राज्य सरकार को अपनी सिफारिश करेगी।

(3) जहां कारखाने से सम्बन्धित कोई प्रक्रिया केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वामित्वाधीन या नियन्त्रित है या केन्द्रीय सरकार द्वारा स्वामित्वाधीन या नियन्त्रित निगम या कम्पनी है, तो राज्य सरकार उस समिति के सदस्य के रूप में केन्द्रीय सरकार द्वारा नामांकित प्रतिनिधि को स्थल मूल्यांकन समिति में सहयोजित किया जाएगा।

(4) स्थल मूल्यांकन समिति को खतरनाक प्रक्रिया वाले कारखाने की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति से कोई सूचना मांगने की शक्ति होंगी।

119. स्थल के मूल्यांकन के लिए आवेदन (धारा 83).—(1) खतरनाक प्रक्रिया में शामिल कारखाने के सम्बन्ध में स्थल के मूल्यांकन के लिए आवेदन स्थल मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष को प्रस्तुत किया जाएगा।

(2) इलैक्ट्रोनिक पद्धति सहित स्थल मूल्यांकन के लिए आवेदन इस नियम से संलग्न प्ररूप में प्रस्तुत किया जाएगा। समिति आवेदन प्ररूप में किसी विशेष मद की सूचना देने से अभिमुक्त कर सकती है यदि वह उसे विचाराधीन आवेदन से सुसंगत के रूप में नहीं समझती है।

स्थल मूल्यांकन समिति के लिए आवेदन का प्ररूप

1. आवेदक का नाम तथा पता;

2. स्थल स्वामित्व डाटा,—

2.1 स्थल के राजस्व ब्योरे जैसे कि सर्वेक्षण संख्या, प्लाट संख्या इत्यादि

2.2 क्या स्थल वन रूप में वर्गीकृत है यदि ऐसा है तो क्या भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अधीन केन्द्रीय सरकार का अनुमोदन ले लिया गया है।

2.3 क्या प्रस्तावित स्थल पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 3(2)(V) के उपबन्धों को आकृष्ट करता है यदि ऐसा है, तो प्रतिबन्ध की प्रकृति।

2.4 स्थानीय प्राधिकरण जिसकी अधिकारिता में स्थल स्थित है।

3. स्थल योजना

3.1 अधिभोग किए जाने के लिए प्रस्तावित सीमाओं तथा कुल क्षेत्र की स्पष्ट पहचान सहित तथा प्रस्तावित स्थल के लगभग निम्नलिखित ब्योरे दर्शाने वाली स्थल योजना—

(क) आसपास के क्षेत्र के ऐतिहासिक स्मारक, यदि कोई हो;

(ख) पड़ोस की विनिर्माण इकाइयों तथा मानव बस्तियों, शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थाओं, पेट्रोल स्थापनाओं, एलपीजी और आसपास के क्षेत्र के अन्य खतरनाक पदार्थों के भण्डार के नाम तथा प्रस्तावित इकाई से उनकी दूरी;

(ग) आसपास के क्षेत्र में जल के स्त्रोतों (नदी, नाला, नहर, बांध, जलशोधन संयंत्र आदि);

(घ) समीपस्थ अस्पताल, अग्नि शमन केन्द्र, नागरिक प्रतिरक्षा केन्द्र तथा पुलिस स्टेशन और उनकी दूरी;

(ङ) विद्युत उच्च तनन प्रसारण लाइनें, जल, तेल, गैस या मलजल के लिए पाईप लाईनें, रेलवे लाईनें, सड़क, स्टेशन, जटीज तथा अन्य समरूप स्थापनाएं।

3.2 मिट्टी की स्थिति का ब्यौरे तथा ठोस परत प्राप्त होने वाली गहराई।

3.3 क्षेत्र का कन्टूर मैंप जो समीप की पहाड़ियों और तल अन्तर को दर्शाता है।

3.4 कारखाने के प्लाट की योजना जो प्रवेश और निकास के बिन्दु, भीतर सड़क, पानी, नालियां आदि दर्शाती है।

4. परियोजना रिपोर्टः

4.1 परियोजना की मुख्य विशिष्टियों का सारांश;

4.2 संगठन की स्थिति (सरकारी अर्ध सरकारी, पब्लिक या प्रायवेट आदि);

4.3 कारखाने में काम में लाने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या;

4.4 विधुत और जल आवश्यकताओं की अधिकतम मात्रा तथा उनकी आपूर्ति का स्त्रोत;

4.5 प्रस्तावित कारखाने में भवनों और स्थापनाओं के ब्लाक आरेख;

4.6 प्रस्तावित आवासीय कॉलोनी, अस्पताल, स्कूल तथा अन्य अवसंरचना सुविधाओं का ब्यौरे।

5. प्रस्तावित विनिर्माण इकाई/कारखाने के संगठन का ढांचा.–

5.1 –सामान्यतः प्रस्तावित उद्यम;

– स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा विभाग तथा उनका प्रक्रिया तथा तकनीकी विभागों के संबंध में उनके संगठनात्मक आरेख;

5.2 प्रस्तावित स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति;

5.3 अपशिष्ट तथा बहिःस्राव के उपचार हेतु आबंटित क्षेत्र;

5.4 सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण उपायों पर व्यय का प्रतिशत।

6. स्थल से संबंधित मौसम विज्ञान सम्बन्धी आंकेड़े.–

6.1 पूर्व के दस वर्षों के दौरान के;

– तापमान;

– आर्द्रता;

– वायु वेग

का औसत, न्यूनतम और अधिकतम;

6.2 वायु दिशा में होने वाले मौसमी परिवर्तन;

6.3 अभी तक का अभिलिखित क्षेत्र में बाढ़ के दौरान पहुंचने वाला अधिकतम जलस्तर;

6.4 क्षेत्र के तड़ित और भूकम्पीय आंकड़े।

7. संचार सम्पर्क.–

7.1 बाहरी संचार हेतु टेलीफोन/टेलेक्स/वायरलैस और अन्य संचार सुविधाओं की उपलब्धता;

7.2 प्रस्तावित आंतरिक संचार सुविधा।

8. विनिर्माण प्रक्रिया की जानकारी–

8.1 प्रोसेस फ्लो डायग्राम;

8.2 प्रक्रिया और प्रोद्योगिकी पर संक्षिप्त आलेख;

8.3 प्रक्रिया के लिए संकटपूर्ण प्राचल जैसे कि दाब का बनना, तापमान का बढ़ना और रन अवे प्रतिक्रिया;

8.4 सुरक्षण उलझन वाली प्रक्रिया पर पड़ने वाले अन्य बाहरी संकटपूर्ण प्रभाव, जैसे कि जल की नमी का प्रवेश, अनुपयुक्त पदार्थों से संपर्क, अचानक विद्युत असफलता;

8.5 विनिर्माण प्रौद्योगिकी में समाविष्ट किए गए निर्मित सुरक्षा/प्रदूषण नियंत्रण युक्तियां या उपायों की मुख्य विशेषताएं।

9. खतरनाक पदार्थों के बारे में जानकारी.–

9.1 कच्चे पदार्थ, मध्यवर्ती, उत्पाद और उपोत्पाद और उनकी मात्राएं (प्रत्येक खतरनाक पदार्थ के संबंध में पदार्थ सुरक्षा डाटा शीट संलग्न करें);

9.2 कच्चे पदार्थों, मध्यवर्ती, उत्पादों के लिए प्रस्तावित मुख्य और मध्यवर्ती भण्डार;

9.3 पदार्थों के अन्दर जाने और बाहर जाने के लिए उपयोग में लाई जा रही परिवहन पद्धति, उनकी मात्रा और संभावित रास्ते जिनका अनुसरण किया जाएगा;

9.4 सुरक्षा उपाय जो कि–

– पदार्थों का कार्य करने;

– आंतरिक और बाहरी परिवहन; और

– निपटान (बने हुए उत्पादों को पैक करना तथा बाहर भेजना) के लिए प्रस्तावित किए गए हैं।

10. अपशिष्ट तथा प्रदूषकों को बिखेरने/निपटारे के बारे में जानकारी.–

10.1 मुख्य प्रदूषक (गैस, द्रव, ठोस) उनकी विशेषता और औसत मात्रा और अधिकतम भार;

10.2 उत्पादित हुए ठोस अपशिष्ट का गुण और मात्रा, उसके उपचार और निपटान भी शामिल हो।

10.3 हवा, पानी और मृदा प्रदूषण की संभावित समस्याएं और उनके नियंत्रण हेतु प्रस्तावित उपाय, जिसमें बहिःस्राव का उपचार और निपटान भी शामिल है।

11. प्रक्रिया के खतरों की जानकारी.–

11.1 पर्यावरण से घात निर्धारण रिपोर्ट की प्रति संलग्न करें;

11.2 जोखिम निर्धारण अध्ययन की रिपोर्ट की प्रति संलग्न करें;

11.3 कहीं भी (देश के भीतर या बाहर) समरूप संयंत्र में दुर्घटना की परिस्थितियों/व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरों के बारे में (खुली या वर्गीकृत) प्रकाशित रिपोर्ट, यदि कोई हो।

12. प्रस्तावित सुरक्षा और व्यावसायिक स्वास्थ्य उपायों की जानकारी.–

12.1 अग्नि शमन सुविधाओं और आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक पानी, कार्बन–डाय–आक्साइड और अन्य अग्नि शमन उपाय;

12.2 भवन में ही की जाने वाली प्रस्तावित चिकित्सा सुविधाओं के ब्योरे।

13. आपात स्थिति हेतु तैयारी की जानकारी.–

13.1 आन–साइट इमरजेन्सी योजना;

13.2 पड़ोसी कारखानों के समूह से आपसी सहायता योजना के लिए प्रस्तावित व्यवस्था, यदि कोई हो।

14. अन्य कोई सुसंगत जानकारी.–

मैं प्रमाणित करता हूं कि उपरोक्त दी गई जानकारी मेरे सर्वोत्तम ज्ञान के अनुसार सही है और उसे प्रस्तुत करते समय कोई भी महत्वपूर्ण तथ्य छुपाए नहीं गए हैं।

आवेदक का नाम तथा हस्ताक्षर

120. अधिभोगी द्वारा सूचना का अनिवार्य प्रकटीकरण (धारा 84).–

अ. कर्मकारों को सूचना का प्रकटीकरण.–(1) खतरनाक प्रक्रिया करने वाले कारखाने का अधिभोगी निर्माण, परिवहन, भण्डारण तथा अन्य प्रक्रिया में खतरनाक सामग्री या पदार्थों का कार्य करने के सम्बन्ध में निम्नलिखित सूचना सभी कर्मकारों को देगाः–

(क) संहिता की धारा 84, 85 तथा 89 की अपेक्षाएं;

(ख) कारखाने में कार्यान्वित ''खतरनाक प्रक्रिया'' की सूची;

(ग) नियमों के अनुसार सभी सामग्री सुरक्षा डाटा शीट का अवस्थान तथा उपलब्धता;

(घ) पदार्थों की अनावृति या संचालन करने से उत्पन्न भौतिक तथा स्वास्थ्य खतरे;

(ङ) भौतिक तथा स्वास्थ्य खतरों की सुरक्षा तथा नियन्त्रण सुनिश्चित करने के लिए अधिभोगी द्वारा किए गए उपाय;

(च) खतरनाक प्रक्रिया के भण्डारण तथा परिवहन सुरक्षित संचालन सुनिश्चित करने के लिए कर्मकारों द्वारा किए जाने वाले उपाय;

(छ) खतरनाक प्रक्रिया या खतरनाक संचालन में नियोजित कर्मकारों द्वारा निजी सुरक्षा उपकरण प्रयोग किए जाने अपेक्षित है;

(ज) नियमों के अधीन यथा उपबन्धित खतरनाक पदार्थों के पात्रों/पर प्रयुक्त विभिन्न लेबल तथा चिह्न अर्थ;

(झ) चिह्न तथा लक्षण जो खतरनाक पदार्थों की अनावृति पर प्रकट किए जाने सम्भाव्य है तथा किसको रिपोर्ट की जानी है;

(ञ) खतरनाक पदार्थ के किसी बिखराव या रिसन के मामले में कर्मकार द्वारा किए जाने वाले उपाय;

(ट) विशेष रूप से निकास प्रक्रिया में कारखाने की आपातिक योजना अर्थात कर्मकारों की भूमिका;

(ठ) कर्मकारों की सुरक्षा तथा स्वास्थ्य को सुनिशिचित करने के लिए अधिभोगी द्वारा आवश्यक समझी गई कोई अन्य सूचना।

(2) उप–नियम (1) द्वारा अपेक्षित सूचना संकलित की जाएगी पुस्तिका या इश्तहार को आपूर्ति के माध्यम से व्यक्तिगत रूप से कर्मकारों को जानकारी दी जाएगी तथा कार्य स्थानों पर सचेतक नोटिस का प्रदर्शन किया जाएगा।

(3) कारखाने में पुस्तिका, इश्तहार तथा प्रदर्शित सचेतक नोटिस अधिकांश कर्मकारों द्वारा समझने वाली भाषा में होंगे तथा उनको समझाया भी जाएगा।

(4) मुख्य निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता कर्मकारों को अतिरिक्त सूचना देने के लिए अधिभोगी को निदेश दे सकता है जैसा वह आवश्यक समझे।

आ. स्थानीय प्राधिकारी को सूचना का प्रकटीकरण.–''खतरनाक प्रक्रिया'' करने वाले कारखाने का अधिभोगी कारखाने के सम्बन्ध में स्थल पर आपातिक योजना तथा आपदा नियन्त्रण तथा प्रबन्धन योजना की सभी सूचना क्षेत्र जिसमें कारखाना स्थित है, पर अधिकारिता रखने वाले स्थानी प्राधिकारी को सूचित करेगा।

इस खण्ड की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना अधिभोगी स्थानी प्राधिकारी को निम्नलिखित देगाः–

(क) नियमों में विहित अनुसार आम जनता को सूचना देगा;

(ख) खतरनाक पदार्थों के सामान्यतः भण्डार के नाम या की प्रक्रिया में मात्रा की विवरणी;

(ग) जोखिम निर्धारण तथा पर्यावरण संघात निर्धारण तथा दुर्घटना के निवारण के लिए किए गए उपायों से सम्बन्धित स्थिति की रिपोर्ट;

(घ) कारखाने में प्रयुक्त, उत्पादित या भण्डार खतरनाक पदार्थों के सम्बन्ध में सामग्री सुरक्षा डाटा शीट का संकलन;

(ङ) अग्नि, विस्फोट, विषैले पदार्थों के निकलने या रिसने से सम्बन्धित दुर्घटनाओं के सभी सम्भव स्रोतों तथा परिसरों की योजना जहां ऐसी दुर्घटना हो सकती है, की विवरणी;

(च) किसी आकस्मिक संकट की घटना में सहायता तथा सहायता के लिए पड़ोसी कारखाने के साथ किए गए किसी करार सहित आकस्मिक संकट से निपटने के लिए उपलब्ध संसाधनों तथा सुविधाओं की विवरणी;

(छ) कारखाने में पहुंच, आकस्मिक संकट सुविधाएं जैसे कि अस्पताल, पुलिस, अग्नि सेवा के स्थान दर्शाने वाले क्षेत्र का नक्शा;

(ज) स्थल पर आकस्मिक संकट कार्रवाई के लिए जिम्मेवार व्यक्तियों को उसमें सूचित करते हुए सुरक्षा के लिए प्रबन्धन तथा जिम्मेवारी का संगठन;

(झ) सतर्क प्रणाली से सम्बन्धित ब्योरे;

(ञ) दुर्घटना के परिणामिक विषाक्तता के लिए प्रतिकारकों की उपलबता की सूचना;

(ट) कोई अन्य सूचना जो अधिभोगी द्वारा सुसंगत समझी जाए या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा मांगी जाए।

इ. जिला आपात प्राधिकारी को सूचना का प्रकटीकरण.–

''खतरनाक प्रक्रिया'' करने वाले कारखाने का अधिभोगी कारखाने के सम्बन्ध में स्थल पर आपातिक योजना तथा आपदा नियन्त्रण तथा प्रबन्धक योजना की तैयारी के सम्बन्ध में सभी सूचना राज्य सरकार द्वारा पदनामित जिला आपात प्राधिकारी को सूचित करेगा। इस खण्ड की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना अधिभोगी जिला आपात प्राधिकारी को निम्नलिखित देगा :–

(क) जोखिम निर्धारण तथा पर्यावरण संघात निर्धारण तथा दुर्घटना के निवारण के लिए किए गए उपायों से सम्बन्धित स्थिति की रिपोर्ट;

(ख) कारखाने में प्रयुक्त, उत्पादित या भण्डार खतरनाक पदार्थों के सम्बन्ध में सामग्री सुरक्षा डाटा शीट का संकलन;

(ग) अग्नि, विस्फोट, विषैले पदार्थों के निकलने या रिसने से सम्बन्धित दुर्घटनाओं के सभी सम्भव स्रोतों तथा परिसरों की योजना जहां ऐसी दुर्घटना हो सकती है, की विवरणी;

(ध) किसी आकस्मिक संकट की घटना में सहायता तथा सहायता के लिए पड़ोसी कारखाने के साथ किए गए किसी करार सहित आकस्मिक संकट से निपटने के लिए उपलब्ध संसाधनों तथा सुविधाओं की विवरणी;

(ङ) कारखाने में पहुंच, आकस्मिक संकट सुविधाएं जैसे कि अस्पताल, पुलिस, अग्नि सेवा के स्थान दर्शाने वाले क्षेत्र का नक्शा;

(च) स्थल पर आकस्मिक संकट कार्रवाई के लिए जिम्मेवार व्यक्तियों को उसमें सूचित करते हुए सुरक्षा के लिए प्रबन्धन तथा जिम्मेवारी का संगठन;

(छ) सतर्क प्रणाली से सम्बन्धित ब्योरे;

(ज) दुर्घटना के परिणामिक विषाक्तता के लिए प्रतिकारकों की उपलबता की सूचना;

(झ) कोई अन्य सूचना जो अधिभोगी द्वारा सुसंगत समझी जाए या स्थानीय प्राधिकारी द्वारा मांगी जाए।

ई. आम जनता को सूचना का प्रकटीकरण.—(1) ''खतरनाक प्रक्रिया'' करने वाला प्रत्येक कारखाने का अधिभोगी स्थानी प्राधिकारी के परामर्श से आम जनता को सूचित करने के लिए उचित कदम उठाएगा जिनके क्षेत्र में दुर्घटना द्वारा प्रभावित होने की सम्भावना हों। ऐसी सूचना में निम्नलिखित शामिल होगाः—

(क) कारखाने का नाम तथा पता जहां स्थित है;

(ख) सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम तथा स्थिति द्वारा पहचान;

(ग) पुष्टि करना कि कारखाना, कारखाना निरीक्षणालय तथा प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड से अनुमोदित है;

(घ) परिसरों में किए जा रही खतरनाक प्रक्रिया (प्रक्रियाओं) की साधारण शब्दों में व्याख्या;

(ङ) प्रयुक्त खतरनाक पदार्थ के सामूहिक नाम जो उनकी मुख्य हानिकारक विशेषता के लक्षण सहित उन्हें प्रभावित करने की सम्भावना से दुर्घटना उत्पन्न कर सकते हैं;

(च) सुसंगत सुरक्षा विधानों के अधीन उनकी कानूनी बाध्यताओं की पालना में ऐसी दुर्घटना के जोखिम को कम करने के लिए किए जाने वाले उपायों का संक्षिप्त वर्णन;

(छ) कारखाने में अपनाए गए अनुमोदित आपदा नियन्त्रण उपायों की मुख्य विशेषताएं;

(ज) आम जनता के लिए कारखाने की आपातिक चेतावनी प्रणाली के ब्योरे;

(झ) कार्रवाई पर साधारण मन्त्रणा, जन सदस्य को चेतावनी पर सुनवाई में लिया जाएगा;

(ञ) ऐसी प्रकृति की अनुमान लगाने योग्य दुर्घटनाओं तथा उनके प्रभावों को कम करने के सम्बन्ध में आपातिक सेवा के साथ सम्पर्क सहित कारखाने में व्यवस्थाओं का संक्षिप्त वर्णन; तथा

(ट) जहां से अतिरिक्त सूचना प्राप्त की जा सकती है, के ब्योरे।

(2) अधिभोगी कोई अतिरिक्त सूचना की आपूर्ति भी करेगा :—

(क) समय—समय पर स्थानीय प्राधिकारी द्वारा निर्देशानुसार आम जनता को;

(ख) अनुरोध करने पर आम जनता के निर्वाचित प्रतिनिधि को।

(3) अधिभोगी उप—नियम (1) में यथा अपेक्षित कारखाने के बाहर आम जनता को जिनके दुर्घटना द्वारा प्रभावित होने की सम्भावना है, सूचित करने के लिए उचित कदम उठाने के लिए स्थानीय प्राधिकारी को क्षेत्र जिसकी अधिकारिता में कारखाना स्थित है, के लिए स्थानीय प्राधिकारी के साथ करार करने के प्रयास करेगा।

(4) उप—नियम (1) में विहित सूचना क्षेत्रीय भाषा में तथा अंग्रेजी या हिन्दी में होगी।

उ. मुख्य कारखाना निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता या निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता को सूचना का प्रकटीकरण.—(1) ''खतरनाक प्रक्रिया'' करने वाले प्रत्येक कारखाने का अधिभोगी कर्मकारों, स्थानीय प्राधिकारी तथा आम जनता को दी गई सभी सूचना की प्रति मुख्य निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता को लिखित में दी जाएगी।

(2) कारखाने में प्रयुक्त , उत्पादित या भण्डार खतरनाक पदार्थों के सम्बन्ध में सामग्री सुरक्षा डाटा शीट के संकलन की प्रति मुख्य निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता तथा स्थानीय निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता को दी जाएगी।

(3) अधिभोगी इस अधिनियम तथा इसके अधीन बनाए गए नियमों के प्रयोजन के लिए समय—समय पर मुख्य निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता द्वारा मांगी गई कोई अन्य सूचना भी देगा।

121. स्वास्थ्य तथा सुरक्षा पालिसी (धारा 84).—(1) 50 कर्मकारों से अधिक नियोजन करने वाले प्रत्येक कारखाने का अधिभोगी कार्य पर कर्मकारों के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा के सम्बन्ध में अपनी पालिसी की लिखित विवरणी तैयार करेगाः

परन्तु वे संहिता की धारा 2(यक) के अधीन प्रथम अनुसूची या धारा 82 के अधीन खतरनाक के रूप में घोषित कायान्वित प्रक्रिया या संचालन के अधीन नहीं आते हैं।

(2) उप नियम (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी मुख्य निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता किसी कारखाने या कारखानों के किसी वर्ग या वर्णन के अधिभोगियों से उपनियम (1) की अपेक्षाओं का अनुपालन करने की अपेक्षा कर सकेगा। यदि उसकी राय में ऐसा किया जाना समीचीन है।

(3) स्वास्थ्य और सुरक्षा नीति में निम्नलिखित या उसके संबंध में उपाय सम्मिलित होंगे.—

(क) स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा पर्यावरण और सभी सुसंगत वैधानिक अपेक्षाओं के अनुपालन की शीर्ष प्रबन्धन का घोषित आशय तथा वचनबद्धता;

(ख) घोषित नीति के क्रियान्वयन हेतु संगठन का गठन, जिसमें विभिन्न स्तरों पर स्पष्ट रूप से उत्तरदायित्व सौंपे गए हों;

(ग) नीति को प्रभावशील किए जाने की व्यवस्था।

(4) नीति में विशिष्टतः निम्नलिखित विनिर्दिष्ट होंगे.—

(क) कर्मकारों को सन्निहित किए जाने की व्यवस्था;

(ख) विभिन्न स्तरों पर व्यक्ति के स्वास्थ्य तथा सुरक्षा कार्य करने को ध्यान में रखने के आशय से उनके कैरियर की उन्नति का विचार किया जाना;

(ग) परिसरों में प्रवेश करने वाले ठेकेदार, उप—ठेकेदार, परिवहनकर्ता तथा अन्य अभिकरणों के उत्तरदायित्व निर्धारित करना;

(घ) कारखाने की वार्षिक रिपोर्ट में स्वास्थ्य और सुरक्षा कार्य करने का सारांश मुहैया करना;

(ङ) स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण और सभी उपचारी उपाय करने की स्थिति का नियतकालिक मूल्यांकन के लिए सुसंगत तकनीक और पद्धतियों जैसे कि सुरक्षा अकेक्षण तथा जोखिम मूल्यांकन;

(च) सभी विनिश्चयों में, जिनमें संयंत्र, उपकरण मशीनरी और पदार्थों के क्रय के सम्बन्ध में तथा कार्मिकों का चयन तथा नियोजन सम्मिलित हों, स्वास्थ्य और सुरक्षा को समेकित करने के अपने आशय को व्यक्त करना;

(छ) विभिन्न स्तरों पर अपने कर्मचारियों को और जहां कहीं आवश्यक हो जनता को सूचना देने, शिक्षित करने, प्रशिक्षण देने और पुनः प्रशिक्षण देने की व्यवस्था।

(5) अधिभोगी द्वारा हस्ताक्षरित स्वास्थ्य और सुरक्षा की घोषित नीति की एक प्रति, कारखाने पर अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक तथा निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता को उपलब्ध कराई जाएगी।

(6) उक्त नीति की .—

(क) सभी कर्मकारों को, जिसमें ठेका कर्मकार, प्रशिक्षु, परिवहन कर्मकार, प्रदायक आदि शामिल हैं, उसकी प्रतियां उपलब्ध करवाकर;

(ख) नीति की प्रतियां सहजदृश्य स्थानों पर प्रदर्शित करके; और

(ग) अधिकांश कर्मकारों द्वारा समझी जाने वाली भाषा में संचार के किसी अन्य साधन से विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

(7) अधिभोगी प्रायः जब उपयुक्त हो, सुरक्षा नीति को संशोधित करेगा, किन्तु इसे निम्नलिखित परिस्थितियों में आवश्यक तौर पर संशोधित की जाएगी—

(क) जब कभी ऐसा विस्तार और उपान्तरण किया जाता है, जिसकी विवक्षा कार्यरत व्यक्तियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर पड़ती हो;

(ख) जब कभी विनिर्माण प्रक्रिया में नए पदार्थ (पदार्थों) या वस्तुएं आरम्भ की गई हों, जिनसे ऐसे पदार्थों के अनावृत्त होने से व्यक्तियों का स्वास्थ्य तथा उनकी सुरक्षा प्रभावित होती हो।

122. औद्योगिक अपशिष्ट की सूचना (धारा 84).—(1) नियमों के अधीन दी जाने वाली सूचना प्रतिदिन उत्पन्न ठोस तथा तरल की अपशिष्ट मात्रा, उनकी विशेषता तथा उपचार की पद्धति जैसे कि ठोस अपशिष्ट का भष्मीकरण, रसायन तथा तरल अपशिष्ट का बायोलोजिकल उपचार तथा उनके अन्तिम निपटान के लिए व्यवस्था शामल होगी।

(2) इसमें चिमनी या अन्य छेदों के माध्यम से छोड़े गए गैसीय अपशिष्ट के गुध तथा मात्रा तथा व्यवस्था जैसे कि मार्जक, साईक्लोन पृथक्कारक तथा स्थिर–वैधुत अवक्षेपकया पर्यावरण के प्रदूषण को नियन्त्रित करने के लिए की गई समरूप ऐसी व्यवस्था के प्रावधान की सूचना भी शामिल होगी।

(3) अधिभोगी उप नियम (1) तथा (2) में विहित सूचना राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड को भी देगा।

123. आपातिक योजना (धारा 84).–(1) ''खतरनाक प्रक्रिया'' चलाने वाले कारखाने का अधिभोगी आन–साईट आपातिक योजना का प्रारूप तैयार करेगा तथा मुख्य निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता को इसे प्रस्तुत करेगा। मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता अधिभोगी के परामर्श से आवश्यक अनुसार योजना में ऐसा संशोधन कर सकता है तथा उसका अनुमोदन करेगा।

(2) अधिभोगी निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता तथा जिला आपातिक प्राधिकारी को अनुमोदित योजना की प्रति प्रस्तुत करेगा।

(3) अधिभोगी आपातिक योजना के उपबन्धों को कर्मकारों को सूचित करेगा तथा योजना का नियतकालिक पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) आयोजित करेगा। वह समय–समय पर योजना का पुनरीक्षण करेगा तथा मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता तथा जिला आपातिक प्राधिकारी को सूचना के अधीन उसमें आवश्यक परिवर्तन करेगा।

(4) मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता आपातिक योजना के सूत्रीकरण के सम्बन्ध में मार्गदर्शन जारी करेगा। वह किसी कारखाने के सम्बन्ध में आपातिक योजना का प्रत्यक्ष संशोधन भी कर सकता है, जो समय–समय पर आवश्यक हों।

124. आपदा नियन्त्रण तथा प्रबन्धक योजना (धारा 84).–(1) ''खतरनाक प्रक्रिया'' चालाने वाले प्रत्येक कारखाने का अधिभोगी अपने कारखाने के सम्बन्ध में आपदा नियन्त्रण तथा प्रबन्धन योजना का प्रारूप तैयार करेगा तथा उसे मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता, निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता तथा जिला आपातिक प्राधिकारी को प्रस्तुत करेगा।

(2) जिला आपातिक प्राधिकारी योजना की प्राप्ति पर, अधिभोगी, के प्रतिनिधि, राज्य प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, स्थानीय प्राधिकारी तथा पुलिस स्वास्थ्य, अग्नि शमन तथा सम्बन्धित प्राधिकरणों से परामर्श करेगा तथा योजना को अन्तिम रूप देगा।

(3) जिला आपातिक प्राधिकारी अधिभोगी तथा सभी प्राधिकारियों को अन्तिम योजना की प्रति भेजेगा। अधिभोगी योजना की विषय–वस्तु कर्मकारों को सूचित करेगा।

(4) जिला आपातिक प्राधिकारी के परामर्श से अधिभोगी एक वर्ष में कम से कम एक बार योजना के पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) की व्यवस्था करेगा।

(5) आपदा नियन्त्रण तथा प्रबन्धक योजना के सूत्रीकरण के लिए मार्गदर्शन जारी करेगा, मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता तथा जिला आपातिक प्राधिकारी से परस्पर परामर्श के बाद कारखाने के सम्बन्ध में आपदा नियन्त्रण तथा प्रबन्धन योजना का सीधा संशोधन भी कर सकता है जो समय–समय पर आवश्यक हो।

125. सूचना का संग्रहण तथा विकास तथा प्रचार (धारा 84).–(1) ''खतरनाक प्रक्रिया'' चलाने वाले प्रत्येक कारखाने का अधिभोगी कारखाने में निर्माण, परिवहन तथा भण्डारण में संचालित प्रत्येक खतरनाक पदार्थ या सामग्री के सम्बन्ध में सामग्री सुरक्षा डाटा शीट (एम एस डी एस) के रूप में सूचना प्राप्त करने या विकसित करने की व्यवस्था करेगा। या संदर्भ के लिए कर्मकार के अनुरोध पर प्राप्य होगी :–

(क) प्रत्येक ऐसी सामग्री सुरक्षा डाटा शीट में निम्नलिखित सूचना शामिल होगी:–

(i) लेबल पर प्रयुक्त पहचान;

(ii) पदार्थ के खतरनाक अवयव;

(iii) खतरनाक पदार्थ की भौतिक तथा रसायनिक विशेषता;

(iv) खतरनाक पदार्थ का भौतिक खतरा जिसमें अग्नि, विस्फोट तथा प्रतिक्रिया क्षमता शामिल है;

(v) खतरनाक पदार्थ का स्वास्थ्य खतरा जिसमें चिह्न तथा लक्षण की अनावृति तथा कोई चिकित्सा स्थिति शामिल है जो पदार्थ की अनावृति द्वारा बिगाड़ देने में सामान्यतः मान्यता प्राप्त है;

(vi) प्रवेश के प्राथमिक मार्ग (मार्गो);

(vii) संहिता की धारा 88 के अधीन विहित अनावृति के अनुज्ञेय सीमा तथा कथित अनुसूची में न आने वाले रसायन के सम्बन्ध में निर्माता, आयातकर्ता या अधिभोगी द्वारा अनुशंसित की गई प्रयुक्त कोई अनावृति;

(viii) खतरनाक पदार्थ का सुरक्षित संचालन तथा प्रयोग के लिए सामान्यतः कोई लागू सावधानियां जो बिखेरने तथा रिसने को साफ करने की प्रक्रिया के रूप में ज्ञात है जिसमें संदूषित उपकरण की मरम्मत तथा अनुरक्षण के दौरान उचित स्वास्थ्यकर पद्धति, सुरक्षा उपाय शामिल है।

(ix) सामान्यतः कोई लागू नियन्त्रण उपाय जैसे कि उचित अभियान्त्रिकी नियन्त्रण, कार्य पद्धति या निजी सुरक्षा उपकरण का प्रयोग;

(x) आपातिक तथा प्रथम उपचार प्रक्रिया;

(xi) सामग्री सुरक्षा डाटा शीट की तैयारी या इसमें अन्तिम परिवर्तन की तिथि;

(xii) सामग्री सुरक्षा डाटा शीट को तैयार करने या वितरित करने वाले निर्माता, आयातकर्ता, अधिभोगी या अन्य जिम्मेवार पार्टी का नाम, पता तथा टैलीफोन नम्बर जो खतरनाक पदार्थ तथा उचित आपातिक प्रक्रिया, यदि आवश्यक हो, की अतिरिक्त सूचना मुहैया कर सकता है;

(ख) अधिभोगी खतरनाक पदार्थ के सम्बन्ध में सामग्री सुरक्षा डाटा शीट प्राप्त या विकसित करते समय सुनिश्चित करेगा कि ठीक–ठीक अभिलिखित सूचना खतरा निर्धारण करने में प्रयुक्त वैज्ञानिक साक्ष्य को परावर्तित करती है। यदि वह पदार्थ के खतरे के बारे में किसी विशेष सूचना या खतरों के विरूद्ध संरक्षण के मार्ग का नए रूप से जानकार हो गया है, तो यह नई सूचना यथा शीघ्र यथा व्यवहार्य सामग्री सुरक्षा डाटा शीट में जोड़ेगा।

(ग) ऐसी सामग्री सुरक्षा डाटा शीट का उदाहरण इस नियम की अनुसूची में दिया गया है;

(2) खतरनाक पदार्थ के प्रत्येक पात्र पर पहचान करने के लिए स्पष्ट रूप से निम्न अनुसार अंकित को चिह्नित किया जाएगा :–

(क) पात्र की विषय–वस्तु;

(ख) खतरनाक पदार्थ के निर्माता या आयातकर्ता का नाम तथा पता;

(ग) शारीरिक तथा स्वास्थ्य खतरा; तथा

(घ) खतरनाक पदार्थ के पास सुरक्षित रूप से कार्य करने के लिए आवश्यक अनुशंसित निजी सुरक्षा उपकरण।

अनुसूची

सामग्री सुरक्षा डाटा शीट नमूना मॉडल

धारा–I सामग्री पहचान तथा उपयोग

समग्री नाम/पहचान : .....

निर्माता का नाम : .....

गली : .....

शहर; राज्य : .....

डाकखाना कोड : .....

टेलीफोन नम्बर : ..... ई–मेल : .....

प्रमादक का नाम : .....

गली : .....

शहर; राज्य : .....

डाकखाना कोड : .....

टैलीफोन नम्बर : ..... ई–मेल : .....

रसायन नाम : .....

रसायन पहचान : .....

व्यवसाय नाम तथा पर्याय : .....

प्रयोग उत्पाद : .....

धारा–II सामग्री के खतरनाक संघटक

खतरनाक संघटक	लगभग सान्द्रता	सी.ए.एस. या यू.एन. नम्बर किस्म तथा रूट	एल. डी. 50 किस्म तथा रूट विनिर्मित कटें	एल. सी. 50 विनिर्दिष्ट करें

धारा–III सामग्री का भौतिक डाटा

भौतिक स्थिति गैस/तरल/ठोस	गन्ध तथा	गन्ध द्वार प्रतीति	विशेष घनत्व (पी.पी.एम.)

वाष्प दबाव (एम एम एच जी)	वाष्प सघनता (वायु–I)दर	वाष्पण बिन्दु (ग)	क्वथन (ग)	हिमीकरण

जल में विलेयता	पी एच	लघनता (जी/एम एल)	जल का गुलाक/तेल वितरण

धारा – IV सामग्री का अग्नि तथा विस्फोटन

ज्वलनशीलता :..... खतरा :.....

हां/नहीं .....

यदि हां, तो विलोपन की किस शर्त के अधीन :..... अर्थ :.....

विशेष प्रक्रिया :.....

फ्लेश बिन्दु (°सी) तथा पद्धति	ऊपरी विस्फोट सीमा (% मात्रा तक)	निम्न विस्फोट सीमा (% मात्रा तक)
स्वतः प्रज्वलन	टीडीसी ज्वलनशीलता	खतरनाक दहन

विस्फोट डाटा अति संवेदनशीलता	स्थैतिक अति संवेदनशीलता निर्वहन

धारा –V–प्रतिक्रिया क्षमता डाटा

रसायन स्थिरता

..... हां ..... नहीं यदि नहीं, तो किस शर्त के अधीन

अन्य पदार्थों की असंगति

..... हां ..... नहीं यदि हां, कौन सी एक

प्रतिक्रिया क्षमता तथा किन शर्तों के अधीन :.....

खतरनाक अपघटन उत्पाद : .....

सामग्री का नाम/पहचान कर्ता :.....

धारा –VI – निम्नलिखित की विषवैज्ञानिक गुण

प्रवेश का मार्ग :

..... चमड़ी सम्पर्क ..... चमड़ी अवशोषण ..... आंख सम्पर्क

.....घोर अन्तः श्वसन .....अन्तः श्वसन क्रोनिक .....अन्तर्ग्रहण

सामग्री में घोर अनावृति का प्रभाव :.....

सामग्री में क्रोनिक अन्तवृति का प्रभाव : .....

अनावृति सीमा (एं) :..... सामग्री की अमान्यता : .....

सामग्री की समुग्राहीता :.....

कारसिनोजैनीसिटी :.....

पुनः उत्पादकता प्रभाव :.....

टैराटोजैनीसिटी :.....

मुटाजैनीसिटी :.....

साईनेरजिस्टिक सामग्री :.....

धारा – VII – निवारक उपाय

निजी सुरक्षात्मक उपकरण

दस्ताने (विनिर्दिष्ट करें) :..... रेसपीरेटरी

(विनिर्दिष्ट करें) .....

आंख (विनिर्दिष्ट करें) : .....

जूता (विनिर्दिष्ट करें) :.....

वस्त्र (विनिर्दिष्ट करें) :.....

अन्य (विनिर्दिष्ट करें) : ..... इंजीनियरिंग

नियंत्रण : (अर्थात् संवातन, बन्द प्रक्रिया आदि)

कृपया विनिर्दिष्ट करें .....

रिसन तथा बिखरना प्रक्रिया : .....

अपशिष्ट निपटान : .....

हैण्डलिंग प्रक्रिया तथा उपकरण .....

भण्डारण प्रेषण प्रक्रिया .....

विशेष अपेक्षा .....

धारा –VIII – प्रथम उपचार उपाय

प्रथम उपचार उपाय : .....

प्रयुक्त स्रोत :.....

अतिरिक्त सूचना .....

धारा – IX – एम.एस.डी.एस. की तैयारी की तिथि

(समूह, विभाग इतयादि) द्वारा तैयार .....

संख्या ..... दिनांक .....

नोटः–

1. सीएसएस या यूएन नम्बर – रसायन सार सेवा या संघ राष्ट्र (यू एन) नम्बर :
2. एल डी 50– लीथल (प्राणहर) डोज 50 प्रतिशत (एल डी–50 – किस्म तथा मार्ग विनिर्दिष्ट करें)
3. एल सी–50 – लीथल सान्द्रण – 50 प्रतिशत (एल सी–50 – किस्म तथा मार्ग विनिर्दिष्ट करें)
4. टी डी जी ज्वलनशीलता–संघ राष्ट्र द्वारा खतरनाक माल ज्वलनशीलता वर्गीकरण का परिवहन।

126. कर्मकारों आदि को दी गई सूचना का पुनरीक्षण (धारा 84).–(1) अधिभोगी, कर्मकारों, आम जनता, स्थानीय प्राधिकारी, मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता तथा जिला आपातिक प्राधिकारी को नियमों के अधीन दी गई सूचना की, यदि आवश्यक हो, प्रत्येक कलैण्डर वर्ष में एक बार पुनरीक्षण तथा रूपान्तरित करेगा।

(2) कार्य की प्रक्रिया या संचालन या पद्धति में किसी परिवर्तन की घटना में या कोई नया पदार्थ प्रक्रिया में आरम्भ किया जाता है या गम्भीर दुर्घटना होने की घटना में इस प्रकार दी गई सूचना आवश्यक सीमा तक पुनरीक्षित तथा रूपान्तरित की जाएगी।

127. सूचना की गोपनीयता (धारा 84).–(1) ''खतरनाक प्रक्रिया'' चलाने वाले कारखाने के अधिभोगी कर्मकारों तथा आस–पड़ोस में आम जनता को संरक्षी सुरक्षा तथा स्वास्थ्य के लिए आवश्यक सभी सूचना निम्न अनुसार प्रकट करेगा :–

(क) अपने कर्मकारों;

(ख) जिला आपातिक प्राधिकारी; तथा

(ग) मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता।

नियमों के अधीन अपेक्षा के अनुसार यदि अधिभोगी की राय है कि प्रक्रिया तथा सूत्रीकरण के बारे में ब्योरों का प्रकटीकरण उसके व्यापार हित को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करेगा, तो वह ऐसी सूचना रोकने के लिए कारण बताते हुए मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता को प्रतिवेदन कर सकता है। मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता अधिभोगी को सुनवाई का अवसर देगा तथा प्रतिवेदन पर आदेश पारित करेगा।

मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता के आदेश से व्यथित अधिभोगी 30 दिन की अवधि के भीतर राज्य सरकार के सम्मुख अपील कर सकता है। राज्य सरकार अधिभोगी को सुनवाई का अवसर देगी तथा आदेश पारित करेगी। राज्य सरकार का आदेश अन्तिम होगा।

128. पर्यवेक्षकों की योग्यता आदि (धारा 84).–(1) सभी व्यक्ति जो खतरनाक पदार्थों का संचालन करने के लिए अपेक्षित है, के पास निम्नलिखित योग्यता तथा अनुभव होगाः–

(क) (i) पांच वर्ष के अनुभव सहित कैमिस्ट्री में डिग्री या रसायन इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा; या

(ii) दो वर्ष के अनुभव सहित कैमिस्ट्री में मास्टर डिग्री या रसायन इंजीनियरिंग या प्रौद्योगिकी में डिग्री। उपरोक्त अनुबद्ध अनुभव प्रक्रिया संचालन तथा रसायन उद्योग के अनुरक्षण में होगा।

(ख) मुख्य निरीक्षक स्वास्थ्य तथा सुरक्षा में प्रशिक्षण में जाने के लिए पर्यवेक्षक से अपेक्षा कर सकता है।

(2) उपरोक्त प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम तथा अवधि तथा प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए संगठन महानिदेशक, कारखाना सलाह, सेवा, श्रम संस्था या महानिदेशक, कारखाना सलाह, सेवा श्रम संस्था द्वारा जारी मार्गदर्शनों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

129. मार्गदर्शन जारी करना (धारा 84).–धारा 84 या 85 की अपेक्षाओं की पालना के प्रयोजन के लिए मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, यदि आवश्यक समझे, ''खतरनाक प्रक्रिया'' चलाने वाले कारखानों के अधिभोगियों को समय–समय पर मार्गदर्शन जारी कर सकता है। ऐसे मार्गदर्शन राष्ट्रीय मानकों, प्रक्रिया संहिता या अन्तरराष्ट्रीय निकाय जैसे कि अन्तरराष्ट्रीय श्रम संगठन तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन पर आधारित हो सकते हैं।

130. खतरनाक प्रक्रिया के सम्बन्ध में अधिभोगी की विशेष जिम्मेवारी (धारा 85).–

अ. चिकित्सा जांच.–(1) ''खतरनाक प्रक्रिया'' में नियोजित कर्मकारा को अर्हक चिकित्सा व्यवसायी जिसे, इसमें, इसके बाद कारखाना चिकित्सा व्यवसायी के रूप में निर्दिष्ट किया गया है, द्वारा निम्नलिखित रीति में जांचा जाएगा :–

(क) विशेष कार्य करने के लिए व्यक्ति की शारीरिक उपयुक्तता का पता लगाने के लिए नियोजन से पूर्व एक बार;

(ख) व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरे के सम्बन्ध में सभी कर्मकारों की स्वास्थ्य स्थिति का पता लगाने के लिए छह माह की अवधि में एक बार जिसमें वे अनावृत है; और उन मामलों में जिनमें कारखाना चिकित्सा व्यवसायी की राय में किसी भी कर्मकार के संबंध में अल्प अंतराल पर ऐसा करना आवश्यक है, ऐसा परीक्षण किया जाएगा।

(ग) उपरोक्तानुसार की गई नियोजन पूर्व और नियतकालिक चिकित्सा जांच के ब्यौरे प्ररूप–30 में स्वास्थ्य रजिस्टर में अभिलिखित किये जाएंगे;

(2) कारखाना चिकित्सा व्यवसायी द्वारा प्ररूप–31 में दिए गए फिटनेस प्रमाण पत्र के बिना किसी व्यक्ति को पहली बार नियोजित नहीं किया जाएगा। यदि कारखाना चिकित्सा व्यवसायी किसी व्यक्ति को उप नियम (1) के अधीन आने वाली किसी प्रक्रिया में नियोजन हेतु अनुपयुक्त घोषित करता हैं, तो ऐसे व्यक्ति को अधिकार होगा कि वह निरीक्षक को अपील करें, जो ऐसे मामले को ''चिकित्सा अधिकारी'' को निर्दिष्ट करेगा, जिसकी राय इस संबंध में अंतिम होगी। यदि निरीक्षक स्वयं ही चिकित्सा अधिकारी भी हो, तो वह आवेदन का निपटान कर सकेगा।

(3) कारखाना चिकित्सा व्यवसायी के किसी निष्कर्षों में प्रक्रिया में नियोजित किसी व्यक्ति में कोई असामान्यता या अनुपयुक्तता प्रकट होती है, तो उसे तत्काल ''चिकित्सा अधिकारी'' को सूचित किया जाएगा, जो संबंधित कर्मकार का क्रम से परीक्षण करेगा और तीस दिन के अंदर अपने निष्कर्ष अधिभोगी को सूचित करेगा। यदि चिकित्सा अधिकारी की राय है कि इस प्रकार परीक्षण किए गए व्यक्ति को स्वास्थ्य बचाव के लिए प्रक्रिया में नियोजन से हटाना अपेक्षित है, तो वह तदानुसार अधिभोगी को निर्देशित करेगा। तथापि, इस प्रकार हटाए गए कर्मकार को वैकल्पिक नियोजन मुहैया कराया जाएगा, जब तक कि ''चिकित्सा अधिकारी'' की राय में वह पूरी तौर पर असमर्थ न हो, और ऐसी दशा में प्रभावित कर्मकार को उपयुक्त रूप से पुनर्वासित किया जाएगा।

(4) ''चिकित्सा अधिकारी'' उसके अपने प्रस्ताव से या निरीक्षक से संदर्भ पर खतरनाक प्रक्रिया में उसके नियोजन की उपयुक्तता का पता लगाने के लिये या उसकी स्वास्थ्य स्थिति का पता लगाने के लिए कर्मकार की चिकित्सा जांच कर सकता है। ऐसे मामले में ''चिकित्सा अधिकारी'' की राय अन्तिम होगी। इस चिकित्सा जांच के लिए अपेक्षित फीस अधिभोगी द्वारा भुगतान की जाएगी।

(5) उप नियम (2) के अधीन किसी प्रक्रिया में नियोजन से हटाए गए कर्मकार को उसी प्रक्रिया में केवल ''चिकित्सा अधिकारी से उपयुक्तता का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद तथा स्वास्थ्य रजिस्टर में उस आशय की प्रविष्टि करने के बाद पुनः नियोजित किया जा सकेगा।

(6) इन नियमों के अधीन चिकित्सा जांच करने तथा केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा या की और से आयोजित किसी चिकित्सा सर्वेक्षण के लिए अपेक्षित कर्मकार ऐसी चिकित्सा जांच कराने से इन्कार नहीं करेगा।

आ. व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्र.–(1) ''खतरनाक प्रक्रिया'' चलाने वाले किसी कारखाने के सम्बन्ध में इसके नीचे अधिकथित मापक्रम के अनुसार सेवा तथा सुविधाओं सहित व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्र अच्छी स्थिति में मुहैया कराए जाएंगे तथा अनुरक्षित किए जाएंगेः–

(क) 50 कर्मकारों तक नियोजित करने वाले कारखाने के लिएः–

(i) अधिभोगी द्वारा अधिसूचित किए जाने वाले उसके क्लिनिक में प्रतिधारणता आधार पर कारखाना चिकित्सा व्यवसायी की सेवाएं। वह नियम–1 में अनुबद्ध अनुसार नियोजन पूर्व तथा नियतकालिक चिकित्सा जांच करेगा तथा किसी आपात के दौरान चिकित्सा सहायता देगा।

(ii) कम से कम 5 व्यक्ति प्रथम उपचार प्रक्रिया में प्रशिक्षित होंगे जिसमें से कम से कम एक कार्य समय के दौरान हमेशा उपलब्ध होगा;

(iii) पूर्णरूप से सुसज्जित प्रथम उपचार बाक्स।

(2) 51 से 200 कर्मकारा नियोजित करने वाले कारखानों के लिएः–

(क) इस नियम से संलग्न अनुसूची के अनुसार व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्र में फर्श सहित कम से कम 15 वर्ग मीटर के फर्श क्षेत्र सहित कमरा होगा तथा दीवारें चिकनी तथा अपारगम्य सतह की बनी होगी तथा पर्याप्त ज्योति तथा संवातन तथा उपकरण सहित होंगा;

(ख) अंशकालिक कारखाना चिकित्सा व्यवसायी केन्द्र का सम्पूर्ण प्रभारी होगा जो कारखाने का सप्ताह में कम से कम दो बार निरीक्षण करेगा तथा जिसकी सेवाएं चिकित्सा आपातकालों के दौरान सहज ही उपलब्ध होगी।

(ग) सम्पूर्ण कार्य समय के दौरान एक अर्हक तथा प्रशिक्षित ड्रैसर–कम–कम्पाउंडर डियूटि पर रहेगा;

(घ) सभी विभागों में पूर्ण रूप से सुसज्जित प्रथम उपचार बाक्स।

(3) 200 कर्मकारों से अधिक नियोजित करने वाले कारखानों के लिएः–

(i) 500 कर्मकारों तक नियोजित करने वाले कारखानों के लिए एक पूर्ण कालिक कारखाना चिकित्सा व्यवसायी तथा प्रत्येक अतिरिक्त 1000 कर्मकारों या उसके भाग के लिए एक ओर चिकित्सा व्यवसायी होगा;

(ii) इस नियम से संलग्न अनुसूची के अनुसार व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्र में फर्श सहित कम से कम 15 वर्ग मीटर के फर्श क्षेत्र सहित कम से कम दो कमरे होंगे तथा दीवारें चिकनी तथा अपारगम्य सतह की बनी होगी तथा पर्याप्त ज्योति तथा संवातन तथा उपकरण सहित होंगा;

(iii) सम्पूर्ण कार्य अवधि के दौरान एक नर्स, एक ड्रैसर–कम–कम्पाउंडर तथा एक स्वीपर–कम–वार्ड लड़का होगा।

(4) उप–नियम (1) के अधीन नियुक्त किए जाने के लिए अपेक्षित कारखाना चिकित्सा व्यवसायी के पास भारतीय चिकित्सा डिग्री अधिनियम, 1916 की अनुसूची में या भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 की अनुसूची में शामिल योग्यताएं हों तथा राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त कम से कम तीन मास की अवधि का औद्योगिक स्वास्थ्य में प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र रखता हो :

परन्तु–

(क) औद्योगिक स्वास्थ्य में डिप्लोमा या इसके समकक्ष रखने वाला व्यक्ति के लिए पूर्वोक्त अनुसार प्रशिक्षण को प्रमाण पत्र रखना अपेक्षित नहीं होगा;

(ख) मुख्य निरीक्षक एव सुविधा प्रदाता ऐसी शर्तों के अध्यधीन जो वह इस उप–नियम की अपेक्षा से छूट प्रदान करने के लिए विनिर्दिष्ट करे यदि उसकी राय में आवश्यक योजनाएं रखने वाला उपयुक्त व्यक्ति नियुक्ति के लिए उपलब्ध नहीं है;

(ग) ऐसे व्यक्ति के मामले में जो इस नियम के प्रारम्भ की तिथि को कम से कम तीन वर्ष की अवधि के लिए कारखाना चिकित्सा व्यवसायी के रूप में कार्य कर रहा है, तो मुख्य निरीक्षक एवं सुविधा प्रदाता शर्ते के अध्यधीन कि कथित व्यक्ति तीन वर्ष की अवधि के भीतर प्रशिक्षण का पूर्वोक्त प्रमाण–पत्र प्राप्त करने की योग्यता में छूट देगा।

(5) उपरोक्त प्रमाणपपत्र के लिए मुख्य कोर्स का पाठ्यक्रम तथा कोर्स आयोजित करने के लिए संगठन महानिदेशक, कारखाना सलाह, सेवा, श्रम संस्था द्वारा जारी मार्ग दर्शनों के अनुसार या महानिदेशक, कारखाना सलाह, सेवा श्रम संस्था राज्य सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।

(6) कारखाना चिकित्सा व्यवसायी की नियुक्ति के एक मास के भीतर कारखाने का अधिभोगी मुख्य निरीक्षक एवं–सुविधा प्रदाता को निम्नलिखित ब्योरें देगाः–

1. कारखाना चिकित्सा व्यवसायी का नाम तथा पता;
2. योग्यताः
3. अनुभव, यदि कोई हो; तथा
4. उप–नियम जिसके अधीन नियुक्त किया गया है।

कारखाने में व्यावसायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए उपकरणः–

1. गर्म तथा ठण्डे पानी सहित एक ग्लेज्ढ सिल्क।
2. कम से कम 180 सेंटी मीटर X 105 सेंटी मीटर की चिकने ऊपरी भाग की एक मेज।
3. जीवाणुहीन उपकरण के लिए साधन।
4. एक कोच।
5. कम फिटिंग ढक्कन सहित दो वाल्टी या पात्र।
6. पानी उबलने की केतली तथा स्पिरिट स्टोन या अन्य उपयुक्त साधन।
7. स्पिरिट अमोनिया एयोमैटियस की एक बोतल (150 एम एल)।
8. दो मध्यम आकार की स्पंज।
9. दो 'किडनी' ट्रे।
10. प्रसाधन की चार टिकी (केक), अधिमानतः रोगाणुरोधक साबुन।
11. दो कंच के गिलास तथा दो वाईन गिलास।
12. दो क्लिनिकल थर्मामीटर।
13. दो चम्मच।
14. दो ग्रेडूएटिड (120 एम एल) माप के गिलास।
15. आंख धोने के लिए एक वास बोतल (100 सीसी)।

16. एक बोतल (एक लिटर) कारवोलिक लोशन 20 में एक।
17. तीन कुर्सी
18. एक स्क्रीन
19. एक विद्युत हस्त टार्च।
20. टेटनौसरो ओक्साईड की पर्याप्त आपूर्ति।
21. कोरामाईन तरल (63 एम एल)
22. टेबलेट–एन्टी सिन्टा मीनिक, एन्टा मीनिक, एन्टी स्पास्मोडिक (25 प्रत्येक)।
23. सूई सहित सिरीज–2 सी सी, 5 सी सी तथा 10 सी सी।
24. दो सुई होल्डर, बड़ी तथा छोटी।
25. सुचूरिगं सुई तथा सामग्री।
26. एक डिस्सैक्टिंग फोरसैप।
27. एक ड्रैसिंग फोरसेप।
28. एक स्केपल।
29. रबड़–वैल्डेज–प्रैसर बैन्डेज।
30. एक स्टेथोस्कीय
31. आवश्यक संलग्न सहित आक्सीजन सिलैण्डर
32. एक ब्लडप्रैसर अप्रेटस।
33. एक पैटेलार हैमर।
34. लंग फन्गशन माप के लिए एक पिक–फ्लो मीटर
35. एक पेट वास सेट।
36. निर्माण प्रक्रिया के सम्बन्ध में विशेष आवश्यकता के अनुसार कारखाना चिकित्सा व्यवसायी द्वारा अनुशंसित कोई अन्य उपकरण।
37. के अतिरिक्त

(i) 51 से 200 कर्मकारों को नियोजित करने वाले कारखाने के लिए

1. चार साधारण लकड़ी की खपची 900 एम एम ग 100 एम एम ग 64 एम एम
2. चार साधारण लकड़ी की खपची 350 एम एम ग 75 एम एम ग 6 एम एम
3. चार साधारण लकड़ी की खपची 200 एम एम ग 50 एम एम ग 12 एम एम
4. एक जोड़ा आरटरी चिमटी
5. इंजेक्शन–मोरफिया, मैथीडाईन, आडरीनेलाईन, कोरामाईन, नोबो सैम (प्रत्येक 2)
6. एक सर्जिकल कैंची

(ii) 200 कर्मकारों से अधिक नियोजित करने वाले कारखानों के लिए

1. आठ साधारण लकड़ी की खपची 900 एम एम ग 100 एमएम ग 6 एमएम
2. आठ साधारण लकड़ी की खपची 350 एम एम ग 750 एमएम ग 6 एमएम
3. आठ साधारण लकड़ी की खपची 250 एम एम ग 50 एमएम ग 12 एमएम
4. दो जोड़ा आरटरी चिमटी–
5. इंजेक्शन–मोरफिया, मैथीडाईन, आडरीनेलाईन, कोरामाईन, नोबो सैम (प्रत्येक 4)
6. दो सर्जिकल कैंची

इ. एम्बुलैंस वैन.–(1) ''खतरनाक प्रक्रिया'' करने वाले किसी कारखाने में उप नियम (2) के अनुसार वस्तुओं से सुसज्जित अच्छी स्थिति में उपयुक्त रूप से निर्मित एम्बुलैंस वैन मुहैया कराई जाएगी तथा अनुरक्षित की जाएगी तथा दुर्घटना तथा बीमारी के गम्भीर मामलों के वहन के प्रयोजन के लिए एक पूर्णकालिक चालक एवं मैकेनिक तथा प्रथम उपचार में प्रशिक्षित सहायक द्वारा सुसज्जित होगी। एम्बुलैंस वैन उसमें अनुबद्ध प्रयोजन से अन्यथा किसी प्रयोजन के लिए प्रयोग नहीं की जाएगी तथा साधारणतः व्यसवसायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर या के निकट खड़ी की जाएगी :

परन्तु 200 कर्मकारों से कम नियोजित करने वाला कारखाना किसी आपातिक स्थिति को पूरा करने के लिए निकटतम अस्पताल तथा अन्य स्थानों से लघु नोटिस पर ऐसी सुविधा प्राप्त करने के लिए करार कर सकता है।

(क) एम्बुलैंस में निम्नलिखित उपकरण होने चाहिएः–

(क) सामान्य

– फोल्डिंग तथा एडजस्टिंग उपकरण सहित एक पहिए वाली स्ट्रैचर; स्ट्रैचर का सिरा ऊपर की ओर झुकाव के समर्थ होना चाहिए।

– उपकरण के साथ स्थिर चूषण यूनिट;

– उपकरण सहित स्थिर आक्सीजन आपूर्ति;

– गलाफ सहित तकिया, शीट, कम्बल, तौलिए;

– इमीसिस बैग, बैड पैन, मूत्र गिलास;

(ख) सुरक्षा उपकरण

– 30 मिनट के जीवन सहित फाल्टस, फलैड लाईट;

– फलैस लाईट, अग्निशमक शुष्क पाउडर आदि;

– इन्सूलेटिड गांटलैटस;

(ग) आपातिक देखभाल उपकरण

(i) पुनरूज्जीवन

– पोर्टेबल चूषण इकाई, पोर्टेबल आक्सीजन यूनिट;

– बैग–वाल्व–मास्क, हाथ से संचालित कृत्रिम संवातन यूनिट;

– एयरवेज, मुहं गैग, ट्राचेस्टोमी अडाप्टर;

– लघु स्पाईन बोर्ड, आई.वी. फ्लूड संचालन इकाई

– बी.पी. मोनोमीटर, कुगा, स्टेथी स्कोप

(ii) ईमोबीलाईजेशन

– लम्बा तथा लघु पैडिड बोर्ड, वायर लेडर स्पलिंट

– तिकोनी वैन्डेज, लम्बा तथा लघु स्पाईन बोर्ड

(iii) ड्रैसिंग

– गैज पैड 4'' X 46'' यूनिवर्सल ड्रैसिंग 10'' X 36''

– एल्यूमिनियम फोयल का रोल, सोफ्ट रोलरबैन्डेज 6'' X 5 गज, 3'' रोल में चिपकाने वाली टेप।

– बैन्डेज शीट, बर्न शीट

(iv) विषाक्तता

– डोज में पूर्व पैकेड सक्रियित चारोकल इपीका का सिरप, सर्प काटने की किट;

– पीने का पानी

(1) आपातिक दवाई

– आवश्यकता के अनुसार (केवल ''चिकित्सा अधिकारी'' की सलाह के अधीन)

ई. विसंदूषित सुविधाएं.–''खतरनाक प्रक्रिया'' चलाने वाले प्रत्येक कारखाने में आपातिक स्थिति को पूरा करने के लिए निम्नलिखित व्यवस्था की जाएंगीः–

(क) पूर्ण रूप से सुसज्जित प्रथम उपचार बाक्स;

(ख) कर्मकारों के प्रक्षालन तथा कर्मकारों के कपड़ों जो खतरनाक तथा क्षयकारी पदार्थ से संदूषित हो गए है, के समाप्लावन के लिए जल के सहज ही सुलभ साधन तथा ऐसे साधन निम्न तालिका में दर्शाए गए मापक्रम (स्केल) के अनुसार होंगेः–

तालिका

क्रम संख्या	किसी समय नियोजित व्यक्तियों की संख्या	समाप्लावन फुहारों की संख्या
(i)	50 कर्मकारों तक	2
(ii)	51 से 200 कर्मकारों के बीच	2+1 प्रत्येक अतिरिक्त 150 या उसके भाग के लिए
(iii)	201 से 500 कर्मकारों के बीच	5+1 प्रत्येक अतिरिक्त 100 या उसके भाग के लिए
(iv)	500 कर्मकारों तथा से अधिक	8+1 प्रत्येक अतिरिक्त 200 या उसके भाग के लिए

(ग) आसवित जल या उपयुक्त तरल से भरी हुई आंख–धोने के लिए बोतलों की पर्याप्त संख्या बक्सों या अलमारी में सुविधाजनक रूप से स्थित तथा प्रभेदी चिह्न द्वारा स्पष्ट रूप से सूचित रखी जाएंगी, जो सभी समयों पर दृश्य होंगी।

उ. कर्मकारों को स्वास्थ्य रिकार्ड उपलब्ध कराना

1. ''खतरनाक प्रक्रिया'' चलाने वाले प्रत्येक कारखाने का अधिभोगी निम्नलिखित शर्तों के अधीन खतरनाक प्रक्रिया में कर्मकार अनावृति के रिकार्ड या उसके पढ़ने के लिए किसी कर्मकार का चिकित्सा रिकार्ड, जैसी भी स्थिति हो, सहित स्वास्थ्य रिकार्ड सुलभ कराएगाः–

(क) प्रत्येक छह मास में एक बार या चिकित्सा जांच के ठीक बाद, जो भी पहले हो;

(ख) यदि कारखाना चिकित्सा व्यवसायी या ''चिकित्सा अधिकारी'', जैसी भी स्थिति हो, की राय है कि कर्मकार अधिनियम की तीसरी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट किसी सूचनीय रोग के प्रत्यक्ष चिह्न तथा लक्षण का है;

(ग) यदि कर्मकार नियोजन छोड़ता है;

(घ) यदि निम्नलिखित प्राधिकारियों में से कोई एक ऐसा निर्देश करेंः–

(i) मुख्य निरीक्षक एवं सुविधाप्रदाता;

(ii) केन्द्रीय या राज्य सरकार का स्वास्थ्य प्राधिकारी;

(iii) कर्मकार प्रतिकर आयुक्त;

(iv) महानिदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम;

(v) निदेशक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम;

(vi) महानिदेशक, कारखाना सलाह सेवा तथा श्रम संस्था।

2. खतरनाक प्रक्रिया में कर्मकार की अनावृति के रिकार्ड सहित अद्यतन स्वास्थ्य रिकार्ड की एक प्रति या चिकित्सा रिकार्ड, जैसी भी स्थिति हो, उस से आवेदन की प्राप्ति पर कर्मकार को दिया जाएगा। एक्स–रे प्लेट तथा अन्य चिकित्सा निदान–शास्त्र रिपोर्ट उसके चिकित्सा व्यवसायी को संदर्भ के लिए उपलब्ध कराई जाएगी।

131. रसायन तथा विषैले पदार्थ को खुला छोड़ने की अनुज्ञेय सीमा (धारा 88).–

(1) रसायन तथा विषैले पदार्थ को खुला छोड़ने की अधिकतम अनुज्ञेय प्रारम्भ सीमा किसी कारखाने में निर्माण प्रक्रिया तालिका मेंसूचित मान की होगी।

(2) राज्य सरकार समय–समय पर, क्षेत्र में विशेष संस्था या विशेषेरूों से प्राप्त किसी वैज्ञानिक सबूत को प्रभावी करने के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अधिसूचना द्वारा कथित तालिका में उपयुक्त परिवर्तन कर सकती है।

तालिका

(देखिए धारा 88)

रसायनिक एवं विषैले पदार्थों को खुला छोड़ने की अनुज्ञेय सीमा

क्रम संख्या	पदार्थ	खुला छोड़ने की अनुज्ञेय सीमाएं			
		समय–भार औसत सान्द्रण (8 घंटे)		अल्पाविध खुला छोड़ने की सीमा (15 मिनट)*	
		पी0पी0ए0 म0	मि0ग्रा0 / मि म0	पी0पी0ए0 म0	मि0ग्रा0 / मि म0
1	2	3	4	5	6
(1)	एसीटएल्डिहाइड	100	180	150	270
(2)	एसीटिक अम्ल	10	25	15	37
(3)	एसीटोन	750	1780	1000	2375
(4)	ऐक्रिलीन	0.1	0.25	0.3	0.8
(5)	एक्रिलीनाइट्राइल–स्किन	2	4.5	–	–
(6)	ऐल्ड्रिन–स्किन	–	0.25	–	–
(7)	एलिलक्लोराइड	1	3	2	6
(8)	अमोनिया	25	18	35	27
(9)	एनिलीन स्किन	2	10	–	–
(10)	एनिसिडीन (आइसोमर्स) स्किन	0.1	0.5	–	–
(11)	आसैनिक और घुलनशील यौगिक	–	0.2	–	–
(12)	बेंजीन (एस. सी)	10	30	–	–
(13)	बेरिलियम एन्ड कंपाउड (बी के रूप में) (एस.सी.)	–	0.002	–	–
(14)	बोर्नोन ट्राइफ्लूराइड सी	1	3	–	–
(15)	ब्रोमीन	0.1	0.7	0.3	2
(16)	ब्यूटेन	800	1900	–	–
(17)	2 ब्यूटेनोन (मेथिएथिल कीटीन–मीक)	200	590	300	835
(18)	एन–ब्यूटिल एसीटेट–150	710	200	950	–
(19)	एन–ब्यूटिल एल्कोहाल– स्किन–सी	50	150	–	–
(20)	सेक० / टेर्ट, ब्यूटिल एसीटेट	200	950	–	–
(21)	ब्यूटिल मर्केप्टन	0.5	1.5	–	–
(22)	कैडमियम–धूल और लवण (सी डी के रूप में)	–	0.05	–	–
(23)	कैल्शियम आक्साइड	–	2	–	–
(24)	कार्बेरिल (सेविन)	–	5	–	–
(25)	कार्बोफ्यूरान (फूराडान)	–	0.1	–	–
(26)	कार्बन डाइसल्फाइड– स्किन	10	30	–	–
(27)	कार्बन मोनोआक्साइड	50	55	400	440
(28)	कार्बन टू टैट्राइक्लोराइड–स्किन	5	30		
(29)	क्लोराइडेन–स्किन	–	0.5	–	–
(30)	क्लोरीन	1	3	3	9
(31)	क्लोरेबैजीन	75	350	–	–
(32)	क्लोरोफार्म (एस. सी.)	10	50	–	–

क्रम संख्या	पदार्थ	खुला छोड़ने की अनुज्ञेय सीमाएं			
		समय–भार औसत सान्द्रण (8 घंटे)		अल्पाविध खुला छोड़ने की सीमा (15 मिनट)*	
		पी0पी0ए0 म0	मि0ग्रा0 / मि म0	पी0पी0ए0 म0	मि0ग्रा0 / मि म0
(33)	बिस–करोनोमैटरी ईथर	0.001	0.005	–	–
(34)	क्रोमिक अम्ल और क्रोमेट	–	0.05	–	–
(35)	क्रोमस लवण (Cr के रूप में)	–	0.05	–	–
(36)	तांबा धूम	–	0.2	–	–
(37)	कपास धूल, रॉ–3	–	0.2*	–	–
(38)	क्रैसील, सभी आइसोमर्स–स्किन	5	22	–	–
(39)	साइनाइड (सी एन के रूप में) स्किन	–	5	–	–
(40)	सइनोजिन	–	10	20	–
(41)	डी०डी०टी० (डाइक्लोरोडाड्रिफनाइन ट्राइक्लोरोइथेन)	–	1	–	
(42)	डमेटोन–स्किन	0.01	0.1		–
(43)	डायजिनान–स्किन	–	0.1	–	–
(44)	डाइब्यूटान फाइथेलेट	–	5	–	–
(45)	डाइक्लोरोज (डीडीवीपी) स्किन	0.1	1		
(46)	डील्डिन–स्किन	–	0.25	–	–
(47)	डाइनाइट्रोबेजीन (सभी आइसोमर्स)–स्किन	0.15	1	–	–
(48)	ट्राइनाइट्रोल्यून–स्किन	–	1.5	–	–
(49)	डायोफिनाइल (वायफिनाइल)	0.2	1.5	–	–
(50)	इंडोसल्फान (थियोडान)–स्किन	–	0.1	–	–
(51)	एड्रिन–स्किन	–	0.1	–	–
(52)	एथिल एसिटेट	400	1400	–	–
(53)	एथिल ऐल्कोहाल	1000	1900	–	–
(54)	एथिलएमिन	10	18	–	–
(55)	फ्लूराइडस (एफ के रूप में)	–	2.5	–	–
(56)	फ्लूओरीन	1	2	2	4
(57)	फामल डी हाइड (एस सी)	1.0	1.5	2	3
(58)	फार्मिक अम्ल	5	9	–	–
(59)	गैसोलीन	300	900	500	1500
(60)	हाइड्रोजन–स्किन–सी	0.1	0.1	–	–
(61)	हाइड्रोजन क्लोराइड	5	7	–	–
(62)	हाइड्रोजन साइसाइड–स्किन	10	10	–	–
(63)	हाइड्रोजन फ्लुराइड (एफ के रूप में)–सी	3	2.5	–	–
(64)	हाइड्रोजन पेरोक्साइड	1	1.5	–	–
(65)	हाइड्रोजन सल्फाइड	10	14	15	21
(66)	आयोडीन–सी	0.1	1	–	–

क्रम संख्या	पदार्थ	खुला छोड़ने की अनुज्ञेय सीमाएं			
		समय–भार औसत सान्द्रण (8 घंटे)		अल्पाविध खुला छोड़ने की सीमा (15 मिनट)*	
		पी0पी0ए0 म0	मि0ग्रा0 / मि म0	पी0पी0ए0 म0	मि0ग्रा0 / मि म0
(67)	लोह आक्साइड धूम (एफ० 20) (एफ ई के रूप में)	—	5	—	—
(68)	आइसोमिल एसिटेट	100	525	—	—
(69)	आइसोमाइल ऐलकोहॉल	100	360	125	4500
(70)	आइसोब्यूटाइल ऐलकोहॉल	50	150	—	—
(71)	सीसा, अकार्बनिक, धूम और धूल	—	0.15	—	—
(72)	लिनडेन–स्किन	—	0.5	—	—
(73)	मेलाथियोन–स्किन	—	10	—	—
(74)	मैंगनीज़ (एम. एन. के रूप में) धूल और यांत्रिक–सी	—	5	—	—
(75)	मैंगनीज़ धूम (एम एन के रूप में)	—	1	—	3
(76)	पारा (एच जी के रूप में)–स्किन (i) एल्कल यौगिक	—	0.01	—	0.03
	(ii) ऐल्किल वाष्प के अतिरिक्त सभी रूप	—	0.05	—	—
(77)	एरील और अकार्बनिक	—	0.1	—	—
(78)	मेथिल–ऐलकोहॉल (मेथेनोल)–स्किन	200	260	250	310
(79)	मेथिल सोलोसाल् (2 मेथाक्सी इथोनो)–स्किन	5	16	—	—
(80)	मेथिल आइसीब्यटील कीटोन	50	205	75	300
(81)	मेथिल आइसोसायनेट–स्किन	0.02	0.05	—	—
(82)	नेफ्थालीन	10	50	15	75
(83)	निकल कार्बोनाइल (एन आई के रूप में)	0.05	0.35	—	—
(84)	नाइट्रिक अम्ल	2	5	4	10
(85)	नाइट्रिक ऑक्साइड	25	30	—	—
(86)	नाइट्रोबेजीन–स्किन	1	5	—	—
(87)	नाइट्रोजन–डाइआक्साइड	3	6	5	10
(88)	तेल धुमिकर, खनिज	—	5	—	10
(89)	ओजोन	0.1	0.2	0.3	0.6
(90)	पराथियान–स्किन	—	0.1	—	—
(91)	फीनॉल–स्किन	5	19	—	—
(92)	फोरेट (थिमेट)–स्किन	—	0.05	—	0.2
(93)	फास्गान (कार्बोनाइल क्लोराइड)	0.1	0.4	—	—
(94)	फास्फीन	0.3	0.4	1	1
(95)	फास्फोरिक एसिड	—	1	—	3
(96)	फास्फोरस (पीला)	—	0.1	—	—
(97)	फास्फोरस पेन्टाक्लोराइड	0.1	1	—	—
(98)	फास्फोरस ट्राइक्लोराइड	0.2	1.5	0.5	3

क्रम संख्या	पदार्थ	खुला छोड़ने की अनुज्ञेय सीमाएं			
		समय–भार औसत सान्द्रण (8 घंटे)		अल्पाविध खुला छोड़ने की सीमा (15 मिनट)*	
		पी0पी0ए0 म0	मि0ग्रा0 / मि म0	पी0पी0ए0 म0	मि0ग्रा0 / मि म0
(99)	पिक्रिक अम्ल–स्किन	–	0.1	–	0.3
(100)	पाइराडीन	5	15	–	–
(101)	सिलेन (सिलिकन टेट्राहाइड्राइड)	5	7	–	–
(102)	सोडियम हाइड्रोआक्साइड–सी	–	2	–	–
(103)	साटाइरीन, मोनोमर (फेनीलिथोलीन)	50	215	100	425
(104)	सल्फर डाइआक्साइड	2	5	5	10
(105)	सल्फर हेक्साफ्लुराइड	1000	6000	–	–
(106)	सल्फ्यूरिक अम्ल	–	1	–	–
(107)	टेट्राइथाइल लेड (पी बी के रूप में)–स्किन	–	0.1	–	–
(108)	टालुईन (टलुआल)	100	375	150	560
(109)	ओ–टुलुडाइन–स्किन (एस.सी.)	2	9	–	–
(110)	ट्राई–ब्यूटाइल फास्फेट	0.2	2.5	–	–
(111)	ट्राइक्लोरोएिथलीन	50	270	200	1080
(112)	यूरेनियम, प्राकृतिक (यू के रूप में)	–	0.2	–	0.6
(113)	विनायल क्लोराइड (एच.सी.)	5	10	–	–
(114)	बेल्डिग धूम	–	5	–	–
(115)	जाइलीन (ओ–एम–, पी–ओ आइसोमर्स)	100	435	150	655
(116)	जिक आक्साइड				
	(i)– धूम	–	5.0	–	10
	(ii)–धूल (कुल–धूल)	–	10.0	–	–
(117)	जिरकोनियम यौगिक (जैड आर के रूप में)	–	5	–	10

पीपीएम 3– 25 सी तथा एच जी के 760 एम एम वाल्यूम तक संदूषित वायु की भांप के भाग या गैस प्रति दस लाख भाग–

एमजी / एम2– वायु के प्रति घन मीटर पदार्थ का मिलीग्राम

* दिन में चार बार से अधिक नहीं, दो क्रमिक खुले छोड़े जाने के बीच कम से कम 60 मिनट का अंतराल हो

** अणु भार

एम.जी. / एम–2= एक पी.पी.एम.

24.45

जी. डिनोट सिलिंग सीमा

स्किन– मूकोस झिल्ली तथा आंख सहित त्वचीय मार्ग द्वारा सम्पूर्ण एक्सपोजर में डिनोट सम्भाव्य सहयोग

एस.सी. डिनोट संदिग्ध मानव कैन्सरजन

एच.सी. डिनोट पुष्ट मानव कैन्सरजन

पदार्थ अनुज्ञेय समय–भार औसत सान्द्रण (टी डब्ल्यू ए) (8 घण्टे)

सिलिका एस आई ओ 2

(क) क्राई स्टेलाईन

(i) क्वार्टज

$$10600$$

(1) धूल गणना के रूप में .....एमपीपीसीएम

$$\%\ \text{क्वार्टज} + 10$$

$$10$$

(2) श्वसनीय धूल के रूप में ..... एमजी/एम 3

$$\%\ \text{श्वसनीय क्वार्टज} + 2$$

$$10$$

(3) सकल धूल के रूप में: ..... मि0ग्रा0/मि. 3

$$\%\ \text{क्वाटर्ज} + 3$$

(ii) क्रिस्टाबेलाइट :क्वार्टज के सामने दी गई सीमाओं का आधा

(iii) ट्राइडाइमाइट : क्वार्टज के सामने दी, गई सीमाओं का आधा

(iv) फ्यूजड सिलिका: वही सीमा जो क्वार्टज के लिए है।

(v) (क) ट्रिपोली वही सीमा जो क्वार्टज के मद (2) के सामने दी गई फारमूले में है।

(ख) एमोरफोस सिलीकेट 10 एम जी/एम 3, कुल धूल

ऐसवेसटोन (एच.सी.) * 2 फाईबर/एल एल, लम्बाई 5 यू आर एन से अधिक तथा चौड़ाई में 3 यू एम से कम

पोर्टलैण्ड सीमेंट 10 एम जी/एम 3, 1% क्वार्टज से कम कुल धूल

कोयला धूल 2 एम जी/एम 3, 5% क्वार्टज से कम श्वसनीय धूल अंश

एम पी पी सी एम– प्रकाश–क्षेत्रीय तकनीक से गिने गए इमपिन्जर नमूनों पर आधारित वायु के दस लाख कण प्रति घन मीटर

* 400 पर झिल्ली–फिटर ढंग द्वारा यथा अवधारित–

450 X मैग्नीफिकेशन (4एम एम वास्तविक) फेस विषमता प्रदीपन

श्वसनीय धूल:

निम्नलिखित विशेषता सहित आकार–सलैक्टर पासिंग अंश

एरोडाइनामिक डायामीटर (यू एम) (यूनिट डैनसिटी स्फेयर)	% पासिंग सलैक्टर
2	90
2.5	75
3.5	50
5.0	25
10	0

132. कार्य वातावरण में कतिपय रसायनिक पदार्थों का अनुज्ञेय स्तर (धारा 88).–अधिनियम या नियम में किसी अन्य उपबन्धों में अपेक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना इस अनुसूची में विनिर्दिष्ट अपेक्षा सभी कारखानों को लागू होगी।

अनुसूची

सभी कारखानों को लागू अपेक्षा

1. परिभाषाएं.–इस अनुसूची के प्रयोजन के लिए–

(क) ''एम जी/एम 3'' से अभिप्राय है, वायु के प्रति धन मीटर पदार्थ का मिलीग्राम;

(ख) ''एम पी पी सी एम'' से अभिप्राय है, वायु के प्रति घन मीटर पदार्थ का दस लाख कण;

(ग) ''पी पी एम'' से अभिप्राय है, पारा दबाव का 25^0 सी तथा 460 एम एम वाल्यूम तक वायु के वाष्प का भाग या गैस का प्रति दस लाख भाग;

(घ) ''समय–भार औसत सान्द्रण'' से अभिप्राय है, अवधि जिसके लिए प्रत्येक ऐसा नमूना एकत्रित किया गया है तथा नमूना लेने के समय पर अभिभावी सान्द्रण को अधिमान देने के बाद उस स्थान पर लिए गए वायु नमूनों की प्रर्याप्त संख्या, किसी दिन की सम्पूर्ण पाली के समय–विस्तार के मूल्यांकन से परिकलित कारखाने में किसी कार्य स्थान पर वायु में पदार्थ का औसत सान्द्रण।

सी 1 टी 1 + सी 2 टी 2 + ... सीएनटीएन

समय भार औसत सान्द्रण = ...

टी 1 + टी 2+.....टीएन

जहां सी, टी–1 (घंटों में) अवधि के लिए पदार्थ का सान्द्रण का निरूपण करता है;

(2) सी 2 अवधि टी 2 (घंटों में) के लिए पदार्थ के सान्द्रण का निरूपण करता है; तथा
सी एन अवधि टी एन (घंटों में) के लिए पदार्थ के सान्द्रण का निरूपण करता है; तथा

(ङ) ''कार्य स्थान'' से अभिप्राय है, कारखाने में स्थान जिस पर कर्मकार कार्य करते है या किसी दिन को किसी पाली के दौरान किसी समय पर कार्य के लिए अपेक्षित हो सकता है।

2. कार्य स्थानों पर पदार्थों के सान्द्रण की सीमा.–(1) अनुसूची की तालिका 1 या 2 में सूचीबद्ध किसी पदार्थ का औसत समय–भार सान्द्रण किसी दिन में किसी पाली के दौरान कारखाने में किसी कार्य स्थान पर उस पदार्थ के सम्बन्ध में विनिर्दिष्ट अनुज्ञेय समय–भार औसत सान्द्रण की सीमा से अधिक नहीं होगाः

परन्तु तालिका–1 में वर्णित पदार्थ के मामले में जिसके सम्बन्ध में सीमा लघु–अवधि अधिकतम सान्द्रण के रूप में सूचित की गई है। ऐसे पदार्थ का सान्द्रण एक समय में 15 मिनट से अवधिक लघु अवधि के लिए पदार्थ के लिए समय भार औसत सान्द्रण की अनुज्ञेय सीमा से निम्नलिखित शर्त के अध्यधीन अधिक हो सकता हैः–

(क) ऐसी अवधि जिसके दौरान सान्द्रण विहित समय भार औसत सान्द्रण से अधिक होता है, 4 प्रति पाली से अनधिक तक प्रति–बन्धित है;

(ख) उच्चतर अनावृति की किसी दो ऐसी अवधियों के बीच समय अन्तराल 60 मिनट से कम नहीं होगा; तथा

(ग) वायु में पदार्थ का सान्द्रण किसी भी समय लघु अवधि अधिकतम सान्द्रण की सीमा से अधिक नहीं होगा।

(2) तालिका 3 में दिए गए किसी पदार्थ के मामले में किसी दिन के दौरान किसी समय पर कारखाने में किसी कार्य स्थान पर पदार्थ का सान्द्रण तालिका में विनिर्दिष्ट उस पदार्थ के अनावृति की सीमा से अधिक नहीं होगा।

(3) उन मामलों में जहां ''स्किन'' शब्द तालिका 1 तथा 3 में वर्णित कतिपय पदार्थ के विरूद्ध अंकित किया गया है विशेषरूप से ट्रिकन, म्यूकेस झिल्ली तथा आंखों के त्वचीय मार्ग ने माध्यम से अवशोषण रोकने के लिए उचित उपाय किए जाएंगे जैसा कि इन तालिकाओं में विनिर्दिष्ट सीमाएं उन शर्तों के लिए है जहां अनावृति केवल श्वसन क्षेत्र के माध्यम होती है।

4. (क) यदि तालिका 1, 2 या 3 में वर्णित किसी कार्य स्थान पर वायु में ऐसे पदार्थों का मिश्रण है, जिसमें पाली के दौरान प्रत्येक इन पदार्थों का समय भार सान्द्रण समरूप विषाक्त गुण ऐसा होना चाहिए कि इन समय भार सान्द्रण को उपरोक्त वर्णित तालिका में विनिर्दिष्ट सम्बन्धित अनुज्ञेय समय भार औसत सान्द्रण से विभक्त किया जाए तथा प्राप्त भिन्नता इकट्ठी जोड़ी जाती है, तो कुल इकाई से अधिक नहीं होगा अर्थात्:–

सी 1 + सी 2 ..... सी एन

एल 1 एल 2 ..... एल एन

जहां कार्य स्थान पर मापक्रम के बाद निर्धारित सी 1, सी 2 ..... सी एन विषाक्त पदार्थ क्रमश 1, 2, समय भार औसत सान्द्रण है;

तथा एल 1, एल 2 ..... एल एन विषाक्त पदार्थ क्रमशः 1, 2 ..... तथा एन के अनुज्ञेय समय भार औसत सान्द्रण है।

(ख) यदि किसी कार्य स्थान पर वायु तालिका 1, 2, 3 में वर्णित पदार्थों का मिश्रण है तथा वे समरूप विषक्त गुण के नहीं है, तो इन प्रत्येक पदार्थों का समय भार सान्द्रण उस विशेष पदार्थ के लिए उपरोक्त वर्णित तालिकाओं में विनिर्दिष्ट अनुज्ञेय समय भार औसत सान्द्रण से अधिक नहीं होगा।

(ग) खण्ड (क) तथा (ख) में अपेक्षा पैरा 2(1) तथा 2(2) में अपेक्षाओं के अतिरिक्त होंगी।

3. नमूना तथा मूल्यांकन प्रक्रिया.–(1) किसी अन्य पैरा में उपबन्धों के होते हुए भी अनुसूची के उपबन्धों की पालना में चैकिंग के लिए अपनाई जाने वाली नमूना तथा मूल्यांकन प्रक्रिया समय–समय पर प्रचलित मानक प्रक्रिया के अनुसार होगी।

(2) पैरा 5 में उपबन्धों के होते हुए भी अनुसूची के उपबन्धों की पालना में चैकिंग से सम्बन्धित नमूना तथा मूल्यांकन प्रक्रिया के बारे में निम्नलिखित शर्तें विनिर्दिष्ट हैं:–

(क) तालिका 2 में मद 1(क) (i) (1) में प्रति घन मीटर कणों की संख्या का निर्धारण करने के लिए नमूने मानक या अतिलघु इम्पियर द्वारा संग्रहीत किए जाने है तथा गणना लाईट–फिल्ड तकनीक द्वारा की जाएगी।

(ख) तालिका 2 की मद 1(क) (i) में किए गए 3 फार्मूलों में क्वार्टज का प्रतिशत वायु उत्पन्न नमूनों से निर्धारित किया जाना है।

(ग) तालिका 2 की मद 2(क) में यथा विनिर्दिष्ट फाईबर की संख्या के निर्धारण के लिए फेस विषमता प्रदीपन सहित 430 X आवर्धन (4 एम एम वास्तविक) पर झिल्ली फिल्टर पद्धति का प्रयोग करना चाहिए;

(घ) तालिका 2 की मद 1(क)(i)(2) में दिए गए फार्मूले के प्रयोग के लिए क्वार्टज का सान्द्रण तथा प्रतिशत के दोनों के निर्धारण के लिए निम्नलिखित विशेषता सहित आकार सलैक्टर के माध्यम से केवल गुजरे अंश को विचारा जाना चाहिए।

एरोडायनामिक (इकाई)	साईज सलैक्टर द्वारा अनुज्ञात प्रतिशत
2.0	90
2.5	75
3.5	50
5.0	25
10.0	0

4. पदार्थों के सान्द्रण के अपेक्षित निर्धारण की शक्ति.–(1) निरीक्षक लिखित आदेश द्वारा तालिका 1, 2 या 3 में वर्णित किसी पदार्थ का किसी कार्य स्थान पर किया गया समय भार औसत सान्द्रण किसी विनिर्दिष्ट तिथि से पूर्व प्राप्त करने के लिए कारखाने के अधिभोगी या प्रबन्धक को निदेश दे सकता है।

(2) ऐसे निर्धारण तथा ऐसे निर्धारण के लिए वायु नमूने तथा विश्लेषण के लिए अपनाई गई पद्धति के परिणाम ऐसे निर्धारण के समापन की तिथि से तीन दिन के भीतर निरीक्षक को भेजेगा तथा उसका रिकार्ड भी निरीक्षक द्वारा निरीक्षण के लिए सहज ही उपलब्ध रख जाएगा।

5. छूट.–यदि किसी कारखाने या कारखाने के भाग के सम्बन्ध में मुख्य निरीक्षक की सन्तुष्टि हो जाती है कि विभिन्न कार्य स्थानों पर कर्मकारों के कार्य समय की पद्धति के कारण या अन्य परिस्थितियों के कारण कोई कर्मकार ऐसी सीमा तक तालिका 1, 2 या 3 में विनिर्दिष्ट पदार्थ या पदार्थों में कार्य स्थान पर वायु में अनावृत है जो उसके स्वास्थ्य के लिए हानिकर होने की सम्भावना है, तो वह (मुख्य निरीक्षक) लिखित आदेश द्वारा, ऐसी शर्तों के अध्यधीन, यदि कोई हो, जो वह उसमें विनिर्दिष्ट करे, पैरा 2 में अपेक्षाओं से किसी कारखाने या कारखाने के भाग को छूट दे सकता है।

तालिका–1

कार्य वातावरण में कतिपय रासायनिक पदार्थों का अनुज्ञेय स्तर

पदार्थ — अनावृति की अनुज्ञेय सीमा

समय भार औसत सान्द्रण — लघु अवधि अधिकतम सान्द्रण

पदार्थ	खुला छोड़ने की अनुज्ञेय सीमाएं			
	समय–भार औसत सान्द्रण (8 घंटे)		अल्पाविध खुला छोड़ने की सीमा (15 मिनट)*	
	पी0पी0ए0 म0	मि0ग्रा0 / मि म0	पी0पी0ए0 म0	मि0ग्रा0 / मि म0
एसीटिक अम्ल	10	25	15	37
ऐक्रिलीन	0.1	0.25	0.2	0.8
ऐल्ड्रिन–स्किन	–	0.25	0.3	0.75
अमोनिया	25	18	35	27
एनिलीन स्किन	2	10	5	20
एनिसिडीन (ऑपिआइसोमर्स) स्किन	0.1	0.5	–	–
आसैनिक और यौगिक (एएस के रूप में)	–	0.2	–	–
बेंजीन	10	30	–	–
ब्रोमीन	0.1	0.7	0.3	2
2 ब्यूटेनोन (मेथिएथिल कीटीन–मीक)	200	590	300	885
एन–ब्यूटिल एसीटेट–150	150	710	200	950
सेक० / टेर्ट, ब्यूटिल एसीटेट	200	950	250	1190
कैडमियम–धूल और लवण (सी डी के रूप में)	–	0.5	–	0.2
कैल्शियम आक्साइड	–	2	–	–
कार्बेरिल (सेविन)	–	5	–	10
कार्बोफ्यूरान (फूराडान)	–	0.1	–	–
कार्बन डाइसल्फाइड–स्किन	2	60	30	90
कार्बन मोनोआक्साइड	50	55	400	440
कार्बन टैक्ट्राइक्लोराइड–स्किन	10	65	20	130
क्लोराइडेन–स्किन	–	0.5	–	–
क्लोरेबेंजीन (मोनोक्लोरोबेंजीन)	75	350	–	–
क्लोरीन	1	3	3	9
बिस–करोनोमैट टी ईथर	0.001	–	–	–
क्रोमिक अम्ल और क्रोमेट	–	0.05	–	–
क्रोमियम, सेल क्रोमिक	–	0.5	–	–
क्रोमस लवण (सी आर के रूप में)	–	0.02	–	–
तांबा धूम	–	0.2	–	–
कपास धूल, कच्चा	–	0.2	–	–
क्रैसोल, सभी आइसोमर्रा–स्किन	5	22	–	–
साइनाइड (सी एन के रूप में) स्किन	–	5	–	–
सइनोजिन	10	20	–	–
डी०डी०टी० (डाइक्लोरोडाड्रिफनाइन ट्राइक्लोरोइथेन)	–	1	–	3

पदार्थ	खुला छोड़ने की अनुज्ञेय सीमाएं			
	समय–भार औसत सान्द्रण (8 घंटे)		अल्पाविध खुला छोड़ने की सीमा (15 मिनट)*	
	पी0पी0ए0 म0	मि0ग्रा0 / मि म0	पी0पी0ए0 म0	मि0ग्रा0 / मि म0
डमेटोन–स्किन	0.01	0.01	0.03	0.3
डायजिनान–स्किन	—	0.01	—	0.3
डाइब्यूटान फाइथेलेट	—	5	—	10
डाइक्लोरोज (डीडीवीपी) स्किन	0.1	1	0.3	3
डील्डिन–स्किन	—	0.25	—	0.75
डाइनाइट्रोबेजीन (सभी आइसोमर्स)–स्किन	0.15	1	0.5	3
डाइनाइट्रोल्यून–स्किन	—	1.5	—	5
डायोफिनाइल (वायफिनाइल)	0.2	1.5	0.6	4
इंडोसल्फान (थियोडान)–स्किन	—	0.1	—	0.3
एड्रिन–स्किन	0.1	—	0.3	—
एथिल एसिटेट	400	1000	—	—
एथिल ऐलकोहॉल	1000	1900	—	—
एथिलएमिन	10	18	—	—
फ्लूराइडस (एफ के रूप में)	—	2.5	—	—
फ्लूओरीन	1	2	2	4
हाइड्रोजन साइनानाइड–स्किन	10	11	15	16
हाइड्रोजन सल्फाइड	10	15	15	27
लोह ऑक्साइडधूम (एफ० ई 203) (एफ ई के रूप में)	15	—	10	—
आइसोएिमल एसिटेट	100	525	125	655
आइसोएिमल ऐल्कोहॉल	100	360	125	450
औलफुर डाईऑक्साईड	5	13	—	—
सल्फ्यूरिक अम्ल	—	1	—	—
टालुईन (टुलस्ट)–स्किन	100	375	150	560
ओ–टुलुडाइन	5	22	10	44
ट्राइक्लोरोएिथलीन	100	535	150	800
विनायल क्लोराइड	5	10	—	—
वेल्डिग धूम (एनओसी)	—	5	—	—
जाइलीन (ई–एम–, पी– आइसोमर्स)–स्किन	100	435	150	655

तालिका – 2

1. सिलिका

(क) क्राईस्टेलाईन

(i) क्वार्टज

$$1060$$

(1) धूल गणना के रूप में .....एमपीपीसीएम

$$\% \text{ क्वार्टज } +10$$

$$10$$

(2) श्वसनीय धूल के रूप में ..... एमजी/एम 3

$$\frac{\%\ \text{श्वसनीय क्वार्टज}+2}{30}$$

(3) सकल धूल के रूप में: ..... मि0ग्रा0/मि. 3

$$\%\ \text{क्वाटर्ज}+3$$

(ii) क्रिस्टाबेलाइट :क्वार्टज के सामने दी गई सीमाओं का आधा

(iii) ट्राइडाइमाइट : क्वार्टज के सामने दी, गई सीमाओं का आधा

(iv) फ्यूजड सिलिकाः वही सीमा जो क्वार्टज के लिए है।

(ख) एमोरफोस 705 एम पी पी सी एम

2. भार से 1 प्रतिशत मुफ्त सिलिका से कम वाली सिलीकेट

(क) 5 माईक्रोनस से लम्बा एस्बेसटोस–फाईबर

(i) एमोसाइट 0.5 फाईबर/घन सेंटीमीटर

(ii) करीस्टाईल 2 फाईबर/घन सेंटीमीटर

(iii) क्रोसीडोलिट 0.2 फाईबर/घन सेंटीमीटर

(ख) माईका 705 एपीपीसीएम

(ग) खनिज वूल फाईबर 100 एमजी/एम 3

(घ) पोरलाईट 1060 एमपीपीसीएम

(ङ) पोर्टलैण्ड सीमेंट 1060 एमपीपीसीएम

(च) शोप स्टोन 705 एमपीपीसीएम

(छ) टैल्क (नोनाबास्टीफोरम) 705 एमपीपीसीएम

(ज) टेल (फाईबरस) वही सीमा जो एस्बेसटोस के लिए है

(झ) टैरीमोलाईट वही सीमा जो एस्बेसटोस के लिए है

3. कोयला धूल

(1) भार से 5 प्रतिशत सिलीकोन डाईओक्साईड से कम की वायु उत्पन्न धूल के लिए 2 एमजी/एम 3

(2) 5 प्रतिशत सिलिकोन डाईओक्साईड की वायु उत्पन्न क्वार्टर के सामने मद (2) में फार्मूले द्वारा यथा विहित नहीं सीमा

तालिका – 3

अनाकृति की अनुज्ञेय सीमा

पदार्थ	पीपीएम	एमजी/एम 3
एसेटिक एनहाईड्राईड	5	20
ओ–डिक्लोरोबेंजीन	50	300
फोरमाल्डेहाईड	2	3
हाईड्रोजन क्लोराईड	5	7
मैंगनीज़ एवं यौगिक (एम एन के रूप में)	–	5
नाईट्रोगलेसिरिन–स्किन	0.2	2
नाईट्रोजन डाईओक्साईड	5	9
पोटाशियम हाईड्रोक्साईड	–	2
सोडियम हाईड्रोक्साईड	–	2
2, 4, 6 – ट्रीनीट्रोटोलियन (टीएनटी)	–	0.5''

133. निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता के आदेश के विरूद्ध अपील (धारा 90).– (1) अपील के लिए उचित प्राधिकारी मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता हरियाणा संहिता की धारा 90 के प्रयोजन के लिए अपील प्राधिकारी होगा।

2. अपील में प्रक्रिया.–(1) धारा 90 के अधीन प्रस्तुत अपील मुख्य निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को या उन मामलों में जहां आदेश जिसके विरूद्ध अपील की गई हो, उसी पदाधिकारी द्वारा पारित आदेश हो, तो राज्य सरकार को की जाएगी और ज्ञापन पत्र के रूप में होगी जिसमें आदेश के संबंध में आपत्ति के आधारों का संक्षेप में वर्णन होगा और उस आदेश की, जिसके कि विरूद्ध अपील की गई है, प्रति संलग्न होगी। अपील के लिए आवेदन निम्नलिखित फोर्मेट में होगा :–

फोर्मेट

अपील प्राधिकारी को अपील

क. अधिभोगी या प्रबन्धक का नाम :

ख. कारखाने का नाम और पता :

ग. शिकायत के ब्योरे :

घ. दावे के कारण :

ङ. संलग्न दस्तावेजों के ब्योरे :

134. छूट के लिए नियम बनाने की शक्ति (धारा 91).–कारखाने में पर्यवेक्षण या प्रबन्धन या गोपनीय आदि की स्थिति धारण करने के लिए परिभाषित व्यक्ति.–कारखाने में निम्नलिखित व्यक्ति पर्यवेक्षण या प्रबन्धन की स्थिति धारण करने तथा गोपनीय स्थिति में नियोजित किए जाने वाले समझे जाएंगे :

(क) (i) प्रबन्धक, निदेशक, प्रधान, मुख्य कार्यकारी या वरिष्ठ उप–प्रधान, उप–प्रधान या महाप्रबन्धक;

(ii) प्रबन्धक, उप–प्रबन्धक, सहायक प्रबन्धक;

(iii) सुरक्षा अधिकारी, कल्याण अधिकारी;

(iv) विभागाध्यक्ष;

(v) अभियन्ता;

(vi) फोरमैन ;

(vii) वस्त्र मिल में बुनाई मास्टर तथा कताई मास्टर;

(viii) मुख्य इलैक्ट्रीशियन।

(ख) कोई अन्य व्यक्ति मुख्य निरीक्षक एंव सुविधाप्रदाता की राय में पर्यवेक्षण या प्रबन्धन की स्थिति धारण करता है :

परन्तु उपरोक्त निर्दिष्ट सभी व्यक्तियों के नाम तथा पदनाम दर्शाने वाली सूची कारखाने में रखी जाएगी।

भाग – VI

बागान

135. सफाई.–(1) प्रत्येक बागान में पुरूषों तथा महिलाओं के लिए अलग–अलग विहित किस्म के शौचघरों तथा पेशाबघरों की पर्याप्त संख्या उपलब्ध कराई जाएगी तथा इस प्रकार स्थित होंगी कि उसमें नियोजित कर्मकारों को सुविधाजनक तथा सुलभ हो।

(2) उप नियम (1) के अधीन मुहैया सभी शौचालय तथा मूत्रालय साफ तथा स्वच्छ स्थिति में अनुरक्षित किए जाएंगे।

136. पेयजल.–प्रत्येक बागान में नियोक्ता द्वारा सभी कर्मकारों के लिए स्वास्थ्यवर्धक पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति बागान में सुविधाजनक स्थानों पर कारगर व्यवस्था मुहैया कराई जाएगी तथा अनुरक्षित की जाएगी।

137. शिशुगृह.–(1) प्रत्येक बागान, जिसमें पचास या उससे अधिक महिला कर्मकार (जिसमें किसी ठेकेदार द्वारा नियोजित महिला कर्मकार भी शामिल हैं) में नियोजित हैं या पूर्ववर्ती बारह मास में किसी एक दिन को नियुक्त थी, या जहां महिला कर्मकारों के बच्चों की संख्या (जिसमें किसी ठेकेदार द्वारा नियोजित महिला कर्मकार भी शामिल है) बीस या उससे अधिक है, वहां ऐसे महिला कर्मकारों के बच्चों के उपयोग के लिए उपयुक्त कक्ष नियोक्ता द्वारा मुहैया कराए जाएंगे तथा अनुरक्षित किए जाएंगे।

व्याख्या.–इस उपधारा के प्रयोजनों के लिए ''बच्चे'' से अभिप्राय है, व्यक्ति, जो छह वर्ष की आयु से कम के हैं।

(2) उप धारा (1) में निर्दिष्ट कक्ष में,–

(क) पर्याप्त आवास मुहैया होगा;

(ख) पर्याप्त रूप से प्रकाशित तथा संवातित होगा;

(ग) स्वच्छ तथा स्वास्थ्यकर स्थिति में रखा जाएगा;

(घ) बच्चों तथा शिशुओं की देख–रेख हेतु प्रशिक्षित महिला के प्रभार के अधीन होगा।

138. कैन्टीन.–(क) नियोक्त, जहां सामान्यतः पचास या उससे अधिक कर्मकार नियोजित है, वहां एक या एक से अधिक कैन्टीन मुहैया करेगा ;

(ख) कैन्टीनों में पर्याप्त आवास, फर्नीचर तथा अन्य उपकरण होंगे;

(ग) कैन्टीन में दी जाने वाली खाद्य वस्तुओं को उनकी कीमतों सहित बोर्ड पर चित्रित किया जाएगा;

(घ) कैन्टीन चलाने के लिए प्रबन्धन समिति गठित की जाएगी तथा कर्मकारों का प्रतिनिधित्व करने के लिए पांच सदस्य, गुप्त मतपत्र के माध्यम से निर्वाचित किए जाएंगे।

139. आवास सुविधाएं.–बागान में रहने वाले प्रत्येक कर्मकार तथा उसके परिवार के लिए आवश्यक आवास स्थान मुहैया कराने तथा अनुरक्षित करने के लिए प्रत्येक नियोक्ता का कर्त्तव्य होगा।

140. मनोरंजनात्मक सुविधाएं.–प्रत्येक नियोक्ता, नियोजित कर्मकारों तथा उनके बच्चों के लिए मनोरंजनात्मक सुविधाएं मुहैया करेगा।

141. शैक्षिक सुविधाएं.–जहां किसी बागान में नियोजित कर्मकारों के छह तथा बारह वर्ष की आयु के बीच बच्चों की संख्या पच्चीस से अधिक है, तो नियोक्त सुनिश्चित करेगा कि शैक्षिक सुविधाएं बच्चों के लिए मुहैया कराई गई है।

अध्याय – X

अपराध तथा शास्तियां

142. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अपराधों के प्रशमन की रीति (धारा 114 (1)).– राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा धारा 144 की उपधारा (1) के अधीन अपराधों के प्रशमन के प्रयोजन हेतु किसी अधिकारी या अधिकारियों को नियुक्त कर सकती है।

(2) संहिता की धारा 114 (1) के अधीन यथा विहित शास्ति या अपराध का प्रशमन चाहने वाला कोई व्यक्ति, उप–नियम (1) के अधीन नियुक्त अधिकारी को प्ररूप–33 में आवेदन इलैक्ट्रोनिक रूप में फाईल करेगा।

(3) उपधारा (1) के अधीन नियुक्त अधिकारी, सात दिन के भीतर प्रशमन राशि को अन्तिम रूप देगा तथा प्रशमन चाहने वाले व्यक्ति को प्रशमित राशि जमा कराने के लिए इलैक्ट्रोनिक रूप में नोटिस भेजेगा इस प्रकार सूचित व्यक्ति, सूचना प्राप्त होने के पन्द्रह दिन के भीतर पूरी प्रशमन राशि इलैक्ट्रानिक अन्तरण अथवा अन्यथा से जमा करवाएगा।

(4) प्रशमन अधिकारी, ऐसे व्यक्ति, जिससे प्रशमन की सूचना की संतुष्टि में ऐसी राशि प्राप्त की गई है, को प्रशमन राशि प्राप्त होने के बाद प्रशमन प्रमाण पत्र जारी करेगा।

(5) यदि इस प्रकार सूचित व्यक्ति ऐसे नोटिस के जारी होने की तिथि से एक मास के भीतर प्रशमन राशि जमा करवाने में असफल रहता है, तो सक्षम उसके विरूद्ध न्यायालय के समक्ष अभियोजन की कार्यावाही की जाएगी।

(6) धारा 110 की उपधारा (1) के परन्तुक तथा धारा 114 के अधीन प्रशमन के अध्यधीन ऐसे उपबन्धों की पालना करने के लिए नियोक्ता को सुनवाई का अवसर दिये बिना कोई अभियोजन संस्थित नहीं किया जाएगा।

(7) प्राप्त प्रशमन की राशि, अप्राधिकृत कर्मकारों के लिए धारा 115 के अधीन स्थापित सामाजिक सुरक्षा निधि में प्रत्येक मास अन्तरित की जाएगी।

(8) एकत्रित तथा अन्तरित प्रशमन की राशि, प्ररूप–34 में अनुरक्षित रजिस्टर में अभिलिखित की जाएगी।

अध्याय – XI

सामाजिक सुरक्षा निधि

143. सामाजिक सुरक्षा निधि.–(1) हरियाणा राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड का पदाभिहित अधिकारी, अप्राधिकृत कर्मकारों के कल्याण के लिए प्रयुक्त की जाने वाली निधि का रिकार्ड रखेगा।

(2) प्रबन्धित राशि, हरियाणा राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड में जमा कराई जाएगी।

(3) निधि, हरियाणा राज्य सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की कल्याण सेवाओं पर भी खर्च की जा सकती है।

(4) संहिता की धारा 115 के अधीन प्रबन्धित निधि के अन्य स्रोत निम्न अनुसार हो सकते है :–

(क) बोर्ड को केन्द्रीय या राज्य सरकार द्वारा किए गए अनुदान तथा आर्थिक–सहायता;

(ख) सभी स्वैच्छिक दान;

(ग) उधार ली गई कोई राशि;

(घ) पंजीकरण के समय पर प्रत्येक प्रतिष्ठान का नियोजक, प्रति कर्मकार, जिसके लिए पंजीकरण मांगा गया है, के लिए 50/– रूपए की दर से भुगतान करने के लिए दायी होगी।

प्ररूप–I

[देखिए नियम 5 (1)]

विद्यमान प्रतिष्ठानों/नए प्रतिष्ठान के पंजीकरण हेतु /पंजीकरण प्रमाण–पत्र में संशोधान हेतु आवेदन

क. प्रतिष्ठान के विवरण

1. एल.आई.एन. के माध्यम से प्रतिष्ठान के विवरणों का पता लगाना :
2. प्रतिष्ठान की एच.यू.एम. संख्या (हरियाणा उद्यम ज्ञापन)
3. प्रतिष्ठान का नाम :
4. प्रतिष्ठान का स्थान और पता :
5. प्रतिष्ठान के अन्य विवरण :
   (क) प्रतिष्ठान में प्रत्यक्ष रूप से कार्यरत कर्मचारियों की कुल संख्या :
   (ख) नियोजित ठेका कर्मचारियों की कुल संख्या :
   (ग) नियोजित अंतर–राज्यिक प्रवासी कर्मकारों की कुल संख्या :

5 (क) कारखानों के लिए :

विनिर्माण प्रक्रिया का विवरण	प्लान अनुमोदन के विवरणों के साथ कारखाना का पूरा डाक पता और अवस्थिति	अधिभोगी और प्रबन्धक का नाम और पता	किसी भी दिवस को नियोजित होने वाले कर्मकारों की अधिकतम संख्या
1	2	3	4

5(ख) भवन और अन्य सन्निर्माण कार्य हेतु :

सन्निर्माण कार्य के किस्म	कार्य प्रारंभ करने की संभावित अवधि	कार्य समाप्ति की अपेक्षित अवधि	स्थानीय प्राधिकारी के अनुमोदन के विवरण
1	2	3	4

6. स्वामित्व की किस्म/क्षेत्र :
7. राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण के अनुसार गतिविधि :
8. चयनित एन.आई.सी कोड के विवरण :
9. प्रतिष्ठान की पहचान, नियोक्ता/ प्रतिनिधि के ई–हस्ताक्षर/डिजिटल हस्ताक्षर :

ख. नियोक्ता के विवरण :

1. नियोक्ता/अधिभोगी/स्वामी/अभिकर्ता/मुख्य कार्यकारी इत्यादि का नाम और पता :
2. पदनाम :
3. नियोक्ता के पिता/पति का नाम :
4. ई–मेल पता, दूरभाष और मोबाईल नम्बर :

ग. प्रबन्धक के विवरण :

1. प्रतिष्ठान के प्रबन्धक या पर्यवेक्षण और नियंत्रण हेतु जिम्मेदार व्यक्ति का पूरा नाम और पता
2. पता :
3. ई–मेल पता, दूरभाषा और मोबाईल नम्बर :

घ. ठेकेदार के विवरण

ठेकेदार का नाम और पता	ठेकेदार का ई–मेल पता और मोबाईल नम्बर	कार्य का नाम	नियोजित ठेका कर्मकारों की अधिकतम संख्या	कार्य के आरंभ /समाप्त होने की संभावित तिथि
1	2	3	4	5

ङ. अन्य विवरण :

नियोक्ता का हस्ताक्षर/ई–हस्ताक्षर/डिजिटल हस्ताक्षर

दिनांक :

पता :

प्ररूप–II

[देखिए नियम 5 (1)]

प्रतिष्ठान के पंजीकरण का प्रमाण–पत्र

पंजीकरण संख्या **दिनांक**

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं, 2020 (2020 का केन्द्रीय अधिनियम 37) की धारा 3 की उप–धारा (2) के अधीन निम्नलिखित ब्यौरे देते हुए पंजीकरण प्रमाण–पत्र इसके द्वारा ..... (प्रतिष्ठान का नाम) को प्रदान किया जाता है :–

1. प्रतिष्ठान में किए जाने वाले कार्य की प्रकृति (कृपया निशान लगाएं)

(क) कारखाना

(ख) भवन और अन्य सन्निर्माण कार्य

(ग) ठेका कार्य

(घ) कोई अन्य कार्य (जो ऊपर शामिल नहीं किए गए है)

2. प्रतिष्ठान के विवरण :

क. प्रतिष्ठान में प्रत्यक्ष रूप से नियोजित कर्मचारियों की कुल संख्या :

ख. ठेकेदार के माध्यम से नियोजित कर्मचारियों की कुल संख्या :

ग. ठेकेदार की कुल संख्या और उनके विवरण :

घ. नियोजित अंतर–राज्यिक प्रवासी कर्मकारों की कुल संख्या :

3(क). कारखानों के लिए

विनिर्माण प्रक्रिया का विवरण	प्लान अनुमोदन के विवरणों के साथ कारखाना का पूरा डाक पता और अवस्थिति	अधिभोक्ता और प्रबंधक का नाम और पता	किसी भी दिवस नियोजित होने वाले कर्मकारों की अधिकतम संख्या
1	2	3	4

3(घ) भवन और अन्य सन्निर्माण कार्य के लिए

सन्निर्माण कार्य के किस्म	कार्य प्रारंभ करने की संभावित अवधि	कार्य समाप्ति की अपेक्षित अवधि	स्थानीय प्राधिकारी के अनुमोदन के विवरण
1	2	3	4

4. भुगतान की गई पंजीकरण फीस की राशि .....

5. पंजीयन अधिकारी की टिप्पणी

पदनाम सहित पंजीयन अधिकारी के हस्ताक्षर/ई–हस्ताक्षर/डी.एस.सी.

स्थान :

दिनांक :

पंजीकरण की शर्तें

(1) नियम 4 (1) के अंतर्गत जारी किया गया प्रत्येक पंजीकरण प्रमाण–पत्र, निम्नलिखित शर्तों के अध्यधीन होगा, अर्थात् :

(क) पंजीकरण प्रमाण–पत्र गैर–हस्तांतरणीय होगा;

(ख) प्रतिष्ठान में प्रत्येक रूप से नियोजित कर्मकारों और ठेका कर्मचारियों की संख्या किसी भी दिन पंजीकरण प्रमाण–पत्र में विनिर्दिष्ट अधिकतम संख्या से अधिक नहीं होगी; और

(ग) इन नियमों में यथा उपबन्धित के सिवाए, पंजीकरण प्रमाण–पत्र प्रदान करने के लिए भुगतान की गई फीस गैर–प्रतिदेय होगी।

(2) नियोक्ता, कर्मकारों की संख्या या पंजीयन अधिकारी के कार्य शर्तों में परिवर्तन, यदि कोई हो, की सूचना तीस दिन के भीतर देगा।

(3) नियोक्त, किसी कार्य के आरंभ और समापन के तीस दिन के भीतर, क्षेत्र की अधिकारिता रखने वाले निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, जहां प्रस्तावित प्रतिष्ठान है या कार्य का निष्पादन किया जाना है, जैसा भी मामला हो, को ऐसे कार्य के आरंभ होने या समाप्ति की वास्तविक तिथि, जैसा भी मामला हो, इन नियमों से संलग्न प्रपत्र IV में इलैक्ट्रॉनिक रूप में सूचित करेगा।

(4) पंजीकरण प्रमाण–पत्र की एक प्रति उस परिसर में विशिष्ट स्थानों पर प्रदर्शित की जाएगी, जहां काम चल रहा है।

प्ररूप–III

[देखिए नियम 5 (8)]

प्रतिष्ठान का पंजीकरण

क्रम संख्या	कार्य की प्रकृति	पंजीकरण संख्या और तिथि	पंजीकृत प्रतिष्ठान का नाम और पता एवं स्थान	नियोक्ता का नाम, पता, और संपर्क विवरण	कर्मकारों की कुल संख्या	ठेका कर्मकारों की कुल संख्या	टिप्पणी
1	2	3	4	5	6	7	8
	(क) कारखाना (ख) भवन और अन्य सन्निर्माण कार्य (ग) ठेका कार्य (घ) अंतरराज्यीय प्रवासी कार्य (ङ) कोई अन्य कार्य (जो ऊपर शामिल नहीं किए गए हैं)						

प्ररूप–IV

[देखिए नियम 5 (9) और 7]

क. प्रतिष्ठान के आरंभ/बन्द का नोटिस :

1. पंजीकरण संख्या :
2. प्रतिष्ठान का नाम और पता :
3. नियोक्ता का नाम और पदनाम :
4. पूर्ण पता, जिस पर प्रतिष्ठान से संबंधित संसूचना भेजी जानी है :
5. प्रतिष्ठान के कार्य की प्रकृति :
6. कार्य आरंभ करने हेतु नोटिस के मामले में कार्य की अनुमानित अवधि :
7. बन्द करने के मामले में, समाप्ति की तिथि :

मैं/हम, इसके द्वारा, यह सूचित करता हूं/करते हैं कि प्रतिष्ठान, जिसकी पंजीकरण संख्या .... तिथि ..... है, का कार्य आरंभ/आरम्भ होने/बन्द होने/बन्द होने की सम्भावित..... तिथि दिनांक ..... से/दिनांक ..... को प्रभावी होने की संभावना है।

कार्य बन्द करने के मामले में :

मैं/हम, इसके द्वारा, प्रमाणित करता हूं/करते हैं कि प्रतिष्ठान में नियोजित कर्मकारों की सभी देय राशि का भुगतान कर दिया गया है और परिसर को खतरनाक रसायनों और पदार्थों के भंडारण से मुक्त रखा गया है।

नियोक्ता के हस्ताक्षर

सेवा में

निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता

प्ररूप–V

[देखिए नियम–8 तथा 97 (1)]

स्वास्थ्य जांच

भाग–क

1. कर्मचारी का नाम .....
2. कर्मचारी की हरैक्स पंजीकरण संख्या.....
3. कर्मचारी की यू.ए.एन. या ई.एस.आई.सी. संख्या .....
4. लिंग .....
5. जन्म–तिथि .....
6. विभाग तथा पदनाम .....
7. कार्य रूपरेखा .....
8. कर्मचारी का पता .....
9. प्रतिष्ठान का नाम तथा पता .....
10. प्रतिष्ठान की एच.यू.एम. संख्या .....
11. मोबाईल/फोन .....
12. ई–मेल .....
13. चिकित्सीय बीमारी (वर्तमान) तथा उपचाराधीन तथा दवाई, यदि कोई हो, ...
14. नौकरी का स्वरूप (अधिक ब्योरे दें, यदि खतरनाक तथा सम्बन्धित कार्य अर्थात भौतिक, रसायन, जैविक, एर्गोनोमिक आदि)

कर्मचारी के हस्ताक्षर

भाग – ख

15. की गई चिकित्सा जांच तथा अनुबन्ध के रूप में संलग्न रिपोर्ट है। निम्नलिखित जांच चिकित्सा अधिकारी की व्याख्या/राय (केवल सूचित करें यदि असाधारण है, तो संलग्न जांच रिपोर्ट में निर्दिष्ट करे) .....
    - क. ऊंचाई, वजन, छाती, कमर परिधि, शरीर मास इण्डैक्स .....
    - ख. दृष्टि (ओफथालमोलोजिस्ट जांच) .....
        - i. दृष्टि तीक्ष्णता दाई तथा बाई दोनों आंख .....
        - ii. रंग दृष्टि .....
    - ग. रक्त चाप .....
    - घ. सम्पूर्ण रक्त गणना .....
    - ङ. ब्लड शूगर (फास्टिंग/पीपीबीएस/एचबीएसीआई).....
    - च. एसपीओ$_2$ .....
    - छ. ब्लैड यूरिया नाईट्रोजन (बीयूएन) .....
    - ज. एसजीओटी/एसजीपीटी .....
    - झ. लिपिड रूपरेखा .....
    - ञ. ईएसआर .....
    - ट. थायराईड रूपरेखा .....
    - ठ. एक्सरे छाती आदि .....
    - ड. ईसीजी .....
    - ढ. अन्य, यदि कोई हो .....
16. अर्हक चिकित्सा व्यवसायी द्वारा अन्तिम निदान/मन्त्रणा/उपचार, यदि कोई हो, सलाह .....

17. क्या व्यक्ति को ऊंचाई पर कार्य करते समय विकार या कठिनाई से सम्बन्धित दौरा (दौरे) आया है? यदि हां, तो कार्य, जिससे बचा जाना है, स्पष्ट करें : हां/नहीं/एनए (लागू न ही)

मैं, प्रमाणित करता हूं कि मैंने श्री/श्रीमति ..... की व्यक्तिगत रूप से जांच की है तथा उसके कार्य की रूपरेखा के अनुसार नियोजन के लिए योग्य है।

दिनांक

अर्हक चिकित्सा व्यवसायी के हस्ताक्षर
मोहर

प्ररूप–VI

[देखिए नियम 10]

दुर्घटना या खतरनाक घटना का नोटिस

ई.एस.आई.सी. नियोक्ता का कोड संख्या :

घायल व्यक्ति की ई.एस.आई.सी. बीमा की संख्या :

1. नियोक्ता का नाम :
2. कार्य/परिसर का पता, जहां दुर्घटना या खतरनाक घटना घटी है :
3. उद्योग की प्रकृति और प्रतिष्ठान का एल.आई.एन. :
4. शाखा या विभाग और सटीक स्थान जहां दुर्घटना या खतरनाक घटना घटी है
5. घायल व्यक्ति का नाम और पता :
6. (क) लिंग :
   (ख) आयु (पिछले जन्मदिन पर) :
   (ग) घायल व्यक्ति का व्यवसाय :
7. स्थानीय ई.एस.आई.सी. कार्यालय जिससे घायल व्यक्ति संलग्न है :
8. दुर्घटना या खतरनाक घटना की तिथि, पाली और घंटा :
9. (क) किस घंटे घायल व्यक्ति के दुर्घटना या खतरनाक घटना के दिन कार्य आरंभ किया था :
   (ख) क्या दुर्घटना या खतरनाक घटना के दिन के लिए उसे पूर्ण या भाग में मजदूरी देय हैं :
10. दुर्घटना या खतरनाक घटना के कारण या प्रकृति :
    (क) यदि मशीनरी के कारण हुई है, तो,–
        (i) मशीन और उसके भाग का नाम बताएं, जिससे दुर्घटना या खतरनाक घटना घट रही हैं :
        (ii) उल्लेख करे कि क्या दुर्घटना या खतरनाक घटना के समय पर यह यांत्रिक शक्ति द्वारा चलायमान थी :
    (ग) स्पष्ट रूप से उल्लेख करें कि दुर्घटना या खतरनाक घटना के समय पर घायल व्यक्ति क्या कर रहा था :
    (घ) आपकी राय में, क्या घायल व्यक्ति दुर्घटना या खतरनाक घटना के समय पर,–
        (i) उसे लागू किसी विधि के प्रावधानों का उल्लंधना में कार्य कर रहा थाः या
        (ii) अपने नियोक्ता द्वारा दिए गए या उसकी ओर से दिए गए किन्हीं आदेशों की उल्लंघना में कार्य कर रहा था; या
        (iii) अपने नियोक्ता के अनुदेश के बिना कार्य कर रहा था?
    (ङ) यदि (घ) (i), (ii) या (iii) का उत्तर सकारात्मक है, तो उल्लेख करें कि क्या यह कार्य नियोक्ता के ट्रैड या व्यापार के प्रयोजनार्थ और संबंध में था।

11. यदि यह दुर्घटना या खतरनाक घटना नियोक्ता के परिवहन में यात्रा करने के दौरान हुई थी, तो उल्लेख करें कि क्या–

(क) घायल व्यक्ति अपने कार्यस्थल पर जाने से आने के लिए यात्री के रूप में यात्रा कर रहा था :

(ख) घायल व्यक्ति अपने नियोक्ता की अभिव्यक्त या सूचित अनुमति से यात्रा कर रहा था :

(ग) नियोक्ता द्वारा या उनके पक्ष में किसी और व्यक्ति द्वारा वाहन का परिचालन किया जा रहा है जिसे नियोक्ता के साथ किए गए व्यवस्थाओं के अनुसरण में प्रदान किया जाता है; और

(घ) वाहन सार्वजनिक परिवहन सेवा की सामान्य अवधि में परिचालन किया/नहीं किया जा रहा है :

12. यदि आपातकालीन के दौरान दुर्घटना या खतरनाक घटना घटती है, तो उल्लेख करें –

(क) इसकी प्रकृति; और

(ख) क्या दुर्घटना या खतरनाक घटना के समय पर घायल व्यक्ति जहां दुर्घटना या खतरनाक घटना घटी है उस परिसर में या आस–पास अपने नियोक्ता के ट्रैड या व्यापार के प्रयोजनार्थ नियोजित था। :

13. संक्षेप में वर्णन करें कि कैसे दुर्घटना या खतरनाक घटना घटी :

14. साक्ष्यों का नाम और पता :

(1)

(2)

15. (क) चोट की प्रकृति और विस्तार (जैसे घातक, उंगली खोना, पैर का फ्रैक्चर, स्कॉल्ड, स्क्रैच के बाद सेप्सिस आदि) :

(ख) चोट की जगह (जैसे दायां पैर, बायां हाथ, बायी आंख आदि) :

16. (क) यदि दुर्घटना या खतरनाक घटना, प्राण घातक नहीं थी, तो उल्लेख करें कि क्या घायल व्यक्ति 48 घंटों से अधिक समय तक निर्योग्य रहा था

(ख) कार्य पर वापसी की तिथि और घंटे

17. (क) फिजिशियन, डिस्पेंसरी या अस्पताल, जहां से घायल व्यक्ति ने उपचार करवाता है या करवा रहा है :

(ख) घायल व्यक्ति द्वारा चयनित औषधालय/पैनल चिकित्सक का नाम :

18. (क) क्या घायल व्यक्ति की मृत्यु हो गई?

(ख) यदि हां, मृत्यु की तिथि

मैं यह प्रमाणित करता हूं कि मेरे सर्वोतम ज्ञान और विश्वास के अनुसार उपरोक्त विवरण सभी प्रकार से सही हैं।

स्वामी/नियोक्ता/प्रबंधक/अभिकर्ता के हस्ताक्षर और नाम तथा पदनाम

रिपोर्ट को प्रेषित करने की तिथि :

स्थान :

प्ररूप–VII

[देखिए नियम–57]

कार्य अवधि का नोटिस

प्रतिष्ठान का नाम ..... स्थान ..... जिला .....

कार्य समूह की अवधि, शिफ्ट	पुरुष												महिला												समूह का विवरण, कार्य की प्रकृति	टिप्पणी
	नियोजित पुरुषों की कुल संख्या												नियोजित महिलाओं की कुल संख्या													
	क			ख			ग			घ			ङ			च			छ			ज				
	1	2	3	1	2	3	1	2	3	1	2	3	1	2	3	1	2	3	1	2	3	1	2	3		

कार्य दिवस–

से ..

तक ..

से ..

तक ..

से ..

तक ..

आंशिक कार्य दिवस–

से ..

तक ..

से ..

तक ..

वह तिथि, जिसको यह सूचना पहले प्रदर्शित की गई है :

प्रबंधक या अभिकर्ता के हस्ताक्षर :

दिनांक :

प्ररूप–VIII

[देखिए नियम–58]

किसी प्रतिष्ठान में नियोजित कर्मकारों, मजदूरी, समयोपरि भत्तों, जुर्माना, क्षति या नुकसान हेतु कटौती का रजिस्टर

मजदूरी, समयोपरि भत्तों, जुर्माना, क्षति या नुकसान हेतु कटौती का रजिस्टर

प्रतिष्ठान का नाम : नियोक्ता का नाम :

स्वामी का नाम : नियोक्ता का पैन/टैन :

श्रमिक पहचान संख्या (एल०आई०एन०) :

कर्मचारी रजिस्टर में क्रम संख्या	कर्मचारी का नाम	पदनाम / विभाग	मजदूरी के भुगतान की अवधि (मासिक/ पाक्षिक/ साप्ताहिक/ दैनिक/ मात्रा अनुपाती दर)	मजदूरी की अवधि से – तक	अवधि के दौरान किए गए कार्य के कुल दिवसों की संख्या	कुल समयोपरि भत्ते (पीस कर्मकारों के मामले में किए गए कार्य घंटे या उत्पादन)	मजदूरी की दरें		
							मूल वेतन	महंगाई भत्ता	भत्ते
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

समयोपरि आय	कार्य की प्रकृति और तिथि के साथ चूक जिसके लिए जुर्माना लगाया गया है	लगाए गए जुर्माना की राशि	कर्मचारी की उपेक्षा या चूक से नियोक्ता को क्षति या नुकसान	मजदूरी से कटौती की राशि	भुगतान की गई मजदूरी की कुल राशि	भुगतान की तिथि	उपस्थिति	
							तिथि	हस्ताक्षर
11	12	13	14	15	16	17	18	19

प्ररूप–IX

[देखिए नियम–58]

दुर्घटनाओं और खतरनाक घटनाओं का रजिस्टर

घायल व्यक्ति का नाम (यदि कोई हो)	दुर्घटना या खतरनाक घटना की तिथि	निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को की गई रिपोर्ट की तिथि	दुर्घटना या खतरनाक घटना की प्रकृति	घायल व्यक्ति की कार्य पर वापसी की तिथि	घायल व्यक्ति के कार्य से अनुपस्थित रहने के दिनों की संख्या
1	2	3	4	5	6

प्ररूप–X

[देखिए नियम–61]

वार्षिक विवरणी

एकीकृत वार्षिक विवरणी प्ररूप

..... को समाप्त होने वाले वर्ष हेतु

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और मजदूरी संहिता, 2019 के अधीन ऑन–लाइन भरी जाने वाली एकल समेकित विवरणी
वार्षिक विवरणी भरने हेतु अनुदेश (1) इस विवरणी को प्रत्येक वर्ष 28 या 29 फरवरी को या उससे पहले भरा और जमा किया जाना अपेक्षित है।

क. सामान्य सूचना :			
क्रम संख्या			खाने भरे जाने के लिए अनुदेश
1.	श्रमिक पहचान संख्या		ई०पी०एफ०ओ०, ई०एस०आई०सी०, एम.सी०ए०, श्रम और रोजगार मंत्रालय (एल०आई०एन०)
2.	विवरणी की अवधि	से – तक–	अवधि कलैण्डर वर्ष में होनी चाहिए
3.	प्रतिष्ठान का नाम		
4.	ई–मेल आई०डी०		
5.	दूरभाष संख्या		
6.	मोबाईल संख्या		
7.	परिसर का नाम		
8.	उप–मोहल्ला		
9.	जिला		
10.	राज्य		
11.	पिन–कोड		
12.	भू–निर्देशक		
ख(क)	दिवस में कार्य घंटे		
ख(ख)	पालियों की संख्या		

ग. नियोजित मानव शक्ति का विवरण									
	प्रत्यक्ष रूप से नियोजित				ठेकेदार के माध्यम से नियोजित				कुल योग
कौशल श्रेणी	अतिकुशल	कुशल	अर्द्ध–कुशल	अकुशल	अतिकुशल	कुशल	अर्द्ध–कुशल	अकुशल	
(i) वर्ष के दौरान किसी भी दिन प्रतिष्ठान में नियोजित कर्मचारियों की	पुरुष	महिला	उभयलिंगी	कुल	पुरुष	महिला	उभयलिंगी	कुल	

अधिकतम संख्या									
(ii) वर्ष के दौरान प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों की औसत संख्या	पुरुष	महिला	उभयलिंगी	कुल	पुरुष	महिला	उभयलिंगी	कुल	
(iii) उपरोक्त (ii) में से प्रवासी कर्मकार	पुरुष	महिला	उभयलिंगी	कुल	पुरुष	महिला	उभयलिंगी	कुल	
(iv) कार्यरत निश्चित अवधि के कर्मचारी की संख्या	पुरुष	महिला	उभयलिंगी	कुल	पुरुष	महिला	उभयलिंगी	कुल	

घ. प्रतिष्ठान में नियोजित ठेकेदारों के विवरण		
क्रम संख्या	एल०आई०एन० सहित ठेकेदार का नाम	नियोजित ठेका श्रमिकों की संख्या

ङ. प्रदान की गई विभिन्न स्वास्थ्य और कल्याण सुविधाओं के विवरण			
क्रम संख्या	प्रदान की गई विभिन्न कल्याण सुविधाओं की प्रकृति	वैधानिक (विधान निर्दिष्ट करें)	भरने हेतु अनुदेश
1.	क्या कैन्टीन की सुविधा दी गई है (ओ०एस०एच० संहिता, 2020 की धारा 24(फ) के अनुसार)	बॉक्स में हां या नहीं पर निशान लगाएं	उन सभी प्रतिष्ठानों पर लागू होती है जहां ठेका श्रमिको सहित सौ या से अधिक कर्मकार सामान्य रूप से नियोजित किए गए थे
2.	शिशु गृह (सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 की धारा 67 और ओ०एस०एच० संहिता, 2020 की धारा 24 के अनुसार)	बॉक्स में हां या नहीं पर निशान लगाएं	उन सभी प्रतिष्ठानों पर लागू होती है जहां पचास या से अधिक कर्मकार नियोजित हैं
3.	एम्बुलेंस कक्ष (ओ०एस०एच० संहिता, 2020 की धारा 24(2)(i) के अनुसार)	बॉक्स में हां या नहीं पर निशान लगाएं	उन सभी प्रतिष्ठानों पर लागू होती है, जिसमें पांच सौ से अधिक कर्मकारों को सामान्य रूप से नियोजित हैं।
4.	सुरक्षा समिति .(ओ०एस०एच० संहिता, 2020 की धारा 22(1) के अनुसार)	बॉक्स में हां या नहीं पर निशान लगाएं	एक सौ पचास या से अधिक कर्मकारों नियोजित करने वाले सभी प्रतिष्ठानों और ऐसे प्रतिष्ठानों, जिनको संहिता के अधीन विनिर्माण भण्डार है या खतरनाक पदार्थ का निर्माण करते है या खतरनाक प्रक्रिया करते है, के लिए पचास से अधिक कर्मकार/कर्मचारी है, पर लागू होती है।
5.	अर्हक चिकित्सा व्यवसायी .(ओ०एस०एच० संहिता, 2020 की धारा 12(2) के अनुसार)	नियुक्त अर्हक चिकित्सा व्यवसायी की संख्या	प्रतिष्ठान में नियोजित न्यूनतम चिकित्सक की संख्या के लिए कोई विनिर्देश नहीं है। तथापि, व्यावसायिक स्वास्थ्य पर डेटा होने के लिए इस विवरण की आवश्यकता होती है।

च. औद्योगिक संबंध :			भरने हेतु अनुदेश
1.	क्या कार्यसमिति कार्य कर रही है। (आई०आर० संहिता, 2020 की धारा 3)	हां/नहीं	औद्योगिक प्रतिष्ठान, जिसमें एक सौ या से अधिक कर्मकार नियोजित हैं
(क)	गठन की तिथि		
2.	क्या शिकायत निवारण समिति का गठन किया गया है (आर०आर० संहिता, 2020 की धारा 4)	हां/नहीं	बीस या से अधिक कर्मकारों को नियोजित करने वाले औद्योगिक प्रतिष्ठान।
3.	प्रतिष्ठानों में यूनियनों की संख्या		
4.	क्या कोई वार्ताकार यूनियन मौजूद है (आई०आर० संहिता, 2020 की धारा 14)	हां/नहीं	
5.	क्या किसी भी वार्ताकार परिषद का गठन किया गया है (आई०आर० संहिता, 2020 की धारा 14)	हां/नहीं	
6.	वर्ष के दौरान सेवोन्मुक्त, पदच्युत, छंटनी किए गए या जिनकी सेवा समाप्त कर दी गई थी, उन कर्मकारों की संख्या :		

सेवोन्मुक्त	पदच्युत किए गए	छंटनी किए गए	सेवा समाप्त या हटाए गए	कुल योग	

7.	**निम्नलिखित कारण से वर्ष के दौरान व्यर्थ गए श्रमदिन**				
क्रम संख्या	कारण	अवधि/दिनांक	व्यर्थ गए श्रमदिनों की संख्या	धन संबंधी हानि	
(क)	हड़ताल				
(ख)	तालाबंदी				

8.	**छटनी/कामबंदी के विवरण**				
क्रम संख्या	अवधि के दौरान छंटनी किए गए व्यक्तियों की संख्या	छंटनी किए गए कर्मचारियों को भुगतान किए गए भुगतान का विवरण	अवधि के दौरान कामबंदी से प्रभावित होने वाले कर्मकारों की संख्या	कामबंदी के कारण व्यर्थ गए श्रमदिन की संख्या	

छ. प्रसूति प्रसुविधा से संबंधित विवरण :				
महिला कर्मचारियों की संख्या	मातृत्व अवकाश का लाभ उठाने वाले महिला कर्मचारियों की संख्या	महिला कर्मचारियों की संख्या, जिन्हें चिकित्सा बोनस भुगतान किया गया है	महिला कर्मचारियों से की गई मजदूरी कटौती की संख्या, यदि कोई हो	

ज. बोनस के भुगतान का विवरणः			
क्रम संख्या	बोनस प्रावधान के अंतर्गत शामिल किए कर्मचारियों की संख्या	वास्तविक रूप में भुगतान की गई बोनस की कुल राशि	बोनस भुगतान की तिथि

झ. दुर्घटनाओं, खतरनाक घटनाओं और अधिसूचनीय बीमारी के विवरणः				
क्रम संख्या	दुर्घटनाओं की कुल संख्या, जिसके द्वारा घायल व्यक्ति को ओ०एस०एच० संहिता, 2020 की धारा 10 के अनुसार 48 घंटे या उससे अधिक की अवधि के लिए काम करने से रोका जाता है।	ओ०एस०एच० संहिता, 2020 की धारा 10 के अनुसार प्राण घातक दुर्घटनाओं की कुल संख्या और मृतक के नाम।	ओ०एस०एच० संहिता, 2020 की धारा 11 के अंतर्गत यथा परिभाषित खतरनाक घटनाओं की कुल संख्या।	प्रभावित व्यक्तियों के विवरण के साथ ओ०एस०एच० संहिता, 2020 की तृतीय अनुसूची में निर्दिष्ट अधिसूचनीय बीमारी के मामलों की कुल संख्या

ञ. दुर्घटनाओं/खतरनाक घटनाओं के कारण व्यर्थ गए श्रमदिन और उत्पादन			
क्र.सं.	दुर्घटना/खतरनाक घटना	व्यर्थ गए श्रमदिन	उत्पादन हानि

प्रमाणित किया जाता है कि विहित फारमेट में, सभी तालिकाओं में दी गई सूचना तथा/आकंड़े मेरे सर्वोतम ज्ञान के अनुसार विधिवत रूप से सही भी गई हैं।

स्थान :

दिनांक :

मोहर सहित स्वामी/अभिकर्ता/प्रबंधक के हस्ताक्षर

प्ररूप–XI

[देखिए नियम–62]

वेतन सहित अवकाश रजिस्टर

भाग I – वयस्क

भाग II – किशोर

प्रतिष्ठान : कर्मकार का नाम :

विभाग : पिता का नाम :

क्रम संख्या	कर्मकार के रजिस्टर में क्रम संख्या	सेवा में प्रवेश करने की तिथि	व्यवधान					से देय छुट्टी	क्या अगले 12 महीनों के दौरान छुट्टी इच्छित नहीं है	जिस तिथि से कर्मकार को छुट्टी की स्वीकृति दी गई है।	अवकाश जिस के लिए भुगतान किया गया	सेवोन्मुक्त कर्मकार		टिप्पणियां
			बीमारी और दुर्घटनाएं	प्राधिकृत छुट्टी	तालाबंदी या बैध हड़ताल	अनैच्छिक बेरोजगारी	अन्य					सेवोन्मुक्त की तारीख	बकाया छुट्टी के बदले भुगतान की गई राशि और तारीख	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15

नोट : प्रत्येक कर्मकार को अलग पृष्ठ आबंटित कराया जाएगा।

प्ररूप – XII

(देखिए नियम 63)

मस्टर–रोल

प्रतिष्ठान का नाम तथा पता .....

कार्य अवधि तथा विश्राम अवधि (समय तथा कोडिंग)

क्रम संख्या	नाम	लिंग	वयस्क / किशोर रजिस्टर प्रविष्टि संख्या	क्या स्थानीय या अन्तर राज्यिक प्रवासी	सामाजिक सुरक्षा संख्या (यूएएन / ईएसआई)	ओ / टी घंटे	साप्ताहिक–बन्द

प्ररूप – XIII

(देखिए नियम 64)

हाजरी कार्ड

मास :

1. प्रतिष्ठान का नाम तथा पता :
2. कर्मकार का नाम :
3. पिता का ना :
4. वयस्क कर्मकार रजिस्टर में क्रम संख्या :
5. पदनाम :

कार्य अवधि		
दिनांक	से	तक

प्ररूप – XIV

[देखिए नियम 67(2)]

नमूना विश्लेषित कराने के आशय का नोटिस

संख्या दिनांक

सेवा में

.....

.....

ध्यान दें कि *.....का नमूना विश्लेषित करना आशयित है, जो कि आज .....* से ..... की दिनांक ..... 20 ..... को लिया गया है।

(निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता का नाम, जिसने नमूने के आदेश किए)

(मोहर)

दिनांक .....

प्ररूप – XV

[देखिए नियम 67(7)]

प्रयोगशाला द्वारा रिपोर्ट

रिपोर्ट नम्बर .....

दिनांक .....

मैं, इसके द्वारा, प्रमाणित करता हूं कि मैं ..... विश्लेषक ..... में कार्यरत द्वारा विश्लेषण के लिए ..... . का नमूना ..... से ..... के लिए ..... 20 ..... को विधिवत प्राप्त किया है।

नमूना नीचे दी गई रिपोर्ट के अनुसार विश्लेषण के लिए उचित स्थिति में था।

मैं आगे प्रमाणित करता हूं कि मैंने दिनांक ..... को पूर्वोक्त वर्णित नमूना विश्लेषित किया है तथा घोषणा करता हूँ कि विश्लेषण का परिणाम निम्न अनुसार है :–

'' ..... प्राप्ति पर नमूने की मोहर, बांधने की स्थिति निम्न अनुसार थी :

यह ..... के दिन ..... 20 ..... को हस्ताक्षरित किया।

पता .....

हस्ताक्षर

(प्रयोगशाला विश्लेषक)

प्ररूप–XVI

[देखिए नियम–68 (1)]

सुधार नोटिस और निषेध आदेश

भाग I

निषेध आदेश

प्रतिष्ठान, इंस्टॉलेशन, लिफ्टिंग, उपकरण, ढीले गियर्स और अन्य ऐसे गियर, उपकरण, सीढ़ी और मचान के निरीक्षण पर निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता का नोटिस निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा लिफ्टिंग उपकरण, ढीले गियर्स और लिफ्टिंग यंत्र अधिभोगी, नियोक्ता, मालिक, मास्टर, प्रभारी अधिकारी,या व्यक्ति, पाड़ बांधने वाले या उस व्यक्ति को, जो स्वयं, उसके अभिकर्ता, या अपने नियोक्ताओं, जैसी भी स्थिति हो, को नोटिस।

प्रतिष्ठान, लिफ्टिंग उपकरण, लिफ्टिंग यंत्र, परिवहन उपकरण, सीढ़ी और मचान का नाम	कहां पर स्थित है/ पड़ा है। प्रयोग किया गया है/स्थान।	प्रतिष्ठान की पंजीकरण संख्या	प्रतिष्ठान की एल. आई.एन. संख्या
1	2	3	4

उपर्युक्त नामित प्रतिष्ठान, लिफ्टिंग उपकरण, ढीले गियर, लिफ्टिंग यंत्र, परिवहन उपकरण, सीढ़ी और मचान का निरीक्षण ... . पर किया गया था।

प्रतिष्ठान से सम्बन्धित गतिविधियों, जो आपके द्वारा की जा रही हैं/आपके द्वारा की जानी हैं/ आपके नियंत्रणाधीन हैं, जिसमें जीवन के लिए जोखिम या खतरा है। कर्मचारी की सुरक्षा और स्वास्थ्य और निम्नलिखित उल्लंघन शामिल है :

उल्लंघन

इसलिए, मैं, इसके द्वारा, निर्देशित करता हूं कि उपरोक्त गतिविधियों, तब तक आपके द्वारा या आपके नियंत्रण में नहीं की जाएंगी जब तक कि उल्लिखित उक्त उल्लंघनों और मामलों के बारे किए गए उपायों से निरीक्षण
निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता की संतुष्टि नहीं हो जाती। यह आदेश बिना किसी पूर्वाग्रह या किसी कानूनी कार्रवाई के जारी किया जा रहा है, जो इन उल्लंघनों के लिए किया जा सकता है।

आपकी सुनवाई पर कि प्रतिष्ठान, लिफ्टिंग उपकरण, ढीले गियर या इसी तरह के गियर/ परिवहन उपकरण/ सीढ़ी /मचान, पाड़ बांधने की आवश्यकताओं की अनुपालना की गई है, फिर से अनुपालना किए जाने बारे निरीक्षण करने की दृष्टि से पुनः दौरा किया जाएगा।

संख्या .....

20.....के .....के इस दिन ..... पर दिनांकित किया है।

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 के तहत निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता

आवश्यकताएं

उपरोक्त सभी या किसी भी उल्लंधन के अनुपालन पर, निरीक्षक–एव–सुविधाप्रदाता को निर्धारित तिथि और स्थान पर पूर्वोक्त निर्धारित रीति में सूचित करेगा, जहां प्रतिष्ठान, लिफ्टिंग उपकरण, ढीले गियर या उसी प्रकार के गियर, परिवहन उपकरण, सीढ़ी और मचान बनाना, पाड बांधना का पुनः निरीक्षण किया जाना है।

महोदय,

आपके द्वारा अधिसूचित उल्लंघन पर प्रभाव ढंग से कार्रवाई की गई है। प्रतिष्ठान, लिफ्टिंग उपकरण, ढीले गियर या उसी प्रकार के गियर, परिवहन उपकरण, सीढ़ी और मचान बनाना, पाड बांधना, दिनांक..... को निरीक्षण के लिए तैयार होंगे;

महोदय,

आपके द्वारा अधिसूचित उल्लंघन पर प्रभाव ढंग से कार्रवाई की गई है। प्रतिष्ठान, लिफ्टिंग उपकरण, ढीले गियर या उसी प्रकार के गियर, परिवहन उपकरण, सीढ़ी और मचान बनाना, पाड बांधना, निम्नलिखित तिथि को और स्थान पर निरीक्षण के लिए तैयार होंगे;

निरिक्षण की तिथि	स्थान
वर्ष 20..... के .....के .....वें दिन ..... पर दिनांकित किया है।	मशीनरी और गियर का नियोक्ता, मालिक, मास्टर, प्रबंधक, प्रभारी अधिकारी या अभिकर्ता, मालिक या वह व्यक्ति जो स्वयं, अपने अभिकर्ता या अपने नियोक्ताओं द्वारा प्रतिष्ठान का संचालन करता है।

सेवा में

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 के तहत निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता

भाग –II

सुधार नोटिस

निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता, लिफ्टिंग उपकरण, ढीले गियर, लिफ्टिंग यंत्र, पाड बांधने वाले नियोक्ता, मालिक, मास्टर, प्रबन्धक, प्रभारी अधिकारी या अभिकर्ता, मालिक या वह व्यक्ति जो स्वयं, अपने अभिकर्ता या अपने नियोक्ताओं द्वारा प्रतिष्ठान का संचालन करता है, जैसी भी स्थिति हो .....

प्रतिष्ठान, लिफ्टिंग उपकरण, ढीले गियर, लिफ्टिंग यंत्र, परिवहन उपकरण, सीढ़ी और मचान, पाड बांधने का नाम	कहां स्थित है / प्रयोग में / स्थान पर है	रजिस्ट्री का बंदरगाह	जहाज की अधिकारिक संख्या (यदि कोई हो)

उपर्युक्त प्रतिष्ठान, जहाज, लिफ्टिंग उपकरण, ढीले गियर, लिफ्टिंग यंत्र, परिवहन उपकरण, सीढ़ी और मचान, पाड बांधने का निरीक्षण दिनांक ..... को किया गया था।

निम्नलिखित उल्लंघन पाए गए थे। आपको उक्त उल्लंघनों के लिए उपाय करने और ..... दिन के भीतर लिखित रूप में अनुपालन रिपोर्ट भेजने की आवश्यकता है।

यह नोटिस बिना किसी पूर्वाग्रह या किसी कानूनी कार्रवाई के जारी किया जा रहा है, जो आपके द्वारा सुनवाई पर उक्त उल्लंघनों का समाधान किया जाएगा तथा आवश्यकताओं का अनुपालन में प्रतिष्ठान, लिफ्टिंग उपकरण, ढीले गियर या इसी तरह के गियर/परिवहन उपकरण/ सीढ़ी /मचान बनाने, पाड बांधने की अनुपालना बारे निरीक्षण करने के लिए पुनः दौरा किया जा सकता है।

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 के तहत निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता द्वारा उल्लंघन

संख्या .....

दिनांक ..... वर्ष 20 ..... के ..... इस दिन ..... पर।

आवश्यकताएं : उपरोक्त सभी या किसी भी उल्लंघन के अनुपालन पर, निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता को निर्धारित तिथि और स्थान पर पूर्वोक्त निर्धारित रीति से सूचित किया जाएगा, कि किस प्रतिष्ठान, लिफ्टिंग उपकरण, ढीले गियर या उसी प्रकार के गियर, परिवहन उपकरण, सीढ़ी और मचान बनाना, पाड बांधना का पुनः निरीक्षण किया जा सकता है। अधिसूचित आवश्यकताओं को प्रभावी तरीके से पूरा किया गया है। प्रतिष्ठान, लिफ्टिंग उपकरण, ढीले गियर, परिवहन उपकरण, सीढ़ी और मचान बनाना, पाड बांधना निम्नानुसार तारीख और स्थान पर निरीक्षण के लिए तैयार होंगे;

निरिक्षण की तारीख	स्थान
20..... के .....के इस दिन ..... पर दिनांकित किया है।	मशीनरी और गियर का नियोक्ता, अधिभोगी, मालिक, मास्टर, प्रबंधक, प्रभारी अधिकारी या अभिकर्ता, मालिक या वह व्यक्ति जो स्वयं, अपने अभिकर्ता या अपने नियोक्ताओं जिन्होंने प्रतिष्ठान को चलाया है।

सेवा में

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 के तहत निरीक्षक–एवं–सुविधाप्रदाता

प्ररूप – XVII

[देखिए नियम 73(2)]

उपयुक्तता का प्रमाणपत्र

प्रमाणपत्र संख्या : दिनांक :

1. किशोर का नाम :
2. पिता का नाम :
3. पता :
4. लिंग :
5. आयु :
6. वर्णनात्मक चिह्न :
7. टिप्पणी :

चिकित्सा अधिकारी का नाम तथा हस्ताक्षर

प्ररूप – XVIII

[देखिए नियम 73(7)]

किशोर की चिकित्सा जांच का रजिस्टर

क्रम संख्या	किशोर का नाम	पता	जांच की तिथि	फीस जमा कराने की तिथि	क्या योग्य या अयोग्य है	किशोर के हस्ताक्षर	चिकित्सा अधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप–XIX

[देखिए नियम–76 (1) तथा 79 (2) (क)]

अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन

अनुज्ञप्ति/अनुज्ञप्ति का नवीकरण/अनुज्ञप्ति में संशोधन (सामान्य/एकल अनुज्ञप्ति सहित) के लिए ऑनलाइन आवेदन

भारत सरकार, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय

प्रतिष्ठान की रूपरेखा :

श्रम पहचान संख्या दिनांक

पावती संख्या ..... आवेदन की तिथि : .....

I. प्रतिष्ठान के विवरण, जिसके लिए अनुज्ञप्ति अपेक्षित है :

1. प्रतिष्ठान का नाम :
2. प्रतिष्ठान का पता :
   (क) ईमेल आई०डी० सहित मुख्य कार्यालय का पता :
   (ख) ईमेल आई०डी० सहित निगमित कार्यालय का पता :
3. दूरभाष संख्या :
4. राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण के अनुसार गतिविधी :
   (दिए गए सभी लागू गतिविधियों को चुनें)
5. चयनित एन०आई०सी० संहिता का ब्यौरा :
6. मुख्य प्रतिष्ठान में किए जा रहे कार्य की प्रकृति :
7. प्रतिष्ठान का पहचानकर्ता : (चुने) : ई–हस्ताक्षर/डिजिटल हस्ताक्षर

II. नियोक्ता का ब्यौरा :

1. नियोक्ता का पूरा नाम : ..... प्रतिष्ठान के साथ संबंध
2. नियोक्ता का पूरा पता :
3. नियोक्ता की ईमेल आई०डी० :
4. नियोक्ता का मोबाइल नंबर :

III. नियोजित होने वाले/नियोजित ठेका श्रमिकों के विवरण

(यदि अनुज्ञप्ति कार्यवार अपेक्षित है)

कार्यस्थलों की अवस्थिति	कार्य का नाम तथा प्रकृति	राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण के अनुसार गतिविधि	कार्य आरंभ की तिथि	कार्य पूरा होने की तिथि	प्रतिष्ठान का नाम जिसमें ठेका श्रमिक नियोजित किए जाने है। किए जाने प्रस्तावित हैं	स्थल प्रभारी का नाम, पता, ईमेल आई०डी०
1	2	3	4	5	6	7

5. किसी दिन प्रतिष्ठान में नियोजित होने के लिए प्रस्तावित कर्मकारों की अधिकतम संख्या : 24
6. अनुज्ञप्ति फीस की राशि : आई०एन०आर० (लेनदेन आई०डी०:)
7. सुरक्षा जमा राशि : आई०एन०आर० (लेन–देन आई०डी० :)

IV. प्रतिष्ठानों का ब्यौरा, जिनके लिए सामान्य अनुज्ञप्ति अपेक्षित है
(यदि उसके लिए आवेदन कर रहे हैं)

प्रतिष्ठान की किस्म	प्रतिष्ठान का नाम एवं पता	प्रतिष्ठान में किए जा रहे कार्य की प्रकृति (ii) राष्ट्रीय औद्योगिक वर्गीकरण के अनुसार गतिविधि	कार्य आरंभ होने की तिथि	स्थाई प्रतिष्ठान या कार्य पूर्ण होने की संभावित तिथि	नियोजित / नियोजित होने के लिए प्रस्तावित कर्मचारियों की अधिकतम संख्या	नियोजित / नियोजित होने के लिए प्रस्तावित कर्मचारियों की अधिकतम संख्या
1	2	3	4	5	6	7

V. प्रतिष्ठानों का ब्यौरा जिनके लिए एकल अनुज्ञप्ति अपेक्षित है
(यदि आवेदन कर रहे हैं)

राज्य का नाम जहां प्रतिष्ठान अवस्थित है	आबंटित प्रत्येक कार्य का नाम तथा प्रकृति	श्रमिकों की अधिकतम संख्या जिन्हें नियोजित किए जाएंगे / नियोजित है II	आरंभ की तिथि	स्थाई प्रतिष्ठान या कार्य पूर्ण होने की तारीख	नियोजित / नियोजित करने के लिए प्रस्तावित कर्मचारियों की अधिकतम संख्या (कैटेगरीवार अर्थात् अकुशल, अर्धकुशल, कुशल तथा उच्च कुशल**	पंजीकरण संख्या यदि प्राप्त कर लिया गया है, तो उसका ब्यौरा
1	2	3	4	5	6	7

** कृपया वेतन संहिता, 2019 के नियम 50(3) में प्रारूप–IV में यथा विहित एक्सल शीट में कर्मकार के ब्योरे अपलोड करें।

ठेकेदार के हस्ताक्षर

(ई–हस्ताक्षर / डीएससी)

टिप्पणी : यह श्रम सुविधा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन का सारांश है।

अनुज्ञप्ति के नवीकरण के लिए आवेदन

1. अनुज्ञप्ति संख्या : दिनांक :
2. एल.आई.एन और पैन :
3. प्रतिष्ठान का नमा और पता :
4. पूर्व अनुज्ञप्ति की समाप्ति की तिथि
5. क्या नियोक्ता / ठेकेदार को अनुज्ञप्ति निलम्बित या रद्द किया गया था :
6. जमा की गई फीस के ब्यौरे :

(ई भुगतान प्राप्ति संलग्न करें) : राशि ..... भुगतान की तिथि :

नियोक्ता / ठेकेदार का ई हस्ताक्षर / डिजिटल हस्ताक्षर दिनांक :

अनुज्ञप्ति के संशोधन के लिए आवेदन :

1. अनुज्ञप्ति संख्या : दिनांक :
2. एल.आई.एन और पैन :
3. प्रतिष्ठान का नमा और पता :

4. ब्योरे जिसके लिए संशोधन मांगा गया है :

(क) वर्तमान में नियोजित कर्मकारों की अधिकतम संख्या : (यदि नियोजित होने वाले कर्मकारों की अधिक संख्या में बढ़ोतरी है, तो विधि के अनुसार अतिरिक्त फीस/प्रतिभूति जमा करने की आवश्यकता होगी)

(ख) ई भुगतान के माध्यम से की गई भुगतान फीस की तिथि के ब्यौरे :

(ग) जारी की गई अनुज्ञप्ति में अपेक्षित संशोधन के विवरण (अपेक्षित संशोधन के प्रमाण में आवश्यक दस्तावेज अपलोड किया जाए)

नियोक्ता ठेकेदार का ई–हस्ताक्षर/डिजीटल हस्ताक्षर आवेदन की तिथि :

प्ररूप–XX

[देखिए नियम–76 (II), 77 तथा 79 (2) (ग)]

अनुज्ञप्ति का प्ररूप

व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य दशाएं संहिता, 2020 और इसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबन्धों के अध्यधीन उल्लिखित सीमाओं के अन्तर्गत प्रतिष्ठान के रूप में उपयोग के लिए

अनुज्ञप्ति संख्या ..... पंजीकरण संख्या ..... पंजीकरण की तिथि .....

..... को इसके द्वारा अनुज्ञप्ति प्रदान की जाती है

जिसे ..... परिसर के रूप में जाना जाता है

जो ..... में अवस्थित है।

..... 20..... जारीकर्ता प्राधिकारी

क्रम संख्या	जारी करने की तिथि	अवधि के लिए वैध	फीस	भुगतान की तिथि	विलंब से भुगतान के लिए अतिरिक्त फीस	भुगतान की तिथि	जारीकर्ता प्राधिकारी के हस्ताक्षर
		किसी एक दिन में ठेका श्रमिक/कर्मकारों की अधिकतम संख्या					

संशोधन

संशोधित किए जाने वाला वर्ष	किसी एक दिन में ठेका श्रमिक/ कर्मकारों की अधिकतम संख्या	संशोधन फीस के भुगतान की तिथि	भुगतान की तिथि	जारीकर्ता प्राधिकारी के हस्ताक्षर

प्ररूप – XXI

[देखिए नियम 79(3)]

ठेकेदार का रजिस्टर

क्रम संख्या	अनुज्ञप्ति नम्बर तथा तिथि	नियोजक का नाम तथा पता	ठेकेदार का नाम तथा पता	ठेकदार द्वारा की जाने वाली गतिविधियां की प्रकृति	किसी दिन को नियोजित किए जाने वाले अधिकतम कर्मकार	प्रारम्भ की सम्भाव्य तिथि	समाप्ति की तिथि	संशोधन के ब्यौरे, यदि कोई हो	तक नवीकरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

प्ररूप–XXII

[देखिए नियम–86]

ठेका कर्मचारी का अनुभव प्रमाण पत्र

जिससे यह संबंधित हो

1. ठेकेदार / नियोक्ता का नाम :
2. ठेकेदार/नियोक्ता की एल.आई.एन./पैन की संख्या :
3. ठेका/नियोक्ता की ई ई–मेल आई०डी० :
4. ठेकेदार/नियोक्ता की मोबाइल संख्या :
5. कार्य की प्रकृति और स्थान :
6. मुख्य नियोक्ता का नाम :
7. मुख्य नियोक्ता की एल.आई.एन./पैन की संख्या :
8. मुख्य नियांक्ता की ई–मेल आई०डी० :
9. मुख्य नियोक्ता की मोबाइल संख्या :
10. कर्मकार का नाम :
11. यूएएन/आधार संख्या :
12. मोबाइल संख्या :
13. कर्मचारी रजिस्टर में क्रम संख्या :
14. बोर्ड की पंजीकरण संख्या, दिनांक और नाम यदि भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार के रूप में पंजीकृत है :
15. रोजगार की अवधि :
16. पदनाम

ठेकेदार की मुहर सहित हस्ताक्षर

* जो लागू न हो काट दें।

प्ररूप–XXIII

[देखिए नियम–92]

निर्माता और श्रव्य–दृश्य कर्मकार के मध्य समझौता

यह करार ..... मास, 20.....(वर्ष) के ..... वें दिन को मैसर्ज (जिसे, इसमें इसके बाद निर्माता के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) प्रथम पक्ष तथा समझौता किया श्री ..... के पुत्र/पुत्री/पत्नी.....निवासी ..... . (जिसे, इसमें, इसके बाद, 'श्रव्य–दृश्य कर्मकार' के रूप में निर्दिष्ट किया गया है) द्वितीय पक्ष के बीच किया जाता है। 'निर्माता' और ''श्रव्य–दृश्य कर्मकार'' शब्द में उसके उत्तराधिकारी, प्रशासक और विधिक प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

इसलिए अब, यह करार निम्नलिखित रूप में किया जाता है :–

1. यह कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हैं कि इस करार की अवधि, श्रव्य–दृश्य कार्य के शुरू होने से पूरा होने की तिथि तक होगी और यह अवधि अनुगामी मास से अधिक नहीं होगी।

2. यह है कि श्रव्य–दृश्य कर्मकार, अपनी पूर्व नियोजन की अपेक्षाओं और उसके अपने कार्य समय की प्रष्टिकरण के अध्यधीन स्टूडियो, स्थानीय कार्य–स्थल, जैसी भी स्थिति हो, पर उपस्थित होने के लिए सहमत है जब भी उससे निर्माता या लिखित में उस द्वारा सम्यक रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा लिखित सूचना द्वारा अपेक्षा की जाये।

3. यह कि इस पर हस्ताक्षर होने पर उपरोक्त श्रव्य–दृश्य सेवाओं के प्रतिफल के रूप में, निर्माता भुगतान करने के लिए सहमत है और श्रव्य–दृश्य कर्मकार अग्रिम में भुगतानयोग्य ...../– रूपये (रूपये .....) की राशि प्राप्त करने के लिए और समान किस्तों में भुगतानयोग्य राशि ...../– रुपये की शेष राशि पर सहमत है।

4. यह कि श्रव्य–दृश्य उत्पादन यदि निर्धारित अवधि के भीतर पूरा नहीं होने पर और निर्माता को अभी भी श्रव्य–दृश्य कर्मकार की सेवाओं की जरूरत है ताकि श्रव्य–दृश्य उत्पादन को पूरा किया जा सके और निर्माता भुगतान करने के लिए सहमत है तथा श्रव्य–दृश्य कर्मकार उत्पादन के पूरा होने तक, ऊपर दिए गए खंड 3 में कथित समरूप रीति में यथा अनुपात के आधार पर भुगतानयोग्य अतिरिक्त पारिश्रमिक प्राप्त करने के लिए सहमत है।

5. यह कि यदि उपर्युक्त खंड 1 और 4 में निर्धारित अवधि से पूर्व श्रव्य–दृश्य कर्मकार सौंप एक कार्य को पूरा कर लेता है, तो निर्माता, श्रव्य–दृश्य कर्मकार हिसाब चुकता करेगा तथा री–रिकॉर्डिंग कार्य/उत्पादन सेंसर के शुरू होने से पहले, जो भी पहले हो, पूरी करार राशि के शेष का भुगतान करेगा।

6. यह कि श्रव्य–दृश्य कर्मकार, यदि इस प्रकार अपेक्षित हो,–

   (क) प्रारंभिक कार्य के लिए पाली की अधिसूचित समय से पहले स्टूडियो, स्थान या कार्य–स्थल, जैसी भी स्थिति हो, पर उपस्थित होगा और उस स्थिति में, निर्माता द्वारा ऐसी पूर्व उपस्थिति के लिए प्रति घंटे या उसके भाग के लिए ...../– रूपए की दर पर उसकी अतिरिक्त मजदूरी का भुगतान किया जाएगा।

   (ख) वह एक घंटे के विराम के साथ कार्य दिवस से अधिक समय के लिए कार्य करना जारी रखता है और उस स्थिति में, निर्माता को सुविधाओं के अतिरिक्त घंटों के दौरान कार्य और जलपान, और परिवहन सुविधाओं के लिए उसे ...../– रूपये की दर पर अतिरिक्त मजदूरी का भुगतान करेगा।

7. यह कि निर्माता, निर्माता और श्रव्य–दृश्य कर्मकार के प्रतिनिधि संगठनों के बीच द्विपक्षीय व्यवस्थाओं द्वारा प्रथागत या निर्धारित के अनुसार निर्माता डयूटी पर रिपोर्ट करने के लिए परिवहन और भोजन या यात्रा भत्ते का भुगतान और डयूटी पर भोजन भत्ते उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करेगा।

8. यह कि निर्माता सभी यात्रा और आवास खर्चों, किरायों, भोजन की लागत और ऐसे अन्य प्रथागत भत्ते का भुगतान करेगा जब श्रव्य–दृश्य कर्मकारों से बाहरी स्थल पर कार्य करने की अपेक्षा की जाए।

9. यह कि निर्माता को करार के अधीन श्रव्य–दृश्य कर्मकार के नियोजन के दौरान और/या सौंपे गए कार्य की अवधि के दौरान हुई दुर्घटना से होने वाली व्यक्तिगत चोट या क्षति तथा मृत्यु के लिए उसका बीमा करवाना होगा।

10. यह कि जहां आग, दंगा, प्राकृतिक आपदा, शासकीय प्राधिकरण के आदेश या उसके नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से निर्माता को श्रव्य–दृश्य के उत्पादन की प्रक्रिया से रोका जाता है :–

   (क) उत्पादन निलंबित होने की स्थिति में, वह उत्पादन की अवधि के दौरान इस करार के संचालन को निलम्बित करने का हकदार होगा। निर्माता, श्रव्य–दृश्य कर्मकार को ऐसे निलंबन के बारे में लिखित सूचना तामील करेगा और ऐसे नोटिस की तामील की तिथि तक उसके सभी बकायों का भुगतान करेगा। फिल्म पर काम फिर से शुरू करने पर, यह करार प्रवर्तित हो जाएगा और उसकी निलंबन अवधि को छोड़कर खंड I में निर्धारित अवधि के लिए मान्य रहेगा; या

   (ख) वह पूरी तरह से उत्पादन बंद होने की स्थिति में, उत्पादन के बन्द होने से इस करार को समाप्त करने का हकदार होगा। निर्माता, श्रव्य–दृश्य कर्मकार को ऐसे बन्द होने की सूचना का नोटिस तामील करेगा और समाप्ति के समय पर श्रव्य–दृश्य कर्मकार की बकाया सभी राशियों का भुगतान करेगा।

11. यह कि यदि निर्माता इस करार के तहत आवश्यक सेवाओं को करने के लिए श्रव्य–दृश्य कर्मकार के कर्तव्यों के निष्पादन या उसकी अनिच्छा के संबंध में कदाचार से भिन्न कारणों से अपने कार्यकाल की समाप्ति से पहले इस करार को समाप्त करने की इच्छा रखता है, तो निर्माता केवल करार की निर्धारित राशि के शेष राशि के भुगतान पर ऐसा करने का हकदार होगा। श्रव्य–दृश्य कर्मकार को ऐसे भुगतान करने के बाद, निर्माता, उसके स्थान पर किसी अन्य श्रव्य–दृश्य कर्मकार को नियोजित करने के लिए हकदार होगा।

13. यह कि निर्माता श्रव्य–दृश्य कर्मकार के श्रव्य–दृश्य कार्य और इस करार की समाप्ति को तिथि तक उसके द्वारा किए गए कार्य को हिसाब में लेते हुए समाप्ति के समय पर संगणित बकाया राशि का श्रव्य–दृश्य कर्मकार को भुगतान करने पर करार के अधीन अपने कर्त्तव्यों की पालना या अपेक्षित सेवा की पालना करने के लिए उसकी अनिच्छा के संबंध में श्रव्य–दृश्य कर्मकार के भाग पर कदाचार के आधार पर इस करार को समाप्त करने का अधिकार होगा। इस खण्ड के अधीन करार की समाप्ति तब तक नहीं की जाएगी जब तक निर्माता, निर्माता संगठन और श्रव्य–दृश्य कर्मकार संगठन, जिससे निर्माता और श्रव्य–दृश्य कर्मकार सम्बन्धित है, के समरूप संख्या में प्रतिनिधियों से मिलकर बनने वाले अधिकरण के सम्मुख श्रव्य–दृश्य कर्मकार के विरूद्ध आरोपों को सिद्ध नहीं करता है। अधिकरण का निर्णय दोनों पक्षकारों पर बाध्यकारी होगी। अधिकरण द्वारा ऐसी समाप्ति के संबंध में निर्माता के पक्ष में निर्णय दिए जाने और श्रव्य–दृश्य कर्मकार को उसके सभी बकायों का भुगतान करने के बाद, निर्माता इस करार के संबंध में अन्य श्रव्य–दृश्य कर्मकार को नियोजित कर सकता है।

13. यह कि इस करार की समयपूर्व समाप्ति के मामले में, यह निर्माता का विकल्प होगा कि वह श्रव्य–दृश्य कर्मकार के काम को श्रव्य–दृश्य में बनाए रखे या नहीं, साथ ही यह विकल्प होगा श्रव्य–दृश्य कर्मकार फिल्म के क्रेडिट खिताब पर जाने के लिए अपने नाम की अनुमति देता है या नहीं।

14. यह कि निर्माता के पास स्क्रीन पर श्रव्य–दृश्य कर्मकार के व्यक्तित्व को प्रस्तुत करने उसके कपड़े, मेकअप और हेयर–स्टाइल की रीति नियत करने का अधिकार होगा और श्रव्य–दृश्य कर्मकार इस संबंध में पूरी तरह से और स्वेच्छा से पालन करेगा, बशर्ते कि निर्माता इस संबंध में निर्माता की आवश्यकताओं को श्रव्य–दृश्य कर्मकार को सूचित किया गया हो और उसके द्वारा स्वीकार किया गया हो।

15. यह कि श्रव्य–दृश्य कर्मकार इस बात से सहमत है कि वह अपनी सेवाओं को सर्वश्रेष्ट रूप में अपनी क्षमता के अनुसार प्रस्तुत करेगा जैसे कि निर्माता या जैसा कि निदेशक, श्रव्य–दृश्य निर्देश देता है और सभी उचित निर्देशों का पालन करें जो वह फिल्म के निर्माण के लिए कर सकते हैं।

16. यह कि जब श्रव्य–दृश्य कर्मकार को बाहर लोकेशन पर काम करने की आवश्यकता हो तब निर्माता, सभी यात्रा और आवास खर्च, किराए, भोजन की लागत और ऐसे अन्य भत्तों जो रीति के अनुकूल हों, के लिए भी भुगतान करेगा,

17. यह कि इस समझौते के अधीन निर्माता, श्रव्य–दृश्य कर्मकार का, उसके रोजगार की अवधि के दौरान या उसके नियत कार्य की अवधि के दौरान हुई किसी दुर्घटना के कारण हुई मृत्यु सहित उस व्यक्ति को पहुंची किसी भी चोट या क्षति के लिए बीमा करवाएगा।

18. यह कि जहां, निर्माता को, आग, दंगा, प्राकृतिक आपदा, लोक प्राधिकारी के आदेश या उसके नियंत्रण से परे किसी अन्य कारण से, श्रव्य–दृश्य के प्रोडक्शन को आगे बढ़ाने से रोका जाता है :–

(क) यदि उत्पादन निलंबित किया गया है, तो उत्पादन के निलंबन की अवधि के दौरान, उसे इस समझौते के संचालन को निलंबित करने का हक होगा। निर्माता, श्रव्य–दृश्य कर्मकार को इस प्रकार के निलंबन के बारे में लिखित में नोटिस देगा और इस प्रकार दिए गए नोटिस की तिथि तक के उसके सभी बकायों का भुगतान करेगा। फिल्म पर काम फिर से शुरू होने पर, यह समझौता पुनर्जीवित हो जाएगा और उसमें से निलंबन की अवधि को छोड़कर, खण्ड (i) में नियत अवधि के लिए मान्य रहेगा; या

